बी.कॉम. द्वितीय वर्ष

प्रबंधन समूह, प्रथम प्रश्नपत्र

सांख्यिकी के सिद्धांत

(Principles of Statistics)

मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय – भोपाल

MADHYA PRADESH BHOJ (OPEN) UNIVERSITY-BHOPAL

COURSE WRITER

Dr. Arbind Kumar Singh, Associate Professor, Department of Statistics, S.N.S.R.K.S. College, Saharsa-852201, Bihar.

Published by Registrar, MP Bhoj (Open) University, Bhopal in 2020

VIKAS®

Vikas® is the registered trademark of Vikas® Publishing House Pvt. Ltd.

VIKAS® PUBLISHING HOUSE PVT. LTD.
E-28, Sector-8, Noida - 201301 (UP)
Phone: 0120-4078900 • Fax: 0120-4078999
Regd. Office: A-27, 2nd Floor, Mohan Co-operative Industrial Estate, New Delhi 1100 44
• Website: www.vikaspublishing.com • Email: helpline@vikaspublishing.com

SYLLABI-BOOK MAPPING TABLE

सांख्यिकी के सिद्धांत

Syllabi	Mapping in Book
इकाई–1 सांख्यिकी– आशय, परिभाषा एवं महत्व, क्षेत्र एवं सीमाएं, सांख्यिकीय अनुसंधान। समंक संकलन की प्रक्रिया, प्राथमिक एवं द्वितीयक समंक, निदर्शन की रीतियाँ, प्रश्नावली की रचना, समंकों का वर्गीकरण एवं सारणीयन, सांख्यिकीय श्रेणियों की रचना एवं प्रकार।	**इकाई 1** **अध्यायः 1** प्रस्तावना **(पृष्ठ 3–19)** **अध्यायः 2** समंक, संकलन की प्रक्रिया, प्राथमिक एवं द्वितीय समंक, निदर्शन की रीतियाँ, प्रश्नावली की रचना, समंकों का वर्गीकरण एवं सारणीयन, सांख्यिकीय श्रेणियों की रचना एवं प्रकार **(पृष्ठ 20–64)**
इकाई–2 केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप–माध्य, मध्यका, चतुर्थक, भूयिष्ठक, गुणोत्तर माध्य एवं हरात्मक माध्य	**इकाई 2** **अध्यायः 3** केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप **(पृष्ठ 65–137)**
इकाई–3 अपकिरण एवं विषमता। काल श्रेणी का विश्लेषण– अर्थ, महत्व, संघटक, काल श्रेणी का विघटन, दीर्घकालीन उपनति के माप, चक्रीय व अनियमित उच्चावचनों के माप।	**इकाई 3** **अध्यायः 4** अपकिरण एवं विषमता **(पृष्ठ 138–226)** **अध्यायः 5** काल श्रेणी विश्लेषण **(पृष्ठ 227–289)**
इकाई–4 सहसंबंध– आशय, परिभाषा, प्रकार, सहसंबंध का परिमाण, सहसंबंध की विधियाँ। प्रतीपगमन विश्लेषण– आशय, उपयोग, सहसंबंध एवं प्रतीपगमन में अंतर, रेखीय प्रतीपगमन, प्रतीपगमन समीकरण, प्रतीपगमन गुणांक का परिकलन।	**इकाई 4** **अध्यायः 6** सहसंबंध **(पृष्ठ 290–361)** **अध्यायः 7** रैखिक प्रतीपगमन (समाश्रयण) विश्लेषण **(पृष्ठ 362–409)**
इकाई–5 निर्देशांक– अर्थ, विशेषताएँ, महत्व एवं उपयोग। निर्देशांकों की रचना– जीवन निर्वाह निर्देशांक, फिशर का आदर्श सूचकांक। समंकों का चित्रमय एवं रेखीय प्रदर्शन।	**इकाई 5** **अध्यायः 8** सूचकांक निर्देशांक **(पृष्ठ 410–511)** **अध्यायः 9** समंक का आरेखीय चित्रमय और लेखाचित्रीय प्रदर्शन **(पृष्ठ 512–566)**

विषय–सूची

इकाई 2

इकाई 3

इकाई 5

परिचय

टिप्पणी

प्राचीन काल में सांख्यिकी को सिर्फ शासन कला का विज्ञान माना जाता था और इसका प्रयोग अपराधों, सैन्य क्षमता, जनसंख्या और संपत्ति इत्यादि से संबंधित सूचनाओं को एकत्रित करके सैन्य और राजस्व संबंधी योजनाओं को बनाने में किया जाता था। परन्तु आजकल यह सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्था का उपोत्पाद नहीं रह गया है, परन्तु यह सभी विज्ञानों, सामाजिक, भौतिक और प्राकृतिक विज्ञानों को आविष्ट करता है, और विभिन्न क्षेत्रों जैसे– कृषि, उद्योग, समाजशास्त्र, बायोमेट्री, योजना, अर्थशास्त्र, व्यवसाय, प्रबंधन, बीमा, लेखाशास्त्र और लेखा परीक्षण में भी इसका विस्तृत प्रयोग होता है। सांख्यिकी (सैद्धान्तिक और विधियाँ) का प्रयोग सरकारों या व्यवसायिक या प्रबंधन संस्थानों द्वारा भविष्य की कार्य योजनाओं और कार्यनीति तय करने में विस्तृत रूप से किया जाता है। बहुत हद तक, आधुनिक सम्यता सांख्यिकी सम्यता बन चुकी है और एच.जी. वेल्स के शब्दों में, ''सांख्यिकीय सोच एक दिन नागरिकता के लिए उतनी ही आवश्यक और प्रभावशाली हो जाएगी जितनी कि पढ़ने और लिखने की क्षमता।'' यह सोचना करीब-करीब असंभव है, मानवीय क्रिया-कलापों का कोई क्षेत्र जहाँ सांख्यिकी ने प्रवेश ना किया हो। विगत वर्षों में सांख्यिकी विज्ञान के विषय ने इतनी प्रगति कर ली है कि सांख्यिकी विधियों का प्राथमिक ज्ञान बहुत सारे उच्च शिक्षा और व्यवसायिक कोर्सों के सामान्य अध्ययन के पाठ्यक्रम का एक भाग बन चुका है।

हिन्दी भाषा में प्रस्तुत पुस्तक एक संतुलित परन्तु निश्चित अवधारणा के साथ लिखी गई है कि यह भारतीय विश्वविद्यालयों के बी.कॉम. (सब्सिडियरी और ऑनर्स) बी.ए. अर्थशास्त्र (सब्सिडियरी और ऑनर्स के छात्रों के पाठ्य-पुस्तक (Text Book) की आवश्यकता पूरी करे। इस पुस्तक को लिखने का मुख्य उद्देश्य है सांख्यिकी के सिद्धान्तों, विधियों और तकनीकों की स्पष्ट सरल, व्यवस्थित और सहज ग्राह्य अभिव्यक्तिकरण विशेषतया व्यवसायिक शास्त्र और अर्थशास्त्र में प्रयास किया गया है कि एक प्रासंगिक विषय की प्राथमिक स्पष्ट व्याख्या से शुरू किया जाए और आगे जटिल और तब कठिन प्रश्नों की जटिलताओं का वर्णन किया गया है। सांख्यिकीविदों द्वारा सबसे प्रचलित प्रयुक्त विधियों और तकनीकों के अनुप्रयोग पर जोर दिया गया है। इस पुस्तक को लिखने में पारदर्शी शैली और सरल अभिव्यक्ति मेरे दो उद्देश्य रहे हैं। गणितीय जटिलता को जहाँ तक संभव हो सका है टालने की कोशिश की गई है। जहाँ वांछित है, संकेताक्षरों और पारिभाषिक शब्दों का स्पष्ट रूप से वर्णन किया गया है और तब सभी गणितीय चरणों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है।

कई प्रारूपिक प्रश्न जो अधिकतर विभिन्न विश्वविद्यालयी प्रश्न पत्रों से लिया गया है और उसे सरल रूप में साधित किया गया है। ताकि छात्रों को प्रश्नों के हल के विभिन्न तकनीकों से अभिदर्शन हो जाए ताकि उन्हें सिद्धान्तों के मूलभूत अवधारणाओं और इनके अनुप्रयोग की बेहतर और आद्योपांत समझ आ जाए। इसके अतिरिक्त, पाठकों को विषय-वस्तु की उचित गुण-विवेचन उनके आत्म विश्वास को मजबूत करने के लिए कई सतर्कता पूर्वक श्रेणीबद्ध प्रश्नों जो विभिन्न विश्वविद्यालय के प्रश्न पत्रों से ली गई हैं प्रश्नमाला के रूप में प्रत्येक अध्याय के अंत में दी गई हैं। प्रश्नमाला में प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक प्रश्न के अंत में दी गई है।

इस पुस्तक में विवेचित प्रासंगिक विषयों को नहीं गिनाएंगे चूँकि विषय सूची में सरसरी निगाह डालने पर इसका बोध हो जाएगा। अध्याय 2 से 5 तक वर्णनात्मक सांख्यिकी को समर्पित है जिसमें कुछ अभिलक्षणों यथा औसत, अपकिरण, ककुदता, सहसंबंध इत्यादि संख्यात्मक समंक का विवरण है। सांख्यिकीय तकनीकों में कई आधुनिक विकास के बावजूद, पुराने प्रासंगिक विषय जैसे वर्गीकरण और सारणीयन (अध्याय 2) और चित्रमय और रेखीय वर्गीकरण (अध्याय 5) विस्तार से वर्णित किया गया है। चूँकि आज भी सरकारी और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में काफी सांख्यिकीय कार्य इसी पर आधारित हैं। आर्थिक और व्यवसायिक संख्याओं के विश्लेषण के वैज्ञानिक उपकरण के रूप में सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग अध्याय 8 (सूचकांक) और अध्याय 5 (काल श्रेणी विश्लेषण) में वर्णित किया गया है।

एक प्रमुख विशेष बात है परिभाषिक शब्दों के प्रयोग में एकरूपता का होना। इस पारिभाषिक शब्दावली को अनुप्रयोग के दृष्टिकोण से भारत सरकार के वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित से चयनित है। भारतीय विश्वविद्यालयों और केन्द्र तथा राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा इन्हीं शब्दों का प्रयोग होता है।

डॉ. अरविन्द कुमार सिंह
एम.ए. (सांख्यिकी) पटना विश्वविद्यालय
पी.एच.डी.
एसोसिएट प्रोफेसर, सांख्यिकी विभाग,
एस.एन.एस.आर.के.एस. कॉलेज सहरसा, बिहार।

इकाई– 1

टिप्पणी

अध्याय 1 प्रस्तावना (Introduction)

संरचना (Structure)

1.0 परिचय
1.1 उद्देश्य
1.2 अर्थ
1.3 सांख्यिकी की परिभाषा
1.4 सार्थकता और कार्यक्षेत्र
1.5 सीमाएं
1.6 सांख्यिकीय अन्वेषण
1.7 अपनी प्रगति जाँचिए प्रश्नों के उत्तर
1.8 सारांश
1.9 मुख्य शब्दावली
1.10 स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास
1.11 सहायक पाठ्य सामग्री

1.0 परिचय (Introduction)

प्राचीनकाल में, सांख्यिकी विज्ञान का विषय 'शासन कला का विज्ञान' या 'राजाओं का विज्ञान' माना जाता था। यह वह शास्त्र था जो मानव शक्ति के संचालन और देश की भौतिक संपदा के लिए प्रयुक्त होता था। राजा या शासन प्रमुख अपने राज्य के लोगों की जनगणना और राज्य की संपदा का अभिलेख शासन के नीति निर्धारण में करते थे। इसलिए, सभी प्राकृतिक संसाधनों से संबंधित समंक का संकलन शासकों का प्रमुख कार्य था। इस तरह से संकलित समंक या सूचना जमीन को बाँटने में, कर पद्धति को लागू करने में और सामाजिक तथा आर्थिक नीतियों को तैयार करने में उपयोगी थी। इस तरह सांख्यिकी विज्ञान राज्य की शासन कला के उपोत्पाद के रूप में विकसित हुआ।

1.1 उद्देश्य (Objectives)

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप–

- सांख्यिकी का अर्थ समझ पाएंगे।
- सार्थकता और कार्यक्षेत्र को समझ पाएंगे।
- सांख्यिकी की सीमाओं का वर्णन कर पाएंगे।
- सांख्यिकी की अन्वेषण का वर्णन कर पाएंगे।

1.2 अर्थ (Meaning)

टिप्पणी

पद 'Statistics' की उत्पत्ति या तो Status (लैटिन), Statista (इटालियन), Statistik (जर्मन) या Statistique (फ्रेंच) से हुई है, जिनमें से प्रत्येक का अर्थ राजनैतिक राज्य से है—

(A) 'Statistics' (एकवचन अर्थ में) से उस विज्ञान का उल्लेख है, जो उन वैज्ञानिक विधियों और सिद्धान्तों को प्रतिपादित करता है जो समंक के संकलन, वर्गीकरण, प्रस्तुतीकरण, विश्लेषण और व्याख्या में प्रयुक्त होता है। यह प्रेक्षण, अभिलेखन, संगणन, सार प्रस्तुतीकरण, निरूपण और समंक के संबंध में निर्णय लेने के लिए निष्कर्ष निकालने का साधन है।

सांख्यिकी विज्ञान है और तथ्यों के समुच्चय के प्रबंधन की कला है— ''प्रेक्षण, संगणन, अभिलेखन, वर्गीकरण और अन्य बातों में उनकी व्यवस्थित विवेचना करने में।''

—हार्लो

सांख्यिकी विज्ञान है और कला भी। यह संख्यात्मक संहति समंक पर कार्य करता है। यह समंक के संकलन, वर्गीकरण और प्रस्तुतीकरण को समाविष्ट करता है। यह संख्यात्मक समंक के विश्लेषण और विवेचन को आवृत्त करता है। यह संक्षिप्तिकरण, तुलनीयता, व्याख्या और निष्कर्ष की विधि है। यह सिद्धान्तों और विधियों की संहति है, जो अन्वेषकों या लेखकों को उपकरण और तकनीक मुहैया कराते हैं नए-नए विज्ञानों को विकसित करने में।

(B) Statistics (बहुवचन अर्थ में) उन तथ्यों और अंकों का उल्लेख करता है जो उत्पाद या निष्कर्ष हैं जो सांख्यिकीय विधि से प्राप्त किए जाते हैं उनके साधनों, विधियों और तकनीकों का प्रयोग करें।

सभी सांख्यिकी, तथ्यों के संख्यात्मक विवरण हैं परंतु सभी तथ्यों के संख्यात्मक विवरण सांख्यिकी नहीं हैं। तथ्यों के संख्यात्मक विवरण को सांख्यिकी बनने के लिए निम्नलिखित आवश्यकताओं को निश्चित रूप से धारण करना चाहिए—

- वे तथ्यों के समुच्चय हैं।
- वे बहुत कारणों से प्रभावित होते हैं।
- वे संख्यात्मक रूप में, अभिव्यक्ति में सक्षम हैं।
- वे व्यवस्थित रूप से संकलित हैं।
- वे एक खास उद्देश्य के लिए प्राप्त किए गए हैं।
- वे युक्तिसंगत ढंग से आकलित किए गए हैं।
- वे तुलना के लिए प्रयुक्त हुए हैं।

सांख्यिकी की परिभाषा की जा सकती है तथ्यों के समुच्चय के रूप में जो चिन्हित स्तर तक बहुविध कारणों से प्रभावित होते हैं, संख्यात्मक रूप से अभिव्यक्त, प्रगणित या आकलित किए जाते हैं, परिशुद्धता के तर्कसंगत स्तर के अनुसार, व्यवस्थित क्रम में संकलित, पूर्वनिर्धारित उद्देश्य के लिए और एक दूसरे के संबंध में प्रतिस्थापित किए गए हैं।

—प्रो. होरेस सेक्रिस्ट

इस तरह, सांख्यिकी तथ्यों का समुच्चय है विशेष अन्वेषण के क्षेत्र से संबंधित। वे ऐसे तथ्य हैं जो समूहों में उपलब्ध हैं और बहुविध कारणों या कारकों से प्रभावित हैं। यद्यपि, वे परिणामों से संबंधित हैं ना कि कारणों से। वे संख्यात्मक रूप से अभिव्यक्त होने में सक्षम हैं और व्यवस्थित रूप से एक योजना के तहत संकलित हैं जो प्रभावकारी ढंग से कार्यान्वित होती है। अन्वेषण का उद्देश्य पूर्व से हीं साफ-साफ और सुस्पष्ट रूप से परिभाषित होना चाहिए। वे संगणित या आकलित होते हैं, एक तर्कसंगत परिशुद्धता के स्तर के अनुरूप, जो दूसरे संबंधित तथ्यों या अंकों से तुलना किए जाने में सक्षम हैं।

1.3 सांख्यिकी की परिभाषा (Definition of Statistics)

सांख्यिकी की परिभाषा विभिन्न लेखकों द्वारा समय–समय पर विभिन्न ढंग से की गई है जिस कारण विद्वानोचित सामग्रियों के आधार पर सैकडों परिभाषायें है, जो विषय–वस्तु के अर्थ, कार्यक्षेत्र और सीमितता को दर्शाती है। विभिन्न प्रकार की परिभाषाओं के कारणों को मुख्यतया निम्नलिखित रूप से वर्गीकृत कर सकते है–

1. सांख्यिकी विज्ञान की उपयोगिता का क्षेत्र लगातार बढ़ता जा रहा है इसलिए विभिन्न लोगों ने इस विषय के विकास के हिसाब से इसे विभिन्न ढंग से परिभाषित किया है। पुराने समय में सांख्यिकी को शासन कला का विज्ञान कहते थे, परन्तु आजकल इसने करीब-करीब प्रत्येक प्राकृतिक और मानवीय कार्यों के क्षेत्र को अंगीकार कर लिया है। इस वजह से पुरानी परिभाषायें जो अनुसंधान के सीमित और संकुचित क्षेत्र तक परिसीमित थी को नई परिभाषाओं से प्रतिस्थापित कर दिया गया जो अधिगम में (Approach) अधिक विस्तृत और परिष्कृत है।

2. सांख्यिकी (Statistics) शब्दों का प्रयोग एक वचन और बहुवचन में भिन्न-भिन्न अर्थों में होता है। जब बहुवचन के रूप में सांख्यिकी (Statistics) शब्द का प्रयोग होता है तो इसका अर्थ समंको का संख्यात्मक समूह होता है और एकवचन में जब इसका प्रयोग होता है तो इसका अर्थ सांख्यिकीय विधियों का विज्ञान के रूप में होता है जिसको मूर्त रूप से इसके सिद्धांत और तकनीक का प्रयोग संख्यात्मक समंकों के संग्रहण, विश्लेषण और उसके आधार पर निष्कर्ष निकाले जाने से लिया जाता है।

उन सभी परिभाषाओं को उल्लेख करना व्यवहारिक रूप से असंभव है जो जगह के अभाव में सांख्यिकी के लिए संख्यात्मक समंक और सांख्यिकीय विधियों के रूप में परिभाषित हैं। परंतु हम नीचे कुछ चुनी हुई परिभाषायें दे रहे है।

सांख्यिकी के विषय में विद्वानों का मत–कुछ परिभाषायें सांख्यिकी (Statistics) की संख्यात्मक समंक के रूप में–

(a) ''समंक किसी राज्य के निवासियों की स्थिति से सम्बन्धित वर्गीकृत तथ्य है– विशेष रूप से वे तथ्य जिन्हें संख्याओं की तालिका में या किसी भी सारणी या वर्गीकृत व्यवस्था में प्रस्तुत किया सके।''

टिप्पणी

"Statistics are the classified facts representing the conditions of the people in a state, specially those facts which can be stated in number or in tables of number or in any tabular or classified arrangement." **(Webster)**

''सांख्यिकी किसी अनुसंधान के किसी विभाग में तथ्यों का संख्यात्मक विवरण है, जिन्हें एक दूसरे से सम्बन्धित रूप में प्रस्तुत किया जाता है।''

"Statistics are numerical statements of facts in any department of enquiry placed in relation to each other." **(Bowley)**

3. ''सांख्यिकी से हमारा तात्पर्य ऐसे संख्यात्मक समंक से है जो पर्याप्त सीमा तक बहुत तरह के कारणों से प्रभावित होते है।''

"By statistics, we mean quantitative data affected to a marked extent by multiplicity of causes." **(Yule and Kendal)**

''सांख्यिकी से हमारा तात्पर्य समग्र तथ्यों से है जो पर्याप्त सीमा तक कई कारणों से प्रभावित होते हैं, जिन्हें अंको में व्यक्त किया जा सकता है, जिनकी गणना या अनुमान उचित स्तर के अनुसार की जा सकती है, जिनकी संग्रहण व्यवस्थित ढंग से की जाती है, पूर्व निश्चित उद्देश्यों से की जाती है ताकि उन्हें एक–दूसरे के सम्बन्ध में प्रस्तुत किया जा सकता है।''

"Statistics may be defined as the aggregate of facts affected to a marked extent by multiplicity of causes, numerically expressed, enumerated or estimated according to a reasonable standard of accuracy, collected in a systematic manner, for a predetermined purpose and placed in relation to each other. **(Prof. Horace Secrist)**

टिप्पणी एवं समीक्षा, समालोचना–

(a) वेबस्टर की परिभाषा के अनुसार, केवल संख्यात्मक तथ्य ही सांख्यिकी कहे जा सकते है। इस अतिरिक्त यह सांख्यिकी के क्षेत्र को राज्य के मामले तक सीमित करता है, सामाजिक विज्ञान तक यह बहुत पुरानी और संकुचित परिभाषा है और आज के समय के अनुसार अपर्याप्त क्योंकि आज सांख्यिकी विज्ञान सभी विज्ञानों सामाजिक, भौतिक और प्राकृतिक को शामिल करता है।

(b) वाउले की परिभाषा वेबस्टर की परिभाषा से ज्यादा व्यापक है क्योकि यह किसी भी विषय के अनुसन्धान में संख्यात्मक तथ्यों से संबधित है। इसके अतिरिक्त यह संख्याओं के तुलनात्मक अध्ययन के अवसर प्रदान करता है, जबकि वेबस्टर की परिभाषा में सिर्फ संख्याओं के वर्गीकरण और सारणीयन तक की व्यवस्था है।

(c) युल और कैण्डल की परिभाषा में चर्चा है कि संख्यात्मक तथ्य कई कारणों से प्रभावित होते हैं। यह ज्यादातर सामाजिक, आर्थिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों में होता है। उदाहरणस्वरूप, एक वस्तु की कीमत कई वजहों से प्रभावित होती है– पूर्ति, माग, आयात, निर्यात, मुद्रा का परिचलन, बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक उत्पादों की उपस्थिति इत्यादि। इसी तरह से बाजार में एक खास अनाज की पैदावार कई कारकों पर निर्भर करती है यथाः– बीज की विशेषता,

मिट्टी की उर्वरता, जुताई का प्रकार, सिंचाई की सुविधायें वायुमंडलीय प्रभाव, उर्वरक का प्रयोग इत्यादि।

(d) सेक्रिस्ट की परिभाषा चारों परिभाषाओं में सबसे संपूर्ण है। अब हम इसका परीक्षण विस्तार से करें–

(i) तथ्यों का समुच्चय– साधारण या अलग तथ्य सांख्यिकी नहीं कहे जा सकते जब तक वे एक विशेष अनुसन्धान क्षेत्र के सम्बन्धित तथ्य नही हो। उदाहरण के तौर पर– किसी व्यक्ति की लंबाई या किसी वस्तु की कीमत सांख्यिकी नही है क्योंकि ये समंक असम्बन्धित और अतुलनीय है, जबकि जन्म, मृत्यु, बिक्रि, खरीद, उत्पादन, लाभ इत्यादि तथ्यों का संकलन विभिन्न समय, स्थान के आधार पर करना सांख्यिकी होगा।

(ii) बहुत कारणों से प्रभावित होना– सांख्यात्मक तथ्य कई वजहों से प्रभावित होते हैं। इसका वर्णन टिप्पणी 3 में किया जा चुका है। पदार्थ विज्ञान में वह सम्भव है कि कई कारकों को अलब किया जा सकता है, जो एक तथ्य को प्रभावित करते है परन्तु सामाजिक विज्ञान में ऐसा करना बहुत कठिन है। विशेष रूप से कुछ वैसे कारक जिनकी संख्यात्मक माप नहीं हो सकती। हालाकि ऐसी सांख्यिकीय विधियाँ इजाद कर ली गई हैं जिनमें किसी एक तथ्य पर पड़ने वाले कई तथ्यों के प्रभाव का अध्ययन बहुगुणी (बहुआयामी सह-सम्बन्ध) या किसी एक तथ्य का अलग से उस तथ्य पर प्रभाव (आंशिक सह सम्बन्ध) का अध्ययन किया जा सकता है बशर्ते हर तथ्य के प्रभाव को संख्यात्मक रूप में व्यक्त किया जा सकता है।

(iii) संख्यात्मक अभिव्यक्ति– केवल संख्यात्मक समंक सांख्यिकी का निर्माण कहते है। इसलिए ऐसे वक्तव्य ''दिल्ली क निवासियों का जीवन स्तर बढ़ गया है'' या ''किसी खास वस्तु की उत्पादकता बढ़ रही है'' सांख्यिकी का निर्माण नही करते। खासतौर पर गुणात्मक तथ्य जिन्हें संख्यात्मक रूप से नही मापा जा सकता, जैसे– बुद्धिमत्ता, सुन्दरता, ईमानदारी इत्यादि सांख्यिकी, तब तक नहीं कहे जा सकते जब तक इनके प्रत्येक गुण को निर्धारित अंक देकर संख्यात्मक रूप से व्यक्त करने लायक ना बना लिया जाये। उदाहरणस्वरूप– बुद्धिमत्ता सांख्यिकी नही है परंतु बुद्धिमत्ता लब्धि (Intelligence Quotient) जिसे व्यक्ति की बुद्धिमत्ता की संख्यात्मक माप कह सकते है को सांख्यिकी कह सकते है।

(iv) तर्कयुक्त परिशुद्ध के अनुसार गणन या प्राक्कलन– अनुसंधान के किसी भी क्षेत्र का संख्यात्मक समंक उस समष्टि के पूर्ण गणन करने से प्राप्त की जा सकती है। इस स्थिति में प्राप्त समक यथार्थ और शुद्ध होगी (मापने की अशुद्धि व्यक्तिगत पूर्वाग्रह इत्यादि का छोड़कर) हालाकि, अगर पूर्ण गणना उक्त समष्टि का संभव नहीं है। e.g. अगर समष्टि अनन्त है, या परीक्षण विध्वंसनीय है। i.e., अगर परीक्षण के क्रम में वस्तु का विध्वंस हो जाये जैसे बारुद के परीक्षण में, बिजली बल्ब इत्यादि में। और अगर संभव भी है तो कुछ कारणों की वजह से तर्कसंगत नही है (जैसे– अगर समष्टि बहुत बड़ी है, प्रत्येक इकाई की गणना का अर्थ काफी ज्यादा

टिप्पणी

है और हमारे संसाधन, समय और अर्थ के रूप में सीमित है इत्यादि), तब समंक का प्राक्कलन प्रभावशाली तकनीक प्रतिदर्शन और प्राक्कलन विधि द्वारा की जाती है। हालांकि, प्राक्कलित मूल्य उतना सूक्ष्म और परिशुद्ध नही होगा जितना यथार्थ मूल्य। प्राक्कलित मूल्यों की परिशुद्धता की मात्रा अनुसंधान की प्रकृति और उद्देश पर अधिक से अधिक निर्भर करती है। जैसे– व्यक्तियों की शुद्धि ऊँचाई की माप में ईंच के अंशमात्र को भी मापने की कोशिश की जायेगी, जबकि दो जगहो की दूरी है, जैसे दिल्ली आर लंदन के बीच तो कई किलोमीटर को भी नजरअन्दाज किया जा सकता है। जबकि, एक अर्थयुक्त परिणाम पर पहुंचने के लिए एक खास परिशुद्धि के मानक को अवश्य बनाये रखना होगा।

(v) व्यवस्थित क्रम में संग्रहित करना– समंक बहुत ही व्यवस्थित क्रम में संग्रहित होना चाहिए। इसलिए, किसी भी सामाजिक – आर्थिक सर्वेक्षण के लिये एक उचित व्यवस्था अनुसंधान की दिशा के हिसाब से और प्रशिक्षित व्यक्तियों (जांचकर्ता) की सेवा साक्षात्कार करके समंक इकट्ठी करने के लिए लेना चाहिए। ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि व्यक्तिगत पूर्वाग्रह कम से कम हो। स्पष्टतः समंक जो अव्यवस्थित ढंग से इकट्ठी की जाती है वो परिशुद्धि की तर्कयुक्त मानक के अनुरूप नही होगी और उन पर आधारित निष्कर्ष गलत या भ्रामक परिणाम देंगे।

(vi) पूर्व निर्धारित उद्देश से इकट्ठा करना– यह सबसे आवश्यक है कि तहकीकात का उद्देश साफ–साफ और ठोस रूप से परिभाषित होना चाहिए और समंक को इकट्ठा करते वक्त इन उद्देशों ध्यान रखना चाहिए। ऐसी कोशिश नही की जानी चाहिए कि बहुत सारे समकों को इकट्ठा कर लें जिसमें बहुत समंकों का ना तो कभी परीक्षण किया जाता है ना हि विश्लेषण। हमें ऐसी सूचनाओं को एकत्रित करने में समय बर्बाद नही करना चाहिये जो हमारे तहकीकात के लिए अनावश्यक है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना चाहिये कि कोई जरूरी समंक में छूट जाये। उदाहरण के लिए, अगर तहकीकात का उद्देश निम्न आर्थिक वर्गीय लोगों के जीवन स्तर का सूचकांक ज्ञात करना है तो हमें बस वैसी वस्तुओं का ही चुनाव करना चाहिए जो इस वर्ग के लोग इस्तेमाल करते है। अतः इस सूचकांक के लिए इस तरह की वस्तुओं का समंक जैसे स्कूटर, कार, रेफ्रीजरेटर, टेलीविजन सेट, उच्च स्तरीय श्रृंगार सामग्री इत्यादि बिल्कुल अनुपयोगी होगी।

(vii) तुलनीय (Comparable)– व्यवहारिक तौर पर, सांख्यिकीय विश्लेषण के लिए समंको को तुलनीय होना चाहिए ये किसी इकाई के साथ तुलना किये जाते है, सामान्यतः समय या स्थान के साथ उदाहरणस्वरूप, विभिन्न वर्षों में किसी देश की जनसंख्या संबंधित समंक या विभिन्न देशों की जनसंख्या का समंक किसी खास वर्ष में सांख्यिकी का निर्माण करते हैं क्योंकि ये परस्पर तुलनीय है। जबकि किसी व्यक्ति के जूतों की माप का समंक और उसकी बुद्धि लब्धि आई.क्यूं. का समंक सांख्यिकी का निर्माण नही करते है

क्योंकि ये आपस में तुलनीय नहीं है। समंको के तर्कसंगत तुलना के लिए समंको को समरूप होना चाहिए तथा उन्हें समान संवृत्ति (Phenomenon) या विषय से संबंधित होना चाहिए।

(e) होरेस सेक्रिस्ट की परिभाषा और ऊपर वर्णित टिप्पणी 4 के विवेचना के आधार पर हम निष्कर्ष निकाल सकते है कि: ''सभी सांख्यिकी संख्यात्मक विवरण के तथ्य होते है, परन्तु सभी संख्यात्मक विवरण के तथ्य सांख्यिकी नहीं होते है।''

(f) हम नीचे सांख्यिकी परिभाषा, जहाँ सांख्यिकी एकवचन के रूप में प्रयुक्त होती है, i.e., सांख्यिकी, सांख्यिकीय विधि के रूप में, देते है।

सांख्यिकी के संबंध में वे क्या कहते है, कुछ परिभाषाएँ सांख्यिकी, सांख्यिकीय विधियों के रूप में–

(i) सांख्यिकी को गणना का विज्ञान कह सकते है– **Bowley A.L.**

(ii) सांख्यिकी को उचित रूप से माध्यों का विज्ञान कहा जा सकता है। **Bowley A.L.**

(iii) सांख्यिकी वह विज्ञान है जो सामाजिक अवयवों को सम्पूर्ण मानकर उनका सभी रूपों में मापन करता है, जो अपने सभी अभिव्यक्तियों में पूर्ण माने जाते हैं। **Bowley A.L.**

(iv) सांख्यिकी प्राक्कलन (मूल्यांकन) और संभाव्यता प्रायिकता का विज्ञान है। **Boddington**

(v) सांख्यिकी का विज्ञान सामूहिक, प्राकृतिक या सामाजिक संघटना के निष्कर्ष से निर्णय से निर्णय की विधि है जो प्राक्कलनों के विश्लेषण या गणन या संग्रहण से प्राप्त होती है।

(vi) सांख्यिकी वह विज्ञान है जिसका संबंध संख्यात्मक तथ्यों के वर्गीकरण और सारणीयन से है जो व्याख्या, वर्णन और संवृत्ति (Phenomenon) की तुलना का आधार है। **Lovin**

(vii) सांख्यिकी ऐसा विज्ञान है जो संख्यात्मक समंको की संग्रहण विधि वर्गीकरण, प्रस्तुतीकरण, तुलना और व्याख्या से किसी भी क्षेत्र के अनुसंधान पर प्रकाश डालती है। **Selligman**

(viii) सांख्यिकी को संख्यात्मक समंकों, संग्रहण, प्रस्तुतीकरण, विश्लेषण और व्याख्या के विज्ञान के रूप में परिभाषित कर सकते है।

(ix) सांख्यिकी ऐसे विधियों के विज्ञान के रूप में जाना जा सकता है जो कि अनिश्चितताओं के बीच बुद्धिमानीपूर्वक निर्णय ले ले। **Wallis and Roberts**

(x) सांख्यिकी निर्णय लेने की ऐसी विधि का नाम है जिसमें संख्यात्मक समंक और परिकलित जोखिम अनिश्चितता की स्थिति मे ली जाती है। **Prof. Ya-Lun-Chau**

टिप्पणी

(xi) सांख्यिकी विज्ञान वह प्रणाली है जिसके द्वारा किसी एक गणना या अनुमानों के संग्रहण के विश्लेषण से प्राप्त परिणामों के द्वारा सामूहिक, प्राकृतिक या सामाजिक घटनाओं का विवेचन किया जाता है।

The Science and art of handling aggregate of facts– observing, enumeration, recording, classifying and otherwise systematically treating them.

वह विज्ञान और कला जिससे तथ्यों का औसत–निरीक्षण, संगणना, रिकार्डिंग, वर्गीकरण और दूसरे ढंग से व्यवस्थित ढंग से उनसे व्यवहार करें।

कुछ टिप्पणी और निरीक्षण (अवलोकन)–

(i) प्रथम तीन परिभाषायें जो बोवले ने दिये हैं, अपर्याप्त हैं।

(ii) बोर्डिंगटन की परिभाषा भी सांख्यिकी के अर्थ और कार्य का वर्णन करने में असक्षम है क्योंकि यह सिर्फ प्रायिकता और प्राक्कलन तक सीमित है जो आधुनिक सांख्यिकीय साधनों का सिर्फ एक हिस्सा है और अपनी अभिव्यक्ति में सांख्यिकी के विज्ञान का वर्णन नहीं करता है।

(iii) किंग की परिभाषा भी अपर्याप्त हैं क्योंकि यह सांख्यिकी को सिर्फ सामाजिक विज्ञान तक सीमित रखता है। लोविन की परिभाषा काफी संतोषजनक है, हालाँकि अपूर्ण है। सेलिंग मैन की परिभाषा, हालाँकि बहुत छोटी और सामान्य है परंतु बहुत बोधगम्य है। हालाँकि इन सभी परिभाषाओं में ऐसा लगता है कि क्राक्सटन और काउडेन द्वारा दी गई परिभाषा सबसे अच्छी है।

(iv) वालिस और रॉबस्टर्स की परिभाषा काफी आधुनिक है चूँकि सांख्यिकीय विधियाँ हमें वैध निर्णय तक पहँचाने में मदद करती है। 10 नवम्बर पर प्रा. चाऊ की परिभाषा का परिमार्जित रूप है।

(v) हालों की परिभाषा सांख्यिकी को विज्ञान और कला दोनों ही बताती है। विज्ञान– क्योंकि यह साधन और नियम देता है, अनुसंधान के श्रोत से इकट्ठी की गई संख्यात्मक जानकारी के विश्लेषण के लिए और कला, चूँकी इसे बगैर किसी बगैर किसी इन्कार के कहा सकता है कि इसका आधार संख्यात्मक समंक पर आधारिक है। जिसे इस दृष्टिकोण से इकट्ठी की जाती है कि एक विशेष संतुलन और स्थिरता रहे ताकि पूर्ण या करीब–करीब पूर्ण निष्कर्ष पर पहुंच सके। एक सांख्याकीविद् किसी समस्या का हल करने में एक कलाकार के समान असफल हो जायेगा यदि सांख्यिकीय साधनों का इस्तेमाल करके वक्त उसके पास अपेक्षित कार्यदक्षता, अनुभव और धैर्य नहीं है।

1.4 सार्थकता और कार्यक्षेत्र (Signification or Workspace)

सांख्यिकी का मुख्य उद्देश्य है जटिल संहति समंक को संक्षिप्त रूप में आसान बनाना। यह भविष्य के लिए प्रवृत्तियों और उपनतियों की ओर संकेत करता है। यह

संहति समंक पर प्रकाश डालता है महत्वपूर्ण निर्णय लेने में और भविष्य में उठाए जाने वाले कदम के संबंध में। यह ज्ञात समंक से अज्ञात को सिद्ध करने में सहायक होता है। यह नए ज्ञान का आधार देता है और कार्यप्रणाली की विधि का पथ प्रदर्शन करता है। यह प्रयास करता है संहति समंक में स्थित छिपे तथ्यों को उजागर करने में।

इन दिनों, सांख्यिकी के बगैर योजना सोची भी नहीं जा सकती। सांख्यिकी मानवीय ज्ञान के क्षेत्र की आँखें बन चुका है। वे निर्णय करने की विधि का बेशकीमती (अमूल्य) और अनिवार्य साधन बन चुके हैं। सांख्यिकी का कार्यक्षेत्र मानवीय ज्ञान के उन सभी क्षेत्रों में फैल चुका है जिनमें काफी तथ्यों का अध्ययन नए ज्ञान के लिए किया जाता है। इसका कार्यक्षेत्र दिन-ब-दिन बढ़ रहा है विशेषकर आधुनिक व्यापार में, प्रबंधक भविष्य में उठाये जाने वाले कदमों के बारे में काफी अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। निर्णय करने की विधि उनके लिए कठिन साबित हो रही है। यह सांख्यिकी विज्ञान हीं हैं, उन सभी लोगों को हल प्रदान करता है जो भविष्य के लिए योजना बनाते हैं।

''विज्ञानों का सांख्यिकी के बगैर कोई जड़ नहीं;

सांख्यिकी बगैर विज्ञान का कोई फल नहीं।''

आजकल, अन्वेषण का शायद ही कोई क्षेत्र है जहाँ सांख्यिकी विधियाँ प्रयुक्त नहीं होती हैं। सांख्यिकी की सार्थकता इसके कार्यक्षेत्र को रोज-रोज बढ़ा रही है। सांख्यिकी विषय का रूपान्तरण 'राजाओं के विज्ञान' से 'समष्टि के विज्ञान' में हो रहा है। यह प्राथमिक साधन हो चुका है नए ज्ञान की खोज या अनुसंधान के लिए।

1.5 सीमाएं (Limitations)

यद्यपि सांख्यिकी विज्ञान मानवीय ज्ञान के लिए समस्त ब्रम्हांड में प्रयुक्त होती है, परन्तु फिर भी यह निम्नलिखित सीमितता से ग्रसित है–

- सांख्यिकी गुणात्मक पहलू को नजरअंदाज कर देता है।
- सांख्यिकी व्यक्तिगत मदों का अध्ययन नहीं करता है।
- सांख्यिकी के नियम सख्त सुनिश्चित नहीं होते हैं।
- सांख्यिकी पूरे तथ्यों को नहीं प्रकट करता है।
- सांख्यिकी साधनों का दुरूपयोग हो सकता है।

आजकल सांख्यिकी विज्ञान के विरुद्ध काफी पूर्वाग्रह या व्यक्तिगत धारणा है। कुछ लोगों को सांख्यिकी में अंधी श्रद्धा है और वे इसकी बिना पर कुछ भी बलपूर्वक कहने को तत्पर रहते हैं। कुछ लोगों को इस पर कुछ भी विश्वास नहीं होता और सांख्यिकी के बारे में प्रतिकूल सोचते हैं। वे निम्न प्रकार से कहते हैं–

''सांख्यिकी किसी भी बात को सिद्ध कर सकता है।''
''सच्चाई का एक औंस, टनों सांख्यिकी को पैदा कर सकती है।''

टिप्पणी

''सांख्यिकी सामान्य को प्रकट कर देती है परन्तु आवश्यक को छुपा देती है।''

''सांख्यिकी गीली मिट्टी के समान है जिससे कोई भगवान या शैतान गढ़ सकता है जैसा वह चाहे।''

''तीन प्रकार के झूठ हैं– झूठ, सफेद झूठ और सांख्यिकी''

उपर्युक्त वक्तव्य सांख्यिकी के बारे में अविश्वासनीयता प्रकट करते हैं। वे सांख्यिकी विज्ञान के लिए अपकीर्ति लाते हैं। यह सभी सांख्यिकी तकनीकों की सीमितता और दुरुपयोग के कारण हैं। सांख्यिकी, प्राकृतिक रूप से, निर्दोष हैं। कठिनाई सांख्यिकी विज्ञान के साथ नहीं है परन्तु लोगों के साथ है जो सांख्यिकी की विधियों और साधनों का गलत इस्तेमाल करते हैं अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए। किसी को सांख्यिकीय साधनों पर दोषारोपण नहीं करना चाहिए; बल्कि साधनों के इस्तेमालकर्ता पर दोषारोपण करना चाहिए। सांख्यिकी की सीमाओं को चिन्हित करने के लिए और इसके साधनों को सावधानीपूर्वक इस्तेमाल कर, अविश्वास को कम किया जा सकता है।

1.6 सांख्यिकीय अन्वेषण (Statistical Investigation)

''सांख्यिकीय अन्वेषण' का अर्थ है पूछ-ताछ या सर्वेक्षण या ज्ञान की खोज जो संख्यात्मक क्रम में अभिव्यक्त किये जा सकते हैं। यह तकनीकी विधि है, जिसके लिए विशिष्ट ज्ञान और दक्षता वांछनीय है। यह निम्नलिखित दो चरणों को आलिप्त करता है–

A. अन्वेषण की योजना (Planning of the Enquiry)

B. अन्वेषण की योजना का कार्यान्वयन (Executing the plan of Enquiry)

A. अन्वेषण की योजना– सांख्यिकी अन्वेषण में पहला कदम इसकी योजना तैयार करना है। इसमें आगे के चरण निम्नलिखित हैं–

(i) अन्वेषण का 'उद्देश्य' स्पष्टता और सुनिश्चितता से परिभाषित होनी चाहिए। यह संकलन योग्य समंक की प्रकृति को निर्धारित करता है और समंक के विश्लेषण का प्रयुक्त प्रकार। यह समंक के संकलन में बर्बादी और भ्रम को रोकता है। यह संदर्भहीन समंक के संकलन को रोकने में सहायता करता है।

(ii) अन्वेषण के 'कार्यक्षेत्र' का निर्धारण पहले से हीं हो जाना चाहिए। यह क्षेत्र को नियत करने में मदद करता है सूचना के प्रकार के संबंध में, विषयवस्तु की प्रकृति और अन्वेषण का क्षेत्र। यह अन्वेषण के उद्देश्य के लिए समंक के संकलन के नियत मात्रा का निर्धारण करता है।

(iii) समंक संकलन की 'इकाईयों' का भी निर्धारण किया जाना है। सांख्यिकीय इकाई आधार है जिसके बिना पर समंक संकलित किए जाते हैं और व्याख्या किए जाते हैं। यह एक चीज है या वस्तु या परिमाण जो सुपरिभाषित है और किस गिनती या मान से अभिनिर्धारित है। यह परिमाण का मानक माप है। इसे असंदिग्ध, विशिष्ट, उचित

और समरूप होना चाहिए समंक की माप के लिए। सांख्यिकीय इकाईयों के उदाहरण हैं– एक व्यक्ति, एक फर्म, एक परिवार, एक घंटा, एक मील, एक वेतन, एक जन्म दर, अंक, वजन, ऊँचाई, लीटर, पाउंड, रुपये और इसी तरह।

(iv) विभिन्न 'स्रोतों' जिनसे समंक संकलित किए जाते हैं सतर्कतापूर्वक अभिनिर्धारित किए जाने चाहिए। स्रोत या तो 'प्राथमिक' हो सकते हैं या 'द्वितीयक'।

आँकड़े जो पहली बार अन्वेषक द्वारा मूल रूप से संकलित किए जाते हैं अन्वेषण के विशिष्ट उद्देश्य की पूर्ति के लिए 'प्राथमिक समंक' कहे जाते हैं। वैसे आँकड़े जो पहले किसी दूसरे द्वारा संकलित किये जाते हैं और फिर अन्वेषक उनका इस्तेमाल करते हैं ''द्वितीयक समंक'' कहे जाते हैं।

(v) प्राथमिक समंक संकलित करने की 'दो तकनीकें' हैं– जनगणना विधि और प्रतिदर्श विधि। 'जनगणना' विधि सम्पूर्ण गणन को आलिप्त करता है और जनसंख्या (समष्टि) के प्रत्येक इकाई का अभिलेखन करती है। 'प्रतिदर्श विधि में जनसंख्या (समष्टि) के एक भाग का चुनाव किया जाता है जो जनसंख्या के अभिलक्षणों को प्रस्तुत करती है। प्रतिदर्श समष्टि का पर्याप्त परिमित समुच्चय है।

समंक के संकलन की तकनीक का चुनाव कई कारकों पर निर्भर करता है– आँकड़ों के स्रोत, आँकड़े की प्रकृति, अन्वेषण के उद्देश्य, निधि और समय की उपलब्धता, और दूसरी स्थितियों पर।

(vi) 'अन्वेषण' के विभिन्न प्रकार होते हैं, जिन पर अन्वेषणकर्त्ता को विचार करना चाहिए। ''राजकीय अनुसंधान'' सरकार के लिए की जाती है। 'अर्द्ध-सरकारी अनुसंधान' संस्थानों द्वारा की जाती है जिसे सरकार द्वारा संरक्षण प्राप्त होता है। 'गैर-सरकारी अन्वेषण', निजी संस्थानों द्वारा की जाती है। 'आवृत्तिमूलक अन्वेषण' कुछ पहले की गई अन्वेषण की आवृत्ति या निरंतरता के लिए की जाती है। 'गोपनीय अन्वेषण' बातों को गोपनीय रखने के लिए की जाती है। 'गैर-गोपनीय अन्वेषण' तब की जाती है जब अन्वेषण की सूचना जन साधारण में देना होता है।

'प्रत्यक्ष अन्वेषण' तब सम्पादित की जाती है जब संवृत्ति का अध्ययन संख्यात्मक रूप से मापे जाने में सक्षम होती है, जैसे– उम्र, वजन, वेतन और अंक। ''अप्रत्यक्ष अन्वेषण'' तब सम्पादित की जाती है, जब संवृत्ति का अध्ययन संख्यात्मक रूप से मापे जाने में सक्षम नहीं होती है जैसे– सुंदरता, इमानदारी और बुद्धि। 'नियमित अन्वेषण' आवर्त्तकाल में समय के बराबर अंतराल पर की जाती है। 'तदर्थ अन्वेषण' तब सम्पादित की जाती है जब यह आवश्यक होता है, समय की निरंतरता के बगैर। 'जनगणना अन्वेषण' तब की जाती है जब सम्पूर्ण जनसंख्या के मदों की गणना की जानी होती है विश्लेषण के अभिलेखन के लिए। ''प्रतिदर्श अन्वेषण'' तब की जाती है जब विश्लेषण के लिए समष्टि का एक भाग यदृच्छया चुनी जाती है।

टिप्पणी

'प्राथमिक अन्वेषण' तब की जाती है जब अन्वेषण मौलिक आँकड़ों के संकलन से संबंधित होती है। 'प्रतिदर्श अन्वेषण' तब की जाती है जब अन्वेषण समष्टि से प्रतिदर्श के संकलन से संबंधित होती है। 'विस्तृत अन्वेषण' तब की जाती है जब अन्वेषण की विषयवस्तु समंक के बहुत सारे पहलुओं को आच्छादित करती है। 'सीमित अन्वेषण' तब की जाती है जब अन्वेषण की विषयवस्तु समंक के केवल एक या दो पहलुओं को आच्छादित करती है। 'पथ-प्रदर्शक अन्वेषण' तब की जाती है जब अन्वेषण द्वारा अपेक्षित परिणाम संक्षिप्त हैं। 'समाविष्ट अन्वेषण' तब की जाती है जब अन्वेषण द्वारा अपेक्षित परिणाम विस्तार में हैं।

(vii) उस फ्रेम को चुनना आवश्यक है जिसके अन्दर आँकड़े को संकलित किया जाना है। एक 'फ्रेम' एक संरचना, हाशिया या सीमांत है जहाँ आँकड़े तैयार रूप में उपलब्ध हैं। एक फ्रेम हो सकता है निर्देशिका (Directory), मतदाता सूची शहर योजना, राज्य का मानचित्र या राशन कार्डधारियों की सूची। फ्रेम अन्वेषण योजना के सम्पूर्ण संरचना को निर्धारित करता है। फ्रेम को चुनते वक्त, इसके आधार की उचित तहकीकात इसके विश्वसनीयता के संबंध में की जाती है।

(viii) 'परिशुद्धता का स्तर' के संबंध में निर्णय समंक के विश्लेषण के लिए अन्वेषक द्वारा की जाती है। यद्यपि परिणाम की संपूर्ण परिशुद्धता प्राप्त करने में असंभव है, परंतु एक तर्कयुक्त स्तर की शुद्धता लक्ष्य की जाती है। परिशुद्धता के स्तर का अनुपालन संकलित आँकड़ों की प्रकृति, आकार और प्रकार पर निर्भर करती है।

(ix) कई 'विविध विचारणायएं' हैं जिनपर ध्यान देना होता है यथा समय कारक, कोष की उपलब्धता, कर्मचारियों की नियुक्ति, सरकारी नीति, आर्थिक स्थितियाँ और दूसरी आनुषांगिकताएं (Contingencies)।

इस तरह, अन्वेषण की उचित योजना, समुचित विचार और सतर्कता काफी आवश्यक है हमारे समंक संकलन को शुरू करने से पहले।

B. अन्वेषण की योजना का कार्यान्वयन– सांख्यिकीय अनुसंधान का दूसरा कदम है। जब एक बार अनुसंधान की योजना तैयार हो जाती है, अन्वेषक उस योजना को कार्यरूप में परिणत करने के लिए आगे बढ़ता है। निम्नलिखित विभिन्न चरण हैं अन्वेषण योजना के कार्यान्वयन का–

(i) एक उपयुक्त 'संस्था (organisation)' खड़ी की जाती है अन्वेषण के योजना के प्रदर्शन पर निगाह रखने के लिए। अन्वेषण की प्रकृति और उद्देश्य संस्था के आकार को निर्धारित करेगी। सामान्यतया, अस्तित्वगत संस्था का उपयोग उद्देश्य के लिए अस्थाई तौर पर किया जाता है।

(ii) कई तरह के 'प्रपत्रों (Forms)' की आवश्यकता होती है समंक को संकलित करने के लिए और उन्हें व्यस्थित रूप से आलेखित करने के लिए। कई प्रकार के प्रपत्र तैयार और प्रिंट किए जाते हैं अन्वेषण के उद्देश्य के लिए। प्रश्नावली (Questionnaires), अनुसूची (Schedules),

पत्र (Letters) और दूसरे प्रपत्र उपलब्ध करवाए जाते हैं समंक के संकलन और आलेखन के लिए।

(iii) कार्य की विशिष्टता के हिसाब से अन्वेषण के कार्य के लिए 'कर्मचारियों की नियुक्ति की जाती है। उपयुक्त चुनाव और प्रशिक्षण और कार्य समनुदेशन (Job assignment) सतर्कता से किया जाना चाहिए। पर्याप्त संख्या में सुपरवाईजर, किरानी, फील्ड कार्यकर्त्ता आदि नियुक्त किए जाते हैं।

(iv) कार्यकलापों पर प्रभावी 'नियंत्रण' स्थापित किया जाता है। कार्यकलापों की योजनागत प्रदर्शन को वास्तविक प्रदर्शन से नियमित रूप से तुलना की जाती है। योजनागत और वास्तविक प्रदर्शन के बीच विभिन्नता की जाँच की जाती है और सुधार के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाते हैं।

(v) एक उपयुक्त 'अनुगमन कार्य (Follow up work)' भी किया जाना चाहिए विलंबित कार्य की स्थितियों और गैर-प्रत्युत्तर (Non-response) घटनाओं से निपटने के लिए। प्रत्येक प्रयास किया जाता है समय सीमा के अंदर सूचनाओं को संकलित करने के लिए।

(vi) एक अपरिष्कृत आँकड़ा 'संकलित' की जाती है और आगे संसाधित की जाती है। यह संपादित, वर्गीकृत, सरलीकृत, तालिकाबद्ध की जाती है और अंत में आवृत्ति बंटन या लेखाचित्र या आरेख के रूप में प्रस्तुत की जाती है। आगे के अध्ययन के लिए समंक को व्यवस्थित ढंग से उपयुक्त प्रकार से प्रस्तुत करना आवश्यक है।

(vii) समंक के प्रतिनिधि अभिलक्षणों को प्रकट करने के लिए प्रस्तुत किए गए समंक का उचित गणितीय विश्लेषण' किया जाना चाहिए।

(viii) परिशुद्ध निर्णय करने के लिए विश्लेषित समंक को उचित रूप से समझा और सर्तकता से व्याख्यायित किया जाता है।

(ix) समंक के प्रतिनिधि अभिलक्षणों को प्रकट करने के लिए प्रस्तुत किए गए समंक का उचित गणितीय 'विश्लेषण' किया जाना चाहिए। सांख्यिकीय विश्लेषण विभिन्न गणितीय तकनीकों का इस्तेमाल कर उपस्थित समंक को संक्षिप्त कर देता है और इसे एक अंक से भी प्रदर्शित किया जा सकता है। विश्लेषण की यह विधि समंक की व्याख्या करने में सहायता करता है और समंक के बारे में निर्णय करने में।

(x) परिशुद्ध निर्णय करने के लिए विश्लेषित समंक को उचित रूप से समझा और सतर्कता से व्याख्यायित किया जाता है। अन्त में, यह आवश्यक हो जाता है परिणामों और निष्कर्षों को 'रिपोर्ट (आलेखन)' के रूप में मूर्त रूप देना। आलेखन प्रस्तुति अन्वेषण के कार्यान्वयन का अंतिम चरण है। इस तरह से तैयार आलेखन संबद्ध उच्च अधिकारियों के पास आगे की कार्यवाही के लिए प्रस्तुत की जाती है।

इस तरह, सांख्यिकीय अन्वेषण, कार्य योजना और योजनागत अन्वेषण के प्रभावी कार्यान्वयन की लम्बी विधि है। इसमें विशेष योग्यता प्राप्त, दक्ष और प्रबंधन योग्यता वांछित है।

टिप्पणी

अपनी प्रगति जाँचिए (Check Your Progress)

1. सांख्यिकी परिभाषित की जाती है तथ्यों के __________ तौर पर
   (क) गुणात्मक (ख) समुच्चय के
   (ग) भ्रामक (घ) वास्तविकता के
2. सांख्यिकी उपेक्षा करती है __________ पक्षों को।
   (क) धनात्मक (ख) गुणात्मक
   (ग) वास्तविक (घ) इनमें से कोई नहीं
3. सच्चाई का एक औंस सांख्यिकी का __________ उत्पादित करेगी।
   (क) मनों (ख) टनों
   (ग) कई किलो (घ) इनमें से कोई नहीं
4. सांख्यिकीय अन्वेषण आवेष्टित करती है योजना और __________।
   (क) गैर योजना (ख) अन्वेषण
5. मूल रूप संकलित समंग __________ समंग कहलाती है।
   (क) प्राथमिक (ख) द्वितीयक
   (ग) गवेपित (घ) इनमें से कोई नहीं
6. सभी मदों को गणना की तकनीक __________ विधि कहलाती है।
   (क) सांख्यिकी (ख) सारणीयन
   (ग) प्राथमिक (घ) जनगणना
7. कुछ मदों का चुनाव समष्टि से __________ विधि कहलाती है।
   (क) प्रतिदर्श (ख) अन्वेषण
   (ग) सांख्यिकी (घ) योजना

1.7 अपनी प्रगति जाँचिए प्रश्नों के उत्तर (Answers to Check Your Progress)

1. (ख)
2. (ख)
3. (ख)
4. (ख)

5. (क)
6. (ग)
7. (क)

टिप्पणी

1.8 सारांश (Summary)

सांख्यिकीय विज्ञान प्राचीन काल के शासन कला विज्ञान से आगे निकल कर आधुनिक समय में यह सभी विज्ञानों सामाजिक, भौतिक और प्राकृतिक विज्ञानों का आविष्ट करता है और विभिन्न क्षेत्रों, जैसे– कृषि, उद्योग, समाज शास्त्र, बायोमेट्री योजना, अर्थशास्त्र, व्यवसाय, प्रबंधक, बीमा, लेखाशास्त्र और लेखा परीक्षण में उसका विस्तृत प्रयोग होता है। बहुत हद तक आधुनिक सभ्यता सांख्यिकी सभ्यता बन चुकी है और सांख्यिकी विधियों का प्राथमिक ज्ञान बहुत सारे अन्य शिक्षा और व्यावसायिक कोर्सो के सामान्य अध्ययन के पाठ्यक्रम का एक भाग बन चुका है।

इसकी उत्पत्ति status (लैटिन) statista (इटालियन) statistik (जर्मन) या statistique (फ्रेंच से हुई), जिनका अर्थ राजनैतिक राज्य से है। परन्तु कालांतर में सांख्यिकी विज्ञान का प्रयोग एकवचन और बहुवचन दोनों रूप में किया गया।

सांख्यिकी का मुख्य उद्देश्य है जटिल संहति समंक को संक्षिप्त रूप में आसान बनाकर भविष्य के लिए प्रवृत्तियों और उपनतियों की ओर संकेत करना। यह ज्ञात समंक से अज्ञात को सिद्ध करने में सहायक होता है।

बहुत सारे गुणों के बावजूद यह विज्ञान सीमितताओं से भी ग्रसित है।

सांख्यिकी अन्वेषण (Statistical Investigation)

यह तकनीकी विधि है, जिसके लिए विशिष्ट ज्ञान और दक्षता वांछनीय है। यह दो चरणों में सम्पन्न की जाती है–

A. अन्वेषण की योजना

B. अन्वेषण योजना का कार्यान्वयन

अन्वेषण का उद्देश्य स्पष्टता और सुनिश्चितता से परिभाषित होनी चाहिए। यह सन्दर्भहीन समंक को रोकने में सहायता करता है। अन्वेषण का कार्यक्षेत्र का निर्धारण पहले से ही हो जाना चाहिए। समंक की इकाईयों का भी निर्धारण उनके परिमाण के आधार पर समरूप होना चाहिए। विभिन्न स्रोतों का अभिनिर्धारण किया जाना चाहिए। यथा– प्राथमिक और द्वितीयक स्रोत।

प्राथमिक समंक संकलन की दो तकनीकें हैं–

जनगणना विधि– जिसमें जनसंख्या के प्रत्येक इकाई का अभिलेखन होता है और प्रतिदर्श विधि– जिसमें जनसंख्या के उस भाग का चुनाव किया जाता है जो जनसंख्या के अभिलक्षणों को प्रस्तुत करती है।

अन्वेषण के विभिन्न प्रकार हैं जिन पर अन्वेषणकर्ता को विचार कर की जाती है उस फ्रेम को चुनना भी आवश्यक होता है जिसके अन्दर आँकड़े संकलत किए

जाते हैं। 'परिशुद्धता का स्तर' के संबंध में निर्णय समंक के विश्लेषण के लिए अन्वेषक द्वारा की जाती है। और विविध विचारणाए यथा–समय कारक, कोष की उपलब्धता, कर्मचारियों की युक्ति, सरकारी नीति, आर्थिक स्थितियाँ और आनुषांगिकताएँ का भी ध्यान रखना होता है।

1.9 मुख्य शब्दावली (Key Terminology)

- **सांख्यिकी**: Statistics
- **अन्वेषण**: Investigation

1.10 स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास (Self Assessment Questions and Exercises)

लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

1. पद 'Statistics' को बहुवचन अर्थ में वर्णित करें।
2. 'सांख्यिकी किसी भी चीज को सिद्ध कर सकती है' समीक्षा करें।
3. सांख्यिकी की किन्हीं चार सीमितताएं बताएं।
4. सांख्यिकी का कार्यक्षेत्र क्या है?
5. 'Statistics' को एकवचन अर्थ में परिभाषित करें।
6. आप 'सांख्यिकी की इकाईयों' से क्या समझते हैं?

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

1. हार्लो द्वारा दी गई सांख्यिकी की परिभाषा की व्याख्या करें।
2. प्रो. होरेस सेक्रिस्ट द्वारा दी गई परिभाषा की आवश्यकताओं का संक्षेप में वर्णन करें।
3. 'प्राथमिक समंक' क्या है? कैसे यह द्वितीयक समंक से भिन्न होती है?
4. सांख्यिकीय अनुसंधान क्या है? सांख्यिकीय अनुसंधान में आवेष्टित चरणों का संक्षेप में उल्लेख करें।
5. सांख्यिकी की सार्थकता और कार्यक्षेत्र का उल्लेख करें।

1.11 सहायक पाठ्य सामग्री (Suggested Readings)

1.	सांख्यिकी के सिद्धान्त	–	डी.एन. एलहांस और वीणा एलहांस	किताब का महल
2.	सांख्यिकी के सिद्धान्त	–	एस.पी. सिंह	S. Chand & Co.
3.	Fundamentals of Statistics	–	S.C. Gupta & V.K. Kapoor	S. Chand & Co.
4.	Applied Statistics	–	S.C. Gupta & V.K. Kapoor	S. Chand & Co.
5.	Fundamentals of Statistics	–	G.M. Gupta & Das Gupta	S. Chand & Co.
6.	Mathematical Statistics	–	H.C. Saxena	S. Chand & Co.

टिप्पणी

अध्याय 2 समंक, संकलन की प्रक्रिया, प्राथमिक एवं द्वितीय समंक, निदर्शन की रीतियाँ, प्रश्नावली की रचना, समंकों का वर्गीकरण एवं सारणीयन, सांख्यिकीय श्रेणियों की रचना एवं प्रकार

संरचना (Structure)

2.0 परिचय (Introduction)

प्रथम अध्याय में बताया जा चुका है, सांख्यिकी संख्यात्मक समूह के समुच्चय हैं। वस्तुतः केवल संख्यात्मक समंक ही सांख्यिकी के लिए आवश्यक अवयव हैं।

देखने में ऐसा प्रतीत होता है कि सांख्यिकीय अनुसंधान का पहला कदम समंक का संकलन है, परन्तु एक वैज्ञानिक रूप से तैयार किए गए (सक्षम और सुनियोजित) सांख्यिकीय अनुसंधान में समंकों का संकलन किसी भी तरह पहला कदम नहीं है। समंकों के संकलन का उपक्रम करने से पहले सांख्यिकीय अनुसंधान के लिए निम्नलिखित बिन्दुओं का ध्यानपूर्वक परीक्षण कर लेना आवश्यक है जिसे हम समंकों के संकलन की प्राथमिकताएं कहेंगे— अनुसंधान का उद्देश्य और

कार्यक्षेत्र, सांख्यिकी इकाई, सूचनाओं का स्रोत, समंक एकत्रित करने की विधि, अभिसंक्षित परिशुद्धता और अनुसंधान का प्रकार।

2.1 उद्देश्य (Objectives)

इस इकाई को पढ़ने के बाद आप–

- अनुसंधान के उद्देश्य को साफ और ठोस रूप से परिभाषित करना।
- किसी भी सांख्यिकीय अनुसंधान में पहला और सर्वाधिक महत्वपूर्ण कदम है।
- सांख्यिकीय अनुसंधान में सबसे महत्वपूर्ण कारक है कि वास्तविक समंक का संकलन सही और उपयुक्त हो।

2.2 समंक का संकलन (Compilation Data)

अपरिष्कृत आँकड़े, आँकड़ों को संकलित करने की विधि से उत्पन्न होते हैं। एक सांख्यिकीविद्, अपना अन्वेषण कार्य आँकड़ों को संकलित करने से शुरू करता है। ''गणना की विधि, संगणना या माप के साथ अपरिष्कृत आँकड़े का आलेखन समंक का संकलन कहलाता है।'' यह सभी सांख्यिकीय अन्वेषणों या सर्वेक्षणों का प्रारंभिक चरण है।

2.3 प्राथमिक एवं द्वितीयक समंक (Primary and Secondary Data)

सांख्यिकीय अन्वेषण के उद्देश्य और कार्यक्षेत्र को निर्धारित करने के बाद, एक अन्वेषक को समंक संकलन की उचित विधि को निर्धारित करना होता है। दो मुख्य स्रोत हैं समंक को संकलित करने का– प्राथमिक स्रोत और द्वितीयक स्रोत–

1. **प्राथमिक स्रोत**– समंक जो पहली बार मौलिक रूप से संकलित किए जाते हैं 'प्राथमिक समंक' कहलाते हैं। प्राथमिक समंक के स्रोत इस प्रकार हैं–

(a) प्रत्यक्ष व्यक्तिगत प्रेक्षण

(b) अप्रत्यक्ष मौखिक साक्षात्कार

(c) स्थानीय एजेन्ट द्वारा सूचना

(d) डाक प्रश्नावली विधि

(e) संगणकों द्वारा अनुसूची

(a) प्रत्यक्ष व्यक्तिगत प्रेक्षण– अन्वेषक व्यक्तिगत तौर पर सूचकों से मिलता है। सूचकों के आमने-सामने होकर अन्वेषक प्रत्यक्ष रूप से समंक संकलित करना शुरू करता है। संकलित समंक प्रत्यक्ष, अधिक विश्वसनीय और शुद्ध होता है। सूचकों द्वारा भी अच्छा प्रत्युत्तर मिलेगा।

समंक संकलन की यह विधि सिर्फ गहन अध्ययन के लिए उपयुक्त है। यह अधिक समय, अधिक पैसा, और अधिक मानव शक्ति खपत करने वाली है। इसके लिए वांछित है दक्ष और अनुभवी अन्वेषक।

वे सूचकों से सूचना लेते हैं और सूचकों के साथ साक्षात्कार के आधार पर समंक का व्यवस्थित रूप से आलेखन करते हैं।

एक अन्वेषक वांछित समंक को संकलित करने के लिए स्थानीय एजेन्ट या संवाददाता विभिन्न स्थानों पर नियुक्त करता है।

(b) **अप्रत्यक्ष मौखिक साक्षात्कार**– एक अन्वेषक समंक संकलित करने के लिए अनुभवी संगणकों की नियुक्ति करता है। संगणकों को सूचकों से मिलने का निर्देश दिया जाता है। वे सूचकों से सूचना लेते हैं और सूचकों के साथ साक्षात्कार के आधार पर समंक का व्यवस्थित रूप से आलेखन करते हैं। वे सही और संगत सूचना को संकलित करते हैं। यह विधि कम खर्चीली और कम समय खपत करने वाली है। यद्यपि, यह अन्वेषक के व्यक्तिगत प्रभाव और निरीक्षण की कमी से ग्रसित होता है।

(c) **स्थानीय एजेन्ट द्वारा सूचना**– एक अन्वेषक वांछित समंक को संकलित करने के लिए स्थानीय एजेन्ट या संवाददाता विभिन्न स्थानों पर नियुक्त करता है। खास स्थानों पर रहने वाले एजेन्टों से यह अपेक्षित है उनकी अपनी विधि का इस्तेमाल सूचकों से सूचना प्राप्त करने के लिए। आगे, उनसे अपेक्षित है संकलित समंक का ब्यौरा अन्वेषक को प्रस्तुत करने का। यह विधि ज्यादातर अखबारों और विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा अपनाई जाती है। यह कम खर्चीली और अधिक विस्तृत क्षेत्र के समंक के संकलन की विधि है। यद्यपि, यह स्थानीय एजेन्टों के व्यक्तिगत पूर्वाग्रहों और सनक से ग्रसित होता है। संकलित सूचना परिशुद्ध हो भी सकता है नहीं भी।

(d) **डाक द्वारा प्रश्नावली विधि**– इस विधि में '**प्रश्नावली**' तैयार की जाती है जो प्रश्नों की सूची होती है। एक प्रश्नावली में विभिन्न प्रकार के प्रश्न होते हैं जिनमें उत्तर देने के लिए पर्याप्त जगह होता है। यह सूचक या उत्तरदाता द्वारा भरा जाता है जिन्हें यह प्रश्नावली डाक द्वारा भेजी जाती है एक व्याख्या पत्र के साथ। सूचकों से विनम्रतापूर्वक उस पत्र में लिखा जाता है कि अन्वेषण में सहयोग करें और प्रश्नावली को ठीक से भरकर पुनः डाक से भेजें। सूचकों को आश्वस्त किया जाता है कि उनकी जानकारी को गोपनीय रखा जाएगा। यह विधि सामान्यतया शोध–छात्रों द्वारा अपनाई जाती है। सामान्यतया, सभी डाक खर्च अन्वेषक द्वारा वहन किए जाते हैं।

प्रश्नावली प्रश्नों की सूची होती है। यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह सतर्कता, दक्षता और ज्ञान से तैयार की जाती है। पूछे गए प्रश्नों को स्पष्ट, छोटा, संक्षिप्त, संपोषी, अनाक्रामक, शालीन, असंदिग्ध और हाँ या ना के क्रम में उत्तर देने लायक होना चाहिए। उन्हें अधिक गोपनीय भी नहीं होना चाहिए और न ही सूचकों या प्रत्यर्थियों की

भावना को चोट पहुँचाने वाला होना चाहिए। उसे निश्चित रूप से सूचकों के सामान्य शिक्षा स्तर के अनुकूल होना चाहिए।

प्रश्नावली विधि की सबसे बड़ी कमी है कि इसका इस्तेमाल तभी हो सकता है जब प्रत्यर्थी शिक्षित हो। यह अशिक्षित प्रत्यर्थियों के साथ उपयोग में नहीं लाई जा सकती है। यह तभी प्रभावी होता है जब प्रत्यर्थी अपनी इच्छा से आगे आकर प्रश्नावली का उत्तर देते हैं। बहुत बार वे सही जानकारी को छुपा सकते हैं और जल्द उत्तर देने में असफल हो सकते हैं। वे अपनी आय, जायदाद और आदतों को लिखित रूप में देने में हिचकिचा सकते हैं। इसके अतिरिक्त सूचकों के पास शंका की स्थिति में समाधान का कोई अवसर नहीं होता।

(e) संगणकों द्वारा अनुसूची– **'एक अनुसूची'** प्रश्नों का उत्तर पाने की एक युक्ति है जो संगणकों द्वारा भरी जाती है ना कि सूचकों द्वारा। यह प्रश्नावली के ही समान है। यह संगणकों के माध्यम से भेजी जाती है जिनसे अपेक्षित है कि वे सूचकों से उत्तर प्राप्त करें और अनुसूची के प्रश्नों के उत्तर लिखें। संगणकों को अनुसूची के साथ सूचकों से मिलने जाना होता है, अनुसूची के प्रश्नों को उनसे पूछकर उत्तर को आलेखित करना होता है। यह विधि बड़े संस्थानों और अनुसंधान केन्द्रों द्वारा अपनाई जाती है। संगणकों से अपेक्षित है कि वे सूचकों को अन्वेषण के उद्देश्य और कार्यक्षेत्र का विवरण दें और सूचना उपलब्ध कराने की आवश्यकता और उपयोगिता के बारे में उन्हें प्रभाव में लायें। सूचना उपलब्ध कराने की आवश्यकता और उपयोगिता के बारे में। यह विस्तृत अन्वेषणों में लाभदायक है और यह विश्वसनीय और शुद्ध सूचना उपलब्ध करवाता है। संगणक सूचकों के प्रत्यक्ष संसर्ग में रहता है और उन अनुदेशों का पालन करता है जो अन्वेषक द्वारा अन्वेषण के लिए विशिष्ट है। यद्यपि, यह विधि अत्यधिक खर्चीली है चूँकि संगणकों को वेतन बड़े पैमाने पर दी जाती है। यह डाक द्वारा प्रश्नावली के मुकाबले ज्यादा समय खपत करने वाली भी है।

इन सभी उपर्युक्त स्रोतों से प्राथमिक समंक संकलित किए जा सकते हैं। यद्यपि, प्राथमिक समंक संकलित करने की दूसरी विधियाँ हैं– स्थानीय रिपोर्ट, स्थानीय पूछताछ, टेलीफोन कॉल्स, फैक्स और दूसरी विधियाँ जो विकसित देशों में प्रयुक्त होती हैं।

2. द्वितीयक स्रोत– ऐसे समंक जो किसी दूसरे द्वारा संकलित की गई हैं और अन्वेषक द्वारा प्रयुक्त की जाती है 'द्वितीयक समंक' कहलाती है। द्वितीयक समंक के स्रोत हैं–

(a) प्रकाशित समंक

(b) अप्रकाशित समंक

(a) प्रकाशित समंक– द्वितीयक समंक के स्रोत हैं सभी सरकारी प्रकाशन, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएं, व्यापारिक संघों और चैम्बर ऑफ कॉमर्स। वे जर्नल, रिपोर्ट, बुलेटिन, पत्रिकाओं और पाक्षिकों के रूप में

हो सकते हैं जिनमें बहुमूल्य और तैयार सूचनाएं होती हैं। यहाँ तक कि अनुसंधान केन्द्र और शिक्षण संस्थाएं भी बहुत तरह की सूचनाएं प्रकाशित करती हैं जो सामान्य तौर पर लाभदायक होती हैं।

(b) **अप्रकाशित समंक**– द्वितीयक समंक के ऐसे स्रोत भी हैं जो अप्रकाशित होती हैं। निजी फर्म या व्यापारिक प्रतिष्ठान अपने प्रयोग के लिए समंक संकलित करते हैं रिकार्ड के लिए भविष्य में प्रयोग के लिए। ये रिकार्ड प्रकाशित या प्रसारित वे दूसरों द्वारा प्रयोग के लिए उपलब्ध करवाए जा सकते हैं। अन्वेषक इन रिकार्ड को निजी फर्म से प्राप्त कर सकते हैं। उसे सबसे पहले स्वयं संतुष्ट हो जाना चाहिए उनकी विश्वसनीयता, परिशुद्धता, पर्याप्तता और उद्देश्य की उपयुक्तता के लिए और तब वह इनका प्रयोग कर सकता है।

2.4 समंक संकलित करने की तकनीक (Technique of Collecting Data)

समंक संकलित करने की दो विधियाँ हैं– जनगणना विधि और प्रतिदर्श विधि। इन तकनीकों के प्रयोग की समस्या समंक संकलित करने के लिए सिर्फ प्राथमिक समंक संकलन में होती है–

(a) समंक संकलन की जनगणना विधि जनसंख्या के प्रत्येक व्यक्ति (मद) की संगणना को आवृत्त करता है। यह समष्टि के प्रत्येक मद की गणना है। अन्वेषण की विषयवस्तु जो समष्टि के प्रत्येक इकाई से संबंधित है, को गिना जाता है और रिकार्ड किया जाता है। कोई भी मद अन्वेषक द्वारा अनदेखा नहीं किया जाता है। जनसंख्या के सभी मदों को अवलोकित और रिकार्ड किया जाता है। यह समंक संकलित करने की सबसे पुरानी और सबसे सीधी तकनीक है। यह सम्पूर्ण जनसंख्या का अध्ययन करने में सहायता करता है और गहन और शुद्ध ज्ञान प्राप्त करने में। यद्यपि, यह तकनीक अधिक खर्चीली है, अधिक श्रम साध्य है और अधिक समय खपत करने वाली है। यह सबसे कठिन और भीमकाय कार्य है जनसंख्या के सभी मदों की गिनती करना। इस प्रकार की तकनीक सिर्फ सरकार द्वारा 10 वर्ष के अन्तराल पर अपनाई जाती है।

(b) समंक संकलित करने की प्रतिदर्श तकनीक आलिप्त करता है जनसंख्या के एक हिस्सा या भाग का चुनाव जो अध्ययनाधीन है। सिर्फ थोड़े मद ही प्रतिदर्श आधार पर चुने जाते हैं। ऐसे मदों से अपेक्षित है कि वे जनसंख्या (समष्टि) के अभिलक्षणों को प्रदर्शित करें जो प्रायिकता सिद्धान्त पर आधारित हैं। जनसंख्या का परिमित उपसमुच्चय (Finite subset) 'प्रतिदर्श' कहलाता है। इकाईयों की संख्या जो यदृच्छया चुनी जाती हैं 'प्रतिदर्श आमाप (Sample Size) कहलाती है। प्रतिचयन हमें जनसंख्या (समष्टि) के बारे में निष्कर्ष निकालने में सहायता करती है। प्रतिदर्श समंक संकलित करने की तकनीक किफायती, समय बचत करने वाली, आसान और व्यवहारिक है। यद्यपि, चुने प्रतिदर्श हमेशा जनसंख्या के गुणों को प्रदर्शित नहीं करते हैं।

2.5 निदर्शन की रीतियाँ/विधियाँ (Methods of Sampling)

सांख्यिकी संख्यात्मक समंक पर कार्य करता है। इसका मुख्य उद्देश्य अपरिमित जनसंख्या समष्टि के संख्यात्मक गुणों के बारे में निष्कर्ष निकालना है। जनसंख्या का एक अंश जो प्रतिदर्श कहलाता है जनसंख्या से विश्लेषण के उद्देश्य से चुना जाता है। जनसंख्या विश्लेषण, 'परिशुद्ध' संख्यात्मक मान देता है जो 'प्राचल (Parameters)' कहलाता है। प्रतिदर्श विश्लेषण 'सन्निकट' संख्यात्मक मान देता है जो 'प्रतिदर्शज (Statistics)' कहलाता है। प्राचल वास्तविक मान देता है और प्रतिदर्शज प्राक्कलित मान। निदर्शन की दो विधियाँ हैं– यादृच्छिक और गैर-यादृच्छिक–

1. यादृच्छिक निदर्शन (Random Sampling)– यादृच्छिक निदर्शन दैवयोग चुनाव का संकेत करती है। यादृच्छिक चुनाव का अर्थ जनसंख्या से मदों का बेतरतीब चुनाव नहीं है। कुछ यांत्रिक साधनों का प्रयोग प्रतिदर्श चुनाव के लिए होता है। इस तरह प्रत्येक मद जो प्रतिदर्श आधार पर चुने जाते हैं को बराबर प्रायिकता है प्रतिदर्श आकार में आने का। इसका संकेत अदृश्य संभावना का है जो मदों के चुनाव को अकेले निर्धारित करती है।

पद 'प्रतिदर्श' 'आकस्मिक' विधि के अर्थ में प्रयुक्त नहीं होती है। चुनाव पद्धति में पक्षपात के लिए कोई जगह नहीं होता है। जनसंख्या से मदों के चुनाव को व्यक्तिगत पक्षपात या निर्णय से स्वतंत्र होना चाहिए। यादृच्छिक निदर्शन की कई विधियाँ हैं जैसे 'किसी बर्तन से चिट निकालना', चिट वाले ड्रम को घुमाना' और प्रिंटेड 'संख्या तालिका' का व्यवहार। यादृच्छिक निदर्शन की व्यवहार में सबसे महत्वपूर्ण विधि लॉटरी विधि है।

2. गैर-यादृच्छिक निदर्शन– गैर-यादृच्छिक प्रतिचयन कुछ स्तर का सुविचारित चुनाव है चुनाव को अधिक से अधिक वैज्ञानिक बनाने के लिए। यह उद्देश्यपूर्ण प्रतिचयन है जिसमें चुनने वाला मानवीय समझदारी का प्रयोग करता है। निम्नलिखित गैर-यादृच्छिक निदर्शन की विधियाँ हैं।

'क्रमबद्ध (Systematic) (अर्द्ध-यादृच्छिक) निदर्शन में जनसंख्या के मदों की सूची या तो वर्णक्रम से, या भौगोलिक या संख्यात्मक क्रम से तैयार की जाती है। पहला, ग्यारहवाँ, ईक्कीसवीं...........मदों का चुनाव किया जाता है। चुनाव की विधि तब तक जारी रहती है जब तक हम वांछित प्रतिदर्श आकार प्राप्त करते हैं।

'स्तरीकृत (Stratified)' निदर्शन में, जनसंख्या विभिन्न स्तर या खंड में बाँटी जाती है मदों के समांगी अभिलक्षणों के आधार पर। प्रत्येक स्तर को उप-समष्टि के रूप में माना जाता है। प्रत्येक स्तर से मदों का चुनाव यादृच्छिक आधार पर किया जाता है।

गुच्छ (Cluster) निदर्शन में, समष्टि विभिन्न गुच्छों में विभक्त की जाती है जिनमें मदों के हिसाब से असमांगी अभिलक्षण होते हैं। प्रत्येक गुच्छ को समष्टि के सभी प्रकार के मद होते हैं। प्रत्येक गुच्छ से मदों का चुनाव यादृच्छिक आधार पर होता है।

'युग्म (Double) निदर्शन' में, प्रतिदर्श दो समुच्चयों में दो विभिन्न स्तरों पर ली जाती है। यदि पहला समुच्चय संतोषजनक परिणाम नहीं देता है, प्रतिदर्श के दूसरे समुच्चय की पहले में जोड़कर परिणाम को मजबूती प्रदान किया जाता है।

'बहुविध (Multiple) निदर्शन' में, प्रतिदर्श विधि विभिन्न चरणों में पूरी की जाती है– प्रथम चरण, द्वितीय चरण और इसी तरह आगे। प्रथम चरण में कुछ जिलों का चुनाव किया जाता है, दूसरे चरण में कुछ प्रखंडों का चुनाव किया जाता है, तीसरे चरण में कुछ गाँवों को चुना जाता है। इस प्रकार, चुनाव की प्रक्रिया प्रत्येक चरण तक जाती है प्रतिदर्श के आकार को घटाते हुए।

'नियतांश (Quota) निदर्शन' में, एक अन्वेषक नियतांश के अंदर समंक संकलित करता है जो अभिलक्षणों जैसे, आय वर्ग, उम्र वर्ग, कामगार वर्ग के आधार पर और आगे इसी तरह। नियतांश के अंदर मदों का चुनाव व्यक्तिगत निर्णय पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए– 500 लोगों के साक्षात्कार में, 60% घरेलू महिलायें, 25% किसान और 15% छात्र का चुनाव करना है। इसलिए एक नियतांश नियत किया जाता है जिसके अन्दर कई समूह बनाए जाते हैं निदर्श के चुनाव के लिए।

'सुविधायुक्त निदर्शन (Convenience Sampling)' में, एक निदर्श सुविधापूर्वक प्राप्त किया जाता है, तैयार उपलब्ध स्रोतों से जैसे, 'टेलीफोन डायरेक्ट्री', राशन कार्डधारियों की सूची और वोटरों की सूची।

'आनुक्रमिक निदर्शन (Sequential Sampling)' में कई प्रतिदर्श जनसंख्या से एक के बाद एक निकाली जाती है जो पहले के निदर्श परिणामों पर आधारित है। अगर पहला निदर्श स्वीकार योग्य नहीं है, निदर्श को अस्वीकृत कर दी जाती है। तब दूसरा समूह लिया जाता है जिससे मदों को चुना जाता है। यह विधि तब तक जारी रहती है जब तक अन्तिम निर्णय ना लें, लिया जाय निदर्श स्वीकार करने का।

इस तरह, निदर्शन विधि का चुनाव समष्टि की प्रकृति, निदर्श की इकाई, निदर्श के आकार और अन्वेषण के उद्देश्य पर निर्भर करती है।

2.6 प्रश्नावली की तैयारी (Preparation of Questionnaire)

एक प्रश्नावली को सतर्कतापूर्वक तैयार किया जाता है प्राथमिक समंक को संकलित करने के लिए। इसके लिए दक्षता और अनुभव वांछित है। प्रश्नावली की रूपरेखा तैयार करने में कोई बद्ध नियम नहीं है। यद्यपि, एक आदर्श प्रश्नावली के लिए निम्नलिखित पथ-प्रदर्शक नियमों का अवलोकन किया जाता है–

1. प्रश्नों की संख्या– प्रश्नावली में युक्तिसंगत संख्या में प्रश्न होने चाहिए। यह सब अन्वेषण की प्रकृति, कार्यक्षेत्र और उद्देश्य पर निर्भर करता है। आदर्श रूप में 20 से 25 प्रश्न होने चाहिए जिन्हें पूछा जाना है। प्रति-प्रश्न पूछना उपयुक्त है, जब प्रश्नों के लम्बे उत्तर हों।

2. सरल और सुस्पष्ट प्रश्न– इस तरह से पूछे गये प्रश्न को सरल, संक्षिप्त और सुस्पष्ट होना चाहिए। उन्हें सूचकों को आसानी से समझ में आने लायक होना चाहिए। अस्पष्ट और जटिल प्रश्नों से बचना चाहिए। प्रश्नों में तकनीकी पदों का

प्रयोग नहीं होना चाहिए। पदों के अर्थ, अगर आवश्यकता हो, स्पष्ट रूप से परिभाषित होने चाहिए।

3. उचित क्रमबद्धता– चुने गए प्रश्न चरण दर चरण व्यवस्थित रूप से क्रमबद्ध होने चाहिए। प्रश्न पूछने की एक तार्किक श्रृंखला होनी चाहिए एक के बाद एक प्राथमिकता के अनुसार। सामान्यतया प्रश्नों के क्रम हैं– नाम, लिंग, उम्र, पता, शैक्षणिक योग्यता, व्यवसाय, वैवाहिक स्थिति, बच्चे इत्यादि।

4. प्रीतिकर प्रश्न– पूछे गए प्रश्न सूचकों के मनोभाव पर चोट पहुँचाने वाले नहीं होने चाहिए। यह बेहतर होगा कि कोई गोपनीय प्रश्न न पूछे जाएं। प्रश्न व्यक्तिगत या निजी बातों से संबंधित न हों। प्रश्नों को प्रीतिकर होना चाहिए ताकि सूचक बगैर किसी दुविधा के उनका उत्तर दे सके।

5. व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ– प्रश्नावली में शंका के समाधान के लिए व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ होनी चाहिए। सूचकों को कठिन प्रश्नों को समझने के लिए जहाँ आवश्यक हो वो व्याख्यात्मक टिप्पणी का आश्रय ले सकें। प्रश्नों का उत्तर देने में उनका सही मार्गदर्शन होना चाहिए।

6. वस्तुनिष्ठ प्रश्न– प्रश्नों के उत्तर 'हाँ' या 'ना' रूप में होने चाहिए। सूचकों को स्वतंत्रपूर्वक और जल्दी में उत्तर देने की गुंजाईश होनी चाहिए। अगर एक किसी प्रश्न की माँग अधिक उत्तरों की है, तो प्रश्नों को उप-प्रश्नों में बाँटा जाता है। अगर वे उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो उन्हें 'डैश' या लागू नहीं लिखने के लिए बोला जाता है। इसका अर्थ है कि, सिर्फ दिलचस्पी रखने वाले सूचकों से अपेक्षित है ऐसे प्रश्नों का उत्तर देना।

7. सह पत्र– अन्वेषक को सूचकों के साथ मधुर संबंध बनाना पड़ता है। इसलिए एक सह पत्र स्व-पता लिखा लिफाफा और प्रश्नावली सूचकों को भेजी जाती है। अन्वेषक को स्वयं की पहचान और उसके अन्वेषण के बारे में संक्षिप्त जानकारी सूचकों को देनी होती है। उसे विनम्रतापूर्वक सूचकों को समंक संकलन के लिए सहयोग के लिए निवेदन करना चाहिए और उन्हें आश्वस्त करना चाहिए कि इस तरह से संकलित समंक गोपनीय रखा जाएगा। इसके अलावा, सूचकों को जल्द उत्तर देने के लिए भेंट या प्रोत्साहन दिया जाता है। सह पत्र को संक्षिप्त, सरल, आकर्षक और संयत होना चाहिए।

8. रूपरेखा का पुनर्विलोकन– प्रश्नावली की रूपरेखा तैयार करने के बाद, यह आवश्यक है कि इसकी पूर्णता की जाँच अच्छी तरह कर ली जाये। अगर कोई कमी या गलती है तो उसे सतर्कतापूर्वक जाँचकर सुधार कर दिया जाना चाहिए। अन्त में रूपरेखा को प्रयोग के लिए अनुशासित किया जाता है। इसे साफ-साफ रूपांकित और आकर्षक ढंग से छपाया जाना चाहिए।

2.7 वर्गीकरण (Classification)

एक वृहदाकार संकलित समंक को वर्गीकृत किया जाना है या व्यवस्थित ढंग से क्रम से सजाना है। एक बेतरतीब समंक अपरिष्कृत रूप में होता है। इसका अध्ययन और विश्लेषण आसानी से नहीं हो सकता है। इसलिए अपरिष्कृत समंक का वर्गीकरण बहुत आवश्यक है।

"वर्गीकरण समंक को समूह या वर्गों में व्यवस्थित करने की विधि है उनके अभिलक्षणों या गुणधर्म के अनुसार।"

वर्गीकरण के उद्देश्य हैं समंक को सरल रूप में 'प्रदर्शित करना', समंक को तुलनीय अध्ययन के अनुरूप बनाना, दूसरे समंक से संबंध बनाना और समंक को विश्लेषण और व्याख्या के लिए उपलब्ध करना।

वर्गीकरण का मुख्य उद्देश्य असमानता के अंदर समानता लाना है। वर्गीकरण बहुत बड़े समंक को व्यवस्थित और आकार को संक्षिप्त करने में मदद करता है। इसका कार्य अपरिष्कृत समंक को व्यवस्थित समंक में रूपान्तरित करना है। यह जटिल समंक को सामान्य बनाता है।



'गुणधर्म' का अर्थ है व्यक्ति या वस्तु का गुण या अभिलक्षण। उदाहरण के लिए, लड़का-लड़की, विवाहित-अविवाहित, लम्बा-ठिगना, हिन्दू-मुस्लिम इत्यादि।

'चर' वह संख्या है जो एक अवलोकन से दूसरे में बदलता रहता है दिए गए मानों के समुच्चय के अंदर। 'विचर' चर का एक खास मान है दिए गए मूल्यों में से। यह एक व्यक्तिगत चर का मान है। उदाहरण के लिए, अंक, वजन, वेतन, विक्रय, ऊँचाई आदि।

'गुणात्मक' वर्गीकरण समंक के समूहन से संबंधित है गुणधर्म के अनुसार। 'सामान्य' वर्गीकरण सिर्फ दो गुणधर्मों को आवेष्टित करता है। 'संघटित' वर्गीकरण दो से अधिक गुणधर्मों को आवेष्टित करता है।



'यादृच्छिक वर्गीकरण का संबंध उन गुणधर्मों से है, जो स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं हैं और दो गुणधर्मों के बीच कोई दृढ़ निश्चित सीमा नहीं है। दो गुणधर्मों के

बीच विभाजन सैद्धान्तिक है और यह व्यक्ति से व्यक्ति के सोच में अन्तर होता है। उदाहरण के लिए, लम्बा और ठिगना, शिक्षित और अशिक्षित, निपुण और अनाड़ी, हम यथार्थ अन्तर इन दो गुणों के बीच नहीं कर सकते हैं। विभाजन यादृच्छिक या सैद्धान्तिक होगा।

'संख्यात्मक' वर्गीकरण का संबंध समंक के समूहन से है संख्या के अनुसार जिन्हें मापा या गिना जा सकता है।

एक 'विच्छिन्न' चर सिर्फ पूर्णांक संख्याओं को लेता है, जैसे– 1, 5, 13, 18, 45 और 50 आदि। यह भिन्न मान नहीं लेता, जैसे– 1.95, 6.82, 15.36, 54.7 आदि।

एक 'सतत' चर सभी संभव मान लेता है, पूर्णांक और भिन्न एक समान, जैसे– 4, 5.6, 7, 19, 22.8, 30.5, 37, 48.9 आदि।

2.8 सारणीयन (Tabulation)

संकलित और वर्गीकृत समंक सारणी के रूप में प्रदर्शित किया जा सकता है। 'सारणीयन' का अर्थ है समंक का सारणी के रूप में क्रमिक व्यवस्थापन, स्तंभों और पंक्तियों में। यह संबंधित संख्यात्मक समंक का तार्किक सूचीकरण है उदग्र स्तंभों और क्षैतिज पंक्तियों में व्याख्यात्मक टिप्पणी के साथ। सारणीयन का मुख्य उद्देश्य समंक को सारणी रूप में संक्षिप्त करना है जो आसानी से समझा और व्याख्या किया जा सके।

समंक के सारणीयन की विधि के निम्नलिखित लाभ हैं–

(i) यह जटिल समंक को संक्षिप्त रूप में करके सरल बनाता है।

(ii) यह कम जगह लेता है और अधिक जानकारी देता है।

(iii) यह तुलनात्मक अध्ययन सुसाध्य बनाता है और विभिन्न मदों और गुणधर्मों के बीच संबंध स्थापित करता है।

(iv) यह सम्पूर्ण समंक को एक दृष्टि में प्रकट कर देता है।

2.9 सारणी के भाग (Part of a Table)

एक सारणी स्तंभों और पंक्तियों में जगह का क्रमिक विभाजन है। निम्नलिखित सारणी के विभिन्न भाग हैं–

(i) सारणी संख्या– अगर रिपोर्ट में सारणियों के लिए संख्याओं का व्यवहार होता है, प्रत्येक सारणी की एक संख्या होनी चाहिए उनकी पहचान और संदर्भ के लिए। साधारणतः, संख्या सारणी के शीर्ष पर रहती है।

(ii) शीर्षक (Title)– एक सारणी का एक उपयुक्त शीर्षक होना चाहिए जो शीर्ष पर उभरे अक्षरों में रहता है। शीर्षक संक्षेप में सारणी के अंतर्वस्तु

का वर्णन करता है। जहाँ तक संभव हो, शीर्षक को समंक के विषयवस्तु के संबंध में पूर्ण और असंदिग्ध होना चाहिए। इसे स्पष्ट, सही शब्दों में और स्वयं व्याख्यात्मक होना चाहिए।

(iii) अनुशीर्षक (Captions)– वे सूचनाओं को उदग्र स्तंभों के शीर्ष पर दर्शाई गई शीर्षक का उल्लेख करते हैं। अनुशीर्षक के अन्तर्गत, उप-शीर्षक हो सकते हैं। वे छोटे अक्षरों में इकाईयों के साथ (अगर कोई है) लिखे जाते हैं।

(iv) स्थूण (Stubs)– वे क्षैतिज पंक्तियों के सबसे बायें दर्शाई गई सूचना के शीर्षक का उल्लेख करते हैं। वे वही कार्य करते हैं जो अनुशीर्षक द्वारा की जाती हैं। अनुशीर्षक और स्थूण अन्तर-परिवर्तनीय हैं।

(v) आकृति (Body)– यह संख्यात्मक सूचना से संबंधित है जो अनुशीर्षक और स्थूण में प्रदर्शित है। यह सारणी का सबसे महत्वपूर्ण भाग है जो सम्पूर्ण समंक को आकर्षक और परिशुद्धता से प्रदर्शित करता है। यह सारणी का सबसे बड़ा हिस्सा आच्छादित करता है।

(vi) शीर्ष-टिप्पणी (Headnote)– यह संक्षिप्त टिप्पणी है जो ज्यादातर कोष्ठक में दी जाती है ठीक शीर्षक से नीचे। यह शीर्षक का भूमिकात्मक या अनुपूरक टिप्पणी है। यह सांख्यिकीय इकाईयों या मापों से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को वर्णित करने के लिए प्रयुक्त होता है, जैसे– 000′ में, मिलियन में, करोड़ में, क्विंटल में इत्यादि।

(vii) पाद टिप्पणी (Footnote)– यह संक्षिप्त टिप्पणी है जो सारणी के नीचे दिया जाता है। वे सारणी के किसी भी भाग से जुड़े हो सकते हैं तारक चिन्ह (*) का प्रयोग कर दर्शाने के लिए व्याख्या नीचे दी गई है।

(viii) स्रोत टिप्पणी (Source Note)– जब द्वितीयक समंक का प्रयोग होता है, एक स्रोत टिप्पणी सारणी के सबसे नीचे दिया जाता है, पाद टिप्पणी के नीचे। यह प्रकाशन का नाम और दैनंदिनी या पाक्षिक का नाम धारित करता है जिससे यह समंक संकलित किया गया है।

2.10 सारणी के प्रकार (Types of Tables)

सांख्यिकीय तालिकाएं विभिन्न तरीकों से तैयार की जाती हैं जिसका चुनाव उद्देश्य कार्यक्षेत्र, प्रकृति और अन्वेषण के विस्तार पर निर्भर करता है। निम्नलिखित आवश्यक प्रकार की तालिकाएं हैं–

(i) सरल तालिका (One-way Table)– सरल सारणियाँ ऐसी तालिकायें हैं जो समंक के एक अकेले अभिलक्षण के बारे में जानकारी देती है। ये अधिकांशतः एक गुण सारणी के रूप में जानी जाती है।

(ii) द्वि–गुण तालिकाएं (Two-way Tables)– वे द्वि-गुण तालिकाएं कहलाती हैं जो समंक के दो अभिलक्षणों के बारे में सूचना देती हैं। समंक के दो गुणधर्म अन्तर्सम्बधित होते हैं। उदा. छात्रों की संख्या–

लड़का और लड़कियाँ, पुरुष– विवाहित और अविवाहित, महिला– विवाहित और अविवाहित।

(iii) त्रि–गुण तालिकाएं (Three-way Tables)– त्रि–गुण तालिकाएं वे तालिकाएं हैं जिनमें समंक तीन अभिलक्षणों के संबंध में सूचना उपलब्ध कराती है। वे एक ही समंक के तीन अन्तर्सम्बधित गुणधर्मों से संबंधित सूचना उपलब्ध कराती हैं। उदाहरण के लिए, छात्रों की संख्या– लड़का और लड़कियाँ, विवाहित और अविवाहित, और स्नातक और स्नातक से नीचे।

(iv) बहुविध तालिकाएं (Manifold Tables)– वे जटिल तालिकायें भी कहलाती हैं जो एक ही समंक के कई अभिलक्षणों को प्रकट करती हैं। वे उच्च स्तर तालिकायें हैं जिसमें उसी समंक के तीन अन्तर्सम्बधित अभिलक्षणों से अधिक प्रकट होती हैं।

इस तरह, जैसे तालिका का क्रम बढ़ता जाता है समंक के गुणधर्म के साथ, तालिका जटिल से जटिलतर होती जाती है। व्यवहार में, सामान्यतया त्रि-गुण तालिकाएं प्रयुक्त होती हैं।

निम्नलिखित तालिकाओं की रूपरेखा हैं–

1. सरल तालिका–

केनरा बैंक में कर्मचारियों की संख्या दर्शाते हुए तालिका, उम्र समूह के अनुसार

उम्र (वर्षों में)	कर्मचारियों की संख्या
30 से नीचे	15
30-40	18
40-50	9
50 और ऊपर	3
	कुल = 45

2. द्वि–गुण तालिका

केनरा बैंक में कर्मचारियों की संख्या दर्शाते हुए तालिका उम्र और लिंग के अनुसार

लिंग / उम्र (वर्षों में)	कर्मचारियों की संख्या		कुल
	पुरुष	महिला	
30 से नीचे	9	6	15
30-40	10	8	18
40-50	2	7	9
50 और ऊपर	–	3	3
कुल	21	24	45

टिप्पणी

3. त्रि–गुण तालिका

केनरा बैंक में कर्मचारियों की संख्या दर्शाती तालिका
उम्र, लिंग और वैवाहिक स्थिति के अनुसार

वैवाहिक स्थिति / लिंग	कर्मचारियों की संख्या						
	पुरुष			महिला			
उम्र समूह	वि.	अ.वि.	कुल	विवाहित	अविवाहित	कुल	
30 से नीचे	3	6	9	2	4	6	15
30-40	2	8	10	4	4	8	18
40-50	1	1	2	7	–	7	9
50 से ऊपर	–	–	–	3	–	3	3
कुल	6	15	21	16	8	24	45

वि. = विवाहित   अ.वि. = अविवाहित

उदाहरण 2.1: एक साफ–सुथरा खाली तालिका प्रदर्शित करें कॉलेज विद्यार्थियों से संबंधित उनके संकाय (कला, वाणिज्य और विज्ञान), वर्ग (प्रीयुनिवर्सिटी और डिग्री), लिंग (पुरुष और महिला) और वर्ष (1982-83)

हल: छात्रों की संख्या ए.वी. कॉलेज, बंगलौर में वर्ष 1982 और 1983 के दौरान पढ़ने वाले (शीर्ष टिप्पणी: ....)

वर्ष–लिंग / संकाय /वर्ग	1982			1983			सम्पूर्ण योग
	महिला	पुरुष	योग	महिला	पुरुष	योग	
प्री.यू. कला डिग्री							
प्री.यू. कॉमर्स डिग्री							
प्री.यू. विज्ञान डिग्री							
योगफल							

पाद टिप्पणी   स्रोत टिप्पणी

उदाहरण 2.2: लोकसभा में 600 सदस्य उपस्थित थे, एक प्रस्ताव पर बहस के दौरान जिस पर वोट हुआ और 400 वोट प्रस्ताव के पक्ष में पड़े।

सदन में सरकार के 380 और 65 विपक्ष के सदस्य ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया। सभी सदस्य इन दो भागों में बँटें हैं और कोई अनुपस्थिति नहीं थे।

उपर्युक्त सूचना को तालिकाबद्ध करें।

हल: तालिका लोकसभा में मतपत्रों का विवरण दर्शाते हुए जिसमें चर्चा के दौरान एक प्रस्ताव पर मतदान हुआ।

टिप्पणी

मतदान \ सदस्य	सत्ता पक्ष	विपक्ष	कुल
पक्ष में	335	65	400
विरुद्ध	45	155	200
कुल	380	220	600

उदाहरण 2.3: एक बड़े फैक्ट्री में 1986 में कामगारों की संख्या 540 थी जिसमें 30% महिलायें थीं और बाकी पुरुष। 1988 में कामगारों की संख्या बढ़ गई, 100 महिलायें और 200 पुरुष। 1990 में, कुल कामगारों की संख्या इसके 1988 की संख्या से 25% बढ़ गई। महिला कामगार 340 थीं। समंक को तालिकाबद्ध करें।

हलः तालिका एक फैक्ट्री में कामगारों की संख्या 1986, 1988 और 1990 के लिए दर्शाते हुए।

लिंग के अनुसार \ कामगारों की संख्या	1986	1988	1990
पुरुष	378	578	710
महिला	162	262	340
कुल	540	840	1050

उदाहरण 2.4: दिए अनुपात को संगत संख्याओं में परिवर्तित करें और एक पूर्ण तालिका बनायें निम्नलिखित सूचना के लिए।

वर्ष 1994 में, एक शहर के तीन कॉलेजों A, B और C की कुल संख्या 3:1:4 के अनुपात में थी। A कॉलेज की कुल संख्या 3000 थी। सभी कॉलेजों में लड़कियों और लड़कों का समानुपात 1:3 था। संकायवार वितरण लड़कियों और लड़कों का संकाय कला, विज्ञान और वाणिज्य में क्रमशः 2:1:2 के अनुपात में है सभी कॉलेजों में।

हलः तालिका दर्शाते हुए A, B और C कॉलेज में लड़कियों और लड़कों की संख्या विभिन्न संख्याओं में 1994 के दरम्यान।

कॉलेज / लिंग / संकाय	A			B			C		
	लड़कियाँ	लड़के	कुल	लड़कियाँ	लड़के	कुल	लड़कियाँ	लड़के	कुल
कला	300	900	1200	100	300	400	400	1200	1600
विज्ञान	150	450	600	50	150	200	200	600	800
वाणिज्य	300	900	1200	100	300	400	400	1200	1600
कुल	750	2250	3000	250	750	1000	1000	3000	4000

उदाहरण 2.5: 1807 औरतों में, जिनका बम्बई के एक कपड़ा फैक्ट्री में साक्षात्कार लिया गया, 512 कपड़ा क्षेत्र से थे और बाकी गैर-कपड़ा क्षेत्र से।

विवाहित औरतों में जो कपड़ा क्षेत्र की थीं, 247 अनुभवी थीं और 73 अनुभवहीन, जबकि गैर-कपड़ा क्षेत्र के लिए संगत अंक क्रमशः 49 और 520 थे।

अनुभवहीन औरतों की कुल संख्या 1341 थी जिसमें 111 कपड़ा क्षेत्र में रहती थीं। कुल औरतों में, 918 अविवाहित थीं, और उनमें, कपड़ा क्षेत्र और गैर-कपड़ा क्षेत्र के अनुभवी औरतों की संख्या क्रमशः 154 और 16 थीं। समंक को तालिकाबद्ध करें।

हलः कपड़ा क्षेत्र में रहने वाली औरतों की वैवाहिक स्थिति और उनका कपड़ा उद्योग, बम्बई में साक्षात्कार

क्षेत्र और वैवाहिक स्थिति / अनुभव	कपड़ा क्षेत्र			गैर-कपड़ा क्षेत्र			कुल योग		
	वि.	**अ.वि.**	**कुल**	**वि.**	**अ.वि.**	**कुल**	**वि.**	**अ.वि.**	**कुल**
अनुभवी	247*	154*	401	49*	16*	65	296	170	466
अनुभवहीन	73*	38	111*	520*	710	1230	593	748	1341*
कुल	320	192	512*	569	726	1295*	889	918*	1807*

वि. = विवाहित अ.वि. = अविवाहित

(**संकेतन–** *चिन्हांकित अंक दिए गए हैं)

उदाहरण 2.6: दक्षिणी रेलवे में 1970 में दुर्घटनाओं की कुल संख्या 3,500 थी, और यह 1971 में 300 से घट गई और 1972 में 700 से। मीटर गेज परिखंड में दुर्घटनाओं की कुल संख्या 1970 में 245, 1971 में 346 और 1972 में 428 दर्शाई गई।

मीटर गेज में, ''गैर-क्षतिपूरक'' स्थितियाँ 1970 में 49, 1971 में 77 और 1972 में 108 थी। 'क्षतिपूरक' स्थितियाँ ब्रॉड गेज में 1970 में 2867, 1971 में 2587 और 1972 में 2152 थीं।

उपर्युक्त सूचना को तालिकाबद्ध करें।

हलः दक्षिणी रेलवे में 1970-72 अवधि में दुर्घटनाओं की संख्या (ब्रॉड गेज और मीटर गेज के अनुसार वर्गीकृत)

वर्ष गेज / क्षतिपूर्ति	1970			1971			1972		
	बी.जी.	**एम.जी.**	**कुल**	**बी.जी.**	**एम.जी.**	**कुल**	**बी.जी.**	**एम.जी.**	**कुल**
क्षति पूरक	2867*	196	3063	2587*	269	2856	2152*	320	2472
गैर-क्षति पूरक	388	49*	437	267	77*	344	220	108*	328
कुल	3255	245*	3500*	2854	346*	3200*	2372	428*	2800*

बी.जी.–ब्रॉड गेज एम.जी.–मीटर गेज

(**संकेतन–** चिन्हांकित *अंक दिये गये हैं)

उदाहरण 2.7: एक सुपर बाजार पाँच मुख्य खंडों में बाँटी जाती है– किराना, सब्जियाँ, दवाईयाँ, वस्त्र और नवीन वस्तु। सभी खंडों ने निम्नलिखित बिक्री आलेखित किया 1981, 1982 और 1983 में।

1981 में, किराना में बिक्री थी 6,25,000 रु., सब्जियों में 4,05,000 रु. कम किराना से, दवाईयों में 4,88,000 रु. जो नवीन वस्तु की बिक्री का दुगुना है। वस्त्र की बिक्री कुल बिक्री का 30% है वर्ष के दरम्यान।

1982 में, कुल बिक्री पिछले वर्ष की बिक्री से 10% वृद्धि प्रदर्शित किया जबकि किराना और सब्जी की बिक्री में 8% और 10% वृद्धि दर्ज की गई अपने संगत 1981 के आँकड़ों से, दवाई में 13,000 रु. की कमी आई और वस्त्र की बिक्री 5,36,000 रुपयों की दर्ज की गई।

1983 में, कुल बिक्री उतनी ही रही जितनी 1982 में, किराना में 22,000 रु., सब्जी में 32,000 रु. और दवाई में 10,000 रु. की गिरावट आई। वस्त्रों की बिक्री 4,81,000 रु. अधिक हुई नवीन वस्तुओं की बिक्री की तुलना में।

हलः तालिका सुपर बाजार के विभिन्न खंडों में 1981, 1982 और 1983 के दरम्यान बिक्री दर्शाते हुए।

वर्ष / **खंड**	**1981** **रु.**	**1982** **रु.**	**1983** **रु.**
किराना	6,25,000	6,75,000	6,53,000
सब्जी	2,20,000	2,42,000	2,10,000
दवाई	4,88,000	4,75,000	4,65,000
वस्त्र	6,75,857	5,36,000	8,15,572
नवीन वस्तु	2,44,000	5,50,143	3,34,571
कुल	22,52,857	24,78,143	24,78,143

स्केत– परिकलन के लिए।

टिप्पणी

खंड	1981		1982		1983	
किराना		625000	6,25,000 + 50,000	675000	675000 - 22000	653000
सब्जी	625000 -405000	22000	220,000 + 22,000	242000	242000 - 32000	210000
दवाईयाँ		488000	488,000 - 13,000	475,000 53,600	475000 - 10000	465000
वस्त्र	30%	675857	अन्तर	5,50,000	अन्तर	815572 334571
नवीन वस्तु	488000	244000	2252857 + 225286	2478143		2478143
कुल		2252857	10% वृद्धि कुल में		अन्तर*	1150143 481000
*(1577000 × 30)70=675857 कि. + स.+ द.+ न.प.		= (15,77,00) या				669143
(1577000 × 100/70		= 2252857				

उदाहरण 2.8: 1,00,000 गीत स्रोताओं के बीच एक सर्वेक्षण किया गया और उनसे पूछा गया कि वे अपनी वरीयता पसंद के अनुसार बतायें शास्त्रीय गायन, सुगम संगीत, लोक गीत, फिल्मी गीत और पॉप गीत के बारे में। उतने ही पुरुष स्रोताओं से साक्षात्कार लिया गया जितने महिला स्रोता।

सर्वेक्षण ने इंगित किया कि स्रोताओं का प्रतिशत जिसने शास्त्रीय, सुगम और लोक गीतों को वरीयता दी क्रमशः 8, 13 और 4 हैं। महिलाओं की वास्तविक संख्या प्रत्येक पहले दो प्रकार के लिए 6,000 थी।

स्रोताओं में जिन्होंने लोकगीत पसंद किया, पुरुष स्रोताओं की संख्या उतनी ही थी जितनी महिला स्रोताओं की जबकि, फिल्मी गानों को पसंद करने वालों की संख्या डेढ़ गुनी थी बाकी सभी दूसरे गीतों को मिलाकर; पॉप गीत पसंद करने वालों की संख्या फिल्मी गीत पसंद करने वालों से एक चौथाई थी। पॉप संगीत सुनने वालों के 60 प्रतिशत महिलाएं थीं।

लिंग और संगीत के प्रकार के अनुसार, स्रोताओं का वितरण दर्शाते हुए एक तालिका का निर्माण करें।

हलः विभिन्न प्रकार के संगीत में संगीत स्रोताओं (पुरुष और महिलाओं) की संख्या प्रदर्शित करती तालिका।

टिप्पणी

लिंग / संगीत	%	पुरुष	महिला	कुल
शास्त्रीय	8*	2,000	6,000*	8,000*
सुगम	13	7,000	6,000*	13,000*
लोक	4*	2,000*	2,000*	4,000*
फिल्मी	60	33,000	27,000	60,000
पॉप	15	6,000	9,000	15,000
कुल	100*	50,000*	50,000*	1,00,000*

स्केत– शा. + सु. + लो. + फि. + पॉ. = 100 पॉ. = $\frac{1}{4}$ फिल्मी (दिया गया है)

$$8 + 13 + 4 + \text{फि.} + \text{पॉ.} = 100$$
$$25 + \text{फि.} + \text{पॉ.} = 100$$
$$\text{फि.} + \text{पॉ.} = 75$$
$$\text{फि.} + \frac{1}{4}\ \text{फि.} = 75$$
$$4\ \text{फि.} + \text{फि.} = 300$$
$$5\ \text{फि.} = 300$$
$$\text{फि.} = 300/5 = 60$$
$$\therefore\ \text{पॉ.} = 15$$

चिन्हांकित * अंक दिए गए हैं।

उदाहरण 2.9: निम्नलिखित सूचना को तालिका रूप में प्रदर्शित करें उपयुक्त अनुशीर्षक जितनी स्पष्टता और आसानी से आप दे सकते हैं। 1965 में एक फैक्ट्ररी के कुल 1750 कर्मचारियों में, 1200 कर्मचारी एक श्रमिक संघ के सदस्य थे। 200 महिला कर्मचारियों में 175 श्रमिक संघ की सदस्या नहीं थीं।

1970 में, श्रमिक संघ के सदस्यों की संख्या बढ़कर 1510 हो गई जिनमें 1290 पुरुष थे। दूसरी तरफ, गैर-श्रमिक संघ के कर्मचारियों की संख्या घटकर 208 हो गई जिनमें 180 पुरुष थे।

1975 में, फैक्ट्ररी के वेतन पूँजी में 1800 कर्मचारी श्रमिक संघ से जुड़े थे और 50 नहीं जुड़े थे। 1975 में सभी कर्मचारियों में, 300 महिलाएं थीं जिनमें 8 श्रमिक संघ से नहीं जुड़ी थीं।

हल: फैक्ट्ररी के श्रमिक संघ के सदस्यों का तुलनात्मक अध्ययन वर्ष 1965, 1970 और 1975 में

टिप्पणी

सदस्यता / लिंग / वर्ष	श्रमिक संघ के सदस्य			गैर-श्रमिक संघ के सदस्य			कुल योग फल
	पुरुष	महिला	कुल	पुरुष	महिला	कुल	
1965	1,175	25*	1200*	375	175*	550	1750*
1970	1,290*	220	1510*	180*	28	208*	1718
1975	1,508	292*	1800*	42	8*	50*	1850
कुल	3,973	537	4510	597	211	808	5,318

स्केत– चिन्हांकित * अंक दिए गए और बाकी बचे अंक उनसे निकाले गए हैं।

उदाहरण 2.10: अप्रैल 1986 में बंगलौर विश्वविद्यालय की बी.कॉम. परीक्षा में 4000 छात्र शामिल हुए जिसमें 60% छात्र बंगलौर शहर के महाविद्यालयों से थे और बाकी ग्रामीण क्षेत्र के महाविद्यालयों के।

परीक्षा में बैठने वाले कुल छात्रों का 75% लड़के थे और बाकी लड़कियाँ। परीक्षा के परिणाम में 40% छात्र सफल हुए। लड़के और लड़कियों का अनुपात जो परीक्षा में पास हुए 2:3 था।

हलः छात्रों की संख्या जो बंगलोर विश्वविद्यालय के बी.कॉम. परीक्षा अप्रैल, 1986 में शामिल हुए।

बंगलोर / लिंग / परिणाम	शहरी महाविद्यालय			ग्रामीण महाविद्यालय			कुल		
	लड़के	लड़कियाँ	कुल	लड़के	लड़कियाँ	कुल	लड़के	लड़कियाँ	कुल
उत्तीर्ण	384	576	960	256	384	640	640	960	1,600
अनुत्तीर्ण	1,416	24	1,440	944	16	960	2360	40	2,400
कुल	1,800	600	2,400	1,200	400	1,600	3,000	1,000	4,000

उदाहरण 2.11: एक कॉलेज द्वारा आयोजित ट्रिप में 80 लोग थे जिसमें औसत में प्रत्येक ने 15.50 रु. दिये। 60 छात्रों ने 16 रु. प्रत्येक दिया। अध्यापन कर्मचारियों से अधिक पैसे लिए गए। नौकरों की संख्या 6 (सभी पुरुष) थे जिनसे कुछ नहीं लिया गया। महिलाओं की संख्या कुल प्रतिभागियों का 20% था जिनमें एक महिला कर्मचारी थी।

उपर्युक्त सूचना को तालिकाबद्ध करें।

हलः तालिका ट्रिप के सदस्यों और उनके योगदान को दर्शाते हुए।

सदस्यगण	लिंग			पति सदस्य	
	पुरुष	महिला	कुल	योगदान	कुल
छात्र	45	15	60	16.00	960
कर्मचारी	13	1	14	20.00	280
नौकर	6	–	6	–	–
	64	16	80	15.50	1,240

स्केत– कुल योगदान = औसत योगदान × 15.50 = 1,240 रुपये। कर्मचारियों का योगदान बाकी की राशि है छात्रों के योगदान के बाद = 1,240 – 960 = 280।

उदाहरण 2.12: एक अखबार के स्तंभ में एक परिवार में रहने वाले लोगों में इन्फ्लूएन्जा (फ्लू) होने के बारे में निम्नलिखित अनुच्छेद था।

''ठीक 1,00,000 निवासियों में 1/5 भाग ने यक्ष्मा के लक्षण प्रदर्शित किए और उनमें 5,000 लोगों को फ्लू का संक्रमण था; परन्तु उनमें से सिर्फ 1,000 संक्रमित घरों में रहते थे।

इसके विपरीत यक्ष्मा ग्रस्त 1/15 भाग लोगों को जिन्हें फ्लू नहीं था उन्हें संक्रमण का खतरा था।

सब मिलाकर 21,000 लोग फ्लू से ग्रस्त थे और 41,000 लोगों को संक्रमण का जोखिम था, परन्तु संख्या जिन्हें फ्लू था परन्तु यक्ष्मा नहीं ऐसे घरों में रहते थे, जहाँ फ्लू का रोगी नहीं था, सिर्फ 2,000 था।''

उपर्युक्त सूचना प्रदर्शित करते हुए तालिका का निर्माण करें, उचित शीर्षक के साथ।

हलः

एक ही परिवार में रहने वाले यक्ष्माग्रस्त लोगों के बीच फ्लू होने को प्रदर्शित करती तालिका

संक्रमण / आक्रमण	फ्लू से ग्रस्त			फ्लू से आक्रमण नहीं			सम्पूर्ण योग फल
	संक्रमित घर में रहने वाले	गैर-सं. घर में रहने वाले	योग	संक्रमित घर में रहने वाले	गैर-सं. घर में रहने वाले	योग	
टी.वी. का आक्रमण	1,000	4,000	5,000	1,000	14,000	15,000	20,000
टी.वी. का आक्रमण नहीं	14,000	2,000	16,000	25,000	39,000	64,000	80,000
कुल	15,000	6,000	21,000	26,000	53,000	79,000	1,00,000

टी.बी. = सं. घर गैर-सं. घर सं. घर गैर-सं. घर

2.11 क्रमबद्धता, श्रेणिबद्धता (Serialization)

श्रेणिबद्धता का संबंध समंक के एक खास क्रम में तर्कपूर्ण सूचीकरण या व्यवस्थापन से है। समंक को विभिन्न श्रेणियों में क्रमवार सूचीबद्ध की जाती है, चीजों या गुणधर्मों को मापा, गिना या तौला जाता है और तब वे एक के बाद एक रक्खी जाती हैं श्रेणिबद्धता की विधि में। इस तरह, श्रेणिबद्धता का अर्थ है समंक का तर्कपूर्ण या क्रमवार व्यवस्थापन समय या क्षेत्र या स्थिति के अनुसार।

सांख्यिकी श्रेणिबद्धता को परिभाषित की जा सकती है चीजों, घटनाओं या गुणधर्मों का व्यवस्थापन एक खास या तर्कयुक्त या क्रमबद्ध रूप में। तीन प्रकार की श्रेणियाँ होती हैं समय क्षेत्र या स्थिति पर आधारित– काल श्रेणी, भौगोलिक

श्रेणी और स्थिति श्रेणी। सांख्यिकीय श्रेणी तैयार की जाती हैं वर्गीकृत समंक को ठीक से व्यवस्थित तरीके से प्रस्तुत करने के लिए। वर्गीकरण का संबंध समंक को विभिन्न समूहों या उप-समूहों में विभाजन से है, जबकि श्रेणिबद्धता संबंधित है समंक का व्यवस्थापन क्रमबद्ध रूप में। दोनों विधियों का लक्ष्य समंक को आगे के विश्लेषण के लिए प्रदर्शित करने से है।

सांख्यिकीय श्रेणियों के प्रकार



''काल श्रेणी'' **(ऐतिहासिक या काल क्रमिक या अल्पकालिक)** ऐसा है जिसमें समंक समय या अवधि के अन्तराल के आधार पर व्यवस्थित हैं। इस श्रेणी में चर का मान तिथियों, सप्ताहों, महीनों, वर्षों, दशकों, या शतकों के संबंध में रखी जाती हैं। इस प्रकार की श्रेणियाँ आर्थिक और व्यापारिक अध्ययनों में बहुतायत से पायी जाती है। समय सबसे महत्वपूर्ण कारक है जिसके अनुसार समंक व्यवस्थित की जाती है।

''स्थानिक श्रेणी'' **(भौगोलिक या संवर्गीय)** ऐसा है जिसमें समंक स्थल के अन्तरों या भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर व्यवस्थित होती है। चर के मान गांवों, शहरों, जिलों, क्षेत्रों, मंडलों, राज्यों या राष्ट्रों के संदर्भ में वर्णनानुक्रम से या मानों के चढ़ते क्रम में प्रदर्शित की जाती है।

''व्यक्तिगत श्रेणी'' ऐसी है जिसमें समंक उसी तरह दर्शाई जाती है जैसे वे अवलोकित होती हैं। चर के मान आकार में छोटे या संख्या में सीमित होते हैं। अवलोकनों को तथ्यतः आलेखित की जाती है और प्रस्तुत की जाती है, जैसे वे संकलित की जाती हैं, साधारणतया, वे अपरिष्कृत और असंगठित रूप में होती हैं। यद्यपि, उन्हें क्रम (array) में मूल्यों के चढ़ते या गिरते हुए क्रम में व्यवस्थित कर संयोजित की जा सकती है। चूँकि चरों के मूल्य आकार में छोटे हैं संकलित समंक को संघनित करने की आवश्यकता नहीं है। इसलिए व्यष्टिक अवलोकन या श्रेणी अवर्गीकृत हैं।

''स्थिति श्रेणी'' **(Condition Series)** ऐसा है जिसमें समंक भौतिक स्थिति के अनुसार व्यवस्थित हैं जैसे आयु, ऊँचाई और वजन किसी दिए समय में उनके घटित होने के सापेक्ष। इस श्रेणी में, समंक आकार में विभिन्नता या चीजों के परिमाण से दर्शाई जाती हैं। चर के मूल्य आकार में बड़े या संख्या में असीमित

टिप्पणी

होते हैं। उनसे वांछित हैं विश्लेषण का प्रदर्शन से पहले संघनित किया जाना। संकलित समंक के आकार को छोटा करने के लिए एक आवृत्ति वितरण बनाया जाना होता है। स्थिति श्रेणियाँ तीन प्रकार की होती हैं–

(i) विच्छिन्न (Discrete) (असतत या अवर्गीकृत) श्रेणी– जब समंक में चर के मूल्य व्यक्तिगत रूप से पृथक और पूर्णांक है, हमें विच्छिन्न रूप की आवृत्ति वितरण प्राप्त हो सकता है। यह सिर्फ तभी संभव है जब चर के मूल्यों का आकार छोटा है अवलोकनों की संख्या की तुलना में। चूँकि, श्रेणी में प्रत्येक मूल्य पुनरावृत्त होती है। चरों के बीच एक निश्चित अन्तराल होता है जो श्रेणी को मूल्यों में असतत करती है। कोई भिन्नात्मक मान नहीं होते हैं। प्रत्येक मूल्य एक निश्चित आवृत्ति लेती है उसके श्रेणी में पुनरावृत्ति के अनुसार।

(ii) वर्गीकृत श्रेणी (Classified Series)– अगर समंक में चर के मूल्य व्यक्तिगत रूप से पृथक और पूर्णांक हैं, हमें विच्छिन्न प्रकार का आवृत्ति वितरण मिलता है। यह तभी संभव है जब चर के मूल्यों का आकार छोटा है अवलोकनों की संख्या की तुलना में। अगर चर के मूल्य और अवलोकनों की संख्या दोनों आकार में बड़े हैं, हम मूल्यों को वर्गीकृत कर सकते हैं समंक को संक्षिप्त करने के उद्देश्य से।

सभी निश्चित पूर्णांक (मूल्य) विभिन्न वर्गों (वर्ग–अन्तराल) में वर्गीकृत किए जाते हैं चर के सभी विस्तार के मूल्यों को बाँटकर। प्रत्येक वर्ग अन्तराल के लिए दो सीमाएं हैं– निम्न सीमा और उच्च सीमा। दोनों सीमाएं अंतर्वेशित की जाती है एक खास वर्ग अन्तराल में प्रेक्षणों को गिनकर। वर्ग अन्तराल एक स्तंभ में एक क्रम से रखी जाती हैं और उनकी आवृत्तियाँ दूसरे में। इस विधि से संकलित समंक पर्याप्त संघनित किए जाते हैं और प्रदर्शित। वर्ग अन्तराल, इस श्रेणी के अंदर, 'अंतर्वेशित वर्ग अन्तराल' कही जाती हैं। एक मूल्य का अन्तर होता है पूर्ववर्त्ती वर्ग अन्तराल के उच्च सीमा और उत्तरवर्त्ती वर्ग अन्तराल के निम्न सीमा के बीच।

(iii) सतत श्रेणी (Continuous Series)– जब समंक में चर का मूल्य पूर्णांक नहीं हैं। हमें वर्गीकृत श्रेणी नहीं मिलती है। पूर्णांक के बदले, हम चर के मूल्य भिन्न में पाते हैं। वर्ग अन्तराल बनाने की अंतर्वेशित विधि चर के भिन्नात्मक मूल्यों के लिए उपयुक्त नहीं है। इन परिस्थितियों में हम सतत वर्ग अन्तराल बनाते हैं जो ''वर्ग अन्तराल की बहिर्वेशित विधि'' कहलाती है। प्रत्येक वर्ग अन्तराल की सिर्फ निम्न सीमा अंतर्वेशित की जाती है प्रेक्षणों को एक विशिष्ट वर्ग अन्तराल में गिनते वक्त। उच्च सीमा गिनने की विधि से बहिर्वेशित की जाती है।

चरों के सभी मूल्य (पूर्णांक और भिन्न एक समान) सतत हैं और एक दिए विस्तार में मध्यवर्त्ती मान लेता है। वर्ग अन्तराल (बहिर्वेशित विधि) जुड़े होते हैं शुरू से अंत तक बिना टूटे और वे एक स्तंभ में श्रेणीबद्ध होते हैं संबंधित आवृत्ति दूसरे स्तंभ में ली जाती है। इस विधि से, संकलित समंक यथेष्ट रूप से संघनित की जाती है और प्रदर्शित की जाती है। कोई अन्तराल नहीं होता है पूर्ववर्त्ती वर्ग अन्तराल की उच्च सीमा और उत्तरवर्त्ती वर्ग अन्तराल की निम्न सीमा के बीच, चूँकि वे एक और समान हैं।

2.12 सांख्यिकीय श्रेणी का निर्माण (Construction of Statistical Series)

समंक को संयोजित करने की विधि में एक संख्यात्मक संवृत्ति से संबंधित निम्नलिखित चार श्रेणियों का विचार किया जाता है–

(i) व्यक्तिगत श्रेणी (ii) विच्छिन्न श्रेणी

(iii) वर्गीकृत श्रेणी (iv) सतत श्रेणी

हम समंक के विभिन्न अवस्थाओं का एक संख्यात्मक दृष्टांत से वर्णन करेंगे। हम लोग एक परीक्षा में 100 छात्रों के निम्नलिखित अंकों पर विचार करें, रोल नम्बर के क्रम में व्यवस्थित।

सारणी क्र. 2.1: 100 छात्रों के अंक (20 पूर्णांक से)
(अपरिष्कृत, असंगठित या वर्गीकृत समंक)

5	14	10	16	8	15	1	14	9	6
11	3	8	12	6	4	11	17	7	10
18	10	15	9	8	14	8	5	15	4
10	13	4	18	2	6	10	7	13	8
16	7	14	11	9	4	11	9	3	7
1	8	10	5	13	7	15	8	19	16
6	17	11	15	6	3	18	12	9	4
14	11	9	4	14	11	8	7	19	10
15	8	19	11	7	16	10	3	6	14
10	19	3	20	8	11	20	14	9	19

उपर्युक्त आलेखित समंक ''अपरिष्कृत या असंगठित''समंक कहलाते हैं। अंक इतने अनियंत्रनीय और बिखरे हैं। सावधानीपूर्वक पढ़ने के बाद भी, उनमें समाविष्ट विवरण स्पष्ट नहीं हैं। अंकों को आलेखित किया जाता है जैसे वे संकलित की जाती हैं वे संगठित नहीं हैं। यद्यपि, वे क्रमवार संगठित और प्रदर्शित की जा सकती हैं बेहतर तरीके से। अपरिष्कृत समंक व्यस्थित किए जा सकते हैं मूल्यों के बढ़ते हुए या घटते हुए क्रम में यह व्यवस्थापन 'क्रमबद्धता' कहलाती है। अब परीक्षा में 100 छात्रों के अंक संगठित रूप में निम्न जैसे प्रदर्शित की जाती है।

सारणी क्र. 2.2: 100 छात्रों के अंक (20 पूर्णांक से)
(संगठित या क्रमबद्ध) (सारणी क्र. 2.1 के संदर्भ में।)

क्र.स.	अंक	क्र.स.	अंक	क्र.स.	अंक	क्र.स.	अंक	क्र.स.	अंक
1	1	21	6	41	9	61	11	81	15
2	1	22	6	42	9	62	11	82	15
3	2	23	6	43	9	63	11	83	15

4	3	24	7	44	9	64	11	84	15
5	3	25	7	45	9	65	11	85	16
6	3	26	7	46	9	66	12	86	16
7	3	27	7	47	9	67	12	87	16
8	3	28	7	48	10	68	13	88	16
9	4	29	7	49	10	69	13	89	17
10	4	30	8	50	10	70	13	90	17
11	4	31	8	51	10	71	14	91	18
12	4	32	8	52	10	72	14	92	18
13	4	33	8	53	10	73	14	93	18
14	4	34	8	54	10	74	14	94	19
15	5	35	8	55	10	75	14	95	19
16	5	36	8	56	10	76	14	96	19
17	5	37	8	57	11	77	14	97	19
18	6	38	8	58	11	78	14	98	19
19	6	39	7	59	11	79	15	99	20
20	6	40	8	60	11	80	15	100	20

अपरिष्कृत समंक को क्रमबद्ध करने में, हमें क्रम संख्याओं का इस्तेमाल करना है रौल नम्बर के बदले चर के मूल्यों के क्रम को बनाए रखने के लिए। क्रमबद्ध करने से समंक संघनित नहीं होता है। अवलोकनों का आकार वही रहता है। यद्यपि, समंक का प्रस्तुतीकरण अपरिष्कृत समंक से बेहतर दिखती है। इस प्रकार का समंक का प्रस्तुतीकरण आवश्यक है सांख्यिकीय विश्लेषण के उद्देश्य के लिए।

यद्यपि, क्रमबद्ध रूप में प्रस्तुत समंक बेहतर दिखता है अपरिष्कृत समंक से, यह कठिन है समंक का वास्तविक सार्थकता एक नजर में। इसलिए हम समंक को आगे अधिक आकर्षक और संघनित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं एक आवृत्ति वितरण की सहायता से।

'आवृत्ति' एक श्रेणी में चर के प्रत्येक मूल्य का कितनी बार घटित होता है। यह चर के खास मूल्य की पुनरावृत्ति की संख्या से संबंधित है। यह दर्शाई जानी है, गिनती की सहायता से, एक खास मूल्य या वर्ग के विरुद्ध। इसलिए यह एक खास घटना या चीज या मूल्य के घटित होने की दर है।

आवृत्ति वितरण (Frequency Distribution)– चर (या गुणधर्मों) का सारांश प्रस्तुतीकरण है उनके परिमाण के अनुसार या तो व्यक्तिगत रूप से या समूह या वर्गों में जो व्यवस्थित किया जाता है। यह चर के विभिन्न मूल्यों को अंकित करता है एक स्तंभ में और उनकी आपेक्षिक आवृत्तियाँ दूसरे में। यह समंक के वर्गीकरण की एक प्रणाली है संवृत्ति के आधार पर जो संख्यात्मक माप में समर्थ है। यह आवृत्ति तालिका या आवृत्ति चार्ट या आवृत्ति श्रेणी भी कहलाती है।

सांख्यिकीय श्रेणी के आधार पर हम तीन प्रकार का आवृत्ति वितरण निम्न प्रकार से निर्मित कर सकते हैं–

टिप्पणी

(i) विच्छिन्न (असतत) आवृत्ति वितरण Discrete (Discontinuous) Frequency Distribution

(ii) वर्गीकृत आवृत्ति वितरण (Grouped Frequency Distribution)

(iii) सतत आवृत्ति वितरण (Continuous Frequency Distributions)

(i) विच्छिन्न आवृत्ति वितरण– चर जो सिर्फ निश्चित या विशिष्ट पूर्णांक मूल्य ले सकते हैं 'विच्छिन्न चर' कहलाते हैं। वे दो पूर्ण संख्याओं के सभी संभव भिन्न मान नहीं लेते हैं। विच्छिन्न आवृत्ति वितरण निर्माण करते वक्त हम चर के प्रत्येक मूल्य को जितनी बार श्रेणी में आती हैं गिनते हैं। यह सुसाध्य की जाती है मिलान चिन्हों (Tally Marks) की तकनीक से।

'मिलान चिन्ह' छोटी उदग्र रेखाएं हैं जो एक दूसरे के समानान्तर खींची जाती हैं वे एक खास मूल्य या वर्ग के सामने खींची जाती हैं आवृत्तियों की गिनती को सुगम बनाने के लिए। सामान्यतया एक पाँच बारों (चिन्हों) का ब्लाक गणन विधि के लिए प्रयुक्त होती है, जैसे '𝍸' (चार उदग्र छोटी रेखा और एक उनको काटती हुए टेढ़ी रेखा)। यह विधि गणन की विधि को अधिक आसान बना देती है पाँच आवृत्तियों की एक इकाई के रूप में।

सारणी क्र. 2.3: 100 छात्रों के अंक (20 पूर्णांक में) (विच्छिन्न आवृत्ति वितरण) (संदर्भ सारणी क्र. 2.2)

अंक	मिलान	चिन्ह	अंक	मिलान	चिन्ह
1	||	2	11	𝍸 ||||	9
2	|	1	12	||	2
3	𝍸	5	13	|||	3
4	𝍸 |	6	14	𝍸 |||	8
5	|||	3	15	𝍸 |	6
6	𝍸 |	6	16	||||	4
7	𝍸 ||	7	17	||	2
8	𝍸 𝍸	10	18	|||	3
9	𝍸 ||	7	19	𝍸	5
10	𝍸 ||||	9	20	||	2
				कुल	100

चर के मूल्य संख्या में 20 हैं (20 पूर्णांक अंक का) जबकि अवलोकनों की संख्या (छात्र) एक सौ हैं। इस विच्छिन्न प्रकार के वितरण में (सारणी 2.3), सम्पूर्ण समंक काफी हद तक संघनित किए गए हैं और दर्शाये गये हैं जिसमें हम चर के प्रत्येक मूल्य को जितनी बार वे आई हैं गिनते हैं। अंकों की संवृत्ति चर कहलाती है। अंक अपने आप में चर के मूल्य कहलाते हैं। छात्रों की संख्या जो अंक स्कोर करते हैं एक आवृत्ति कहलाती है। इस प्रकार का वितरण उपयुक्त है जब चर के मूल्य कम हैं और अवलोकनों की संख्या अधिक।

(ii) वर्गीकृत आवृत्ति वितरण– जब अवलोकनों की संख्या और चर के मूल्यों की संख्या दोनों आकार में बड़े हैं, विच्छिन्न आवृत्ति वितरण उपयुक्त नहीं है। चर के मूल्यों के सम्पूर्ण विस्तार को संघनित किया जाता है इन्हें उपयुक्त समूहों या वर्गों में बाँटकर। प्रत्येक वर्ग को दो सीमाएं हैं– निम्न सीमा और उच्च सीमा। जैसे चर के मूल्य पूर्णांक या पूर्ण संख्या हैं, (भिन्नात्मक नहीं) वर्गों की 'अन्तर्वेशी विधि तैयार की जाती है। दोनों सीमाएं समाविष्ट की जाती हैं अवलोकनों की संख्या को गिनते वक्त एक खास वर्ग के सापेक्ष। यद्यपि, एक का अन्तर है पूर्ववर्ती वर्ग अन्तराल की उच्च सीमा और उत्तरवर्ती वर्ग अन्तराल के निम्न सीमा के बीच।

मान लें हम तालिका 2.1 में पहले से प्रदर्शित 100 छात्रों के अंकों पर विचार करें। यद्यपि चर के मूल्य संख्या में 20 हैं यह मानते हुए कि वे आकार में बड़े हैं, हम उन्हें विभिन्न वर्गों में उपयुक्त रूप से बाँट सकते हैं, जैसे– 1-3, 4-6, 7-9 और आगे इसी तरह। दूसरा कदम है अवलोकनों की संख्या गिनना मिलान चिन्हों के साथ आवृत्ति वितरण बनाने के लिए।

मिलान बार आपेक्षिक वर्गों के विरुद्ध खींचे जाते हैं।

सारणी क्र. 2.4: 100 छात्रों के अंक (20 पूर्णांक से)
(संदर्भ सारणी क्र. 2.3) वर्ग की अन्तर्वेशी विधि

वर्ग अन्तराल	मिलान चिन्ह	आवृत्ति (f)
1-3	𝍸 |||	8
4-6	𝍸 𝍸 𝍸	15
7-9	𝍸 𝍸 𝍸 𝍸 ||||	24
10-12	𝍸 𝍸 𝍸 𝍸	20
13-15	𝍸 𝍸 𝍸 ||	17
16-18	𝍸 ||||	9
19-21	𝍸 ||	7
	कुल	100

एक वर्गीकृत आवृत्ति वितरण में, इकाईयों (उपयुक्त उदाहरण में छात्र) की पहचान जिसके बारे में एक खास सूचना एकत्रित की गई है (उपयुक्त उदाहरण में अंक) प्रासंगिक नहीं है परन्तु समंक का संघनन आवश्यक है। समंक विभिन्न वर्गों में वर्गीकृत की जाती है (वर्ग अन्तराल) चरों के मूल्य के सम्पूर्ण विस्तार को उपयुक्त समूहों या वर्गों की संख्या में। उपर्युक्त उदाहरण में हमने चर के मूल्यों के सम्पूर्ण विस्तार (1 से 21) को 7 समूहों में बाँटा है प्रत्येक 3 के आकार में समूह की लम्बाई या वर्ग अन्तराल 3 है जो कहलाती है वर्ग का 'विस्तार' (width) या परिमाण (Magnitude)। वर्ग की उल्लखित दो मूल्य 'वर्ग–सीमाएं कहलाती हैं– निम्न सीमा और उच्च सीमा।

टिप्पणी

इस प्रकार के वर्ग– 4-6, 7-9, 10-12 और इसी तरह आगे – कहलाती हैं **''अन्तर्वेशी वर्ग''**। निम्न और उच्च सीमाएं आविष्ट की जाती हैं आवृत्ति गिनते वक्त और उन्हें वर्गीकृत करते वक्त। उादरहण के लिए, वर्ग अन्तराल 16-18 सभी मानों 16, 17, 18 को आविष्ट करती है। यहाँ मान 16 (निम्न सीमा) और मान 18 (उच्च सीमा) आवेष्टित होती है मिलान चिन्ह लगाते वक्त आवृत्ति की गिनती के लिए। दूसरा मान 19 दूसरे वर्ग 19-21 में आवेष्टित होती है। सामान्यतया, भिन्नात्मक मान 18 और 19 के बीच (i.e., 18-20, 18-65, 18-78 आदि) पर कुछ भी विचार नहीं किया जाता है इस प्रकार के वर्गीकरण में। सिर्फ वैसे चर जो पूर्णांक मान लेते हैं इस प्रकार के वर्गीकरण में लिए जाते हैं जैसे कारों की संख्या, परिवारों की संख्या, दुर्घटनाओं की संख्या आदि।

अन्तर्वेशित विधि सामान्य प्रयोग में नहीं है। इसलिए अन्तर्वेशित विधि, बहिर्वेशित विधि में परिवर्तित कर दी जाती है सभी उद्देश्यों के लिए। एक का अन्तर होता है पूर्ववर्त्ती वर्ग की उच्च सीमा और उत्तरवर्त्ती वर्ग की निम्न सीमा के बीच। यह अन्तर एक संशोधन कारक से समायोजित की जाती है, निम्न प्रकार प्रगणित,

$$\text{संशोधन कारक} = \frac{\text{उत्तरवर्ती वर्ग की निम्न सीमा} - \text{पूर्ववर्ती वर्ग की उच्च सीमा}}{2}$$

संशोधन कारक सामान्यतया 0.5 होता है, जो निम्न जैसा समायोजित होता है।

वर्ग की अन्तर्वेशित विधि अंक	वर्ग परिवर्तित की गई बहिर्वेशित विधि में
1-3	0.5-3.5
4-6	3.5-6.5
7-9	6.5-9.5
10-12	9.5-12.5
13-15	12.5-15.5
16-18	15.5-18.5
19-21	18.5-21.5

टिप्पणी– संसोधन कारक 0.5 सभी निम्न सीमाओं में घटाई जाती है और उच्च सीमा में जोड़ दी जाती है।

वर्ग अन्तराल का परिमाण 2 है, समायोजन से पहले, परन्तु समायोजन के बाद यह 3 हैं। यद्यपि, मध्य–मान दोनों स्थितियों में समान रहती हैं।

(iii) सतत आवृत्ति वितरण (Continuous Frequency Distribution)– जब अवलोकनों की संख्या और चर के मूल्यों की संख्या दोनों बड़े हैं आकार में, और चर के मान दोनों पूर्णांक और भिन्नात्मक हैं, वर्गीकृत आवृत्ति वितरण उपयुक्त

नहीं हैं चर के मूल्यों के सम्पूर्ण विस्तार को संघनित किया जाना है इन्हें उपयुक्त समूहों या वर्गों में विभाजित कर। प्रत्येक वर्ग की दो सीमाएं हैं– निम्न सीमा और उच्च सीमा। चूँकि चरों के मूल्य पूर्णांक और भिन्नात्मक हैं, वर्गों की 'बहिर्वेशित विधि' तैयार की जाती है। वर्ग की उच्च सीमा अलग कर दी जाती है अवलोकनों की संख्या विशिष्ट वर्ग के विरुद्ध गिनते वक्त। 1 का अन्तर नहीं होता है पूर्ववर्ती वर्ग की उच्च सीमा और उत्तरवर्त्ती वर्ग की निम्न सीमा के बीच। चूँकि दोनों सीमाएं बराबर हैं।

हम लोग फैक्टरी A के 100 मजदूरों की साप्ताहिक मजदूरी का विचार करें।

सारणी क्र. 2.5: मजदूरों की साप्ताहिक मजदूरी (रु. में)– फैक्टरी A की

96	62	41	90	52	37	78	48	85	30
52	36	53	26	112	61	133	55	108	43
44	54	80	51	43	104	75	98	60	34
45	97	38	69	56	122	31	46	125	52
28	109	42	89	68	26	79	105	59	38
35	125	57	70	120	34	137	47	130	50
95	48	101	27	136	132	48	140	87	40
32	134	63	43	58	138	148	34	114	65
39	117	142	48	148	29	149	49	148	116
64	143	33	147	150	44	150	86	150	32

उपयुक्त सारणी में, निम्नतम साप्ताहिक मजदूरी है 26 रु. और उच्चतम साप्ताहिक मजदूरी है 150 रु.। हम लोग एक वर्ग अन्तराल परिमाण 10 के साथ लें। इस तरह हमें करीब 14 वर्गों की संख्या है 20-30 से शुरू होकर 150-160 तक। हम लोग एक सतत चर का कार्य कर रहे हैं। यद्यपि मूल्य पूर्णांक हैं, उस विस्तार में जिसमें वे आते हैं 26 से 150 तक विस्तारित है। कोई निश्चित मान नहीं है जैसे 25, 30, 35, 45 आदि। हम सिर्फ सतत मान पाते हैं निश्चित मूल्यों के बीच। इसलिए हमें मानना चाहिए कि वे भिन्नात्मक मानों जैसे हैं जो दो निश्चित मूल्यों के बीच पड़ते हैं। चर के मानों की संख्या आकार में बड़े हैं। इसे समूह की वांछितता है निम्न जैसा–

टिप्पणी

सारणी क्र. 2.6: 100 मजदूरों का साप्ताहिक वेतन (फैक्टरी A)
(सतत आवृत्ति) (संदर्भ सारणी क्र. 2.5) वर्ग की बहिर्वेशित विधि

वर्ग अन्तराल	मिलान चिन्ह	मजदूरों की संख्या (f)	वर्ग अन्तराल	मिलान चिन्ह	मजदूरों की संख्या (f)
20-30	~~IIII~~	5	90-100	~~IIII~~	5
30-40	~~IIII~~ ~~IIII~~ IIII	14	100-110	~~IIII~~	5
40-50	~~IIII~~ ~~IIII~~ ~~IIII~~ I	16	110-120	IIII	4
50-60	~~IIII~~ ~~IIII~~ II	12	120-130	IIII	4
60-70	~~IIII~~ III	8	130-140	~~IIII~~ II	7
70-80	IIII	4	140-150	~~IIII~~ III	8
80-90	~~IIII~~	5	150-160	III	3
				कुल	100

चर के मूल्यों की माप, उनका परिमाण और मात्रा जो उप–विभाजन (जैसे भिन्न) में समर्थ है सतत श्रेणी का निर्माण करते हैं। वर्ग अन्तराल बगैर उनके बीच अन्तराल के निर्मित हैं। वे बहिर्वेशित प्रकार की हैं जिसमें उच्च सीमाएं अलग कर दी गई हैं अवलोकनों को गिनते वक्त मिलान चिन्ह लगाने के लिए। इसका अर्थ है सिर्फ निम्न सीमाएं ली गई हैं गिनने की विधि में। उदाहरण के लिए, उपयुक्त वितरण में, तीन मजदूर हैं जो 150 रु. साप्ताहिक वेतन पाते हैं। वे 150-160 वर्ग में वर्गीकृत हैं, ना कि 140-150 वर्ग में। क्योंकि 150, वर्ग 140-150 की उच्च सीमा है, अलग कर दी जाती है और 150 वर्ग 150-160 की निम्न सीमा की वजह से, समाविष्ट की जाती है।

चर कोई बीच का मूल्य ले सकता है वर्ग, अन्तराल की दो सीमाओं के बीच जो शुरू से अन्त तक मूल्यों के पूरे विस्तार तक होती है वगैर किसी टूट के।

2.13 सतत श्रेणी का निर्माण (Continuous Construction of Series)

सतत आवृत्ति वितरण का निर्माण सबसे लोकप्रिय और व्यवहार में है। इन दिनों कोई कठोर नियम नहीं हैं सतत श्रेणी के निर्माण के लिए। एक सांख्यिकीविद को अपने विवेक का इस्तेमाल करना है समंक को सतत आवृत्ति वितरण में वर्गीकृत करने के लिए। अनुभव, बुद्धि, कौशल और योग्यता वांछित है समंक के उचित वर्गीकरण के लिए। यद्यपि, निम्नलिखित नियम और शर्त दिमाग में रक्खा जाना चाहिए सतत आवृत्ति वितरण निर्माण करते वक्त–

(A) महत्वपूर्ण पद (Terms)– निम्नलिखित तकनीकी पदों का अध्ययन किया जाना चाहिए सतत आवृत्ति वितरण का निर्माण करते वक्त।

(i) वर्ग अन्तराल (Class interval)– यह समंक के प्रत्येक समूह का आकार है जो निम्न सीमा से शुरू होता है और उच्च सीमा से खत्म होता है। इसलिए यह वर्ग है जो दो सीमाओं से निर्मित है। वर्ग अन्तराल की अन्तर्वेशी विधि के उदाहरण हैं 10-19, 20-29, 30-39 आदि। वर्ग अन्तराल की बहिर्वेशी विधि के उदाहरण हैं 10-20, 20-30, 30-40 आदि।

(ii) वर्ग अन्तराल की आदर्श संख्या– कोई कठोर नियम नहीं है वर्ग अन्तरालों की संख्या के निर्धारण संबंधी किसी दिये गये अवलोकन में। यद्यपि, प्रो. एच.ए. स्र्टजेज ने एक सूत्र दिया है जिससे हम वर्ग अन्तरालों की आदर्श संख्या प्रगणित कर सकते हैं जो किसी श्रृंखला में बनाया जाता है।

उनका सूत्र है,

$$n = 1 + 3.222 \log N$$

n = वर्ग अन्तरालों की संख्या

N = अवलोकनों की संख्या

क्रमानुसार उपर्युक्त स्टुर्जेज नियम के आधार पर, हम लोग वर्ग अन्तराल का परिमाण निम्न जैसा निर्धारित करते हैं।

$$i = \frac{L-S}{1+3.222 \log N} = \frac{\text{विस्तार}}{\text{वर्गों की संख्या}}$$

i = वर्ग अन्तराल का परिणाम

L = सबसे बड़ा मान

S = सबसे छोटा मान

जब हम स्टूर्जेज सूत्र का प्रयोग करते हैं, वर्गों की संख्या सामान्यतया 4 और 20 के विस्तार में निर्धारित होती है। यह काफी तर्कपूर्ण विस्तार है जिसके अन्तर्गत वर्ग अन्तरालों की संख्या पाते हैं। यद्यपि, वर्गों की संख्या पूर्ण संख्या (पूर्णांक) होनी चाहिए अधिमान्यता से 5 या 5 के अपवर्त्य जैसे 10, 15, 20 इत्यादि। ऐसे पूर्णांक दिमाग के लिए प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर हो जाते हैं और समंक के विश्लेषण के लिए संख्यात्मक प्रगणन में काफी सुविधाजनक होते हैं। उसी प्रकार, वर्ग अन्तराल का परिमाण को भी अधिमान्यता से 5' या 5 के न्यूनतम उभयनिष्ठ अन्तराल जैसे– 0-5 या 15-25 या 20-40 आदि में लेना चाहिए।

वर्ग अन्तराल का प्रकार– समंक वर्ग अन्तरालों में वर्गीकृत की जाती हैं जो दो प्रकार की होती हैं– अन्तर्वेशी वर्ग और बर्हिवेशी वर्ग–

(a) अन्तर्वेशी वर्ग अन्तराल– इस विधि के अधीन, प्रत्येक वर्ग दो आत्यंतिक मूल्यों से द्योतित होता है जो वर्ग सीमाएं कहलाते हैं। छोटी सीमा 'निम्न सीमा' और बड़ी सीमा 'उच्च सीमा' कहलाती है। दोनों सीमाएं समाविष्ट होती हैं इन वर्ग अन्तरालों के लिए अवलोकनों को गिनते वक्त।

उदाहरण के लिए, वर्ग अन्तराल 40-49 में 40 से 49 तक सभी मूल्य आविष्ट हैं, दोनों अन्तर्वेशित। दूसरा मूल्य 50 दूसरे वर्ग अन्तराल 50-59 में समाविष्ट है आदि। यद्यपि 49 और 50 के बीच भिन्नात्मक मान इस प्रकार के वर्गीकरण में

प्रगणित नहीं हो सकती है। वर्ग अन्तराल की विधि (अन्तर्वेशी) उन चरों के लिए प्रयुक्त होती है जिनके मूल्य पूर्णांक (पूर्ण संख्यायें) होती हैं। सामान्यतया, यह विधि समूहकृत श्रेणियों में अपनाई जाती है जिसमें भिन्नात्मक मान नहीं हो।

यद्यपि, वर्ग अन्तराल की अन्तर्वेशी विधि, कुछ सुधारों के साथ सतत श्रेणी में भी प्रयुक्त हो सकती है। वर्ग सीमाएं समायोजित की जाती है और बहिर्वेशी वर्ग–अन्तराल में परिवर्तित की जाती है निम्न जैसा।

वर्ग अन्तराल की अन्तर्वेशी विधि	**वर्ग अन्तराल की बहिर्वेशी विधि में परिवर्तित**
10-19	9.5-19.5
20-29	19.5-29.5
	29.5-39.5
	39.5-49.5
	49.5-59.5

नोटः संशोधन कारक 0.5 सभी निम्न सीमाओं से घटा दी जाती है और उच्च सीमाओं में जोड़ दी जाती है।

$$\text{संशोधन कारक} = \frac{\text{उत्तरवर्ती वर्ग की निम्न सीमा} - \text{पूर्ववर्ती वर्ग की उच्च सीमा}}{2}$$

$$= \frac{20-19}{2} = \frac{1}{2} = 0.5$$

उपयुक्त उदाहरण में, नई वर्ग सीमाएं प्रगणित की जाती हैं। सामान्यतः, ये सीमाएं ''वर्ग परिसीमाएं'' कही जाती हैं।

(b) बहिर्वेशी वर्ग अन्तराल– इस विधि के अधीन प्रत्येक वर्ग दो आत्यंतिक मूल्यों से द्योतित होती है जो वर्ग सीमाएं कहलाती हैं। छोटी सीमा 'निम्न सीमा' कहलाती है और बड़ी सीमाएं 'उच्च सीमा'। इस प्रकार के वर्ग अन्तराल के लिए अवलोकनों को गिनते वक्त निम्न सीमा समाविष्ट हो जाती है और उच्च सीमा निषिद्ध। उदाहरण के लिए, वर्ग अन्तराल 40-50 सभी मूल्यों 40 से 49 को समाविष्ट करता है, मूल्य 50 को बहिष्कृत करते हुए जो अगले वर्ग अन्तराल 50–60 में समाविष्ट होती है।

इस विधि में, पूर्ववर्त्ती वर्ग की उच्च सीमा उत्तरवर्त्ती वर्ग की निम्न सीमा हो जायेगी। वर्ग अन्तराल सतत रूप से निर्मित होती है बिना अन्तर या विच्छेदन के। यह प्रकल्पित किया जाता है कि चर के मूल्य दोनों पूर्णांक और भिन्नात्मक होते हैं। यह विधि समंक की निरंतरता को निश्चित करता है और यह विस्तृत रूप से व्यवहार में लाया जाता है।

निम्नलिखित उदाहरण वर्ग की अन्तराल की बहिर्वेशी विधि की व्याख्या करता है।

साप्ताहिक वेतन (रु.) वर्ग अन्तराल	कामगारों की संख्या (f)	साप्ताहिक वेतन (रु.) वर्ग अन्तराल	कामगारों की संख्या (f)
40-50	8	80-90	12
50-60	13	90-100	9
60-70	15	100-110	2
70-80	10	110-120	1
		कुल	**70**

एक कठिनाई उत्पन्न हो सकती है वेतन को गिनते और वर्गीकृत करते वक्त जैसे 50 रु., 60 रु., 70 रु. जो दो वर्गों में मिलते हैं उच्च सीमा और निम्न सीमा के रूप में इस प्रकार के संदेह को दूर करने के लिए अतिव्याप्त सीमाओं (Overlapping Limits) से संबंधित, वितरण को बेहतर रूप से प्रदर्शित निम्न जैसा किया जा सकता है।

साप्ताहिक वेतन (रु.)	कामगारों की संख्या (f)
40 रु. परन्तु 50 रु. से कम	8
50 रु. परन्तु 60 रु. से कम	13
60 रु. परन्तु 70 रु. से कम	15
70 रु. परन्तु 80 रु. से कम	10
80 रु. परन्तु 90 रु. से कम	12
90 रु. परन्तु 100 रु. से कम	9
100 रु. परन्तु 110 रु. से कम	2
110 रु. परन्तु 120 रु. से कम	1
कुल	**70**

उपयुक्त प्रस्तुति कोई संदेह उत्पन्न नहीं करती है। यह किसी भी संदिग्धता से परे है मदों के आकार के आबंटन के बारे में विभिन्न वर्गों में।

(iv) खाली वर्ग अन्तराल (Empty Class Interval)– यह वह वर्ग–अन्तराल है जिसमें कोई आवृत्ति नहीं है। इसका अर्थ है इस वर्ग अन्तराल में कोई अवलोकन नहीं है।

(v) वर्ग सीमाएँ (Class Limits)– प्रत्येक वर्ग अन्तराल की दो वर्ग सीमाएँ होती हैं– निम्न सीमा और उच्च सीमा। निम्नतम मूल्य निम्न सीमा है और उच्चतम मूल्य उच्च सीमा। वे दो सिरे हैं जिससे वर्ग अन्तराल बनते हैं।

(vi) वर्ग की परिसीमाएँ (Class Boundaries)– एक वर्गीकृत श्रेणी में हम लोग वर्ग अन्तराल की अन्तर्वेशी विधि से बनाते हैं। अन्तराल होती है पूर्ववर्त्ती वर्ग की उच्च सीमाओं और उत्तरवर्त्ती वर्ग की निम्न सीमाओं के बीच। ये अन्तराल शुद्ध की जाती है संशोधन कारक (0.5) द्वारा, जो निम्न सीमा से घटाई जाती है और

उच्च सीमा में जोड़ी जाती है। इस तरह अन्तर्वेशी विधि परिवर्त्तित हो जाती है बर्हिवेशी विधि में। नई संशोधित वर्ग सीमाएँ वर्ग परिसीमाएं कहलाती हैं।

टिप्पणी

$$\text{संशोधन कारक} = \frac{\text{उत्तरवर्ती वर्ग की निम्न सीमा} - \text{पूर्ववर्ती वर्ग की उच्च सीमा}}{2}$$

$$= \frac{20-19}{2} = \frac{1}{2} = 0.5$$

$$= 0.5 \text{ या अन्तर का } \frac{1}{2}$$

ऊपरी वर्ग परिसीमा = उच्च वर्ग सीमा $+\frac{1}{2}d$

निम्न वर्ग परिसीमा = निम्न वर्ग सीमा $-\frac{1}{2}d$

d = उत्तरवर्त्ती वर्ग की निम्न वर्ग सीमा और पूर्ववर्त्ती वर्ग की उच्च वर्ग सीमा का अन्तर। $\frac{1}{d}$ = संशोधन कारक। वर्ग सीमाओं के संशोधन की तकनीक और उन्हें वर्ग परिसीमाओं में परिवर्तित करना विस्तृत रूप से हमारी सहायता सांख्यिकीय मापों को प्रगणित करने में करेगा।

(vii) वर्ग का परिमाण और विस्तार– 'परिमाण' है वर्ग अन्तराल की निम्न सीमा और उच्च सीमा के बीच का अन्तर। जबकि 'विस्तार' है वर्ग अन्तराल के निम्न वर्ग परिसीमा और उच्च वर्ग परिसीमा के बीच का अन्तर।

हम लोग वर्ग अन्तराल के अन्तर्वेशी विधि का उदाहरण लें और इसका बहिर्वेशी विधि में रूपांतरण करें निम्न जैसा–

वर्ग की अन्तर्वेशी विधि	**वर्ग परिसीमाओं के साथ रूपांतरण**	**वर्ग का परिमाण**	**वर्ग की लम्बाई या आकार या विस्तार**
10-19	9.5-19.5	9	10
20-29	19.5-29.5	9	10
30-39	29.5-39.5	9	10
40-49	39.5-49.5	9	10

बहिर्वेशी विधि की स्थिति में, हमें परिमाण हो सकता है वर्ग अन्तराल की दो सीमाओं के बीच अन्तर। उदाहरण के लिए।

वर्ग की बहिर्वेशित विधि	वर्ग का परिमाण
10-20	10
20-30	10
30-40	10
40-50	10

नोटः हम इस विधि में पद 'परिसीमाएं' और 'विस्तार' से दो चार नहीं होते हैं।

(viii) खुले सिरे वाली श्रेणियाँ (Open End Series)– इस श्रेणी के अधीन, प्रथम वर्ग अन्तराल की निम्न सीमा और अन्तिम वर्ग अन्तराल की उच्च सीमा निर्दिष्ट नहीं है। पहला वर्ग अन्तराल शुरू होता है शब्दों, 'से कम (ऊपरी सीमा) मूल्य' और अन्तिम वर्ग अन्तराल समाप्त होता है शब्दों ''से अधिक (निम्न सीमा) मूल्य''। उदाहरण के लिए

वर्ग अन्तराल	आवृत्तियाँ
20 से कम	15
20-30	20
30-40	13
40-50	8
50-60	9
60 से अधिक	10

नोटः ''20 से कम'' और ''60 से अधिक'' शब्द भी प्रयुक्त हो सकते हैं।

(ix) बन्द सिरे वाली श्रेणियाँ (Closed end series)– इस श्रेणी के अधीन, सभी वर्ग सीमाएं सभी वर्ग अन्तरालों के उल्लिखित हैं। कोई भी खुला सिरा ना तो श्रेणी के शुरू में है या कि अन्त में।

(x) भंग-सिरे की श्रेणियाँ (Broken-end Series)– इस श्रेणी के अन्तर्गत, दोनों प्रकार की श्रेणियाँ विच्छिन्न और सतत पायी जाती हैं। यह विच्छिन्न और सतत आवृत्ति वितरण का संयोजन है। उदाहरण के लिए।

मूल्य (x)	आवृत्तियाँ (f)
10	8
20	3
20-30	15
30-40	11
40	7
50	4
50-60	2

नोटः इस तरह की श्रेणी प्रयुक्त होती है जब चरों के मान में बहुत उच्चावचन होती है।

भंग-सिरे की श्रेणियाँ शायद ही निर्मित की जाती हैं चूँकि वितरण सांख्यिकीय विश्लेषण के लिए उपयुक्त नहीं है।

(xi) मध्य-मान (Mid-value) (मध्य-बिंदु या वर्ग चिन्ह)– यह वर्ग अन्तराल का मध्य-बिन्दु है जो वर्ग अन्तराल के दो आत्यंतिक सीमाओं के ठीक बीच में होता है।

टिप्पणी

$$\text{मध्य-मान} = \frac{\text{निम्न सीमा} - \text{उच्च सीमा}}{2}$$

उदाहरण के लिए,

वर्ग अन्तराल	वर्ग परिसीमाएं	वर्ग अन्तराल का परिमाण	वर्ग अन्तराल का विस्तार	वर्ग अन्तराल का मध्यमान
10-19	9.5-19.5	9	10	14.5
20-29	19.5-29.5	9	10	24.5
30-39	29.5-39.5	9	10	34.5
40-49	39.5-49.5	9	10	44.5

वर्ग अन्तराल	वर्ग अन्तराल का परिमाण	वर्ग अन्तराल का मध्यमान
10-20	10	15
20-30	10	25
30-40	10	35
40-50	10	45

नोटः दो प्रकार के वर्ग अन्तरालों के बीच अन्तर

मध्य-मान भिन्न होती है वर्ग अन्तरालों के प्रकार में अन्तर से। वे दो आत्यंतिक सीमाओं या परिसीमाओं के बीच अर्द्ध भाग में पड़ती है जैसी भी स्थिति हो।

(ii) वर्ग आवृत्ति (Class Frequency)– यह अवलोकनों की संख्या है विशिष्ट वर्ग के संगत। यह किसी विशेष घटना या मूल्य के घटित होने की दर है एक खास वर्ग अन्तराल से संबंधित।

(iii) व्युत्पतित आवृत्तियाँ (Derived Frequencies)– वर्ग आवृत्ति से हम लोग कई दूसरी आवृत्तियाँ निकाल सकते हैं विभिन्न उद्देश्यों के लिए सांख्यिकीय विश्लेषण के क्रम में। निम्नलिखित व्युयत्पत्तित आवृत्तियाँ हैं–

$$\text{आवृत्ति घनत्त्व (Frequency Density)} = \frac{\text{वर्ग आवृत्ति}}{\text{वर्ग का विस्तार}}$$

वर्ग अन्तराल	आवृत्ति	आवृत्ति घनत्त्व
0-9	5	5 ÷ 10 = 0.5
10-19	7	7 ÷ 10 = 0.7
20-29	14	14 ÷ 10 = 1.4
30-39	18	18 ÷ 10 = 1.8
40-49	6	6 ÷ 10 = 0.6
	कुल = 50	

आवृत्ति घनत्व वर्ग के विस्तार का आवृत्ति प्रति इकाई है। इस प्रकार के आवृत्ति घनत्व का प्रयोग आवृत्तियों के संघनन को वर्गों में तुलना करने के लिए होता है। यह आवश्यक है कि सभी वर्ग समान विस्तार का होना चाहिए। आयत चित्र (Histogram) तैयार करते वक्त, अगर वर्ग असमान विस्तार के हैं, आवृत्ति घनत्व अधिक उपयोगी हैं।

(b) प्रतिशत आवृत्ति (Percentage Frequency)– यह वर्ग आवृत्ति का अनुपात है जो कुल आवृत्ति के प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त है। यह निम्न जैसा निकाला जाता है–

$$\text{प्रतिशत आवृत्ति} = \text{आपेक्षिक आवृत्ति} \times 100$$

$$= \frac{\text{वर्ग आवृत्ति}}{\text{कुल आवृत्ति}} \times 100$$

उपयुक्त उदाहरण के (xiii)(a) में दिए आवृत्ति पर विचार करते हुए, प्रतिशत आवृत्ति है,

$(5 \div 50) \times 100 = 10\%$

$(7 \div 50) \times 100 = 14\%$

$(14 \div 50) \times 100 = 28\%$

$(18 \div 50) \times 100 = 36\%$

$(6 \div 50) \times 100 = 12\%$

कुल $= 100\%$

(c) संचयी आवृत्ति (Cumulative Frequency)– यह दिए गए वितरण में वर्ग आवृत्ति का परिवर्द्धित रूप है। यह निकाली जाती है, आवृत्तियों को क्रमवार जोड़कर जब आवृत्तियाँ मूल्यों या वर्गों के चढ़ते हुए क्रम में आलेखित की जाती है। दो प्रकार की संचयी आवृत्तियाँ हैं– 'से कम' और 'से अधिक'।

'से कम' संचयी आवृत्तियाँ प्राप्त की जाती हैं वर्ग आवृत्तियों को जोड़कर जो व्यवस्थित हैं चढ़ते हुए क्रम के मूल्यों या वर्गों में। सभी मूल्यों या वर्गों की आवृत्तियाँ क्रमवार जोड़ी जाती हैं चर के मीन की आवृत्ति या वर्ग जिसके विरुद्ध संचयी योगफल लिखी गई हैं को समाविष्ट करते हुए। इसलिए यह सभी आवृत्तियों का योगफल है प्रत्येक मान या वर्ग के लिए जो लिखी जाती है मूल्य या वर्ग के विरुद्ध 'से कम' मान या वर्ग को उच्च सीमा के विरुद्ध।

'से अधिक' संचयी आवृत्तियाँ प्राप्त की जाती हैं वर्ग आवृत्तियों को जोड़कर, अन्तिम (सबसे नीचे) आवृत्ति से विपरीत दिशा में, जो बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित हैं। इसका अर्थ है हमें आवृत्तियों के योगफल से शुरू करना चाहिए और आवृत्तियों को प्रत्येक चरण में घटाते जाना चाहिए। इसलिए यह प्रत्येक मूल्य या वर्ग के लिए सभी आवृत्तियों का योग है जो मूल्य या वर्ग 'से अधिक' मूल्य या वर्ग के निम्न सीमा के विरुद्ध लिखी जाती है।

टिप्पणी

वर्ग अन्तराल	आवृत्ति (f)	'से कम' मूल्य	संचयी आवृत्तियाँ c.f.	'से अधिक' मूल्य	संचयी आवृत्तियाँ
5-15	8	15 से कम	8	5 से अधिक	140
15-25	19	25 से कम	27	15 से अधिक	132
25-35	22	35 से कम	49	25 से अधिक	113
35-45	27	45 से कम	76	35 से अधिक	91
45-55	32	55 से कम	108	45 से अधिक	64
55-65	24	65 से कम	132	55 से अधिक	32
65-75	7	75 से कम	139	65 से अधिक	8
75-85	1	85 से कम	140	75 से अधिक	1
कुल = 140					

इस तरह एक संचयी आवृत्ति प्रत्येक का क्रमिक योगफल है प्रत्येक चरण पर वहाँ से चर के मूल्य या उस वर्ग अन्तराल की आवृत्ति को समाविष्ट करके। यह प्रत्येक मूल्य या वर्ग के लिए कुल अवलोकनों की संख्या उस मूल्य में या वर्ग के नीचे या ऊपर को प्रदर्शित करती है।

द्विचर आवृत्ति वितरण– जब समंक एक साथ दो आधारों या कसौटियों के संदर्भ में वर्गीकृत की जाती है हम ऐसे वितरण को द्विचर आवृत्ति वितरण कहते हैं। उदाहरण के लिए, एक समूह का वजन और लम्बाई, 10 छात्रों का लेखाशास्त्र और सांख्यिकी विज्ञान में अंक, जोड़ों के समूह के लिए पतियों और पत्नियों के उम्र आदि द्विचर आवृत्ति वितरण हैं। इस तरह के वितरण 'द्विचर आवृत्ति तालिका के रूप में संक्षिप्त किए जा सकते हैं। यह सामान्यतया 'सह संबंध तालिका' के रूप में जाने जाते हैं।

एक द्विचर आवृत्ति वितरण में, प्रत्येक चर का मूल्य विभिन्न वर्गों में वर्गीकृत किए जाते हैं उन्हीं विचारों को ध्यान में रखते हुए जो एक चर वितरण के लिए प्रयुक्त होती हैं। चर के मूल्यों के एक समुच्च्य के लिए वर्ग अन्तराल स्तंभों में होगी और चर के मूल्यों के दूसरे समुच्च्य के लिए पंक्तियों में। उदाहरण के लिए,

अंक

लेखाशास्त्र	24	22	21	25	23	26	21	22	23
सांख्यिकी	12	18	17	14	11	15	13	16	12
लेखाशास्त्र	24	25	22	26	24	21	22	21	23
सांख्यिकी	13	16	18	12	14	17	18	11	12

सांख्यिकी (y) / d(x) लेखाशास्त्र	11	12	13	14	15	16	17	18	कुल
21	|		|				||		4
22						|		|||	4
23	|	||							3
24		|	|	|					3
25				|		|			2
26		|			|				2
कुल	2	4	2	2	1	2	2	3	

खाने स्तंभों और पंक्तियों के प्रतिच्छेदन पर बनाई जाती हैं जो संयुक्त मूल्य या संयुक्त–वर्ग प्रदर्शित करते हैं। संयुक्त मूल्यों की आवृत्ति है मदों की संख्या जिसे प्रथम चर का मूल्य है स्तंभ में और दूसरे चर का मूल्य है पंक्ति में (i.e., 2 और 4)।

(B) (Guidelines) (दिशा निर्देशों)– निम्नलिखित सामान्य पथ प्रदर्शक हैं जिन पर विचार किया जा सकता है सुनिश्चित करने के लिए एक आदर्श आवृत्ति वितरण–

(i) वर्गों की संख्या न्यूनतम पाँच होनी चाहिए और अधिकतम पन्द्रह।

(ii) वर्ग अन्तराल का विस्तार (परिमाण) बेहतर है कि न्यूनतम उभयनिष्ठ कारकों में 5, 10, 15, 20, 50 या 100 के हों। उदाहरण के लिए, 5-10 या 10-20 या 0-50, 100-200 इत्यादि।

(iii) वर्ग अन्तराल की बहिर्वेशी विधि अपनाना बेहतर है अन्तर्वेशी विधि के बदले वर्गीकरण में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए। अन्तर्वेशी विधि को बहिर्वेशी विधि में परिवर्त्तित किया जा सकता है संशोधन कारक को समायोजित करके।

(iv) चुनी हुई वर्ग सीमाएं इस प्रकार से होनी चाहिए कि किसी वर्ग अन्तराल के प्रेक्षण समरूप से वितरित हैं।

(v) खुले सिरे वाले वर्ग अन्तराल जहाँ तक सम्भव हो टाले जाते हैं, क्योंकि इस प्रकार के समूह के लिए मध्य-मान का प्रगणन आसानी से निर्धारित नहीं हो सकता।

(vi) वर्ग अन्तराल को समरूप या बराबर परिमाण पूरी श्रेणी के दरमियान होना चाहिए।

(vii) खुले–सिरे वाले वर्ग अन्तरालों की स्थिति में, परिमाण समझी जाती है पूर्ववर्त्ती या उत्तरवर्ती वर्ग अन्तराल के परिमाण की सांख्यिकीय विश्लेषण के उद्देश्य से।

टिप्पणी

उपयुक्त पथ प्रदर्शक या आधारभूत सिद्धान्त हमारी मदद करेगा, आवृत्ति वितरण निर्माण करने में।

इस तरह, संकलित वृहदाकार और विशाल अपरिष्कृत समंक सम्पादित और संगठित की जाती है समंक के वर्गीकरण की विधि में। समंक को प्रस्तुत किया जाता है तुरन्त समझने योग्य और संघनित रूप में, जो समंक के महत्त्वपूर्ण अभिलक्षणों को प्रकाशित करता है; यह सिर्फ वर्गीकरण की विधि से संभव है। **वर्गीकरण एक विधि है जिसमें अपरिष्कृत समंक संगठित की जाती है सुस्पष्ट रूप से परिभाषित विभिन्न अभिलक्षणों के अनुसार और एक क्रमबद्ध तरीके से वर्गीकृत, आगे के सांख्यिकीय विश्लेषण के लिए।**

अपनी प्रगति जाँचिए (Check Your Progress)

1. डाक से भेजी गई प्रश्नावली _________ स्रोत है।
   (क) प्राथमिक (ख) द्वितीयक
   (ग) मिश्रित (घ) इनमें से कोई नहीं
2. _________ समंक पहले ही संकलित होती है।
   (क) प्राथमिक (ख) द्वितीयक
   (ग) मिश्रित (घ) इनमें से कोई नहीं
3. _________ तकनीक अलिप्त करती है समष्टि के प्रत्येक अवयव का प्रगणन।
   (क) प्रत्यक्ष (ख) अप्रत्यक्ष
   (ग) जनगणना (घ) सादृच्छिक
4. प्रतिदर्श हिस्सा है _________ का।
   (क) प्राथमिक स्रोत का (ख) द्वितीयक स्रोत
   (ग) प्रश्नावली (घ) जनसंख्या
5. वर्गीकरण समंक को _________ क्रमबद्ध करने की विधि है।
   (क) अव्यवस्थित (ख) व्यवस्थित
   (ग) मिश्रित (घ) इनमें से कोई नहीं
6. सरल वर्गीकरण अलिप्त करती है सिर्फ _________ गुणधर्म।
   (क) असमान (ख) व्यवस्थिति
   (ग) समान (घ) मिश्रित
7. सारणीयन का अर्थ है समंक को स्तंभों और __________ में व्यवस्थापन।
   (क) पंक्तियों (ख) उदग्रो
   (क) मिश्रित (ख) रेखाओं

8. स्तंभों का शीर्षक कहलाती है एक __________।
   (क) सारणीयन (ख) सांख्यिकीय श्रेणी
   (ग) प्रतिचयन (घ) सारणी संख्या
9. पंक्तियों का शीर्षक बायीं तरफ कहलाता है एक __________।
   (क) अनुशीर्षक (ख) प्रतिचयन
   (ग) सारणीयन (घ) सारणी संख्या
10. समंक का तर्कपूर्ण व्यवस्थापन एक क्रम में कहलाता है एक __________।
   (क) सारणी (ख) अनुसूची
   (ग) तालिका (घ) गुच्छ प्रतिचयन
11. ऐतिहासिक श्रेणियाँ कहलाती हैं __________ श्रेणी।
   (क) समयबद्ध (ख) अनसूचक
   (ग) काल (घ) बारंबारता
12. भौगोलिक श्रेणियाँ कहलाती हैं __________ श्रेणी।
   (क) काल (ख) सारणी
   (ग) वर्गीकरण (घ) स्थानिक श्रेणी
13. वर्ग अन्तराल को __________ सीमाएं हैं।
   (क) दो (ख) एक
   (ग) तीन (घ) चार
14. दो तरह के वर्ग अन्तराल हैं __________ और __________।
   (क) विच्छिन्न, सतत (ख) क्रम बद्ध, आवृत्ति
   (ग) उच्च, निम्न (घ) इनमें से कोई नहीं
15. परिमाण का अर्थ है वर्ग अन्तराल की __________ सीमा और __________ सीमा के बीच अन्तर।
   (क) विच्छिन्न, सतत (ख) उच्च, निम्न
   (ग) कमबद्ध, आवृत्ति (घ) इनमें से कोई नहीं

2.14 अपनी प्रगति जाँचिए प्रश्नों के उत्तर (Answers to Check Your Progress)

1. (क) 9. (क)
2. (ख) 10. (ग)
3. (ग) 11. (ग)

टिप्पणी

4. (घ)
5. (ख)
6. (ग)
7. (क)
8. (घ)
12. (घ)
13. (क)
14. (क)
15. (ख)

2.15 सारांश (Summary)

अपरिष्कृत आँकड़े, आँकड़ों को संकलन करने की विधि से उत्पन्न होते हैं। यह सभी सांख्यिकीय अन्वेषणों या अन्वेषण का प्रारंभिक चरण है।

दो मुख्य स्रोत हैं समंक को संकलत करने का – प्राथमिक और द्वितीयक स्रोत। पहली बार संकलित किए जाने वाले मौलिक आँकड़े प्राथमिक समंक कहलाते हैं। प्राथमिक समंक के स्रोत हैं– प्रत्यक्ष व्यक्रियत प्रेक्षण, अप्रत्यक्ष मौलिक साक्षत्कार, स्थानीय, एजेन्ट द्वारा सूचना, डाक प्रश्नावली विधि, संगणकों द्वारा अनुसूची। ऐसे समंक जो किसी दूसरे द्वारा संकलित की गई है और अन्वेषक द्वारा प्रयुक्त की जाती हैं द्वितीयक समंक कहलाती है। द्वितीयक समंक के स्रोत हैं– प्रकाशित, समंक जो सभी सरकारी प्रकाशन, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएं, व्यापारिक संघों और चैम्बर ऑफ कामर्स द्वारा प्रकाशित की जाती हैं। अप्रकाशित समंक जो निजी फर्म या व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा भविष्य में उपयोग करने के लिए संकलित करते हैं।

समंक संकलित करने की दो विधियाँ हैं– जनगणना विधि और प्रतिदर्श विधि। इन तकनीकों का प्रयोग समंक संकलित करने के लिए सिर्फ प्राथमिक समंक संकलन में होती है। जनगणना विधि जनसंख्या के प्रत्येक व्यक्ति (मद) की संगणना को आवृत्त करता है जबकि प्रतिदर्श तकनीक जनसंख्या के एक हिस्सा या भाग का चुनाव प्रतिदर्श आमाप के रूप में प्रतिदर्श आधार पर चुने जाते हैं जो अध्ययनाधीन हैं।

सांख्यिकी संख्यात्मक समंक पर कार्य करता है। जनसंख्या विश्लेषण परिशुद्ध संख्यात्मक मान देता है जो प्राचल (Parameters) कहलाता है। प्रतिदर्श विश्लेषण सन्निकट संख्यात्मक मान देता है, जो प्रतिदर्शज (Statistics) कहलाता है। प्रतिचयन की दो विधियाँ हैं– यादृच्छिक और गैर-यादृच्छिक। प्रतिचयन विधि का चुनाव समष्टि की प्रकृति, प्रतिदर्श की इकाई प्रतिदर्श के आकार और अन्वेषण के उद्देश्य पर निर्भर करती है।

प्राथमिक समंक को संकलित करने के लिए एक प्रश्नावली को सतर्कतापूर्वक तैयार किया जाता है जिनमें पद-प्रदर्शक नियमों का दक्षता से अवलोकन किया जाता है।

एक वृहदाकार संकलित समंक को क्रम से सजाना आवश्यक होता है जिसको वर्गीकरण (Classification) कहा जाता है ताकि जटिल समंक सामान्य बन सके।

संकलित और वर्गीकृत समंक सारणी के रूप में प्रदर्शित किया जा सकता है। सारणीयन (Tabulation) का अर्थ है समंक का सारणी के रूप में क्रमिक व्यवस्थापन, स्तंभों और पंक्तियों में।

सारणीयन का मुख्य उद्देश्य समंक को सारणी रूप में संक्षिप्त करना है जो आसानी से समझा और व्याख्या किया जा सके।

फिर श्रेणिबद्धता का संबंध समंक के एक खास क्रम में तर्कपूर्ण सूचीकरण या व्यवस्थापन से है। (समय या क्षेत्र या स्थिति के अनुसार)।

आवृति वितरण (Frequency Distribution) चर या (गुणधर्मों) का सारांश प्रस्तुतीकरण है जो उनके परिमाण के अनुसार या तो व्यक्तिगत रूप से या समूहों या वर्गों में व्यवस्थित किया जाता है।

सांख्यिकीय श्रेणी के आधार पर हम तीन प्रकार का आवृत्ति वितरण निर्मित कर सकते हैं–

(i) स्थिति श्रेणी– (a) विच्छिन्न श्रेणी, (b) वर्गीकृत श्रेणी, (c) सतत श्रेणी।

(ii) काल श्रेणी (iii) स्थानिक श्रेणी।

वर्ग अन्तराल– यह समंक के प्रत्येक समूह का आकार है जो निम्न सीमा से शुरू होता है और उच्च सीमा से खत्म होता है। इसलिए यह वर्ग है जो दो सीमाओं से निर्मित है।

2.16 मुख्य शब्दावली (Key Terminology)

- **प्रतिचयन**: Sampling
- **वर्गीकरण**: Classificaiton
- **सारणीयन**: Tabulation
- **क्रमबद्धता, श्रेणिबद्धता**: Sariation
- **यादृच्छिक प्रतिचयन**: Random Sampling
- **गैर-यादृच्छिक प्रतिचयन**: Non-Random Sampling
- **क्रमबद्ध प्रतिचयन**: Systematic Sampling
- **स्तरीकृत प्रतिचयन**: Stratified Sampling
- **गुच्छ प्रतिचयन**: Cluster Sampling
- **विच्छिन्न श्रेणी**: Discrete Series
- **सतत श्रेणी**: Continuous Series
- **आवृत्ति वितरण**: Frequency Distribution
- **विच्छिन्न आवृत्ति वितरण**: Discrete Frequency Distribution
- **वर्गीकृत आवृत्ति वितरण**: Grouped Frequency Distribution

टिप्पणी

- **सतत आवृत्ति वितरण:** Continuous Frequency Distribution
- **मिलान चिन्ह:** Tally Marks
- **खाली वर्ग अन्तराल:** Empty Class Interval
- **वर्ग सीमाएं:** Class Limits
- **वर्ग परिसीमाएं:** Class Boundaries
- **संचयी आवृत्ति:** Cumulative Frequency

2.17 स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास (Self Assessment Questions and Exercises)

लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

1. समंक के किन्हीं चार प्राथमिक स्रोतों का नाम दें।
2. 'वर्गीकरण' को परिभाषित करें।
3. आप जनगणना से क्या समझते हैं?
4. प्रतिचयन विधि क्या है?
5. 'वर्ग अन्तराल' का अर्थ दें।
6. वर्गीकरण के क्या आधार हैं?
7. 'सांख्यिकीय श्रेणी' का अर्थ बताएं।
8. 'प्रश्नावली' क्या है?
9. पद 'अनुसूची' का वर्णन करें।
10. 'स्तरीकृत प्रतिचयन' क्या है?
11. 'गुच्छ प्रतिचयन' का अर्थ क्या है?
12. 'सारणीयन' से आप क्या समझते हैं?
13. पद का वर्णन करें 'अनुशीर्षक (Captions) और अवसूचक' (Stubs)
14. 'क्रमबद्धता' (Seriation) क्या है?
15. 'आवृत्ति या बारंबारता' (Frequency) का अर्थ दें।
16. एक वर्ग अन्तराल का परिमाण क्या है?
17. 'खुले सिरे वाली श्रेणियाँ' का अर्थ बतावें।
18. वर्ग-अन्तराल का मध्य-मान कैसे पाया जा सकता है?
19. 'संचयी आवृत्ति' (Cumulative Frequency) क्या है?

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

1. प्राथमिक स्रोत क्या हैं? 'प्रत्यक्ष व्यक्तिगत प्रेक्षण' विधि का संक्षेप में वर्णन करें।
2. कैसे सूचनाएँ स्थानीय एजेंट के द्वारा संकलित की जाती हैं? समंक संकलित करने की अनुसूची विधि बताएं।
3. क्या अन्तर है समंक संकलित करने का 'जनगणना' विधि और प्रतिचयन विधि के बीच।
4. 'प्रतिदर्श प्रतिचयन' की विधियाँ क्या हैं? एक टिप्पणी लिखें 'गैर-प्रतिदर्श प्रतिचयन' पर।
5. एक अच्छे 'प्रश्नावली' की क्या वांछितताएं हैं?
6. वर्गीकरण का महत्व बताएं। वर्गीकरण के विभिन्न आधारों का संक्षेप में वर्णन करें।
7. तालिका के विभिन्न भाग क्या हैं? समंक के सारणीयन का महत्व बतलाएं।
8. क्रमबद्धता (Seriation) क्या है? विभिन्न प्रकार की श्रेणियों का संक्षेप में वर्णन करें।
9. एक आवृत्ति वितरण क्या है? 'विच्छिन्न और सतत' श्रेणी के बीच अन्तर बताएं।
10. 1995 में, (Visitors) की कुल संख्या 250 है। उनमें पुरुष पर्यटक विदेश के 65 हैं और भारत के 86 हैं। कुल 35 विदेशी महिला पर्यटक हैं। 1996 में, पर्यटकों की कुल संख्या 20% से बढ़ गई और भारतीय पर्यटकों की 10% से। उनमें 80 पुरुष विदेशी पर्यटक हैं और 60 महिला भारतीय पर्यटक। उपर्युक्त सूचना को तालिकाबद्ध करें।
11. 1995 में, होटल में आने वाले कुल ग्राहकों में 75 सामिष हैं और 126 निरामिष। कुल में 55 पुरुष सामिष ग्राहक हैं और 30 महिला निरामिष ग्राहक। 1996 में, कुल ग्राहकों की संख्या में 25% की वृद्धि हुई, सामिष ग्राहकों में 20% की वृद्धि हुई। कुल 170 पुरुष ग्राहक हैं और उनमें 65 सामिष हैं। इस सूचना को तालिका रूप में प्रस्तुत करें।
12. एक गाँव में 48 परिवार के साक्षात्कार में, प्रति परिवार बच्चे का आलेखन हुआ और निम्नलिखित समंक प्राप्त हुआ। आवृत्ति वितरण तैयार करें।

1,	0,	2,	3,	4,	5,	6,	7,	2,	3,	4,	0
2,	5,	8,	4,	5,	12,	6,	3,	2,	7,	6,	5
3,	3,	7,	8,	9,	7,	9,	4,	5,	4,	3,	11
9,	6,	8,	3,	4,	9,	5,	3,	2,	8,	5,	2

टिप्पणी

2.18 सहायक पाठ्य सामग्री (Suggested Readings)

1. सांख्यिकी के सिद्धान्त – डी.एन. एलहांस और वीणा एलहांस – किताब का महल
2. सांख्यिकी के सिद्धान्त – एस.पी. सिंह – S. Chand & Co.
3. Fundamentals of Statistics – S.C. Gupta & V.K. Kapoor – S. Chand & Co.
4. Applied Statistics – S.C. Gupta & V.K. Kapoor – S. Chand & Co.
5. Fundamentals of Statistics – G.M. Gupta & Das Gupta – S. Chand & Co.
6. Mathematical Statistics – H.C. Saxena – S. Chand & Co.

इकाई–2

टिप्पणी

अध्याय 3 केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप (Measures of Central Tendency)

संरचना (Structure)

3.0 परिचय (Introduction)

एक 'औसत' एक अंक है जो अवलोकनों की बड़ी संख्या को संक्षिप्त या एकल संख्यात्मक अंक में प्रदर्शित करती है। यह एक प्रारूपिक आकार है जो केन्द्रीय प्रवृत्ति को वर्णित करती है। यह एक प्रतिनिधि मूल्य है जिसके चारों ओर चर के सभी मूल्य एकत्रित या संघनित रहते हैं।

'केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप' या 'केन्द्रीय स्थान की माप' या 'प्रथम क्रम का औसत बड़ी संख्याओं के केन्द्रीय प्रवृत्ति के चारों ओर पर्याप्त संघनन को वर्णित करता है। यह एकल मूल्य है जो सभी मदों को प्रदर्शित करता है। यह एकल सरल अभिव्यक्ति है जिसमें एक जटिल समूह या बहुत संख्याओं का परिणाम संघनित होता है।

इस तरह एक औसत एक श्रेणी की सभी अनियमितताओं को दूर करता है, व्यक्तिगत मदों के सभी भिन्नताओं को दूर करता है और जटिल समंक को थोड़े सार्थक अंकों में अभिव्यक्त करता है।

टिप्पणी

सामान्य तौर पर, पाँच प्रकार के सांख्यिकीय औसत हैं जो व्यवहार में प्रयुक्त होते हैं। वे हैं–

(i) समान्तर माध्य (Arithmetic Mean), (ii) गुणोत्तर माध्य (Geometric Mean), (iii) हरात्मक माध्य (Harmonic Mean), (iv) माध्यिका (Median), (v) बहुलक (Mode.)

निम्नलिखित चार्ट औसतों का विस्तृत वर्गीकरण दर्शाता है–



3.1 उद्देश्य (Objectives)

सांख्यिकीय विश्लेषण का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य विभिन्न संख्यात्मक मापों को निर्धारित करना है जो आवृत्ति वितरण के अन्तर्निहित विशेषता का वर्णन करना है। केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप के तौर पर औसत ऐसे माप हैं जो संख्यात्मक समंक के विशाल भारी–भरकम समुच्चय को संघनित कर एक अकेला संख्यात्मक माप देते हैं जो सम्पूर्ण वितरण के द्योतक होते हैं।

केन्द्रीय प्रवृत्ति के माप के अन्तर्गत– औसत, माध्य, मध्यमान, गुणोत्तर माध्य और बहुलक आते हैं।

केन्द्रीय प्रावृत्ति ऐसे प्रतीकात्मक मान होते हैं जिनके चारों ओर वितरण के दूसरे मान इकट्ठे रहते हैं। वे ऐसे मान हैं जो वितरण के दो आत्यंतिक अवलोकनों के बीच पड़ते हैं और वितरण के मध्य भाग में मूल्यों के संघनन के बारे में विचार देते हैं। औसत बहुत उपयोगी होते है–

(i) वितरण को संक्षिप्त रूप में वर्णन करने के लिए।

(ii) विभिन्न वितरणों के तुलनात्मक अध्ययन के लिए।

(iii) विभिन्न दूसरे सांख्यिकीय मापों की गणना करने के लिए, जैसे– विचलन, विषमता, ककुदता इत्यादि।

माध्यों (औसतों) के कभी-कभी स्थान निर्धारण का माप भी कहते हैं। वे हमें प्रश्नानुसार वितरण के स्थान या जगह को निर्धारित करने में समर्थ बनाता है।

3.2 समान्तर माध्य (Arithmetic Mean)

टिप्पणी

समान्तर माध्य सबसे ज्यादा प्रयुक्त माप है जो सम्पूर्ण समंक का प्रतिनिधित्व करती है। सामान्यतया एक आम आदमी के लिए यह औसत या माध्य कही जाती है। यह परिमाण है जो एक चर के मदों के मूल्य के योगफल को उनकी संख्या से भाग देकर प्राप्त किया जाता है। यह x से निर्देशित किया जाता है। समान्तर माध्य हो सकती है या तो– (i) सरल समान्तर माध्य या (ii) भारित समान्तर माध्य।

सरल समान्तर माध्य भागफल है मूल्यों के योगफल को उनकी संख्या के भाग देने से प्राप्त। भारित समान्तर माध्य औसत है जिसमें मद उनके भारों से गुणा की जाती है जो उन्हें आबंटित है उनके महत्व के अनुसार। इसका अर्थ है, सरल समान्तर माध्य में, सभी मद बराबर समझी जाती है, सभी मदों पर सिर्फ एक बार विचार किया जाता है। भारित समान्तर माध्य में प्रत्येक मद भिन्न तरह से व्यवहृत होता है उन्हें भिन्न भार देकर।

एक ग्रीक संकेत 'Σ' सिगमा प्रयुक्त होती है योगफल संकेतन के लिए 'x' चर का मूल्य है और 'n' मदों या अवलोकनों की संख्या है। 'f' आवृत्ति के लिए आता है–

(i) सरल समान्तर माध्य (Simple Arithmetic Mean)– जैसा ऊपर वर्णित किया गया है, सरल समान्तर माध्य भागफल है जो मूल्यों के योगफल को मदों की संख्या से भाग देकर प्राप्त किया जाता है।

बीजगणितीय रूप में हमें सूत्र निम्न जैसा है–

(a) व्यक्तिगत अवलोकनों के लिए

$$\bar{x} = \frac{x_1 + x_2 + x_3 + ------- + x_n}{n} = \frac{\Sigma x}{n}$$

(b) विच्छिन्न और सतत श्रेणियों के लिए

$$\bar{x} = \frac{f_1 x_1 + f_2 x_2 + f_3 x_3 + ------- + f_n x_n}{n} = \frac{\Sigma f_i x_i}{n}$$

(**नोट**: सतत श्रेणी में x वर्ग अन्तराल का मध्य–मान है।)

Σx के मूल्य को सुनिश्चित करने के लिए, चर 'x' के सभी मूल्यों को एक साथ जोड़ा जाता है। 'x' के मूल्य को सुनिश्चित करने के लिए, सभी मदों की संख्या को जोड़ा जाता है। $\bar{x}$ को सुनिश्चित करने के लिए, Σx को 'n' से भाग दिया जाता है।

यदि मदों की संख्या बड़ी है और चर का मूल्य आकार में बड़ी है, एक छोटी विधि $\bar{x}$ को प्रगणित करने की अपनाई जाती है। यह विधि समान्तर माध्य के निम्नलिखित गुण पर आधारित है। **"चर के मूल्यों के विचलन का बीजगणितीय योग उनके माध्य से हमेशा शून्य के बराबर है।**

टिप्पणी

हम मान लें एक अन्तर का अंक 'A' (सामान्यतया पूर्णांक या पूर्ण संख्या), एक काल्पनिक माध्य जैसा। चल के मूल्यों के विचलन लें काल्पनिक माध्य से 'd' से द्योतित। इन विचलनों का योग Σd प्राप्त करें। इन संकेतों के मूल्य का स्थानापन्न लघु सूत्र में निम्न जैसा करें,

$$\bar{x} = A + \frac{\Sigma d}{n} \text{----------} \text{व्यक्तिगत अवलोकनों के लिए}$$

$$\bar{x} = A + \frac{\Sigma fd}{n} \text{---------} \text{विच्छिन्न और सतत श्रेणियों के लिए}$$

नोटः 'fd' आवृत्ति और विचलन का गुणन है।

'पद विचलन' (Step deviation) विधि सिर्फ लघु विधि में अतिरिक्त समायोजन है। इस विधि के अधीन, विचलनों को एकल उभयनिष्ठ कारक से भाग दिया जाता है अंकों को न्यूनतम आकार तक परिणत करने के लिए। यह एक तरह से, जानबूझकर की गई त्रुटि है और यह समायोजित की जाती है भागफल को गुणा करके। 'd' का घटा या समायोजित मूल्य अब 'd' कही जाती है इसलिए सूत्र निम्न जैसा होता है,

$$\bar{x} = A + \frac{\Sigma d'}{n} \times c \text{---------} \text{व्यक्तिगत अवलोकन के लिए}$$

$$\bar{x} = A + \frac{\Sigma fd'}{n} \times c \text{---------} \text{विच्छिन्न और सतत श्रेणियों के लिए।}$$

(**नोटः** उभयनिष्ठ कारक या वर्ग अन्तराल का विस्तार 'c' का प्रयोग होता है भाग देने और गुणा करने के लिए।)

मान लें, हमें एक कक्षा के 7 छात्रों के अंक हैं 131, 150, 96, 114, 125, 142, 103।

लघु विधि

अंक (x)	प्रत्यक्ष विधि	अंक (x)	d (x-A)
131		96	–24
150	$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n}$	103	–17
96		114	–6
114	$= \frac{861}{7}$	125	+5
125		131	+11
142	= 123	142	+22
103		150	+30
$\Sigma = 861$			+ 68
$n = 7$			– 47
			$\Sigma d = 21$

लघु विधि

$A =$ काल्पनिक माध्य $= 120$

$$\bar{x} = A + \frac{\Sigma d}{n}$$

$$= 120 + \frac{21}{7}$$

$$= 120 + 3 = 123$$

उदाहरण 3.1: 50 छात्रों की कक्षा में, 10 फेल कर गए हैं और उनका औसत अंक 2.5 है। पूरी कक्षा द्वारा कुल अंक 281 प्राप्त किए गए। उन लोगों का औसत अंक प्राप्त करें जो उत्तीर्ण हुए हैं।

हलः

(a) 50 छात्रों का कुल अंक	(b) 10 छात्रों का कुल अंक जो फेल कर गए	(c) 40 छात्रों का कुल अंक जो पास किए
$\Sigma x_{50} = 281$	$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n}$	$\Sigma x_{50} - \Sigma x_{10} = \Sigma x_{40}$
(दिया गया है)	$2.5 = \frac{\Sigma x}{10}$	$281 - 25 = 256$
	$\Sigma x_{10} = 25$	

इसलिए, उत्तीर्ण छात्रों का औसत अंक है

$$\bar{x}_{100} = \frac{\Sigma x_{40}}{n} = \frac{256}{40} = 6.4$$

उदाहरण 3.2: 100 लोगों की औसत उम्र 30 वर्ष है। अगर पुरुषों के समूह की औसत उम्र 32 वर्ष है और महिलाओं के समूह की 27 वर्ष, पुरुषों और महिलाओं की संख्या निकालें।

हलः हम पुरुषों की संख्या 'M' मानें और महिलाओं की 'W'। हमें निम्नलिखित दो समीकरण मिल सकते हैं–

(a) $M + W = 100$----------यह दिया गया है।

(b) (i) पुरुषों की कुल आयु

$$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n}$$

$$32 = \frac{\Sigma x}{M}$$

$$\Sigma x = 32M$$

(ii) महिलाओं की कुल उम्र

$$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n}$$

$$27 = \frac{\Sigma x}{W}$$

$$\Sigma x = 27W$$

टिप्पणी

(iii) पुरुषों और महिलाओं की कुल आयु

$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n}$ इसलिए

$30 = \frac{\Sigma x}{100}$ $32M + 27W = 3{,}000$

$\Sigma x = 3{,}000$

युगपत समीकरणों का प्रयोग कर–

(a) $M + W = 100$ (a) को 32 से गुणा करने पर W के मूल्य को (a) में प्रतिस्थापित कर

(b) $32M + 27W = 3{,}000$ $M + W = 100$

$[(a) \times 32]$-------$32M + 32W = 3200$ $M + 40 = 100$

$\underline{-32M \pm 27W = 3000}$ $M = 100 - 40$

$5W = 200$

$W = 40$ $M = 60$

इसलिए, पुरुषों की संख्या 60 है और महिलाओं की संख्या 40 है।

उदाहरण 3.3: 50 छात्रों की औसत ऊँचाई 5′8″ है। 10 छात्रों की ऊँचाई नीचे दी गई है–

5′-6″, 5′-2″, 5′-4″, 5′-0″, 4′-10″, 4′-8″, 6′-2″, 5′-8″, 5′-9″, 5′-3″

बाकी बचे छात्रों की औसत ऊँचाई निकालें।

हलः सभी ऊँचाईयाँ ईंचों में परिवर्तित की जाती हैं चूँकि ईंच मेट्रिक पद्धति में नहीं है–

(a) 50 छात्रों की कुल ऊँचाई है।

$5'\text{-}8'' = 68'' = \frac{\Sigma x}{50}$

$\Sigma x_{50} = 3{,}400''$

(b) 10 छात्रों की ऊँचाई दी गई है।

x		**ईंच में परिवर्तन**	x		**ईंच में परिवर्तन**
5'-6"	....	66"	4'-8"	....	56"
5'-2"	....	62"	6'-2"	....	74"
5'-4"	....	64"	5'-8"	....	68"
5'-0"	....	50"	5'-9"	....	69"
4'-10"	....	58"	5'-3"	....	63"
					$\Sigma x_{10} = 640''$

टिप्पणी

(c) बाकी बचे 40 छात्रों की कुल ऊँचाई ज्ञात करने के लिए हमें निम्न जैसा प्रगणित करना है–

$$\Sigma x_{50} = 3{,}400''$$
$$\Sigma x_{10} = 640''$$
$$\Sigma x_{40} = 2{,}760''$$

69" = 5'-9" औसत ऊँचाई है 40 छात्रों की।

उदाहरण 3.4: 100 छात्र एक परीक्षा में शामिल हुए। जो अनुत्तीर्ण हुए उनका परिणाम नीचे दिया गया है।

अंकः	5	10	15	20	25	30
छात्रों की संख्याः	4	6	8	7	3	2

अगर सभी छात्रों का औसत अंक 68.6 है, औसत अंक निकालें उन छात्रों का जो उत्तीर्ण हुए हैं।

हलः

अंक	**छात्रों की संख्या**	
(x)	(f)	fx
5	4	20
10	6	60
15	8	120
20	7	140

अंक	छात्रों की संख्या	
(x)	(f)	fx
25	3	75
30	2	60
	$n = 30$	$\Sigma fx = 475$

(i) 100 छात्रों की कुल संख्या

$$\bar{x} = \frac{\Sigma fx}{n}$$

$$68.6 = \frac{\Sigma fx}{100}$$

$$\Sigma fx_{100} = 6{,}860$$

(ii) 300 छात्रों की कुल संख्या (अनुत्तीर्ण)

$$\Sigma fx_{30} = 475$$

इसलिए, 100 छात्रों का कुल अंक................6,860

30 अनुत्तीर्ण छात्रों का कुल अंक.................475

70 छात्रों (उत्तीर्ण) का कुल अंक.................6,385 = Σfx_{70}

टिप्पणी

$\therefore$ औसत (उत्तीर्ण छात्रों का) $= \dfrac{6,385}{70} = 91.21\%$

उदाहरण 3.5: निम्नलिखित समंक से छूटे हुए मूल्य को परिकलित करें जब माध्य 115.86 है।

वेतन (रु. में):	110	112	113	117	(?)	125	128	130
कामगारों की संख्या:	25	17	13	15	14	8	6	2

हल: हम छूटे मूल्य को 'A' मान लें।

वेतन रु. में (x)	कामगारों की संख्या (f)	$f(x)$
110	25	2,750
112	17	1,904
113	13	1,469
117	15	1,755
(A)	14	$(14A)$
125	8	1,000
128	6	768
130	2	260
	$n = 100$	$\Sigma fx = 9,906 + 14A$

$$\bar{x} = \frac{\Sigma fx}{n}$$

$$115.86 = \frac{9,906 + 14A}{100}$$

$$9,906 + 14A = 11,586$$

$$14A = 11,586 - 9,906$$

$$14A = 1,680$$

$$A = \frac{1,680}{14} = 120$$

इसलिए छूटा हुआ मूल्य 120 है।

उदाहरण 3.6: निम्नलिखित वितरण से छूटी हुई आवृत्ति निकालें अगर इसका माध्य 15.25 है।

x:	10	12	14	16	18	20
f:	3	7	(?)	20	8	5

टिप्पणी

हलः मान लें छूटी आवृत्ति 'A' है।

x	f	fx
10	3	30
12	7	84
14	(A)	(14A)
16	20	320
18	8	144
20	5	100
	n = 43 + A	Σ fx = 678 + 14A

$$\bar{x} = \frac{\Sigma fx}{n}$$

$$15.25 = \frac{678 + 14A}{43 + A}$$

$$(43 + A)15.25 = 678 + 14A$$

$$655.75 + 15.25A = 678 + 14$$

$$1.25A = 678 - 655.75$$

$$1.25A = 22.25$$

$$A = \frac{22.25}{1.25} = 17.8$$

इसलिए, छूटी आवृत्ति $= 17.8 \approx 18$

उदाहरण 3.7: शहर में, 30 सदस्यों का सर्वेक्षण किया गया कि कितने घरेलू उपकरण उन्होंने खरीदें हैं, प्रत्युत्तर निम्न थे–

1, 2, 5, 1, 5, 2, 1, 4, 2, 3, 4, 2, 4, 3, 2
6, 3, 2, 4, 3, 6, 2, 2, 3, 3, 7, 2, 3, 0, 2

विच्छिन्न श्रेणी तैयार करें और माध्य ज्ञात करें।

हलः

मूल्य x	**मिलान बार**	**आवृत्तियाँ** (f)	fx
0	|	1	0
1	|||	3	3
2	𝍸 𝍸	10	20
3	𝍸 ||	7	21
4	||||	4	16
5	||	2	10
6	||	2	12
7	|	1	7
		$n = 30$	$\Sigma fx = 89$

$$\bar{x} = \frac{\Sigma fx}{n}$$

$$\bar{x} = \frac{89}{30}$$

$$\bar{x} = 2.9667$$

टिप्पणी

उदाहरण 3.8: अगर 25 कामगारों को भुगतान की गई मजदूरी 79.60 रु. है, छूटी हुई आवृत्तियाँ ज्ञात करें।

मजदूरी (रु.):	50	60	70	80	90	100	110
कामगारों की संख्या:	1	3	–	–	6	2	1

हल: मान लें छूटी हुई आवृत्तियाँ A और B हैं। कुल आवृत्तियाँ 25 हैं। इसलिए $1 + 3 + A + B + 6 + 2 + 1 = 25, A + B = 25 - 13 = 12$

$\therefore A + B = 12 \qquad B = 12 - A$

मजदूरी (रु.)	**कामगारों की संख्या**	
x	(f)	fx
50	1	50
60	3	180
70	(A)	$(70A)$
80	$(12\text{-}A)$	$(960\text{-}80A)$
90	6	540
100	2	200
110	1	110
	$n = 25$	$\Sigma fx = 2{,}040 - 10A$

$$\bar{x} = \frac{\Sigma fx}{n}$$

$$79.60 = \frac{2040 + 10A}{25}$$

$$1990 = 2040 - 10A$$

$$10A = 2040 - 1990$$

$$10A = 50$$

$$A = 5$$

'A' का मूल्य प्रतिस्थापित करने पर............$A + B = 12$

$$A + B = 12$$

$$5 + B = 12$$

$$B = 12 - 5$$

$$B = 7$$

इसलिए छूटी हुई आवृत्तियाँ हैं $A = 5, B = 7$

उदाहरण 3.9: निम्नलिखित वितरण से औसत अंक परिकलित करें।

अंक:	0-5	5-10	10-15	15-20	20-25	25-30	30-35
छात्रों की संख्या:	2	4	5	3	2	4	5

टिप्पणी

हलः

अंक C.I.	छात्रों की संख्या (f)	मध्य–मान (x)	(x-A)/5 d'	fd'
0-5	2	2.5	–3	–6
5-10	4	7.5	–2	–8
10-15	5	12.5	–1	–5
15-20	3	17.5	0	0
20-25	2	22.5	+1	+2
25-30	4	27.5	+2	+8
30-35	5	32.5	+3	+15
				+25
				–19
				$\Sigma fd' = 6$

$$\bar{x} = A + \frac{\Sigma fd'}{n} \times c$$

$$= 17.5 + \frac{6}{25} \times 5$$

$$= 17.5 + \frac{30}{25} = 17.5 + 1.2 = 18.7$$

$\therefore$ औसत मजदूरी है 18.70 रु.

नोटः 1. पद विचलन रीति प्रयुक्त हुई है।

2. परिकल्पित माध्य है 17.5।

3. उभयनिष्ठ कारक है 5।

उदाहरण 3.10: आपको निम्नलिखित अपूर्ण सूचना दी गई है और इसका माध्य है 25। छूटी आवृत्तियाँ ज्ञात करें।

वर्ग अन्तरालः	0-10	10-20	20-30	30-40	40-50	कुल
आवृत्तियों की संख्याः	5	–	15	–	5	= 45

हलः मान लें छूटी आवृत्तियाँ 'A' और 'B' हैं। कुल आवृत्ति 45 है।

इसलिए, $5 + A + 15 + B + 5 = 45$ $\quad$ $A + B = 45 - 25 = 20$

$\therefore A + B = 20$ $\quad$ $B = 20 - A$

टिप्पणी

C.I.	f	MV_x	f_x	$\bar{x} = \frac{1325 - 20A}{45}$
0-10	S	5	25	1125 = 1,325-20A
10-20	(A)	15	(15A)	20A = 1,325-1,125
20-30	15	25	375	20A = 200
30-40	(20-A)	35	(700-35A)	A = 10
40-50	5	45	225	
	$n = 45$		Σfx = 1,325-20A	

A का मूल्य प्रतिस्थापित करने पर ....$A + B = 20$

$$10 + B = 20$$

$$B = 20 - 10$$

$$B = 10$$

$\therefore$ छूटी आवृत्तियाँ हैं $A = 10$ और $B = 10$

उदाहरण 3.11: निम्नलिखित सूचना को आवृत्ति वितरण में व्यवस्थित करें और समान्तर माध्य प्राप्त करें वेतन का विस्तार परिकल्पित करें 0 से 500 रु.।

एक वेतन पाने वाले के समूह के लिए, वेतन पाने वालों का 20%, 40%, 70%, 80% पाते हैं वेतन क्रमशः रु. 50, 120, 300 और 350 से कम और 5% पाते हैं 400 रु. और ऊपर।

हलः हम लोग तालिका तैयार करें 'से कम' आवृत्ति दर्शाते हुए, आवृत्तियाँ और बची हुई आवृत्ति

वेतन रु.	**कामगारों की संख्या**	**वर्ग अन्तराल में परिवर्तन**	f	**मध्यमान** x	fx
50 'से कम'	20%	0-50	20	25	500
120 से कम	40%	50-120	20	85	1,700
300 से कम	70%	120-300	30	210	6,300
350 से कम	80%	300-350	10	325	3,250
400 से कम	*95%	350-400	15	375	5,625
500 से कम	100%	400-500	5	450	2,250
			$n = 100$		$\Sigma fx = 19,625$

टिप्पणी

1. दी गई सूचना निम्न है–
   (a) विस्तार है 0-500
   (b) 350 से कम है 80% और 400 से ज्यादा है 5%
2. * प्राप्त की गई सूचना–
   (a) 400 से कम हैं 95% और = 196.25
   (b) 500 से कम हैं 100%
3. सारणी से प्राप्त परिणाम माध्य वेतन $=\frac{\Sigma fx}{n}=\frac{19.625}{100}=196.25$ रु.

उदाहरण 3.12: निम्नलिखित समंक के लिए माध्य ज्ञात करें।

वर्ग अन्तरालः	50-59	40-49	30-39	20-29	10-19	0-9
आवृत्तिः	1	3	8	10	15	3

हलः यह आवश्यक नहीं है समंक को बहिर्वेशी वर्ग अन्तराल श्रेणी में परिवर्तित करना। हमारे लिए यह भी आवश्यक नहीं कि उन्हें हम चढ़ते क्रम में व्यवस्थित करें। मान लें हमें परिकल्पित माध्य है 34.5।

वर्ग अन्तराल	*f*	*MV* *x*	*x-A*/10 = *d*	*fd'*
50-59	1	54.5	+2	+2
40-49	3	44.5	+1	+3
30-39	8	34.5	0	0
20-29	10	24.5	-1	–10
10-19	15	14.5	-2	–30
0-09	3	4.5	-3	–9
	$n = 40$			–49
				+5
				$fd' = -44$

$$\bar{x} = A + \frac{\Sigma fd'}{n} \times c$$

$$= 34.5 + \frac{-44}{40} \times 10$$

$$= 34.5 - 11$$

$$= 23.5$$

उदाहरण 3.13: निम्नलिखित समंक से छूटी आवृत्तियाँ ज्ञात करें अगर इसका माध्य है 67.45।

ऊँचाई (ईंच में):	60-62	63-65	66-68	69-71	71-74	कुल
छात्रों की संख्याः	5	18	–	–	8	= 100

टिप्पणी

हल: हम मान लें कल्पित आवृत्तियाँ हैं A और B।

वर्ग अन्तराल	मध्यमान f	x	fx
60-62	5	61	305
63-65	18	64	1152
66-68	A	67	$(67A)$
69-71	B	70	$(70B)$
72-74	8	73	584
	$n = 100$		$\Sigma fx = 2041 + 67A+70B$

$$\bar{x} = \frac{\Sigma fx}{n}$$

$$67.45 = \frac{2{,}041 + 67A + 70B}{100}$$

$$6{,}745 = 2{,}041 + 67A + 70B$$

$$67A + 70B = 6{,}745 - 2{,}041$$

$$67A + 70B = 4{,}704$$

हमें दो समीकरण हैं युगपत समीकरणों का प्रयोग कर–

(a) $A + B = 69$---------(70 से गुणा करें) $70A + 70B = 4{,}830$

(b) $67A + 70B = 4{,}704$ $\qquad = 67A \pm 70B = 4{,}704$

$$3A = 126$$

$$A = 42$$

A के मूल्य को (a) में प्रतिस्थापित करने पर

$A + B = 69$---------$42 + B = 69$----------$B = 69 - 42 = 27$

(ii) भारित समान्तर माध्य (Weighted Arithmetic Mean)– सरल समान्तर माध्य प्रगणित करने में, यह परिकल्पित किया जाता है कि सभी मद बराबर महत्व के हैं। ऐसी स्थिति हमेशा नहीं भी हो सकती है। जब मद महत्व में विविध होते हैं उन्हें कुछ भार नियत किया जाना चाहिए उनके महत्व के समानुपात में। प्रत्येक मद का मूल्य तब इसके भार से गुणित की जाती है। गुणनफल जोड़ी जाती है और भारों की संख्या से विभाजित की जाती है, मदों की संख्या से नहीं। भागफल भारित समान्तर माध्य या औसत है। सूत्र से,

$$\bar{x}_w = \frac{\Sigma WX}{\Sigma W} \text{--------} WX = X \times W$$

$W =$ भार (Weight)

'भार' संख्या या प्रतिशत हैं जो मद के आपेक्षिक महत्व को निरूपित करती हैं। ऐसा आपेक्षिक महत्व वास्तविक या प्राक्कलित हो सकती है, या वास्तविक या सन्निकट की हुई। ये भार सभी मद को नियत की जाती है निम्नलिखित परिस्थितियों में–

(i) जब श्रेणी के परिणाम का तुलनात्मक अध्ययन किया जाता है।

(ii) जब प्रगणन अनुपातों या प्रतिशतों को समाविष्ट करती है, i.e., मृत्यु दर और जन्म दर।

(iii) जब हम सूचकांकों को प्रगणित करते हैं जिसमें आवश्यक सामानों की कीमतें अलिप्त रहती हैं जिनमें प्रत्येक का अलग महत्व होता है।

इस तरह एक विचर का भार संख्यात्मक गुणक है जो इसके आपेक्षिक महत्व को दर्शाने के लिए निर्धारित की जाती है।

उदाहरण 3.14: एक उद्योग द्वारा कोयले के खरीद की सरल और भारित औसत मूल्य परिकलित करें आधे–वर्ष के लिए और दोनों के बीच के अन्तर का लेखा।

महीनाः	जनवरी	फरवरी	मार्च	अप्रैल	मई	जून
कीमत प्रति टन (रु.):	42.50	51.25	50.00	52.00	44.25	54.00
खरीदा गया (टन में):	25	30	40	50	10	45

हलः (A) सरल समान्तर औसत कीमत खरीदे गए कोयले का प्रगणित किया जाएगा (बगैर भारों के) निम्न जैसा–

$$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n} = \frac{42.50 + 51.25 + 50.00 + 52.00 + 44.25 + 54}{6}$$

$$= \frac{294}{6} = 49 \text{ रु. प्रति टन}$$

(B) खरीदे गए कोयले का भारित समान्तर औसत प्रगणित की जाएगी खरीदे गए टन को भार मानकर निम्न जैसा,

कीमत प्रति टन (रु.) (x)	खरीदा गया (टन में) (w)	wx
42.50	25	1,062.50
51.25	30	1,537.50
50.00	40	2,000.00
52.00	50	2,600.00
44.25	10	442.50
54.00	45	2,430.00
	$\Sigma W = 200$	ΣWX =10,072.50

$$\bar{x} = \frac{\Sigma WX}{\Sigma W}$$

$$= \frac{10,072.50}{200}$$

$$= 50.3625 \text{ रु.}$$

सरल समान्तर माध्य और भारित समान्तर माध्य के बीच अन्तर है 50.3625 – 49 = 1.3625

टिप्पणी

उदाहरण 3.15: एक संवेदक तीन प्रकार के मजदूरों पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को काम पर रखता है। संवेदक पुरुष मजदूर को 30 रु., महिला मजदूर को 20 रु. और बच्चा मजदूर को 10 रु. मजदूरी देता है। संवेदक द्वारा औसत मजदूरी क्या भुगतान की गई?

हलः उदाहरण में मजदूर पुरुषों की संख्या, मजदूर महिलाओं की संख्या और मजदूर बच्चों की संख्या नहीं दी गई है। इसलिए हम लोग यादृच्छिक भार या संख्या ले सकते हैं क्रमशः 20, 15 और 5–

(A) सरल समान्तर माध्य है–

$$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n} = \frac{30+20+10}{3} = 20 \text{ रु. प्रतिदिन}$$

(B) भारित समान्तर माध्य है।

मजदूरी प्रति दिन (रु.) X	W	मजदूरों की संख्या WX
30	20	600
20	15	300
10	5	50
	$\Sigma W = 40$	$\Sigma WX = 950$

$$\bar{x} = \frac{\Sigma WX}{\Sigma W} = \frac{950}{40} = 23.75 \text{ रु. प्रतिदिन}$$

उदाहरण 3.16: निम्नलिखित तालिका दो परीक्षार्थियों का अंक देती है।

विषय	भार	अंक X के	अंक Y के
A	1	70	80
B	2	65	64
C	3	58	56
D	4	63	60

प्रत्येक परीक्षार्थी का औसत भारित माध्य ज्ञात करें। किस संख्या से दूसरे परीक्षार्थी को विषय '*B*' में अपने अंक बढ़ाने चाहिए, बाकी सभी अंक पहले के समान हों, ताकि दोनों परीक्षार्थियों को समान स्थान मिले?

हलः

विषय	भार (W)	अंक		WX	WY
		X के	Y के		
A	1	70	80	70	80
B	2	65	64	130	128
C	3	58	56	174	168
D	4	63	60	252	240
	$\Sigma W = 10$			$\Sigma WX = 636$	$\Sigma WY = 616$

X का औसत अंक है $\bar{x}_w = \dfrac{\Sigma WX}{\Sigma W} = \dfrac{626}{10} = 62.6$

Y का औसत अंक $\bar{y}_w = \dfrac{\Sigma WY}{\Sigma W} = \dfrac{616}{10} = 61.6$

जैसे, Y ने 10 अंक कम पाया है (i.e., 626-616) कुल अंकों में, वह इस अंक को विषय B में बढ़ा सकता है जहाँ भार 2 है। इसलिए 10/2 अंक होंगे जो उसे विषय B में लाने हैं (i.e., 5 अंक) ताकि वह बराबर हो जाए x के कुल अंक के।

इस तरह Y के अंक अब हैं,

Y के अंक $= (80 \times 1) + (64 + 5^*)\, 2 + (56 \times 3) + (60 \times 4)$

$= 80 + 138 + 168 + 240 = 626$

समान्तर माध्य के बीजगणितीय गुण (Algebraic Properties of Arithmetic Mean)

समान्तर माध्य के कई गुण हैं जिनमें कुछ निम्न हैं–

(1) मदों के विचलनों के योग समान्तर माध्य से हमेशा शून्य है, i.e., $\Sigma(x - \bar{x})$ या $\Sigma d = 0$

(2) मदों के विचलनों के वर्गों का योग समान्तर माध्य से निम्नतम या सबसे कम है

i.e., $\Sigma(x - x)^2$ or, $\Sigma d^2 =$ निम्नतम

(3) अगर समान्तर माध्य और दो या दो से अधिक संबंधित समूहों के मदों की संख्या ज्ञात हैं, तब उनका संयुक्त माध्य प्रगणित किया जा सकता है

संयुक्त माध्य-------- $\bar{x} = \dfrac{N_1\bar{X}_1 + N_2\bar{X}_2 + - - - + N_n\bar{X}_n}{N_1 + N_2 + - - - N_n}$

टिप्पणी

(a) समान्तर माध्य के गुण (Merits of Arithmetic Mean)

समान्तर माध्य समान्य तौर पर सभी लोगों द्वारा प्रयुक्त की जाती है और इसके निम्नलिखित लाभ हैं–

(1) यह समझने में सरल और प्रगणन में आसान है।

(2) यह शुद्ध-शुद्ध प्रगणित की जाती है और अंक सुनिश्चित होते हैं और उपयुक्त होते हैं आगे की गणितीय विवेचना के लिए।

(3) यह आवश्यक नहीं कि मूल्यों को क्रमबद्ध रूप से व्यवस्थित किया जाए।

(4) यह केन्द्र का घनत्व है जो मूल्यों को दोनों तरफ संतुलित करता है।

(b) समान्तर माध्य के दोष (Demerits of Arithmetic Mean)

समान्तर माध्य निम्नलिखित सीमाओं से ग्रसित है–

(1) आत्यंतिक मद औसत को गैर-समानुपाती ढंग से प्रभावित करती है।

(2) यह चर के दिए मूल्यों में से एक मद नहीं भी हो सकती है। यह भिन्नात्मक अंक भी दे सकती है (लोग या जानवर या मशीन) जो उपयुक्त नहीं है।

(3) यह गलत प्रभाव भी दे सकती है, अगर उचित भार प्रदान नहीं किए गए हैं।

(4) खुले वर्ग अन्तराल की स्थिति में, परिकल्पनाओं से मध्य-बिंदुएं प्राप्त की जाती हैं, जो गलत हो सकती हैं।

सीमितताओं के बावजूद समान्तर माध्य को काफी स्थिर औसत मानी जाती हैं और यह आर्थिक और व्यवसायिक सांख्यिकी में समंक के विश्लेषण में उपयोगी है। उत्पादन, खपत, बिक्री और कीमतों के समंक का औसत निकालने में एक कालावधि में।

3.3 माध्यिका (Median)

'माध्यिका' श्रेणी में उस पद का मूल्य है जो कुल क्रमबद्ध मदों को दो बराबर भागों में बाँटती है, एक भाग जिसमें सभी मूल्य इससे कम होते हैं और दूसरा भाग जिसके सभी मूल्य इससे अधिक होते हैं। इसका अर्थ है, जब चर के मूल्य क्रमबद्ध रूप से व्यवस्थित किए जाते हैं (चढ़ते हुए क्रम या गिरते हुए क्रम में उनके परिमाण के अनुसार), तब मध्य मद का मान माध्यिका है।

माध्यिका एक स्थैतिक माध्य है। इसके नीचे के मदों की संख्या इसके ऊपर के मदों की संख्या के बराबर है। यह मध्य स्थान घेरता है। इसलिए यह क्रमबद्ध वितरण में ठीक मध्य का मान है। यह वास्तविक मान हो सकता है (श्रेणी में

टिप्पणी

से एक मद) या यह आन्तरगणित (Interpolated) हो सकता है दो मूल्यों के बीच। यह संकेत 'Me' द्वारा निरूपित होता है।

अगर छात्रों की एक कक्षा में, संख्या में 23 (विषम), कहे जाते हैं अपनी ऊँचाई के हिसाब से खड़े होने के लिए तो 12वाँ छात्र किसी भी तरफ से एक होगा जिसकी ऊँचाई कक्षा की माध्यिका ऊँचाई होगी। माध्यिका मूल्य चुनने की यह विधि संकेत रूप में निम्न प्रकार से अभिव्यक्त की जा सकती है।

Me आकार है $\left(\frac{n+1}{2}\right)$ th मद का, जहाँ '*Me*' माध्यिका (मध्य पद) को प्रदर्शित करता है, और 'n' मदों की संख्या।

(a) व्यक्तिगत अवलोकन (Individual Observation)

अगर एक कक्षा के विद्यार्थी, संख्या में 24 (सम), कहे जाते हैं खड़े होने के लिए उनकी ऊँचाई के अनुसार, $\left(\frac{n+1}{2}\right)$ th मद का आकार 12th और 13th छात्र के बीच में पड़ेगा, i.e., 12.5th मद। तब, हमें 12वें और 13वें छात्र की औसत ऊँचाई लेनी है कक्षा की माध्य ऊँचाई के लिए

स्थिति I: निम्नलिखित समंक का माध्यिका मूल्य ज्ञात करें–

43, 62, 15, 80, 56, 72, 34, 8, 25

हलः समंक को क्रमबद्ध रूप से व्यवस्थित करें क्रम संख्या के साथ।

क्रम संख्याः	1	2	3	4	**5**	6	7	8	9
***X*:**	8	15	25	34	**43**	56	62	72	80

माध्यिका $\left(\frac{n+1}{2}\right)$th मद का आकार है।

$\therefore \frac{9+1}{2}$ th मद = 5वाँ मद

$Me = 43$

स्थिति II: निम्नलिखित का माध्यिका मूल्य ज्ञात करें–

36, 5, 19, 26, 6, 28, 56, 18, 63, 4

हलः क्रमबद्ध रूप में समंक को व्यवस्थित करें क्रम संख्या के साथ।

क्रम संख्याः	1	2	3	4	5	↓	6	7	8	9	10
X:	4	5	6	18	19	↑	26	28	36	36	63

माध्यिका $\frac{n+1}{2}$th मद का आकार है।

$\therefore \frac{10+1}{2}$th मद $= 5.5$ वाँ मद

टिप्पणी

मद पाँचवें और छठे मद के बीच पड़ता है।

इसलिए दो मूल्य हैं, i.e., 19 और 26।

तब माध्यिका मान इन दोनों मूल्यों का औसत होगा।

i.e., $$\frac{19+26}{2} = \frac{45}{2} = 22.5$$

$$Me = 22.5$$

(b) विछिन्न श्रेणी (Dispersion Series)

विच्छिन्न श्रेणी में, मूल्य पहले से क्रमबद्ध होते हैं और आवृत्तियाँ प्रत्येक मूल्य के विरुद्ध आलेखित होती हैं। यद्यपि, $\left(\frac{n+1}{2}\right)$वाँ मद के आकार को निर्धारित करने के लिए, एक अलग स्तंभ तैयार की जाती है संचयी आवृत्ति के लिए। माध्यिका आकार पहले संचयी आवृत्ति के संदर्भ में निर्धारित की जाती है जो पहले आकार को आच्छादित करती है। तब, उस संचयी आवृत्ति के विरुद्ध मूल्य अवस्थित होगी माध्यिका मूल्य की। उदाहरण के लिए,

निम्नलिखित आवृत्ति वितरण है–

अंक (x)	छात्रों की संख्या (f)	$c.f.$
10	10	10
20	16	26
30	18	44
→ 40	13	57 ←
50	6	63
60	3	66
70	8	74
80	4	78
90	6	84
100	6	90
	$n = 90$	

माध्यिका $\frac{n+1}{2}$ th मद का आकार है।

$\therefore \frac{90+1}{2} = 45.5$ वाँ मद

यह 57 c.f. में पड़ता है।

57 *c.f.* के विरुद्ध मूल्य 40 है

$\therefore$ माध्यिका अंक 40 है।

नोटः माध्यिका मूल्य चिन्हित की जाती है आपेक्षिक *c.f.* के निर्धारण से जिसमें $\frac{n+1}{2}$ th मद पड़ता है।

उदाहरण 3.17: 15 छात्रों की कक्षा में, 5 छात्र एक टेस्ट में अनुत्तीर्ण हुए। 10 छात्रों के अंक जो पास किए थे 9, 6, 7, 8, 9, 6, 5, 4, 7 और 8। 15 छात्रों का माध्यिका अंक क्या था?

हलः मान लें अंक क्रम से व्यवस्थित है और क्रमशः आवृत्तियाँ आलेखित हैं।

x	f	$c.f.$
0	5 अनुत्तीर्ण	
1		
2		
3		5
4	1	6
5	1	7
6	2	9
7	2	11
8	2	13
9	2	15
	$n = 15$	

माध्यिका $\frac{n+1}{2}$ th मद का आकार है।

$\frac{15+1}{2}$ th मद $= 8$वाँ मद

यह 9 $c.f.$ में पड़ता है।

9 $c.f.$ के विरुद्ध मूल्य 6 है

↥ माध्यिका अंक 6 है।

उपर्युक्त उदाहरण हल किया जा सकता है यह मानकर कि समंक व्यक्तिगत अवलोकन रूप में है।

टिप्पणी

5* अनुत्तीर्ण +10 उत्तीर्ण

S. No.— 1 2 3 4 5↥	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
x: → 5 छात्र अनुत्तीर्ण	4	5	6	6	7	7	8	8	9	9

माध्यिका $\frac{n+1}{2}$ th मद है। इसलिए यह $\frac{15+1}{2}$ वाँ मद, i.e., 8वाँ मद है। 8वें मद का अंक 6 है।

(c) सतत श्रेणी (Continuous Series)

सतत श्रेणी के अधीन माध्यिका मूल्य निकालने की एक अलग विधि अपनाई जाती है। वर्ग अंतराल पहले से क्रमबद्ध रूप में होते हैं और आवृत्तियाँ प्रत्येक वर्ग अंतराल के विरुद्ध आलेखित की जाती हैं। आकार निर्धारित करने के लिए हमें $\frac{n}{2}$ वाँ मद लेना चाहिए और माध्यिका वर्ग निर्धारित की जाती है संचयी आवृत्ति के संदर्भ में जो पहले आकार ग्रहण करती है। जब माध्यिका वर्ग निर्धारित की जाती है, माध्यिका मूल्य आन्तरगणित की जाती है निम्नलिखित सूत्र की सहायता से :

$$Me = l + \frac{\frac{n}{2} - m}{f} \times c \qquad \text{or} \qquad Me = l + \frac{c}{f}\left(\frac{n}{2} - m\right)$$

l = माध्यिका वर्ग की निम्न सीमा

m = माध्यिका वर्ग के पूर्ववर्ती वर्ग की संचयी आवृत्ति

n = आवृत्तियों की कुल संख्या

c = माध्यिका वर्ग का परिमाण

f = माध्यिका वर्ग की आवृत्ति

टिप्पणी

निम्नलिखित उदाहरण हैं–

स्थिति I: निम्नलिखित समंक का माध्यिका मूल्य ज्ञात करें।

वर्ग अन्तरालः	10-15	15-20	20-25	25-30	30-35	35-40
***f*:**	6	18	9	10	4	3

हलः

वर्ग अन्तराल	f	$c.f.$
10-15	6	6
15-20	18	24(m)
20-25	9(f)	33 ←
25-30	10	43
30-35	4	57
35-40	3	50
	$n = 50$	

माध्यिका $\frac{n}{2}$ वें मद का आकार है।

$\therefore \frac{50}{2}\text{th} = 25$वाँ मद

यह 33 संचयी आवृत्ति ($c.f.$) में पड़ता है।

33 $c.f.$ के विरुद्ध माध्यिका वर्ग (20-25) है।

$l = 20 \quad n = 50 \quad f = 9$

$m = 24 \quad c = 5$

$$Me = 1 + \frac{\frac{n}{2} - m}{f} \times c$$

$$= 20 + \frac{\frac{50}{2} - 24}{9} \times c = 20 + \frac{25 - 24}{9} \times 5 = 20 + \frac{1}{9} \times 5$$

$$= 20 + \frac{5}{9} = 20 + 0.5555 = 20.5555$$

स्थिति II: निम्नलिखित समंक का माध्यिका मूल्य ज्ञात करें।

***C.I.*:**	4-7	8-11	12-15	16-19	20-23	24-27
***f* :**	12	23	40	65	17	3

हलः चूँकि यहाँ अन्तर्वेशी वर्ग-अन्तराल वितरण है, हम लोग इसे बहिर्वेशी वर्ग अन्तराल श्रेणी में परिवर्तित करेंगे।

टिप्पणी

C.I.	f.	c.f.
3.5-7.5	12	12
7.5-11.5	23	35
11.5-15.5	40	75(m)
15.5-19.5	65	140 ←
19.5-23.5	17	157
23.5-27.5	3	160
	$n = 160$	

माध्यिका $\frac{n}{2}$th मद का आकार है।

$\therefore \frac{160}{2} = 80$वाँ मद

यह 140 $c.f.$ में पड़ता है।

140 $c.f.$ के विरुद्ध माध्यिका वर्ग (15.5-19.5) है।

$l = 15.5 \quad n = 160 \quad f = 65$

$m = 75 \quad c = 4$

$$Me = 1 + \frac{\frac{n}{2} - m}{f} \times c$$

$$= 15.5 + \frac{\frac{160}{2} - m}{65} \times 4 = 15.5 + \frac{80 - 75}{65} \times 5$$

$$= 15.5 + \frac{5}{65} \times 4 = 15.5 + \frac{20}{65} = 15.5 + 0.307069$$

$$= 15.80769$$

उदाहरण 3.18: निम्नलिखित समंक की माध्यिक परिकलित करें।

से कमः	10	20	30	40	50	60	70	80
आवृत्तिः	4	16	40	76	96	112	120	125

हलः हम समंक को परिवर्तित करें 'से कम' आवृत्ति वितरण से सामान्य वितरण में

C.I.	f.	c.f.
10 से कम	4	4
10-20	12	16
20-30	24	40 (m)
(l) 30-40	36 (f)	76 ←
40-50	20	96
50-60	16	112
60-70	8	120
70-80	5	125
	$n = 125$	

माध्यिका $\frac{n}{2}$वाँ मद का आकार है।

$\therefore \frac{125}{2}$वाँ $= 62.5$वाँ मद

यह 76 $c.f.$ में पड़ता है।

76 $c.f.$ के विरुद्ध माध्यिका वर्ग है। (30-40).

$$Me = 1 + \frac{\frac{n}{2} - m}{f} \times c$$

$$= 30 + \frac{\frac{125}{2} - 40}{36} \times 10$$

$$= 30 + \frac{62.5 - 40}{36} \times 10$$

$$= 30 + \frac{22.5}{36} \times 10 = 30 + \frac{225}{36} = 30 + 6.25 = 36.25$$

टिप्पणी

उदाहरण 3.19: निम्न समंक की माध्यिका परिकलित करें।

से ज्यादाः	10	20	30	40	50	60	70	80
आवृत्तियाँः	115	103	88	68	43	23	13	3

हलः हम समंक को 'से ज्यादा' आवृत्ति वितरण से सामान्य वितरण में परिवर्तित करें।

C.I.	*f.*	*c.f.*
10-20	12	12
20-30	15	27
30-40	20	47 (m)
40-50	25 (f)	72 ←
50-60	20	92
60-70	10	102
70-80	10	112
80 और ज्यादा	3	115
	$n = 115$	

माध्यिका $\frac{n}{2}$ वाँ मद का आकार है।

$\therefore \frac{115}{2}$ वाँ = 57.5वाँ मद

यह 72 *c.f.* में पड़ता है।

72 *c.f.* के विरुद्ध माध्यिका वर्ग है। (40-50).

सामान्य आवृत्तियाँ

नोट : 115 - 103 = 12

103 - 88 = 15

88 - 68 = 20------आदि

$$Me = l + \frac{\frac{n}{2} - m}{f} \times c$$

$$= 40 + \frac{\frac{115}{2} - 47}{25} \times 10 = 40 + \frac{57.5 - 47}{25} \times 10 = 40 + \frac{10.5}{25} \times 10$$

$$= 40 + \frac{105}{25} = 40 + 4.2 = 44.2$$

उदाहरण 3.20: निम्नलिखित समंक से छूटी हुई आवृत्ति ज्ञात करें अगर माध्यिका 50 है।

वर्ग अन्तरालः	10-20	20-30	30-40	40-50	50-60	60-70
आवृत्तियाँः	2	8	6	....	15	10

हलः हम मान लें छूटी आवृत्ति 'A' है।

टिप्पणी

C.I.	f.	c.f.
10-20	2	2
20-30	8	10
30-40	6	16
40-50	(A)	16+A
50-60	15(f)	31+A ←
60-70	10	41+A
	$n = 41 + A$	

माध्यिका 50 दी गई है।

∴ माध्यिका वर्ग है 50-60

$$Me = 1 + \frac{\frac{n}{2} - m}{f} \times c$$

$$50 = 50 + \frac{\frac{41+A}{2} - (16+A)}{15} \times 10$$

$$0 = \frac{\frac{41+A}{2} - 16 - A}{15} \times 10$$

$$0 = \frac{205 + 5A - 160 - 10A}{15}$$

$$0^* = 205 + 5A - 160 - 10A$$

$$5A = 205 - 160$$

$$5A = 45$$

$$A = 9$$

∴ छूटी हुई आवृत्ति 9 है।

नोटः $15 \times 0 = 0$

उदाहरण 3.21: 1,000 मजदूरी पाने वाले के समूह में, 4% की मासिक मजदूरी 60 रु. से कम है और 15% की 62.50 रु. से कम। 15% में 95 रु. या अधिक पाया, और 5% 100 रु. या अधिक पाया। माध्यिका मजदूरी ज्ञात करें।

हलः हम तालिका तैयार करें विभिन्न प्रकार का % आवृत्ति दर्शाते हुए और तब इसे वास्तविक आवृत्ति में परिवर्तित करें।

मासिक मजदूरी (रु.)	आवृत्तिया f	C.I.	F%	(1000)f	c.f.
60 से कम	4%	0-60	4%	40	40
62.50 से कम	15%	60-62.5	11%	110	150 m
62.50-95	(अंतर)	62.5-95	70%	700	850 ←
95 से अधिक	15%	95-100	10%	100	950
100 और अधिक	5%	100 और अधिक	5%	50	1,000
			कुल 100%	$n = 1,000$	

माध्यिका $\frac{n}{2}$ वें मद का आकार है। ∴ $\frac{1,000}{2}$ वाँ = 500 वाँ मद

टिप्पणी

यह 850 *c.f.* में पड़ता है।

850 c.f. के विरुद्ध माध्यिका वर्ग है (62.5-95) और $c = 32.50$

$$Me = 1 + \frac{\frac{n}{2} - m}{f} \times c$$

$$= 62.5 + \frac{\frac{1{,}000}{2} - 150}{700} \times 32.5 = 62.5 + \frac{500 - 150}{700} \times 32.5$$

$$= 62.5 + \frac{350}{700} \times 32.5 = 62.5 + (0.5)32.5$$

$$= 62.5 + 16.25 = 78.75$$

उदाहरण 3.22: एक अपूर्ण वितरण नीचे दी गई है।

ऊँचाई (ईंचों में):	5.1-6.0	6.1-7.0	7.1-8.0	8.1-9.0	9.1-10	10.1-11	11.1-12
पौधों की संख्याः	3	8	27	—	17	11	9

यह ज्ञात है कि एक पौधे की माध्यिका ऊँचाई 8.53 ईंच है। छूटी हुई आवृत्ति परिकलित करें।

हलः हम मान लें कि छूटी हुई आवृत्ति '*A*' है। हमें वर्ग अन्तराल को अन्तर्वेशी विधि में निम्न जैसा समायोजित करना है।

ऊँचाई ईंचों में *C.I.*	*f.*	*c.f.*
5.05-6.05	3	3
6.05-7.05	8	11
7.05-8.05	27	38 (*m*)
(*l*) 8.05-9.05	(*A*) (*f*)	38 + *A* ←
9.05-10.05	17	55 + *A*
10.05-11.05	11	66 + *A*
11.05-12.05	9	75 + *A*
	$n = 75 + A$	

माध्यिका मान दिया गया है i.e. 8.53

∴ माध्यिका वर्ग (8.05-9.05) है।

$$M = 1 + \frac{\frac{n}{2} - m}{f} \times c$$

$$8.53 = 8.05 + \frac{\frac{75 + A}{2} - 38}{A}$$

$$0.48 = \frac{\frac{75 + A}{2} - 38}{A}$$

$$0.48A = \frac{75 + A}{2} - 38 - - - (\times 2)$$

$$0.96A = 75 + A - 76$$

$$0.96A = A - 1$$

$$-0.04A = -1$$

$$A = 25$$

∴ छूटी हुई आवृत्ति 25 है।

टिप्पणी

माध्यिका की विशेषताएं (Properties of Median)

माध्यिका के निम्नलिखित अभिलक्षण हैं–

(i) मदों के विचलनों का योग मध्यिका से (ऋणात्मक चिन्हों को नज़रअंदाज़ करने पर) सबसे कम होगी या छोटी होगी अपेक्षया किसी भी दूसरे मूल्य से प्राप्त करने पर।

(ii) यह सिर्फ स्थैतिक औसत है जो गणितीय सूत्र की सहायता से परिकलित की जाती है आन्तरगणन पर आधारित।

माध्यिका के गुण (Merits of Median)

माध्यिका लाभदायक है जब हमें वांछित होता है मद की स्थिति को मापना। निम्नलिखित लाभ हैं माध्यिका के–

(i) यह समझने और परिकलित करने में आसान है।

(ii) यह चर के आत्यंतिक मूल्यों को खत्म कर देता है जिससे यह प्रभावित नहीं है।

(iii) यह आगे के बीजगणितीय प्रयोग में समर्थ है दूसरी मापों का विश्लेषण करने के लिए।

(iv) यह क्रमबद्ध समंक के सिर्फ निरीक्षण से भी निर्धारित किया जा सकता है।

(v) यह लेखाचित्र से भी निर्धारित किया जा सकता है तोरण (Ogives) की सहायता से ('से कम' और 'से अधिक' आवृत्ति वक्र)।

(vi) यह सबसे उपयुक्त औसत है जहाँ प्रत्यक्ष संख्यात्मक माप संभव नहीं है।

(vii) यह वितरण के मध्य मद के मूल्य को इंगित करता है।

माध्यिका के दोष (सीमाएं) (Demerits (Limitations) of the Median)

माध्यिका निम्न सीमाओं से ग्रसित है–

(i) यह मदों का हमेशा प्रतिनिधि नहीं भी हो सकता है चूँकि यह आत्यंतिक मूल्यों की उपेक्षा कर देता है।

(ii) यह परिशुद्धता से निर्धारित नहीं किया जा सकता है जब इसका आकार दो मूल्यों के बीच पड़ता है।

(iii) यह किसी सरल गणितीय विधि द्वारा निर्धारित होने में समर्थ नहीं है।

(iv) यह उन स्थितियों में लाभदायक नहीं है जहाँ आत्यंतिक मूल्यों को बड़े भार दिए जाते हैं, क्योंकि यह सभी आवृत्तियों को एक समान निरूपित करता है।

टिप्पणी

(v) इसमें वांछित होता है समंक को क्रमबद्ध करना इसके निर्धारण से पहले, जो काफी कार्य से संबद्ध है।

(vi) यह अनियत है (अस्वभाविक) अगर मदों की संख्या काफी छोटी है।

सीमितताओं के बावजूद, माध्यिका उपयोगी है और यह शुद्ध माप है वैसी स्थितियों में जिसमें वितरण के खुले सिरे वाले वितरण होते हैं। यह बारंबार प्रयुक्त होता है जहाँ चर के मूल्य काफी उच्चावचन वाले होते हैं मदों की संख्या की तुलना में जहाँ ऐसे मूल्य माध्य को विकृत कर देते हैं।

3.4 चतुर्थक (Quartiles)

चतुर्थक भी स्थैतिक औसत है माध्यिका जैसा। जैसे माध्यिका मूल्य पूरे वितरण को दो भागों में बाँटता है, चतुर्थक (Q_1, Q_2 और Q_3) पूरे वितरण को चार बराबर भागों में बाँटता है–

1. **पहला चतुर्थक (निम्न चतुर्थक)**– मूल्य है जिसके नीचे मदों का एक चौथाई होता है और उसके ऊपर मदों के तीन चौथाई होते हैं।
2. **दूसरा चतुर्थक (माध्यिका)**– पूरे वितरण को दो भागों में बाँटता है।
3. **तीसरा चतुर्थक (ऊपरी चतुर्थक)**– मूल्य है जिसके नीचे मदों के तीन चौथाई होते हैं और उसके ऊपर मदों का एक चौथाई होता है।

चतुर्थक मूल्य उन्हीं सिद्धान्तों से निर्धारित होती हैं जैसा माध्यिका मूल्य के लिए है। निम्नलिखित विधि है आकार को निर्धारित करने में–

माप	व्यक्तिगत और विच्छिन्न श्रेणी	सतत श्रेणी
Q_1	$\frac{n+1}{4}$ वाँ मद	$\frac{n}{4}$ वाँ
Q_2	$\frac{2(n+1)}{4}$ वाँ या $\frac{n+1}{2}$ वाँ मद	$\frac{2n}{4}$ वाँ या $\frac{n}{2}$ वाँ मद
Q_3	$\frac{3(n+1)}{4}$ वाँ मद	$\frac{3n}{4}$ वाँ मद

उदाहरण 3.23: निम्नलिखित मूल्यों से चतुर्थक ज्ञात करें।

19, 27, 24, 39, 57, 44, 56, 50, 59, 67,

62, 42, 47, 60, 26, 34, 57, 51, 59, 45

हल: हम समंक को क्रमबद्ध रूप में व्यवस्थित करें।

टिप्पणी

क्रम संख्या		x	क्रम संख्या		x
1	-------	19	11	-------	50
2	-------	24	12	-------	51
3	-------	26	13	-------	56
4	-------	27	14	-------	57
5	-------	34	15	-------	57
$(Q_1)\rightarrow 6$	-------	39	$(Q_3)\rightarrow 16$	-------	59
7	-------	42	17	-------	59
8	-------	44	18	-------	60
9	-------	45	19	-------	62
$(M_e)\rightarrow 10$	-------	47	20	-------	67

इस श्रेणी में $n = 20$

Q_1 $\frac{n+1}{4}$वाँ मद का आकार है

$\therefore \frac{20+1}{4}$वाँ $= 5.25$वाँ मद

5.25वाँ मद 5वें और 6 के बीच.............i.e., 34 और 39

$Q_1 = 5$वाँ मद $+ 0.25$ दो मूल्यों के बीच का अन्तर

$= 34 + 0.25\,(39\text{-}34) = 34 + 0.25\,(5)$

$34 + 1.25 = 35.25$

Q_2 या माध्यिका $\frac{n+1}{2}$वाँ मद का आकार

$\therefore \frac{20+1}{2}$वाँ $= 10.5$वाँ मद

10.5वाँ मद 10 और 11 के बीच पड़ता है..............i.e., 47 और 50

$M_e = 10$वाँ मद $+ 0.5$ का दो मूल्यों के बीच अन्तर

$= 47 + 0.5\,(50 - 47) = 47 + 0.5\,(3) = 47 + 1.5 = 48.5$

Q_3 आकार है $\frac{3(n+1)}{4}$वाँ मद

$\frac{3(20+1)}{4}$वाँ $= 15.75$वाँ मद

15.75वाँ मद 15 और 16 के बीच पड़ता है...........i.e., 57 और 59

$Q_3 = 15$वाँ मद $+ 0.75$ का दो मूल्यों के बीच अन्तर

$= 57 + 0.75\,(59\text{-}57) = 57 + 0.75(2) = 57 + 1.50 = 58.50$

टिप्पणी

उदाहरण 3.24: निम्नलिखित अंकों से ज्ञात करें Q_1, माध्यिका और Q_3 अंक,

23, 48, 34, 68, 15, 36, 24, 54, 65, 75

92, 10, 70, 61, 20, 47, 83, 19, 77

हलः समंक को क्रमबद्ध रूप में व्यवस्थित करें।

क्रम संख्या	-------	x
1	-------	10
2	-------	15
3	-------	19
4	-------	20
$Q_1 \rightarrow 5$	-------	$23 \leftarrow Q_1$
6	-------	24
7	-------	34
8	-------	36
9	-------	47
$M_e \rightarrow 10$	-------	$48 \leftarrow M_e$
11	-------	54
12	-------	61
13	-------	65
14	-------	68
$Q_3 \rightarrow 15$	-------	$70 \leftarrow Q_3$
16	-------	75
17	-------	77
18	-------	83
19	-------	92

$n = 19$

Q_1 आकार है $\frac{n+1}{4}$वाँ मद का

$\therefore \frac{19+1}{4}$वाँ $= 5$वाँ मद

5वाँ मद 23 है $Q_1 = 23$

M_e आकार है $\frac{n+1}{2}$वाँ मद

$\frac{19+1}{2}$वाँ $= 10$वाँ मद

10वाँ मद 48 है $M_e = 48$

Q_3 आकार है $\frac{3(n+1)}{4}$ वाँ मद का

$\frac{3(19+1)}{4}$वाँ $= 15$वाँ मद

15वाँ मद है 70 $Q_3 = 70$

उदाहरण 3.25: निम्नलिखित समंक से माध्यिका और चतुर्थक ज्ञात करें।

जूते का आकारः	4.0	4.5	5.0	5.5	6.0	6.5	7.0	7.5	8.0
आवृत्तियाँः	20	36	44	50	80	30	30	16	14

हलः हम तालिका तैयार करें संचयी आवृत्ति दर्शाते हुए विभाजन मूल्यों का स्थान निर्धारण करने के लिए।

टिप्पणी

x	f	$c.f.$
4.0	20	20
4.5	36	56
$Q_1 \rightarrow$ 5.0	44	100 $\leftarrow Q_1$
5.5	50	150
$M_e \rightarrow$ 6.0	80	230 $\leftarrow M_e$
$Q_3 \rightarrow$ 6.5	30	260
7.0	30	290
7.5	16	306
8.0	14	320
	$n = 320$	

Q_1 आकार है $\frac{n+1}{4}$वाँ मद का

$\therefore \frac{320+1}{4}$वाँ $= 80.25$वाँ

80.25वाँ मद पड़ता है 100 $c.f.$ में

100 $c.f.$ के विरुद्ध मूल्य है 5.0
$Q_1 = 5.0$

Me आकार है $\frac{n+1}{2}$वाँ मद का

$\therefore \frac{320+1}{2}$वाँ $= 160.50$वाँ मद

160.50वाँ मद 230 $c.f.$ में पड़ता है।

$c.f.$ 230 के विरुद्ध मूल्य है 6.

Q_2 या $M_e = 6.0$

Q_3 आकार है $\frac{3(n+1)}{4}$वाँ मद का

$\therefore \frac{3(320+1)}{4}$वाँ $= 240.75$वाँ

240.75वाँ मद 260 $c.f.$ में पड़ता है 260 $c.f.$ के विरुद्ध मूल्य है 6.5 $Q_3 = 6.5$

उदाहरण 3.26: निम्नलिखित समंक से चतुर्थक प्रगणित करें।

वर्ग अन्तरालः	0-10	10-20	20-30	30-40	40-50	50-60	60-70	70-80
***f*%**	5	8	7	12	28	20	10	10

हलः

C.I.	*f.*	*c.f.*
0-10	5	5
10-20	8	13
20-30	7	20 $(m)_1$
(l_1) 30-40	12(f_1)	32 $(m)_2$
(l_2) 40-50	28(f_2)	60 $(m)_3$
(l_3) 50-60	20(f_3)	80
60-70	10	90
70-80	10	100
	$n = 100$	

टिप्पणी

Q_1 आकार है $\frac{n}{4}$वाँ मद का। $\therefore \frac{100}{4}$वाँ $= 25$वाँ मद

25वाँ मद 32 *c.f.* में पड़ता है

32 c.f. के विरुद्ध वर्ग अन्तराल है (30-40)

$$Q_1 = l + \frac{\frac{n}{4} - m}{f} \times c = 30 + \frac{\frac{100}{4} - 20}{12} \times 10$$

$$= 30 + \frac{25 - 20}{12} \times 10 = 30 + \frac{5}{12} \times 10$$

$$= 30 + \frac{50}{12} = 30 + 4.1667 = 34.1667$$

Q_2 या M_e आकार है $\frac{n}{2}$वाँ मद का। $\therefore \frac{100}{2}$वाँ $= 50$वाँ मद

50वाँ मद 60 c.f. में पड़ता है।

60 *c.f.* के विरुद्ध वर्ग अन्तराल (40-50) है।

$$M_e = l + \frac{\frac{n}{2} - m}{f} \times c = 40 + \frac{\frac{100}{2} - 32}{28} \times 10$$

$$= 40 + \frac{50 - 32}{28} \times 10 = 40 + \frac{18}{28} \times 10$$

$$= 40 + \frac{180}{28} = 40 + 6.4286 = 46.4286$$

Q_3 या M_e आकार है $\frac{3n}{4}$वाँ मद का। $\therefore \frac{3(100)}{4}$वाँ $= 75$वाँ मद

75वाँ मद 80 *c.f.* में पड़ता है

80 *c.f.* के विरुद्ध वर्ग अन्तराल है (50-60)

$$Q_3 = l + \frac{\frac{3n}{4} - m}{f} \times c = 50 + \frac{\frac{3(100)}{4} - 60}{20} \times 10$$

$$= 50 + \frac{75 - 60}{20} \times 10 = 50 + \frac{15}{20} \times 10$$

$$= 50 + \frac{150}{20} = 50 + 7.5 = 57.5$$

दूसरे विभाजन मूल्यों के लिए (For other division of values)

समान विधि, जिससे माध्यिका निर्धारित की जाती है, को बढ़ाई जा सकती है श्रेणी को बाँटने के लिए कितने भी भागों में। विभाजन मूल्य लाभदायक हैं श्रेणी के यथार्थ संविरचना को जानने में शैक्षिक और मनोविज्ञानिक अध्ययनों में। निम्न विभिन्न विभाजन मूल्य हैं जो दिए समंक को विभिन्न भागों में बाँटती हैं।

माप	मूल्य	भाग	संकेत	टिप्पणी
चतुर्थक	तीन	चार	Q_1, Q_2, Q_3	$Q_2 = M_e$
माध्यिका	एक	दो	M_e	
पंचमक	चार	पाँच	Qt_1, Qt_2, Qt_3, Qt_4	
दशमक	नौ	दस	$D_1 \ldots\ldots D_9$	$D_5 = M_e$
शतमक	निन्यानबे	सौ	$D_1 \ldots\ldots D_{99}$	$D_{50} = M_e$

3.5 बहुलक (Mode)

यह मूल्य है जो अधिकतम आवृत्ति के साथ घटित होता है। यह सबसे प्रारूपिक या समान मूल्य है जो उच्चतम आवृत्ति प्राप्त करती है। यह फैशन को प्रदर्शित करता है और अधिकतर यह व्यवसाय में प्रयुक्त होता है। इस तरह, यह चर के उस मूल्य के संगत है जो सबसे ज्यादा बार आता है। आवृत्ति वितरण का बहुलक वर्ग सबसे अधिक आवृत्ति का वर्ग है। यह संकेत 'Z' से द्योतित होता है।

बहुलक चर का वह मूल्य है जो श्रेणी में सबसे अधिक बार पुनरावृत्त होती है। एक श्रेणी में मद का आकार प्रायिक है, आकस्मिक नहीं। यह अधिकतम घनत्व के स्थान पर पड़ता है। अगर हम कहते हैं कि एक कक्षा के छात्रों का बहुलक अंक 40 है, हमारा अर्थ है कि छात्रों की सबसे बड़ी संख्या ने 40 अंक प्राप्त किया है। इसका अर्थ है 40 के चारों तरफ छात्रों की संख्या प्रवृत्त है सबसे अधिक संघनित। जब हम 'सबसे प्रायिक वेतन' 'सबसे सर्वसामान्य ऊँचाई या 'सबसे समान अंक' की बात करते हैं, हमें ध्यान में होता है 'बहुलक मान'। जब एक डाक्टर वक्तव्य देता है कि सर्दी-बुखार से ठीक होने की सामान्य अवधि एक सप्ताह है, उसका अर्थ है कि यह बहुलक अवधि है।

अगर प्रत्येक अवलोकन समान बार घटित होती है, हम कह सकते हैं कि कोई 'बहुलक नहीं हैं'। अगर दो अवलोकन बराबर बार घटित होते हैं हम कह सकते हैं यह 'द्वि-बहुलक' (Bi-modal) की स्थिति है। अगर तीन या अधिक अवलोकन बराबर बार घटित होती है, हम कह सकते हैं कि यह 'बहु-बहुलक' (Multi-modal) स्थिति है। अगर एकल अवलोकन है जो अधिकतम बार घटित होता है, हम कह सकते हैं यह 'एकल-बहुलक' (Uni-modal) की स्थिति है।

टिप्पणी

A. बहुलक का निर्धारण (Determination of Mode)

जब वितरण 'एकल-बहुलक' है, बहुलक का निर्धारण बहुत आसान है। कभी-कभी यह संभाव्य है कि वितरण में कई अनियमितताएं हों और यह कठिन हो जाय बहुलक का निर्धारण करना। इन स्थितियों में आवृत्तियाँ 'समूहन' (grouping) विधि द्वारा समायोजित की जाती है, i.e., समूहों का विस्तार करना जिसमें आवृत्तियाँ पड़ती हैं जब तक मद का बहुलक आकार या बहुलक वर्ग अपने को प्रकट ना कर दे–

(i) व्यक्तिगत अवलोकन (Individual Mode)– बहुलक मूल्य निर्धारित की जाती है सिर्फ निरीक्षण द्वारा। साधारणतः क्रमबद्धता मदद करती है मूल्यों को जल्दी से गिनने में।

उदाहरण के लिए,

स्थिति I: निम्नलिखित चर के मूल्य हैं–

54,	66,	42,	64,	44,	86,	104,	94,	100,	80
72,	64,	64,	44,	64,	72,	54,	48,	52,	50

बहुलक '64' है चूँकि यह सबसे अधिक बार (चार बार) श्रेणी में आया है। इसलिए बहुलक स्पष्ट रूप से परिभाषित है और यह 'एकल-बहुलक' स्थिति है।

स्थिति II: निम्नलिखित चर के मूल्य हैं–

122,	234,	638,	410,	512,	270,	900,	175
365,	195,	283,	234,	175,	115,	310,	208
175,	410,	638,	195,	512,	234,	600,	415

यहाँ दो बहुलक हैं, i.e., 175 और 234 दोनों तीन बार घटती हैं। इसलिए, बहुलक स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं है। यह 'द्वि-बहुलक' स्थिति है।

जब मदों की संख्या बढ़ती है, हम लोग समंक को विच्छिन्न रूप में परिवर्तित कर सकते हैं। तब, मूल्य जिसका अधिकतम आवृत्ति होगा बहुलक मानी जाएगी।

(ii) विच्छिन्न श्रेणियाँ (Dispersion series)– बहुलक मूल्य निर्धारित की जा सकती है आवृत्ति स्तंभ के सिर्फ निरीक्षण द्वारा। यह वह मूल्य है जो अधिकतम आवृत्ति के साथ घटित होती है। अगर श्रेणी में नियमितता और समांगता है, बहुलक आसानी से निरीक्षण द्वारा निर्धारित की जा सकती है।

अगर नियमितता और समांगता नहीं है आवृत्ति वितरण में, बहुलक का निर्धारण एक कठिन कार्य होगा। तब, समूहन विधि का सहारा लिया जा सकता है बहुलक मूल्य या वर्ग को चिन्हित करने के लिए।

टिप्पणी

समूहन (Grouping)– इस विधि के अधीन, आवृत्तियाँ समायोजित की जाती हैं समूह का विस्तार करके जिनमें वे पड़ती है जब तक मद का एक बहुलक आकार या समूह अपने आप को प्रकट ना कर दे।

आवृत्ति स्तंभ को पहले स्तंभ की तरह व्यवहार करें और उच्चतम आवृत्ति (या समान संख्या की आवृत्तियाँ) को चिन्हित करें। दूसरे स्तंभ में, पहले स्तंभ के, पहले और दूसरे आवृत्तियों को जोड़े, तीसरे और चौथे आवृत्तियों को जोड़ें और इसी तरह आगे, और आवृत्तियों को आलेखित करें। तीसरे स्तंभ में, फिर पहले स्तंभ के, दूसरी और तीसरी आवृत्ति जोड़ें, चौथी और पाँचवीं आवृत्ति और आगे, और आवृत्तियों को आलेखित करें। चौथे स्तंभ में पुनः पहले स्तंभ के, पहले, दूसरे और तीसरे आवृत्ति को जोड़ें, चौथा, पाँचवा और छठा आवृत्ति को जोड़ें और इसी तरह आगे, तथा आवृत्तियों को आलेखित करें। यह विधि तब तक जारी रक्खी जाती है जब तक छठा स्तंभ न प्राप्त हो जाए। अन्ततः, हम एक विश्लेषण तालिका स्थापित करते हैं आवृत्तियों को जानने के लिए जो प्रत्येक स्तंभ के उच्चतम योग को प्रभावित करती है। यह विश्लेषण तालिका हमें बहुलक मूल्य को चिन्हित करने में मदद करती है जो आवृत्तियों के उच्चतम संघनन से प्रभावित होती है।

स्थिति I: निम्नलिखित वितरण हैं,

A. श्रेणी			**B. श्रेणी**			**C. श्रेणी**		
x	f		x	f		x	f	
1	. . . 2	अधिकतम	10	. . . 50	अधिकतम	8	. . . 2	अधिकतम
2	. . . 8	आवृत्ति	15	. . . 95	आवृत्ति	16	. . . 4	आवृत्ति का
3	. . . 11	18 हैं→	20	. . . 180	180 है	24	. . . 20	संघटन
2→4	. . . 18 ←		25	. . . 63		32	. . . 19	19 के चारों
5	. . . 9	$z = 4$	30	. . . 24	$\therefore\ z = 20$	40	. . . 10	तरफ है
6	. . . 7		35	. . . 5		48	. . . 5	$\therefore z = 32$

स्थिति II: निम्नलिखित वितरण हैं

A श्रेणी

x	f
2	6
4	8
6	16_1
Z→ 8	16_2 ←
10	12
12	6

संघनन आवृत्ति 16_2 के चारों ओर अधिक है ना कि 16_1 के। प्रत्येक के बगल की आवृत्तियों पर विचार करने पर, योगफल निम्न जैसा प्राप्त की जाती है,

8 + (16) + 16 = 40--------16 + 16 + 12 = 44

16_2 के चारों ओर हम अधिक संघनन पाते हैं इसलिए बहुलक 8 है (6 नहीं)

टिप्पणी

B श्रेणी

x	f
4	18
8	22
12	19
16	4
20	7
24	20
28	22
32	17
36	8

इस श्रेणी में, दो अधिकतम आवृत्तियाँ हैं संघनन भी समान स्तर का

(i.e., 18 + 22 + 19 = 59 और 20 + 22 + 17 = 59) स्पष्ट बहुलक नहीं है जो वितरण से प्रकट हो। इसीलिए समूहन विधि को अपनाना आवश्यक हो जाता है।

समूहन सारणी (Grouping Table)

x	f_1	f_2	f_3	f_4	f_5	f_6
4	18					
		40				
8	22			59		
		41				
12	19		23		45	
		23				
16	4		11			30
		11				
20	7		27	31		
		27				
24	20		42		49	
		42				
28	22		39			59
		39				
32	17		25	47		
		25				
36	8					

विश्लेषण सारणी (Analysis Table)

स्तंभ संख्या	चर के मूल्य								
	4	**8**	**12**	**16**	**20**	**24**	**28**	**32**	**36**
f_1		1					1		
f_2	1	1							
f_3						1	1		
f_4	1	1	1						
f_5					1	1	1		
f_6						1	1	1	
कुल	2	3	1		1	3	4	1	

उपर्युक्त तालिका से, यह स्पष्ट है कि बहुलक 28 है चूँकि यह समूहन विधि में अधिकतम आवृत्ति में चार बार भाग लेती है। यहाँ, हम कह सकते हैं कि बहुलक स्पष्ट रूप से परिभाषित होती है आवृत्तियों का समूहन करने के बाद।

(iii) सतत श्रेणी (Continuous Series)– सतत श्रेणी के अधीन, बहुलक वर्ग निर्धारित की जाती है अधिकतम आवृत्ति या समूहन या निरीक्षण की सहायता से। इस विधि का हीं विच्छिन्न श्रेणी की स्थिति में अनुगमन किया जाता है। बहुलक वर्ग को निर्धारित करने के बाद, हमें बहुलक का मूल्य बहुलक वर्ग के अन्दर आन्तरगणित की जाती है निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग कर–

1. सामान्य सूत्र प्रयुक्त होती है, जब वितरण सामान्य है (i.e., अधिकतम आवृत्ति के विरुद्ध बहुलक)

(a) $$Z = 1 + \frac{f_1 - f_0}{2f_1 - f_0 - f_2} \times c$$

या $$Z = 1 + \frac{f_1 - f_0}{(f_1 - f_0) - (f_2 - f_1)} \times c$$

l = बहुलक वर्ग अन्तराल की निम्न सीमा

f_0 = बहुलक वर्ग अन्तराल के पूर्ववर्त्ती वर्ग अन्तराल की आवृत्ति

f_1 = बहुलक वर्ग अन्तराल की आवृत्ति

f_2 = बहुलक वर्ग अन्तराल के उत्तरवर्त्ती वर्ग अन्तराल की आवृत्ति

c = बहुलक वर्ग अन्तराल का परिमाण

कभी-कभी आवृत्तियों के संघनन की वजह से, हम पा सकते हैं f_1, f_0 और f_2 से कम हो। तब उपुर्यक्त सामान्य सूत्र हमें ऋणात्मक परिणाम देती है। इसलिए हम उपर्युक्त सूत्र को सभी उद्देश्यों के लिए निम्न रख सकते हैं,

टिप्पणी

(b) $Z = l + \frac{\Delta_1}{\Delta_1 + \Delta_2} \times c$ $\qquad \Delta_1 = f_1$ और f_0 के बीच अन्तर

$\Delta_2 = f_1$ और f_2 के बीच अन्तर

स्थिति I: $f_0 = 260$

$f_1 = 240$ (**नोट:** ऋणात्मक चिन्ह नकार दी जाती है)

$f_2 = 252$

$$Z = l + \frac{\Delta_1}{\Delta_1 + \Delta_2} \times c = l + \frac{20}{20 + 12} \times c$$

[सूत्र प्रयुक्त हो सकती है तब भी जब $2f_1 = f_0 + f_2$]

यह सूत्र अधिमान्यता से सुरक्षित प्रयुकत होती है ऋणात्मक उत्तरों को छोड़ने के लिए। यह वही परिणाम देती है जैसा उपर्युक्त द्वारा दिया जाता है।

2. अगर अगल-बगल की आवृत्तियों f_1 और f_0 तथा बहुलक आवृत्ति के बीच का अन्तर आपेक्षिक रूप से बहुत बड़ी नहीं है निम्न सूत्र का प्रयोग अधिमान्यता से किया जाता है–

स्थिति II: $f_0 = 740$ $\qquad$ $(750 - 740 = 10)$ और $(750 - 745 = 5)$

$f_1 = 750$ $\qquad$ आपेक्षिक रूप से छोटा अन्तर

$f_2 = 745$

$$Z = 1 + \frac{f_2}{f_2 + \mathrm{f}_1} \times c = 1 + \frac{745}{745 + 740} \times c$$

3. जब $f_0 = f_2$, हमें सामान्य तौर पर बहुलक वर्ग अन्तराल के मध्य बिन्दु को बहुलक लेना चाहिए (i.e., निम्न और उच्च सीमाओं का औसत)

स्थिति III: $f_0 = 155$

$f_1 = 198$ $\qquad$ $z = \frac{\text{ऊपरी सीमा + निम्न सीमा}}{2}$

$f_2 = 155$

इस तरह, उपुर्यक्त सूत्र हमारी सहायता बहुलक निर्धारित करने में करता है विभिन्न परिस्थितियों में। यद्यपि स्थिति I(b) सूत्र ज्यादातर स्थितियों में अधिमान्यता से प्रयुक्त होती है।

उदाहरण 3.27: निम्न समंक से समान्तर माध्य और बहुलक परिकलित करें।

केन्द्रीय मान:	1	2	3	4	5	6	7
आवृत्ति:	7	11	31	17	16	5	2

हलः

x	f	f_x
1	7	7
2	11	22
3	31 ←	63
4	17	68
5	16	80
6	5	30
7	2	14
	$n = 89$	$\Sigma fx = 314$

$$\bar{x} = \frac{\Sigma fx}{n} = \frac{314}{89} = 3.5281$$

अधिकतम आवृत्ति 31 है।

इसलिए बहुलक है 3($Z = 3$)

उदाहरण 3.28: कुल 2000 कामगारों के एक प्रतिष्ठान में 20 प्रतिशत कामगार 2.00 रु. प्रति घंटा से कम कमाते हैं, 440 कामगार 2.00 रु. से 2.24 रु. प्रति घंटा कमाते हैं, 24% कामगार 2.25 रु. से 2.49 रु. प्रति घंटा कमाते हैं, 370 कामगार 2.50 रु. से 2.74 रु. प्रति घंटा कमाते हैं, 12% 2.75 रु. से 2.99 रु. प्रति घंटा कमाते हैं और बाकी 3 रु. या अधिक प्रति घंटा। एक आवृत्ति तालिका बनावें और बहुलक मजदूरी परिकलित करें।

हलः हम तालिका तैयार करें वर्ग अंतरालों और आवृत्तियों को समायोजित कर।

मजदूरी प्रति घंटा (रु.)	**कामगारों की संख्या**	***C.I.***	***F***
2.00 से कम	20%	1.995 से कम	400
2.00 - 2.24	440	1.995 - 2.245	440 f_0
2.25 - 2.49	24%	2.245 - 2.495	480 f_1
2.50 - 2.74	370	2.495 - 2.745	370 f_2
2.75 - 2.99	12%	2.745 - 2.995	240
	$n = 2{,}000$		$n = 2{,}000$

अधिकतम आवृत्ति 480 के विरुद्ध बहुलक वर्ग है 2.245 – 2.495

$$Z = 1 + \frac{\Delta_1}{\Delta_1 + \Delta_2} \times c = 2.245 + \frac{(480-440)}{(480-440)+(480-370)} \times 0.25$$

$$= 2.245 + \frac{40}{40+110} \times 0.25 = 2.245 + \frac{10}{150} = 2.245 + 0.067$$

$$= 2.3117$$

टिप्पणी

उदाहरण 3.29: निम्नलिखित समंक से एक शहर के 50 स्कूलों के सभी छात्रों का माध्य और बहुलक अंक प्रगणित करें।

प्राप्त अंकः	35 और ऊपर	30-35	25-30	20-25	15-20	15 से कम
स्कूलों की संख्याः	7	10	15	9	5	4
एक स्कूल में छात्रों की औसत संख्याः	200	250	300	200	150	100

हलः हम क्रमवार समंक को व्यवस्थित करें और आवृत्तियाँ प्राप्त करें।

अंक *C.I.*	**स्कूलों की संख्या**	**औसत छात्र**	**छात्रों की संख्या (*f*)**	***C.I.***	***x***	***fx***
15 से कम	4	100	400	10-15	12.5	5,000
15-20	5	150	750	15-20	17.5	13,125
20-25	9	200	1800 f_0	20-25	22.5	40,500
25-30	15	300	4500 f_1	25-30	27.5	1,23,750
30-35	10	250	2500 f_2	30-35	32.5	81,250
35 और ऊपर	7	200	1400	35-40	37.5	52,500
					$\Sigma fx = 3,16,125$	

$$\bar{x} = \frac{\Sigma fx}{n} = \frac{3,16,125}{11,350} = 27.8524 = 27.85 \text{ अंक}$$

$$Z = 1 + \frac{(f_1 - f_0)}{(f_1 - f_0) + (f_1 - f_2)} \times c$$

$$= 25 + \frac{(4500 - 1800)}{(4500 - 1800) + (4500 - 2500)} \times 5$$

$$= 25 + \frac{2700}{2770 + 2000} \times 5 = 25 + \frac{13,500}{4700}$$

$$= 25 + 2.8734 = 27.87 \text{ अंक}$$

उदाहरण 3.30: निम्नलिखित समंक से बहुलक परिकलित करें।

मूल्यः	0-4	5-9	10-19	20-29	30-39	40-49	50-59	60-69
आवृत्तिः	328	350	720	664	598	524	378	244

हलः वितरण में वर्ग अन्तराल बराबर नहीं हैं। तीन आवृत्तियाँ f_0, f_1 और f_2 के लिए वर्ग अन्तराल बराबर होनी चाहिए (* दो वर्गों को जोड़ दिया जाता है)

टिप्पणी

C.I.	*f*
0-9*	678 f_0
10-19	720 f_1
20-29	664 f_2
30-39	598
40-49	524
50-59	378
60-69	244

वर्गों की वास्तविक परिसीमाएं
0-9.5, 9.5-19.5, 19.5-29.5 आदि हैं।

$$Z = 9.5 + \frac{(720-678)}{(720-678)+(720-664)} \times 10$$

$$= 9.5 + \frac{42}{42+56} \times 10$$

$$= 9.5 + \frac{420}{98}$$

$$= 9.5 + 4.2857 = 13.7857$$

उदाहरण 3.31: निम्न से बहुलक और माध्यिका ज्ञात करें।

अनुपस्थित दिनों की संख्या	**छात्रों की संख्या**	**अनुपस्थित दिनों की संख्या**	**छात्रों की संख्या**
5 से कम	29	30 से कम	644
10 से कम	224	35 से कम	650
15 से कम	465	40 से कम	653
20 से कम	582	45 से कम	655
25 से कम	634		

हलः संचयी आवृत्ति परिवर्तित की जाती है आवृत्तियों में वर्ग अन्तराल प्राप्त करके।

C.I.	**छात्रों की संख्या (*f*)**	***c.f.***
0-5	29	29
5-10	195	224(*m*)
10-15	241(*f*)	465
15-20	117	582
20-25	52	634
25-30	10	644
30-35	6	650
35-40	3	653
40-45	2	655
	$n = 655$	

$$\begin{bmatrix} f_0 = 195 \\ f_1 = 241 \\ f_2 = 117 \end{bmatrix}$$

(a) माध्यिका मूल्य :

माध्यिका $\frac{n}{2}$ वाँ मद का आकार है।

यह 465 *c.f.* में पड़ता है।

465 *c.f.* के विरुद्ध माध्यिका वर्ग (10–15) है।

$$M_e = l + \frac{\frac{n}{2} - m}{f} \times c = 10 + \frac{327.50 - 224}{241} \times 5$$

टिप्पणी

$$= 10 + \frac{103.50}{241} \times 5 = 10 + \frac{517.50}{241}$$

$$= 10 + 2.14731 = 12.14731$$

(b) बहुलक मूल्य– बहुलक स्पष्ट रूप से परिभाषित है। अधिकतम आवृत्ति 241 है और बहुलक वर्ग (10–15) है।

$$Z = l + \frac{(f_1 - f_0)}{(f_1 - f_0) + (f_1 - f_2)} \times c = 10 + \frac{(241 - 195)}{(241 - 195) + (241 - 117)} \times 5$$

$$= 10 + \frac{46}{(46 + 124)} \times 5 = 10 + \frac{230}{170} = 10 + 1.35294$$

$$= 11.3529$$

B. गलत परिभाषित बहुलक (Ill-defined Mode)

अगर दो मदों के बराबर अधिकतम आवृत्तियाँ होती हैं, हम इसे 'द्वि–बहुलक वितरण' कहते हैं। जब दो से अधिक मदों के, बराबर अधिकतम आवृत्तियाँ हैं, हम इसे बहु-बहुलक वितरण कहते हैं। इन सभी वितरणों में बहुलक गलत–परिभाषित हैं निम्नलिखित वितरण का बहुलक स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं है।

मद का आकार	आवृत्तियाँ			समूहन		
	f_1	f_2	f_3	f_4	f_5	f_6
40-49	7					
		16				
50-59	9			26		
			19			
60-69	10				45	
		16				
70-79	6					29
			19			
80-89	13			29		
		23				
90-99	10				36	
			23			
100-109	13					33
		23				
110-119	10					

विश्लेषण सारणी (Analysis Table)

स्तंभ संख्या	60-69	70-79	80-89	90-99	100-109	110-119
1			1		1	
2			1	1	1	1
3				1	1	
4		1	1	1		
5			1	1	1	
6			4	1	1	1
		1	4	5	5	2

उपर्युक्त समूहन और विश्लेषण से, हम निष्कर्ष निकालते हैं कि वितरण का बहुलक गलत परिभाषित है। इसलिए, बहुलक निर्धारित की जाती है माध्य और माध्यिका की सहायता से। वस्तुतः, कोई संबंध नहीं है तीनों माध्यों $\bar{x}, M_e$ और Z के बीच। यद्यपि, एक आदर्श और धनात्मक विषम वितरण, एक विशेष स्तर का प्रयोग सिद्ध संबंध माध्यों के बीच स्थापित किया जा सकता है।

3.6 माध्यों के बीच प्रयोगसिद्ध संबंध (Empirical Relationship Among the Averages)

जब बहुलक गलत–परिभाषित होती है, बहुलक का मूल्य ज्ञात करना कठिन होता है। एक आदर्श और धनात्मक विषम वितरण में, एक प्रकार का प्रयोगसिद्ध संबंध माध्यों के बीच स्थापित की जा सकती है। हम लोग तीन भिन्न प्रकार के वितरणों का अध्ययन लेखाचित्र से निम्न प्रकार से करें।



उपयुक्त लेखाचित्र अध्ययन प्रकट करता है कि एक आदर्श या नियंत्रित और धनात्मक विषम वितरण में, माध्यिका बहुलक और माध्य के बीच पड़ता है। बहुलक (बायीं ओर) माध्यिका से दो-तिहाई दूरी हटता है, और माध्य (दाहिनी ओर) एक-

टिप्पणी

तिहाई दूरी हटता है माध्यिका से। यह प्रवृत्ति एक 'प्रयोग सिद्ध सूत्र' (Empirical formula) को जन्म देता है, निम्न जैसा–

$Z = 3M_e - 2\bar{x}$ (धनात्मक विषम पर आधारित)

उपयुक्त आनुभविक संबंध वर्णित की जा सकती है निम्नलिखित उदाहरण की सहायता से।

x:	1	2	3	4	5	6	7	8	9
f:	2	15	23	16	14	10	9	7	4 = 100

हल: हम सिद्ध कर सकते हैं कि $\bar{x} > m_e > Z$

x	f	fx	$c.f.$
1	2	2	2
2	15	30	17
Z 3	23	69	40
4	16	64	56
5	14	70	70
6	10	60	80
7	9	63	89
8	7	56	96
9	4	36	100
	$n = 100$	$\Sigma fx = 450$	

(1) $\bar{x} = \frac{\Sigma fx}{n} = \frac{450}{100} = 4.5$

(2) माध्यिका $\frac{n+1}{2}$ वें मद का आकार है

$\therefore \frac{100+1}{2}$वाँ $= 50.5$वाँ मद

यह 56 $c.f.$ में पड़ता है

56 $c.f.$ के विरुद्ध माध्यिका $= 4$

(3) अधिकतम आवृत्ति 23 है।

23 आवृत्ति के विरुद्ध, बहुलक 3 है।

$\therefore \bar{x} = 4.5, \ M_e = 4, \ Z = 3$

हम उपयुक्त समंक को लेखाचित्र रूप में निम्न जैसा प्रदर्शित कर सकते हैं।



इस तरह, एक आदर्श (नियंत्रित) धनात्मक विषम वितरण में, $\bar{x}$ एक सिरे पर पड़ता है और Z दूसरे। $\bar{x}$ और Z के बीच, M_e पड़ता है, $\bar{x}, M_e$ के दाहिने तरफ

टिप्पणी

$\frac{1}{3}$ दूरी पर पड़ता है और Z दो तिहाई दूरी पर M_e के बायीं ओर पड़ता है। इस संबंध के आधार पर माध्यों के बीच, हमें ''आनुभविक संबंध सूत्र'' प्राप्त हो सकता है...........बहुलक = 3 माध्यिका–2 माध्य। यह आनुभविक संबंध प्रो. कार्ल पियरसन द्वारा प्रतिपादित किया गया। वह लाभदायक है तीन में किसी एक औसत को प्राप्त करने में जब दो दिया गया है। इस सूत्र से, हमें दूसरे समीकरण निम्न जैसे प्राप्त हो सकते हैं :

बुनियादी सूत्र..............$Z = 3M_e - 2\bar{x}$

हम निम्नलिखित समीकरण को सिद्ध कर सकते हैं आधारभूत सूत्र को सरल करके।

(1) $\bar{x} = \frac{1}{2}(3M_e - Z)$

$$Z = 3M_e - 2\bar{x}$$
$$2\bar{x} = 3M_e - Z$$
$$\bar{x} = \frac{1}{2}(3M_e - Z)$$

(2) $M_e = \frac{2}{3}(\bar{x} - Z) + Z$

$$Z = 3M_e - 2\bar{x}$$
$$3M_e = 2\bar{x} + Z$$
$$M_e = \frac{1}{3}(2\bar{x} + Z)$$
$$M_e = \frac{2}{3}\bar{x} + \frac{1}{3}Z$$
$$M_e = \frac{2}{3}\bar{x} - \frac{2}{3}Z + Z$$
$$M_e = \frac{2}{3}(\bar{x} - Z) + Z$$

(3) $\bar{x} = Z = 3(\bar{x} - M_e)$

$$Z = 3M_e - 2\bar{x}$$
$$Z = 3M_e - 3\bar{x} + \bar{x}$$
$$-Z = -3M_e + 3\bar{x} - \bar{x}$$
$$\bar{x} - Z = 3(\bar{x} - M_e)$$

(4) $(\bar{x} - M_e) = \frac{1}{3}(\bar{x} - Z)$

$$Z = 3M_e - 2\bar{x}$$
$$3M_e - 2\bar{x} = Z$$
$$3M_e - 3\bar{x} + \bar{x} = Z$$
$$\bar{x} - Z = 3\bar{x} - 3M_e$$
$$\bar{x} - Z = 3(\bar{x} - M_e)$$
$$3(\bar{x} - M_e) = \bar{x} - Z$$

(5) $\bar{x} - M_e = \frac{1}{2}(M_e - Z)$

$$Z = 3M_e - 2\bar{x}$$
$$2\bar{x} = 3M_e - Z$$
$$\bar{x} = \frac{3}{2}M_e - \frac{1}{2}Z$$
$$\bar{x} = \frac{1}{2}M_e + M_e - \frac{1}{2}Z$$

टिप्पणी

$$\bar{x} = \frac{1}{2}M_e - \frac{1}{2}Z + M_e$$

$$\bar{x} - M_e = \frac{1}{2}M_e - \frac{1}{2}Z$$

$$\bar{x} - M_e = \frac{1}{2}(M_e - Z)$$

उदाहरण 3.32: दिए गए निम्न दो औसतों से, तीसरा औसत ज्ञात करें–

(a) $z = 50$ और $M_e = 45$, $\bar{x} = ?$

(b) $\bar{x} = 20.2$ और $M_e = 22.1$, $z = ?$

(c) $M_e = 42$ और $z = 40$, $\bar{x} = ?$

(d) $z = 500$ और $\bar{x} = 450$, $M_e = ?$

(e) $x = 20$ और $M_e = 22$, $z = ?$

हलः

(a)
$$z = 3M_e - 2\bar{x}$$
$$50 = 3(45) - 2\bar{x}$$
$$50 = 135 - 2\bar{x}$$
$$2\bar{x} = 135 - 50$$
$$= 85$$
$$\therefore \bar{x} = 42.5$$

(b)
$$z = 3M_e - 2\bar{x}$$
$$z = 3(22.1) - 2(20.2)$$
$$z = 66.3 - 40.4$$
$$z = 25.9$$

(c)
$$z = 3M_e - 2\bar{x}$$
$$40 = 3(42) - 2\bar{x}$$
$$40 = 126 - 2\bar{x}$$
$$2\bar{x} = 126 - 40$$
$$2\bar{x} = 86$$
$$\therefore \bar{x} = 43$$

(d)
$$Z = 3M_e - 2\bar{x}$$
$$500 = 3M_e - 2(450)$$
$$3M_e = 500 + 900$$
$$3M_e = 1400$$
$$M_e = \frac{1400}{3} = 466.67$$

(e)
$$z = 3M_e - 2\bar{x}$$
$$z = 3(22) - 2(20)$$
$$z = 66 - 40$$
$$z = 26$$

उदाहरण 3.33: निम्न 8 परिवारों की मासिक आय से, $\bar{x}$, M_e और z ज्ञात करें।

परिवारः	A	B	C	D	E	F	G	H
आय (रु.):	70	10	500	75	08	250	08	42

टिप्पणी

हलः हम मूल्य को क्रमवार व्यवस्थित करें।

1	08
2	08
3	10
4	42
5	70
6	75
7	250
8	500
	$\Sigma fx = 963$

माध्यिकी $\frac{n+1}{2}$ वें मद का आकार है।

$\therefore$ $\frac{8+1}{2}$ वाँ = 4.5वाँ

यह 42 और 70 के बीच पड़ता है

$$M_e = \frac{42+70}{2} = \frac{112}{2} = 56$$

z का मान अधिकतम आवृत्ति है।

$\therefore$ मूल्य 8 सिर्फ दो बार घटती है $\therefore$ $z = 8$

$$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n} = \frac{963}{8} = 120.375$$

$$\bar{x} = 120.375 > M_e = 56 > z = 8$$

बहुलक के गुण– बहुलक की अवधारणा आसानी से समझी जा सकती है और बहुत स्थितियों में दैनिक रोजमर्रा में प्रयुक्त होती है। निम्न लाभ हैं बहुलक के–

1. यह आसानी से समझी जाती है और इसका सामान्य तथा सूक्ष्म प्रयोग है।
2. यह चर के आत्यंतिक मूल्यों को हटा देती है और आकस्मिक मदों से प्रभावित नहीं होती है।
3. यह सिर्फ अधिकतम आवृत्ति से संबंधित है और दूसरे मदों से नहीं।
4. यह ज्यादातर स्थितियों में सिर्फ निरीक्षण से ही निर्धारित की जा सकती है।

बहुलक के दोष– बहुलक निम्नलिखित सीमाओं से ग्रसित होता है–

1. यह कई बार गलत परिभाषित और अनियत होता है।
2. यह ज्यादातर अनिश्चित होती है और, इसलिए, निर्धारित करना कठिन है।
3. यह किसी सरल अंकगणितीय विधि से निर्धारित होने में असमर्थ है।
4. यह सभी अपवाद की स्थितियों को नकार देती है और, इसलिए, उन स्थितियों में लाभदायक नहीं है जहाँ भारों को आत्यंतिक मूल्यों को देना होता है।
5. यह आगे के अंकगणितीय विवेचना के लिए उपयुक्त नहीं है।
6. बहुलक को मदों की संख्या से गुणा करने पर मदों का कुल मूल्य नहीं देती है, और यह समूह का पूरा प्रतिनिधि अंक नहीं है।

टिप्पणी

सीमितताओं के बावजूद, व्यवसाय में बहुलक का प्रयोग दिन-व-दिन बढ़ रहा है। यह व्यवसायिक पूर्वानुमानों के लिए विश्वसनीय पथ-प्रदर्शक जैसा व्यवहार करती है। यह बहुत महत्व का है उत्पादन या निर्गम का अध्ययन करने में जो तुलना के लिए मानक जैसा व्यवहार करता है।

3.7 गुणोत्तर माध्य (Geometric Mean)

गुणोत्तर माध्य श्रेणी के 'n' परिमाण के गुणनफल का nth वर्ग मूल है। यह प्राप्त किया जाता है। मदों के मूल्यों के एक साथ गुणा करके और गुणनफल का वर्ग मूल मदों की संख्या के संगत निकालकर। इस तरह, दो मदों के गुणनफल का वर्गमूल और तीन मदों के गुणनफल का घनमूल गुणोत्तर माध्य है।

व्यवसाय और प्रबंधन के क्षेत्र में, एक का सावधि में औसत प्रतिशत दर के परिवर्तन से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की समस्या उत्पन्न होती रहती है। इन स्थितियों में, समान्तर माध्य, उचित माध्य नहीं है काम में लाने के लिए। इसलिए, हम लोग इन स्थितियों में उपयुक्तता से गुणोत्तर माध्य प्रयुक्त कर सकते हैं। संकेत के अनुसार,

$$\text{G.M.} = \sqrt[n]{x_1 \times x_2 \times x_3 \ldots\ldots x_n}$$

जहाँ G.M. गुणोत्तर माध्य के लिए प्रयुक्त होता है : 'n' मदों की संख्या के लिए और $x_1, x_2, x_3, \ldots . x_n$ चरों के मूल्य के लिए। श्रेणी के मूल्यों का वास्तविक गुणनफल (i.e., $2 \times 4 \times 8 = 64$) अपरिवर्तित रहेगा जब गुणोत्तर माध्य का मूल्य प्रतिस्थापित किया जाता है (i.e., $4 \times 4 \times 4 = 64$) प्रत्येक व्यक्तिगत मूल्य के लिए, उसी तरह 4 और 9 का गुणोत्तर माध्य 6 है, i.e., $\sqrt[2]{4 \times 9} = \sqrt[2]{6 \times 6}$ ।

जब श्रेणी में मदों की संख्या तीन से ज्यादा होती है, गुणोत्तर माध्य के प्रगणन की विधि का अनुगमन करना कठिन हो जाता है। इस कठिनाई का निवारण करने के लिए, प्रत्येक आकार का लघुगुणक (logarithm) प्राप्त किया जाता है गणितीय (लघुगुणक) तालिका से। सभी मूल्यों का लघुगुणक जोड़ा जाता है और मदों की संख्या से विभाजित की जाती है। इस प्रकार से प्राप्त भागफल का प्रति लघुगुणक (anti-logarithm) वांछित गुणोत्तर माध्य है। सूत्र है,

$$\text{G.M.} = \text{Antilog}\left[\frac{\text{Log}\,x_1 + \text{Log}\,x_2 + ----+ \text{Log}\,x_n}{\text{n}}\right]$$

$$= \text{Antilog}\,\frac{\Sigma \log x}{n}$$

उदाहरण: 2, 4, 8 का G.M.

$$\text{G.M.} = \text{Antilog}\ \frac{\log 2 + \log 4 + \log 8}{3} \text{ का}$$

$$= \text{Antilog}\ \frac{0.3010 + 0.6021 + 0.9031}{3}$$

$$= \text{Antilog}\ \frac{1.8062}{3} = \text{Antilog } 0.6012$$

$$= 3.999 \approx 4$$

उदाहरण 3.34: सुगर मिल का उत्पादन (क्विंटल में) 10 प्रतिष्ठानों का माण्डया जिले में नीचे दी गई है, गुणोत्तर माध्य प्राप्त करें।

टिप्पणी

फार्म संख्याः	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
डत्पादन (क्विंटल में):	7.5	13	18.5	20.5	5.2	23	24	25	26	28

हलः

x		$\log x$
7.5	....	0.8751
13.0	....	1.1139
18.5	....	1.2672
5.2	....	0.7160
23.0	....	1.3617
24.0	....	1.3802
25.0	....	1.3979
26.0	....	1.4150
28.0	....	1.4472
		$\Sigma \log x = 12.2860$

$$\text{G.M.} = \text{Antilog } \frac{\Sigma \log x}{\text{n}}$$

$$= \text{Antilog } \frac{12.2860}{10}$$

$$= \text{Antilog } 1.2286$$

$$= 16.92$$

उदाहरण 3.35: निम्नलिखित समंक का गुणोत्तर माध्य परिकलित करें।

3884, 382, 63, 8, 0.4, 0.03, 0.009, 0.0005

हलः

x		$\log x$	
3884	....	3.5893	
382	....	2.5821	
63	....	1.7993	$\text{G.M.} = \text{Antilog } \frac{\Sigma \log x}{n}$
8	....	0.9031	
0.4	....	$\bar{1}.6021$	$= \text{Antilog } \frac{1.6062}{8}$
0.03	....	$\bar{2}.4771$	
0.009	....	$\bar{3}.9542$	$= \text{Antilog } 0.200775$
0.0005	....	$\bar{4}.6990$	$= 1.588$
		$\Sigma \log x = 1.6062$	

टिप्पणी

उदाहरण 3.36: निम्न के लिए गुणोत्तर माध्य परिकलित करें।

35, 250, 18.7, 234.6, 1.06, 98.72, 0.987

हल:

x		log x
35	....	1.5441
250	....	2.3979
18.7	....	1.2718
234.6	....	2.3703
1.06	....	0.0253
98.72	....	1.9944
0.987	....	$\bar{1}.9943$

$\Sigma \log x = 9.5981$

$$\text{G.M.} = \text{Antilog}\ \frac{\Sigma \log x}{n}$$

$$= \text{Antilog}\ \frac{9.5981}{7}$$

$$= \text{Antilog}\ 1.3712$$

$$= 23.51$$

उदाहरण 3.37: निम्नलिखित से गुणोत्तर माध्य ज्ञात करें।

क्रम संख्या	:	1	2	3	4
मूल्य	:	100	20	8	0.6

हल:

x		log x
1000	....	3.000
20	....	1.3010
8	....	0.9031
0.6	....	$\bar{1}.7782$

$\Sigma \log x = 4.9823$

$$\text{G.M.} = \text{Antilog}\ \frac{\Sigma \log x}{n}$$

$$= \text{Antilog}\ \frac{4.9823}{4}$$

$$= \text{Antilog}\ 1.2456$$

$$= 17.60$$

उदाहरण 3.38: निम्न का G.M. परिकलित करें।

375, 0.05, 0.5672 और 0.0854

हलः

x		log x
375	....	2.5740
0.05	....	$\bar{2}.6990$
0.5672	....	$\bar{1}.7538$
0.0854	....	$\bar{2}.9315$
		Σ logx = 2.9583

$$G.M. = \text{Antilog}\ \frac{\Sigma \log x}{n}$$

$$= \text{Antilog}\ \frac{-4}{4} + \frac{3.9583}{4}$$

$$= \text{Antilog}\ \bar{1}.9896$$

$$= 0.9763$$

टिप्पणी

(**नोट**– $\bar{1}$ परिवर्तित की जाती है– 4 और + 3 में)

उदाहरण 3.39: निम्न का गुणोत्तर माध्य प्रगणित करें :

475, 0.8974, 12.5 और 0.0081

हलः

x		log x
475	....	2.6767
0.8974	....	1.9530
12.5	....	1.0969
0.0081	....	3.9085
		Σ log x = 1.6351

$$G.M. = \text{Antilog}\ \frac{\Sigma \log x}{n}$$

$$= \text{Antilog}\ \frac{1.6351}{4}$$

$$= \text{Antilog}\ 0.40877$$

$$= 2.564$$

उदाहरण 3.40: निम्न का G.M. परिकलित करें।

2574, 75, 0.8, 0.075

हलः

x		log x
2574	....	3.4106
75	....	1.8751
0.8	....	$\bar{1}.9031$
0.075	....	$\bar{2}.8751$
		Σ log x = 4.0639

$$G.M. = \text{Antilog}\ \frac{\Sigma \log x}{n}$$

$$= \text{Antilog}\ \frac{4.0639}{4}$$

$$= \text{Antilog}\ 1.01597$$

$$= 10.37$$

टिप्पणी

उदाहरण 3.41: निम्न का गुणोत्तर माध्य परिकलित करें।

224, 13.65, 0.0456 और 0.5431

हलः

x		log x
224	....	2.3502
13.65	....	1.1351
0.0456	....	$\bar{2}.6590$
0.5431	....	$\bar{1}.7349$
		$\Sigma \log x = 1.6351$

$$\text{G.M.} = \text{Antilog } \frac{\Sigma \log x}{n}$$

$$= \text{Antilog } \frac{1.8792}{2}$$

$$= \text{Antilog } 0.4698$$

$$= 2.949$$

उदाहरण 3.42: 1961 में पिछले वर्ष की तुलना में प्रति व्यक्ति व्यय 32% बढ़ गया; दूसरे वर्ष 40% बढ़ गया उसके बाद 50%। पिछले तीन वर्षों में प्रति व्यक्ति व्यय की वृद्धि की औसत दर परिकलित करें। स्पष्ट रूप से कारण का उल्लेख करें माध्य के चुनाव का।

हलः चूँकि गुणोत्तर माध्य अधिक उपयुक्त है समानुपातों और प्रतिशतों के लिए, हम उसका चुनाव करेंगे अनुपात प्रगणित करने के लिए।

वर्ष		परिवर्तन की दर	x_0	log x
1960	...	आधार वर्ष	100	—
1961	...	32%	132	2.1206
1962	...	40%	140	2.1461
1963	...	50%	150	2.1761
				$\Sigma \log x = 6.4428$

$$\text{G.M.} = \text{Antilog } \frac{\Sigma \log x}{n}$$

$$= \text{Antilog } \frac{6.4428}{3}$$

$$= \text{Antilog } 2.1476$$

$$= 140.5$$

प्रति व्यक्ति औसत % वृद्धि है (140.5 – 100) = 40.5%

उदाहरण 3.43: औसत ज्ञात करें, जनसंख्या में वृद्धि दर जो प्रथम दशक में 20% से बढ़ी है, अगले में 30% से और तीसरे में 45%।

टिप्पणी

हलः

दशक	वृद्धि दर	रूपांतरण	
		x	log x
आधार	वर्ष	100	—
प्रथम	20%	120	2.0792
द्वितीय	30%	130	2.1139
तृतीय	45%	145	2.1614
		Σ log x = 6.3545	

$$\text{G.M.} = \text{Antilog}\ \frac{\Sigma \log x}{n}$$
$$= \text{Antilog}\ \frac{6.3545}{3}$$
$$= \text{Antilog}\ 2.11816$$
$$= 131.3$$

∴ औसत % वृद्धि जनसंख्या में है (131.30 – 100) = 31.30%

उदाहरण 3.44: एक वस्तु की कीमत 8% से बढ़ती है 1978 से 79 में, 12.5% 1979 से 80 में और 77% 1980 से 1981 में। क्या औसत वृद्धि है?

वर्ष	वृद्धि दर	रूपांतरण	
		x	log x
1977-78	आधार वर्ष	100	—
1978-79	8%	108	2.0334
1979-80	12.5%	112.5	2.0511
1980-81	77%	177	2.2480
		Σ log x = 6.3325	

$$\text{G.M.} = \text{Antilog}\ \frac{\Sigma \log x}{n}$$
$$= \text{Antilog}\ \frac{6.3325}{3}$$
$$= \text{Antilog}\ 2.1108$$
$$= 129.0$$

∴ वस्तु की कीमत में औसत वृद्धि है (129.00 – 100) = 29%

उदाहरण 3.45: फैक्ट्री का तीन वर्षों में वार्षिक वृद्धि दर है 5.0, 7.5 और 2.5। औसत वृद्धि ज्ञात करें।

हलः वृद्धि दर हैं 5%, 7.5% और 2.5%

वर्ष	वृद्धि दर	रूपांतरण	
		x	log x
1.	आधार वर्ष	100	—
2.	5%	105	2.0212
3.	7.5%	107.5	2.0315
4.	2.5%	102.5	2.0107
		Σ log x = 6.0634	

$$\text{G.M.} = \text{Antilog}\ \frac{\Sigma \log x}{n}$$
$$= \text{Antilog}\ \frac{6.0634}{3}$$
$$= \text{Antilog}\ 2.02113$$
$$= 105.0$$

औसत वृद्धि दर है (105.00 – 100) = 5%

टिप्पणी

उदाहरण 3.46: निम्न काल श्रेणी पर विचार करें वार्षिक बिक्री का स्टार और कम्पनी लिमिटेड, चार वर्षों के लिए और बिक्री में प्रति वर्ष औसत परिवर्तन की दर ज्ञात करें,

बिक्री,

10,000 रु., 8,000 रु., 12,000 रु. और 15,000 रु.

हलः

वर्ष	बिक्री (रु.)	वृद्धि /ह्रास	रूपांतरण	log x
पहला	10,000	आधार वर्ष	-	-
दूसरा	8,000	-20%	80	1.9031
तीसरा	12,000	+50%	150	2.1761
चौथा	15,000	+25%	125	2.0969
				$\Sigma \log x = 6.1761$

$$\text{G.M.} = \text{Antilog } \frac{\Sigma \log x}{n}$$

$$= \text{Antilog } \frac{6.1761}{3}$$

$$= \text{Antilog } 2.0587 = 114.50$$

बिक्री की औसत वृद्धि है (114.50 – 100) = 14.50%

उदाहरण 3.47: निम्नलिखित के लिए गुणोत्तर माध्य प्रगणित करें।

0.067, 0.008, 0.0801, 0.005, 0.125

हलः

x		log x	
0.067	....	2.8261	$\text{G.M.} = \text{Antilog } \frac{\Sigma \log x}{n}$
0.008	....	3.9031	
0.0801	....	2.9036	$= \text{Antilog } \frac{8.4287}{5}$
0.005	....	3.6990	
0.125		1.0969	$= \text{Antilog } \frac{10}{5} + \frac{2.4287}{5}$
		$\Sigma \log x = 8.4287$	$= \text{Antilog } 2 + 0.4857$ $= \text{Antilog } 2.4857$ $= 0.0306$

गुणोत्तर माध्य की अंकगणितीय विशेषताए (Mathematical Mean of Geometric Mean)

गुणोत्तर माध्य की निम्न विशेषताए हैं–

(i) अगर प्रत्येक मूल्य की जगह G.M. रखा गया है, दिये मूल्यों के गुणनफल में कोई अंतर नहीं होगा और G.M. मूल्य के गुणनफल में।

(ii) मूल्यों के log के विचलनों का योग G.M. के log से शून्य के बराबर होता है।

x	log x	log G.M. = (.91417) (d)
3	0.4771	- 0.437075
7	0.8451	- 0.069075
12	1.0792	+0.165025
18	1.2553	+0.341125
	Σ log x = 3.6567	Σ d = 0

$$\text{G.M.} = \text{Antilog } \frac{3.6567}{4} = \text{Antilog } 0.91417 = 8.208$$

गुणोत्तर माध्य के गुण (Merits of Geometric Mean)

गुणोत्तर माध्य विशेष स्थितियों में प्रयुक्त होती है और इसके निम्न लाभ हैं–

(i) यह निश्चित मान है, जबकि चर के मूल्य शून्य से अधिक हों।

(ii) यह समूह में सब समंक पर आधारित है।

(iii) यह बड़े मदों को कम भारण देता है और छोटे को अधिक।

(iv) यह विशेष रूप से लाभदायक है जब हम समानुपातों पर कार्य करते हैं।

(v) यह अंकगणितीय और बीजगणितीय जोड़-तोड़ के लिए सहज अनुगामी है।

गुणोत्तर माध्य के दोष (सीमाएं) (Demerits of Geometric Mean)

गुणोत्तर माध्य निम्नलिखित सीमाओं से ग्रसित है–

(1) यह प्रयुक्त नहीं हो सकती है जब कोई एक मद '0' को गुणा किया जाता है, सभी मदों का गुणनफल '0' होगा।

(2) यह ऐसे बिन्दु पर पड़ सकता है जहाँ बहुत कम (या कोई नहीं) वास्तविक माप पड़े।

(3) इसमें काफी परिकलन करना पड़ता है और प्रगणित करने में कठिन है।

(4) यह समान्तर माध्य की अपेक्षा कम आसानी से समझा जाता है।

टिप्पणी

सीमाओं के बावजूद, गुणोत्तर माध्य विभिन्न सामाजिक और आर्थिक संवृत्तियों का अध्ययन करने में उपयुक्त है जहाँ छोटे मदों को बड़ा भार दिया जाना इच्छित है। गुणोत्तर माध्य विशेष रूप से आपेक्षिक अंतरों पर कार्य करने में लाभदायक है निरपेक्ष अंतरों के विरुद्ध सूचकांक (Index Number) प्रगणित करते वक्त।

3.8 हरात्मक माध्य (Harmonic Mean)

हरात्मक माध्य या औसत एक चर के सभी मदों की संख्या का योगफल चर के मूल्यों के व्युत्क्रमानुपातों के योग से विभाजन (division) है। यह विशिष्ट औसत है जो ऐसे प्रश्नों को हल करता है जो 'समय दर' में अभिव्यक्त होता है जो बदलता है समय किमी. के अनुसार। प्रति घंटा, घंटा प्रति किमी. इकाई प्रति दिन, कीमत प्रति इकाई आदि। हरात्मक माध्य उपयुक्त है सिर्फ जब,

''समय कारक चर है और किया गया कार्य नियत रहता है'' इस तरह, हरात्मक माध्य वही परिणाम देती है जैसा भारित समान्तर माध्य जब किया गया कार्य समान रहता है वर्ना नहीं। सूत्र रूप में,

$$\text{H.M.} = \frac{n}{\frac{1}{x_1}+\frac{1}{x_2}+\frac{1}{x_3}+------\frac{1}{x_n}}$$

$$= \text{व्युत्क्रमानुपाती } \frac{\frac{1}{x_1}+\frac{1}{x_2}+------\frac{1}{x_n}}{n} \text{ का}$$

$$= \frac{n}{\Sigma Rx} \text{ या व्युत्क्रमानुपाती } \frac{\Sigma Rx}{n} \text{ का}$$

उदाहरण 3.48: निम्नलिखित के लिए हरात्मक माध्य परिकलित करें।

35, 250, 18.7, 234.6, 1.06, 98.72, 0.987

हलः

x		Rx
35	-------	0.02857
250	-------	0.00400
18.7	-------	0.05340
234.6	-------	0.00426
1.06	-------	0.94340
98.72	-------	0.01013
0.987	-------	1.01317
		ΣRx = 2.05701

$$\text{H.M.} = \frac{n}{\Sigma Rx} = \frac{7}{2.05701} = 3.402998$$

उदाहरण 3.49: निम्नलिखित के लिए हरात्मक माध्य परिकलित करें।

375, 0.05, 0.5672, 0.0854

हलः

x		Rx
375	-------	0.002667
0.05	-------	20.000000
0.05672	-------	17.630465
0.0854	-------	11.709602
		Σ Rx = 48.342734

$$\text{H.M.} = \frac{n}{\Sigma Rx} = \frac{4}{48.342734} = 0.082742$$

उदाहरण 3.50: निम्नलिखित के लिए हरात्मक माध्य प्रगणित करें।

475, 0.8974, 12.5 और 0.008।

हलः

x		Rx
475	-------	0.0021052
0.8974	-------	1.1143302
12.5	-------	0.0800000
0.0081	-------	123.4567900

$$\text{H.M.} = \frac{n}{\Sigma Rx} = \frac{4}{124.6532254} = 0.032089$$

Σ Rx = 124.6532254

उदाहरण 3.51: निम्नलिखित के लिए हरात्मक माध्य परिकलित करें।

2574, 75, 0.8, 0.075

हलः

x		Rx
2574	-------	0.0003885
75	-------	0.0133333
0.8	-------	1.2500000
0.075	-------	13.3333333
		Σ Rx = 14.5970551

$$\text{H.M.} = \frac{n}{\Sigma Rx} = \frac{4}{14.5970551} = 0.2740278$$

उदाहरण 3.52: एक आदमी कार से 3 दिनों तक यात्रा किया। उसने प्रत्येक दिन 480 किमी. की दूरी तय की। पहले दिन उसने 10 घंटे की यात्रा की 48 किमी. घंटा की दर से, दूसरे दिन 12 घंटे 40 किमी./घंटा और अंतिम दिन उसने 15 घंटे तक यात्रा की 32 किमी./घंटा की दर से। उसकी औसत चाल क्या थी?

टिप्पणी

हलः इस प्रश्न में, तय की गई दूरी समान है। हम लोग दोनों विधियों से इस प्रश्न को हल कर सकते हैं, i.e., भारित समान्तर माध्य और हरात्मक माध्यं

(i) भारित समान्तर माध्य

चाल किमी./घंटा X	यात्रा का समय W	
48	10	480
40	12	480
32	15	480
	Σ W = 37	Σ WX = 1440

$$\bar{x}w = \frac{n}{\Sigma Rx} = \frac{1440}{37}$$

= 38.92 किमी./घंटा

(ii) हरात्मक माध्य

x		Rx
48	-------	0.02083
40	-------	0.02500
32	-------	0.03125
		Σ Rx = 0.07708

$$H.M. = \frac{n}{\Sigma Rx} = \frac{3}{0.07708}$$

= 38.92 किमी./घंटा

उदाहरण 3.53: एक हवाई जहाज एक वर्ग के चारों तरफ उड़ती है जिसकी भुजा 100 किमी. लम्बी है, पहली भुजा को 100 किमी. प्रति घंटा की दर से, दूसरी भुजा 200 किमी. प्रति घंटा की दर से, तीसरी भुजा 300 किमी. प्रति घंटा और चौथी भुजा 400 किमी. प्रति घंटे की दर से तय करती है। वायुयान की औसत चाल क्या है?

हलः इस प्रश्न में, तय की गई दूरी समान है। हम प्रश्न को दोनों विधियों से हल कर सकते हैं, i.e., भारित स.मा. और गुणोत्तर माध्य,

(i) भारित समान्तर माध्य

चाल किमी./घंटा X	जितने मिनट यात्रा की गई W	WX
100	60	6,000
200	30	6,000
300	20	6,000
400	15	6,000
	Σ W = 125	Σ WX = 24000

$$\bar{x}w = \frac{\Sigma WX}{\Sigma W} = \frac{24000}{125}$$

= 192 किमी./घंटा

टिप्पणी

(ii) हरात्मक माध्य

X		Rx
100	-------	0.01000
200	-------	0.00500
300	-------	0.00333
400	-------	0.00250
		Σ Rx = 0.02083

$$\text{H.M.} = \frac{n}{\Sigma Rx} = \frac{4}{0.02083}$$

= 192 किमी./घंटा

उदाहरण 3.54: एक निवेशक प्रत्येक महीने एक कम्पनी का 1200 रु. मूल्य का शेयर खरीदता है। पहले चार महीनों में उसने शेयर खरीदा 10 रु., 12 रु., 15 रु. और 20 रु. कीमत पर। औसत चुकाई गई कीमत परिकलित करें।

हलः इस प्रश्न में, निवेशित पूँजी बराबर है। हम प्रश्न को दोनों विधियों से हल कर सकते हैं i.e., भारित समान्तर माध्य और हरात्मक माध्य–

(i) भारित समान्तर माध्य

कीमत प्रति शेयर X	खरीदे गए शेयरों की संख्या W	WX
10	120	1200
12	100	1200
15	80	1200
20	60	1200
	Σ W = 360	Σ WX = 4800

$$\bar{x}w = \frac{\Sigma WX}{\Sigma W} = \frac{4800}{360}$$

= 13.33 रु./शेयर

(ii) हरात्मक माध्य

X	Rx
10	0.100000
12	0.083333
15	0.066666
20	0.050000
	Σ Rx = 0.299999

$$\bar{x}w = \frac{n}{\Sigma Rx} = \frac{4}{0.299999}$$

= 13.33 रु0/शेयर

उदाहरण 3.55: एक फैक्टरी में, एक इकाई कार्य A द्वारा 4 मिनट में पूर्ण की जाती है, B द्वारा 5 मिनट में, C द्वारा 6 मिनट में और D द्वारा 10 मिनट में। उनका औसत लिया गया समय प्रति इकाई क्या है?

हल:

टिप्पणी

मिनट प्रति इकाई x		Rx
4	-------	0.25000
5	-------	0.20000
6	-------	0.16666
10	-------	0.10000
		$\Sigma Rx = 0.71666$

$$\bar{x}w = \frac{n}{\Sigma Rx}$$

$$= \frac{4}{0.71666}$$

$= 5.58145$ मिनट/इकाई

उदाहरण 3.56: टंकक A एक पत्र को 5 मिनट में टंकित कर सकता है, B दस मिनट में, और C 15 मिनटों में। क्या है टंकित पत्र की औसत संख्या प्रति घंटा प्रति इकाई।

पत्र प्रति मिनट x		Rx
5	-------	0.20000
10	-------	0.10000
15	-------	0.06666
		$\Sigma Rx= 0.36666$

$$\bar{x}w = \frac{n}{\Sigma Rx}$$

$$= \frac{3}{0.36666}$$

$= 8.18197$ मिनट प्रति इकाई

औसत पत्रों की संख्या प्रति घंटा है $= \dfrac{60 \times 1}{8.18197}$

$= 7.3332$ पत्र प्रति घंटा

हरात्मक माध्य की विशेषताएं (Properties of Harmonic Mean)

हरात्मक माध्य की निम्नलिखित विशेषताएं हैं–

(i) हरात्मक माध्य नियत है और सबसे छोटे मूल्यों को सबसे अधिक भार प्रदान करती है जबकि सबसे बड़े मूल्यों को सबसे छोटा भार।

(ii) हरात्मक माध्य दिए मदों के व्युत्क्रम के समान्तर माध्य का व्युत्क्रम है।

हरात्मक माध्य के गुण (Merits of Harmonic Mean)

हरात्मक माध्य विशेष स्थितियों में प्रयुक्त होती है जहाँ एक कारक नियत होता है और दूसरा चर। निम्नलिखित लाभ हैं–

(1) यह दृढ़ता से परिभाषित है और सभी अवलोकनों पर आधारित।

(2) यह आगे के गणितीय कार्य साधन के लिए उपयुक्त है।

(3) यह सबसे अच्छा परिणाम देता है जहाँ समय और दर अध्ययनाधीन हैं।

हरात्मक माध्य के दोष (सीमाएं) (Demerits of Harmonic Mean)

हरात्मक माध्य की निम्नलिखित सीमाएं हैं–

(1) यह प्रगणित करने में आसान नहीं है।

(2) यह प्रयुक्त नहीं हो सकती है जब मदों में कोई एक '0' या ऋणात्मक है; क्योंकि जब मद '0' विभाजक जैसा प्रयुक्त होता है, मद शून्य होगा।

(3) यह वितरण को प्रदर्शित नहीं करता है जब तक कि भारण असमानुपाती नहीं दी गई हैं।

सीमाओं के बावजूद, हरात्मक माध्य उपयुक्त है दर और समय का औसत निकालने में। यद्यपि यह सामान्य तौर पर प्रयुक्त नहीं होता है, यह बहुत महत्त्व का है बहुत विशिष्ट स्थितियों में।

माध्यों के बीच सम्बन्ध (Relation between Means)

जब सभी चर के मूल्य समान हैं, समान्तर माध्य, गुणोत्तर माध्य और हरात्मक माध्य समान होते हैं। उदाहरण के लिए,

x	log x	Rx
3	0.4771	0.3333
3	0.4771	0.3333
3	0.4771	0.3333
	Σ log x = 1.4313	Σ Rx = 0.9999

$$\bar{x} = \frac{\Sigma d}{n} = \frac{9}{3} = 3$$

$$\text{G.M.} = \text{Antilog}\frac{\Sigma \log x}{m}$$

$$= \text{Antilog}\ \frac{1.4313}{3}$$

$$= \text{Antilog } 0.4771 = 3$$

$$\text{H.M.} = \frac{n}{\Sigma Rx} = \frac{3}{0.9999} = 3$$

जब चरों के सभी मूल्य बराबर नहीं हैं, तब हम लोग निम्नलिखित सम्बन्ध स्थापित कर सकते हैं।

$$\text{A.M} > \text{G.M.} > \text{H.M.}$$

उदाहरण के लिए, अगर 'a' और 'b' दो धनात्मक मूल्य हैं जो आकार में बराबर नहीं हैं, औसत निम्न प्रगणित किए जा सकते हैं,

A.M.	G.M.	H.M.
$\bar{x} = \frac{a+b}{2}$	$\sqrt[2]{a \times b}$	$\frac{2}{\frac{1}{a}+\frac{1}{b}}$ या $\frac{2ab}{a+b}$

टिप्पणी

स्थिति 1: दो अवलोकनों का A.M. 25 है और उनका G.M. 15 है, उनका H.M. ज्ञात करें।

$\text{A.M.} = \dfrac{a+b}{2}$	$\text{G.M.} = \sqrt[2]{a+b}$	$\text{H.M.} = \dfrac{2ab}{a+b}$
$25 = \dfrac{a+b}{2}$	$15 = \sqrt{a \times b}$	$= \dfrac{2(225)}{50}$
$a + b = 50$	$ab = 15^2 = 225$	$= \dfrac{450}{50} = 9$

स्थिति 2: अगर G.M. 60 है, H.M. 28.24 है दो अवलोकनों का, उनका A.M. क्या है?

$\text{G.M.} = \sqrt[2]{a \times b}$	$\text{H.M.} = \dfrac{2ab}{a+b}$	$\text{A.M.} = \dfrac{a+b}{2}$
$60 = \sqrt[2]{a \times b}$	$28.24 = \dfrac{2(3600)}{a+b}$	$= \dfrac{254.9575}{2}$
$ab = 60^2 = 3600$	$a + b = \dfrac{7200}{28.24}$	127.47875
	$a + b = 254.9575$	

स्थिति 3: अगर दो अवलोकनों का A.M. 25 है और उनका H.M. 9 है, उनका G.M. ज्ञात करें।

$\text{A.M.} = \dfrac{a+b}{2}$	$\text{H.M.} = \dfrac{2ab}{a+b}$	$\text{G.M.} = \sqrt[2]{a \times b}$
$25 = \dfrac{a+b}{2}$	$9 = \dfrac{2ab}{50}$	$= \sqrt[2]{225}$
$a + b = 50$	$2ab = 450$	$= 15$
	$ab = 225$	

स्थिति 4: दो अवलोकनों का A.M. 12.5 है और उनका G.M. 12 है, H.M. ज्ञात करें।

$\text{A.M.} = \dfrac{a+b}{2}$	$\text{G.M.} = \sqrt[2]{a \times b}$	$\text{H.M.} = \dfrac{2ab}{a+b}$
$12.5 = \dfrac{a+b}{2}$	$12 = \sqrt[2]{ab}$	$= \dfrac{2(144)}{25}$
$a + b = 25$	$ab = 12^2 = 144$	$= \dfrac{288}{25} = 11.52$

इस तरह, किसी वितरण में जब चर के मूल्य आकार में भिन्न होते हैं, A.M., G.M. से बड़ी होती है और G.M., H.M. से।

हमें निम्न सूत्र भी हो सकता है जिसमें तीन माध्यों के बीच सम्बन्ध प्रदर्शित की जा सकती है,

$$G.M. = \sqrt{\bar{x} \times H.M.} \text{ or,}$$

$$(G.M.)^2 = \bar{x} \times H.M.$$

स्थिति 1: दो अवलोकनों का A.M. 25 है उनका G.M. 15 है, उनका H.M. ज्ञात करें।

$$(G.M.)^2 = A.M. \text{ x } H.M.$$

$$H.M. = \frac{(G.M.)^2}{A.M.} = \frac{15^2}{25} = \frac{225}{25} = 9$$

स्थिति 2. अगर दो अवलोकनों का G.M. और H.M. क्रमशः 60 और 28.24 है, A.M. ज्ञात करें।

$$(G.M.)^2 = A.M. \times H.M.$$

$$60^2 = 28.24 \text{ A.M.}$$

$$A.M. = \frac{60^2}{28.24} = \frac{3600}{28.24} = 127.47875$$

स्थिति 3: अगर दो अवलोकनों का A.M. और H.M. क्रमशः 25 और 9 हैं, G.M. ज्ञात करें।

$$(G.M.) = \sqrt{A.M. \times G.M.} = \sqrt{25 \times 9}$$

$$= \sqrt{225} = 15$$

स्थिति 4. अगर दो अवलोकनों के A.M. और G.M. क्रमशः 12.5 और 12 हैं, H.M. ज्ञात करें।

$$(G.M.)^2 = A.M. \times H.M.$$

$$12^2 = 12.5 \text{ H.M.}$$

$$H.M. = \frac{12^2}{12.5} = \frac{144}{12.5} = 11.52$$

टिप्पणी

अपनी प्रगति जाँचिए (Check Your Progress)

1. केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप __________ स्तर का औसत कहलाती है।

   (क) एकल (ख) द्वितीय

   (ग) प्रथम (घ) चतुर्थ

2. समान्तर माध्य है __________ क्रम का औसत।

   (क) द्वितीयक क्रम का (ख) प्रथम क्रम का

   (ग) तृतीय क्रम का (घ) चतुर्थ क्रम का

3. माध्यिका और बहुलक है __________ औसत।

   (क) स्थानीय (ख) अनुभविक

   (ग) स्थैतिक (घ) भौगोलिक

4. माध्यिका क्रमबद्ध मूल्यों को __________ बराबर भागों में बांटती है।

   (क) एक (ख) दो

   (ग) ∞ (घ) शून्य

5. मदों के विचलनों का योग समान्तर माध्य से हमेशा__________ होता है।

   (क) एक (ख) तीन

   (ग) चार (घ) दो

6. निम्न चतुर्थक है __________ चतुर्थक।

   (क) पहला (ख) दूसरा

   (ग) तीसरा (घ) चतुर्थ

7. माध्यिका __________ चतुर्थक है।

   (क) पहला (ख) निम्न

   (ग) दूसरा (घ) उच्च

8. तीसरा चतुर्थक __________ चतुर्थक है।

   (क) ऊपरी (ख) निचला

   (ग) निम्न (घ) उच्च

9. बहुलक घटित होता है __________ आवृत्ति के साथ।

   (क) अधिकतर (ख) न्यूनतम

   (ग) बराबर (घ) इनमें से कोई नहीं

टिप्पणी

10. गुणोत्तर माध्य है __________ गुणनफल का मूल श्रेणी के 'n' परिमाण का।
    (क) शून्य प्रकिक्रया के   (ख) "n" परिमाण के
    (ग) $\sqrt{n}$ परिमाण के   (घ) n^2 परिमाण के
11. बहुलक = __________ −2 माध्यिका।
    (क) 3 समान्तर माध्य   (ख) 3 गुणोत्त्र माध्य
    (ग) 3 हरात्मक माध्य   (घ) इनमें से कोई नहीं
12. हरात्मक माध्य है मदों की संख्या जिसका विभाजन __________ चर के मूल्य के योगफल के।
    (क) समानुपाती   (ख) व्युत्क्रमानुपाती
    (ग) समानुपाती और व्यत्क्रमानुपाती   (घ) इनमें से कोई नहीं
13. दो अवलोकनों का A.M. 25 है, और उनका G.M. 15 है। H.M. का मूल्य है __________।
    (क) 18   (ख) 27
    (ग) 9   (घ) 1
14. दो अवलोकनों का G.M. और H.M. क्रमशः 60 और 28.24 है। A.M. है __________।
    (क) शून्य   (ख) 127.47
    (ग) एक   (घ) ∞

3.9 अपनी प्रगति जाँचिए प्रश्नों के उत्तर (Answers to Check Your Progress)

1. (क)
2. (ख)
3. (ग)
4. (घ)
5. (घ)
6. (क)
7. (ग)
8. (क)
9. (क)
10. (ख)
11. (क)
12. (ख)
13. (ग)
14. (ख)

टिप्पणी

3.10 सारांश (Summary)

सांख्यिकी विश्लेषण संक्षिप्त सारांश अंकों को विकसित करने की कोशिश करता है जो संख्यात्मक समंक के बड़े समूह का वर्णन करता है। सबसे ज्यादा प्रयुक्त सारांश अंकों के समुच्चय स्थान निर्धारण का माप कहा जाता है, जिन्हें अधिकतर माध्य कहा जाता है, केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप या केन्द्रीय स्थान निर्धारण। एक औसत गणन का उद्देश्य अवलोकनों के समुच्चयों के लिए एक अकेला मान प्राप्त करने का है जो सभी मदों का प्रतिनिधि मूल्य है जो दिमाग आसानी से और जल्दी से समझ सके।

निम्नलिखित अपेक्षाएं एक आदर्श माध्य या केन्द्रीय प्रवृत्ति के माप से संतुष्ट होना चाहिए। (प्रो. यूले के अनुसार) (Yule)

इसे दृढ़ता से परिभाषित होना चाहिए, इसे समझने और परिकलन करने में आसान होना चाहिएं, इसे सभी अवलोकनों पर आधारित होना चाहिये, इसे आगे गणितीय अभिक्रिया के उपयुक्त होना चाहिए, प्रतिदर्श के उच्चावचन (उतार-चढ़ाव) से कम से कम प्रभावित होना चाहिए, इसे आत्यंतिक अवलोकनों से कम से कम प्रभावित होना चाहिए।

केन्द्रीय प्रवृत्ति के विभिन्न माप निम्नलिखित है जो सामान्यतः व्यवहार में प्रयुक्त होते है–

(i) समान्तर माध्यत (Arithmean mean)

(ii) माध्यिका (Median)

(iii) भूमिष्ठक (Made)

(iv) गुणोत्तर माध्य (Geometric mean) और

(v) हरात्मक माध्य (Harmonic mean)

समानान्तर माध्य– दिए गए अवलोकनों के समुच्चय का माध्य उनके योगफल का अवलोकनों की संख्या से भाग देकर प्राप्त किया जाता है।

$\overline{X} = \frac{\Sigma x_i}{n}$; आवृत्ति वितरण की स्थिति में $\overline{X} = \frac{\Sigma f_i x_i}{n}$

पद विचलन रीति द्वारा माध्य का गणन–यदि x_i और f_i का मान बड़ा होता है तो माध्य की गणना पद विचलन रीति द्वारा किया जाता है।

माना $d = x_i - A$ (जहाँ A एक यादृच्छिक मूल्य है।

तब $x = A + \frac{\Sigma fd}{n}$

वर्गीकृत या आवृत्ति वितरण की स्थिति में और भी आसानी से इसका परिकलन किया जा सकता है, मानकर

$d = \frac{x_i - A}{h}$ जहाँ $A -$ यादृच्छिक मूल्य

$\overline{X} = A + h\frac{\Sigma fd}{n}$ $h -$ वर्गान्तर का परिमाण

सामानान्तर माध्य की कई गणितीय विशेषताएं भी हैं।

समानान्तर माध्य को प्रो. यूले द्वारा बताई गई आदर्श गुणों की रूपरेखा के आधार पर इसे स्थिर या अचल माध्य भी कहते हैं।

वितरण के सभी मदों का आपेक्षिक महत्त्व एक सा नहीं होता है और ऐसी परिस्थितियों में मद के महत्त्व के समानुपाती भार प्रदान किया जाता है।

माना कि $w_1, w_2 ----w_n$ भार हैं जो चर के मूल्य $x_1 + x_2 + ---- x_n$ से क्रमशः संलग्न हैं। तब भारित समान्तर माध्य, समान तौर पर $\overline{X}w$ से द्योतित निम्न प्रकार से दिया जाता है।

$$\overline{X}w = \frac{w_1x_1 + w_2x_2 + --- + w_nx_n}{w_1 + w_2 + --- + w_n} = \frac{\Sigma w_i x_i}{\Sigma w_i}$$

माध्यिका (Median) Md

वितरण की माध्यिका को परिभाषित किया जा सकता है चर के उस मूल्य से जो समान संख्या के अवलोकनों से अधिक हो और बराबर संख्या के अवलोकन इससे अधिक हो। i.e., यह ऐसा मूल्य है कि अवलोकनों की जितनी संख्या इससे ऊपर है उतनी ही अवलोकनों की संख्या इससे नीची है। इसीलिए माध्यिका सिर्फ स्थिति का माध्य (Positional average) है।

माध्यिका $= l + \frac{h}{f}\left(\frac{N}{2} - c\right)$ जहाँ l - माध्यिकी वर्ग की निचली सीमा है

f - माध्यिका वर्ग की आवृत्ति

h - माध्यिका वर्ग का परिमाण

N=Σ f - कूल आवृत्ति है

C - संचयी आवृत्ति है, माध्यिका वर्ग के पूर्ववर्ती वर्ग का

गुण, दोषों के आधार पर यह गणितीय अनुप्रयोग के उपयुक्त नहीं है।

श्रेणियों को कई विभाजक मूल्यों में बाँटा जा सकता है, यथा माध्यिका (दो बराबर विभाजक मूल्यों में), चतुर्थक (चार विभाजक मूल्यों में), दशमक (दस विभाजक मूल्यों में, शतमक (सौ विभाजक मूल्यों में) आदि।

भूमिष्ठक या बहुलक (Mode) Mo

बहुलक वह मूल्य है जो अवलोकनों के समुच्चय में सबसे ज्यादा बार आता है और जिसके चारों तरफ समुच्चय के दूसरे मूल्य संघनित रूप से इकट्ठे रहते हैं। आवृत्ति वितरण की स्थिति में, बहुलक चर का मूल्य है अधिकतम आवृत्ति के संगत।

सतत् आवृत्ति की स्थिति में, अधिकतम आवृत्ति के संगत वर्ग, बहुलक वर्ग कहलाता है और बहुलक का मूल्य अन्र्तगणन सूत्र से प्राप्त किया जाता है।

टिप्पणी

$$\text{बहुलक (Mode)} = l + \frac{h(f_1 - f_0)}{(f_1 - f_0) - (f_2 - f_1)} = l + \frac{h(f_1 - f_0)}{2f_1 - f_0 - f_2}$$

जहाँ $l-$ बहुलक वर्ग की निम्न सीमा है,

$f_1 -$ बहुलक वर्ग की आवृत्ति है।

f_0 – बहुलक वर्ग के पूर्ववर्त्ती वर्ग की आवृत्ति है, f_2 बहुलक वर्ग के उत्तरवर्त्ती वर्ग की आवृत्ति है। और h बहुलक वर्ग का परिमाण है।

माध्य (M), माध्यिका (Md) और बहुलक के बीच आनुभविक सम्बन्ध है। यह प्रो. कार्ल पियर्सन द्वारा दिया गया है–

1. सममितीय वितरण की स्थिति में माध्य, माध्यिका और बहुलक संपाती होते हैं।

कार्ल पियर्सन का आनुभविक सम्बन्ध के अनुसार –

$$\frac{\mathrm{M} = \mathrm{M_d} = \mathrm{M_o}}{\mathrm{M_o} = \mathrm{M} - 3(\mathrm{M} - \mathrm{M_d})}$$

$$\Rightarrow \mathrm{M} - \mathrm{M_o} = 3(\mathrm{M} - \mathrm{M_d})$$

$$\Rightarrow \mathrm{M_o} = 3\mathrm{M_d} - 2\mathrm{M}$$

2. धनात्मक विषम वितरण के लिए

$$M > M_d > M_o$$

3. ऋणात्मक विषम वितरण के लिए

$$M_o > M_d > M$$

जब आवृत्ति वितरण नियमित नहीं होती है, तब बहुलक का मान समूहन विधि द्वारा निर्धारित की जाती है।

गुणोत्तर माध्य (Geometric mean), गुणोत्तर माध्य, सामान्यतः संक्षिप्त रूप (G.M.) – n प्रेक्षणों का समुच्चय उनके गुणनफल का X^th वर्गमूल है। इसलिए अगर $x_1, x_2, ---x_n$ दिए गए n प्रेक्षण हैं तब उनका G.M. दिया जाता है

$$\text{G.M.} = \sqrt[n]{x_1 - x_2 ---- * x_n} = (x_1 - x_2 ---- x_n)^{1/n}$$

$$\log \text{G.M.} = \frac{1}{n}\log(x_1 - x_2 --- x_n) = \frac{1}{n}\Sigma \log x_i$$

$$\therefore \text{G.M.} = Anti\log[\tfrac{1}{n}\Sigma \log x]$$

टिप्पणी

आवृत्ति वितरण की स्थिति में

$$\text{G.M.} = Anti \log[\Sigma f \log x]$$

वर्गीकृत या सतत आवृत्ति वितरण की स्थिति में, X के मूल्य संगत वर्गों के मध्यमान हैं।

भारित गुणोत्तर माध्य (Weighted Geometric Mean)

अगर चर के विभिन्न मूल्य $x_1, x_2 ---x_n$ बराबर महत्त्व के नहीं हैं और उन्हें भिन्न भार क्रमशः $w_1, w_2 ---w_n$ दिया जाता है। तब उनका भारित गुणोत्तर माध्य G.M.(W) दिया जाता है।

$$\text{G.M. (W)} = \left(\frac{w_1 w_2 \quad w_n}{x_1 x_2 --x_n}\right)^{1/n}$$

हरात्मक माध्य (Harmonic Mean)

अगर $x_1, x_2 ---x_n$ प्रेक्षणों का दिया गया समुच्चय है, तब उनका रात्मक माध्य, संक्षिप्त में H.M. या H दिया जाता है।

$$\text{H} = \frac{1}{\frac{1}{n}\left[\frac{1}{x_1} + \frac{1}{x_2} = --- \frac{1}{x_n}\right]} = \frac{n}{\frac{1}{n}\Sigma\frac{1}{x}} = \frac{1}{\Sigma\left(\frac{1}{x}\right)}$$

आवृत्ति वितरण की स्थिति में

$$\text{H} = \frac{\Sigma f}{\Sigma\left(\frac{f}{x}\right)}$$

एक अकेला माध्य सभी व्यवहारिक समस्याओं के लिए उपयुक्त नहीं है। उदाहरण के लिए समान्तर माध्य की अनुशंसा आत्यंतिक प्रेक्षणों पर कार्य करते वक्त खुले सिरे वाले वर्गों के लिए उपयुक्त हैं। गुणात्मक (i.e., औसत वृद्धि, ईमानदारी, सुंदरता इत्यादि निकालने के लिए) समंक की स्थिति में माध्य के रूप में सिर्फ माध्यिका ही प्रयुक्त हो सकती है। जहाँ कारक चर है और किया गया दूरी नियत है और विशेष प्रकार के औसत दर या अनुपात की प्रगणना में हरात्मक माध्य का ही प्रयोग होता है।

चूँकि माध्य अकेला संख्यात्मक अंक है इसलिए किसी दिए गए वितरण की विशेषता प्रदर्शित करने के लिए इसके मूल्य की व्यख्या करने में उचित सतर्कता रखनी चाहिए नही ंतो यह बहुत भ्रामक निष्कर्ष की ओर निर्देशित कर देगी।

टिप्पणी

3.11 मुख्य शब्दावली (Key Terminology)

- **समान्तर माध्य:** Arithmetic mean
- **माध्यिका:** Median
- **चतुर्थक:** Quartiles
- **बहुलक:** Mode
- **गुणोत्तर माध्य:** Geometric Mean
- **हरात्मक माध्य:** Harmonic Mean
- **प्रयोगसिद्ध सम्बन्ध:** Empirical Relationship

3.12 स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास (Self Assessment Questions and Exercises)

लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

1. एक अच्छे माध्य की कोई चार अपेक्षाएं बताएं।
2. 'समान्तर माध्य' को परिभाषित करें।
3. 'माध्यिका' का अर्थ बताएं।
4. आप एक 'बहुलक' से क्या समझते हैं?
5. समान्तर माध्य के क्या गुण हैं?
6. माध्यिका के दो उपयोग बताएं।
7. बहुलक के महत्त्व का उल्लेख करें।
8. अगर माध्य = 55 और माध्यिका = 48 बहुलक का मान ज्ञात करें। (z = 34)
9. माध्यों के क्या उपयोग हैं?
10. A.M., G.M. और A.M. के बीच सम्बन्ध का उल्लेख करें।
11. बहुलक को ज्ञात करने का आनुभविक (Empirical) सूत्र क्या है?

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

1. निम्नलिखित तालिका एक शहर के 12 परिवारों की मासिक आय देती है:

क्रम संख्या:	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
मासिक आय:	280	180	96	98	104	75	80	94	100	75	600	200

समान्तर माध्य, माध्यिका और बहुलक परिकलित करें उपर्युक्त आय का। ($\bar{x}$ = 165.2, Me = 99, z = 75)

टिप्पणी

2. एक कक्षा टेस्ट में 15 छात्रों के अंक निम्न हैं :

6, 9, 10,12 18, 19, 23, 24, 28, 37, 48, 49, 53 और 60

ज्ञात करें $\bar{x}$, M_e, z, Q_1 और Q_3

($\bar{x}$ = 27.93, M_e = 23, z = 23, Q_1 = 12 और Q_3 = 48)

3. एक नियंत्रित विषम वितरण में $\bar{x}$ = 24.6 और z = 26.1।

माध्यिका ज्ञात करें (Me = 25.1)

4. निम्नलिखित वितरण का बहुलक प्रगणित करें।

आकारः	0-5	5-10	10-15	15-20	20-25	25-30	30-35
आवृत्तिः	24	32	28	16	37	10	8

(Z = 13.3)

5. प्राप्त टेलीफोन कॉलों की संख्या 245 क्रमवार एक मिनट अन्तराल पर एक एक्सचेंज का नीचे दर्शायी गई है।

कॉलों की संख्याः	0	1	2	3	4	5	6	7	
आवृत्तिः	14	21	25	43	51	40	39	12	= 245

परिकलित करें $\bar{x}$, M_e और z ($\bar{x}$ = 3.76, M_e = 4 और z = 4)

6. छूटे अंकों को ज्ञात करें।

माध्य = ? (3 माध्यिका–बहुलक) (1/2)

माध्य–बहुलक = ? (माध्य–बहुलक) (3)

माध्यिका = बहुलक + ? (माध्य–बहुलक) (2/3)

बहुलक = माध्य –? (माध्य–माध्यिका) (3)

7. चल के निम्न मूल्यों से, M_e, Q_1 और Q_3 ज्ञात करें।

3, 7, 12, 15, 25, 37, 48, 52, 69, 70, 73, 80, 82, 88, 92

(M_e = 52, Q_1 = 15, Q_3 = 80)

8. निम्न समंक से बहुलक, माध्यिका, दो चतुर्थक और माध्य परिकलित करें।

उम्रः	20-25	25-30	30-35	35-40	40-45	45-50	50-55	55-60
लोगों की संख्याः	100	140	200	360	300	240	140	120

(M_e = 40, z = 38.64, Q_1 =34, Q_3 = 47.8 और $\bar{x}$ = 40.31)

9. छूटी आवृत्ति ज्ञात करें निम्नलिखित वितरण से दुकानों की बिक्री 2400 रु. है।

बिक्री ('100' रु. में):	0-10	10-20	20-30	30-40	40-50
दुकानों की संख्याः	5	24	–	18	7

(छूटी आवृत्ति 20 है)

टिप्पणी

10. नीचे 140 उम्मीदवारों के प्राप्त अंक 'x' या अधिक का वितरण दिया गया है। माध्य अंक परिकलित करें।

X:	10	20	30	40	50	60	70	80	90	100
C.f.:	140	133	118	100	75	45	25	9	2	0

(**संकेत**: यह संचयी आवृत्ति है, $\bar{x} = 51.21$)

11. निम्नलिखित अंक का गुणोत्तर माध्य परिकलित करें।

27.74, 475, 75, 5, 0.8, 0.08, 0.005, 0.009 (G.M. = 1.394)

12. एक आदमी लखनऊ से दिल्ली एक औसत चाल 30 मील प्रति घंटा से जाता है और उसी रास्ते लौटता है औसत चाल 60 मील प्रति घंटा। पूरी यात्रा का औसत चाल ज्ञात करें। (H.M. = 40 मीटर प्रति घंटा)

13. मान लें चर के मूल्य हैं 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 और दिये गये भार हैं क्रमशः 7, 6, 5, 4, 3, 2, 1। समान्तर माध्य और भारित माध्य ज्ञात करें। ($\bar{x} = 4$, $\bar{x}_w = 3$)

14. वितरण का माध्य 4.9 है। निम्न की छूटी आवृत्ति ज्ञात करें।

X:	0	1	2	3	4	5	6	7
C.f. :	2	36	250	972	2269	?	2471	823

($\bar{x} = 3177$)

15. सभी कामगारों को दी गई मासिक वेतन का माध्य 92 रु. है एक प्रतिष्ठान में। कुशल और अकुशल कामगारों के मासिक वेतन का माध्य क्रमशः 100 रु. और 80 रु. है। उस प्रतिष्ठान में नियुक्त कुशल और अकुशल कामगारों का प्रतिशत निकालें। (कुशल = 60% कुशल = 40%)

16. 100 मदों का माध्य 30 पाया जाता है। अगर परिकलन के वक्त, दो मद गलती से 32 और 12 किये जाते हैं 23 और 11 के बदले, सही माध्य ज्ञात करें। ($\bar{x} = 29.90\%$)

17. एक वस्तु की कीमत 1995 से 1996 में 5% बढ़ती है, 1996 से 1997 में 9% और 1997 से 1998 में 13%। कीमत में औसत वृद्धि ज्ञात करें।

(G.M. = 25.6%)

18. निम्न मूल्यों का हरात्मक माध्य प्रगणित करें।

4257, 700, 77.3, 9.25, 0.787, 0.04238, 0.004728, 0.004527 (H.M. = 0.03272)।

3.13 सहायक पाठ्य सामग्री (Suggested Readings)

1.	सांख्यिकी के सिद्धान्त	– डी.एन. एलहांस वीणा एलहांस	किताब का महल
2.	सांख्यिकी के सिद्धान्त	– एस.पी. सिंह	S. Chand & Co.
3.	Fundamentals of Statistics	– S.C. Gupta & V.K. Kapoor	S. Chand & Co.
4.	Applied Statistics	– S.C. Gupta & V.K. Kapoor	S. Chand & Co.
5.	Fundamental of Statistics	– G.M. Gupta & Das Gupta	S. Chand & Co.
6.	Mathematical Statistics	– H.C. Saxena	S. Chand & Co.

टिप्पणी

इकाई—3

अध्याय 4 अपकिरण एवं विषमता (Dispersion and Skewness)

संरचना (Structure)

4.0 परिचय (Introduction)

अपकिरण के माप (विचरणता) 'द्वितीय स्तर के औसत' (Averages of Second Order) हैं। वे मूल्यों के विचलनों के औसत पर आधारित है जो केन्द्रीय प्रवृत्तियों x, M_e या Z से प्राप्त की जाती हैं। विचरणता चरों के मूल्यों की बुनियादी विशेषता है। इस प्रकार की विचरणता या अपकिरण 'एकरूपता में कमी' की चर्चा करता है।

द्वितीय स्तर का औसत, वह औसत है जो श्रेणी के सभी अंतरों से उन मदों का औसत है। इन अंतरों या विचलनों का औसत निकालने में, उनकी अनियमितायें हटा दी जाती हैं और अवनमन (Depression) का प्रतिनिधि अंक परिणामस्वरूप मिलता है।

टिप्पणी

निम्नलिखित केन्द्रीय प्रवृत्तियों और अपकिरण के बीच अंतर है।

केन्द्रीय प्रवृत्तियाँ	अपकिरण
1. प्रथम स्तर का औसत	1. द्वितीय स्तर का औसत
2. श्रेणी के बनावट पर प्रकाश नहीं डालती है।	2. वितरण के श्रेणी के बनावट पर प्रकाश डालती है।
3. अवलोकनों का विस्तृत अभिलक्षण नहीं प्रकट करती हैं	3. अवलोकनों का विस्तृत अभिलक्षण प्रकट करती है।
4. मदों के साथ सम्बन्ध स्थापित नहीं करती है।	4. व्यक्तिगत मदों के साथ सम्बन्ध स्थापित करती है।
5. वितरण की सम्पूर्ण तस्वीर नहीं प्रकट करती है।	5. वितरण का सम्पूर्ण तस्वीर प्रकट करती है।
6. मदों के संघनन की सिर्फ अवधारणा देती है।	6. केन्द्रीय प्रवृत्ति से विचलन की अवधारणा देती है।

सभी वितरण समरूप नहीं है। वे अपने औसतों के संख्यात्मक आकार में असदृश होते हैं और उनके अपनी बनावट में।

हम निम्न श्रेणियों को ध्यानपूर्वक अवलोकित करें।

श्रेणी I	15	15	15	15	15	15	15	15	15
श्रेणी II	11	12	13	14	15	16	17	18	19
श्रेणी III	3	6	9	12	15	18	21	24	27

समान्तर माध्य और माध्यिका प्रत्येक श्रेणी में समान है, i.e., 15, परन्तु श्रेणी के मद काफी भिन्न हैं। इसलिए केन्द्रीय प्रवृत्ति मूल्यों के विखराव का वर्णन करने में असफल हो जाती है। बनावट की प्रकृति को मापने के लिए, हमें द्वितीय स्तर के औसतों की आवश्यकता होती है, प्रथम स्तर के समर्थन में द्वितीय स्तर के औसतों को प्रगणित करने के उद्देश्य हैं–

(i) पहले स्तर के औसतों की उपयुक्तता को सुनिश्चित करना,

(ii) कार्य के निष्पादन की संगति का निर्धारण करना

(iii) श्रेणी में समरूपता के स्तर को प्रकट करना

तीन श्रेणियों में, जैसा ऊपर दिया गया है, प्रत्येक अलग ढंग से निर्मित हैं, यद्यपि उनके माध्य और माध्यिका समान हैं। पहली श्रेणी एकरूप से वितरित है और कोई अपकिरण नहीं है। दूसरी श्रेणी में थोड़ी सीमा तक अपकिरण है केन्द्रीय प्रवृत्ति से और एकरूपता में बाधा पड़ती है। तीसरी श्रेणी में उच्च स्तर का अपकिरण है और मदों के बीच एकरूपता नहीं है। इस तरह, हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि अधिक है अपकिरण, तो वितरण में एकरूपता कम होगी।

पद 'अपकिरण (Dispersion)' या 'विचरण (Variation) या 'विचलन (deviation)' का अध्ययन किया जाता है दो मापों–निरपेक्ष (Absolute) और सापेक्ष (Relative) के संदर्भ में। सापेक्ष माप अनुपातों या प्रतिशत में अभिव्यक्त की जाती है और वे तुलनात्मक अध्ययन के उपयुक्त होते हैं। निम्नलिखित अपकिरण के विभिन्न प्रकार के माप हैं।

अपकिरण के माप

- स्थैतिक (Positional)
  - सीमाओं पर आधारित
    - विस्तार (Range)
    - चतुर्थक विचलन (Quartile Deviation)
- अंकगणितीय (Arithmetic)
  - अंतर पर आधारित (Positional)
    - माध्य विचलन (Mean Deviation)
    - प्रमाप विचलन (Standard Deviation)
- आलेखीय (Graphical)
  - आलेख पर आधारित
    - लारेंज वक्र

4.1 उद्देश्य (Objectives)

औसत या केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप प्रेक्षणों के संघनन का वितरण के केन्द्रीय भाग के चारों ओर के बारे में विचार देते हैं। उनकी सांख्यिकीय विश्लेषणों में अत्यधिक उपयोग के बावजूद अपनी सीमायें हैं। इसलिए केनद्रीय प्रावृत्ति की माप को निश्चित रूप से सहायता और अनुपूरित करना चाहिए कुछ दूसरे मापों से। एक ऐसा माप प्रकीर्णन या अपकिरण है।

अपकिरण का शाब्दिक अर्थ बिखराव है। हम अपकिरण का अध्ययन वितरण के समांगता (सुसंहति) या विषमांगता (बिखराव) की धारणा के लिए करते हैं।

अपकिरण के माप के उद्देश्य निम्नलिखित हैं–

1. एक माध्य की विश्वसनीयता ज्ञात करने में।
2. केन्द्रीय मूल्य से समंक के विचलन को नियंत्रित करने में।
3. दो या दो से अधिक समंक के समुच्चयों की तुलना उनके विचलन के संबंध में।
4. दूसरे सांख्यिकी मापों को प्राप्त करना समंक के आगे के विश्लेषण के लिए।

4.2 विस्तार (Range)

'विस्तार' आत्यंतिक मूल्यों के बीच अंतर प्रदर्शित करता है– सबसे बड़े और सबसे छोटे मूल्य के बीच। दो आत्यंतिकों के बीच के मूल्यों पर कोई विचार नहीं किया जाता है।

'विस्तार' अवलोकनों के समुच्चय की विचरणता का अत्यंत सरल सूचक है। यह संकेत रूप में 'R' से द्योतित होता है।

टिप्पणी

(i) विस्तार = सबसे बड़ा मूल्य – सबसे छोटा मूल्य

R = L – S -----------निरपेक्ष माप

(ii) विस्तार का गुणांक $= \dfrac{\text{सबसे बडा मूल्य – सबसे छोटा मूल्य}}{\text{सबसे बडा मूल्य + सबसे छोटा मूल्य}}$

R का गुणांक $= \dfrac{L-S}{L+S}$ ------आपेक्षिक माप

उदाहरण 4.1: श्रेणी के विस्तार और विस्तार का गुणांक प्रगणित करें, और उल्लेख करें कौन अधिक बिखरा हुआ है और कौन अधिक समरूप।

श्रेणी	चरों के मूल्य						
I.	13,	14,	15,	16,	17 ------	$(\bar{x} = 15)$	''केन्द्रीय प्रवृत्ति समान है पर अभिसंरचना में भेद है।''
II.	9,	12,	15,	18,	21 ------	$(\bar{x} = 15)$	
III.	1,	8,	15,	22,	29 ------	$(\bar{x} = 15)$	

हलः

	(I)	(II)	(III)
विस्तार....	R = L – S	R = L – S	R = L – S
	= 17 – 13	= 21 – 9	= 29 – 1
	= 4	= 12	= 28

विस्तार का गुणांक

(I)
$$C \text{ of } R = \frac{L - S}{L+S} = \frac{17-13}{17+13} = \frac{4}{30} = 0.1333$$

(II)
$$C \text{ of } R = \frac{L - S}{L+S} = \frac{21-9}{21+9} = \frac{12}{30} = 0.4$$

(III)
$$C \text{ of } R = \frac{L - S}{L+S} = \frac{29-1}{29+1} = \frac{28}{30} = 0.9333$$

श्रेणी (I) कम बिखरा और अधिक समरूप है।

श्रेणी (II) कम समरूप और अधिक बिखरा है।

उदाहरण 4.2: श्रेणी के विस्तार और विस्तार के गुणांक को प्रगणित करें, और उल्लेख करें कौन अधिक बिखरा है और कौन अधिक समरूप।

टिप्पणी

श्रेणी	चरों के मूल्य	
A	10, 11, 12, 13, 14 ----- ($\bar{x}$ = 12)	''केन्द्रीय प्रवृत्ति भिन्न है परन्तु संरचना समान है।''
B	40, 41, 42, 43, 44 ----- ($\bar{x}$ = 42)	
C	100, 101, 102, 103, 104 ---- ($\bar{x}$ = 102)	

हलः

A	B	C
विस्तार....$R = L - S$	$R = L - S$	$R = L - S$
$= 14 - 10$	$= 44 - 40$	$= 104 - 100$
$= 4$	$= 4$	$= 4$

विस्तार का गुणांक

$C \text{ of } R = \dfrac{L-S}{L+S}$	$C \text{ of } R = \dfrac{L-S}{L+S}$	$C \text{ of } R = \dfrac{L-S}{L+S}$
$= \dfrac{14-10}{14+10}$	$= \dfrac{44-40}{44+40}$	$= \dfrac{104-100}{104+100}$
$= \dfrac{4}{24}$	$= \dfrac{4}{84}$	$= \dfrac{4}{204}$
$= 0.1667$	$= 0.0476$	$= 0.0196$

श्रेणी (C) कम बिखरी और अधिक समरूप है।

श्रेणी (A) कम समरूप और अधिक बिखरी है।

उदाहरण 4.3: निम्नलिखित वितरण से विस्तार और विस्तार का गुणांक ज्ञात करें।

x :	6	12	18	24	30	36	42
f :	20	130	80	60	210	1500	600

हलः विस्तार ज्ञात करने में, आवृत्ति का कोई लेखा नहीं किया जाता है।

$$\text{विस्तार} = L - S = 42 - 6 = 36$$

$$\text{विस्तार का गुणांक} = \frac{L-S}{L+S} = \frac{42-6}{42+6} = \frac{36}{48} = 0.75$$

उदाहरण 4.4: निम्न वितरण से विस्तार और विस्तार का गुणांक प्रगणित करें।

C.I.:	120-130	130-140	140-150	150-160	160-170
f :	2	9	16	12	5

हल: विस्तार ज्ञात करने में आवृत्ति का कोई लेखा नहीं किया जाता है। सबसे बड़े वर्ग की उच्च सीमा और सबसे छोटे वर्ग की निम्न सीमा का सिर्फ लेखा किया जाता है।

$$\text{विस्तार} = L - S = 170 - 120 = 50$$

$$\text{विस्तार का गुणांक} = \frac{L-S}{L+S} = \frac{170-120}{170+120} = \frac{50}{290} = 0.1724$$

विस्तार के गुण (Merits of Range)

विस्तार के गुण निम्नलिखित हैं–

(a) यह अपकिरण की सरलतम माप है।

(b) यह दृढ़ता से परिभाषित है और अपकिरण की सबसे आसान माप है प्रगणित करने में।

(c) यह आसानी से समझ में आने योग्य है और इसमें बहुत कम परिकलन (Calculation) की आवश्यकता होती है।

(d) यह सांख्यिकीय विधियों के गुण नियंत्रण तकनीकों (Quality Control techniques) में उपयोगी है।

(e) यह शेयरों और स्टॉकों के कीमतों में परिवर्तनों का अध्ययन करने में उपयोगी है।

(f) यह मौसम की स्थितियों का अध्ययन करने में उपयोगी है जहाँ न्यूनतम और अधिकतम तापक्रम का अभिनिर्धारण किया जाता है।

विस्तार के दोष (Demerits of Range)

विस्तार के उपयोगों के बावजूद, विस्तार निम्नलिखित सीमाओं से ग्रसित है–

(a) दुर्भाग्य से यह अपकिरण की स्थिर माप नहीं है, क्योंकि यह सिर्फ आत्यंतिक मूल्यों से प्रभावित होती है।

(b) यह अपकिरण की उपयुक्त माप नहीं है जहाँ वितरण में वर्ग–अंतराल खुले सिरे वाले हैं।

(c) यह पूर्ण रूप से सिर्फ दो आत्यंतिक मूल्यों पर आधारित है ना कि दूसरे मूल्यों पर।

(d) यह गणितीय प्रतिपादन के लिए उपयुक्त नहीं है।

(e) यह प्रतिदर्श के आकार में उच्चावचन के प्रति बहुत संवेदनशील है। जैसे प्रतिदर्श का आकार बढ़ता है, यह बढ़ने को प्रवृत्त होता है परन्तु समानुपात में नहीं।

4.3 चतुर्थक विचलन (Quartile Deviation)

टिप्पणी

यह और कुछ नहीं बल्कि ''अर्द्ध-अन्तर चतुर्थक विस्तार (Semi-Interquartile Range)'' है। कुछ संशोधनों के साथ, यह विस्तार के अनुरूप है। वितरण में, हम Q_3 को सबसे बड़ा मूल्य मानते हैं और Q_1 सबसे छोटा। इसका अर्थ है कि, निम्न चतुर्थक के नीचे का मद और उच्च चतुर्थक के ऊपर का मद प्रगणन में समाविष्ट बिल्कुल नहीं होता है। इस तरह हम वितरण के मध्य के आधे भाग पर विचार करते हैं। इस तरह से प्राप्त विस्तार को दो से भाग दिया जाता है चूँकि हमलोग समंक के सिर्फ आधे भाग का विचार करते है। इस तरह चतुर्थक विचलन Q_1 और Q_3 के मूल्यों के बीच के अंतर को मापता है। यह संकेत रूप में च.वि. (Q.D.) से द्योतित होता है–

(a) चतुर्थक विचलन $= \text{Q.D.} = \dfrac{Q_3 - Q_1}{2}$ – – – – निरपेक्ष माप

(b) C के गुणांक का $\text{Q.D.} = \dfrac{Q_3 - Q_1}{Q_3 + Q_1}$ – – – – – आपेक्षिक माप

उदाहरण के लिए, अगर $Q_1 = 15$ और $Q_3 = 40$

$$\text{Q.D.} = \frac{Q_3 - Q_1}{2} = \frac{40-15}{2} = \frac{25}{2} = 12.5$$

$$\text{C का Q.D.} = \frac{40-15}{40+15} = \frac{25}{55} = .4545$$

चतुर्थक विचलन औसत परिमाण देता है जिससे दो चतुर्थक माध्यिका से असमान होते हैं एक असममित (Asymmetrical) वितरण में। यथार्थ कहें तो चतुर्थक विचलन सिर्फ स्थैतिक औसत हैं यह किसी औसत के चारों ओर कोई बिखराव प्रदर्शित नहीं करता है। यह विभाजन का माप है ना कि अपकिरण का। जितना छोटा मूल्य होगा Q.D. का, उतना हीं माध्यिका के चारों ओर वितरण के मध्य अर्द्ध का अपकिरण कम होगा। यद्यपि, यह दो चतुर्थकों की सीमा से बाहर पड़ने वाले अपकिरण के स्तर के बारे में कोई सूचना नहीं प्रदान करता है।

उदाहरण 4.5: 12 छात्रों के निम्न अंक से चतुर्थक विचलन और इसके गुणांक को प्रगणित करें।

क्रम संख्याः	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
अंकः	25	30	37	43	48	54	61	67	72	80	84	89

टिप्पणी

हलः चतुर्थक विचलन का प्रगणन

क्रम संख्या	अंक	
1	25	Q_1, $\frac{n+1}{4}$th मद का आकार हैं
2	30	$\therefore \frac{12+1}{4}$वाँ $= 3.25$वाँ मद
3	37	$Q_1 =$ तीसरा मद $+ 0.25\ (43 - 37)$
4	43	$= 37 + 0.25\ (43 - 37)$
5	48	$= 37 + 0.25 \times (6) = 37 + 1.5 = 38.5$
6	54	Q_3, $\frac{3n+1}{4}$th मद का आकार
7	61	$\therefore \frac{3(12+1)}{4} = 9.75$th मद
8	67	$Q_3 = 9$ मद $+ 0.75\ (80 - 72)$
9	72	$= 72 + 0.75\ (80 - 72) = 72 + 0.75\ (8)$
10	80	$= 72 + 6 = 78$
11	84	$\text{Q.D.} = \frac{Q_3 - Q_1}{2} = \frac{78-385}{2} = \frac{39.5}{2} = 19.75$
12	89	

$$\text{Q.D. का गुणांक} = \frac{Q_3 - Q_1}{Q_3 + Q_1} = \frac{78 - 38.5}{78 + 38.5} = \frac{39.5}{116.5} = 0.339.$$

उदाहरण 4.6: निम्नलिखित समंक से चतुर्थक विचलन और इसका गुणांक परिकलित करें।

x:	58	59	60	61	62	63	64	65	66
f:	15	20	32	35	33	22	20	10	8

हलः चतुर्थक विचलन का प्रगणन।

x	f	c.f.	
58	15	15	
59	20	35	Q_1, $\frac{n+1}{4}$th मद का आकार हैं
(Q_1)60	32	67←	
61	35	102	$\therefore \frac{195+1}{4}$th $= 48.78$th
62	33	135	यह 67 c.f. में पड़ता है.......67 c.f. के विरुद्ध

टिप्पणी

$(Q_3)63$	22	157←	$Q_1 = 60$
64	20	177	Q_3, $\frac{(3n+1)}{4}$th मद का आकार है
65	10	187	$\therefore \frac{3(195+1)}{4}$th = 146.33th
66	8	195	यह 157 c.f. में पड़ता है, 157 c.f. के विरुद्ध
	n = 195		$Q_3 = 63$ $Q.D. = \frac{Q_3 - Q_1}{2} = \frac{63-60}{2} = \frac{3}{2} = 1.5$

उदाहरण 4.7: निम्नलिखित से चतुर्थक विचलन और चतुर्थक विचलन का गुणांक प्रगणित करें।

साप्ताहिक मजदूरी (रु.)	4-8	8-12	12-16	16-20	20-24	24-28	28-32	32-36	36-40
कामगारों की संख्या	6	10	18	30	15	12	10	6	2

हलः चतुर्थक विचलन का प्रगणन।

साप्ताहिक वेतन (रु.)	कामगारों की संख्या (f)	c.f.
4-8	6	6
8-12	10	16 (m)
(l) 12-16	18 (f)	34 ←Q_1
16-20	30	64
20-24	15	79 (m)
(l) 24-28	12 (f)	91 ←Q_3
28-32	10	101
32-36	6	107
36-40	2	109
	n = 109	

Q_1 आकार है $\frac{n}{4}$th मद का, $\therefore \frac{109}{4}$th = 27.25th मद यह 34 c.f. में पड़ता है। 34 c.f. के विरुद्ध Q_1 वर्ग है (12-16) Q_3 आकार है $\frac{3n}{4}$th मद का। $\therefore \frac{3(190)}{4}$th = 81.75th मद यह 91 c.f. में पड़ता है। 91 c.f. के विरुद्ध Q_3 वर्ग है (24-28)

टिप्पणी

$$Q_1 = l + \frac{\frac{n}{4} - m}{f} \times c = 12 + \frac{\frac{109}{4} - 16}{18} \times 4 = 12 + \frac{27.58 - 16}{18} \times 4$$

$$= 12 + \frac{11.25}{18} \times 4 = 12 + \frac{45}{18} = 12 + 2.5 = 14.5$$

$$Q_3 = l + \frac{\frac{3n}{4} - 79}{f} \times c = 24 + \frac{\frac{3(109)}{4} - 79}{12} \times 4$$

$$= 24 + \frac{81.75 - 79}{12} \times 4 = 24 + \frac{2.75}{12} \times 4$$

$$= 24 + \frac{11}{12} = 24 + 0.9167 = 24.9167$$

$$\text{Q.D.} = \frac{Q_3 - Q_1}{2} = \frac{13.421 - 8.875}{2} = \frac{4.546}{2} = 2.273$$

$$\text{Q.D. का गुणांक} = \frac{Q_3 - Q_1}{Q_3 + Q_1} = \frac{13.421 - 8.875}{13.421 + 8.875}$$

$$= \frac{4.546}{22.296} = 0.2039$$

चतुर्थक विचलन के गुण

निम्नलिखित चतुर्थक विचलन के गुण हैं–

(a) यह परिकलित करने में आसान और समझने में सरल है।

(b) यह चर के आत्यंतिक मूल्यों से प्रभावित नहीं होता है चूँकि यह वितरण के केन्द्रीय आधे भाग से संबंधित है।

(c) यह खुले सिरे वाले वर्ग अंतरालों से थोड़ा भी प्रभावित नहीं होता है।

चतुर्थक विचलन के दोष

महत्त्व के बावजूद, चतुर्थक विचलन निम्न सीमाओं से ग्रसित है–

(a) यह निम्न चतुर्थक से नीचे और उच्च चतुर्थक से ऊपर के हिस्से का पूर्णरूपेन उपेक्षा कर देता है।

(b) यह आगे के गणितीय प्रतिपादन में समर्थ नहीं है।

(c) यह प्रतिचयन के उच्चावचनों (Fluctuations) से काफी प्रभावित होता है।

(d) यह सिर्फ स्थैतिक औसत है ना कि गणितीय औसत।

4.4 माध्य विचलन (Mean Deviation)

टिप्पणी

माध्य विचलन एक श्रेणी में मदों के बीच औसत अन्तर है अपने माध्य या माध्यिका या बहुलक से। यह मूल्यों के माध्य या माध्यिका या बहुलक के बिखराव के विस्तार से संबंधित है। यह केन्द्रीय प्रवृत्ति से सभी विचलनों के औसत से प्राप्त किया जाता है। ये विचलन प्रगणन में ली जाती हैं ऋणात्मक चिन्ह का ख्याल रखते हुए (i.e., सभी विचलन धनात्मक परिकल्पित किए जाते हैं)।

सिद्धान्ततः मदों के विचलन अधिमान्यता से माध्यिका से लिए जाते हैं माध्य या बहुलक के बदले। माध्यिका उपयुक्त केन्द्रीय प्रवृत्ति मानी जाती है विचलनों को परिकलित करने का क्योंकि माध्यिका से विचलनों का योग कम होता है माध्य से विचलनों के योग से। बहुलक से विचलन परिकलित करना सामान्य व्यवहार में नहीं है क्योंकि कभी-कभी इसका मान स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं होता है।

विचलनों का योग करते वक्त, अंकगणितीय ऋणात्मक चिन्ह का लेखा नहीं किया जाता है। इसका अर्थ है कि सभी विचलन धनात्मक समझे जाते हैं ऋणात्मक चिन्हों की उपेक्षा करते हुए। यह विचलन है ना कि गणितीय अन्तर। मान लें शहर 'A' शहर 'B' से 250 किलोमीटर दूर है। 'A' का विचलन भौगोलिक रूप से B से 250 किमी. है और 'B' का विचलन 'A' से 250 किमी. है। इसमें कोई प्रासंगिकता नहीं है कहने में कि एक धनात्मक विचलन है और दूसरा ऋणात्मक। चूँकि लक्ष्य है केन्द्रीय प्रवृत्ति से मदों के विचरण का अध्ययन, यह थोड़ा भी सार्थक नहीं है कि यह 'धनात्मक' है या 'ऋणात्मक'।

माध्य विचलन या औसत विचलन या विचरण का प्रथम आघूर्ण संकेत रूप में द्योतित होती है ग्रीक की छोटी वर्णमाला δ (डेल्टा) से।

A : व्यक्तिगत अवलोकन :

$$\delta = \frac{\Sigma d}{n} ----- \text{निरपेक्ष माप}$$

$$\delta \text{ का गुणांक } = \frac{\delta}{Me} \text{ या } \frac{\delta}{\bar{x}} \text{ या } = \frac{\delta}{z} ----- \text{आपेक्षिक माप}$$

B : विच्छिन्न और सतत श्रेणी

$$\delta = \frac{\Sigma fd}{n} ----- \text{निरपेक्ष माप}$$

$$\delta \text{ का गुणांक } = \frac{\delta}{Me} \text{ या } \frac{\delta}{\bar{x}} \text{ या } = \frac{\delta}{z} ----- \text{निरपेक्ष माप}$$

(**नोटः** $\sum d$ विचलनों का योग है और $\sum fd$ गुणक 'f' और d के गुणनफल का योग है)

जब औसत भिन्न में होते हैं, माध्य विचलन का परिकलन एक कठिन कार्य हो जाता है। इसलिए, चीजों को और सरल बनाने के लिए, एक लघु विधि या सूत्र प्रयुक्त की जाती है निम्न जैसी–

टिप्पणी

A : व्यक्तिगत अवलोकन :

$$\delta = \frac{\Sigma xA - \Sigma xB - (\Sigma A - \Sigma B)M_e *}{n}$$

B : विच्छिन्न और सतत श्रेणी

$$\delta = \frac{\Sigma fxA - \Sigma fxB - (\Sigma fA - \Sigma fB)M_e *}{n}$$

(**नोट**: Me* की जगह हम x या z ले सकते हैं जैसा विचलन से सम्बन्ध है)

लघु विधि के विभिन्न चरण

(i) पूरे वितरण में दो खण्ड बनाएं, जैसे A और B ताकि औसत से बड़े सभी मद (औसत को मिलाकर) खण्ड A में पड़ें और औसत से छोटे सभी मद खण्ड B में पड़ें।

(ii) सूत्र में प्रयुक्त पद–

$\sum xA$: औसत से बड़े मूल्यों का योगफल

$\sum xB$: औसत से छोटे मूल्यों का योगफल

$\sum A$: कुल मदों की संख्या औसत से बड़ी

$\sum B$: कुल मदों की संख्या औसत से छोटी

n : मदों की कुल संख्या

$\sum fxA$: औसत से बड़ी 'fx' का योगफल

$\sum fxB$: औसत से छोटी 'fx' का योगफल

$\sum fA$: औसत से बड़ी आवृत्तियों का योगफल

$\sum fB$: औसत से छोटी आवृत्तियों का योगफल

यद्यपि सूत्र लम्बा लगता है, यह सभी प्रकार से उपयोगी है और परिकलन को बहुत आसान बना देता है।

उदाहरण 4.8: निम्नलिखित चरों से माध्य विचलन ज्ञात करें और माध्य से माध्य विचलन का गुणांक ज्ञात करें।

x : 68 49 32 21 54 38 59 66 41

हल: समंक को चढ़ते क्रम में व्यवस्थित करें ताकि लघु विधिका इस्तेमाल हो सके।

माध्य विचलन का प्रगणन

x	**(x- $\bar{x}$) d**		
21 32 38 41	26.56 15.56 9.56 6.56	$\delta = \frac{\Sigma d}{n}$ $= \frac{116.44}{9}$	**लघु विधि**

49 54 59 66 68	1.44 6.44 11.44 18.44 20.44	$= 12.9378$ $\delta = \frac{\Sigma d}{n}$ $= \frac{116.44}{9}$ $= 12.9378$ δ का गुणांक $= \delta = \frac{\delta}{\bar{x}}$ $= \frac{12.9378}{47.56}$ $= 0.272$	x 21 32 38 41 49→ 54 59 66 68	$\sum B = 4$ B $\sum x B = 132$ $\sum A = 5$ $\sum xA = 296$ A
428	116.44			
$\sum x$	$\sum d$			

$\bar{x} = 47.56$ यह 49 में सम्मिलित है, जिससे $\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n} = \frac{428}{9} = 47.56$ हमें विभाजन होता है।

$$\delta = \frac{\Sigma xA - \Sigma xB - (\Sigma A - \Sigma B)\bar{x}}{n} = \frac{296 - 132 - (5-4)47.56}{9}$$

$$= \frac{164 - (1)47.56}{9} = \frac{164 - 47.56}{9} = \frac{116.44}{9} = 12.9378$$

उदाहरण 4.9: निम्नलिखित कामगारों का वेतन है। माध्यिका से माध्य विचलन और इसका गुणांक ज्ञात करें।

वेतन (रु.): 59 32 67 43 22 17 64 55 47 80 25

हल : समंक को चढ़ते क्रम में व्यवस्थित करें माध्यिका को प्रगणित करने के लिए।

माध्य विचलन का प्रगणन

माध्यिका $\frac{n+1}{2}$th मद का आकार है

$\therefore \frac{11+1}{2}$th = 6th ------ 6th मद 47 है। $M_e = 47$

क्रम संख्या	वेतन (रु.) x	(x-Me) d		लघु विधि	
				x	
1	17	30	$\delta = \frac{\Sigma d}{n}$	17	
2	22	25	$= \frac{186}{11}$	22	$\sum B = 5$
3	25	22	$= 16.91$	25	$\to B$
4	32	15	δ का गुणांक	32	$\sum x B = 139$
5	43	4	$= \delta = \frac{\delta}{\bar{x}}$	43	
$\to 6$	$\to 47$	0	$= \frac{16.91}{47}$	$\to 47$	
7	55	8	$= 0.36$	55	$\sum A = 6$
8	59	12		59	$\to A$
9	64	17		64	$\sum xA = 372$
10	67	20		67	
11	80	33		80	
		$\sum d = 186$			

$$\delta = \frac{\Sigma xA - \Sigma xB - (\Sigma A - \Sigma B)M_e}{n} = \frac{372 - 139 - (6-5)47}{n}$$

$$= \frac{233 - (1)47}{11} = \frac{233 - 47}{11} = \frac{186}{11} = 16.91$$

उदाहरण 4.10: निम्नलिखित रन है जो क्रिकेट टेस्टों के विभिन्न पारियों में बल्लेबाज बनाते हैं।

रनः	20	40	60	80	100	120	140	160	180
बल्लेबाजों की संख्याः	6	19	40	23	65	83	55	20	9

बहुलक से माध्य विचलन और इसका गुणांक प्रगणित करें।

हलः माध्य विचलन का प्रगणन।

x	f	(x-z) = d	fd
20	6	100	600
40	19	80	1,520
60	40	60	2,400
80	23	40	920

उच्चतम आवृत्ति है 83

$\therefore z = 120$

100	65	20	1,300
120	83	0	0
140	55	20	1,100
160	20	40	800
180	9	60	540
	n = 320		zfd = 9,180

$$\delta = \frac{\Sigma fd}{n} = \frac{9180}{320} = 28.69$$

δ का गुणांक

$$= \frac{\delta}{z} = \frac{28.69}{120} = 0.239$$

लघु–विधि

x	f	fx
20	6	120
40	19	760
60	40	2,400
80	23	1,840
100	65	6,500
120	83	9,960
140	55	7,700
160	20	3,200
180	9	1,620
		$\sum$fx = 34,100

$\sum f\,B = 153 \quad \sum fx\,B = 11620$

$\sum f\,A = 167 \quad \sum fx\,A = 22480$

$$\delta = \frac{\Sigma fx\,A - \Sigma fx\,B - (\Sigma fA - \Sigma fB)z}{n}$$

$$= \frac{22480 - 11620 - (167 - 153)120}{320}$$

$$= \frac{10860 - (14)120}{320} = \frac{10860 - 1680}{320}$$

$$= \frac{9180}{320} = 28.69$$

उदाहरण 4.11: नीचे दी गई सूचना से माध्य विचलन ज्ञात करें।

वेतन (रु.):	40	50	50-100	100-200	200-400
कर्मचारियों की संख्या:	22	18	10	8	2

हल: चूँकि वितरण में दोनों विच्छिन्न और सतत चर के मूल्य हैं, माध्य विचलन अधिमान्यता से माध्यिका से प्रगणित की जाती हैं।

माध्य विचलन का प्रगणन

वेतन (रु.)	x (मध्यमान)	f	cf	$(x-m_e) = d$	fd
40	40	22	22	10	220
50	50	18	40	0	0
50-100	75	10	50	25	150
100-200	150	8	58	100	800
200-400	300	2	60	250	500
		n = 60			$\sum$fd = 1,770

माध्यिका $\frac{n+1}{2}$th मद का आकार है

$\therefore \frac{60+1}{2}$th मद $= 30.5$

यह 40 c.f. में पड़ता है।

40 c.f. के विरुद्ध विच्छिन्न मूल्य 50 है।

$\therefore M_e = 50$

$\delta = \frac{\Sigma fd}{n} = \frac{1770}{60} = 29.5$

δ का गुणांक

$= \frac{\delta}{M_e} = \frac{29.5}{50} = 0.59$

4.5 परिकल्पित माध्य विधि (Assumed Mean Method)

जब औसत भिन्न में हैं और चर के मूल्य या मध्य–बिन्दुएँ नियमित अंतराल पर बढ़ रही हैं और प्रगणन में बड़े गुणन समावेष्टित हैं, हम निम्न सूत्र का प्रयोग सुविधापूर्वक कर सकते हैं।

$$\delta = \frac{\delta fd'(c) + (*\bar{x} - A)(\Sigma fB - \Sigma fA)}{n}$$ – – – – – – – – कोई भी माध्य

A = परिकल्पित माध्य, ('c' है पद–विचलन की स्थित में)

उदाहरण 4.12: 100 छात्रों के निम्न अंकों से माध्यिका से माध्य विचलन और इसके गुणांक प्रगणित करें।

अंकः	20-25	25-30	30-35	35-40	40-45	45-50	50-55	55-60	60-65
छात्रों की संख्याः	6	12	17	28	10	10	8	5	2

हलः

माध्य विचलन का प्रगणन

C.I.	f	c.f.	x	(x-A)/5 = d'	fd'	
20-25	6	6	22.5	3	18	
25-30	12	18	27.5	2	24	
30-35	17	35(m)	32.5	1	17	$\sum f_B = 63$
(l) 35-40	28 (f)	63 ←	37.5	0	0	
40-45	12	75	42.5	1	12	
45-50	10	85	47.5	2	20	
50-55	8	93	52.5	3	24	$\sum f_A = 37$
55-60	5	98	57.5	4	20	
60-65	2	100	62.5	5	10	
	n - 100					

Me $1\frac{n}{2}$th मद का आकार है। $\therefore \frac{100}{2}$th = 50 वाँ मद यह 63 c.f. में पड़ता है। 63 c.f. के विरुद्ध माध्यिका वर्ग है (35-40)

टिप्पणी

$$\text{Me} = 1 + \frac{\frac{100}{2} - m}{f} \times c = 35 + \frac{50 - 35}{28} \times 5 = 35 + \frac{15}{28} \times 5$$

$$= 35 + \frac{75}{28} = 35 + 2.6786 = 37.6786$$

परिकल्पित माध्यिका = 37.5 (मध्य बिन्दुओं में से एक)

$$\delta = \frac{\Sigma fd'(c) + (M_e - A)(\Sigma fB - \Sigma fA)}{n} = \frac{145(5) + (37.6786 - 37.5)63.37}{100}$$

$$= \frac{725 + 0.1786(26)}{100} = \frac{725 + 4.6436}{100}$$

$$\frac{729.6436}{100} = 7.296$$

δ का गुणांक $= \frac{\delta}{M_e} = \frac{7.296}{37.6786} = 0.19365$

माध्य विचलन के गुण

निम्न माध्य विचलन के गुण हैं–

(i) यह दृढ़ता से परिभाषित है और प्रगणन और समझने में आसान है।

(ii) यह सभी मदों को प्रयोजन में लेता है और विचलन को भार उनके आकार के अनुसार देता है।

(iii) यह चरों के आत्यंतिक मूल्य से कम प्रभावित होता हैं

(iv) यह विचलन प्राप्त करके सभी अनियमितताओं को दूर करता है और सही माप प्रदान करता है।

माध्य विचलन के दोष

महत्त्व के बावजूद, माध्य विचलन की निम्न सीमाएं हैं–

(i) यह अपने आप को तुरत अंकगणितीय प्रतिपादन के लिए प्रस्तुत नहीं करता है।

(ii) यह ऋणात्मक विचलन की उपेक्षा करता है और उसे धनात्मक निरूपित करता है जो गणितीय रूप से न्यायसंगत नहीं है।

(iii) यह संतोषप्रद माप नहीं है जब विचलन बहुलक से लिए जाते हैं।

(iv) यह विरले ही सामाजिक विज्ञानों में प्रयुक्त होता है।

(v) यह उपयुक्त नहीं है जब वर्ग–अंतराल खुले सिरे वाले होते हैं।

4.6 प्रमाप विचलन (Standard Deviation) (σ)

टिप्पणी

''प्रमाप विचलन'' विचलनों के वर्गों के योगफल का वर्गमूल हैं उनकी संख्या से विभाजित करने के बाद। यह ''माध्य त्रुटि विचलन'', ''माध्य वर्ग त्रुटि विचलन'' या ''वर्गमूल माध्य वर्ग विचलन'' भी कहलाता है। यह विचरण का द्वितीय आघूर्ण हैं चूँकि विचलनों के वर्गों का योगफल माध्य से न्यूनतम होता है, विचलन सिर्फ माध्य से लिये जाते हैं (ना कि माध्यिका या बहुलक से)।

प्रमाप विचलन सभी विचलनों का माध्य से वर्गमूल-माध्य-वर्ग औसत है। यह प्रो. कार्ल पियरसन द्वारा 1983 में प्रतिपादित किया गया और यह 'σ' (सिगमा) से द्योतित किया जाता है।

A : व्यक्तिगत अवलोकन–

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n}} \text{ या } \sqrt{\frac{\Sigma(x-\bar{x})^2}{n}} \text{ ----- निरपेक्ष माप}$$

$$\text{विचरण का गुणांक } = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100 \text{ ------ आपेक्षिक माप}$$

B : विच्छिन्न और सतत श्रेणी–

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2}{n}} \text{ या } \sqrt{\frac{\Sigma f(x-\bar{x})^2}{n}} \text{ ----- निरपेक्ष माप}$$

$$\text{विचरण का गुणांक } = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100 \text{ ------ आपेक्षिक माप}$$

अनुगमित चरण

(i) $\bar{x}$ परिकलित करें

(ii) विचलन नोट करें [i.e., (x-$\bar{x}$) या d]

(iii) विचलनों का वर्ग करें [i.e., $(x-\bar{x})^2$ या d^2]

(iv) d^2 को f से गुणा करें (i.e., fd^2)

(v) $\sum fd^2/n$ का वर्गमूल प्राप्त करें (i.e., $\sqrt{\Sigma fd^2/n}$)

लघु-विधि

कभी–कभी माध्य एक भिन्नात्मक अंक होगी। तब हमें विचलन को परिकल्पित माध्य से लेना होगा और प्रत्यक्ष सूत्र में कुल समायोजन की आवश्यकता होगी। चूँकि विचलन वास्तविक माध्य से नहीं ली जाती है, हम $\sum d$ कोई मूल्य पाते हैं शून्य के बदले। छोटी विधि निम्न रूप से कार्य करता है।

A : व्यक्तिगत अवलोकन : $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n} \quad \sqrt{\left(\frac{\Sigma d}{n}\right)^2}}$

टिप्पणी

B: विच्छिन्न और सतत श्रेणी : $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2}{n} - \sqrt{\left(\frac{\Sigma fd}{n}\right)^2}}$

पद–विचलन विधि

विचलन को आगे उभयनिष्ठ कारक से विभक्त करते हैं परिकल्पित माध्य की स्थिति में। यह जानबूझकर की गई त्रुटि प्रतिपूरित की जाती है सम्पूर्ण सूत्र को उसी कारक से गुणा करके। सूत्र निम्न प्रकार से कार्य करती है।

A: व्यक्तिगत अवलोकन : C: उभयनिष्ठ कारक

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d'^2}{n} - \left(\frac{\Sigma d'}{n}\right)^2} \times c$$

B: विच्छिन्न और सतत श्रेणी :

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma fd'^2}{n} - \left(\frac{\Sigma fd'}{n}\right)^2} \times c$$

उदाहरण 4.13: B.A. वर्ग के 10 छात्र ने निम्न अंक कन्नड़ में प्राप्त किये हैं 100 अंकों में। प्राप्त अंक का प्रमाप विचलन परिकलित करें,

क्रम सं.:	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
अंकः	5	10	20	25	40	42	45	48	70	80

हलः

x	$(x-\bar{x}) = d$	d^2	(x-A) = d	d^2
5	-33.5	1122.25	-35	1225
10	-28.5	812.25	-30	900
20	-18.5	342.25	-20	400
25	-13.5	182.25	-15	225
40	+1.5	2.25	0	0
42	+3.5	12.25	+2	4
45	+6.5	42.25	+5	25
48	+9.5	90.25	+8	64

70	+31.5	992.25	+30	900
80	+41.5	1722.25	+40	1600
$\sum x = 385$	$\sum d = 0$	$\sum d^2 = 5320.50$	$\sum d = -15$	$\sum d^2 = 5343$

$$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n} = \frac{385}{10} = 38.5$$

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n} - \left(\frac{\Sigma d}{n}\right)^2} = \sqrt{\frac{5343}{10} - \left(\frac{-15}{10}\right)^2} = \sqrt{534.3 - (-1.5)^2}$$

$$= \sqrt{534.3 - 2.26} = \sqrt{532.05} = 23.066 ---- \text{लघु विधि}$$

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n}} = \sqrt{\frac{5320.50}{10}} = \sqrt{532.05} = 23.066 ---- \text{प्रत्यक्ष विधि}$$

$$\text{C.V.} = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100 = \frac{23.066}{38.5} \times 100 = 0.5991 \times 100 = 59.91\%$$

उदाहरण 4.14: निम्नलिखित दो बल्लेबाजों NEKO और DECO द्वारा दस पारियों में बनाए गए रन हैं। ज्ञात करें कौन बेहतर स्कोरर है और कौन अधिक स्थिर (Consistent)।

NEKO:	101	22	0	36	82	45	7	13	65	14
DECO:	97	12	40	96	13	8	85	8	56	16

हल:

NECO **x**	**x-** $\bar{x}$ **d**	$\mathbf{d^2}$	**DECO** **x**	**x-** $\bar{x}$ **d**	$\mathbf{d^2}$
0	-38.5	1482.25	8	-35.1	1232.01
7	-31.5	992.25	8	-35.1	1232.01
13	-25.5	650.25	12	-31.1	967.21
14	-24.5	600.25	13	-30.1	906.01
22	+16.5	272.25	16	-27.1	734.41
36	+2.5	6.25	40	-3.1	9.61
45	+6.5	42.25	56	+12.9	166.41
65	+26.5	702.25	85	+41.9	1755.61
82	+43.5	1892.25	96	+52.9	2798.41
101	+62.5	3906.25	97	+53.9	2905.21
$\sum x = 385$	$\sum d = 0$	$\sum d^2 =$ 10546.50	$\sum x = 431$	$\sum d = 0$	$\sum d^2 =$ 12706.90

टिप्पणी

$$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n} = \frac{385}{10} = 38.5$$

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n}} = \sqrt{\frac{10546.50}{10}} = \sqrt{1054.65} = 32.475$$

$$\text{C.V.} = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100 = \frac{32.475}{38.5} \times 100 = 84.35\%$$

$$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n} = \frac{431}{10} = 43.1$$

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n}} = \sqrt{\frac{12706.90}{10}} = \sqrt{1270.69}$$

$$= 35.647$$

$$\text{C.V.} = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100 = \frac{35.647}{43.1} \times 100 = 82.71\%$$

DECO बेहतर रन बनाने वाला है और अधिक स्थिर खिलाड़ी है NEKO की अपेक्षा। (क्योंकि उसका औसत अधिक है और विचरण कम है)

उदाहरण 4.15: निम्नलिखित दो छात्रों 'A' और 'B' द्वारा 10 टेस्टों में प्राप्त अंक हैं प्रत्येक 100 अंकों में।

Test:	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
A:	44	80	76	48	52	72	72	51	60	54
B:	48	75	54	60	63	69	72	51	57	66

ज्ञात करें पढ़ाई में कौन बेहतर है और अगर संगत (Consistency) पारितोषिक पाने की कसौटी है, किसे पारितोषिक मिलना चाहिए।

हलः

प्रमाप विचलन का प्रगणन

A x	(x- $\bar{x}$) = d	d^2	B x	(x- $\bar{x}$) = d	d^2
44	–16.9	285.61	48	–13.5	182.25
48	–12.9	166.41	51	–10.5	110.25
51	–9.9	98.01	54	–7.5	56.25
52	–8.9	79.21	57	–4.5	20.25
54	–6.9	47.61	60	-1.5	2.25
60	–0.9	0.81	63	+1.5	2.25
72	+11.1	123.21	66	+4.5	20.25
72	+11.1	123.21	69	+7.5	56.25

टिप्पणी

76	+15.1	228.01	72	+10.5	110.25
80	+19.1	364.81	75	+13.5	182.25
$\sum x = 609$	$\sum d = 0$	$\sum d^2 =$ 1516.90	$\sum x = 615$	$\sum d = 0$	$\sum d^2 =$ 742.50

$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n}$; $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n}}$; C.V. $= \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100$	$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n}$; $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n}}$; C.V. $= \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100$
$= \frac{609}{10}$ $= \sqrt{\frac{1516.90}{10}}$ $= \frac{12.316}{60.9} \times 100$	$= \frac{615}{10}$ $= \sqrt{\frac{742.50}{10}}$ $= \frac{8.167}{61.5} \times 100$
$= 60.9$ $= \sqrt{151.69}$ $= 20.22\%$	$= 61.5$ $= \sqrt{74.25}$ $= 14.10\%$
$= 12.316$	$= 8.617$

B पढ़ाई में बेहतर और उसे ही पारितोषिक भी मिलना चाहिए चूँकि उसका औसत अधिक है और प्रसरण कम है।

उदाहरण 4.16: एक विशेष वस्तु की कीमत पाँच वर्षों में दो शहरों में नीचे दी गई है।

शहर A:	20	22	19	23	16
शहर B:	10	20	18	12	15

तालिका से ज्ञात करें किस शहर की कीमत ज्यादा स्थिर है।

हलः

प्रमाप विचलन का प्रगणन

A x	**($x-\bar{x}$)** d	d^2	**B** x	**($x-\bar{x}$)** d	d^2
16	–4	16	10	–5	25
19	–1	1	12	–3	9
20	0	0	15	0	0
22	+2	4	18	+3	9
23	+3	9	20	+5	25
$\sum x = 100$	$\sum d = 0$	$\sum d^2 = 30$	$\sum x = 75$	$\sum d = 0$	$\sum d^2 = 68$

टिप्पणी

$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n}$; $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n}}$; C.V. $= \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100$	$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n}$; $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n}}$; C.V. $= \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100$
$= \frac{100}{5}$ $= \sqrt{\frac{30}{5}}$ $= \frac{2.45}{20} \times 100$	$= \frac{75}{5}$ $= \sqrt{\frac{68}{5}}$ $= \frac{3.688}{15} \times 100$
$= 20$ $= \sqrt{6}$ $= 12.25\%$	$= 15$ $= \sqrt{13.6}$ $= 24.585\%$
$= 2.45$	$= 3.688$

विचरण का गुणांक कीमत में शहर A की कम है; शहर A की कीमत ज्यादा स्थिर है शहर B की अपेक्षा।

उदाहरण 4.17: निम्न दो बल्लेबाजों A और B के स्कोर किए गए रन हैं

A	:	70	90	80	50	40
B	:	70	90	60	50	30

ज्ञात करें कौन अधिक रन बटोरने वाला है अधिक संगत (Consistent) है।

हलः

(प्रमाप विचलन का प्रगणन)

A x	**($x-\bar{x}$)** d	**d^2**	**B** x	**($x-\bar{x}$)** d	**d^2**
70	+4	16	70	+10	100
90	+24	576	90	+30	900
80	+14	196	60	0	0
50	-16	256	50	-10	100
40	-26	676	30	-30	900
$\sum x = 330$	$\sum d = 0$	$\sum d^2 = 1720$	$\sum x = 300$	$\sum d = 0$	$\sum d^2 = 2000$

$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n}$ $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n}}$ C.V. $= \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100$	$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n}$; $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n}}$; C.V. $= \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100$

$=\frac{330}{5}$ $=\sqrt{\frac{1720}{5}}$ $=\frac{18.547}{66}\times 100$ $=66$ $=\sqrt{344}$ $=28.10\%$ $=18.547$	$=\frac{300}{5}$ $=\sqrt{\frac{2000}{5}}$ $=\frac{20}{60}\times 100$ $=60$ $=\sqrt{400}$ $=33.33\%$ $=20$

बल्लेबाज A बेहतर रन बटोरने वाला है और अधिक संगत चूँकि उसका औसत अधिक है और प्रसरण कम।

उदाहरण 4.18: नीचे दिए गए x और y के शेयर मूल्यों से, उल्लेख करें कौन शेयर मूल्य अधिक स्थिर है।

X (रु.):	55	54	53	53	56	68	52	50	51	49
Y (रु.):	108	107	105	105	106	107	104	103	104	101

हलः मूल्य चढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित की जाती है।

प्रमाप विचलन का प्रगणन

'x' मूल्य x	**x-$\bar{x}$** d	**d^2**	**Y मूल्य** x	**(x-$\bar{x}$)** d	**d^2**
49	–5.1	26.01	101	–4	16
50	–4.1	16.81	103	–2	4
51	–3.1	9.61	104	–1	1
52	–2.1	4.41	104	–1	1
53	–1.1	1.21	105	0	0
53	–1.1	1.21	105	0	0
54	–0.1	0.01	1.06	+1	1
55	+0.9	0.81	1.07	+2	4
56	+1.9	3.61	1.07	+2	4
68	+13.9	193.21	1.06	+3	9
$\sum x = 541$	$\sum d = 0$	$\sum d^2 = 256.90$	$\sum x = 1050$	$\sum d = 0$	$\sum d^2 = 40$

$\bar{x}=\frac{\Sigma x}{n}$ $\sigma=\sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n}}$ C.V. $=\frac{\sigma}{\bar{x}}\times 100$ $=\frac{541}{10}$ $=\sqrt{\frac{256.90}{10}}$ $=\frac{5.069}{54.1}\times 100$	$\bar{x}=\frac{\Sigma x}{n}$ $\sigma=\sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n}}$ C.V. $=\frac{\sigma}{\bar{x}}\times 100$ $=\frac{1050}{10}$ $=\sqrt{\frac{40}{10}}$ $=\frac{2}{105}\times 100$

$= 54.1 \quad = \sqrt{25.69} \quad = 9.369\%$ $= 5.069$	$= 105 \quad = \sqrt{4} \quad = 1.905\%$ $= 2$

टिप्पणी

'Y' शेयर मूल्य अधिक स्थिर है 'X' की अपेक्षा चूँकि प्रसरण कम है।

उदाहरण 4.19: कर्मचारियों की संख्या, प्रति कर्मचारी वेतन और वेतन प्रति कर्मचारी प्रसरण दो फैक्टरियों के नीचे दिए गए हैं :

	फैक्टरी A	**फैक्टरी B**
कर्मचारियों की संख्या..........	50	100
औसत वेतन प्रति कर्मचारी प्रति महीना.........	120 रु.	85 रु.
वेतन का प्रसरण प्रति कर्मचारी प्रति महीना....	9 रु.	16 रु.

किस फैक्टरी में प्रति कर्मचारी वेतन के वितरण में अधिक प्रसरण है। कौन फैक्टरी अधिक वेतन देता है?

फैक्टरी A	**फैक्टरी B**
$\sigma = \sqrt{\text{प्रसरण}} \quad C.V. = \frac{\sigma}{x} \times 100$	$\sigma = \sqrt{\text{प्रसरण}} \quad C.V. = \frac{\sigma}{x} \times 100$
$= \sqrt{9} \quad = \frac{3}{120} \times 100$	$= \sqrt{16} \quad = \frac{4}{85} \times 100$
$= 3 \quad = 2.5\%$	$= 4 \quad = 4.71\%$
$\sum x = 120 \times 50 = 6000$ रु.	$\sum x = 100 \times 85 = 8500$ रु.
= कुल वेतन	= कुल वेतन

हलः

फैक्टरी B में अधिक प्रसरण है। फैक्टरी B अधिक वेतन भुगतान करता है।

उदाहरण 4.20: दो प्रतिष्ठानों A और B के कामगारों के मासिक वेतन के विश्लेषण समान उद्योग में निम्नलिखित परिणाम देते हैं।

	प्रतिष्ठान A	**प्रतिष्ठान B**
कामगारों की संख्या..........	500	600
औसत मासिक वेतन..........	186 रु.	175 रु.
वेतन के वितरण का प्रसरण..........	81 रु.	100 रु.

(i) किस प्रतिष्ठान A और B का बड़ा वेतन बिल है? और

(ii) किस प्रतिष्ठान A और B में, अधिक विचरणता है व्यक्तिगत वेतनों में?

हलः

प्रतिष्ठान A		प्रतिष्ठान B	
$\sigma = \sqrt{\text{प्रसरण}}$	$C.V. = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100$	$\sigma = \sqrt{\text{प्रसरण}}$	$C.V. = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100$
$= \sqrt{81}$	$= \frac{9}{186} \times 100$	$= \sqrt{100}$	$= \frac{10}{175} \times 100$
$= 9$	$= 4.84\%$	$= 10$	$= 5.71\%$
$\sum x = 186 \times 500 = 93,000$ रु.		$\sum x = 175 \times 600 = 1,05,000$ रु.	
= कुल वेतन		= कुल वेतन	

प्रतिष्ठान B का वेतन बिल बड़ा है, और इसका व्यक्तिगत वेतन में भी अधिक प्रसरणता है।

उदाहरण 4.21: निम्नलिखित 2 छात्रों द्वारा वर्ग–टेस्ट के प्राप्त अंक हैं।

X :	25	29	35	39	49
Y :	28	23	32	40	49

ज्ञात करें कौन अधिक संगत विद्यार्थी है।

हलः

X छात्र			Y छात्र		
X	$(x-\bar{x})$	d^2	Y	$(x-\bar{x})$	d^2
x	d	d^2	x	d	d^2
25	-10.4	108.16	23	-11.4	129.96
29	-6.4	40.16	28	-6.4	40.96
35	-0.4	0.16	32	-2.4	5.76
39	+3.6	12.96	40	+5.6	31.36
49	+13.6	184.96	49	+14.6	213.16
$\sum x = 177$	$\sum d = 0$	$\sum d^2 = 347.20$	$\sum x = 172$	$\sum d = 0$	$\sum d^2 = 421.20$
$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n}$	$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n}}$	$C.V. = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100$	$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n}$	$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n}}$	$C.V. = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100$
$= \frac{177}{5}$	$= \sqrt{\frac{347.20}{5}}$	$= \frac{8.333}{35.4} \times 100$	$= \frac{172}{5}$	$= \sqrt{\frac{421.20}{5}}$	$= \frac{9.178}{34.4} \times 100$
$= 35.4$	$= \sqrt{69.44}$	$= 2.54\%$	$= 34.4$	$= \sqrt{84.24}$	$= 26.681\%$
	$= 8.333$			$= 9.178$	

छात्र 'x' अधिक संगत है 'Y' की अपेक्षा चूँकि उसकी विचरणता कम है।

उदाहरण 4.22: बहुत कामगारों पर किए गए अध्ययन ने प्रकट किया औसत नाड़ी दर 81 धड़कन प्रति मिनट और प्रमाप विचलन 12.2 धड़कनें। ऊँचाई की माप में औसत 66.9 ईंच और प्रमाप विचलन 2.7 ईंच है। क्या औद्योगिक कामगार नाड़ी दर के मामले में अधिक परिवर्तनशील हैं?

टिप्पणी

हलः

नाड़ी दर	ईंचों में ऊँचाई
$\bar{x} = 81$	$\bar{x} = 66.9$
$\sigma = 12.2$	$\sigma = 2.7$
$\therefore C.V. = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100$	$\therefore C.V. = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100$
$= \frac{12.2}{81} \times 100 = 15.06\%$	$= \frac{2.7}{66.9} \times 100$
	$= 4.036\%$

हाँ, औद्योगिक कामगार नाड़ी दर के मामले में अधिक परिवर्तनशील हैं।

उदाहरण 4.23: दो टीम A और B द्वारा फुटबाल मैच में किए गऐ गोल निम्न हैं।

गोलः	0	1	2	3	4
टीम A:	27	9	8	4	5
टीम B:	17	9	6	5	3

ज्ञात करें कौन टीम अधिक संगत है।

हलः

गोलों की संख्या (x)	**f**	**fx**	**A d**	**fd**	**fd²**
0	27	0	–2	–54	108
1	9	9	–1	-9	9
2	8	16	0	0	0
3	4	12	+1	+4	4
4	5	20	+2	+10	20
	n = 53	$\sum fx = 57$		$\sum fd = 49$	$\sum fd^2 = 141$

नोटः परिकल्पित माध्य = 2

$$\overline{x} = \frac{\Sigma x}{n} = \frac{57}{53} = 1.0755$$

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2}{n} - \left(\frac{\Sigma fd}{n}\right)^2} = \sqrt{\frac{141}{53} - \left(\frac{-49}{53}\right)^2} = \sqrt{2.66 - (-0.925)^2}$$

$$= \sqrt{1.8052} = 1.3436$$

$$\text{C.V.} = \frac{\sigma}{\overline{x}} \times 100 = \frac{1.3436}{1.0755} \times 100 = 124.93\%$$

प्रमाप विचलन का प्रगणन

गोलों की संख्या (x)	f	fx	B d	fd	fd^2
0	17	0	–2	–34	68
1	9	9	–1	–9	9
2	6	12	0	0	0
3	5	15	+1	+5	5
4	3	12	+2	+6	12
	n = 40	$\sum fx = 48$		$\sum fd = -32$	$\sum fd^2 = 94$

नोटः परिकल्पित माध्य = 2

$$\overline{x} = \frac{\Sigma fx}{n} = \frac{48}{40} = 1.2$$

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2}{n} - \left(\frac{\Sigma fd}{n}\right)^2} = \sqrt{\frac{94}{40} - \left(\frac{-32}{40}\right)^2} = \sqrt{2.35 - (-0.8)^2}$$

$$= \sqrt{2.35 - 0.64} = \sqrt{1.71} = 1.308$$

$$\text{C.V.} = \frac{\sigma}{\overline{x}} \times 100 = \frac{1.308}{1.2} \times 100 = 109\%$$

टीम B अधिक संगत है चूँकि इसमें कम विचरणता है।

उदाहरण 4.24: निम्न तालिका एक हाई स्कूल के लड़कों और लड़कियों के उम्र का वितरण देती है। ज्ञात करें इनमें से कौन समूह उम्र में अधिक परिवर्तनशील है।

उम्र (वर्षों में):	13	14	15	16	17
छात्रों की संख्या:					
(लड़के):	12	15	15	5	3
(लड़कियाँ):	13	10	12	2	1

हलः

प्रमाप विचलन का प्रगणन

उम्र वर्षों में (x)				**लड़के**	
	f	**fx**	**fd**	**d**	**fd^2**
13	12	156	–2	–24	48
14	15	210	–1	–15	15
15	15	225	0	0	0
16	5	80	+1	+5	5
17	3	51	+2	+6	12
	n = 50	$\sum fx = 722$		$\sum fd = 28$	$\sum fd^2 = 80$

$$\bar{x} = \frac{\Sigma fx}{n} = \frac{722}{50} = 14.44$$

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2}{n} - \left(\frac{\Sigma fd}{n}\right)^2} = \sqrt{\frac{80}{50} - \left(\frac{-28}{50}\right)^2} = \sqrt{1.6 - (-0.56)^2}$$

$$= \sqrt{1.6 - 0.3136} = \sqrt{1.28641} = 1.1342$$

$$\text{C.V.} = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100 = \frac{1.1342}{14.44} \times 100 = 7.855\%$$

प्रमाप विचलन का प्रगणन

उम्र वर्षों में				लड़कियाँ	
(x)	f	fx	fd	d	fd^2
13	13	169	–2	–26	52
14	10	140	–1	–10	10
15	12	180	0	6	0
16	2	32	+1	+2	2
17	1	17	+2	+2	4
	n = 38	$\sum fx = 538$		$\sum fd = -32$	$\sum fd^2 = 68$

$$\bar{x} = \frac{\Sigma fx}{n} = \frac{538}{38} = 14.16$$

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2}{n} - \left(\frac{\Sigma fd}{n}\right)^2} = \sqrt{\frac{68}{38} - \left(\frac{-32}{38}\right)^2} = \sqrt{1.7895 - (-0.842)^2}$$

$$= \sqrt{1.7895 - 0.7091} = \sqrt{1.0804} = 1.039$$

टिप्पणी

$$C.V. = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100 = \frac{1.039}{14.16} \times 100 = 7.341\%$$

लड़कों की उम्र अधिक परिवर्तनशील है चूँकि इसका विचरण ज्यादा है।

उदाहरण 4.25: निम्न समंक से प्रमाप विचलन परिकलित करें :

मध्य–बिन्दुः	1	2	3	4	5	6	7	8	9
आवृत्तिः	4	120	202	304	410	310	158	80	2

हलः

प्रमाप विचलन का प्रगणन

म.बि.	f	d	fd	fd^2
1	4	-4	-16	64
2	120	-3	-360	1080
3	202	-2	-404	808
4	304	-1	-304	304
5	410	0	0	0
6	310	+1	+310	310
7	158	+2	+316	632
8	80	+3	+240	720
9	2	+4	8	32
	n = 1590	$\sum d = 0$	$\sum fd = -210$	$\sum fd^2 = 3950$

नोटः परिकल्पित माध्य = 5

$$\bar{x} = A + \frac{\Sigma fd}{n} = 5 + \frac{-210}{1590} = 5 - 0.1321 = 4.868$$

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma fd^2}{n} - \left(\frac{\Sigma fd}{n}\right)^2} = \sqrt{\frac{3950}{1590} - \left(\frac{210}{1590}\right)^2}$$

$$= \sqrt{2.484 - (-0.1321)^2} = \sqrt{2.484 - 0.1745}$$

$$= \sqrt{2.4664} = 1.571$$

$$C.V. = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100 = \frac{1.571}{4.868} \times 100 = 32.26\%$$

टिप्पणी

उदाहरण 4.26: निम्न समंक से विचरण का गुणांक प्रगणित करें।

लाभ/हानि (000′ रु. में)	दुकानों की संख्या	लाभ/हानि (000′ रु. में)	दुकानों की संख्या
-4........-3	4	+1......+2	50
-3........-2	10	+2......+3	40
-2........-1	22	+3......+4	24
-1........-0	28	+4......+5	18
-0........+1	38	+5......+6	10

हलः

लाभ/हानि C.I.	f	M.V.	2(M.V.)	fx	fx^2
-4........-3	4	-3.5	-7	-28	196
-3........-2	10	-2.5	-5	-50	250
-2........-1	22	-1.5	-3	-66	198
-1........-0	28	-0.5	-1	-28	28
0........+1	38	+0.5	+1	+38	38
+1......+2	56	+1.5	+3	+168	504
+2......+3	40	+2.5	+5	+200	1000
+3......+4	24	+3.5	+7	+168	1176
+4........+5	18	+4.5	+9	+162	1458
+5........+6	10	+5.5	+11	+110	1210
	n = 250			$\sum fx = +674$	$\sum fx^2 = 6058$

$$\bar{x} = \frac{\Sigma fx}{n} \times \frac{1}{2} = \frac{674}{250} \times \frac{1}{2} = 2.696 \times \frac{1}{2} = 1.348$$

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma fx^2}{n} - \left(\frac{\Sigma fx}{n}\right)^2} \times \frac{1}{2} = \sqrt{\frac{6058}{250} - \left(\frac{-674}{250}\right)^2} \times \frac{1}{2}$$

$$= \sqrt{24.232 - (-2.696)^2} \times \frac{1}{2} = \sqrt{24.232 - 7.2684} \times \frac{1}{2}$$

$$= \sqrt{16.96} \times \frac{1}{2} = 4.1187 \times \frac{1}{2} = 2.059$$

$$\text{C.V.} = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100 = \frac{2.059}{1.348} \times 100 = 152.745\%$$

टिप्पणी

उदाहरण 4.27: एक फैक्टरी दो प्रकार का टायर उत्पादित करता है। एक प्रयोग में इन टायरों के जीवन काल में निम्न परिणाम प्राप्त हुए :

जीवन की लम्बाई घंटों में:	15-17	17-19	19-21	21-23	23-25
प्रकार A :	50	110	260	100	80
प्रकार B :	40	300	120	80	60

उल्लेख करें किस प्रकार का टायर अधिक स्थाई है।

हल:

प्रमाप विचलन का प्रगणन

जीवन की लम्बाई '00' घण्टों में C.I.	x	(x-20)/2d'	A प्रकार			B प्रकार		
			f	fd'	fd'^{2}	f	fd'	fd'^{2}
15-17	16	-2	50	-100	200	40	-80	160
17-19	18	-1	110	-110	110	300	-300	300
19-21	20	0	260	0	0	120	0	0
21-23	22	+1	100	+100	100	80	+80	80
23-25	24	+2	80	+160	320	60	+120	240
		$\sum d = 0$	600=n	50=fd'	730 = $\sum fd'^2$	600 n =	-180 fd' =	780 $\sum fd'$ =

नोट: परिकल्पित माध्य = 20

$$\bar{x}_A = A + \frac{\Sigma fd'}{n} \times c = 20 + \frac{50}{600} \times 2 = 20 + 0.1667 = 20.1667$$

$$\bar{x}_B = A + \frac{\Sigma fd'}{n} \times c = 20 + \frac{-180}{600} \times 2 = 20 - 0.6 = 19.4$$

$$\sigma_A = \sqrt{\frac{\Sigma fd'^2}{n} - \left(\frac{\Sigma fd'}{n}\right)^2} \times c = \sqrt{\frac{730}{600} - \left(\frac{50}{600}\right)^2} \times 2$$

$$= \sqrt{1.2167 - (0 - .083)^2} \times 2 = \sqrt{1.2167 - 0.00694} \times 2$$

$$= \sqrt{1.20976} \times 2 = 1.099891 \times 2 = 2.1998$$

$$\text{C.V.} = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100 = \frac{2.1998}{20.1667} \times 100 = 10.91\%$$

$$\sigma_B = \sqrt{\frac{\Sigma fd'^2}{n} - \left(\frac{\Sigma fd'}{n}\right)^2} \times c = \sqrt{\frac{780}{600} - \left(\frac{-180}{600}\right)^2} \times 2$$

$$= \sqrt{1.3 - (0.3)^2} \times 2 = \sqrt{1.3 - 0.09} \times 2$$

$$= \sqrt{1.21} \times 2 = 1.1 \times 2 = 2.2$$

$$\text{C.V.} = \frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100 = \frac{2.2}{19.4} \times 100 = 11.34\%$$

टिप्पणी

A प्रकार का टायर अधिक स्थाई है चूँकि उनका विचरण 'B' प्रकार के टायर से कम है।

उदाहरण 4.28: एक एजेण्ट बल्ब का प्रतिदर्श 2 कम्पनी से लेता है। उसको उन्हें टिकाऊपन के लिए परीक्षण करना था और निम्न परिणाम पाया।

टिकाऊपन '00' घंटों में	**कम्पनी A**	**कम्पनी B**
17-19	100	30
19-21	160	420
21-23	260	120
23-25	80	30

किस कम्पनी के बल्ब एकरूप हैं?

हलः

टिकाऊपन '00' घंटों में C.I.	x	(x-20)/2 d'	A कम्पनी			B कम्पनी		
			f	fd'	fd'^{2}	f	fd'	fd'^{2}
17-19	18	-1	100	-100	100	30	-30	30
19-21	20	0	160	0	0	420	0	0
21-23	22	+1	260	+260	260	120	+120	120
23-25	24	+2	80	+160	320	80	+60	120
			600=n	320 $\sum fd'$ =	680 $\sum fd'^2$ =	600 n =	-150 $\sum fd'$ =	270 $\sum fd'^2$ =

परिकल्पित माध्य = 20

$$\bar{x}_A = A + \frac{\Sigma fd'}{n} \times c = 20 + \frac{320}{600} \times 2 = 20 + 1.0667 = 21.0667$$

$$\bar{x}_B = A + \frac{\Sigma fd'}{n} \times c = 20 + \frac{150}{600} \times 2 = 20 + 0.5 = 20.5$$

$$\sigma_A = \sqrt{\frac{\Sigma fd'^2}{n} - \left(\frac{\Sigma fd'}{n}\right)^2} \times c = \sqrt{\frac{680}{600} - \left(\frac{320}{600}\right)^2} \times 2$$

(a) $Q_{1,}$ $\frac{n}{4}$th मद का आकार है

$\therefore \frac{1220}{4}$th मद $= 305$th मद। यह 388 c.f. में पड़ता है।

388 c.f. के विरुद्ध (25-30) Q_1 वर्ग है।

$$Q_1 = l + \frac{\frac{n}{4} - m}{f} \times c$$

$$= 25 + \frac{\frac{1220}{4} - 242}{146} \times 5 = 25 + \frac{305 - 242}{146} \times 5$$

$$= 25 + \frac{63}{146} \times 5 = 25 + \frac{315}{146} = 25 + 2.1575 = 27.1575$$

(b) M_e $\frac{n}{2}$th मद का आकार है।

$\therefore \frac{1220}{2}$th मद $= 610$th मद। यह 760 c.f. में पड़ता है।

760 c.f. के विरुद्ध (35-40) माध्यिका वर्ग है।

$$M_e = l + \frac{\frac{n}{2} - m}{f} \times c$$

टिप्पणी

$$= 35 + \frac{\frac{1220}{2} - 548}{212} \times 5 = 35 + \frac{610 - 548}{210} \times 5$$

$$= 35 + \frac{62}{212} \times 5 = 35 + \frac{310}{212} = 35 + 1.4623 = 36.4623$$

(c) Q_3 $\frac{3n}{4}$th मद का आकार है

$\therefore$ $\frac{3(1220)}{4}$th मद $= 915$th मद। यह 954 c.f. में पड़ता है।

954 c.f. के विरुद्ध (40-50) Q_3 वर्ग है।

$$Q_3 = l + \frac{\frac{3n}{4} - m}{f} \times c$$

$$= 40 + \frac{\frac{3(1220)}{4} - 760}{194} \times 5 = 40 + \frac{915 - 760}{194} \times 5$$

$$= 40 + \frac{155}{194} = 5 = 40 + \frac{775}{194} = 40 + 3.9948 = 43.9948$$

(d) $$S_{kb} = \frac{Q_3 + Q_1 - 2M_e}{Q_3 - Q_1}$$

$$= \frac{43.9948 + 27.1575 - 2(36.4623)}{43.9948 - 27.1575} = \frac{71.1523 - 72.9246}{16.8373}$$

$$= \frac{1.7723}{16.8373} = 0.10526$$

उदाहरण 4.59: निम्न का विषमता का चतुर्थक गुणांक परिकलित करें।

मध्य–बिन्दु :	10	20	30	40	50	60	70	80	90	100
आवृत्ति :	2	9	11	14	20	24	20	16	5	2

हलः मध्य बिन्दु वर्ग अंतराल में परिवर्तित की जाती है दो मध्य–बिन्दुओं के बीच वर्तमान अंतराल में 1/2 जोड़कर और घटाकर।

$\left[10 - \frac{1}{2}(10)\right]$ से $\left[10 + \frac{1}{2}(10)\right]$.......5-15.......15-25.......25-35 आदि।

टिप्पणी

विषमता के गुणांक का प्रगणन

C.I.	f	C.f.
5-15	2	2
15-25	9	11
25-35	11	22 (m)
(l) 35-45	14 (f)	36 ←
45-55	20	56 (m)
(l) 55-65	24 (f)	80 (m) ←
(l) 65-75	20 (f)	100
75-85	16	116 ←
85-95	5	121
95-100	2	123
	n = 123	

(a) $Q_{1,}$ $\frac{n}{4}$th मद का आकार है

$\therefore \frac{123}{4}$th मद $= 30.75$th मद। यह 36 c.f. में पड़ता है।

36 c.f. के विरुद्ध (35-45) Q_1 वर्ग है।

$$Q_1 = l + \frac{\frac{n}{4} - m}{f} \times c$$

$$= 35 + \frac{\frac{123}{4} - 22}{14} \times 10 = 35 + \frac{30.75 - 22}{14} \times 10 = 35 + \frac{8}{14} \times 10$$

$$= 35 + \frac{80}{14} = 35 + 5.7143 = 40.7143$$

(b) M_e आकार है $\frac{n}{2}$th मद का।

$\therefore \frac{123}{2}$th मद $= 61.50$th मद। यह 80 c.f. में पड़ता है।

80 c.f. के विरुद्ध (55-65) माध्यिका वर्ग है।

$$M_e = l + \frac{\frac{n}{2} - m}{f} \times c$$

टिप्पणी

$$= 55 + \frac{\frac{123}{2} - 56}{24} \times 10 = 55 + \frac{61.5 - 56}{24} \times 10 = 55 + \frac{5.5}{24} \times 10$$

$$= 55 + \frac{55}{24} \times 55 + 2.2917 = 57.2917$$

(c) $Q_{3,}$ $\frac{3n}{4}$th मद का आकार है

$\therefore \frac{3(123)}{4}$th मद $= 92.25$th मद। यह 100 c.f. में पड़ता है।

100 c.f. के विरुद्ध (65-75) Q_3 वर्ग है।

$$Q_3 = l + \frac{\frac{3n}{4} - m}{f} \times c$$

$$= 65 + \frac{\frac{3(123)}{4} - 80}{20} \times 10 = 65 + \frac{92.25 - 80}{20} \times 10$$

$$= 65 + \frac{12.25}{20} = 10 = 65 + \frac{122.5}{20} = 65 + 6.125 = 71.125$$

(d) $$S_{kb} = \frac{Q_3 + Q_1 - 2M_e}{Q_3 - Q_1}$$

$$= \frac{71.125 + 40.7143 - 2(57.2197)}{71.125 - 40.7143} = \frac{111.8393 - 114.5834}{30.4107}$$

$$= \frac{2.7441}{30.4107} = -0.0902$$

उदाहरण 4.60: चतुर्थकों का प्रयोग कर, निम्न वितरण के लिए विषमता की माप ज्ञात करें।

वार्षिक बिक्री ('000') रु.	प्रतिष्ठानों की संख्या	वार्षिक बिक्री ('000') रु.	प्रतिष्ठानों की संख्या
20 से कम	30	70 से कम	644
30 से कम	225	80 से कम	650
40 से कम	465	90 से कम	665
50 से कम	580	100 से कम	680
60 से कम	634	–	–

टिप्पणी

हलः चूँकि पूरी श्रृंखला में 10 का वर्ग–अन्तराल है, पहला वर्ग–अन्तराल 10–20 लिया जाना चाहिए। हम 'से कम' आवृत्तियों को आवृत्तियों में परिवर्तित करें।

विषमता के गुणांक का प्रगणन

वार्षिक बिक्री ('000' रु.) C.I.	प्रतिष्ठानों की संख्या f	C.f.
10-20	30	30
(*l*) 20-30	195 (f)	225 (m) ←
(*l*) 30-40	240 (f)	465 (m) ←
(*l*) 40-50	115 (f)	580 ←
50-60	54	634
60-70	10	644
70-80	6	650
80-90	15	665
90-100	15	680
	n = 680	

(a) Q_1, $\frac{n}{4}$th मद का आकार है

$\therefore \frac{680}{4}$th मद $= 170$th मद। यह 225 c.f. में पड़ता है।

225 c.f. के विरुद्ध (20-30) Q_1 वर्ग है।

$$Q_1 = l + \frac{\frac{n}{4} - m}{f} \times c$$

$$= 20 + \frac{\frac{680}{4} - 30}{195} \times 10 = 20 + \frac{170 - 30}{195} \times 10 = 20 + \frac{140}{195} \times 10$$

$$= 20 + \frac{1400}{195} = 20 + 7.179487 = 27.179487$$

(b) माध्यिका $\frac{n}{2}$th मद का आकार है।

$\therefore \frac{680}{2}$th मद = 340th मद। यह 465 c.f. में पड़ता है।

465 c.f. के विरुद्ध (30-40) माध्यिका वर्ग है।

$$M_e = l + \frac{\frac{n}{2} - m}{f} \times c$$

$$= 30 + \frac{\frac{680}{2} - 225}{240} \times 10 = 30 + \frac{340 - 225}{240} \times 10$$

$$= 30 + \frac{115}{240} \times 10 = 30 + 4.79167 = 34.79167$$

(c) $Q_{3,}$ $\frac{3n}{4}$th मद का आकार है

$\therefore \frac{3(680)}{4}$th मद = 510th मद। यह 580 c.f. में पड़ता है।

580 c.f. के विरुद्ध (40-50) Q_3 वर्ग है।

$$Q_3 = l + \frac{\frac{3n}{4} - m}{f} \times c$$

$$= 40 + \frac{\frac{3(680)}{4} - 465}{115} \times 10 = 40 + \frac{510 - 465}{115} \times 10$$

$$= 40 + \frac{45}{115} = 10 = 40 + \frac{450}{115} = 40 + 3.913 = 43.913$$

(d) $$S_{kb} = \frac{Q_3 + Q_1 - 2M_e}{Q_3 - Q_1}$$

$$= \frac{43.913 + 27.179487 - 2(34.79167)}{43.913 - 27.179487}$$

$$= \frac{71.092487 - 69.58334}{16.733513} = \frac{1.509147}{16.733513} = 0.090187$$

उदाहरण 4.61: एक आवृत्ति वितरण में, विषमता का गुणांक, चतुर्थक पर आधारित 0.6 है। अगर निम्न और ऊपरी चतुर्थक का योगफल 100 है और माध्यिका 38 है, निम्न चतुर्थक और ऊपरी चतुर्थक का मान ज्ञात करें।

टिप्पणी

हलः

विषमता के गुणांक का प्रगणन

$S_{kb} = \dfrac{Q_3 + Q_1 - 2M_e}{Q_3 - Q_1}$	$Q_3 + Q_1 = 100$
$0.6 = \dfrac{100 - 2(38)}{Q_3 - Q_1}$	$\dfrac{Q_3 - Q_1 = 40}{2Q_3 = 140}$
$Q_3 - Q_1 = \dfrac{100 - 76}{0.6} = \dfrac{24}{0.6} = 40$	$Q_3 = 70$
ऊपरी चतुर्थक $= 70$	Q_3 के मूल्य को प्रतिस्थापित कर
	$Q_3 + Q_1 = 100$
निम्न चतुर्थक $= 30$	$70 + Q_1 = 100$
	$Q_1 = 100 - 70$
	$Q = 30$

उदाहरण 4.62: एक वितरण में दो चतुर्थकों के बीच का अंतर 8, और उनका योगफल 22 है और माध्यिका 10.5 है। विषमता का गुणांक ज्ञात करें।

हल :

विषमता के गुणांक का प्रगणन

$Q_3 + Q_1 = 22$	$S_{kb} = \dfrac{Q_3 + Q_1 - 2M_e}{Q_3 - Q_1}$
$\dfrac{Q_3 - Q_1 = 8}{2Q_3 = 30}$	$= \dfrac{15 + 7 - 2(10.5)}{15 - 7}$
$Q_3 = 15$	$= \dfrac{22 - 21}{8} = \dfrac{1}{8}$
	$= 0.125$

Q_3 मूल्य को प्रतिस्थापित करें

$$Q_3 + Q_1 = 22$$

$$70 + Q_1 = 22$$

$$Q_1 = 22 - 15$$

$$Q_1 = 7$$

उदाहरण 4.63: एक वितरण के लिए बाउले का विषमता का गुणांक –0.36 है, Q_1 8.6 है और माध्यिका 12.3 है। उच्च चतुर्थक का मूल्य ज्ञात करें।

टिप्पणी

हलः

$$S_{kb} = \frac{Q_3 + Q_1 - 2M_e}{Q_3 - Q_1}$$

$$-0.36 = \frac{Q_3 + 8.6 - 2(12.3)}{Q_3 - 8.6}$$

$$-0.36(Q_3 - 8.6) = Q_3 + 8.6 - 24.6$$

$$-0.36\ Q_3 + 3.096 = Q_3 + 8.6 - 24.6$$

$$-1.36\ Q_3 = 8.6 - 24.6 - 3.096$$

$$-1.36\ Q_3 = 8.6 - 27.696$$

$$-1.36\ Q_3 = -19.096$$

$$Q_3 = 14.04$$

अपनी प्रगति जाँचिए (Check Your Progress)

1. विस्तार अन्तर है __________ मूल्य और __________ मूल्य के बीच।

   (क) सबसे छोटे, सबसे बड़े (ख) सबसे बड़े, सबसे छोटे

   (ग) आधे बड़े, आधे छोटे (घ) इनमें से कोई नहीं

2. कम बिसरा वितरण है __________ समरूप।

   (क) अधिक (ख) कम

   (ग) सम (घ) इनमें से कोई नहीं

3. अधिक बिखरा वितरण है __________ समरूप।

   (क) अधिक (ख) सम

   (ग) कम (घ) इनमें से कोई नहीं

4. चतुर्थक विचलन है अंतर का आधा उच्च चतुर्थक और __________ चतुर्थक के बीच।

   (क) निम्न (ख) उच्च

   (ग) बीच (घ) अन्तिम

टिप्पणी

5. प्रमाप विचलन है विचलन के वर्गों के योगफल का __________।

(क) घनमूल (ख) समानुपाती

(ग) व्युत्क्रमानुपाती (घ) वर्गमूल

6. विषमता द्योतित करती है__________ का विपरीत।

(क) विषमता (ख) समता

(ग) सममिति (घ) इनमें से कोई नहीं

7. एक विषम वितरण में $\overline{X}, Me$ और Z __________ नहीं होते है।

(क) समानुपाती (ख) व्युत्क्रमानुपाती

(ग) संपाती (घ) इसमें से कोई नहीं

8. ककुदता माप है__________ आवृत्ति वितरण का।

(क) बहुलक (ख) औसत

(ग) मध्यता (घ) मध्य के

9. शीर्ष वक्र लम्बे सिरे के साथ कहलाता है__________।

(क) गोलाकार (ख) आयताकार

(ग) वर्ग (घ) शिखराकार

10. सपाट वक्र छोटे सिरे के साथ कहलाता है __________।

(क) शून्य (ख) ईकाई

(ग) समानुपाती (घ) सपाट

11. सामान्य वक्र कहलाता है __________।

(क) प्रसामान्य वक्र (ख) यादृच्छिक

(ग) असामान्य (घ) इनमें से कोई नहीं

12. एक सममितीय वितरण में सभी विषम आघूर्ण बराबर हैं–

(क) एक (ख) दो

(ग) ∞ (घ) शून्य के

13. एक प्रसामान्य वक्र में β_2 क मूल्य बराबर है__________।

(क) 3 के (ख) 2 के

(ग) 1 के (घ) 4 के

4.12 अपनी प्रगति जाँचिए प्रश्नों के उत्तर (Answers to Check Your Progress)

1. (ख)
2. (क)
3. (ग)
4. (क)
5. (घ)
6. (घ)
7. (ग)
8. (क)
9. (घ)
10. (घ)
11. (क)
12. (घ)
13. (क)

4.13 सारांश (Summary)

अपकिरण के माप (विचरणता) 'द्वितीय स्तर के औसत' (Averages of second order) हैं। द्वितीय स्तर का औसत, वह औसत है जो श्रेणी के सभी अंतरों से उन मदों का औसत है। इन अंतरों या विचलनों का औसत निकालने में, उनकी अनियमितताएं हटा दी जाती हैं और अवनमन (Depression) का प्रतिनिधि अंक परिणामस्वरूप मिलता है।

पद अपकिरण (Dispersion) या विचरण (Variation) या विचलन (Deviation) का अध्ययन किया जाता है दो मापों– निरपेक्ष (Absolute) और सापेक्ष (Relative) के संदर्भ में। सापेक्ष माप अनुपातों या प्रतिशत में अभिव्यक्त की जाती है और वे तुलनात्मक अध्ययन के उपयुक्त होते हैं।

एक आदर्श अपकिरण के माप के अभिलक्षण–

(i) इसे दृढ़त से परिभाषित होना चाहिए।

(ii) इसे परिकलित करने और समझने में आसान होना चाहिए।

(iii) इसे सभी प्रेक्षणों पर आधारित होना चाहिए।

(iv) इसे आगे के गणितीय निरूपण के लिए सहज अनुगामी होना चाहिए।

(v) इसे प्रतिदर्शों के उच्चावचन से कम से कम प्रभावित होना चाहिए।

(vi) इसे चरम प्रेक्षणों से अधिक प्रभावित नहीं होना चाहिये।

अपकिरण के माप

अपकिरण के विभिन्न माप हैं–

(i) विस्तार (Range): विस्तार अपकिरण के सभी मापों में सबसे सरल है। यह परिभाषित किया जाता है वितरण के दो चरम प्रेक्षणों के बीच के अन्तर

के रूप में। इसलिए विस्तार $= X_{\max} - X_{\min}$ सबसे बड़ा प्रेषण और $X_{\min} = S$, चर मूल्यों का सबसे छोटा प्रेक्षण

टिप्पणी

वर्गीककृत, आवृत्ति वितरण की स्थिति में (विच्छिन्न मूल्यों के लिए) या सतत आवृत्ति वितरण, विस्तार को परिभाषित किया जाता है सबसे बड़े वर्ग की उच्च सीमा और सबसे छोटे वर्ग की निम्न सीमा के बीच के अंतर से।

एक आदर्श अपकिरण के माप के अभिलक्षणों के अनुसार विस्तार में कई कमियाँ हैं, इसके बावजूद अपरिकण के माप के तौर पर इसका अनुप्रयोग कई क्षेत्रों में है जहाँ समंक में छोटे विचरण हैं जैसे– स्टॉक बाजार के उतार-चढ़ाव, मुद्रा दर और विनिमय दर के विचरण में। मौसम विभाग द्वारा मौसम पूर्वानुमान में खासकर तापक्रम परिवर्तन जानने में।

2. चतुर्थक विचलन या अर्द्ध अन्तः चतुर्थक श्रेणी विस्तार (Quartile Deviation or Semi Interquartile Range)

यह विचलन की माप है, जो ऊपरी चतुर्थक Q_3 और निचली चतुर्थक Q_1 पर आधारित है।

अर्द्ध-अन्तः चतुर्थक विस्तार = $Q_3 - Q_1$

चतुर्थक विचलन प्राप्त किया जाता है अन्तः चतुर्थक विस्तार की 2 से भाग देकर और इसलिए अर्द्ध अन्तः चतुर्थक विस्तार भी कहलाती है, इसलिए

$$\text{चतुर्थक विचलन (Q.D.)} = \frac{Q_3 - Q_1}{2}$$

कठोरता से कहें तो चतुर्थक विचलन सिर्फ स्थैतिक माध्य है और माध्य के चारों ओर छितराव नहीं दर्शाती है। इसलिए कुछ सांख्यिकीविद श्रेयस्कर समझते हैं कहना कि यह विभाजन का माप है अपकिरण की माप की अपेक्षा।

3. माध्य विचलन या औसत विचलन (Mean Deviation or Average Deviation)

अभी तक दो अपकिरणों के मापों की जो चर्चा हुई है viz. विस्तार और चतुर्थक विचलन सभी प्रेक्षणों पर आधारित नहीं है और वे औसत से प्रेक्षणों के बिखराव को प्रदर्शित नहीं करते हैं और इस तरह श्रेणी की बनावट को पूरी तरह नजरअंदाज कर देते हैं माध्य विचलन या औसत विचलन इन दोनों कमियों को दूर कर देता है। अपकिरण की यह माप प्राप्त किया जाता है केन्द्रीय प्रवृत्ति की एक माप से दिए मूल्यों के विचलनों का औसत (समान्तर माध्य) निकालकर।

माध्य विचलन का प्रगणन (Computation of Mean Deviation)

अगर $X_1, X_2 --- X_n$ दिए गए प्रेक्षण हैं तब माध्य विचलन (M.D.) एक माध्य से (कहें), दिया जाता है।

$$\text{M.D. (औसत A से)} = \frac{1}{n}\Sigma|x - A| = \frac{1}{n}\Sigma d$$

टिप्पणी

जहाँ $|d| = |x - A|$ इसे पढ़े मापांक $(x - A)$, मापांक (Modulus) मूल्य या निरपेक्ष मूल्य विचलन का (ऋणात्मक चिन्ह की उपेक्षा करने के बाद) $d = X - A$ और Σ इन निरपेक्ष विचलनों का योग है और A कोई औसत माध्यम (M), मध्यका (M_d) और बहुलक (M_o) है।

4. प्रमाप विचलन (Standard Deviation)

'प्रमाप विचलन' विचलनों के वर्गों के योगफल का वर्गमूल हैं उनकी संख्या से विभाजित करने के बाद। यह 'माध्य त्रुटि विचलन', 'माध्य वर्ग त्रुटि विचलन' या 'वर्गमूल माध्य वर्ग विचलन' भी कहलाता है। यह विचरण का द्वितीय आघूर्ण है चूँकि विचलनों के वर्गों का योगफल माध्य से न्यूनतम होता है, विचलन सिर्फ माध्य से लिए जाते हैं (ना कि माध्यिका या बहुलक से)।

प्रमाप विचलन सभी विचलनों का माध्य से वर्गमूल–माध्य–वर्ग औसत है। यह प्रो0 कार्ल पियरसन द्वारा 1983 में प्रतिपादित किया गया और यह 'σ' (सिगमा) से द्योतित किया जाता है।

A. व्यक्तिगत अवलोकन

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{n}} \text{ या } \sqrt{\frac{\Sigma(x - 5c)^2}{n}} \quad \text{. . . . . निरपेक्ष माप}$$

विचरण का गुणांक $\frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100$ . . . . .आपेक्षिक माप

B. विच्छिन्न और सतत श्रेणी

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma f d^2}{n}} \text{ या } \sqrt{\frac{\Sigma f(x - \bar{x})^2}{n}} \quad \text{. . . . . निरपेक्ष माप}$$

विचरण का गुणांक $\frac{\sigma}{\bar{x}} \times 100$ . . . . .आपेक्षिक माप

I. विषमता (Skewness)

विषमता का अर्थ है 'घुमाव' या 'ऐंठन' या 'सीधी नहीं होना'। विषमता अपकिरण का परिष्कृत माप है। यह माप घुमाव की मात्रा देता है जिससे हमें वितरण की आकृति की स्पष्ट तस्वीर मिलती है। यह आधार प्रदान करता है जिससे विभिन्न वितरणों का अंतर पहचाना जा सकता है। यह विचरण की दिशा से संबंधित है और हमें बताता है कि वितरण सममिति (symmetry), (घण्टाकार) या समरूपता या एकरूपता से कितनी दूर है।

विषमता सममिति के विपरीत को द्योतित करता है और वितरण के वक्र के आकार से संबंधित है। इसका अर्थ है कि सभी असममितीय वितरण विषम है जो एक तरफ अधिक उभरा होता है दूसरी तरफ की तुलना में। विषमता की माप सिर्फ विषमता के विस्तार सीमा को ही सूचित नहीं करती है अपितु दिशा भी। विषमता धनात्मक या ऋणात्मक हो सकती है।

टिप्पणी

II. विषमता का कार्ल पियर्सन का गुणांक (Karl Pearsons coefficient of Skewness)

कार्ल पियरसन ने विषमता के आपेक्षिक माप के लिए सूत्र का उपयोग किया है। इसलिए सूत्र ''कार्ल पियर्सन का विषमता का गुणांक'' जानी जाती है। यह वितरण के माध्य और बहुलक के बीच अंतर पर आधारित है जो प्रमाप विचलन से विभक्त होती है। यह सूत्र रूप से 'S_{KP}' से द्योतित होती है।

(i) $S_{KP} = \dfrac{\bar{x} - Z}{\sigma}$ - - - - - - - जब Z स्पष्ट रूप से परिभाषित

(ii) $S_{KP} = \dfrac{\bar{x} - (3Me - 2\bar{x})}{\sigma} = \dfrac{\bar{X} - 3M_e + 2\bar{x}}{\sigma}$ - - - - -जब Z गलत परिभाषित

नोटः (a) जब Z स्पष्ट रूप से परिभाषित है, सूत्र (i) की स्थिति में, उत्तर सामान्यतः +1 और –1 के बीच पड़ता है।

(b) जब Z गलत परिभाषित है सूत्र (ii) की स्थिति में, उत्तर +3 और –3 के बीच पड़ता है।

4.14 मुख्य शब्दावली (Key Terminology)

- **अपकिरणः** Dispersion
- **विषमताः** Skewness
- **विस्तारः** Range
- **चतुर्थक विचलनः** Quartile Deviation
- **माध्य विचलनः** Mean Deviation
- **प्रमाण विचलनः** Standard Deviation
- **विचरण के गुणांकः** Coefficient of Variation
- **अवनमनः** Depression
- **स्थैतिकः** Positional

4.15 स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास (Self Assessment Questions and Exercises)

लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

1. वितरण को मापने का उद्देश्य क्या है?
2. विस्तार की कोई दो सीमाएं बताएं।
3. माध्य विचलन के किन्हीं दो दोषों का उल्लेख करें।

टिप्पणी

4. प्रमाप विचलन को परिभाषित करें।
5. चतुर्थक विचलन के कोई दो गुण बताएं।
6. आप 'विस्तार' से क्या समझते हैं।
7. विषमता क्या है?
8. विषमता के किन्हीं दो परीक्षणों का उल्लेख करें।
9. एक श्रेणी में कब विषमता उपस्थित है?
10. आप 'ककुदता' से क्या समझते हैं?
11. आघूर्ण को परिभाषित करें।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

1. एक वितरण में निम्न सूचना दी गई है :

   अधिक मूल्य = 60

   विस्तार का गुणांक = 0.6

   विस्तार और न्यूनतम मूल्य ज्ञात करें।
2. दो श्रेणियों का विचरण का गुणांक 66% और 80% है, और उनका प्रमाप विचलन क्रमशः 20 और 16 हैं। उनका समान्तर माध्य ज्ञात करें।
3. निम्नलिखित वितरण से माध्य से माध्य विचलन प्रगणित करें।

C.I.	140-150	150-160	160-170	170-180	180-190	190-200
f	4	6	10	18	9	3

4. निम्न समंक से चतुर्थक विचलन और उसका गुणांक परिकलित करें :

अंक (से ज्यादा)	0	10	20	30	40	50	60	70
छात्रों की संख्या	150	142	130	100	72	30	12	4

5. निम्न समंक से कार्ल पियर्सन का विषमता का गुणांक प्रगणित करें :

   25, 15, 23, 40, 27, 25, 23, 25, 20
6. निम्न वितरण से बाउले का विषमता का गुणांक ज्ञात करें :

मध्य मान :	15	20	25	30	35	40
आवृत्ति :	30	26	25	24	20	21

7. एक नियंत्रित विषम वितरण में, माध्य है 5 रु. और माध्यिका है 14 रु. अगर विचरण का गुणांक 30% है, पियर्सन के विषमता का गुणांक ज्ञात करें

टिप्पणी

8. शेप्पर्ड के संशोधन पर एक टिप्पणी लिखें। कब यह ककुदता के लिए प्रयुक्त होता है, उल्लेख करें।

9. माध्य से आघूर्ण ज्ञात करें और ककुदता निम्न वितरण से :

C.I. :	0-10	10-20	20-30	30-40	40-50
f :	10	20	40	20	10

10. आवृत्ति वितरण का ककुदता ज्ञात करें, अगर इसका चार आघूर्ण बिन्दु 4 से हैं क्रमशः 1.5, 17, –30 और 108।

4.16 सहायक पाठ्य सामग्री (Suggested Readings)

1.	सांख्यिकी के सिद्धान्त	–	डी.एन. एलहांस और वीणा एलहांस	किताब का महल
2.	सांख्यिकी के सिद्धान्त	–	एस.पी. सिंह	S. Chand & Co.
3.	Fundamentals of Statistics	–	S.C. Gupta & V.K. Kapoor	S. Chand & Co.
4.	Applied Statistics	–	S.C. Gupta & V.K. Kapoor	S. Chand & Co.
5.	Fundamental of Statistics	–	G.M. Gupta & Das Gupta	S. Chand & Co.
6.	Mathematical Statistics	–	H.C. Saxena	S. Chand & Co.

टिप्पणी

अध्याय 5 काल श्रेणी विश्लेषण (Time Series Analysis)

संरचना (Structure)

5.0 परिचय (Introduction)

काल श्रेणी सांख्यिकी समंक का कालानुक्रम से व्यस्थापन है, i.e., इसके घटित होने के समयानुसार। यह एक संवृत्ति के तीव्र गति के परिवर्तन को समयावधि में प्रतिबिंबित करता है। ज्यादातर आर्थिक, व्यवसायिक और वाणिज्य से संबंधित श्रेणियाँ, e.g., मूल्यों से संबंधित श्रेणियाँ, विभिन्न उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन और खपत, कृषि और औद्योगिक उत्पादन, राष्ट्रीय आय और विदेशी विनिमय (सुरक्षित); व्यापारिक घरानों की लागत, बिक्री और लाभ; बैंक जमा और क्लियरिंग, स्टॉक एक्सचेंज बाजारों में शेयर के मूल्य और लाभांश इत्यादि सभी काल श्रेणियाँ हैं जो लम्बी कालावधि में फैली हैं। क्रमानुसार, काल श्रेणियों का महत्वपूर्ण और सार्थक स्थान है व्यवसाय और आर्थिक क्षेत्र में, काल श्रेणी समंक के विश्लेषण के लिए प्राथमिक रूप से ज्यादातर सांख्यिकीय तकनीक अर्थशास्त्रियों द्वारा विकसित किया गया है। यद्यपि, ये तकनीक किसी भी विषय में प्रयुक्त हो सकती है। प्राकृतिक और सामाजिक विज्ञानों से संबंधित, किसी संवृत्ति के व्यवहार के अध्ययन करने में जो कालक्रम से कालावधि में एकत्रित की गई हैं

टिप्पणी

या–लान–चाऊ के अनुसार–

"एक काल श्रेणी परिभाषित की जा सकती है किसी आर्थिक चर के विभिन्न काल खण्डों में आँकड़ों के संग्रहण के तौर पर या चरों का समष्टिक"

गणितीय रूप से, एक काल श्रेणी फलनक संबंध से परिभाषित की जाती है

$$y = f(t) \qquad \ldots(i)$$

जहाँ, y समय (t) पर विचाराधीन संवृत्ति (या चर) का मूल्य है

(i) एक देश की जनसंख्या (y) या एक जगह की विभिन्न वर्षों में (t);

(ii) जन्मों और मृत्यों की संख्या (y) वर्ष के विभिन्न महीनों (t) में;

(iii) एक डिपार्टमेंटल स्टोर की बिक्री (y) वर्ष के विभिन्न महीनों (t) में;

(iv) एक जगह का तापक्रम (y) सप्ताह के विभिन्न दिवसों (t) में और इसी तरह के आँकड़ें काल श्रेणियाँ बनाते हैं। इसलिए एक संवृत्ति के मूल्य या चर के समय क्रमशः t_1, t_2 .... t_n के लिए क्रमशः y_1, y_2 ...... y_n हैं, तब श्रेणी,

$$t \ : \ t_1, t_2\, t_3 \ldots\ldots\ldots t_n$$

$$y \ : \ y_1, y_2\, y_3 \ldots\ldots\ldots y_n$$

काल श्रेणी का निर्माण करते हैं। इस, एक काल श्रेणी अपरिवर्त्ती द्विचर वितरण देती है, दोनों चरों में एक समय (t) है और दूसरा संवृत्ति का मूल्य (y) विभिन्न कालावधि में। t का मान दिया जा सकता है वार्षिक, मासिक, साप्ताहिक, दैनिक या घंटावार भी, सामान्यतः परन्तु हमेशा नहीं, समय के बराबर अन्तराल पर। एक काल श्रेणी का आलेख, कालिक–चित्र (Histogram) कहा जाता है, और प्राप्त किया जाता है एक आलेख पत्र पर समंक को आलेखित कर जिसमें स्वतंत्र चर t को x-अक्ष के साथ और आश्रित चर y को y-अक्ष के साथ लिया जाता है।

5.1 उद्देश्य (Objectives)

इस ईकाई को पढ़ने के बाद आप समझ सकते हैं कि उपनति (Secular Trend), मौसमी परिवर्तन (Seasonal Variation), चक्रीय परिवर्तन (Cyclical Variation और दैव या अनियमित परिवर्तन (Random or Irregular Variation) आदि को मापने का उद्देश्य क्या है?

उपनीती (Tred) को मापने का उद्देश्य

1. एक श्रेणी के आंशिक वृद्धि या ह्रास का अध्ययन। उपनीती एक लम्बी अवधि के दरम्यान सामान्य वृद्धि को दिखलाता है कम अवधि की उच्चावचन को नजरअंदाज करते हुए।
2. लम्बी अवधि के पूर्वानुमान या भविष्य की लम्बी अवधि के लिए एक वक्र खींचने के लिए। अगर लम्बी अवधि तक वृद्धि स्थिर है और परिस्थितियाँ एक समान

है, तब भविष्य के पूर्वानुमान के लिए 10 वर्षों तक का वक्र भी खींचा जा सकता है।

3. दिए गए काल श्रेणी के उपनति मान्य को अलग करते हुए हमलोग अल्पकालीन और अनियमित परिवर्तन का भी अध्ययन कर सकते हैं।
4. काल श्रेणी से दिए काल श्रेणी के मूल्य को उपनति मूल्य से भाग देकर या घटाकर विलोपन संभव है।
5. उपनति विश्लेषण हमें विभिन्न काल खण्ड़ों में दो या अधिक काल श्रेणियों के बारे में निर्णय करने में भी सहायता करता है।

मौसमी परिवर्तन (Seasonal Variation) को मापने का उद्देश्य

1. पूर्व के मौसमी व्यवहार का विश्लेषण
2. कम–अवधि योजना के लिए मौसमी आर्तव एक सहायक की तरह है पूर्वानुमान के लिए।
3. एक काल श्रेणी के तथ्यों के आचरण को सही प्रकार से अध्ययन करने के लिए, काल श्रेणी के आँकड़ों को मौसमी परिवर्तन के हिसाब से समायोजित कर लेना चाहिए।

यह दिए गए काल श्रेणी मूल्यों में मौसमी परिवर्तन से भाग देने पर उपनति या दूसरे अवयवों से अलग किया जाता है। यह तकनीक समंक का गैर–ऋतुकरण (De-Seasonalisation) कहलाता है।

चक्रीय परिवर्तन

1. व्यवसायिक कार्यकलापों के संधि काल (Turning Point) का पूर्वानुमान करने में।
2. व्यवसायिक कार्यकलापों के स्तर के निर्धारण के लिए पॉलिसी बनाने में।
3. चक्रीय परिवर्तन का ज्ञान एक व्यवसाई को व्यापार के उत्कर्ष (तेजी) या मंदी की अवधि की संकल्पना देता है ताकि वह अपने उत्पाद के लिए ऐसा कदम उठावे ताकि उसके उत्पाद का बाजार में स्थाई संतुलन हो।

5.2 एक काल श्रेणी के अवयव (संघटक) (Components of One Time Range)

अगर एक संवृत्ति के मूल्य विभिन्न अवधियों में अवलोकित किए जाते हैं, इस तरह से प्राप्त मूल्य काफी विचरणता या परिवर्तन दर्शाएंगे। ये उतार–चढ़ाव इस यथार्थ की वजह से है कि संवृत्ति का मूल्य किसी एक कारक से ही प्रभावित नहीं होती है बल्कि बहुविध कारकों के संचई प्रभाव से जो इसे ऊपर नीचे खींचते हैं। यद्यपि, अगर विभिन्न बल संतुलन में होते, तब काल श्रेणी नियत रहेगी। उदाहरण के लिए, एक उत्पाद की बिक्री (y) प्रभावित होती हैं– (i) विज्ञापन खर्चों पर, (ii) उत्पाद के मूल्य, (iii) लोगों की आय, (iv) बाजार में दूसरे प्रतिस्पर्द्धी उत्पाद (v) लोगों के आस्वादनों, फैशन, रिवाजों इत्यादि और कई बातों पर। उसी

तरह, एक खास उत्पाद का मूल्य निर्भर करता है उसकी माँग पर, बाजार में विभिन्न प्रतिस्पर्धी उत्पादों पर, कच्चा माल, परिवहन खर्च, लागत और इसी तरह अन्य। विभिन्न शक्तियाँ जो एक संवृत्ति के मूल्य को काल श्रेणी में प्रभावित करती है मोटे तौर पर निम्नलिखित चार प्रकारों में वर्गीकृत की जा सकती हैं, सामान्य तौर पर काल श्रेणियों के अवयव कहे जाते हैं, कुछ या सभी को (दिए काल श्रेणियों में) उपस्थित परिवर्तनशील डिग्रियों में–

(a) दीर्घकालीन प्रवृत्ति का उपनति (Secutar Trend or Long-term Movement (T)

(b) सावधिक परिवर्तन या अल्पकालीन उच्चावचन (Periodic Movements or Short-term Fluctuations :)

(i) आवर्त या मौसमी परिवर्तन (S) Seasonal Variations

(ii) चक्रीय परिवर्तन (C) Cyclical Variations

(c) अनियमित या दैव उच्चावचन (Irregular or Random Fluctuations)

एक संवृत्ति का मूल्य (y) किसी समय पर अवलोकित (t) उपर्युक्त संघटकों के अन्तःक्रिया का सम्पूर्ण प्रभाव है। हमलोग इन संघटकों का वर्णन निम्नलिखित खण्ड़ों में करेंगे।

5.2.1 दीर्घकालीन उपनति (Secular Trend)

काल श्रेणी समंक की सामान्य प्रवृत्ति का एक लम्बी अवधि के दरम्यान वृद्धि या ऱ्हास या गतिरोध का होना दीर्घकालीन प्रवृत्ति या सरल उपनति कहलाती है। यह संवृत्ति सामान्यतः अवलोकित की जाती है ज्यादातर आर्थिक और व्यवसायिक सम्बन्धित श्रेणियों में, i.e., उर्ध्वगामी प्रवृत्ति सामान्यतः अवलोकित होती है काल श्रेणियों में जो जनसंख्या उत्पादन और उत्पादों की बिक्री, कीमतों, आय, चलन में मुद्रा इत्यादि से सम्बन्धित जबकि एक निम्नगामी प्रवृत्ति नोटिस की जाती है काल श्रेणियों में मृत्यु, संक्रामक रोगों इत्यादि से संबंधित आँकड़ों में चिकित्सा टेक्नोलॉजी में प्रगति के कारण चिकित्सा सुविधाओं में बेहतरी, बेहतर साफ–सफाई, भोजन इत्यादि के कारण सिम्पसन और काफका के अनुसार, उपनति जो प्रवृत्ति का दीर्घकालीन उपनति भी कहलाती है एक श्रेणी की प्राथमिक प्रवृत्ति है बढ़ना या नीचे गिरना एक कालावधि पर। उपनति की धारणा कम–विस्तार दोलन को समाविष्ट नहीं करती है, परन्तु लम्बी अवधि पर एक स्थिर परिवर्तन को।

टिप्पणियाँ: 1. यह स्पष्टतः समझ लिया जाना चाहिए कि उपनति सामान्य समतल, दीर्घकालीन औसत प्रवृत्ति है। यह आवश्यक नहीं है कि बढ़ना या घटना एक ही दिशा में होगी, लिए गए सम्पूर्ण अवधि में। यह सम्भव है कि बढ़ने, घटने या स्थायित्व की प्रवृत्ति अवलोकित की जाती है विभिन्न काल खण्ड़ों में। जबकि, सम्पूर्ण प्रवृत्ति उर्ध्वगामी, निम्नगामी या स्थाई हो सकता है। इस प्रकार की प्रवृत्तियाँ ऐसी शक्तियों का परिणाम है जो मिला जुलाकर दीर्घ समय के लिए नियत हैं जो बहुत धीरे–धीरे और लगातार परिवर्तित, आस्वादनों, आदतों और लोगों के रिवाज एक समाज में, और इसी तरह से विकासवादी तरीके से कार्य करती हैं और अचानक परिवर्तन प्रतिबिंबित नहीं करते। उदाहरण के लिए, जनसंख्या वृद्धि का प्रभाव लम्बी समयावधि पर विभिन्न क्षेत्रों के विस्तार पर

जैसे–कृषि, उद्योग, शिक्षा, टेक्सटाइल इत्यादि, सतत परन्तु धीमा तरीका है। उसी तरह से, आर्थिक काल श्रेणियों की संख्या में वृद्धि या ऱ्हास शक्तियों के अन्तःक्रिया जैसे उत्पादन तकनीक में, प्रकति, वृहद् पैमाने पर उत्पादन, उन्नत मार्केटिंग प्रबंधन और व्यापार प्रबंधन, नए प्राकृतिक संसाधनों का अन्वेषण और खोज और विद्यमान संसाधनों की समाप्ति और इसी तरह जिनमें सभी क्रमिक प्रक्रिया है।

2. पद 'लम्बी समयावधि' एक आपेक्षिक पद है और यथार्थता से परिभाषित नहीं की जा सकती। यह बहुत कुछ समंक की प्रकृति पर निर्भर करता है। किसी संवृत्ति में, एक छोटी अवधि कुछ घण्टों की भी पर्याप्त लम्बी है, जबकि दूसरे में 3–4 वर्ष भी पर्याप्त नहीं हो सकती। उदाहरण के लिए, एक खास उत्पाद (कृषि या औद्योगिक उत्पादन) का उत्पादन की अभिधारणा के लिए, 20–30 महीने पीछे की वृद्धि उपनति प्रतिबिंबित नहीं करेगी जिसके लिए हमें 7–8 वर्षों का समंक चाहिए। इस संवृत्ति में, छोटी अवधि (2–3 वर्षों) के मान चक्रीय परिवर्तन (बाद में वर्णित) से अनुचित रूप से प्रभावित होता है और यथार्थ अभिनति को प्रकट नहीं करेगा। अभिनति का सही चित्र प्राप्त करने के क्रम में, काल श्रेणियों के मूल्यों को कम से कम दो या तीन संपूर्ण चक्र की अवधि तक जाँचा जाना चाहिए।

दूसरी तरफ, अगर हम बैक्टीरिया की जनसंख्या (सजीव अवयव संस्थान Living Organisms) की संख्या का कल्चर करना हो इस परिपेक्ष्य में कि 1 घण्टे में प्रत्येक 20 सेकेंड पर बहुत बैक्टीरिया नाश हों, तब 180 पाठ्यांक के समुच्चय अगर सामान्य क्रम दर्शाते हैं तो कहे जातें हैं दीर्घकालीन परिवर्तन।

3. रैखिक और गैर–रैखिक (वक्र–रेखीय) उपनति (Linear and Non-Linear (Curve-Linear) Trend– अगर काल श्रेणी मूल्यों को आलेख पत्र पर खींचा जाय और ये मूल्य कमोबेश सीधी रेखा के चारों ओर संघनित हों, तो काल श्रेणी द्वारा प्रदर्शित उपनति रैखिक कही जाती है नहीं तो गैर–रैखिक (वक्र–रेखीय)। देखें चित्र (5.1) और (5.2) एक सीधी रेखा उपनति में, काल श्रेणी मूल्य बढ़ती या घटती है कमोबेश एक नियत निश्चित मात्रा से, i.e., वृद्धि दर (या ऱ्हास) नियत है। यद्यपि, व्यवहार में, रैखिक उपनति सामान्य रूप से प्रयुक्त होती है, यह आर्थिक या व्यापारिक आँकड़ों में मुश्किल से अवलोकित होती है। एक आर्थिक और व्यवसायिक संवृत्ति में, वृद्धि या ऱ्हास दर आद्योपांत नियत प्रकृति का नहीं होता है बल्कि विभिन्न काल खंड़ों में काफी परिवर्तनशील है। सामान्यतया, शुरू में, वृद्धि धीमी होती है, तब तीव्र जो आगे भी कुछ समय के लिए त्वरित होती है, जिसके बाद यह अचल या स्थाई हो जाती है कुछ अवधि के लिए और अन्ततः अवरुद्ध हो जाती है।



चित्र क्र. 5.1



चित्र क्र. 5.2

टिप्पणी

4. यह आवश्यक नहीं है कि सभी श्रेणियाँ बढ़ता हुआ या घटता हुआ उपनति प्रदर्शित करें। कुछ संवृत्ति ऐसी काल श्रेणी को उत्पन्न कर सकते हैं जिसके मूल्य एक नियत पाठ्यांक के चारों ओर उतार–चढ़ाव करें जो समय के साथ परिवर्तन नहीं करता है, i.e., श्रेणियाँ तापक्रम या एक खास स्थान का बैरोमीट्रिक का पाठ्यांक (दबाव) से संबंधित।

5. उपनति के उपयोग– (i) लम्बी अवधि के समंक का अध्ययन हमें धारणा बनाने में समर्थता देता है विचाराधीन संवृत्ति के व्यवहार के पैटर्न के संबंध में। यह व्यवसायिक पूर्वानुमान और भविष्य के कार्यक्रमों को तय करने में मदद करता है। उदाहरण के लिए अगर एक काल श्रेणी समंक एक विशेष घटना की अभिनति एक विशेष दिशा में दर्शाती है। तब इस परिकल्पना पर कि यही पैटर्न निकट भविष्य में जारी रहेगी, एक परिकल्पना जो काफी तर्कयुक्त है कि जबतक संवृत्ति को प्रभावित करने वाली शक्तियों में कुछ बुनियादी और प्रबल बदलाव नहीं हो हम पूर्वानुमान कर सकते हैं संवृत्ति के मूल्य का भविष्य के लिए भी। अभिवर्तन वक्र या अभिनति समीकरण या उनसे प्राप्त प्राक्कलन की पशिशुद्धता दिए गए समंक की उपयुक्तता अभिनति के प्रकार की विश्वसनीयता पर निर्भर करेगी। (विस्तार के लिए, देखें अभिनति की माप–न्यूनतम वर्ग रीति) अभिनति मूल्य एक व्यवसाई के लिए काफी महत्व की है निकट भविष्य में संवृत्ति के मूल्यों का कामचलाऊ प्राक्कलन प्राप्त करने में। उदाहरण के लिए, एक उत्पादन के सन्निकट बिक्री या माँग की धारणा एक व्यवसाई के लिए काफी उपयोगी है भविष्य के कार्यक्रमों की योजना तैयार करने में और भंडारण, उत्पादन इत्यादि के बारे में पॉलिसी बनाने में।

(ii) दिए गए काल श्रेणियों से अभिनति मूल्यों को अलग करने पर, (दिए गए काल श्रेणी मूल्यों को अभिनति मूल्यों से भाग देने पर या दिए काल श्रेणी मूल्यों से अभिनति मूल्यों को घटाने पर, देखें (मॉडल (5.1) और (5.2) जिसकी विवेचना बाद में की गई है), हम लोग कम अवधि और अनियमित परिवर्तनों का अध्ययन कर सकते हैं।

(iii) अभिनति विश्लेषण दो या दो से अधिक श्रेणियों को विभिन्न कालवधियों में तुलना करने में समर्थ बनाना है और उनके बारे में महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकालने में।

5.2.2 अल्पकालीन परिवर्तन (Short-Term Variations)

दीर्घकालीन परिवर्तनों के साथ बहुत सारी काल श्रेणियों में सन्निहित होते हैं, बहुत प्रकार की शक्तियाँ जो अपने आप को कालक्रमानुसार या लगभग कालक्रमानुसार कालवधि में दुहराती हैं और इस तरह एक खास दिशा में श्रेणी के मूल्यों के सरल प्रवाह को रोक देती है। इस तरह की शक्तियाँ अल्पकालीन परिवर्तन उत्पन्न करती हैं जो निम्नलिखित दो संवर्गों में वर्गीकृत की जा सकती है–

(a) मौसमी या आर्तव परिवर्तन (Seasonal Variation) – (S) और (b) चक्रीय परिवर्तन (Cyclical Variations (c))

मौसमी परिवर्तन (S) काल श्रेणियों में ये परिवर्तन आवर्तित शक्ति की वजह से हैं जो नियमित और सार्वधिक तरीके से कार्य करती हैं एक वर्ष से कम के अन्तराल में, i.e., 12 महीनों की अवधि में और बराबर या करीब करीब एक ही पैर्टन होता है वर्षों–वर्षों तक। इसलिए मौसमी परिवर्तन होगा एक काल श्रेणी में अगर समंक त्रैमासिक (प्रत्येक तीसरे वर्ष रिकार्ड किए गए हैं, मासिक, साप्ताहिक, दैनिक, घंटावार और इसी तरह आगे। यद्यपि इनमें से प्रत्येक के उपर्युक्त स्थिति में, मौसमी परिवर्तन का विस्तार भिन्न हैं, उनमें से सभी की समान अवधि है viz. 1 वर्ष। इसलिए एक काल श्रेणी समंक में जिसमें केवल वार्षिक आँकड़ें दिए गए हैं कोई मौसमी परिवर्तन नहीं होता है। ज्यादातर आर्थिक काल श्रेणियाँ मौसमी चक्र से प्रभावित होती हैं, e.g., कीमतें, उत्पादन और उपभोक्ता सामग्रियों की खपत; एक डिपार्टमेंटल स्टोर में बिक्री और लाभ; बैंक जमा और बैंक क्लियरिंग इत्यादि सभी मौसमी परिवर्तनों से प्रभावित होते हैं। मौसमी परिवर्तन निम्नलिखित दो कारणों से आरोपित होती हैं :

(i) प्राकृतिक शक्तियों के परिणामस्वरूप– जैसा नाम ईशारा करता है, विभिन्न मौसम या जलवायु प्रत्यावर्तन और आवोहवा परिवर्तन मौसमी परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। उदाहरण के लिए, छाता की बिक्री बरसात के मौसम में बहुत तेजी पकड़ लेती है ग्रीष्म ऋतु में परदे की माँग बढ़ जाती है, बर्फ और आइसक्रीम की बिक्री ग्रीष्मऋतु में काफी बढ़ जाती है; ऊलेन कपड़ों की बिक्री सर्दियों के मौसम में बढ़ जाती है– सभी प्राकृतिक शक्तियों से प्रभावित होकर *viz.* आवोहवा या मौसम। उसी तरह से, कुछ वस्तुओं का उत्पादन जैसे– चीनी, चावल, दाल, अंडे इत्यादि ऋतुओं पर निर्भर करती हैं। उसी तरह से, कृषि उत्पादों की कीमतें फसल करते वक्त हमेशा घट जाती है और तब धीरे–धीरे बढ़ती है।

(ii) मानव निर्मित मान्यताओं के परिणामस्वरूप– काल श्रेणियों में ये परिवर्तन 12 महीनों के अंदर एक समान के लोगों की आदतों, फैशन, रिवाजों और मान्यताओं की वजह से है। उदाहरण के लिए, आभूषणों और श्रृंगार प्रसाधनों की बिक्री शादियों में बढ़ जाती है, डिपार्टमेंटल स्टोर की बिक्री और लाभ काफी बढ़ जाती है शादी–ब्याह के मौसम में, और त्योहार जैसे दिवाली; दशहरा (दुर्गा पूजा), क्रिसमस इत्यादि। इस तरह का परिवर्तन नियमित आकर्षी (Spasmodic) तरीके से कार्य करती है और साल दर साल पुनरावृत्त होती है।

मौसमी परिवर्तन की माप का मुख्य उद्देश्य है उन्हें अभिनति से अलग कर देना और उनके प्रभाव का अध्ययन करना। मौसमी पैटर्न का अध्ययन व्यवसायिकों के लिए बहुत लाभकारी है, उत्पादकों, बिक्री प्रबंधकों इत्यादि, भविष्य के कार्यकलापों की योजना बनाने में और खरीद, उत्पादन, भंडार नियंत्रण (Inventory Control), कर्मचारियों की आवश्यकता, विक्रय और विज्ञापन प्रोग्रामों से सम्बन्धित की नीति निर्धारण करने में।

मौसमी परिवर्तन के ज्ञान के अभाव में, मौसमी उछाल को गलती से बेहतर व्यापारिक स्थिति का सूचक मान लिया जा सकता है जबकि मौसमी गिरावट को गलत ढंग से व्याख्याईत किया जा सकता है व्यापारिक स्थिति में गिरावट के तौर पर। इसलिए, एक काल–श्रेणी में संवृत्ति के व्यवहार को ठीक ढंग से समझने के लिए, काल श्रेणी आँकड़े को निश्चित रूप से मौसमी परिवर्तन के लिए सामंजित

टिप्पणी

किया जाना चाहिए। यह किया जा सकता है उन्हें अभिनति से अलग करके और दूसरे संघटकों से दिए गए काल श्रेणी के मूल्य (y) को मौसमी परिवर्तन से भाग देकर। (देखें मॉडल (5.1))। यह तकनीक समंक का गैर–ऋतुकरण (De-Seasonalisation) कहलाता है और बाद में विस्तार से चर्चा की गई है (c.f. (4.6.5))।

चक्रीय परिवर्तन (Cyclical Variations) (C): एक काल श्रेणी में दोलायमान परिवर्तन जिसमें दोलन की अवधि एक वर्ष से अधिक है जो चक्रीय परिवर्तन कहलाता है। ये परिवर्तन एक काल श्रेणी में उतार–चढ़ाव में आवर्तन के कारण हैं एक वर्ष की अवधि के बाद। चक्रीय उच्चावचन, यद्यपि कमोबेश नियमित, आवश्यक रूप से समरूपता से सावधिक नहीं है, i.e., वे एक रूप पैटर्न को यथार्थता से पालन कर भी सकते हैं और नहीं भी समान समय के अन्तराल के बाद। एक पूर्ण अवधि जो सामान्यतः 7 से 9 वर्षों तक जाती है 'चक्र' कही जाती है। ये दोलायमान परिवर्तन किसी व्यापारिक कार्यकलाप के **'व्यापारिक–चक्र' जो चार–क्रमिक (Four-Phased) चक्रीय है जिसमें शामिल है उन्नति (तेजी), मंदी, अवमंदन और पुनरूत्थान (वसूली) समय–समय पर।** किसी व्यापारिक कार्यकलाप में एक दूसरे को स्थाई नियमितता से ये तेजी और मंदी पालन करते हैं और पूर्ण चक्र एक तेजी के एक शीर्ष से दूसरे शीर्ष तक सामान्यतः 7 से 9 वर्ष तक जाती है। आर्थिक और व्यापारिक श्रेणी का अधिकतर, e.g., उत्पादन, मूल्यों, वेतन, लागत, इत्यादि से संबंधित श्रेणी प्रभावित होती है चक्रीय उच्चावचनों से।

चक्रीय परिवर्तन का अध्ययन बिजनेस एक्ज्यूकिटिवों के लिए बहुत महत्व की है नीतियों का निर्धारण अभिलक्षित करने में, व्यापारिक क्रियकलाप के स्तर को स्थायित्व प्रदान करने में। चक्रीय संघटकों का ज्ञान एक व्यापारी को समर्थ बनाती है तेजी और मंदी की अवधि के बारे में एक धारणा बनाने में और क्रमानुसार वह समय रहते कदम उठा सके अपने उत्पाद के लिए स्थाई बाजार जारी रखने के लिए।

5.2.3 दैव या अनियमित परिवर्तन (Random or Irregular Variations)

चक्रीय और मौसमी परिवर्तन से मिश्रित, हर काल श्रेणी में अन्तर्निहित है दूसरा अवयव जो दैव या अनियमित परिवर्तन कहलाता है। ये अवयव है पूर्णतः यादृच्छिक और ऐसे अदृश्य और अपूर्वानुमानित शक्तियाँ जो बिल्कुल अनियत और अनियमित रूप में कार्य करती हैं। ये परिवर्तन कोई निश्चित क्रम नहीं दर्शाती और उनका कोई नियमित अवधि या समय नहीं है घटित होने का, इसलिए वे अनियमित परिवर्तन कहलाती है। ये शक्तिशाली परिवर्तन अधिकतर कई गैर आवर्ती कारकों जैसे बाढ़, सूखा, युद्ध, भूकंप, हड़ताल और तालाबंदी, महामारी, आन्दोलन इत्यादि जो बहुत अनियत और अपूर्वानुमानित ढंग से व्यवहार करती हैं। सामान्यतः वे अल्प–अवधि परिवर्तन हैं लेकिन कभी–कभी उनका प्रभाव इतना प्रबल होता है कि वे नए चक्रीय या दूसरे परिवर्तन को उत्पन्न कर देती है। अनियमित परिवर्तन सांयोगिक उच्चावचन भी कहा जाता है और एक काल श्रेणी समंक में

सभी प्रकार का परिवर्तन अन्तर्विष्ट कर लेती है जो अभिनति, मौसमी और चक्रीय परिवर्तनों द्वारा अभिलेखित नहीं की जाती है।

उनके बिलकुल यादृच्छिक चरित्र के कारण, यह संभव नहीं है इस तरह के परिवर्तन को अलग करना और उनका अध्ययन एकनिष्ठा से करना ना ही उनका परिशुद्धता से पूर्वानुमान या प्राक्कलन किया जा सकता है। इन परिवर्तनों के लिए जो सबसे अच्छा किया जा सकता है उनका काम चलाऊ प्राक्कलन (विगत अनुभव से) और क्रमानुसार ऐसी असामान्यताओं के लिए व्यवस्था करना व्यापार में सामान्य समयों के दरम्यान।

5.3 काल श्रेणी का विश्लेषण (Time Series Analysis)

काल श्रेणी विश्लेषण में अन्तर्निहित है :

(i) विभिन्न शक्तियों या प्रभावों की पहचान या निर्धारण जिसकी अन्तःक्रिया काल श्रेणियों में परिवर्तन उत्पन्न करती है।

(ii) उनको स्वतंत्र रूप से अलगकर, अध्ययन कर, विश्लेषण कर और मापकर, i.e., दूसरी चीजों को नियत रखकर।

काल श्रेणी विश्लेषण अत्यधिक महत्वपूर्ण है न केवल व्यापारियों या अर्थशास्त्रियों के लिए परन्तु ऐसे भी लोगों के लिए भी जो विभिन्न शाखाओं प्राकृतिक, सामाजिक और भौतिक विज्ञानों में कार्य करते हैं। इनके कुछ उपयोग नीचे गिनाए गए हैं :

(i) यह विचाराधीन संवृत्ति के विगत व्यवहार का अध्ययन करने में समर्थ बनाती है, i.e., समंक में परिवर्तन के प्रकार और प्रकृति को निर्धारित करने में।

(ii) अलगाव और विभिन्न संघटकों का अध्ययन काफी महत्व की है एक व्यवसायिक के लिए भविष्य के कार्यकलापों की योजना बनाने में और प्रबंधन और नीतिगत निर्णयों के नियमन में।

(iii) यह वास्तविक चालू प्रदर्शन की तुलना करने में सहायता करता है या उपलब्धि के साथ संभाव्यों (विगत प्रदर्शन के आधार पर) और ऐसे परिवर्तनों के कारणों का विश्लेषण करने में, अगर कोई है।

(iv) यह हमें समर्थ बनाता है एक संवृति के व्यवहार को भविष्य में पूर्वानुमान या प्राक्कलन या पूर्वकथन करने में जो व्यवसायिक योजना बनाने में बहुत महत्वपूर्ण है।

(v) यह हमारी सहायता करता है विभिन्न संवृतियों के मूल्यों में परिवर्तन की तुलना करने में विभिन्न समयों या जगहों पर इत्यादि।

टिप्पणी

5.4 काल श्रेणियों के लिए गणितीय मॉडल (Mathematical Model for Time series)

निम्नलिखित मॉडल है एक काल श्रेणी का इसके संघटकों में विश्लेषण के लिए सामान्यतः प्रयुक्त होने वाली :

(i) योगात्मक मॉडल या योगात्मक परिकल्पना से विश्लेषणः

(Additive Model or Composition by Additive Hypothesis)

योगात्मक मॉडल के अनुसार, काल श्रेणी अभिव्यक्त की जा सकती है जैसे :

$$Y = T + S + C + I \quad \ldots(5.1)$$

या अधिक परिशुद्धता से, $Y_t = T_t + S_t + C_t + I_t$ …(5.1a)

जहाँ $Y(Y_t)$ काल श्रेणी मूल्य है समय t पर, और T_t, S_t और C_t और I_t प्रदर्शित करती हैं अभिनति, मौसमी, चक्रीय और दैव परिवर्तनों को समय t पर। इस मॉडल में $S = S_t$, $C = C_t$ और $I = I_t$ निरपेक्ष परिमाण हैं जो धनात्मक और ऋणात्मक मान ले सकता है ताकि :

$\Sigma S = \Sigma S_t = 0,$ (किसी वर्ष के लिए)

$\Sigma C = \Sigma C_t = 0,$ (किसी चक्र के लिए)

और $\Sigma I = \Sigma I_t = 0,$ लम्बी समयावधि में।

योगात्मक मॉडल की अभिकल्पना है कि काल श्रेणी के सभी चार संघटक एक दूसरे से स्वतंत्रतापूर्वक कार्य करते हैं ताकि इनमें से किसी संघटक का कोई प्रभाव बाकी तीनों पर नहीं है। इसका अर्थ है कि अभिनति, जबकि, तीव्र या धीमा, हो सकता है, का कोई प्रभाव मौसमी और चक्रीय संघटकों पर नहीं है; ना ही मौसमी उच्चावचन का कोई प्रभाव चक्रीय परिवर्तन पर है और व्युत्क्रम। यद्यपि, यह अभिकल्पना अधिकतर आर्थिक और व्यवसायिक काल श्रेणी के लिए सत्य नहीं है जहाँ काल श्रेणी का चार संघटक एक दूसरे से स्वतंत्र नहीं है। उदाहरण के लिए, मौसमी या चक्रीय परिवर्तन वास्तविकता में मिटाया जा सकता है बहुत तीव्रता से चढ़ने वाले या शीघ्रता से नीचे गिरने वाले अभिनति से। उसी तरह से, मजबूत और शक्तिशाली मौसमी दोलन चक्रीय उच्चावचनों को तीव्रतर कर सकता है या यहाँ तक कि औंधे–मुंह गिराने का परिवर्तन कर सकता है।

(ii) गुणनात्मक मॉडल या गुणनात्मक परिकल्पना से विश्लेषणः (Multiplicative Model or Composition by Multiplicative Hypothesis)

पूर्व बिन्दुओं को दृष्टिकोण में रखकर अधिकतर आर्थिक और व्यवसायिक काल श्रेणियाँ निम्नलिखित क्लासिकी गुणनात्मक मॉडल से चित्रित की जा सकती है :

$$Y = T \times S \times C \times I \quad \ldots(5.2)$$

या अधिक परिशुद्धता से, $Y_t = T_t \times S_t \times C_t \times I_t$ …(5.2a)

इस मॉडल की परिकल्पना है कि काल श्रेणियों के चार संघटक विभिन्न कारणों की वजह से हैं परन्तु वे आवश्यक रूप से स्वतंत्र नहीं है और वे एक दूसरे को प्रभावित कर सकते हैं। इस मॉडल में, S, C और I को निरपेक्ष मात्रा के जैसा नहीं देखा जाता है, परन्तु आपेक्षिक परिवर्तन जैसा। अभिनति संघटक T को छोड़कर, दूसरे संघटक S, C और I अभिव्यक्त होती हैं दर या घातांक I के ऊपर या नीचे ऐसा कि S का सभी गुणोत्तर माध्य $= S_t$ एक वर्ष में मूल्य $C = C_t$ एक चक्र में मूल्य या $I = I_t$ लम्बी अवधि में मूल्य ईकाई हैं :

समीकरण (5.2) में दोनों तरफ logarithm लेने पर, हम पाते हैं

$$\log Y = \log T + \log C + \log I \qquad \ldots (5.3)$$

जो और कुछ नहीं है परन्तु योगात्मक मॉडल है जो दिए काल श्रेणी मूल्यों के logarithm को प्रयुक्त कर प्राप्त किया गया है।

टिप्पणियाँ: 1. ज्यादातर काल श्रेणियाँ आर्थिक और व्यवसायिक संवृत्ति से संबंधित अनुवर्ती हैं गुणनात्मक मॉडल (5.2) के व्यवहार में, योगात्मक मॉडल (5.1) शायद ही प्रयुक्त होती है।

2. मिश्रित मॉडल (Mixed Models) : ऊपर वर्णित योगात्मक और गुणात्मक मॉडल के साथ, एक काल श्रेणी के संघटकों को कई दूसरे तरीकों से भी संयुक्त की जा सकती है। विभिन्न मॉडल, विभिन्न परिकल्पनाओं के अंदर परिभाषित, विभिन्न परिणाम देगी। कुछ मिश्रित मॉडल जो योगात्मक और गुणनात्मक मॉडलों के विभिन्न संयोगों के परिणामस्वरूप उत्पन्न होती है नीचे दी गई है :

$$Y = TCS + I \qquad \ldots(5.4)$$

$$Y = TC + SI \qquad \ldots(5.5)$$

$$Y = T + S\,CI \qquad \ldots(5.6)$$

$$Y = T + S + CI \qquad \ldots(5.7)$$

3. मॉडल (5.1) या (5.2) प्रयुक्त हो सकती है एक या अधिक संघटक की माप प्रान्त करने के लिए विलोपन द्वारा viz. घटाव या भाग द्वारा। उदाहरण के लिए, अगर संघटक अभिनति (T) ज्ञात है, तब गुणनात्मक मॉडल का प्रयोगकर, यह दिए काल श्रेणी से अलग की जा सकती है, देने के लिए :

$$S \times C \times I = \frac{Y}{T} = \frac{\text{वास्तविक मूल्य}}{\text{अभिनति मूल्य}} \qquad \ldots(5.8)$$

इसलिए, वार्षिक समंक के लिए, जिसके लिए मौसमी परिवर्तन S वहाँ नहीं है, हमें

$$Y = T \times C \times I \Rightarrow C \times I = \frac{Y}{T} \qquad (5.8a)$$

हमलोग निम्नलिखित खंड़ों में विभिन्न तकनीकों की विवेचना करेंगे, एक काल श्रेणी के विभिन्न संघटकों की माप के लिए।

टिप्पणी

5.5 अभिनति की माप (Measurement of Trend)

निम्नलिखित चार विधियाँ हैं जो सामान्यतः प्रयुक्त होती हैं एक काल श्रेणी में अभिनति संघटक की माप का अध्ययन करने में।

(i) आलेखीय (या मुक्त–हस्त वक्र उपयुक्तता) विधि Graphic (or Free hand Curve Filling) Method

(ii) अर्द्ध–माध्य रीति (Method of Semi-Averages)

(iii) वक्र उपयुक्तता की विधि न्यूनतम वर्ग रीति द्वारा (Method of Curve filling by Principle of least squares)

(iv) चल माध्य रीति (Method of Moving Average)

5.5.1 आलेखीय या मुक्त हस्त वक्र उपयुक्तता विधि (Graphic (or Free hand Curve Filling) Method)

यह सबसे सरल और सबसे लचीली विधि है दीर्घकालीन अभिनति को प्राक्कलित करने का और इसमें सबसे पहले कालिक–चित्र प्राप्त किया जाता है आलेख पत्र पर काल श्रेणी मूल्यों को आलेखित करके और फिर एक मुक्त–हस्त सरल वक्र इन बिन्दुओं पर खींचकर जो परिशुद्धता से समंक की दीर्घकालीन प्रवृत्ति को प्रतिबिंबित करती है। वक्र का समरेखण दूसरे संघटकों को विलुप्त कर देती है viz., मौसमी, चक्रीय और दैव परिवर्तनों को। उपयुक्त अभिनति रेखा या वक्र प्राप्त करने के क्रम में; निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखना चाहिए :

(i) इसे समतल होना चाहिए

(ii) बिन्दुओं की संख्या अभिनति वक्र/रेखा के ऊपर कमोबेश बराबर होनी चाहिए इसके नीचे के बिन्दुओं के।

(iii) अभिनति रेखा से ऊपर दी बिन्दुओं के उर्ध्व विचलनों का योग अभिनति रेखा से नीचे की बिन्दुओं के उर्ध्व विचलन के योग के लगभग बराबर होनी चाहिए ताकि कुल धनात्मक विचलन कमोबेश संतुलित है कुल ऋणात्मक विचलन के विरुद्ध।

(iv) दिए बिन्दुओं के उर्ध्व विचलन के वर्गों का योगफल अभिनति वक्र/रेखा से न्यूनतम संभव है।

बिन्दु (iii) और (iv) औसत (समान्तर माध्य) के सिद्धान्त के अनुसार है क्योंकि दिए प्रेक्षणों के विचलनों का बीजगणितीय योग उनके समान्तर माध्य से शून्य है और विचलनों के वर्गों का योग न्यूनतम होता है जब माध्य से ली जाती है।

(v) अगर समंक में चक्र उपस्थित है तब अभिनति रेखा को ऐसा खींचना चाहिए कि :

(a) इसे बराबर चक्रों की संख्या हो इसके ऊपर और नीचे।

(b) यह चक्रों को विभाजित करती है ताकि चक्रों का क्षेत्र अभिनति रेखा के ऊपर और नीचे लगभग बराबर हो।

(vi) छोटी अल्प–अवधि उच्चावचनों या सहसा और अचानक परिवर्तन को नजरअंदाज किया जा सकता है।

गुण : (i) यह बहुत सरल और समय बचाने वाली विधि है और इसके लिए किसी गणितीय परिकलनों की आवश्यकता नहीं है।

(ii) यह बहुत लचीली विधि है इस अर्थ में कि यह सभी प्रकार की अभिनति को वर्णन करने के लिए प्रयुक्त होती है– रेखीय और साथ ही गैर–रैखिक भी।

अवगुण : (i) इस विधि का सबसे मजबूत आपत्ति है कि यह अत्यधिक वस्तुनिष्ठ है प्रकृति में। अभिनति वक्र इस तरह से प्राप्त बहुत अधिक व्यक्तिगत पूर्वाग्रह और निर्णय पर निर्भर करती है अन्वेषक के समंक को व्यवहृत करने पर और क्रमानुसार विभिन्न व्यक्ति समान समंक के समुच्चय के लिए अलग अभिनति वक्र प्राप्त करेंगे। इसलिए एक उचित और न्यायसंगत प्रयोग एक अन्वेषक के तौर पर बहुत निपुणता और विशेषज्ञता की माँग करता है और यह बहुत ज्यादा इस विधि की लोकप्रियता और उपयोगिता को बाधित करता है। यह विधि, यद्यपि सरल और लचीली है, व्यवहार में मुश्किल से प्रयुक्त होती है अन्वेषन में अन्तर्निहित अभिनति के कारण।

(ii) यह अभिनति की माप में सहायता नहीं करता है।

(iii) मुक्त–हस्त अभिनति वक्र के कारण, इसे प्रयुक्त करना खतरनाक होगा भविष्यवाणी या पूर्वानुमान लगाने के लिए।

5.5.2 अर्द्ध–माध्य रीति (Method of Semi-Averages)

आलेखीय रीति की तुलना में, इस विधि का अधिक विषयनिष्ठ पहुँच है। इस विधि में, सम्पूर्ण काल श्रेणी समंक दो बराबर भागों में विभक्त है समय के सापेक्ष। उदाहरण के लिए, अगर हमें काल श्रेणी मूल्य 10 वर्षों के लिए 1985 से 1994 दी गई है तब दो बराबर भाग होंगे समंक 1985 से 1989 और 1990 से 1994 के संगत। यद्यपि, असम वर्षों की स्थिति में, दो बराबर भाग प्राप्त किए जाते हैं मध्य के मान को हटाकर। इसलिए, उदाहरण के लिए, 9 वर्षों के समंक 1990 से 1998 तक, दो भाग के समंक होंगे वर्ष 1990 से 1993 तक और 1995 से 1998 तक, मध्य वर्ष का मूल्य viz. 1994 हटा दिया जाएगा। श्रेणी को दो भागों में बाँटने के बाद, हम आगे प्रत्येक आधे के समान्तर माध्य की गणना अलग–अलग करते हैं। ये माध्य अर्द्ध–माध्य कहलाते हैं। तब ये अर्द्ध–माध्य बिन्दुओं जैसे आलेखित किये जाते हैं प्रत्येक भाग के क्रमशः समय अवधियों के मध्य बिन्दु के विरुद्ध। इन बिन्दुओं को मिलाने वाली रेखा सीधी रेखा अभिनति देती है जो उपयुक्त है दिए गए समंक का।

टिप्पणी

दृष्टान्त के तौर पर, काल श्रेणी समंक 1985 से 1994 के लिए, हमें

	भाग I	भाग II
अवधि	1985 से 1989 तक	1990 से 1994
अर्द्ध–माध्य	$\bar{x}_1 = \dfrac{y_1 + y_2 + y_3 + y_4 + y_5}{5}$	$\dfrac{\bar{x}_2 = y_6 + y_7 + - - + y_{10}}{5}$
समय अवधि का मध्य	1987	1992

$\bar{x}_1$ 1987 के विरुद्ध आलेखित किया जाता है और $\bar{x}_2$ 1992 के विरुद्ध। अभिनति रेखा इन बिन्दुओं को संयुक्त कर प्राप्त किया जाता है, *viz.* बिन्दु में (1987, $\bar{x}_1$) और (1992, $\bar{x}_2$) एक सीधी रेखा द्वारा। उपर्युक्त स्थिति में, दो भाग असम वर्षों की संख्या को धारित करता है viz., 5 और इसलिए मध्य समय अवधि आसानी से प्रगणित होती है। यद्यपि, अगर दो आधे भाग सम संख्या के वर्षों का है जैसे दूसरी स्थिति जो ऊपर दी गई है viz., वर्ष 1990 से 1993 और 1995 से 1998, औसत समय अवधि का मध्य निकालना कुछ कठिन है। इस स्थिति में $\bar{x}_1$ (1990 से 1993 वर्षों के लिए माध्य का मूल्य) आलेखित किया जाएगा 1990 से 1993 की अवधि के दो मध्य वर्षों के माध्य के विरुद्ध है viz., 1991 और 1992 वर्षों का माध्य। इसी तरह से, $\bar{x}_2$ आलेखित किया जाएगा 1996 और 1997 वर्षों के माध्य के विरुद्ध।

गुण : (i) एक स्पष्ट लाभ इस विधि की है इसकी विषयनिष्ठता इस अर्थ में कि यह व्यक्तिगत निर्णय पर निर्भर नहीं करती है और प्रत्येक जो इस विधि का प्रयोग करता है एक ही अभिनति रेखा पाता है इसलिए एक ही अभिनति मूल्य।

(ii) यह समझने और प्रयोग करने में आसान है चल माध्य की तुलना में या अभिनति को मापने का न्यूनतम वर्ग रीति से।

(iii) रेखा को दोनों तरफ बढ़ाया जाता है भविष्य या विगत प्राक्कलनों को प्राप्त करने में।

सीमाएं : (i) यह विधि रैखिक अभिनति की उपस्थिति धारण करती है (काल श्रेणी मूल्यों में) जो नहीं भी हो सकता है।

(ii) समान्तर माध्य का प्रयोग (अर्द्ध–माध्य प्राप्त करने में) पर भी प्रश्न चिन्ह लगाया जा सकता है इसकी सीमाओं की वजह से।

क्रमानुसार, इस विधि से प्राप्त अभिनति मूल्य और भविष्य के लिए पूर्वानुमानित मूल्य परिशुद्ध और विश्वसनीय नहीं है।

उदाहरण 5.1: निम्नलिखित समंक के अभिनति निर्धारिण के लिए अर्द्ध–माध्य रीति का प्रयोग करें और 2000 के लिए मूल्य को प्राक्कलित करें :

वर्ष :	1993	1994	1995	1996	1997	1998
बिक्री (हजार ईकाईयों में) :	20	24	22	30	28	32

अगर बिक्री के लिए वास्तविक आँकड़ा वर्ष 2000 के लिए 35,000 ईकाईयाँ हैं, आप कैसे आपके द्वारा प्राप्त आँकड़ों और आप को दिए वास्तविक आँकड़ों के बीच के अंतर का लेखा करेंगे?

हलः यहाँ $x = 6$ (सम); इसलिए दो भाग होंगे 1993 से 1995 और 1996 से 1998

सारणी क्र. 5.1ः अभिनति के लिए परिकलन अर्द्ध–माध्य रीति द्वारा

वर्ष	बिक्री (हजार इकाईयों)	त्रिवर्षीय अर्द्ध–योगपत्र	अर्द्ध–माध्य
1993	20		
1994	24	66	$\frac{66}{3} = 22$
1995	22		
1996	30		
1997	28	90	$\frac{90}{3} = 30$
1998	32		

यहाँ अर्द्ध–माध्य 22 प्रथम भाग, i.e., 1994 के मध्य वर्ष के विरुद्ध आलेखित की जाती है और अर्द्ध–माध्य 90 दूसरे भाग, i.e., 1997 के मध्य–वर्ष के विरुद्ध आलेखित की जाती है। अभिनति रेखा चित्र (5.3) में दर्शाई गई है।

टिप्पणी : अभिनत मूल्य विभिन्न वर्षों के लिए अभिनति रेखा आलेख से पढ़ी जा सकती है। वैकल्पिक, बिक्री के मूल्य में औसत बढ़ोतरी (हजार इकाईयाँ) तीन वर्षों के लिए 1994 से 1997 तक है $30 - 22 = 8$ (000 इकाईयाँ)। इसलिए बिक्री में वार्षिक वृद्धि है $(8/3) = 2.667$ ('000 इकाईयाँ)



चित्र क्र. 5.3

अब 1994 के बिक्री का अभिनति मूल्य प्रथम भाग का औसत है, viz. 22 ('000 इकाईयाँ) और 1997 के लिए 30 ('000 इकाईयाँ) है। इसलिए इस यथार्थ

को प्रयोगकर कि बिक्री में वार्षिक वृद्धि 2.667 ('000 इकाईयाँ) हैं, बिक्री के अभिनति मूल्य विभिन्न वर्षों का प्राप्त की जा सकती है जैसा सारणी क्र. (5.1A) में दर्शाई गई है।

टिप्पणी

सारणी क्र. 5.1A

वर्ष	अभिमति मूल्य ('000 इकाईयों)	वर्ष	अभिमति मूल्य ('000 इकाईयों)
1993	22 - 2.667 = 19.333	1997	30
1994	22	1998	30 + 2.667 = 32.667
1995	22 + 2.667 = 24.667	1999	32.667 +2.667 = 35.354
1996	24.667 + 2.667 = 27.334	2000	35.354 + 2.667 = 38.001

इसलिए 2000 में बिक्री का प्राक्कलित (अभिनति) मूल्य 38,001 इकाईयाँ हैं। यह अभिनति मूल्य दिए गए 35,000 ईकाईयों के मूल्य से भिन्न हैं क्योंकि यह इस परिकल्पना के बिना पर प्राप्त की गई है कि दिए काल श्रेणी मूल्यों के बीच रैखिक सम्बन्ध है जो इस स्थिति में (वास्तविक समंक के ग्राफ से जैसा स्पष्ट है) यथार्थ नहीं है। इसके अतिरिक्त, अभिनति मूल्य की गणना में, मौसमी, चक्रीय और अनियमित परिवर्तन के प्रभाव को पूर्णरूप से नजरअंदाज कर दिया गया है जबकि प्रेक्षित मूल्य इन संघटकों से प्रभावित हैं।

उदाहरण 5.2: निम्नलिखित वार्षिक समंक की श्रेणी से, अभिनति रेखा अर्द्ध–माध्य विधि से ज्ञात करें। 1999 के लिए मूल्य भी प्राक्कलित करें।

वर्ष :	1990	1991	1992	1993	1994	1995	1996	1997	1998
वास्तविक मूल्य :	170	231	181	267	278	302	299	298	340

हल: यहाँ वर्षों की संख्या 9 है, i.e., विषम। दो मध्य भाग होंगे 1990 से 1993 और 1995 से 1998, मध्य वर्ष के लिए मूल्य viz., 1994 नजरअंदाज कर दी जाती हैं।

सारणी क्र. 5.2

वर्ष	वास्तविक मूल्य	चार वर्षीय अर्द्ध–योगफल	अर्द्ध–माध्य
1990	170		
1991	231		
1992	261	929	$\frac{921}{4} = 232.25 = 232$
1993	267		
1994	278		
1995	302		
1996	299		
1997	298	1239	$\frac{1239}{4} = 309.75 \approx 310$
1998	340		

मूल्य 232, 1991 और 1992 के वर्ष के मध्य के विरुद्ध आलेखित की जाती है।



चित्र क्र. 5.4

आलेख से हम देखते हैं कि प्राक्कलित (अभिनति) मूल्य 1999 के लिए 348 है।

Alier – 1999 के लिए अभिनति मूल्य उपर्युक्त तालिका में परिकलन से हम देखते हैं कि वास्तविक मूल्य में वृद्धि 1991–92 के मध्य से 1996–97 के मध्य का, i.e., 5 वर्षों के लिए $310 - 232 = 78$ है। इसलिए वार्षिक वृद्धि 7 8/5 है। हम यह भी पाते हैं कि औसत अभिनति मूल्य 1996–97 के मध्य के लिए 310 है। इसलिए 1999 के लिए अभिनति मूल्य दिया गया है

$$310 + \frac{5}{2} \times \frac{78}{5} = 310 + 39 = 349$$

यह मूल्य 348 के आलेखीय मूल्य से भिन्न है जो अभिनति रेखा से प्राप्त की जाती है इस वजह से जो उदाहरण (5.1) में दी गई है और इसलिए भी क्योंकि हमने परिकलनों को दशमलवों को पूर्णांक बनाकर प्राप्त की है।

5.5.3 न्यूनतम वर्ग रीति द्वारा वक्र उपयुक्तता विधि (Method of Curve Fitting by the Principle of Least Squares)

न्यूनतम वर्ग रीति हमें विश्लेषणात्मक या गणितीय उपकरण उपलब्ध करवाता है दिए गए काल श्रेणी के अभिनति में विषयनिष्ठ उपयुक्तता प्राप्त करने में। ज्यादातर आर्थिक और व्यवसायिक काल श्रेणी से संबंधित समंक वृद्धि या ऱ्हास के निश्चित नियमों का पालन करती है और क्रमानुसार ऐसी परिस्थिति में अभिनति उपयुक्तता ज्यादा विश्वसनीय होगी पूर्वानुमान और भविष्यकथन के लिए। यह तकनीक प्रयुक्त हो सकती है रैखिक या गैर–रैखिक दोनों अभिनितियों के लिए।

टिप्पणी

रैखिक अभिनति की उपयुक्तता (Fitting of Linear Trend)

मान लें कि सरल रेखा अभिनति दिए काल श्रेणी मूल्यों (y) और समय (t) के बीच निम्न समीकरण से ही जाती है :

$$y = a + bt \qquad \text{...(5.9)}$$

तब किसी दिए गए समय 't' के लिए, y का y_e प्राक्कलित मूल्य जो इस समीकरण द्वारा दिया जाता है :

$$y_e = a + bt \qquad \text{...(5.10)}$$

जैसा अध्याय–9 में विस्तार से चर्चा की गई है– रैखिक प्रतीपगमन विश्लेषण में न्यूनतम वर्ग रीति द्वारा (5.9) में a और b के मूल्यों का प्राक्कलन किया जाता है ताकि प्राक्कलन के त्रुटियों के वर्गों का योगफल :

$$E = \Sigma(y - y_e)^2 = \Sigma(y - a - bt)^2, \qquad \text{...(5.11)}$$

न्यूनतम है, योग का चिन्ह दिए काल श्रेणी के मूल्यों के ऊपर लिया जाता है। यह प्रसामान्य समीकरण या न्यूनतम वर्ग समीकरण देता है a और b को प्राक्कलित करने के लिए जैसे :

$$\Sigma y = na + b\Sigma t \text{ और} \qquad \text{...(5.12)}$$

$$\Sigma ty = a\Sigma t + b\Sigma t^2 \qquad \text{...(5.13)}$$

जहाँ n काल श्रेणी जोड़ियों (t, y) की संख्या है। यह देखा जा सकता है समीकरण (5.12) प्राप्त किया जाता है समी. (5.9) में दोनों तरफ योगफल लेकर। समी. (5.13) प्राप्त किया जाता हैं समी. (5.9) को t से गुणा करके और दोनों तरफ श्रेणी के दिए मूल्य के ऊपर योग से।

(5.12) और (5.13) को a और b के लिए हल करके और इन मूल्यों को (5.9) में प्रतिस्थापित करने पर, हम अन्ततः सरल रेखा अभिनति प्राप्त करते हैं।

टिप्पणियाँ: 1. (5.12) और (5.13) समीकरणों को हल करने पर प्राप्त a और b के मूल्य न्यूनतम प्रदान करती हैं E का (5.11) में परिभाषित।

न्यूनतम वर्ग अभिनति रेखा प्राप्त की जाती है ताकि :

(i) $\Sigma(y - y_e) = 0 \quad \Rightarrow \quad \Sigma y = \Sigma y_e$

i.e. दिए मूल्यों का योग और अभिनति मूल्यों का योग बराबर हैं,

और (iii) $\Sigma(y - y_e)^2$ न्यूनतम है।

जहाँ y प्रेक्षित काल श्रेणी मूल्य है और y_e संगत अभिनति मूल्य है जो अभिनति रेखा (5.9) से दी जाती है।

2. सरल रेखा अभिनति का अर्थ हे मौसमी और चक्रीय उतार–चढ़ाव और अनियमित उच्चावचन से अलग, अभिनति मूल्य एक नियत मात्रा 'b' प्रति ईकाई समय की दर से बढ़ती या घटती है। इसलिए, अगर हमें एक काल श्रेणी के लिए वार्षिक आँकड़े दिए गए हैं, तब रेखा (5.9) में गुणांक 'b', जो और कुछ नहीं बल्कि अभिनति रेखा का ढलान (slope) है [*e.f.* एक रेखा का समीकरण $y = mx + c$;

के रूप में], वृद्धि की वार्षिक दर देती है। इसलिए, रैखिक अभिनति मूल्य एक श्रेणी बनाती है समान्तर श्रेणी में, समान अन्तर '*b*', जो अभिनति रेखा का ढलान है।

टिप्पणी

अभिनति रेखा को न्यूनतम वर्ग रीति से प्राप्त करने के बाद विभिन्न वर्षों के लिए अभिनति मूल्य प्राप्त की जा सकती है अभिनति समीकरण में समय t के मूल्यों को प्रतिस्थापित करके। यद्यपि, व्यवहारिक दृष्टिकोण से, एक अधिक सुविधाजनक विधि अभिनति मूल्यों को विभिन्न वर्षों के लिए प्रापत करने का है प्रथम वर्ष के लिए अभिनति रेखा के समीकरण से अभिनति मूल्य की गणना करना और तब 'b' के मूल्य को इसमें क्रमवार जोड़ना (क्योंकि अभिनति मूल्य A.P. में श्रेणी बनाती है समान अन्तर '*b*' के साथ)

द्वितीय स्तर (पाराबोलिक) अभिनति की उपयुक्तता (Fitting a Second Degree (Parabolic) Trend : द्वितीय स्तर पाराबोलिक अभिनति निम्न समीकरण से दी जाती है :

$$y = a + bt + ct^2 \qquad \ldots (5.14)$$

तब t के किसी दिए मूल्य के लिए, अभिनति मूल्य दी जाती है :

$$y = a + bt + ct^2$$

इसलिए, अगर y_e अभिनति मूल्य है संगत प्रेक्षित मूल्य y का, तब न्यूनतम वर्ग रीति के अनुसार हमें a, b और c के मूल्य (5.14) में प्राप्त करना है ताकि,

$$E = \Sigma(y - ye)^2 = \Sigma(y - a - bt - ct^2)^2$$

a, b और c के परिवर्तनों के लिए न्यूनतम है। इसलिए, प्रसामान्य या न्यूनतम वर्ग समीकरण a, b और c को प्राक्कलित करने के लिए दी जाती हैं :

$$\left.\begin{aligned} \frac{\partial E}{\partial a} &= 0 = -2\Sigma(y - a - bt - ct^2) \\ \frac{\partial E}{\partial b} &= 0 = -2\Sigma(y - a - bt - ct^2) \\ \frac{\partial E}{\partial c} &= 0 = -2\Sigma(y - a - bt - ct^2) \end{aligned}\right\} \quad \begin{aligned} \Sigma y &= na + b\Sigma t + c\Sigma t^2 \\ \Sigma ty &= a\Sigma t + b\Sigma t^2 + c\Sigma t^3 \\ \Sigma t^2 y &= a\Sigma t^2 + b\Sigma t^3 + c\Sigma t^4 \end{aligned}$$

$$\ldots(5.15)$$

योग चिन्ह काल श्रेणी के मूल्यों के ऊपर ली जाती है।

(5.15) में प्रथम समीरण प्रापत की जाती है (5.14) के दोनों तरफ का योग करके। दूसरा समीकरण (5.14) को t से गुणा करके प्राप्त किया जाता है [दूसरे नियतांक b का गुणांक 5.14 में] तब दोनों तरफ योग करके। तीसरा समीकरण प्राप्त होता है (5.14) के दोनों तरफ t^2 से गुणा करके [c का गुणांक, 5.14 का तीसरा नियतांक] और तब श्रेणियों के मूल्यों के ऊपर योग करना।

दिए गए काल श्रेणी के लिए, मूल्य $\Sigma y, \Sigma ty, \Sigma t^2 y, \Sigma t, \Sigma t^2, \Sigma t^3$ और Σt^4 का परिकलन किया जा सकता है और समीरण (5.15) का हल a, b और c के लिए किया जा सकता है। a, b और c के इन मूल्यों के साथ, पाराबोलिक वक्र (5.14) उपयुक्त अभिनति वक्र है।

टिप्पणीः मूल्य बिन्दु का परिवर्तन : सामान्यतः, t के मूल्य विभिन्न वर्षों के लिए कहें, 1990, 1991. . . . 1999 और इसलिए $\Sigma t, \Sigma t^2, \Sigma t^3, \Sigma t^4$ इत्यादि की गणना, और इसलिए समीकरणों (5.12) और (5.13) का हल रैखिक अभिनति के लिए या समीकरण (5.15) का पाराबोलिक समीकरण के लिए बहुत जटिल और समय खपत करने वाली है। यद्यपि, यह टिप्पणी की जा सकती है कि काल श्रेणी में समय चर t का कोई परिमाण मूल्य नहीं है परन्तु इसका सिर्फ स्थैतिक या स्थानीय महत्व है। इसलिए, हम मूल बिन्दु में समय चर को परिवर्तित कर सकते हैं अपनी सुविधानुसार और इसका क्रमानुसार 0, 1, 2. . . . . इत्यादि मूल्य निर्धारित कर सकते हैं। शून्य (0) को निर्धारित समय अवधि **मूलबिन्दु की अवधि** कही जाती है। यह प्रसामान्य समीकरणों का कुछ हल सुगम बना सकती है। यद्यपि, बीजगणितीय गणना बहुत हद तक सरलीकृत की जा सकती है समय–चर t के मूल्य बिन्दु के समय को एक नए–चर x में परिवर्तित कर इस तरह से कि हम हमेशा पाते हैं $\Sigma x = \Sigma x^2 = 0$ । तकनीक नीचे वर्णित की गई है और सिर्फ प्रयुक्त हो सकती है अगर t समदूरी पर दिए गए हैं, कहें, अन्तराल-h पर,

अगर n, काल श्रेणी मूल्यों की संख्या विषम हैं, तब रूपांतरण है :

$$x = \frac{t - \text{मध्य मूल्य}}{\text{अन्तराल } (x)} \qquad \ldots(5.16)$$

इसलिए, अगर हमें वार्षिक आँकड़े दिए जाते हैं, कहें, 1990, 1991, 1992 .... 1996, i.e., n =7

$$x = \frac{t - \text{मध्य वर्षा}}{1} = t - 1993 \qquad \ldots(\text{x})$$

तल,

$t = 1990, 1991, 1992. . . . 1996$ (x) में रखने पर, हम पाते हैं क्रमशः $x = -3, -2, -1, 0, 1, 2, 3$ ताकि $\Sigma x = \Sigma x^2 = 0$

अगर x सम है तब, रूपांतरण है,

$$x = \frac{t - (\text{दो मध्य मूल्यों का समान्तर माध्य})}{\frac{1}{2}\,(\text{अंतराल})} \qquad \ldots(5.17)$$

इसलिए, अगर हमें वार्षिक मूल्य दिए गए हैं कहें 1995, 1996, 1997 . . . .

2002 के लिए तब $x = \dfrac{t - \frac{1}{2}(1998 + 1999)}{\frac{1}{2}} = 2(t - 1998.5 = zt - 3997 \ldots (^{**})$

$(^{**})$ में $t = 1995, 1996. \ldots . 2000$ रखने पर, हम पाते हैं क्रमशः

$z = -7, -5, -3, -1, 1, 3, 5, 7$ ताकि $\Sigma x = \Sigma x^3 = 0$

रूपांतरण (*) या (**) हमेशा देंगे $\Sigma x = 0 = \Sigma x^3$, और यह बीजगणितीय परिकलनों को बहुत हद तक घटा देती है प्रसामान्य समीकरणों के हल के लिए/उदाहरण के लिए, रैखिक अभिनति के लिए,

$$y = a + bx \qquad \ldots(5.18)$$

जहाँ x या तो (5.16) से या (5.17) से परिभाषित होती है n के सम या विषम होने के अनुसार, a और b के प्राक्कलनों के प्रसामान्य समीकरण हो जाते हैं:

$\Sigma y = na + b\Sigma x$ और $\Sigma xy - a\Sigma x + b\Sigma x^2$

परन्तु $\Sigma x = 0$ । इसलिए ये समीकरण देते हैं :

$$\Sigma y = na \text{ और } \Sigma xy = b\Sigma x^2 \Rightarrow a = \frac{\Sigma y}{n} \text{ और } b = \frac{\Sigma xy}{\Sigma x^2} \qquad \ldots(5.19)$$

a और b के इन मूल्यों के साथ (5.18) अमिनति रेखा का समीकरण देता है:

उसी तरह से, पाराबोलिक अभिनति के लिए:

$$y = a + bx + cx^2, \qquad \ldots(5.20)$$

a, b और c के प्राक्कलनों के लिए प्रसामान्य समीकरण हैं

$\Sigma y = na + \Sigma bx + c\Sigma x^2$ $\qquad\qquad$ $\Sigma y = na + n\Sigma x^2 \ldots$(i)

$\Sigma xy = a\Sigma x + b\Sigma x^2 + c\Sigma x^3$ जो घटकर हो जाता है $\Sigma y = na + n\Sigma x^2 \ldots$(ii)

$\Sigma x^2 y = a\Sigma x^2 + b\Sigma x^3 + c\Sigma x^4$ $\qquad\qquad$ $\Sigma x^2 y = a\Sigma x^2 + c\Sigma x^4 \ldots$(iii)

समीकरण (ii) b का मूल्य देती है $b = \dfrac{\Sigma xy}{z^2}$ और $\Sigma x = \Sigma x^3 = 0$ समीकरण (i) और (ii) भी एक साथ हल की जा सकती है a और c के लिए। a, b और c के इन मूल्यों के लिए वक्र (5.20) पाराबोलिक अभिनति वक्र की उपयुक्तता हो जाती है।

टिप्पणी

घातांक अभिनति की उपयुक्तता (Fitting of Exponential Trend)

घातांक वक्र दिया जाता है समीकरण द्वारा

$$y = ab^t \qquad \ldots(5.21)$$

दोनों तरफ का logrithm लेने पर, हम पाते हें

$$\log y = \log a + t \log b \Rightarrow Y = A + Bt \qquad \ldots(5.22)$$

जहाँ $Y = \log y; A = \log a$ और $B = \log b$ ...(5.23)

(5.22) एक सीधी रेखा अभिनति है Y और t के बीच। इसलिए, A और B के प्राक्कलनों के लिए प्रसामान्य समीकरण हैं [c.f. समीकरण (5.12 और (5.13)]

$$\Sigma Y = nA + B\Sigma t \qquad \text{और} \qquad \Sigma tY = A\Sigma t + B\Sigma t^2$$

ये समीकरण A और B के लिए हल किए जा सकते हैं और (5.23) का प्रयोग कर अंततः हम पाते हैं :

$$a = Anti\log(A) \quad \text{और} \quad b = Anti\log(B)$$

a और b के इन मूल्यों के साथ, वक्र (5.21) सबसे अच्छा घातांक अभिनति वक्र हो जाता है।

टिप्पणीः जैसा पहले ही वर्णित है रैखिक और पाराबोलिक अभिनति की उपयुक्ता में, हम t में मूल बिन्दु को परिवर्तित कर नए चर x में ताकि $\Sigma x = 0$ और तब अभिनति वक्र $y = ab^x$ पर विचार करने पर, परिकलन बहुत सीमा तक घट जाता है।

अभिनति उपयुक्तता के गुण और सीमाएं न्यूनतम वर्ग रीति द्वारा (Merits and Demeritations of Tread Fitting by Principles of Least Squares)

गुण : न्यूनतम वर्ग रीति सबसे लोकप्रिय और विस्तृत रूप से प्रयुक्त होने वाली विधि है तीन प्रेक्षणों के समुच्चय के गणितीय अवकलनों की उपयोगिता का।

(i) इसके विश्लेषणात्मक या गणितीय चरित्र की वजह से, यह विधि अन्वेषक की ओर से वस्तुनिष्ठ निर्णय या व्यक्तिगत अभिनति को पूर्णरूपेन खत्म कर देती है।

(ii) चल माध्यम विधि के विपरीत (विवरण (5.5) में) यह विधि हमें समर्थ बनाती है श्रेणी में दिए गए सभी समय अवधियों के लिए अभिनति मूल्य की गणना करने में।

(iii) अभिनति समीकरणों प्रयुक्त हो सकती है चर के मूल्यों का किसी अवधि t में प्राक्कलित या पूर्वानुमानित करने में भविष्य में या दिए गए श्रेणी के यहाँ तक की अन्तर अवधि में और भविष्य में कथित मूल्य भी काफी विश्वसनीय होते हैं।

(iv) न्यूनतम वर्ग रीति द्वारा वक्र उपयुक्तता सिर्फ एक तकनीक है जो हमें समर्थ बनाती है प्रतिवर्ष वृद्धि दर प्राप्त करने में, वार्षिक समंक के लिए,

अगर रैखिक अभिनति उपयुक्त है। अगर हम रैखिक अभिनति उपयुक्त करते हैं $y = a + bx$ जहाँ x प्राप्त किया जाता है t से मूल बिन्दु के परिवर्तन से ऐसा कि $\Sigma x = 0$ तब वार्षिक समंक के लिए, वार्षिक वृद्धि दर b या $2b$ है वर्षों की संख्या क्रमशः सम या विषम के अनुसार।

अवगुणः (i) सबसे गंभीर सीमा इस विधि की है अभिनति वक्र की उपयोगिता के प्रकार का निर्धारण viz. क्या हमें रैखिक पाराबोलिक अभिनति उपयुक्त की जानी चाहिए या कोई दूसरा जटिल अभिनति वक्र। [यह विस्तार से (5.55) में वर्णित की गई है]। उपयुक्ता के लिए अभिनति के प्रकार की अभिकल्पना कोई अभिनति भी उत्पन्न कर सकती है।

(ii) एक अकेले नए प्रेक्षण का जोड़ भी आवश्यक कर देता है सभी परिकलनों को नए सिरे से किया जाना जो चल माध्य की स्थिति में ऐसा नहीं है।

(iii) इस विधि में अधिक परिकलन वांछित हैं और काफी टेढ़ा या समय खपत करने वाला है दूसरी विधियों की तुलना में। यह शायद कठिन है गैर–गणितीय (सामान्य जन) व्यक्ति के लिए समझने और प्रयोग करने में।

(iv) भविष्य कथन या पूर्वानुमान इस विधि पर आधारित सिर्फ दीर्घ अवधि परिवर्तन पर आधारित होती है, i.e., अभिनति और चक्रीय मौसमी और अनियमित उच्चावचनों को पूर्णरूपेण नजरअंदाज कर देती है।

(v) यह वृद्धि वक्रों की उपयोगिता के लिए प्रयुक्त नहीं हो सकती (संशोधित घातांक वक्र, गोमपर्ज और लॉजिस्टिक वक्र) जिसे ज्यादातर आर्थिक और व्यवसायिक काल श्रेणी पालन करते हैं।

न्यूनतम वर्ग रीति से वक्र उपयुक्तता की तकनीक को दर्शाने के लिए। अब हम कुछ संख्यात्मक उदाहरणों की चर्चा करेंगे।

उदाहरण 5.3 : निम्नलिखित समंक को रैखिक अभिनति उपयुक्त करें न्यूनतम वर्ग रीति द्वारा। सत्यापित करें कि $\Sigma(y - ye) = 0,$ जहाँ ye, y का संगत अभिनति मूल्य है :

वर्ष :	1990	1992	1994	1996	1998
उत्पादन ('000 इकाईयों में) :	18	21	23	27	16

उत्पादन भी प्राक्कलित करें वर्ष 1999 के लिए।

हलः यहाँ n = 5, i.e., विषम। इसलिए, हम लोग बिन्दु को समय अवधि के मध्य में परिवर्तित करते हैं viz. वर्ष 1994।

माना कि $\quad x = t - 1994 \qquad \ldots(i)$

माना कि अभिनति रेखा y का (उत्पादन) x पर x हैं;

$$y = a + bx \text{ (मूल बिन्दु 1994)} \qquad \ldots(ii)$$

टिप्पणी

सारणी क्र. 5.3: सीधी रेखा अभिनति की गणना

वर्ष (t)	उत्पादन ('000 इकाईयों में)	$x = t$-1994	x^2	xy	अभिनति मूल्य ('000 इकाईयों में) $(ye) = 21 + 0.1x$	$y - ye$ ('000 इकाईयों में)
1990	18	–4	16	–72	$21 - 0.4 = 20.6$	–2.6
1992	21	–2	4	–42	$21 - 0.2 = 20.8$	0.2
1994	23	0	0	0	$= 21.0$	2.0
1996	27	2	4	54	$21 + 0.2 = 21.2$	5.8
1998	16	4	16	64	$21 + 0.4 = 21.4$	–5.4
	$\Sigma y = 105$	$\Sigma x = 0$	$\Sigma x^2 = 40$	$\Sigma xy = 4$		$\Sigma(y - ye) = 0$

प्रसामान्य समीकरण a और b की प्राक्कलित करने के लिए (ii) में हैं :

$$\Sigma y = na + b\Sigma x \qquad \text{और} \qquad \Sigma xy = a\Sigma x + b\Sigma x^2$$

$$\Rightarrow 105 = 5a + b \times 0 \qquad \Rightarrow \qquad 4 = a \times 0 + b \times 40$$

$$\Rightarrow a = \frac{105}{5} = 21 \qquad \Rightarrow \qquad b = \frac{4}{40} = \frac{1}{10} = 0.1$$

(ii) में प्रतिस्थापित करने पर, सीधी रेखा अभिनति समीकरण दी जाती है :

$$y = 21 + 0.1x, \text{ (मूल बिन्दु 1994)} \qquad \ldots\text{(iii)}$$

x इकाईयाँ = 1 वर्ष और y = उत्पादन ('000 इकाईयों में)

$x = -4, -2, 0, 2$ रखकर (vii) में, हम अभिनति मूल्य (ye) प्राप्त करते हैं वर्ष 1990, 1992, - - - - 1998, जैसे अन्तिम से एक पहले स्तंभ सारणी क्र. 5.3 में दी गई है।

अन्तर (y-ye) सारणी के अन्तिम स्तंभ में परिकलित की जाती है। हमें,

$$\Sigma(y - ye) = -2.6 + 0.2 + 2.0 + 5.8 - 5.4 = 8 - 8 = 0, \text{ जैसा वांछित है।}$$

1999 के लिए प्राक्कलित उत्पादन : t = 1999 में (i) लेकर, हम पाते हैं x = 1999–1994 = 5 / x = 5 को (iii) में प्रतिस्थापित करने पर, 1999 के लिए प्राक्कलित उत्पादन दिया जाता है :

$$(ye)1999 = 21 + 0.1 \times 5 = 21 + 0.5 = 21.5 \text{ हजार इकाईयाँ}$$

उदाहरण 5.4: नीचे उत्पादन के आँकड़े (हजार टन में) दिए गए हैं एक चीनी कारखाने का :

वर्ष	:	1989	1990	1991	1992	1993	1994	1995
उत्पादन	:	77	88	94	82	91	98	90

(i) न्यूनतम वर्ग रीति से सीधी रेखा करें और अभिनति मूल्यों को दर्शाएं।

(ii) उत्पादन में मासिक वृद्धि क्या है?

(iii) अभिनति प्राक्कलित करें।

हलः **सारणी क्र. 5.4**

वर्ष	उत्पादन ('000 टनों में)	$x = t$- 1992	xy	x^2	अभिनति मूल्य ('000 टनों में) $ye = 89 + 2x$
1989	77	–3	–231	9	83
1990	88	–2	–176	4	85
1991	94	–1	–94	1	87
1992	85	0	0	0	89
1993	91	1	91	1	91
1994	98	2	196	4	93
1995	90	3	70	9	95
	$\Sigma y = 623$	$\Sigma x = 0$	$\Sigma xy = 56$	$\Sigma x^2 = 58$	$\Sigma ye = 623$

(i) माना y का सीधी रेखा अभिनति x पर दिया जाता है :

$$y = a + bx, \qquad \ldots(*)$$

जहाँ मूल बिन्दु जुलाई 1992 में और x इकाई = 1 वर्ष/प्रसामान्य समीकरण a और b को प्राक्कलित करने के लिए (*) में हैं :

$$\Sigma y = na + b\Sigma x \quad \text{और} \quad \Sigma xy = a\Sigma x + b\Sigma x^2$$

$$a = \frac{\Sigma y}{n} = \frac{623}{7} = 89 \quad \text{और} \quad b = \frac{\Sigma xy}{\Sigma x^2} = \frac{56}{28} = 2 \; [\therefore \Sigma x = 0]$$

इसलिए, सीधी रेखा अभिनति दिया जाता है समीकरण :

$$y = 89 + 2x \text{ (मूल बिन्दु : 1992)} \qquad \ldots(**)$$

x इकाईयाँ = 1वर्ष और y = चीनी का वार्षिक उत्पादन ('000 टनों में) (**) में $x = -3, -2, -1, 0, 1, 2, 3$ में रखकर, हम अभिनति मूल्य ** पाते हैं वर्ष क्रमशः 1989 से 1995 तक और सारणी क्र. 5.4 के अन्तिम स्तंभ में दर्शाई गई है। यह सत्यापित किया जाता है कि $\Sigma y = \Sigma ye$, जैसा न्यूनतम वर्ग रीति से वांछित है।

(ii) (*) से यह स्पष्ट है कि अभिनति मूल्य एक नियत मात्रा 'b' ईकाईयों से प्रत्येक वर्ष बढ़ती है। इसलिए, उत्पादन में वार्षिक वृद्धि है 'b' ईकाईयों,

टिप्पणी

i.e., $2 \times 1000 = 2000$ टन

इसलिए, उत्पादन में मासिक वृद्धि $= \dfrac{2000}{12} = 166.67$ टन

(iii) गुणन मॉडल की परिकल्पना कर, अभिनति मूल्यों को विलुप्त कर दिया जाता है दिए मूल्यों (y) को अभिनति मूल्यों (ye) से भाग देकर। यद्यपि, अगर हम योग मॉडल की परिकल्पना करें, अभिनति विलुप्त मूल्य दिए जाते हैं (y - ye) से (देखें सारणी 5.4A) परिणामी मूल्य छोटी अवधि (चक्रीय/परिवर्तन धारित करते हैं और अनियमित परिवर्तन। चूँकि समंक वार्षिक हैं, मौसमी परिवर्तन अनुपस्थिति हैं।

सारणी क्र. 5.4A: अभिनति का विलुप्तीकरण

वर्ष	अभिनति विलुप्त मूल्य आधारित	
	योग मॉडल पर	गुणन मॉडल पर
1989	77 – 83 = - 6	77 ÷ 83 = 0.93
1990	88 – 85 = 3	88 ÷ 85 = 1.04
1991	94 – 87 = 7	94 ÷ 87 = 1.08
1992	85 – 89 = 4	85 ÷ 89 = 0.96
1993	91 – 91 = 0	91 ÷ 91 = 1.00
1994	98 – 93 = 5	98 ÷ 93 = 1.05
1995	90 – 95 = - 5	90 ÷ 95 = 0.95

उदाहरण 5.5: एक कम्पनी की बिक्री मिलियन रूपयों में वर्ष 1994–2001 के लिए नीचे की गई है

वर्ष	1994	1995	1996	1997	1998	1999	2000	2001
बिक्री	550	560	555	585	540	525	545	585

(i) रैखीय अभिनति समीकरण ज्ञात करें।

(ii) बिक्री का प्राक्कलन वर्ष 1993 के लिए करें।

(iii) सीधी रेखा अभिनति की ढलान ज्ञात करें।

(iv) क्या आँकड़े बढ़ती अभिनति दर्शाते हैं या गिरती अभिनति?

हल: इस स्थिति में, चूँकि x, जोड़ों की संख्या सम है viz. 8, हम मूल बिन्दु को समय में परिवर्तित करते हैं जो दो मध्य समयों का समान्तर माध्य है, viz. 1997 और 1998 और हम लेते हैं :

$$x = \frac{t - \frac{1997+1998}{2}}{\frac{1}{2}} 2(t-1997.5) = 2t - 3995 \qquad \ldots(i)$$

इसलिए अन्तराल लेने पर :

$t = 1997$, हम पाते हैं $x = 3994 - 3995 = -1$

$t = 1996$, हम पाते हैं $x = 3992 - 3995 = -3$

और इसी तरह/माना कि रैखिक अभिनति समीकरण y और x के बीच दी जाती है :

$$y = a + bx, x = 2(t - 1997.5) \qquad \ldots(ii)$$

जहाँ x इकाईयाँ $= \frac{1}{2}$ वर्ष ओर $y =$ वार्षिक बिक्री मिलियन रु. में

सारणी क्र. 5.5

वर्ष (t)	बिक्री (y)	$x = z$ 2(t-1997.5)	xy	x^2	अभिनति मूल्य (मिलियन में)
1994	550	–7	3850	49	555.63 –7×21=554.16
1995	560	–5	2800	25	555.63 –5×21=554.58
1996	555	–3	1665	9	555.63 –3×21=555.00
1997	585	–1	585	1	555.63 –1×21=555.42
1998	540	1	540	1	555.63 +1×21=555.84
1999	525	3	1575	9	555.63 +3×21=556.26
2000	545	5	2725	25	555.63 +5×21=556.68
2001	585	7	4095	49	555.63 +7×21=557.10
कुल	$\Sigma y = 4445$	$\Sigma x = 0$	$\Sigma xy = 35$	$\Sigma x^2 = 166$	

(i) में a और b को प्राक्कलित करने के लिए y सामान्य समीकरण हैं :

$$\Sigma y = na + b\Sigma x \qquad \Sigma xy = a\Sigma x + b\Sigma x^2$$

$$\Rightarrow \; 4485 = 8a + o \qquad \Rightarrow \; 35 = a \times 0 + 168b$$

$$\Rightarrow \; a = \frac{4485}{8} = 555.63 \qquad \Rightarrow \; b = \frac{35}{168} = 0.21$$

टिप्पणी

(ii) में प्रतिस्थापित करने पर, सीधी रेखा अभिनति दी जाती है समीकरण से :

$x = -7, -5, -3, -1, 3, 5,$ और 7 रखकर (iii) में, हम अभिनति मूल्य पाते हैं बिक्री का क्रमशः वर्ष 1994 से 2001 के लिए। अभिनति मूल्य सारणी क्र. 5.5 के अंतिम स्तंभ में दर्शाई गई हैं–

(ii) 1993 के लिए प्राक्कलित बिक्री हैं :

$(ye)1993 = 555.63 + 0.21 \times (-9) = 555.63 - 1.89 = 553.74$ मिलियम रु. में

(iii) सीधी रेखा अभिनति (iii) का ढलान दिया जाता है $b = 0.21$।

[c.f. एक सीधी रेखा का समीकरण का ढलान प्रतिच्छेद रूप है : $y = mx + c$] जहाँ m रेखा का ढलान है और c प्रतिच्छेद है जो इसके द्वारा रेखा पर बनाई गई है।

(iv) अभिनति रेखा का ढलान वृद्धि दर को प्रदर्शित करती है (बिक्री) प्रति ईकाई समय, i.e., वार्षिक। चूँकि ढलान b = 8.21 धानात्मक है, दिया गया समंक, बढ़ता हुआ अभिनति दर्शाती है।

टिप्पणियाँ: 1. अगर अभिनति रेखाओं का ढलान ऋणात्मक आता है, तब दी गई काल श्रेणी गिरती (घटती) हुई अभिनति दर्शाएगी।

2. b = 0.21 का अर्थ है वार्षिक वृद्धि रु. 0.21 मिलियन है, i.e., 2,10,000 कंपनी की बिक्री में।

उदाहरण 5.6: न्यूनतम वर्ग रीति से त्रैमासिक अभिनति मूल्य परिकलित करें निम्नलिखित त्रैमासिक समंक के पिछले पाँच वर्षों का जो नीचे दी गई है :

वर्ष	पहली तिमाही	दूसरी तिमाही	तीसरी तिमाही	चतुर्थ तिमाही
1994	60	80	72	68
1995	68	104	100	8
1996	80	116	108	96
1997	108	152	136	124
1998	160	184	172	164

हल: यहाँ हम लोग रैखिक अभिनति समीकरण औसत त्रैमासिक मूल्यों (Y) और समय चर x(वर्ष) के बीच आसंजित करेंगे।

सारणी क्र. 5.6: रैखिक अभिनति के लिए परिकलन

वर्ष (t)	त्रैमासिक मूल्यों का कुल	औसत त्रैमासिक मूल्यों का (Y)	$U = x$-1996	x^2	xy	अभिनति मूल्य (Ye = 112 + 244)
1994	280	70	–2	4	–140	112+24(-2)=64
1995	360	90	–1	1	–90	112+24(-1)=88
1996	400	100	0	0	0	112+24(0)=112
1997	520	130	1	1	130	112+24(1)=136
1998	680	170	2	4	340	112+24(2)=160
कुल		$\Sigma y = 560$	$\Sigma u = 0$	$\Sigma u^2 = 10$	$\Sigma xy = 240$	

रैखिक अभिनति समीकरण की उपयुक्तता के लिए प्रसामान्य समीकरण :

$$Y = a + bu, (u = x - 1996)$$

$$\begin{array}{l}\Sigma y = na + b\Sigma u \\ \Sigma uy = a\Sigma u + b\Sigma u^2\end{array} \quad \Rightarrow \quad \begin{array}{l} a = \dfrac{\Sigma y}{n} = \dfrac{560}{5} = 112 \\ b = \dfrac{\Sigma uy}{\Sigma u^2} = \dfrac{240}{10} = 24 \end{array} \qquad \ldots(i)$$

$\therefore$ रैखिक अभिनति समीकरण है : $Y = 112 + 24u, (u = x - 1996) \ldots(ii)$

(ii) में $u = -2, -1, 0, 1$ और रखकर, हम अभिनति मूल्य पाते हैं (औसत त्रैमासिक मूल्यों के लिए) वर्ष क्रमशः 1994 से 1998 तक के लिए, सारणी क्र. 5.6 के अन्तिम स्तंभ में जैसा दिया गया है पृष्ठ . . . . पर

(i) और (ii) से, अभिनति मूल्य में वार्षिक वृद्धि $= b = 24$

$$\therefore \quad \text{त्रैमासिक अभिनति} \quad = \frac{24}{4} = 6$$

अब हम त्रैमासिक अभिनति मूल्य प्राप्त कर सकते हैं विभिन्न वर्षों के लिए जैसा नीचे वर्णित है।

सारणी क्र. 5.6 से, मध्य तिमाही के लिए अभिनति मूल्य (i.e., दूसरे तिमाही का आधा और तीसरे तिमाही का आधा) 1994 का 64 है। चूँकि त्रैमासिक वृद्धि 6 है, 1994 का दूसरे और तीसरे तिमाही के लिए अभिनति मूल्य हैं क्रमशः $64 - \frac{1}{2} \times 6 = 61$ और $64 + \frac{1}{2} \times 6 = 67$ । क्रमानुसार, 1994 के प्रथम तिमाही के लिए अभिनति मूल्य है $61 - 6 = 55$ और 1994 के चतुर्थ तिमाही के लिए है $67 + 6 = 73$। उसी तरह, हम अभिनति मूल्य विभिन्न तिमाहियों के लिए बचे हुए वर्षों का है पूर्ववर्ती मूल्यों में 6 जोड़कर, जैसा सारणी क्र. 5.6(A) में दिया गया है।

टिप्पणी

सारणी क्र. 5.6A

वर्ष	पहली तिमाही	दूसरी तिमाही	तीसरी तिमाही	चतुर्थ तिमाही
1994	55	61	67	73
1995	79	85	91	97
1996	103	109	115	121
1997	127	133	139	145
1998	151	157	163	169

उदाहरण 5.7: एक कंपनी के बिक्री का रैखिक अभिनति 1995 में 7,50,000 रुपये हैं और यह 16,500 रु. प्रति वर्ष बढ़ता है।

(i) अभिनति समीकरण को लिखें।

(ii) अगर कंपनी जानती है कि 1998 में इसकी तिबक्री 10% कम होगी इसके पूर्वानुमानित अभिनति बिक्री से, 1998 का अनुमानित बिक्री ज्ञात करें।

हलः (i) कंपनी की बिक्री 1995 में 6,50,000 रु. है और वे एक रैखिक अभिनति प्रदर्शित करते हें 16,500 प्रति वर्ष की नियत वृद्धि से। इसलिए, कंपनी के बिक्री का वार्षिक अभिनति समीकरण है :

$$Yt = 6{,}50{,}000 + 16{,}500t \qquad \ldots(*)$$

[Yt : रुपये में वार्षिक बिक्री t ईकाईयाँ = 1 वर्ष; मूल बिन्दु; 1995]

(ii) अभिनति समीकरण (*) का प्रयोग कर, 1998 में कंपनी की अनुमानित बिक्री, i.e., जब $t = 3$, दी जाती है :

$(Yt) = (6{,}50{,}000 + 16{,}500 \times 3)$ रु. $= (6{,}50{,}000 + 49{,}500)$ रु. $= 6{,}99{,}500$ रु.

$\therefore$ 1998 में वास्तविक बिक्री $\left[6{,}99{,}500 - \frac{10}{100} \times 6{,}99{,}500\right] =$ रु. $(6{,}99{,}500 - 69{,}950) =$ रु. $6{,}29{,}550$ रु.

उदाहरण 5.8 : नीचे दिए गए समंक के लिए समीकरण के रूप

$Y = a + bx + cx^2$ को उपयुक्त करें :

X	:	1	2	3	4	5
Y	:	25	26	33	39	46

हलः यहाँ x, जोड़ों की संख्या विषम हैं। इसलिए, हम लेते हैं

$$t = x - (\text{मध्य मान}) = x - 3 \qquad \ldots(*)$$

ताकि t के मान x के संगत = 1, 2, 3, 4 और 5 है क्रमशः – 2, – 1, 0, 1, 2 मान लें कि द्वितीय डिग्री अभिनति समीकरण y और t के बीच है :

$$Y = a + bt + ct^2 \text{ जहाँ } t = x - 3 \qquad \ldots(**)$$

सारणी क्र. 5.7

x	y	$t = x–3$	t^2	t^3	t^4	t^y	$t^2 y$
1	25	–2	4	–8	16	–50	100
2	28	–1	1	–1	1	–28	28
3	33	0	0	0	0	0	0
4	39	1	1	–1	1	39	39
5	46	2	4	–8	16	92	184
कुल	$\Sigma y = 171$	$\Sigma t = 0$	$\Sigma t^2 = 10$	$\Sigma t^3 = 0$	$\Sigma t^4 = 34$	$\Sigma ty = 53$	$\Sigma t^2 y = 351$

(**) में a, b और c को प्राक्कलित करने के लिए प्रसामान्य समीकरण हैं :

$$\begin{aligned} \Sigma y &= na + b\Sigma t + c\Sigma t^2 \\ \Sigma ty &= a\Sigma t + b\Sigma t^2 + c\Sigma t^3 \\ \Sigma t^2 y &= a\Sigma t^2 + b\Sigma t^3 + c\Sigma t^4 \end{aligned} \quad \Rightarrow \quad \begin{aligned} 171 &= 5a + 10c & \ldots\text{(i)} \\ 53 &= 10b & \ldots\text{(ii)} \\ 351 &= 10a + 34c & \ldots\text{(iii)} \end{aligned}$$

$$\text{(ii)} \quad \Rightarrow \quad b = \frac{53}{10} = 5.3$$

(i) को 2 से गुणा करने पर और तब (iii) से घटाने पर, हम पाते हैं

$$351 - 2 \times 171 = (10a + 34c - (10a + 20c)$$

$$\Rightarrow \ 14c = 351 - 342 = 9 \qquad \Rightarrow \qquad c = \frac{9}{14} = 0.64$$

(i) में प्रतिस्थापित करने पर, हम पाते हैं;

$$a = \frac{171 - 10c}{5} = \frac{171 - 6.4}{5} - \frac{164.6}{5} = 32.92$$

a, b और c का मूल्य (**) में प्रतिस्थापित करने पर, हम अभिनति समीकरण पाते हैं :

$$Y = 32.92 + 5.3t + 0.64t^2; \text{ जहाँ } t = x - 3 \qquad \ldots\text{(iv)}$$

इसलिए, द्वितीय डिग्री अभिनति समीकरण y का x पर हो जाता है :

$$\begin{aligned} Y &= 32.92 + 5.3(x-3) + 0.64(x-3)^2 \\ &= 32.92 + 5.3x - 15.9 + 0.64(x^2 - 6x + 9) \\ &= (32.92 - 15.90 + 5.76) + (5.30 - 3.84)x + 0.64x^2 \\ &= 22.78 + 1.46x + 0.64x^{2z} \end{aligned}$$

टिप्पणी: अभिनति मूल्य y का x के लिए = 1, 2, 3, 4, और 5 की गणना (iv) का प्रयोग कर किया जा सकता है, जैसा सारणी क्र. 5.8 में दिया गया है।

टिप्पणी

सारणी क्र. 5.8

x	y	$t = x$-3	t^2	5.3t	0.64t^2	अभिनति मूल्य Ye = 32.92+5.3t+0.64t^2
1	25	–2	4	–10.6	2.56	32.92–10.6+2.56 = 24.88
2	28	–1	1	–5.3	0.64	32.92–5.3 +0.64 = 28.26
3	33	0	0	0	0	32.92–0 +0 = 32.92
4	39	1	1	5.3	0.64	32.92+5.3 +0.64 = 38.86
5	46	2	4	10.6	2.56	32.92+10.6+256 = 46.08

अगा हम वास्तविक मूल्य (Y) और संगत अभिनति मूल्यों (Ye) की तुलना करें, हम अवलोकित करते हैं कि पाराबोलिक अभिनति (iv) दिए गए समंक का सबसे उपयुक्त आख्यान है।

उदाहरण 5.9: निम्नलिखित समंक के लिए द्वितीय स्तर पाराबोला उपयुक्त करें :

X :	1	2	3	4	5
Y :	1090	1220	1390	1625	1915

हल:

x	y	$u = x$-3	$v = \frac{Y-1450}{5}$	u^2	u^3	u^4	uv	u^2v
1	1090	–2	–72	4	–8	16	144	–288
2	1220	–1	–46	1	–1	1	46	–46
3	1390	0	–12	0	0	0	0	0
4	1625	1	35	1	1	1	35	35
5	1915	2	93	4	8	16	186	372
कुल		$\Sigma u = 0$	$\Sigma v =$-2	Σu^2=10	Σu^3=0	Σt^4=34	Σuv=411	Σu^2v=73

मान लें कि सबसे उपयुक्त v का u पर पाराबोल है :

$$v = a + bu + cu^2 \qquad \ldots\text{(i)}$$

जहाँ $u = x - 3$ और $V = \dfrac{Y-1450}{5}$ …(ii)

टिप्पणी

तब a, b और c को प्राक्कलित करने के लिए प्रसामान्य समीकरण हैं :

$$\Sigma v = na + b\Sigma u + c\Sigma u^2 \qquad -2 = 5a + 10c \qquad ...(iii)$$
$$\Sigma uv = a\Sigma u + b\Sigma u^2 + c\Sigma u^3 \quad \Rightarrow \quad 411 = 10b \qquad ..(iv)$$
$$\Sigma u^2 v = a\Sigma u^2 + b\Sigma u^3 + c\Sigma u^4 \qquad 73 = 10a + 34c \qquad ..(v)$$

$$\text{(iv)} \Rightarrow \quad b = \frac{411}{10} = 41.1 \qquad \ldots\text{(vi)}$$

(v) 2 × (iii) देता है : $73 + 4 = 34c - 20c = 14c \Rightarrow c = \frac{77}{14} = 5.5$ …(vii)

C का मूल्य (iii) मे ंप्रतिस्थापित करने पर हम पाते हैं

$$5a = -2 - 10(5.5) = -57 \Rightarrow a = \frac{-57}{5} = -11.4 \qquad \ldots\text{(viii)}$$

(vi) से (vii) और (viii) से a, b और c का मूल्य (i) में प्रतिस्थापित कर, द्वितीय स्तर का y पर x का उपयुक्त पाराबोल हो जाता है :

$$\begin{aligned} Y - \frac{1450}{5} &= -11.4 + 41.1(x-3) + 5.5(x-3)^2 \\ &= -11.4 + 41.1x - 123.3 + 5.5(x^2 - 4x + 9) \\ &= 5.5x^2 + 8.1x - 85.2 \\ \Rightarrow \quad Y - 1450 &= 27.5x^2 + 40.5x - 426 \\ Y &= 27.5x^2 + 40.5x + 1024 \end{aligned}$$

उदाहरण 5.10: एक अभिनति अवकलन $y = a.b^x$ निम्नलिखित समंक के लिए आसंजित करें।

x	:	1	2	3	4	5
y	:	1.6	4.5	13.8	40.2	125.0

हलः हमें एक घातांक 9% (Exponential Curve) उपयुक्त करना है :

$$y = A.B^x \qquad \ldots\text{(i)}$$

दोनों तरफ Logarithm होने पर, हम पाते हैं

$$\log y = \log A + x \log B$$

$$\Rightarrow \qquad Y = a + bx \qquad \ldots\text{(ii)}$$

जहाँ $\quad Y = \log y; a = \log A$ और $b = \log B$ …(iii)

समीकरण (ii) एक सीधी रेखा चर y और x के बीच है और इसलिए a और b के प्राक्कलन के लिए प्रसामान्य समीकरण हैं :

$$\Sigma Y = na + b\Sigma x \quad \text{और} \quad \Sigma xY = a\Sigma x + b\Sigma x^2 \qquad \ldots\text{(iv)}$$

टिप्पणी

सारणी क्र. 5.9: घातांक अभिनति की गणना

x	y	$Y = \log y$	xY	x^2	अभिनति मूल्य (Ye)
1	1.6	0.2041	0.2041	1	1.5573 ≈ 1.6
2	4.5	0.6532	1.3064	4	4.6361 ≈ 4.6
3	13.8	1.1399	3.4197	9	13.8017 ≈ 13.8
4	40.2	1.3042	6.4168	16	41.0877 ≈ 41.1
5	125.0	2.0969	10.4845	25	122.3180 ≈122.3
कुल		$\Sigma Y =$ 5.6983	ΣxY =21.8315	Σx^2=55	

समीकरण (iv) में प्रतिस्थापित कर, a और b के प्राक्कलन के लिए प्रासामान्य समीकरण हो जाते हैं :

$$5.6983 = 5a + 5b \quad \ldots\text{(v)} \quad \text{और} \quad 21.8315 = 15 + 55b \quad \ldots\text{(vi)}$$

(iv) – 3 × (v) देता है :

$$21.8315 - 3 \times 5.6983 = 55b - 45b \Rightarrow 10b = 4.7366 \Rightarrow b = \frac{4.7366}{10} = 0.4737$$

(v) में b का मूल्य प्रतिस्थापित करने पर, हम पाते हैं

$$a = \frac{1}{5}(5.6983 - 15 \times 0.4737) = \frac{1}{5}(5.6983 - 7.1055)$$

$$= -\frac{1}{5} \times 1.4072 = -0.2814$$

इसलिए (iii) का इस्तेमाल कर, हम पाते हैं

$$B = anti\log(b) = Anti\log(0.4737) = 2.977$$

$$A = Anti\log(a) = Anti\log(-0.2814) = Anti\log(\bar{1}.7186) = 0.5231$$

(i) में A और B का मूल्य प्रतिस्थापित करने पर, हम वांछित अभिनति मूल्य पाते हैं जो दिया जाता है :

$$y = 0.5231 + (2.977)^x \qquad \ldots\text{(vii)}$$

(vii) में x = 1, 2, 3, 4 और 5 रखने पर, हम अभिनति मूल्य पाते हैं जो तालिका 5.10 के अन्तिम कॉलम में दर्शाया गया है। उदाहरण के लिए,

$(Ye)_1 = 0.5231 \times 2.977 = 1.5573$: $(Ye)_2 = 0.5231 \times (2.977)^2$

$(Ye)_3 = 4.6361 \times 2.977 = 13.8017$ और इसी तरह आगे।

टिप्पणीः वास्तव में, हम देखते हैं कि (vii) द्वारा दिया गया अभिनति मूल्य गुणोत्तर शृंखला (G.P.) की श्रेणी का निर्माण करता है सामान्य दर (Common Ratio) $r = 2.977$ के साथ। इसलिए, अगर हम $x = 1$ के लिए अभिनति मूल्य की गणना करें, तब $x = 2, 3, 4$ इत्यादित के लिए अभिनति मूल्य प्राप्त किए जा सकते हैं इस मूल्य को सामान्य दर $r = 2.977$ से क्रमवार गुणा करके।

उदाहरण 5.11: आपको भारत की जनसंख्या का आँकड़ा दिया गया है निम्नः

जनगणना वर्ष (x) :	1911	1921	1931	1941	1951	1961	1971
जन. (करोड़ में)(y):	25.0	25.1	27.9	31.9	36.1	43.9	54.7

उपर्युक्त समंक के लिए घातांक अभिनति $y = ab^*$ उपयुक्त करें न्यूनतम वर्ग रीति द्वारा और अभिनति मूल्य ज्ञात करें। 1981 में जनसंख्या प्राक्कलित करें।

हल : यहाँ $x = 7$ विषम है। आगे, चूँकि जनसंख्या आँकड़े बराबर अन्तराल 10 वर्षों पर दिए गए हैं, हम परिभाषित करते हैं :

$$u = \frac{x - \text{मध्य मान}}{\text{अंतराल}} = \frac{x - 1941}{10} \qquad \text{...(i)}$$

और अभिनति वक्र का विचार करें : $y = a.b^u$ ...(ii)

दोनों तरफ Logarithm लेने पर :

$$\log y = \log a + u \log b \Rightarrow Y = A + Bu \qquad \text{...(iii)}$$

जहाँ $Y = \log y, A = \log a, B = \log b$

(iii) में A और B का प्राक्कलन करने के लिए प्रसामान्य समीकरण दिए जाते हैं (चूँकि $\Sigma u = 0$)

$$\Sigma Y = nA \text{ और } \Sigma uY = B\Sigma u^2 \Rightarrow A = \frac{\Sigma Y}{n} \text{ और } B = \frac{\Sigma uY}{\Sigma u^2} \qquad \text{...(iv)}$$

सारणी क्र. 5.10

वर्ष x	**जनसंख्या (करोड़ में) (y)**	$u = \frac{x-1941}{10}$	$Y = \log y$	u^2	uY	**अभिनति मूल्य (करोड़ में) $Ye = 33.6 \times (1.142)^u$**
1911	25.0	–3	1.3979	9	4.1937	25.76÷1.142 = 2.56
1921	25.1	–2	1.3997	4	2.7994	29.42÷1.142=25.76
1931	27.9	–1	1.4456	1	1.4456	33.60÷1.142=29.42
1941	31.9	0	1.5038	0	0	33.60
1951	36.1	1	1.5575	1	1.5575	33.6 1.142 =38.37
1961	43.9	2	1.6425	4	3.2850	38.37÷1.142=43.82
1971	54.7	3	1.7380	9	5.2140	43.82÷1.142=50.04
कुल	$\Sigma y =$ 244.6	0	$\Sigma y=$ 10.6850	Σu^2 =28	$\Sigma uy=$ 1.6178	$\Sigma Ye = 243.57$

टिप्पणी

(iv) का प्रयोग कर, हम पाते हैं

$$A = \frac{10.6850}{7} = 1.5264 \Rightarrow a = Anti\log(A) = Anti\log(1.5264) = 33.60$$

$$B = \frac{1.6178}{26} = 0.0578 \Rightarrow b = Anti\log(B) = Anti\log(0.0578) = 1.142$$

(ii) में a और b के मूल्यों का प्रतिस्थापन करने में, हम घातांक अभिनति समीकरण पाते हैं :

$$y = 33.60 \times (1.142)^u, \text{ जहाँ } \quad u = \frac{(x-1941)}{10} \qquad \ldots(v)$$

1911 से 1971 वर्षों के लिए अभिनति मूल्य (v) से प्राप्त किए जाते हैं।

क्रमशः $u = -3, -2, ----2, 3$ रखने पर उदाहरण के लिए,

$$(Ye)_x = 1941 = (Ye)u = 0 = 33.60$$

चूँकि अभिनति मूल्य (v) से दिए जाते हैं G.P. में हैं सामान्य अनुपात के साथ $r = b = 1.142$, 1951, 1961 और 1971 के लिए अभिनति मूल्य प्राप्त किए जाते हैं 33.60 को 1.142 से क्रमशः गुणा करके और उसी तरह 1931, 1921 और 1911 के लिए अभिनति मूल्य प्राप्त किए जाते हैं 33.60 को 1.142 से क्रमशः भाग देने पर। अभिनति मूल्य सारणी क्र. 5.10 के अन्तिम कॉलम में दी गई है।

1081 में जनसंख्या का प्राक्कलन : $x = 1981$ के लिए, हम पाते हैं

$$u = \frac{x-1941}{10} = \frac{1981-1941}{10} = 4$$

इसलिए (v) में $u = 4$ रखकर, हम 1981 का प्राक्कलित जनसंख्या पाते हैं जैसे :

$$(Ye)_{1981} = 33.6 \times (1.142)^4 = (33.6) \times (1.142)^3 \times 1.142$$

$$= (Ye)_{1971} \times 1.142 = 50.04 \times 1.142 = 57.15 \text{ (करोड़)}$$

या

$$(Ye)_{1981} = 33.6 \times (1.30416)^2 = 33.6 \times 1.700844 = 57.15 \text{ (करोड़)}$$

टिप्पणी: हमें पाना चाहिए $\Sigma y = \Sigma ye$ । जबकि, सारणी क्र. 5.10 में, $\Sigma y \neq \Sigma ye$ अन्तर की वजह है (ii) में नियतांक का आवर्तन, दो दशमलव अंकों तक।

उदाहरण 5.12: वार्षिक अभिनति समीकरण मक्खन के खपत ('000 कि.ग्रा. में) क्रमशः तीन जिलों I, II और III के लिए नीचे दी गई हैं। प्रत्येक जिला के लिए खपत के परिवर्तन के पैदर्न पर समीक्षा दें।

(i) $Yt = 200 - 0.012\ t$; (ii) $Yt = 225\ (1.015)$; (iii) $Yt = 250\ (0.978)$

टिप्पणी

हलः (i) जिला I में, वार्षिक अभिनति मॉडल है

$$Yt = 200 - 0.012\, t \qquad \ldots(24)$$

जो रैखिक है अभिकृति का $Yt = a+bt$ ...(24a)

1(a) में नियतांक 'b' नियत वार्षिक वृद्धि प्रतिबंधित करता है (वृद्धि अगर $b > 0$ और ऱ्हास अगर $b < 0$) मक्खन की खपत में

इसलिए, जिला I में, प्रारंभिक खपत (t = 0) मकखन का है a = 200,000 कि. ग्रा.। और यह घटती है 0.012 × 1000 कि.ग्रा. – 12 कि.ग्राम प्रति उत्तरवर्ती वर्ष में।

(ii) और (iii), जिला II और III में अभिनति मॉडल वृद्धि मॉडल के रूप में हैं :

$$Yt = Po(1+r)^t, \qquad \ldots(*)$$

जहाँ Po, Yt का प्रारंभिक मूल्य है (t = 0 पर) और r प्रति वर्ष वृद्धि दर है। (चक्रवृद्धि ब्याज सूत्र)

जिला II: अभिनति मॉडल है :

$$Yt = 225(1.015)^t = 225(1+0.015)^t \qquad \ldots(25)$$

इसलिए, जिला II में, मक्खन की प्रारंभिक खपत 250,000 कि.ग्रा. है और यह घटकन चक्रवृद्धि दर $r = 0.022 = 2.2\%$ प्रति वर्ष

जिला III: अभिनति मॉडल है :

$$Yt = 250(0.978)^t = 250(1-0.022)^t \qquad \ldots(26)$$

इसलिए, जिला III में, मक्खन की प्रारंभिक खपत 250,000 कि.ग्रा. है और यह घटती है चक्रवृद्धि ब्याज दर पर $r = 0.022 = 2.2\%$ प्रति वर्ष।

5.5.4 अभिनति समीकरण का संपरिवर्तन (Conversion of Trend Equation)

कोई अभिनति समीकरण

$$Ye = f(t) \qquad \ldots(*)$$

तीन अवयवों पर निर्भर करती है, viz.

(i) समय संदर्भ की मूल बिन्दु (The Origin of Time Reference),

(ii) समय की ईकाईयाँ, viz., वार्षिक, मासिक, साप्ताहिक, इत्यादि।

(iii) दिए मूल्यों की इकाईयाँ, i.e., काल श्रेणी मूल्य जो वार्षिक आँकड़े, मासिक आँकड़े, या मासिक आँकड़ों से सम्बन्धित हैं।

अभिमति समीकरण (*) पुर्नगणित की जा सकती हैं इन अवयवों को पुर्नपरिभाषित करने के बाद जो हमारी सुविधा के उपयुक्त हो। हम लोग नीचे दो बिन्दुओं की विवेचना करेंगे :

(i) मूल बिन्दु का विस्थापन (Shifting of Origin) और

(ii) वार्षिक अभिमति समीकरा को मासिक अभिनति समीकरण में रूपांतरण जब;

(a) y-मूल्य वार्षिक कुल योग में हैं और

(b) y-मूल्य मासिक औसतों में दिए गए हैं।

मूल बिन्दु का विस्थापन (Shifting of Origin) : जयादातर, अभिनति मूल्यों के बीच तुलनाओं को सुगत बनाने के लिए, यह अभिलषनीय हो जाता है एक काल श्रेणी में मूल बिन्दु को विस्थापित (संदर्भ का समय अवधि) करना कुछ सुविधाजनक बिन्दु तक। हम लोग तकनीक का वर्णन एक उदाहरण से करेंगे।

माना कि सीधी रेखा अभिनति समीकरण दी जाती है :

$$Ye = a + bx \qquad \ldots(5.27)$$

जहाँ मूल–बिन्दु : 1990 (पहली जुलाई) : x इकाईयाँ : एक वर्ष y इकाईयाँ वार्षिक कुल योग अभिनति समीकरण 5.27 में नियतांक 'a' अभिनति मूल्य है मूल बिन्दु के वर्ष का, viz. 1990, i.e.,

$$(ye)_{1990} = a$$

अब, अगर हम काल श्रेणी को परिवर्तित करना चाहते हैं कि इसका मूल बिन्दु, कहें 1995, i.e., हम नए अभिनति मूल बिन्दु को यहाँ से 5 वर्ष विस्थापित कर, तब नया अभिनति समीकरण प्राप्त किया जाता है x के मूल्य को $x + 5$ में परिवर्तित कर (5.27) में। तब नया अभिनति समीकरण हो जाता है :

$$Ye = a + b(x + 5), \qquad \ldots(5.28)$$

मूल बिन्दु : 1990 (पहली जुलाई) i.e., $x = 0$ जब $t = 1995$.

इसी तरह, अगर हम मूल बिन्दु को 1987 तक विस्थापित करते हैं, i.e., 3 वर्ष पीछे, नया अभिनति समीकरण हो जाता है :

$$Ye = a + b(x - 3) \qquad \ldots(5.29)$$

मूल बिन्दु : 1987 (पहली जुलाई) i.e., $x = 0$ जब $t = 1987$.

इस तरह, मूल बिन्दु का विस्थापन समीकरण (5.27) में सिर्फ नियतांक 'a' के मूल्य को प्रभावित करती है, जबकि समीकरण का ढलान 'b' वही रह जाती है।

वार्षिक अभिनति समीकरण का मासिक अभिनति समीकरण में संपरिवर्तन (Conversion of Annual Trend Equation to Monthly Trend Equation)

हम लोग फिर से वार्षिक अभिनति समीकरण (5.27) पर विचार करते हैं। समीकरण में ढलान 'b' वार्षिक वृद्धि y-के मूल्यों चूँकि औसत मासिक आँकड़ा प्राप्त किया जाता है कुल वार्षिक आँकड़ा को 12 से विभाजित करके, अभिनति समीकरण 5.25 औसत मासिक मूल्यों में संपरिवर्तित हो जाती है :

$$Ye = \frac{a}{12} + \frac{b}{12}x \qquad \ldots(5.30)$$

जहाँ, मूल बिन्दु : 1990 (पहली जुलाई) x इकाईयाँ : 1 वर्ष y इकाईयाँ : मासिक आँकड़े

उदाहरण के लिए, हम कह सकते हैं कि चीनी का औसत मासिक उत्पादन, कहें, चार वर्षों के लिए 1990, 1991, 1992 और 1993 के लिए क्रमशः y_1, y_2, y_3, y_4 हैं। इसलिए, x इकाईयाँ वर्ष हैं, यद्यपि हमें औसत मासिक मूल्य दिए गए हैं।

समीकरण (5.28) में x का गुणांक, viz., $b/12$ मासिक आधार पर y मूल्यों की वृद्धि प्रदर्शित करता है परन्तु एक वर्ष में एक महीने से दूसरे (परवर्ती) वर्ष के संगत महीने का। एक मासिक अभिनति समीकरण प्राप्त करने के क्रम मे जिसमें x मूल्य भी एक महीने की इकाईयों में हैं, और जेसे x की गुणांक अभिनति मूल्यों में महीने से महीने की वृद्धि प्रदर्शित करता है, समीकरण (5.30) में गुणांक $b/12$ आगे 12 से विभाजित होना चाहिए। इसलिए, मासिक अभिनति समीकरण हो जाता है :

$$y = \frac{a}{12} + \frac{b}{144}x \qquad \ldots(5.31)$$

जहाँ, मूल बिन्दु : 1990 (पहली जुलाई) : x इकाईयाँ : एक महीना : y इकाईयाँ : औसत मासिक मूल्य

इसलिए, अगर हम (5.31) में मूल बिन्दु को विस्थापित करना चाहते हैं प्रथम जुलाई से नवम्बर के मध्य, i.e., अभी से चार और आधे महीने, तब समीकरण (5.29) घटकर हो जाता है :

$$Ye = \frac{a}{12} + \frac{b}{144}(x + 4.5) \qquad \ldots(5.32)$$

जहाँ, मूल बिन्दु : 15 नवम्बर, 1990; x इकाईयाँ : एक महीना : y इकाईयाँ : औसत मासिक मूल्य

इसी तरह से, अगर मूल बिन्दु मासिक अभिनति समीकरण (5.31) में विस्थापित होकर मध्य मार्च तक जाती है, i.e., 3½ महीने पीछे, यह घटकर हो जाता है :

$$Ye = \frac{a}{12} + \frac{b}{144}(x - 3.5) \qquad \ldots(5.33)$$

टिप्पणी: वार्षिक अभिनति समीकरण (5.27) भी त्रैमासिक अभिनति समीकरण में घट जाती है, जो दी जाएगी :

$$Ye = \frac{a}{4} + \frac{b}{4 \times 12}.x \quad \Rightarrow Ye = \frac{a}{4} + \frac{b}{48}x \qquad \ldots(5.34)$$

जहाँ, मूल बिन्दु : 1990 (पहली जुलाई) : x इकाईयाँ : एक चौथाई : y इकाईयाँ : त्रैमासिक मूल्य।

टिप्पणी

उदाहरण 5.13 : एक वस्तु के लिए वार्षिक बिक्री ('000 रुपयों) का समीकरण प्रथम जुलाई, 2001, मूल बिन्दु के रूप में है $Y = 81.6 + 28.8\,x$

(i) अभिनति समीकरण निर्धारित करें मासिक अभिनति मूल्य देने के लिए मूल बिन्दु के रूप में 15 जनवरी, 2002 के साथ, और

(ii) अभिनति मूल्यों को परिकलित करें मार्च 2002 से अगस्त 2002 के लिए

हलः (i) दिया गया वार्षिक अभिनति समीकरण मासिक मूल्यों में परिवर्तित होकर हो जाता है :

$$Ye = \frac{81.6}{12} + \frac{28.8}{144}x \quad \Rightarrow Ye = 6.8 + 0.2x \qquad \textbf{...(*)}$$

[मूल बिन्दु : (पहली जुलाई) 2001 : x इकाई = 1 महीना; y इकाई = औसत मासिक बिक्री ('000 रु. में)**]**

हम मूल बिन्दु को जनवरी 2002 तक विस्थापित करना चाहते हैं, viz. जनवरी का मध्यें, i.e., 15 जनवरी, 2002। दूसरे शब्दों में, हमें मूल–बिन्दु, को 6½ महीना और वांछित समीकरण प्राप्त की जाती है x को $x + 6.5$ (*) में।

इसलिए, नया अभिनति समीकरण दिया जाता है :

$$Ye = 6.8 + 0.2(x + 6.5)$$
$$= 6.8 + 0.2x + 1.3$$
$$= 8.1 + 0.2x$$

मूल बिन्दु : 15 जनवरी, 2002; x इकाई = 1 महीना; y इकाई = औसत मासिक बिक्री ('000 रु. में)

सारणी क्र. 5.11: अभिनति मूल्यों की गणना

महीना	x	अभिनति मूल्य (Ye=8.1 + 0.2x)	Ye
मार्च	2	$8.1 + 0.2 \times 2 = 8.5$	8500
अप्रैल	3	$8.1 + 0.2 \times 3 = 8.7$	8700
मई	4	$8.1 + 0.2 \times 4 = 8.9$	8900
जून	5	$8.1 + 0.2 \times 5 = 9.1$	9100
जुलाई	6	$8.1 + 0.2 \times 6 = 9.3$	9300
अगस्त	7	$8.1 + 0.2 \times 7 = 9.5$	9500

उदाहरण 5.14: एक वस्तु के वार्षिक बिक्री के लिए अभिनति समीकरण पहली जुलाई 1991 के मूल बिन्दु के साथ है

$Ye = 96 + 28.8x + 4x^2$ (जहाँ x-इकाई = 1 वर्ष)

(i) मासिक अभिनति समीकरण को निर्धारित करें जनवरी 1992 को मूल बिन्दु जैसा

(ii) अभिमति मूल्यों की गणना करें अगस्त 1991 और मार्च 1992 के लिए

हलः (i) दिया गया वार्षिक अभिनति समीकरण मासिक मूल्यों में परिवर्तित होकर हो जाता है :

$$Ye = \frac{96}{12} + \frac{28.8}{12 \times 12}x + \frac{4}{12 \times 12 \times 12}x^2$$

$$\Rightarrow \quad Ye = 8 + 0.2x + 0.0023x^2 \qquad \ldots(*)$$

[मूल बिन्दु : पहली जुलाई 1991; x इकाई = 1 महीना; y इकाई = औसत मासिक बिक्री]

हम मूल बिन्दु को 1992 तक विस्थापित करना चाहते हैं viz. जनवरी का मध्य, i.e., 15 जनवरी 1992। दूसरे शब्दों में, हम मूल बिन्दु को 6½ महीना आगे विस्थापित करना चाहते हैं और वांछित समीकरण प्राप्त किया जाता है x को x + 6.5 में (*) परिवर्तित करके। इसलिए, वांछित अभिनति समीकरण हो जाता है :

$$\begin{aligned} Ye &= 8 + 0.2(x+6.5) + 0.0023(x+6.5)^2 \\ &= 8 + 0.2x + 1.3 + 0.0023(x^3 + 13x + 42.25) \\ &= 9.3 + 0.2x + 0.0023x^2 + 0.0299x + 0.0972 \\ &= 9.3972 + 0.2299x + 0.0023x^2 \qquad \ldots(**) \end{aligned}$$

[मूल बिन्दु + 15 जनवरी, 1992; x इकाई = 1 महीना; y इकाई = औसत मासिक बिक्री]

(ii) अगस्त 1991 के लिए अभिनति मूल्य, i.e., 15 अगस्त, 1991 प्राप्त किया जाता है

x = 1.5 लेकर (*) में

$$(Y)_{\text{अगस्त } 1991} = 8 + 0.2 \times 1.5 + 0.0023 \times (1.5)^2 = 8 + 0.3 + 0.005 = 8.305$$

1992 के लिए अभिनति मूल्य, i.e., (15 मार्च, 1992) $x = 2$ लेकर (*) में

$$\begin{aligned} (\mathrm{Y})_{\text{मार्च } 1992} &= 9.3972 + 0.2299 \times 2 + 0.0023 \times 2^2 \\ &= 9.3972 + 0.4598 + 0.0092 = 9.8662 \end{aligned}$$

या हम मार्च 1992 के लिए भी अभिनति मूल्य प्राप्त कर सकते हैं (15 मार्च, 1992)

x = 8.5 लेकर (*) में

उदाहरण 5.15: निम्नलिखित एक मासिक अभिनति समीकरण है :

$$Ye = 20 + 2x$$

टिप्पणी

[मूल बिन्दु : जनवरी, 1992; x इकाई = 1 महीना; y इकाई = मासिक बिक्री ('000 रु. में)]

इसे वार्षिक अभिनति समीकरण में संपरिवर्तित करें।

हल: मासिक अभिनति समीकरण (*) को वार्षिक अभिनति समीकरण में परिवर्तित करने के लिए, हमें सबसे पहले मूल बिन्दु को मध्य जनवरी 1992 से वर्ष 1992 के मध्य, i.e., पहली जुलाई, 1992 में विस्थापित करना चाहिए। दूसरे शब्दों में, हमें x के मूल्य को 5.5 से बढ़ा देना चाहिए।

इस तरह, दिया समीकरण (*) देता है :

$$Ye = 20 + 2\ (x + 5.5)$$

$$31 + 2x = a + bx, \text{ (कहें), [मूल बिन्दु : पहली जुलाई, 1992]}$$

जहाँ Ye मासिक बिक्री है और x ईकाई = 1 महीना

वार्षिक अभिनति समीकरण प्रापत करने के लिए, हम 'a' को 12 से गुणा करेंगे और 'b' को 144 से (ii) में, इस तरह देते हुए :

$$Ye = 12 \times 31 + 144 \times 2x \qquad \Rightarrow Ye = 372 + 288x$$

जहाँ मूल बिन्दु : पहली जुलाई, 1992; x इकाई = 1 वर्ष; y इकाई = वार्षिक बिक्री ('000 रु. में)

5.5.5 चल माध्य की रीति (Method of Moving Average)

चल माध्य बहुत सरल और लचीली विधि है अभिनति को मापने की। इसमें चल मध्यों की श्रेणी प्राप्त की जाती है, (समान्तर माध्य), अनुक्रमित अतिव्यापन काल श्रेणियों के समूहों या खण्ड़ों का। औसतन विधि दिए गए समंक में उतार–चढ़ाव और उच्चवचनों को सरलित करती हैं। चल माध्य अभिव्यक्त होती है एक नियतांक द्वारा जो चल माध्य अवधि या विस्तार कहलाती है। इसलिए, अवधि 'm' की चल माध्य 'm' अतिव्याप्ति मूल्यों एक समय के अनुक्रमिक औसतों की श्रेणी है, पहले दूसरे और तीसरे मूल्यों से शुरू होकर आगे के मूल्य इस तरह, $y_1, y_2, y_3, y_4, y_5,$ काल श्रेणी मूल्यों की विभिन्न कालावधियों के लिए, चल माध्य (M.A.) मूल्य 'm' अवधि कही जाती है :

$15t$ M.A. $\dfrac{Y_1 + y_2 + \ldots.. + y_m}{m}$, 2^{nd} M.A. $= \dfrac{y_1 + y_3 + \ldots. + y_{m+1}}{m}$ और इसी तरह आगे।

हम दो स्थितियों की विवेचना करेंगे।

स्थिति (i) जब अवधि विषम है: अगर चल माध्य की अवधि 'm' विषम है, तब चल माध्यों की अनुक्रमिक संगत समय अन्तरालों के मध्यमानों के विरुद्ध रक्खी जाती है। उदाहरण के लिए, अगर $m = 5$, पहला चल माध्य मूल्य मध्य अवधि के विरुद्ध रखी जाती है, i.e., 3श, दूसरा M.A. मूल्य समय अवधि 4 के विरुद्ध रखी जाती है और इसी तरह आगे।

स्थिति (ii) जब अवधि सम है: अगर M.A. की अवधि 'm' सम है, तब दो मध्य अवधियाँ हैं और M.A. मूल्य दो समय अन्तरालों जिसे यह तय करता है के बीच रखा जाता हैं स्पष्टतः, इस स्थिति में M.A. मूल्य दिए काल श्रेणी की अवधि के साथ सन्निपाती होगी और एक प्रयास की जाती है उन्हें वास्तविक समंक के साथ समकालीनता निश्चित करने के लिए चाल माध्यों का दो–अवधि औसत लेकर और उन्हें संगत समय अवधियों के बीच उन्हें रखकर। यह तकनीक अभिमुख बिन्दु (Centring) कहलाती है और संगत चल माध्य मूल्य केंद्रीयकृत चल माध्य कहलाती है। विशेष रूप में, अगर अवधि M=4, पहला चल माध्य मूल्य 2nd और 3rd समय अन्तराल के मध्य के विरुद्ध रखी जाती है; दूसरा चल माध्य मूल्य 3rd और 4th थे समय अवधियों के बीच रखा जाता है और इसी तरह आगे। ये मूल्य दिए जाते हैं :

$$\hat{y}_1 = \frac{1}{4}(y_1 + y_2 + y_3 + y_4), \hat{y}_2 \frac{1}{4}(y_2 + y_3 + y_4 + y_5), \hat{y}_3 = \frac{1}{4}(y_3 + y_4 + y_5 + y_6) \quad \ldots(5.33)$$

और इसी तरह आगे। केन्द्रीयकृत चल माध्य प्राप्त किए जाते हैं 2 अवधि M.A. लेकर $\bar{y}_{1,} \bar{y}_{2,} \bar{y}_{3,}$ का और इसी तरह आगे।

इस तरह,

$$\text{प्रथम केंद्रीयकृत M.A.} = \frac{1}{2}(\bar{y}_1 + \bar{y}_2)$$

$$= \frac{1}{2}\left[\frac{1}{4}(y_1 + y_2 + y_3 + y_4) + \frac{1}{4}(y_2 + y_3 + y_4 + y_5)\right]$$

$$= \frac{1}{8}\left[(y_1 + y_2 + y_3 + y_4) + (y_2 + y_3 + y_4 + y_5)\right]$$

$$= \frac{1}{8}\left[(y_1 + 2y_2 + 2y_3 + 2y_4 + y_5)\right] \quad \ldots(5.34)$$

$$\text{उसी तरह से, दूसरा M.A.} = \frac{1}{8}\left[(y_2 + 2y_3 + 2y_4 + 2y_5 + y_6)\right] \quad \ldots(5.34a)$$

और इसी तरह आगे। ये केंद्रीयकृत चल माध्य समय अवधियों 3, 4, 5 .... के विरुद्ध रखी जाती हैं और इसी तरह आगे। समीकरण (5.34) भारित औसत समझे जाते हैं y_1, y_2, y_3, y_4 और y_5 के, संगत भार 1, 2, 2, 2, 1 के साथ, i.e.,

$$\overline{Y} = w_1y_1 + w_2y_2 + w_3y_3 + w_4y_4 + w_5y_5 - \frac{\Sigma wy}{\Sigma w}, \quad \text{जहाँ} \quad w_1 = w_5 = 1$$

और $w_2 = w_3 = w_4 = 2$

इसी तरह की व्याख्या (5.34a) को दी जाती है।

(5.34) और (5.34a) से हम देखते हैं कि अवधि 4 का केंद्रीयकृत चल माध्य समतुल्य है अवधि 5 के भारित चल माध्य का, संगत भार होते हैं 1, 2, 2, 2, 1 [इस परिणाम के सत्यापन के लिए, उदाहरण 5.2 देखें, पृष्ठ...242]

चल माध्य मूल्य समय के विरुद्ध आलेखित अभिनति वक्र देता है। M.A. विधि में प्राथमिक समस्या है अवधि 'm' का निर्धारण और यह टिप्पणी 3 नीचे में वर्णित है।

टिप्पणियाँ: 1. चल माध्य और रैखिक अभिनति (Moving Average and Linear Trend) : अगर काल श्रेणी समंक कोई परिवर्तन नहीं धारण करती है अभिनति के अतिरिक्त जिसमें जब एक आलेख पर आलेखित की जाती है एक सीधी रेखा वक्र देती है, तब चल माध्य श्रेणी को प्रस्तुत करेगी। निम्नलिखित उदाहरण बिन्दु को स्पष्ट कर देगी।

वर्ष (t)	मूल्य (y)	त्रि-वर्षीय M.A.	पाँच-वर्षीय M.A.	7-वर्षीय M.A.
1	10	—	—	—
2	14	14	—	—
3	18	18	18	—
4	22	22	22	22
5	26	26	26	26
6	30	30	30	30
7	34	34	34	34
8	38	38	38	38
9	42	42	42	—
10	46	46	—	—
11	50	—	—	—

इस तरह अभिनति मूल्य, मूल्य 3, 5, 7 स्तर के चल माध्य और आगे वास्तविक श्रेणी के साथ सन्निपाती हैं।

नोट कीजिए कि इस स्थिति में, दिए गए मूल्य एक रैखिक अभिनति दर्शाती हैं

$$y = 6 + 4t.$$

2. चल माध्य और वक्र रेखीय अभिनति (Moving Average and Curve linear Trend) : अगर समंक कोई दोलनकारी या अनियमित परिवर्तन नहीं धारण करती है और जिसे सिर्फ साधारण अभिनति और काल श्रेणी का कालिक–चित्र (ग्राफ) है जो वक्र देती है जो आधार से अवतल (उत्तल) है, तब अभिनति मूल्य चल माध्य द्वारा प्रगणित दूसरा वक्र दिखाई दिए वक्र के समानान्तर परन्तु इससे ऊपर (नीचे)। दूसरे शब्दों में, अगर समंक में कोई परिवर्तन नहीं है सिवाय अभिनति के जो वक्र रेखीय है, तब चल माध्य मूल्य, जब आलेखित होती है, वही वक्र रेखीय पैटर्न दर्शाएगी परन्तु दिए कालिक–चित्र से कुछ दूर। आगे, जितनी अधिक अवधि होगी चल माध्य की, अभिनति वक्र उतनी दूर होगी वास्तविक कालिक–चित्र से। दूसरे शब्दों में, अभिनति मूल्यों और वास्तविक मूल्यों के बीच अन्तर बड़ी होती जाती है जैसे चल माध्य की अविध बढ़ती है।

3. चल माध्य की अवधि (Duration of Moving Average) : चल माध्य सम्पूर्णता से दोलायमान परिवर्तन को हटा देती है अगर :

(i) चल माध्य की अवधि दोलायमान परिवर्तन की अवधि के बराबर या अपवर्त्य है जबकि वे अवधि या आयाम में नियमित हैं, और

(ii) अभिनति रैखिक है या लगभग ऐसा है।

इसलिए, चल माध्य विधि से अभिनति मूल्यों को प्रगणित करने के लिए, चल माध्य की अवधि या विस्तार समान होनी चाहिए श्रेणी में चक्रीय परिवर्तनों की अवधि के। यद्यपि, चल माध्य की अवधि चक्रीय परिवर्तन की अवधि से कम या अधिक है तब यह (M.A.) इनके प्रभाव को सिर्फ कम कर देगी।

अधिकतर, हम काल श्रेणी समंक से दो चार होते हैं जो नियमित चक्रीय परिवर्तन को नहीं दर्शाती है विभिन्न चक्रों को प्रकाशित करेगी परिवर्तित अवधि के साथ जो निर्धारित की जा सकती है कालिक–चित्र को आलेखित कर दिए काल श्रेणी समंक का और समय की दूरियों को विभिन्न शीर्षों के बीच अवलोकित करके। इस स्थिति में, चल माध्य की अवधि ली जाती है विभिन्न चक्रों को औसत अवधि से जो समंक में उपस्थित है।

4. चल माध्य और बहुपद अभिनति (Moving Average and Polynomial Trend) : अधिकतर आर्थिक और व्यापारिक काल श्रेणियों के अभिनति विरले ही रेखीय होती है और क्रमानुसार, अगर अभिनति वक्र रेखीय है, चल माध्य मूल्य अभिनति का विरूपित तस्वीर पेश करेगी। इस स्थिति में सही अभिनति मूल्य प्राप्त की जाती है दिए मूल्यों का भारित चल माध्य लेकर। उदाहरण के एिल, एक चल माध्य के लिए भार (5, 2), i.e., एक परवलय अभिनति के लिए 5 के विस्तार का चल माध्य दिए जाते हैं :

$$\left(\frac{-3}{35}, \frac{12}{35}, \frac{17}{35}, \frac{12}{35}, \frac{-3}{35}\right) \text{ द्वारा} \qquad \ldots(*)$$

टिप्पणी

इसलिए, श्रेणी $y_1, y_2\ y_3 \ldots\ldots\ldots$ के लिए प्रथम चल माध्य दिए जाते हैं :

$\frac{1}{35}(-3y_1 + 12y_2 + 17y_3 + 12y_4 - 3y_5)$ से यह अवलोकित किया जा सकता है कि :

(i) M.A. के लिए भार मध्य मूल्यों के सममित है, और

(ii) भारों का योगफल इकाई है।

5. अभिनति उच्चावचनों पर चल माध्य का प्रभाव (Effect of Moving Average or Irregular Fluctuations) : चल माध्य वास्तविक समंक में उपस्थित उतार–चढ़ाव को सरलित करती है और, इसलिए, अनियमित उच्चावचनों की तीव्रता को कुछ सीमा तक घटाती है। यह उन्हें पूर्णरूप से खत्म नहीं कर सकती है। यद्यपि, जितनी अधिक अवधि है चल माध्य की (एक खास सीमा तक); घटने की मात्रा उनकी तीव्रता में उतनी ही अधिक है। इसलिए, अनियमित परिवर्तनों की घटने के दृष्टिकोण से, लम्बी अवधि चल माध्य की अनुशंसा की जाती है। यद्यपि, हमने टिप्पणी 2 में संकेतित किया है, कि चल माध्य की जिसकी बड़ी अवधि, वास्तविक मूल्य से उतनी ही अधिक दूरी पर अभिनति मूल्य। दूसरे शब्दों में, चल माध्यों की लम्बी अवधि में संभावना है कि वह अभिनति मूल्यों का विरूपित तस्वीर दे। क्रमानुसार, समझौता के तौर पर, चल माध्य की अवधि ना तो बहुत बड़ी होनी चाहिए ना ही बहुत छोटी। चल माध्य की अनुकूलतम अवधि वह है जो काल श्रेणी में चक्र की अवधि से सन्निपाती है या अपवर्त्य है क्योंकि यह चक्रीय परिवर्तन को पूर्णरूप से खत्म कर देगी, अनियमित परिवर्तन को घटा देगी और, इसलिए, अभिनति का सबसे बेहतर संभव मूल्य देगी।''

अब हमलोग संख्यात्मक प्रश्नों की विवेचना करेंगे चाल माध्य विधि से अभिनति मूल्यों को प्राप्त करने की तकनीक का वर्णन करने के लिए।

उदाहरण 5.16: परिकलित करें (i) त्रिवर्षीय (ii) पंचवर्षीय, चल माध्य निम्नलिखित समंक के लिए और परिणामों पर समीक्षा दें।

वर्ष :	1990	1991	1992	1993	1994	1995	1996	1997	1998	1999	2000
y :	242	250	252	249	253	255	251	257	260	265	262

टिप्पणी

हलः सारणी क्र. 5.12 में त्रिवर्षीय और पंचवर्षीय चल माध्य विधियाँ दी जाती हैं :

सारणी क्रः 5.12ः तीन और पंचवर्षीय M.A. मूल्य का प्रगणन

वर्ष (1)	*y* (2)	तीन वर्षीय चल योगफल (3)	तीन वर्ष चल (माध्य) (अभिनति मूल्य) (4)=(3) ÷ 3	पंचवर्षीय चल योगफल (5)	पंचवर्षीय M.A. अभिनति मूल्य (6)=(5) ÷ 5
1990	242	-	-		
1991	250	744	248.0	1246	249.2
1992	252	751	250.3	1259	251.8
1993	249	754	251.3	1260	252.0
1994	253	757	252.3	1265	253.0
1995	255	759	253.0	1276	255.2
1996	251	763	254.3	1288	257.6
1997	257	768	256.6	1295	259.0
1998	260	782	260.7		
1999	265	787	262.3		
2000	262	-	-		

समीक्षाः जैसे M.A. की अवधि बढ़ती है, अभिनति मूल्य वास्तविक मूल्यों से दूर भागती है।

उदाहरण 5.17ः चल माध्य विधि से अभिनति मूल्यों को परिकलित करें, चार वर्षीय चक्र की परिकल्पना करते हुए, निम्नलिखित समंक से भारत में चीनी उत्पादन से संबंधित :

वर्ष	चीनी उत्पादन (लाख टन)	वर्ष	चीनी उत्पादन (लाख टन)
1971	37.4	1977	48.4
1972	31.1	1978	64.6
1973	38.7	1979	58.4
1974	39.5	1980	38.6
1975	47.9	1981	51.4
1976	42.6	1982	84.4

हलः चूँकि हमें दिया गया है कि समंक चार वर्षीय चक्र का पालन करती है, हम लोग अभिनति, मूल्यों को प्रगणित करेंगे अवधि 4 का चल माध्य प्रयोग कर, जैसा सारणी क्र. 5.13 में दर्शाया गया है।

टिप्पणी

सारणी क्र. 5.13: चार वर्षीय चल माध्यों का प्रगणन

वर्ष (1)	चीनी उत्पादन (लाख टनों में) (2)	चार वर्षीय चल योगफल (3)	चार वर्ष चल (माध्य) (4) = (3) ÷ 4	2 अवधि चल योगफल स्तंभ (5)	केन्द्रीय चल माध्य अभिनति मूल्य (6) = (5) ÷ 2
1971	37.4				
1972	31.1				
		←146.7	36.675		
				←75.925	37.99
1973	38.7				
		←157.2	39.300		
				←81.475	40.74
1974	39.5				
		←168.7	42.175		
				←66.455	43.39
1975	47.9				
		←178.4	44.600		
				←95.475	47.74
1976	42.6				
		←203.5	50.875		
				←104.375	53.19
1977	48.4				
		←214.0	53.500		
				←106.000	55.00
1978	64.4				
		←210.0	52.500		
				←105.750	52.88
1979	58.4				
		←213.0	53.250		
				←111.450	55.73
1980	38.6				
		←232.8	58.200		
1981	51.4				
1982	84.4				

उदाहरण 5.18: चल माध्य की अवधि निर्धारित करें निम्नलिखित समंक के लिए और उस अवधि के लिए चल माध्य परिकलित करें :

टिप्पणी

वर्ष	:	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
मूल्य	:	130	127	124	135	140	132	129	127	145	158	153	146	145	164	170

हल: चूँकि दिए समंक का शीर्ष वर्ष 1, 5, 10 और 15 वर्षों पर होता है, समंक एक नियमित चक्रीय, परिवर्तन दर्शाती है अवधि 5 के साथ। इसलिए, चल माध्य की अवधि अभिनति मूल्यों को निर्धारित करने के लिए भी 5 है viz. चक्रीय परिवर्तन की अवधि।

सारणी क्र. 5.14: पंचवर्षीय चल माध्य का प्रगणन

वर्ष (1)	मूल्य (2)	पंचवर्षीय चल योगफल (3)	पंचवर्षीय M.A. (अभिनति मूल्य) (4)=(3) ÷ 5
1	130	-	-
2	127	-	-
3	124	656	131.2
4	135	658	131.6
5	140	660	132.0
6	132	663	132.6
7	129	673	134.6
8	127	691	138.2
9	145	712	142.4
10	158	729	145.8
11	153	747	149.4
12	146	766	153.2
13	145	778	155.6
14	164	-	-
15	170	-	-

उदाहरण 5.19: चल माध्य क्या है? काल श्रेणी के विश्लेषण में इसका क्या प्रयोग है?

दी गई संख्याएं 2, 6, 1, 5, 3, 7, 2 अवधि 3 के भारित चल माध्य लिखें भार हैं 1, 4, 1 अवधि 3 के।

टिप्पणी

सारणी क्र. 5.15: भारत M.A. का प्रगणन

वर्ष (1)	**भारित चाल योगफल अवधि 3 का (2)**	**भारित M.A. अवधि 3 का (3) = (2) ÷ 6**
2		
6	$1\times2+4\times6+1\times1 = 27$	$27\div6 = 4.5$
1	$1\times6+4\times6+1\times1 = 27$	$15\div6 = 2.5$
5	$1\times2+4\times6+1\times1 = 27$	$24\div6 = 4.0$
3	$1\times5+4\times6+1\times1 = 27$	$24\div6 = 4.0$
7	$1\times3+4\times6+1\times1 = 27$	$33\div6 = 5.5$
2		

हल: भारित चल माध्य प्राप्त की जाती है भारित चल योगफलों को भारों के योग से भाग देकर viz; $1 + 4 + 1 = 6$.

इसलिए,

$$\text{भारित} \quad \frac{\Sigma WX}{\Sigma W} = \frac{\Sigma WX}{6} \qquad \ldots(*)$$

भारित चल माध्य मूल्य सारणी क्र. 5.15 के अन्तिम कॉल में प्राप्त की जाती है।

उदाहरण 5.20: निम्नलिखित अवलोकनों की श्रेणी के लिए, सत्यापित करें कि चार वर्षीय केन्द्रित चल माध्य पंचवर्षीय चल माध्य के बराबर है भार क्रमशः 1, 2, 2, 2, 1 के साथे।

वर्ष	1989	1990	1991	1992	1993	1994	1995	1996	1997	1998	1999
वार्षिक बिक्री ('000 रु.)	2	6	1	5	3	7	2	6	4	8	3

टिप्पणी

हलः

सारणी क्र. 5.15A: चार वर्षीय चल माध्यों का प्रगणन

वर्ष (1)	वार्षिक बिक्री ('000 रु.) (2)	चार वर्षीय चल योगफल (3)	चार वर्ष चल M.A. (4)=(3) ÷ 4	2–बिन्दु चाल योगफल कॉलम 4 का (5)	चार वर्षीय चल योगफल केन्द्रीयकृत (6)=(5) ÷ 2
1989	2				
1990	6				
		←14	3.50		
				←7.25	3.63
1991	1				
		←15	3.75		
				←7.75	3.88
1992	5				
		←16	4.00		
				←8.25	4.13
1993	3				
		←17	4.25		
				←8.75	4.38
1994	7				
		←18	4.50		
				←9.25	4.63
1995	2				
		←19	4.75		
				←9.75	4.88
1996	6				
		←20	5.00		
				←10.25	5.13
1997	7				
		←21	5.25		
1998	8				
1999	3				

पहले उदाहरण के समान, भारित औसत प्राप्त की जाती है भारित योगफल को भारों के योग से भाग देकर, i.e., सूत्र का प्रयोग करे,

भारित M.A. $= \dfrac{\Sigma wy}{\Sigma w}$, जहाँ $\Sigma w = 1+2+2+2+1 = 8$

सारणी क्र. 5.15B: पंचवर्षीय भारित M.A. मूल्यों का प्रगणन

वर्ष (1)	बिक्री '000 रु. (y) (2)	पंचवर्षीय भारित चाल योगफल (3)	पंचवर्षीय भारित चाल माध्य (3) = (2) ÷ 6
1989	2		
1990	6		
1991	1	1×2+2(6+1+5)+1×3 = 29	3.63
1992	5	1×6+2 (1+5+3) 1×+7 = 31	3.88
1993	3	1×1+2 (5+3+7) 1×+2 = 33	4.13
1994	7	1×5+2 (3+7+2) 1×+6 = 35	4.38
1995	2	1×3+2 (7+2+6) 1×+4 = 37	4.63
1996	6	1×7+2 (2+6+4) 1×+8 = 39	4.88
1997	4	1×2+2 (6+4+8) 1×+3 = 41	5.13
1998	8		
1999	3		

सारणी क्र. 5.15A और B से हम देखते हैं कि चार वर्षीय केन्द्रीयकृत चल माध्य बराबर है पंचवर्षीय भारित चल माध्यों के भार क्रमशः 1, 2, 2, 2, 1 के साथ।

टिप्पणी: यह परिणाम यर्थाथ है, सामान्यतः किसी भी काल श्रेणी के लिए। यहाँ हमने तुरन्त सत्यापित किया है दिए काल श्रेणी के लिए।

चल माध्य विधि के गुण और अवगुण

गुण 1. इस विधि में कोई गणितीय जटिलता की वांछितता नहीं है और बहुत सरल है समझने में और प्रयुक्त करने में न्यूनतम वर्ग रीति सिद्धान्त की तुलना में।

2. 'मुक्त हस्त वक्र' विधि के विपरीत, यह विधि किसी वस्तुनिष्ठ के तल को अन्तर्वेशित नहीं करती है चूँकि चल माध्य की अवधि का चुनाव समंक के दोलायमान परिवर्तन से निर्धारित होती है ना कि अन्वेषक के व्यक्तिगत निर्णय द्वारा।

3. न्यूनतम वर्ग रीति में अभिनति किंटिंग की विधि के विपरीत, चल माध्य विधि काफी लचीली है इस दृष्टिकोण से कि दिए समंक में कुछ और अवलोकनों को जोड़ा जा सकता है बगैर पहले से प्राप्त अभिनति मूल्यों को प्रभावित किए। कुछ नए प्रेक्षणों के जोड़ का परिणाम होगा अन्त में कुछ और अभिनति मूल्य।

4. दोलायमान परिवर्तन पूर्ण रूप से खत्म किया जा सकता है M.A. की अवधि को दिए श्रेणी में चक्रीय परिवर्तन की अवधि के बराबर या अपवर्त्य चुनकर। (देखें टिप्पणी 3, पृष्ठ 271)। एक अवधि का उपयुक्त चुनाव कुछ हद तक अनियमित उच्चावचनों को भी खत्म कर देती है।

5. अभिनति की माप को साथ–साथ, चल माध्य विधि मौसमी, चक्रीय और अनियमित उच्चावचनों की माप के लिए भी की जाती है। [देखें टिप्पणी 5, पृष्ठ 272]

सीमाएंः 1. चल माध्य विधि की एक स्पष्ट सीमा है कि हम सभी दिए अवलोकनों के लिए अभिनति मूल्य नहीं प्राप्त कर सकते हैं। हमें अभिनति मूल्यों को छोड़ देना चाहिए कुछ अवलोकनों के लिए दोनों आत्यंतिकों पर (i.e., शुरू में और अन्त में) जो चल माध्य की अवधि पर निर्भर है। उदाहरण के लिए, 5, 7 और 9 अवधि के चल माध्य के लिए हम अभिनति मूल्य खो देते हैं पहले और अन्तिम क्रमशः 2, 3 और 4 मूल्यों के लिए।

2. चूँकि अभिनति मूल्य चल माध्य रीति से प्राप्त किसी फलनक (Functional) संबंधों से अभिव्यक्त नहीं की जा सकती है, यह विधि प्रयुक्त नहीं हो सकती है पूर्वकथन या भविष्यकथन आगामी मूल्यों के लिए जो अभिनति विश्लेषण का मुख्य उद्देश्य है।

3. चल माध्य की अवधि का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है और निर्धारित करने में आसान नहीं है विशेषकर जब काल श्रेणी चक्र नहीं दर्शाएगी जो अवधि और आयाम में नियमित है। इस स्थिति में चल माध्य चक्रीय परिवर्तनों को पूर्ण रूपेन खत्म नहीं करेगी और क्रमानुसार चल माध्य मूल्य सामान्य अभिनति की वास्तविक तस्वीर नहीं प्रदर्शित करेगी [देखें टिप्पणी 3, 4, 5, 6 M.A. की अवधि निर्धारित करने के लिए।]

4. गैर–रैखिक अभिनति की स्थिति में, जो सामान्यत स्थिति है अधिकतर आर्थिक और व्यापारिक काल श्रेणियों में, चल माध्य विधि द्वारा दी गई अभिनति मूल्य पक्षपात पूर्ण है और वास्तविक अतिव्याप्त समंकों के या तो नीचे पड़ती है या ऊपर। वॉ के अनुसार :

   ''अगर अभिनति रेखा नीचे की ओर अवतल है (एक बाउल के किनारे जैसा), चल माध्य का मूल्य हमेशा बहुत ऊँचा होगा, अगर अभिनति ऊपर की ओर अवतल है (एक डर्बी पाट के किनारे जैसा), चल माध्य हमेशा काफी नीची होगी।''

   जैसा पहले ही निर्दिष्ट है [देखें टिप्पणी 4, पृष्ठ 271], बहुविध अभिनति की स्थिति में, उचित अभिनति मूल्य प्राप्त किए जाते हैं भारित चल माध्य का प्रयोगकर उचित भारों के साथ।

   सीमाओं का ध्यान रखते हुए, चल माध्य विधि निम्नलिखित परिस्थितियों में अनुशंसित की जाती है :

   (i) अगर अभिनति रेखीय है या लगभग वैसा

   (ii) दोलायमान परिवर्तन जो दिए काल श्रेणी को वर्णित करती है नियमित है दोनों अवधि और आयाम में।

   (iii) अगर पूर्वकथन वांछित नहीं है।

टिप्पणी

अपनी प्रगति जाँचिए (Check Your Progress)

1. काल श्रेणी समंक की पूरी प्रकृती है या समयावधि।
   (क) अभिनति, ह्रास (ख) अभिनति, वृद्धि
   (ग) अभिपति, दीर्घ (घ) वृद्धि, ह्रास
2. क्रम अवधि विचरण वर्गीकृत है। (a) __________ (b) __________
   (क) आर्तव, अभिनति (ख) वृद्धि, अभिनति
   (ग) ह्रास, आर्त्तव (घ) आर्तव, चक्रीय
3. अगर समंक में अभिनति अनुपस्थित है, तब आर्तव घातांक प्रगणिक होते है, __________ द्वारा।
   (क) सरल औसतन की विधि (ख) रैखिक
   (ग) आर्तव (घ) अनियमित अवयन
4. काल श्रेणी समंक प्रदर्शित करते हैं __________ अभिनति अगर वृद्धि दर नियत है।
   (क) चक्रीय (ख) रैखिक
   (ग) वृद्धि (घ) ह्रास
5. चक्रीय विचरण __________ कारण से होते हैं।
   (क) दोलन के (ख) सरल औसतन के
   (ग) व्यवसायिक चक्र (घ) इनमें से कोई नहीं
6. आर्त्तव विचरणता कम अवधि विचरणता है अवधि __________ के साथ।
   (क) एक वर्श से कम
   (ख) एक वर्श से अधिक
   (ग) दोलन उतार चढ़ाव
   (घ) अवधि (घ) सरल औसत के साथ
7. सबसे महत्वपूर्ण का एक जो आर्त्तव विचरणता उत्पन्न करते है __________ हैं।
   (क) आर्तव
   (ख) मौसम
   (ग) चक्रीय
   (घ) मौसम और सामाजिक रिवाज

5.6 अपनी प्रगति जाँचिए प्रश्नों के उत्तर (Answers to Check Your Progress)

1. (ज)
2. (घ)
3. (क)
4. (ख)
5. (ग)
6. (क)
7. (घ)

5.7 सारांश (Summary)

ज्यादातर आर्थिक, व्यवसायिक और वाणिज्य से संबंधित श्रेणियों, e.g., मूल्यों से संबंधित रेणियाँ, विभिन्न उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन और खपत, कृषि और औद्योगिक उत्पादन, राष्ट्रीय आय और सुरक्षित विनिमय, व्यापारिक घरानों की लागत, बिक्री और लाभ, बैंक जमा और क्लीयरिंग, स्टॉक एक्सचेंज बाजारों में शेयर के मूल्य और लाभांश इत्यादि सभी कला श्रेणियाँ हैं जो लम्बी कालावधि में फैली है।

काल श्रेणी सांख्यिकीय समंक का कालानुक्रम से व्यवस्थापन है i.e., इसके घटित होने के समयानुसार। अगर एक संवृत्ति के मूल्य विभिन्न अवधियों में अवलोकित किए जाते हैं, इस तरह से प्राप्त मूल्य काफी विचरणता या परिवर्तन दर्शाएंगे। ये उतार–चढ़ाव इसे यथार्थ की वजह से है कि संवृत्ति का मूल्य किसी एक कारक से ही प्रभावित नहीं होती है बल्कि बहुविध कारकों के संचई प्रभाव से जो इसे ऊपर नीचे खींचते हैं। विभिन्न शक्तियाँ जो एक संवृत्ति के मूल्य को काल श्रेणी में प्रभावित करती है मोटे तौर पर निम्नलिखित चार प्रकारों में वर्गीकृत की जा सकती है, सामान्य तौर पर काल श्रेणियों के अवयव कहे जाते हैं।

(a) दीर्घकालीन प्रवृत्ति का उपनति (Secular Trend or Long-Term Movement (T)

(b) सावधिक परिवर्तन या अल्पकालीन उच्चावचन (Periodic Movement or Short-Term Fluctuations)

 (i) आवर्त्त या मौसमी परिवर्तन (S) Seasonal Variation

 (ii) चक्रीय परिवर्तन (C) Cyclical Variation

(c) अनियमित या दैव उच्चावचन (Irregular or Random Fluctuation)

दीर्घकालीन प्रवृत्ति या उपनति—उपनति जो प्रवृत्ति का दीर्घकालीन उपनति भी कहलाती है। एक श्रेणी की प्राथमिक प्रवृत्ति है बढ़ना या घटना एक कालावधि पर। पद 'लम्बी समयावधि' एक आपेक्षिक पद है और यर्थाथता से परिभाषित नहीं की जा सकती। यह बहुत कुछ समंक की प्रकृति पर निर्भर करती है। अभिनति का सही चित्र प्राप्त करने के लिए काल श्रेणियों के मूल्यों को कम से कम दो या तीन संपूर्ण चक्र की अवधि तक जाँचा जाना चाहिए।

अगर काल श्रेणी के मूल्यों को आलेख पत्र पर खींचा जाय और ये मूल्य कमोबेश सीधी रेखा के चारों ओर संघनित हों तो काल श्रेणी द्वारा प्रदर्शित उपनति रैखिक कही जाती है नहीं तो गैर–रैखिक (वक्र रैखिय)। यह व्यवसायिक पूर्वानुमान और भविष्य के कार्यक्रमों को तय करने में मदद करता है।

दीर्घकालीन परिवर्तनों के साथ बहुत सारी काल श्रेणियों में विभिन्न प्रकार की शक्तियाँ सन्निहित होती हैं जो अपने आप को काल क्रमानुसार दुहराती हैं और इस तरह एक खास दिशा में श्रेणी के मूल्यों के सरल प्रवाह को रोक देती हैं। इस तरह की शक्तियाँ अल्पकालीन परिवर्तन उत्पन्न करती हैं जो निम्नलिखित दो संवर्गों में वर्गीकृत की जा सकती हैं—

(a) मौसमी या आर्तव परिवर्तन (Seasonal Variation) – (S)

(b) चक्रीय परिवर्तन (Cyclical Variation) – (C)

5.8 मुख्य शब्दावली (Key Terminology)

- **दीर्घकालीन उपनतिः** Secular Tread
- **अल्प कालीनः** Short-Term Variations
- **दैव या अनियमित परिवर्तनः** Random or irregular variations
- **अभिनति समीकरण का संपरिवर्तन चल माध्य की रीतिः** Method of Moving Average
- **मौसमी परिवर्तनः** Seasonal Variation
- **चक्रीय परिवर्तनः** Cyclical Variation

5.9 स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास (Self Assessment Question and Exercises)

प्रश्नमाला—5.1

1. एक काल श्रेणी क्या है? इसके मुख्य संघटक क्या हैं? प्रत्येक के लिए दृष्टान्त दें।
2. (a) काल श्रेणी विश्लेषण से क्या समझा जाता है? इसके महत्व की विवेचना व्यापार के लिए करें।

(b) काल श्रेणी विश्लेषण के महत्व का व्यवसाय और अर्थशास्त्र में संक्षेप में विवेचना करें। एक काल श्रेणी के संघटक क्या हैं? प्रत्येक संघटक का एक उदाहरण दें।

3. (a) एक काल श्रेणी का संक्षेप में योगात्मक और गुणात्मक मॉडल का संक्षेप में वर्णन करें।

(b) कैसे गुणात्मक और योगात्मक मॉडल काल श्रेणी का एक दूसरे से निम्न हैं?

(c) सामान्य रूप से प्रयुक्त एक काल श्रेणी विश्लेषण के मॉडल क्या हैं? प्रत्येक मॉडल का धारित परिकल्पनाओं की विवेचना करें।

(d) काल श्रेणी के योगात्मक और गुणात्मक मॉडल कैसे एक दूसरे से भिन्न हैं? क्यों गुणात्मक मॉडल काल श्रेणी विश्लेषण में सबसे ज्यादा प्रयुक्त धारणा हैं?

4. (a) अभिनति को परिभाषित करें। एक दिए काल श्रेणी में दीर्घकालीन अभिनति को मापने की विभिन्न विधियों को गिनाएं।

(b) एक अपरिष्कृत समंक से अभिनति को अलग करने की विभिन्न विधियों को लिखें। उनका वर्णन विभिन्न सांख्यिकीय उदाहरण देकर करें।

(c) एक काल श्रेणी के विभिन्न संघटकों का वर्णन करें। न्यूनतम वर्ग रीति के चुनने के कारणों का वर्णन करें, उपलब्ध मापों में से, अभिनति मूल्यों को प्राप्त करने के लिए।

5. (a) 'दीर्घकालीन अभिनति' क्या है? एक काल श्रेणी में अभिनति मूल्यों को अलग करने की किसी एक विधि की विवेचना करें।

(b) काल श्रेणी के विश्लेषण में आप जिस सांख्यिकीय विधि को अपनाएंगे उसकी चर्चा करते हुए वर्णन करें अतः दीर्घ अभिनति को कैसे हटाएंगे?

(c) काल श्रेणी विश्लेषण के उद्देश्य क्या हैं? क्यों हमें जरूरत होती है अभिनति परिवर्तनों को आवधिक उच्चावचनों से अलग करने की वर्णन करें।

6. (a) दीर्घ अभिनति, मौसमी परिवर्तनों और चक्रीय उच्चावचनों के बीच अंतर स्पष्ट करें। आप किसी दिए समंक में दीर्घ अभिनति की माप कैसे करेंगे?

(b) दीर्घ अभिनति, और चक्रीय, मौसमी और अनियमित उच्चावचन क्या है? अभिनति को अलग करने की विधियों का वर्णन करें।

7. अभिनति के अध्ययन के 'मुक्त–हस्त' वक्र विधि के गुणों और अवगुणों की विवेचना करें। आप ध्यान में किन बिन्दुओं को रोंगे। इस तरह के वक्र को खींचते वक्त?

आलेख पत्र की सहायता से, अभिनति वक्र प्राप्त करें :

वर्ष	: 1982	1983	1984	1985	1986	1987	1988
मूल्य	: 64	82	97	71	78	112	115
वर्ष	: 1989	1990	1991	1992	1993	1994	
मूल्य	: 31	88	100	146	150	120	

टिप्पणी

8. अर्द्ध–औसत विधि से अभिनति उपयुक्तता का वर्णन करें। इसके आपेक्षिक गुणों और अवगुणों का वर्णन करें।

अभिनति मूल्यों की गणना निम्नलिखित दिए समंक से अर्द्ध–औसत विधि द्वारा करें :

वर्ष	: 1992	1993	1994	1995	1996	1997	1998	1999
भेड़ों की संख्या (लाख में)	: 546	55	51	47	42	58	55	32

9. (a) एक वस्तु की बिक्री निम्नलिखित क्रम में जनवरी 1999 से दिसम्बर 1999 तक बढ़ती

280	300	280	280	270	240
230	230	220	200	210	200

अर्द्ध–औसत विधि से अभिनति ज्ञात करें।

(b) एक अभिनति रेखा किट करें निम्नलिखित समंक से अर्द्ध–औसत विधि का प्रयोग कर

वर्ष	:	1993	1994	1995	1996	1997	1998
लाभ ('000 रु. में)	:	100	120	140	150	130	200

10. न्यूनतम वर्ष रीति का वर्णन करें। कैसे यह अभिनति फिटिंग में प्रयुक्त होता है? न्यूनतम वर्ग रीति द्वारा अभिनति फीटिंग का आपेक्षिक गुण और अवगुण क्या हैं?

11. एक काल श्रेणी के संघटक क्या हैं? आप अभिनति को कैसे अलग करेंगे न्यूनतम वर्ग रीति द्वारा? आप अपने उत्तर को एक उदाहरण द्वारा दर्शाएं।

12. नीचे उत्पादन के आँकड़े (हजार कि. ग्रा. में) एक चीनी फैक्ट्री दिया गया है:

वर्ष	: 1984	1985	1986	1987	1988
उत्पादन	: 77	88	94	85	56

(i) एक सीधी रेखा अभिनति फिट करें मूल बिन्दु का वर्ष 1986 लेते हुए

(ii) वर्ष 1990 के लिए अभिनति मूल्य ज्ञात करें।

13. निम्नलिखित समंक के लिए सीधे रेखा अभिनति फिट करें न्यूनतम वर्ग रीति का प्रयोग कर और वर्ष 2001 के लिए उत्पादन परिकलित करें :

वर्ष	: 1996	1997	1998	1999	2000
उत्पादन ('000 टन)	: 83	92	74	90	166

14. निम्नलिखित समंक में एक सीधी रेखा अभिनति फिट करें न्यूनतम की रीति द्वारा :

वर्ष	:	1991	1993	1995	1997	1999
उत्पादन	:	18	21	23	27	16

मूल बिन्दु के वर्ष को रेखांकित करें। वर्ष 1998 और 2000 के लिए उत्पादन प्राक्कलित करें।

टिप्पणी

15. निम्नलिखित समंक के लिए :

(i) एक सीधी रेखा अभिनति फिट करें न्यूनतम वर्ग रीति द्वारा

(ii) अभिनति मूल्यों को परिकलित करें :

वर्ष :	1990	1991	1992	1993	1994	1995	1996
उत्पादन :	12	10	14	11	13	15	16

16.(a) नीचे दिए गए काल श्रेणी को समंक को सीधी रेखा अभिनति फिट करें न्यूनतम वर्ग रीति से और वर्ष 2000 के लिए बिक्री का भविष्य कथन करें।

वर्ष (t) :	1993	1994	1995	1996	1997	1998	1999
बिक्री Y (लाख रुपयों में) :	25	30	38	50	62	80	95

(b) निम्नलिखित सारणी एक मद का निर्यात देती हे सात वर्षों के दरम्यान

वर्ष (t) :	1989	1990	1991	1992	1993	1994	1995
निर्यात (टन में) :	50	70	60	80	90	100	110

अभिनति मूल्य परिकलित करें एक सीधे रेखा फिट करके न्यूनतम वर्ग रीति द्वारा और वर्ष 1996 के दरम्यान समान्य निर्यात प्राक्कलित करें।

17.(a) न्यूनतम वर्ग रीति का प्रयोग कर, एक सीधी रेखा फिट करें निम्नलिखित समंक का और अभिनति मूल्य ज्ञात करें और छोटी अवधि उच्चावचन :

वर्ष :	1990	1991	1992	1993	1994	1995	1996	1997	1998
मूल्य :	232	226	220	180	190	168	162	152	144

(b) निम्नलिखित समंक के लिए सीधी रेखा अभिनति फिट करें न्यूनतम वर्ग रीति द्वारा :

वर्ष	टी.वी. सेट का उत्पादन ('000 रु. में)	वर्ष	टी.वी. सेट का उत्पादन ('000 रु. में)
1986	17	1992	35
1987	20	1993	55
1988	19	1994	50
1989	26	1995	74
1990	24	1996	69
1991	40		

वर्ष 2001 के लिए उत्पादन प्राक्कलित करें।

टिप्पणी

18. आपको इलेक्ट्रॉनिक सामानों का निर्यात 1990 तक दिया गया है। एक अभिनति रेखा निर्यात समंक के लिए फिट करें और वर्ष 2005 के लिए प्रत्याशित निर्यात प्राक्कलित करें:

वर्ष	: 1990	1992	1994	1996	1998	1999
निर्यात (करोड़ रु. में):	11	16	13	18	22	20

19.(a) निम्नलिखित सारणी मक्खन उपभोग एक जिला में विभिन्न वर्षों में दर्शाता है। अभिनति मूल्यों को प्राप्त करें न्यूनतम वर्ग रीति द्वारा :

वर्ष	: 1989	1990	1991	1992	1993	1994
उपभोग ('000 कि.ग्रा.)	: 60	80	90	120	145	170

(b) मक्खन के उपभोग में मासिक वृद्धि को भी प्राप्त करें।

20. एक सीधी रेखा अभिनति समीकरण फिट करें न्यूनतम वर्ग रीति द्वारा और 1999 के लिए मूल्य प्राक्कलित करें :

वर्ष	: 1990	1991	1992	1993	1994	1995	1996	1997
मूल्य	: 380	400	650	720	690	600	870	930

21. निम्नलिखित वार्षिक अभिनति एक कम्पनी के कुल बिक्री के लिए निम्नलिखित वार्षिक अभिनति समीकरण को मासिक अभिनति समीकरण में संपरिवर्तित करें

$$Y = 162 + 15.8x$$

(मूल बिन्दु : 1975 ; मापक्रम : x का 1 इकाई = 1 वर्ष)

दो समीकरणों द्वारा जून 1978 के लिए बिक्री का पूर्वाकथन करें। अपने परिणामों की तुलना करें।

22. भारत अल्युमिनियम कंपनी के वार्षिक बिक्री की अभिनति निम्नलिखित समीकरण से वर्णित होती है :

$Ye = 12 + 0.7x$; [मूल बिन्दु पहली जुलाई 1990; x इकाई = 1 महीना];

$Ye = 0.9712 + 0.0048x$; [मूल बिन्दु पहली जुलाई 1990]

23. आपकों निम्नलिखित अभिनति समीकरण दिया गया है न्यूनतम वर्ग रीति द्वारा एक कम्पनी का जो बने बनाए वस्त्र बेचती है।

$$Y = 480 + 36x$$

मूल बिन्दु : 1988 : x = एक वर्ष की इकाई

y = प्रति वर्ष बिकने वाले इकाईयों की संख्या

(i) उपर्युक्त अभिनति समीकरण को मासिक अभिनति समीकरण में संपरिवर्तित करें; और

(ii) अक्टूबर 1994 महीना के बिक्री का प्राक्कलन करें।

टिप्पणी

24. नीचे वार्षिक उत्पादन (हजार टनों में) दी गई है एक खाद कारखाने का।

वर्ष	1987	1988	1989	1990	1991	1992	1993
उत्पादन	70	75	90	91	95	98	100

(i) एक सीधी रेखा अभिनति समीरकण फिट करें न्युनतम वर्ग रीति द्वारा और अभिनति मूल्यों को तालिकाबद्ध करें।

(ii) वार्षिक अभिनति समीकरण को मासिक अभिनति समीकरण में संपरिवर्तित करें।

25. वार्षिक बिक्री ('000 रु. में) के लिए अभिनति समीकरण एक वस्तु के लिए वर्ष 1999 को मूल बिन्दु के साथ है $y = 81.6 + 28.8x$। अभिनति समीकरण निर्धारित करें मासिक अभिनति मूल्य देने के लिए जनवरी 2000 के साथ मूल बिन्दु जैसा और मार्च 2000 के लिए अभिनति मूल्य परिकलित करें।

26. (a) द्विघात वर्ग और घातांक वक्र के फिटिंग की विधि का वर्णन करें। आप फिटेड वक्र को पूर्वकथन के लिए कैसे प्रयोग करेंगे?

(b) अभिमति और घातांक अभिनति के बीच अन्तर स्पष्ट करें।

27. एक परवलय वक्र (Parabolic Curve) के द्वितीय स्तर का नीचे दिए गए समंक में फिट करें और 1999 के लिए मूल्य को प्राक्कलित करें और इस पर समीक्षा दें।

वर्ष	1993	1994	1995	1996	1997
बिक्र ('000 रु. में)	10	12	13	10	8

28. गैर–रैखिक अभिनति समीकरण ज्ञात करें निम्नलिखित तीन प्रसामान्य समीकरण से प्राप्त की जाती है मूल बिन्दु 1994 से और 1997 के लिए मूल्य प्राक्कलित करें।

$10 = 5a + 10b + 30c,\ 26 = 10a + 30b + 100c,$

$8b = 30a + 100b + 354c$

29. निम्नलिखित समंक के लिए अभिनति मूल्यों को परिकलित करें द्वितीय स्तर समीकरण का प्रयोग करें।

वर्ष (t)	1984	1985	1986	1987	1988	1989	1990
उत्पादन (हजार टनों में)	100	107	128	140	181	192	200

30. नीचे जनगणना का जनसंख्या 1901–1997 का दिया गया है।

वर्ष	1901	1911	1921	1931	1941	1951	1961	1971
जनसंख्या (मिलियन)	236.3	252.0	251.2	278.9	318.5	361.0	439.1	547.9

(i) काल श्रेणी को एक आलेख पत्र पर खीचें।

(ii) गणना करें और सीधी रेखा अभिनति आलेकित करें।

(iii) गणना करें और द्वितीय स्तर बहुविध अभिनति आलेखित करें उसी ग्राफ पर।

31. परवलय अभिनति फिट करें $y = a + bx + cx^2$ निम्नलिखित समंक के लिए जहाँ Y उत्पादन को ध्यानीत करें (हजार इकाईयों में) :

वर्ष (x) :	1981	1982	1983	1984	1985	1986	1987	1988	1989
Y :	2	6	7	8	10	11	11	10	9

अभिनति मूल्यों को भी प्रगणित करें। 1990 के मूल्य को प्राक्कलित करें।

32. एक कम्पनी की बिक्री लाख रुपयों में 1995 से 1999 के लिए नीचे दी गई हैं:

वर्ष (x) :	1995	1996	1997	1998	1999
बिक्री (y) :	65	92	132	190	275

वर्ष 2000 के लिए बिक्री प्राक्कलित करें एक समीकरण का प्रयोग करें अभिकृति $y = a.b^x$

33. भारत के लिए निम्नलिखित जनसंख्या आँकड़े दिए गए हैं, 1991 के लिए जनसंख्या प्राक्कलित करें, समीकरण का प्रयोग कर अभिकृति $y = AB^x$

जनगणना वर्ष (x)	: 1921	1931	1941	1951	1961	1971	1981
जनसंख्या (y) (करोड़ में)	: 25.1	27.9	31.9	36.1	43.9	54.8	68.5

प्रश्नमाला–5.2

1. (a) चल माध्य की विधि का वर्णन करें। यह कैसे प्रयुक्त की जाती है एक काल श्रेणी के विश्लेषण में अभिनति को मापने में?

   (b) वर्णन करें कैसे अभिनति प्राप्त की जाती है चल माध्य की विधि से एक काल श्रेणी के विश्लेषण में। इस विधि के गुण और अवगुण क्या है?

   (c) उन परिस्थितियों को बतावें जिनमें एक चल माध्य को अभिनति विश्लेषण के लिए अनुशंसित किया जा सकता है। आप कैसे चल माध्य की अवधि का निर्धारण करेंगे?

2. (a) काल श्रेणी क्या है? इसके मुख्य संघटकों को बताएं। चल माध्य क्या है? काल श्रेणी विश्लेषण में इसके उपयोग क्या हैं?

   (b) वर्णन करें कैसे अभिनति विलुप्त किया जा सकता है चल माध्य रीति से। एक उचित दृष्टान्त का व्यवहार करें।

3. (a) कैसे चल माध्य (M.A.) मूल्य प्रभावित होते हैं अगर M.A. की अवधि बढ़ा दी जाती है? M.A. की अवधि की वृद्धि का अनियमित उच्चावचनों पर क्या प्रभाव है?

(b) अभिनति फिटिंग के चल माध्य रीति की सीमाएं और लाभ क्या हैं?

(c) एक काल श्रेणी के विश्लेषण में क्यों चल माध्यों को परिकलित किया जाता है? कैसे चल माध्य की अवधि निर्धारित की जाती है?

(d) एक काल श्रेणी के महत्व और विभिन्न संघटकों का वर्णन करें।

चल माध्य रीति के आपेक्षित गुणों और अवगुणों की चर्चा करें और अभिनति मूल्यों को प्राप्त करने की न्यूनतम वर्ग रीति।

4. एक काल श्रेणी में अभिनति निर्धारित करने की विभिन्न विधियों का संक्षिप्त विवरण दें।

तीन–वर्षीय चल माध्य का प्रयोग कर, अभिनति निर्धारित करें और छोटी अवधि उच्चावचन। वास्तविक और अभिनति मूल्यों को उसी आलेख पत्र पर आलेखित करें।

वर्ष	उत्पादन ('000 टनों में)	वर्ष	उत्पादन ('000 टनों में)
1988	21	1993	22
1989	22	1994	25
1990	23	1995	26
1991	25	1996	27
1992	24	1997	28

5.10 सहायक पाठ्य सामग्री (Suggested Readings)

1. सांख्यिकी के सिद्धान्त	–	डी.एन. एलहांस और वीणा एलहांस	किताब का महल
2. सांख्यिकी के सिद्धान्त	–	एस.पी. सिंह	S. Chand & Co.
3. Fundamentals of Statistics	–	S.C. Gupta & V.K. Kapoor	S. Chand & Co.
4. Applied Statistics	–	S.C. Gupta & V.K. Kapoor	S. Chand & Co.
5. Fundamentals of Statistics	–	G.M. Gupta & Das Gupta	S. Chand & Co.
6. Mathematical Statistics	–	H.C. Saxena	S. Chand & Co.

इकाई–4

टिप्पणी

अध्याय 6 सहसंबंध (Correlation)

संरचना (Structure)

6.0 परिचय (Introduction)

अभी तक हमने चर्चा को एकल–चर वितरण तक ही सीमित रखा है i.e. वितरण जो सिर्फ एक चर से संबंध हैं और यह भी देखा कि कैसे केंद्रीय प्रवृति के विभिन्न माप, किरण, विषमता और ककुदता का प्रयोग तुलनीयता और विश्लेषण के उद्देश्यों के लिए प्रयुक्त हो सकती है। हमें यद्यपि ऐसी श्रेणियाँ भी मिल सकती हैं, जिनमें श्रेणी के प्रत्येक मद दो या दो से अधिक चरों के मूल्य से ले सकते हैं। अगर हम 'n' अभिव्यक्तियों की ऊँचाई और वजनों की मापें, हम एक श्रेणी प्राप्त करते हैं जिसमें श्रेणी की प्रत्येक इकाई (व्यक्ति दो मूल्य धारण करती है– एक ऊँचाई से संबंधित और दूसरा वजन से संबंधित। ऐसे वितरण जिसमें श्रेणी के

प्रत्येक इकाई दो मूल्य धारण करती है। द्विचर वितरण कहलाती है। आगे अगर हम दो या दो से अधिक चर की माप प्रत्येक इकाई के लिए एक वितरण में करते हैं, यह बहुचर वितरण कहलाती हैं। एक श्रेणी में, एक ही कई जिसके लिए विभिन्न मापों को लिया जाता है किसी भी प्रकृति की हो सकती है जैसे विभिन्न व्यक्ति, समय, जगह इत्यादि। उदाहरण के लिए हमें :

(i) एक परीक्षा में दो विषयों में व्यक्तियों के अंकों की श्रेणी

(ii) एक विशेष वर्ष में विभिन्न कंपनियों के बिक्री राजस्व और विज्ञापन खर्चों की श्रेणी

(iii) अपरिष्कृत सूत्रों के निर्यात करोड़ों रूपयों में और उत्पादित वस्तुओं के आयात की श्रेणी 1989 से 1984 के वर्षों में, कहें

(iv) पति और पत्नी की उम्र चुने गए विवाहित जोड़ों के प्रतिदर्श की श्रेणी में और आगे

इसलिए एक द्विचर वितरण में हमें प्रेक्षणों के समुच्चय के जोड़े दिए गए हैं, प्रत्येक जोड़े के एकमान प्रत्येक दो चरों के मान होते हैं।

एक द्विचर वितरण में, हमें रुचि हो सकती है यह जानने में की क्या अध्यनाधीन दो चरों के बीच कोई संबंध है। सह-संबंध संख्यकीय साधन है जो दो चरों के बीच के संबंधों का अध्ययन करती है, सह-संबंध विश्लेषण विभिन्न विधियों और तकनीकों को समाविष्ट करती है, जिसका प्रयोग दो चरों के बीच के संबंधों के अध्ययन और संबंधो की सीमा को मापने के लिए किया जाता है।

वे सह-संबंध के बारे में क्या कहते हैं– कुछ परिभाषाएं और प्रयोग

''जब संबंध संख्यात्मक प्रकृति की हैं, उपयुक्त संख्यिकीय साधन अन्वेषण और संबंध की माप और अभिव्यक्ति जिस संक्षिप्त सूत्र से की जाती है, सहसंबंध कहलाते हैं।

–क्राक्सटन और काउडेन

स्ह-संबंध दो या अधिक चरों के बीच सह विचरण का विश्लेषण है।

ए.एम. हट्टल

''सह-संबंध विश्लेषण आर्थिक व्यवहार की समझ में अंशदान करते हैं, समीक्षात्मक महत्वपूर्ण दरों के निर्धारण में योगदान करती हैं, जिस पर दूसरे निर्भर करते हैं, अर्थ शास्त्रियों पर संबंधों को प्रकट करती हैं, जिससे रुकावट फैलती है और उन्हें आभास देती है ऐसे रास्तों का जिन से स्थाई बल प्रभावकारी हो सकते हैं।''

–डब्ल्यू.ए. नेइसवैंगर

टिप्पणी

6.1 उद्देश्य (Objectives)

अभी तक हमने चर्चा को एकल चर वितरण तक ही सीमित रखा है i.e. एक वितरण जो सिर्फ एक चर से संबंध हैं और यह भी देखा कि कैसे केन्द्रीय प्रवृत्ति के विभिन्न माप, अपकिरण, विषमता और ककुदता का प्रयोग तुलनीयता और विश्लेषण के उद्देश्यों के लिए प्रयुक्त हो सकती है। हमें, यद्यपि ऐसी श्रेणियाँ भी मिल सकती हैं जिनमें श्रेणी के प्रत्येक मद दो या दो से अधिक चरों के मूल्य ले सकती हैं। यह द्विचर वितरण कहलाती हैं।

एक द्विचर वितरण में, हमें रुचि हो सकती है, यह जानने में कि क्या अध्ययनाधीन दो चरों के बीच कोई सम्बम्ध है। सहसंबंध सांख्यिकीय साधन है जो दो चरों के बीच के संबंधों का अध्ययन करती है। सहसंबंध विश्लेषण विभिन्न विधियों और तकनीकों को समाविष्ट करती है जिसका प्रयोग दो चरों के बीच के संबंधों के अध्ययन और संबंधों की सीमा को मापने के लिए किया जाता है।

6.2 सहसंबंध (Correlation)

परिभाषा—दो चर सहसम्बन्धित कहे जाते हैं अगर एक चर में परिवर्तन का परिणाम दूसरे चर के संगत परिवर्तन में होती है।

1. सहसंबंध के प्रकार (Types of Correlation)

(a) धनात्मक और ऋणात्मक सह-संबंध

अगर दो चरों के मूल्य एक ही दिशा में विचरण करते हैं, i.e., अगर एक चल के मूल्य में वृद्धि का परिणाम, औसत में, दूसरे चरण में संगत वृद्धि है या अगर एक चर के मूल्य के ह्रास का परिणाम, औसत में, दूसरे चर के मूल्यों में संगत ह्रास है, सह-संबंध धनात्मक कहलाता या प्रत्यक्ष कहलाता है।

धनात्मक सह-संबंध की श्रेणी के कुछ उदाहरण हैं :

(i) ऊंचाइयाँ और वजन

(ii) पारिवारिक आय और खर्च विलासिता संबंधी मामलों में

(iii) वर्षा की मात्रा और फसल का उत्पादन (एक सीमा तक)

(iv) एक वस्तु की कीमत और पूर्ति और आगे

दूसरी तरफ, सह-संबंध ऋणात्मक है या विलोम अगर उल्टी दिशा में विचरण करते हैं, i.e., अगर एक चर के मूल्य में वृद्धि (न्हास), औसत में, दूसरे चर के मूल्य में संगत न्हास (वृद्धि) होती है।

ऋणात्मक सह-संबंध के कुछ उदाहरण श्रेणी हैं संबंधित :

(i) एक वस्तु की कीमत और माँग

(ii) एक समग्र गैस का आयतन और दबाव

(iii) ऊनी वस्त्रों की बिक्री और दिवस का तापक्रम, और आगे।

टिप्पणी

(b) रैखिक और गैर-रैखिक सह-संबंध

दो चरों के बीच सह-संबंध रैखिक कही जाती है अगर एक चर में इकाई परिवर्तन के संगत दूसरे चरण में मूल्यों के समूचे विस्तार में नियत परिवर्तन होता है। उदाहरण के लिए, हम लोग निम्नलिखित समंक पर विचार करें :

x	1	2	3	4	5
y	5	7	9	11	13

इसलिए x के मूल्य में इकाई परिवर्तन के लिए, नियत परिवर्तन होता है viz. 2y के संगत मूल्य में। गणितीय रूप से, उपर्युक्त समंक को अभिव्यक्त किया जा सकता है निम्न संबंध से,

$$y = 2x + 3$$

सामान्य में, दो चर x और y आपस में रैखिक संबंधित हैं, अगर इस ग्रुप का संबंध अस्तित्व में हैं

$$y = a + bx \qquad \ldots(*)$$

उनके बीच। परंतु हम जानते हैं कि (*) एक सीधी रेखा का समीकरण है तिर्यक (slope) 'b' के साथ और जो y-अक्ष पर 'a' अंतःखंड (intercept) बनाता है। [c.f. $y = mx + c$ सीधी रेखा के समीकरण का रूप] इसलिए, अगर दो चरों के मूल्य को xy - प्लेन पर बिंदु जैसा रेखांकित किया जाए, हम लोग एक सीधी रेखा पाएंगे। यह आसानी से उपर्युक्त उदाहरण के लिए जांचा जा सकता है। इस प्रकार की घटना पदार्थ विज्ञान में बराबर घटित होती हैं, परंतु अर्थशास्त्र और सामाजिक विज्ञानों में, हम बहुत मुश्किल से ऐसा समंक प्राप्त करते हैं जो सीधी रेखा आलेख देता है। दो चरों के बीच का संबंध गैर–रेखिक व वक्र रेखीय कहलाती है जब एक चर के संगत इकाई परिवर्तन के लिए, दूसरा चर नियत दर से परिवर्तित नहीं होकर उतार-चढ़ाव के दर से परिवर्तित होती है। इन स्थितियों में, अगर समंक xy- प्लेन (धरातल) पर खींची जाती है, हम सीधी रेखा वक्र नहीं पाते हैं। गणितीय रूप से कहने पर सह-संबंध गैर-रेखीय कहीं जाती है यदि खींचे गए वक्र का तिर्यक (slope) नियत बनाती है। यह घटना (संवृत्ति) सामान्य है अर्थशास्त्र और सामाजिक विज्ञानों के संबंधित आंकड़ों में।

चूँकि गैर-रेखिक संबंध के विश्लेषण और माप की तकनीकें काफी जटिल और कठिन हैं रैखिक संबंधों के अध्ययन और माप की विधि से तुलना में, हम सामान्यतया यह परिकल्पित कर लेते हैं के अध्ययनाधीन दो चरों का संबंध रैखिक है। इस अध्याय में, हम लोग अपने आप को सीमित रखेंगे सिर्फ रैखिक संबंध की माप तक। गैर-रैखिक संबंधों की माप यद्यपि, इस पुस्तक की सीमा से बाहर है।

टिप्पणी

टिप्पणी : सह-संबंध का अध्ययन पदार्थ विज्ञानों में आसान होता है चूँकि प्रयोग के परिणाम के आधार पर, यह आसान होता है गणितीय संबंध स्थापित करना अध्ययनाधीन दो या अधिक चरों के बीच संबंध स्थापित करने में। परन्तु सामाजिक और आर्थिक विज्ञानों में, यह बहुत कठिन है गणितीय संबंध स्थापित करने में अध्ययनाधीन चरों के बीच चूँकि इन संवृत्तियों में, अध्ययनाधीन चरों के मूल्य युगपत (Simultaneously) में बहुविध कारकों से प्रभावित होती है और यह काफी कठिन है, कभी-कभी असंभव, प्रत्येक कारक का अलग-अलग प्रभाव अध्ययन करने में। इसलिए, सामाजिक और आर्थिक संवृत्ति से सम्बन्धित आँकड़ों में, सहसंबंध का अध्ययन परिशुद्ध और सूक्ष्म नहीं हो सकती है।

2. सहसंबंध और कार्य-कारण भाव (Correlation and Causation)

सहसंबंध विश्लेषण हमें समर्थ बनाती है कि अध्ययनाधीन दो चरों के बीच संबंध का स्तर या दिशा का धारणा बनाने में। यद्यपि, (यह असफल हो जाती है) दो चरों के बीच कार्य-कारण संबंधों को दर्शाने में है। एक द्विचर वितरण में, अगर चरों के बीच कार्य-कारण का संबंध है, तो वे एक दूसरे से रूपांतरित होने के लिए बंधे होते हैं और इसलिए, उनके बीच उच्च स्तर का सहसंबंध होना निश्चित है। दूसरे शब्दों में, कार्य-कारण भाव का अर्थ हमेशा सहसंबंध होता है। यद्यपि, इसका विपरीत सही नहीं है i.e. दो चरों के बीच सहसंबंध का बहुत उच्च स्तर का अर्थ भी उनके बीच कार्य-कारण संबंध या हो आवश्यक नहीं है। चरों के बीच उच्च स्तर का सहसंबंध निम्नलिखित कारणों की वजह से हो सकता है :

1. परस्पर-निर्भरता : अध्ययनाधीन संवृत्ति एक-दूसरे को अंतः प्रभावित करता है। ऐसी स्थितियाँ सामान्यतः अवलोकित की जाती हैं आर्थिक और व्यापारिक परिस्थितियों से सम्बन्धित आँकड़ों में। उदाहरण के लिए, यह अर्थशास्त्र का जाना माना सिद्धान्त है कि वस्तुओं का मूल्य माँग और पूर्ति से प्रभावित होती है। उदाहरण के लिए, अगर एक वस्तु का मूल्य बढ़ता है, इसका माँग सामान्यतः घटता है (दूसरे कारक नियत रहने पर)। यहाँ बढ़ी कीमत कार्य है और माँग में कमी कारण है। यद्यपि, एक वस्तु के माँग में ऱ्हास लोगों के उत्प्रवास (Emigration) में या फैशन की वजह से या दूसरी वजह जैसे लोगों के स्वाद या आदतों में परिवर्तन का परिणाम वस्तु के मूल्य में ऱ्हास होता है। यहाँ, कार्य है कमी हुई माँग और कारण है मूल्य में कमी। क्रमानुसार, दो चरों में अच्छे स्तर का सहसंबंध है एक दूसरे पर परस्पर प्रभाव डालने की वजह से परन्तु फिर भी यह काफी कठिन हो जाता है विविक्त करना यथार्थ कार्य को कारण से।

2. दोनों चर उन्हीं बाह्य कारणों से प्रभावित होती है : दो चरों के बीच उच्च स्तर का सहसंबंध हो सकता है किसी तीसरे पर के अंतःक्रिया या प्रभाव से या कई चरों के इन दो चरों पर प्रभाव की वजह से। उदाहरण के लिए, बहुत उच्च स्तर का सहसंबंध अवलोकित किया जा सकता है दो फसलों के उपज प्रति हेक्टेयर के बीच कहें चावल और आलू कई कारकों के प्रभाव की वजह से

जैसे– अनुकूल मौसम, प्रयुक्त खाद, सिंचाई सुविधा इत्यादि उनमें से प्रत्येक पर। लेकिन उनमें से दोनों में से कोई दूसरे का कार्य Cause) नहीं है।

3. **विशुद्ध संयोग से** : यह हो सकता है कि एक द्विचर वितरण से चुने गये यादृच्छिक छोटे प्रतिदर्श काफी उच्च स्तर की सहसंबंध दर्शाए यद्यपि, यथार्थतः चर समष्टि में सहसम्बन्धित नहीं हों। इस तरह का सहसंबंध संयोग से उतार–चढ़ाव को आरोपित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जानबूझकर या अनजाना अभिनति अन्वेषक के तौर पर, प्रतिदर्श के चुनाव में परिणत हो सकती है प्रतिदर्श में उच्च स्तर के सहसंबंध में। इस संबंध में, यह अर्थ गर्भित होगा दो संवृत्तियों की चर्चा जहाँ उच्च स्तर का सहसंबंध अवलोकित किया जाता है, हाँलाकि यह संभव नहीं है उन्हें समझना कि वो कार्य (Causally) वजह से सम्बन्धित हैं। उदाहरण के लिए, हम लोग जूते के आकार और एक समूह के लोगों की बुद्धि में उच्च स्तर का सहसंबंध अवलोकित कर सकते हैं। ऐसा सहसंबंध भ्रामक (Spurious, बनावटी) या संवेदन–हीन (Non-Sense) सहसंबंध कहे जाते हैं [विस्तार के लिए देखें है 6.4.2(ii)].

6.3 सहसंबंध के अध्ययन की विधियाँ (Methods of Studying Correlation)

हमलोग अपनी चर्चा को दो चरों के बीच सिर्फ रैखिक संबंधों को सुनिश्चित करने की विधियों तक सीमित रखेंगे (श्रेणी)। दो चरों के बीच सामान्यतः प्रयुक्त होने वाली विधियाँ सह-संबंध के अध्ययन के लिए हैं :

(i) विक्षेप चित्र या बिन्दु चित्र रीति

(ii) कार्ल पियर्सन का सहसंबंध का गुणांक (सह-विचरण विधि Covariance Method)

(iii) द्विचर आवृत्ति सरणी (द्विचर सहसंबंध विधि) [Bivariate Frequency Table (Bivariate Correlation Method)]

(iv) श्रेणी अन्तर रीति (Rank Method)

(v) संगामी विचलन रीति (Concurrent Deviation Method)

6.4 विक्षेप चित्र या बिन्दु चित्र रीति (Scatter Diagram Method)

विक्षेप चित्र एक द्विचर वितरण के चित्रमय प्रदर्शन की सबसे आसान तरीकों में एक है और हमें दो चरों के बीच सहसंबंध सुनिश्चित करने का सबसे आसान साधन उपलब्ध कराती है। मान ले हमें मूल्यों के n जोड़े दिए गए हैं X और Y चरों के लिए यथा $(x_1, y_1), (x_2, y_2).........(x_n, y_n)$ उदाहरण के लिए, अगर चर

X और Y क्रमशः ऊँचाई और वजन को द्योतित करते हैं, तब जोड़े $(x_1, y_1), (x_2, y_2) \ldots\ldots (x_n, y_n)$ प्रदर्शित करेंगे n व्यक्तियों के ऊँचाई और वजन (जोड़े में)। ये n बिन्दुऐं x-अक्ष और y-अक्ष पर xy धरातल पर बिन्दु (.dot) के रूप में खींचे जा सकते हैं। (यह परंपरागत है कि निर्भर चर को Y-अक्ष पर और स्वतंत्र चर का X-अक्ष पर खींचना)। इस तरह से प्राप्त बिन्दुओं का चित्र विक्षेप–चित्र (Scatter Diagram) कहलाता है। विक्षेप–चित्र से हम बहुत अच्छा, यद्यपि मोटी, धारणा बना सकते हैं दो चरों के बीच के संबंध के बारे में। निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखना चाहिए दो चरों के बीच के सहसंबंध को विक्षेप चित्र से व्याख्या करने में :

(i) अगर बिन्दु बहुत सघन है, i.e., एक दूसरे से बहुत नजदीक हैं, दो चरों के बीच बहुत ज्यादा सहसंबंध अपेक्षित होगा। दूसरी तरफ, अगर बिन्दु काफी बिखरे–बिखरे हैं, तो सहसंबंध का अभाव माना जायेगा।

(ii) अगर विक्षेप चित्र के बिन्दु कोई उपनति (Trend), या तो ऊपर की ओर या नीचे की ओर) प्रकट करते हैं, तब चर आपस में सहसंबंधित कहालते हैं और अगर कोई उपनति प्रकट नहीं होती है, चर में सहसंबंध का अभाव कहा जाता है।

(iii) अगर ऊपर की ओर उपनति है बायीं ओर के निचले कोने से दायीं ओर के ऊपर वाले कोने की ओर जाती है, सहसंबंध धनात्मक है चूँकि यह प्रकट करती है कि दो चरों के मूल्य समान दिशा में घूमते हैं। अगर दूसरी तरफ, बिन्दु नीचे की ओर उपनति दर्शाती है बायीं ओर ऊपर वाले कोने से दाहिनी ओर के नीचे कोने की ओर जाती है, सहसंबंध ऋणात्मक है चूँकि इस स्थिति में दो चरों के मूल्य विपरीत दिशा में कार्य करते हैं।

(iv) विशेष रूप से, अगर सभी बिन्दु एक सीधी रेखा पर पड़ते हैं बायीं ओर के निचले कोने से बायीं ओर के ऊपर वाले कोने तक, सहसंबंध पूर्ण और धनात्मक है, और अगर सभी बिन्दु बायीं ओर के ऊपर वाले कोने से दायीं ओर के नीचे वाले कोने तक एक सरल रेखा पर पड़े, सहसंबंध पूर्ण और ऋणात्मक है।

बिखरे समंक का निम्नलिखित चित्र विभिन्न प्रकार के सहसंबंध दर्शाते हैं।



चित्र क्र. 6.1



चित्र क्र. 6.2



चित्र क्र. 6.3

टिप्पणी

निम्न स्तर ऋणात्मक सह–सम्बन्ध



चित्र क्र. 6.4

उच्च स्तर का धनाात्मक सह–सम्बन्ध



चित्र क्र. 6.5

उच्च स्तर का ऋणात्मक सह–सम्बन्ध



चित्र क्र. 6.6

कोई सह–सम्बन्ध नहीं



चित्र क्र. 6.7

कोई सह–सम्बन्ध नहीं



चित्र क्र. 6.8

टिप्पणियाँ 1. विक्षेप चित्र की विधि आसानी से समझ में आने वाली है और हमें समर्थता प्रदान करती है दो चरों के बीच के संबंध की प्रकृति के आलेख को सिर्फ देखकर अनुमान लगाया जा सकता हैं इसके अतिरिक्त, यह विधि आत्यंतिक अवलोकनों से प्रभावित नहीं होती है जबकि सहसंबंध को सुनिश्चित करने वाले सभी गणितीय सूत्र आत्यंतिक अवलोकनों से प्रभावित होते हैं। यद्यपि, यह विधि उपयुक्त नहीं है यदि अवलोकनों की संख्या काफी अधिक है।

2. विक्षेप चित्र रीति सिर्फ संबंध की प्रकृति बतलाती है क्या यह धनात्मक है या ऋणात्मक क्या यह उच्च है या कम है। यह हमें दो चरों के बीच संबंधों की मात्रा का सही माप की सीमा नहीं देती है।

3. विक्षेप चित्र हमें लगभग प्राक्कलन रेखा या उपयुक्तता की रेखा मुक्त हस्त विधि से प्राप्त करने में समर्थ बनाती है। यह विधि सामान्यतः धागे को खींचे गए बिन्दुओं पर फैलाकर सबसे संभावित रेखा का निर्धारण करने में सक्षम होती है। यद्यपि, एक परिशुद्ध विधि उपयुक्तता की रेखा प्राप्त करने के लिए दूसरे अध्याय (प्रतीपगमन विश्लेषण, Regression Analysis) में निर्वचित है।

उदाहरण 6.1: निम्नलिखित बी.कॉम. के 10 छात्रों की ऊँचाई और वजन हैं।

ऊँचाई (इकाईयों में)x	:	62	72	68	58	65	70	66	63	60	72
वजन (कि.ग्रा. में) y	:	50	65	63	50	59	60	61	55	54	65

एक विक्षेप चित्र खीचें और बताए कि क्या सहसंबंध धनात्मक है। या ऋणात्मक?

टिप्पणी



चित्र क्र. 6.9

4. क्या दो चरों के बीच उच्च स्तर का सहसंबंध दो चरों के बीच कार्यकारण भाव को दर्शाती है?

5. (a) भ्रामक सहसंबंध (Squrious Correlation) और संवेदन हीन (Non-Sense) या संभाव्य सहसंबंध (Chance Co-rrelation) क्या हैं? एक उदाहरण की सहायता से वर्णन करें।

(b) निम्नलिखित वक्तव्य की समीक्षा करें: ''उच्च स्तर का धनात्मक सहसंबंध 'जूते के आकार' और व्यक्तियों के समूह की 'बुद्धि' का अर्थ है बड़े आकार के जूते के लोगों की बुद्धि अधिक प्रखर है उन लोगों से जिनके जूते छोटे आकार के हैं।''

6. निम्नलिखित प्रकार में किस सीमा तक आप निकाले गये निष्कर्ष से सहमत हैं? क्यों?

दो श्रेणी—चलन में मुद्रा का परिमाण और सामान्य मूल्य सूचकों कों काफी ऊँचे स्तर का धनात्मक सहसंबंध पाया जाता है। इससे, यह निष्कर्ष निकाला गया कि एक कार्य है और दूसरा कारण प्रत्यक्ष कार्यकारण संबंधों में।

टिप्पणी

7. (a) स्पष्ट रूप से अंतर करें इसके बीच :

(i) धनात्मक और ऋणात्मक सहसंबंध (ii) रैखिक और गैर-रैखिक सहसंबंध

(b) यदि दो या अधिक परिमाण साथ-साथ परिवर्तित होते हैं ताकि एक में परिवर्तन से दूसरे में संगत परिवर्तन होता है, तब वे आपस में सहसंबंधित कहे जाते हैं। विवेचना करें।''

8. सहसंबंध का अध्ययन करने में सहायता करती है, इसके प्रकृति और सीमा दोनों के संबंध में।

9. (a) सहसंबंध क्या है? धनात्मक और ऋणात्मक सहसंबंध के युगपत अंतर्वृद्धि (Implication) का वर्णन करें। विक्षेपचित्र की सहायता से, पूर्ण धनात्मक और पूर्ण ऋणात्मक सहसंबंध की उपस्थिति दर्शाए।

(b) एक विक्षेप चित्र पर पूर्ण ऋणात्मक सहसंबंध का वर्णन करें।

10. (a) विक्षेप चित्र पर टिप्पणी लिखें। बीच निम्नलिखित सहसंबंध को दर्शाने के लिए विक्षेप चित्र की आकृति खींचें :

(i) रैखिक (ii) रैखिक और पूर्ण (iii) गैर-रैखिक (iv) x और y के बीच सह संबंध का अभाव

(b) विक्षेप चित्र खींचते वक्त अगर सभी बिन्दु प्रतीत होते हैं एक सीधी रेखा नीचे की ओर बायें से दाहिनी ओर जाते हुए, तब यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि

(i) पूर्ण धनात्मक सहसंबंध; (ii) सरल धनात्मक सहसंबंध

(iii) पूर्ण ऋणात्मक सहसंबंध (iv) कोई सहसंबंध नहीं

11. निम्नलिखित दिये गये जोड़े मूल्यों के लिए :

लगाई गई पूँजी (करोड़ रु. में)	:	2	3	5	6	8	9
लाभ (लाख रुपयों में)	:	6	5	7	8	12	11

(a) एक विक्षेप चित्र बनाए।

(b) क्या आप सोचते हैं कि लाभ और लगाई गई पूँजी के बीच कोई सहसंबंध है? क्या यह धनात्मक है या ऋणात्मक? क्या यह उच्च है या कम है?

(c) आलेखीय निरीक्षण के द्वारा, एक प्राक्कलन रेखा खींचे।

12. एक उच्च स्तरीय सहसंबंध रहते हुए भी इसका अर्थ यह नहीं है कि दो सहसंबंधित चरों के बीच कार्यकारण वा संबंध हैं' विवेचना करें।

टिप्पणी

13. निम्नलिखित समंक से एक विक्षेप चित्र खींचे :

ऊँचाई (इकाईयों में)	:	62	72	70	60	67	70	64	65	60	70
वजन (पौण्ड में)	:	50	65	63	52	56	60	59	58	54	65

यह भी बताएं कि क्या सहसंबंध धनात्मक है या ऋणात्मक।

14. नीचे दिए गए समंक से एक विक्षेप चित्र खींचे और इसकी व्याख्या करें।

x	:	10	20	30	40	50	60	70	80
y	:	32	20	24	36	40	28	38	44

6.5 कार्ल पियर्सन का सहसंबंध गुणांक (सह विचरण विधि) (Karl Pearson's Coefficient of Correlation (Co-variance Method))

दो चरों के बीच रैखिक संबंधों की तीव्रता या परिमाण को मापने की गणितीय विधि की श्रेणी कार्ल पियर्सन द्वारा (1967-1936) सुझाई गई बिट्रेन के एक महान जैव–विज्ञानी और सांख्यिकीविद् और अब तक सबसे अधिक व्यवहार में प्रयुक्त होने वाली विधि है।

कार्ल पियर्सन की माप, जिसे दो चरों (श्रेणियों) x और y के बीच पियर्सन का सहसंबंध गुणांक कहा जाता है, सामान्यतः $r(x, y)$ या Y_{xy} या सामान्य से द्योतित होती है उनके बीच के रैखिक संबंध की संख्यात्मक माप है और परिभाषित होती है x और y के बीच के सह-विचरण के अनुपात, जो लिखा जाता है Cov (X, Y) से, और x और y के प्रमाप विचलन के गुणनफल से। संकेत सूत्रों से,

$$r = \frac{Cov.(x, y)}{\sigma x.\sigma y} \qquad \ldots(6.1)$$

अगर $(x_1, y_1)(x_2, y_3) - - - (x_n, x_n)$ x और y चरों के n जोड़े अवलोकन हैं एक द्विचर वितरण में, तब

$$\text{Cov.}(x, y) = \frac{1}{n}\Sigma(x - \bar{x})(y - \bar{y}); \sigma x = \sqrt{\frac{1}{n}(x - x)^2}; \sigma y = \sqrt{\frac{1}{n}(x - x)^2} \ \ldots(6.2)$$

संकलन (Σ) n जोड़ों के अवलोकनों पर लिया गया है। (6.1) में प्रतिस्थापित करने पर हम पाते हैं

$$r = \frac{\frac{1}{n}\Sigma(x - \bar{x})(y - \bar{y})}{\sqrt{\frac{1}{n}\Sigma(x - \bar{x})^2 \frac{1}{n}\Sigma(y - \bar{y})^2}} = \frac{\Sigma(x - \bar{x})(y - \bar{y})}{\sqrt{\Sigma(x - \bar{x})^2 \Sigma(y - \bar{y})^2}} \quad \ldots(6.3)$$

टिप्पणी

सूत्र (6.3) निम्न तरह भी लिखा जा सकता है

$$r = \frac{\Sigma dxdy}{\sqrt{\Sigma dx^2 . \Sigma dy^2}} \quad \ldots(6.3a)$$

जहाँ dx और dy x और y के मूल्यों को क्रमशः उनके समान्तर माध्यों $\bar{x}$ और $\bar{y}$ से विचलन द्योतित करती है

$$\text{i.e., } dx = x - \bar{x}, dy = y - \bar{y} \quad \ldots(6.3b)$$

(6.2) के सरलीकरण से हम पाते हैं

$$\text{Cov. } (x, y) = \frac{1}{n}\Sigma(x-\bar{x})(y-\bar{y}) = \frac{1}{n}\Sigma xy - \bar{x}\ \bar{y} \quad \ldots(6.4)$$

$$\Rightarrow \text{ Cov. } (x, y) = \frac{1}{n}\Sigma xy - \left(\frac{\Sigma x}{n}\right)\left(\frac{\Sigma y}{n}\right) = \frac{1}{n^2}\left[n\overline{\Sigma}xy - (\Sigma x)(\Sigma y)\right] \quad \ldots(6.4a)$$

$$\sigma x^2 = \frac{1}{n}\Sigma(x - -\bar{x})^2 = \frac{1}{n}\Sigma x^2 - x^2 \ [\text{c.f. अध्याय } 6\ ]$$

$$= \frac{1}{n}\Sigma x^2 - \left(\frac{\Sigma x}{n}\right)^2 = \frac{1}{n^2}\left[n\Sigma x^2 - (\Sigma x)^2\right] \quad \ldots(6.4b)$$

उसी तरह से, हमें $\sigma y^2 = \frac{1}{n^2}\left[n\Sigma y^2 - (\Sigma y)^2\right]$ …(6.4c)

(6.4a), (6.4b) और (6.4c) से (6.1) में प्रतिस्थापित करने पर, हम पाते हैं :

$$\gamma = \frac{\frac{1}{n^2}[n\Sigma xy - (\Sigma x)(\Sigma y)]}{\sqrt{\frac{1}{n^2}\{n\Sigma x^2 - (\Sigma x)^2\}}\sqrt{[n\Sigma y^2 - (\Sigma y)^2]}} \quad \ldots(6.5)$$

टिप्पणियाँ: सूत्र (6.3) और (6.3a) का प्रयोग करना काफी सुविधाजनक है यदि $\bar{x}$ और $\bar{y}$ पूर्णांक (i.e., पूर्ण संख्या) आती हैं। और $\bar{x}$ और $\bar{y}$ है (है) भिन्न तब (6.3) और (6.3a) का प्रयोग काफी जटिल है चूँकि $\Sigma(x-\bar{x})^2 \cdot \Sigma(y-\bar{y})^2$ और $\Sigma(x-\bar{x}) \cdot (y-\bar{y})$ का गणन काफी समय खर्च करने वाला और टेढ़ा हो जाता है। ऐसी स्थिति में सूत्र (6.5) का प्रयोग हो सकता है बशर्तें x या/और y का मूल्य छोटा हो। परन्तु अगर x और y बड़े मूल्य धारण करते हैं, $\Sigma x^2, \Sigma y^2$ और Σxy का गुणन काफी समय लेने वाला हो जाता है।

इसलिए अगर (i) $\bar{x}$ और $\bar{y}$ भिन्न है और (ii) x और y बड़े मूल्य धारण करते हैं, तब सूत्र (6.3) और (6.5) सामान्यतः संख्यात्मक सवालों में प्रयुक्त नहीं होते हैं। इन स्थितियों में, पद विचलन रीति जहाँ हम चरों X और Y के विचलन किसी यादृच्छिक बिन्दु से लेते हैं, प्रयुक्त होती है। हम इस विधि की विवेचना सहसंबंध गुणांक के गुणों (c.f. 6.4.1 पृ........) के बाद करेंगे।

2. कार्ल पियर्सन सहसंबंध गुणांक आघूर्ण गुणक सहसंबंध गुणांक कहलाती है।

टिप्पणी

उदाहरण 6.2 नीचे दिये गये आँकड़े से विज्ञापनों में खर्च और बिक्री के बीच कार्ल पियर्सन का सहसंबंध गुणांक परिकलित करें।

विज्ञापन खर्चे ('000 रु. में)	:	39	65	62	90	82	75	25	98	36	78
बिक्री (लाख रुपयों में)	:	47	53	58	86	62	68	60	91	51	84

हल : मान लें विज्ञापन के खर्चे ('000 रु. में) और बिक्री (लाख रु. में) क्रमशः चर x और y से द्योतित की जाती है।

x	y	$dx = x-\bar{x}$ $= x - 65$	$dy = y-\bar{y}$ $= y - 66$	dx^2	dy^2	$dxdy$
39	47	-26	-19	676	361	494
65	53	0	-13	0	169	0
62	56	-3	-8	9	64	24
90	86	25	20	625	400	500
82	62	17	-4	280	16	-68
75	68	10	2	100	4	20
25	60	-40	-6	1600	36	240
98	91	33	25	1089	625	825
36	51	-29	-15	841	225	435
78	84	13	18	169	324	234
Σx=650	Σy=660	Σdx=0	Σdy=0	Σdx^2=5398	Σdy^2=2224	$\Sigma dxdy$=2704

$$\bar{x} = \frac{\Sigma x}{n} = \frac{650}{10} = 65; \bar{y} = \frac{\Sigma y}{n} = \frac{660}{10} = 66;$$

$dx = x - \bar{x} = x - 65$ और $dy = y - \bar{y} = y - 66$

$$\gamma = \frac{\Sigma dxdy}{\sqrt{\Sigma dx^2 . \Sigma dy^2}} = \frac{2704}{\sqrt{5398 \times 2224}} = \sqrt{\frac{2704}{12005152}} = \frac{2704}{3464.8451}$$

$$= 0.7804$$

$$\text{Aliter : } \Rightarrow \log r = \log 2704 - \frac{1}{2}[\log 5398] + \log 2224$$

$$= 3.4320 - \frac{1}{2}(3.7325 + 3.3472) = 3.4320 - 3.53985$$

$$= -0.10785 = \bar{1}.89215$$

$$\Rightarrow r = Anti\log(\bar{1}.89215) = 0.7802$$

इसलिए काफी उच्च स्तर की धनात्मक सहसंबंध विज्ञापन पर खर्च और बिक्री के बीच हैं। हम लोग, इसलिए निष्कर्ष निकाल सकते है कि विज्ञापन खर्च में वृद्धि से बिक्री में वृद्धि होती है।

उदाहरण 6.3 निम्नलिखित सारणी से कार्ल पियर्सन विधि से सहसंबंध गुणांक परिकलित करें :

X :	6	2	10	4	8
Y :	9	11	2	8	7

X और Y श्रेणी का समान्तर माध्य क्रमशः 6 और 8 है।

हलः सर्वप्रथम हम Y का लुप्त मान ज्ञात करेंगे। माना कि Y-श्रेणी में लुप्त मान 'a' है। तब माध्य $\bar{y}$ दिया जाता है :

$$\bar{y} = \frac{\Sigma y}{n} = \frac{a + 11 + a + 8 + 7}{5} = \frac{35 + a}{5} = 8 \text{ (दिया गया है)}$$

$$\Rightarrow 35 + a = 5 \times 8 = 41 \Rightarrow a = 40 - 35 = 5$$

x	y	$x - \bar{x}$ $= x - 6$	$(y - \bar{y})$ $= y - 8$	$(x - \bar{x})^2$	$(y - \bar{y})^2$	$(x - \bar{x})$ $(y - \bar{y})$
6	9	0	1	0	1	0
2	11	-4	3	16	9	-12
10	5	4	-3	16	9	-12
4	8	-2	0	4	0	-0
8	7	2	-1	4	1	-2
Σx=30	Σy=40	0	0	$\Sigma (x - \bar{x})^2 = 40$	$\Sigma (y - \bar{y})^2$=20	$\Sigma (x - \bar{x}) (y - \bar{y})$ = -26

हमें, $\bar{X} = \frac{\Sigma X}{5} = \frac{30}{5} = 6, \quad \bar{Y} = \frac{\Sigma Y}{5} = \frac{40}{5} = 8$

कार्ल पियर्सन का सहसंबंध गुणांक दिया जाता है :

$$\gamma = \frac{Cov(x, y)}{\sigma x . \sigma y} = \frac{\Sigma(x - \bar{x})(y - \bar{y})}{\sqrt{\Sigma(x - \bar{x})^2 (y - \bar{y})^2}}$$

$$= \frac{-26}{\sqrt{40 \times 20}} = \frac{-26}{\sqrt{800}} = \frac{-26}{28.2843} = -0.9192 \approx -0.92$$

उदाहरण 6.4 निम्नलिखित समंक से X और Y श्रेणी के बीच सहसंबंध का गुणांक परिकलित करें :

	श्रेणी X	श्रेणी Y
अवलोकनों के जोड़ों की संख्या	15	15
समान्तर माध्य	25	18
प्रमाप विचलन	3.01	3.03
माध्य से विचलनों के वर्गों का योगफल	136	138

टिप्पणी

x और y श्रेणियों के विचलन गुणकों का योगफल उनके समान्तर माध्य से = 122

हलः सामान्य संकेतनों में, हमें दिया गया है :

$$n = 15 \quad \bar{x} = 25 \quad \bar{y} = 18, \sigma x = 3.01, \qquad \sigma y = 3.03$$

$$\Sigma(x-\bar{x})^2 = 136, \quad \Sigma(y-\bar{y})^2 = 138 \text{ और } \Sigma(x-\bar{x})(y-\bar{y}) = 122$$

कार्ल पियर्सन का सहसंबंध x और y श्रेणी के बीच दिया जाता है

$$\gamma = \frac{\Sigma(x-\bar{x})(y-\bar{y})}{n.\sigma x.\sigma y} = \frac{122}{15 \times 3.01 \times 3.03}$$

$$\Rightarrow \log r = 2.0864 - [1.1761 + 0.4786 - 0.4814]$$

$$= 2.0864 - 2.1361 = -0.0497 = \bar{1}.00900502$$

$$\Rightarrow r = Anti\log(\bar{1}.9502) = 0.8917$$

टिप्पणीः यहाँ हम देखते हैं कि दिए समंक में से कुछ अपेक्षाधिक है viz.

$$\bar{x}, \bar{y}, \Sigma(x-\bar{x})^2, \Sigma(y-\bar{y})^2$$

Aliter : हम लोग सहसंबंध गुणांक की गुणना इस सूत्र का प्रयोग कर भी कर सकते है

$$\gamma = \frac{\Sigma(x-\bar{x})(y-\bar{y})}{\sqrt{\Sigma(x-\bar{x})^2(y-\bar{y})^2}} = \frac{122}{\sqrt{136 \times 138}}$$

$$\log r = 2.0864 - \frac{1}{2}[2.1335 + 2.1399] = 2.0864 - 2.1367$$

$$= -0.0503 = \bar{1}.9497$$

$$\Rightarrow r = Anti\log(\bar{1}.9497 = 0.8904$$

अगर हम इस सूत्र का प्रयोग करते हें, तो समंक $n, \bar{x}\ \bar{y}, \sigma x$ और σy से सम्बन्धित फिजूल है।

उदाहरण 6.5: दो चरों X और Y के बीच सहसंबंध का गुणांक 0.48 है। सह विचरण 36 है। X का विचरण 16 Y का प्रमाप विचलन ज्ञात करें।

हलः हमें दिया गया है ;

$$\gamma xy = 0.48, Cov(x,y) = 36, \sigma x^2 = 16 \quad \Rightarrow \sigma x = 4$$

हमें, $$\gamma xy = \frac{Cov.(x,y)}{\sigma x.\sigma y} \Rightarrow \sigma y = \frac{Cov.(x,y)}{\sigma x.\sigma y}$$

$$\therefore \qquad \sigma y = \frac{36}{4 \times 0.48} = \frac{9}{0.48} = 18.75$$

टिप्पणी

उदाहरण 6.6: निम्नलिखित सूचना दी गई है :

$\gamma xy = 0.8, \Sigma xy = 60, \sigma y = 2.5$ और $\Sigma x^2 = 90,$ जहाँ x और y उनके क्रमानुसार माध्य से विचलन हैं, मदों की संख्या (n) निकालें।

हल: हमें, $\sigma x^2 = \frac{1}{n}\Sigma(x-\bar{x})^2 = \frac{1}{n}\Sigma x^2 = \frac{90}{n} (\because x - \bar{x} = x)$

$$\gamma = \frac{\Sigma(x-\bar{x})(y-\bar{y})}{n \cdot \sigma x \cdot \sigma y} = \frac{\Sigma xy}{n\sigma x \cdot \sigma y} \begin{bmatrix} \therefore X - \bar{Y} = x; \\ Y - \bar{Y} = y; \sigma X = \sigma x \\ \sigma Y = \sigma y \end{bmatrix}$$

$$\Rightarrow 0.8 = \frac{60}{n \cdot \sqrt{\frac{90}{n}} \cdot (2.5)} = \frac{60 \times 2}{\sqrt{n}\sqrt{90 \times 5}} = \frac{24}{\sqrt{n}\sqrt{90}}$$

दोनों तरफ वर्ग करके और परिवर्तन (Transposing) करके, हम पाते हैं :

$$n = \frac{24 \times 24}{90 \times 0.8 \times 0.8} = 10$$

उदाहरण 6.7: एक कम्प्यूटर ने दो चरों X और Y के 25 जोड़ों के अवलोकनों का सहसंबंध गुणांक परिकलित करने के क्रम में निम्नलिखित परिणाम प्राप्त किए:

$$n = 25, \quad \Sigma x = 125, \quad \Sigma x^2 = 650, \Sigma Y = 100, \quad \Sigma Y^2 = 460, \quad \Sigma XY = 508$$

हालाँकि जाँच करते वक्र यह पाया गया कि अवलोकनों के दो जोड़े सही रूप से कॉपी नहीं किये गये। वे (6, 14) और (8, 6) लिये गये जबकि सही मूल्य (8, 12) और (6, 8) थे। सिद्ध करें कि सहसंबंध गुणांक सही मूल्य का 2/3 होना चाहिये।

हल: संशोधित $\Sigma X = 125 - 6 - 8 + 8 + 6 = 125$

संशोधित $\Sigma Y = 100 - 14 - 6 + 12 + 8 = 100$

संशोधित $\Sigma X^2 = 650 - 6^2 - 8^2 + 8^2 + 6^2 = 650$

संशोधित $\Sigma Y^2 = 460 - 14^2 - 6^2 + 12^2 + 8^2 = 436$

संशोधित $\Sigma XY = 508 - 6 \times 14 - 8 \times 6 + 8 \times 12 + 6 \times 8 = 520$

γ का संशोधित मूल्य दिया जाता है :

$$\gamma = \frac{n\Sigma XY - (\Sigma X)(\Sigma Y)}{\sqrt{[n\Sigma X^2 - (\Sigma X)^2] \times [n\Sigma Y^2 - (\Sigma Y)^2]}} = \frac{25 \times 520 - 125 \times 100}{25x}$$

$$= \frac{25 \times 520 - 125 \times 100}{\sqrt{[25 \times 650 - (125)^2] \times [25 \times 436 - (100)^2]}}$$

$$= \frac{13000 - 12500}{\sqrt{(16255 - 15625) \times (10900 - 10000)}} = \frac{500}{\sqrt{625 \times 900}}$$

टिप्पणी

$$= \frac{500}{25 \times 30} = 2/3 \text{ Proved}$$

6.5.1 सहसंबंध गुणांक के गुण (Merits of Coefficient Correlation)

गुण 1. सहसंबंध गुणांक की सीमायें

पियर्सन का सहसंबंध गुणांक संख्यात्मक रूप से 1 से ज्यादा नहीं हो सकता है। दूसरे शब्दों में यह –1 और +1 के बीच रहता है। संकेताक्षरों में,

$$-1 \le r \le +1 \qquad \ldots(6.6)$$

टिप्पणियाँ 1. यह प्रमेय हमें अपने परिकलनों पर रोक लगाते हैं।

अगर किसी प्रश्न में, r का प्राप्त मान $\pm$ सीमा से बाहर है, इसका अर्थ है कि हमारे परिकलन में कुछ गलती है।

2. $r = +1$ का अर्थ है चरों के बीच पूर्ण धनात्मक सहसंबंध है और $r = -1$ का अर्थ है चरों के बीच पूर्ण ऋणात्मक सहसंबंध है।

गुण I सहसंबंध गुणांक मूल–बिन्दु और मापक्रम के परिवर्तन से स्वतंत्र है : गणितीय रूप से, अगर x और y दिये गये चर हैं और वे नये चरों u और v में परिवर्तित हो जाते हैं मूल–बिंदु और मापक्रम के परिवर्तन से viz.

$$u = \frac{x - A}{h} \text{ और } v = \frac{y - B}{k}; h > 0, k > 0 \qquad \ldots(6.7)$$

जहाँ A, B h और k नियतांक हैं, *h.0, k.0;* तब x और y के बीच सहसंबंध उतना ही है जितना u और v के बीच *i.e.*

$$r(x, y) = r(u, v) \Rightarrow r_{xy} = r_{uv} \qquad \ldots(6.8)$$

टिप्पणी : यह सहसंबंध गुणांक का बहुत महत्वपूर्ण गुण है और r का संख्यात्मक गणना में बहुत सहायक है। हमने पहले ही बताया। [c.f. टिप्पणी 6.3] कि सूत्र (6.3) और (6.5) बहुत जटिल हो जाता है प्रयोग करने में संख्यात्मक प्रश्नों में यदि $\bar{x}$ और/या $\bar{y}$ भिन्न में है या अगर x और y विशाल होते हैं। ऐसी स्थिति में हमलोग सुविधापूर्वक मूल–बिन्दु और मापक्रम (अगर सम्भव हो) में परिवर्तन कर नया चर u और v प्राप्त करते हैं और u और v के बीच सह–सबंध की गणना सूत्र

$$r_{uv} = \frac{\Sigma(U - \bar{u})(V - \bar{v})}{\sqrt{\Sigma(U - \bar{u})^2 \cdot \Sigma(V - \bar{v})^2}} = \frac{n\Sigma uv - (\Sigma u)(\Sigma v)}{\sqrt{[n\Sigma u^2 - (\Sigma u)^2][n\Sigma v^2 - (\Sigma v)^2]}} \qquad \ldots(6.9)$$

टिप्पणी

अब गुण II का प्रयोग कर, हम अंत में पाते हैं :

$$r_{xy} = r_{vu}$$

गुण III: दो स्वतंत्र चर असह-संबंधित हैं जबकि इसका विपरीत यथार्थ नहीं है।

अगर x और y स्वतंत्र हैं तब $r_{xy} = 0$

$\Rightarrow$ स्वतंत्र चर असह-संबंधित हैं।

विपरीतः हालाँकि प्रमेय का विपरीत यथार्थ नहीं है i.e., असह-संबंधित चर जरूरी नहीं कि स्वतंत्र हों। उदाहरण के लिए निम्नलिखित द्विचर वितरण का विचार करें।

x	-4	-3	-2	-1	1	2	3	4	Σx=0
y	16	9	4	1	1	4	9	16	Σy=60
xy	-64	-27	-8	-1	1	8	27	64	Σxy=0

$$\therefore r_{xy} = \frac{n\Sigma xy - (\Sigma x)(\Sigma y)}{\sqrt{n\Sigma x^2 - (\Sigma x)^2}\sqrt{n\Sigma y^2 - (\Sigma y)^2}} = \frac{8\times 0 - 0\times 60}{\sqrt{n\Sigma x^2 - (\Sigma x)^2}\sqrt{n\Sigma y^2 - (\Sigma y)^2}}$$

चूंकि शून्य को किसी परिमित (Finite) संख्या से भाग देने पर शून्य आता है। इसलिए, उपर्युक्त उदाहरण में चर x और y असह-संबंधित हैं। परंतु जब हम आँकड़े की सतर्कता से परीक्षण करते हैं, हम पाते हैं कि x और y स्वतंत्र नहीं है परंतु जुड़े हैं संबंध से $y - x^2$ उपर्युक्त उदाहरण दृष्टांत है कि असह–संबंधित चरों को आवश्यक नहीं कि स्वतंत्र हो।

टिप्पणियाँ 1: किसी को असह–संबंधित और स्वतंत्रता शब्दों से संभ्रमित नहीं होना चाहिए। $r_{xy} = 0$ i.e., x और y चरों के बीच असह–संसबंध का सरल अर्थ है उनके बीच रैखिक सहसंबंध का उनके बीच अभाव। वे, यद्यपि, किसी दूसरे रूप में (रैखिक से अलग) i.e. द्विघात वर्ग (Qudratic) (जैसा हम ऊपर के उदाहरण में देख चुके हैं), लघु गुणकीय या त्रिकोणमितीय रूप में।

2. सहसंबंध के कुछ और गुण आगे के अध्याय प्रतीपगमन विश्लेषण में दिए गए हैं।

गुण IV : $r(aX+b, cY+d) = \frac{a\times c}{|a\times c|}, r(x,y)$

जहाँ $|a \times c|$ मापांक मूल्य है।

टिप्पणीः चूँकि सहसंबंध गुणांक मूल बिन्दु के परिवर्तन से स्वतंत्र है, हम पाते हैं :

$$r(aX+b, CY+d) = r(aX, CY) = \frac{a\times c}{|a\times c|}\cdot r(X,Y)$$

टिप्पणी

गुण V: अगर चर x और y रैखिक समीकरण $ax+by+c=0$ से संबंधित हैं, तब x और y के बीच सहसंबंध गुणांक (+1) है अगर a और b के चिन्ह भिन्न हैं और (-1) है जब a और b के चिन्ह एक समान हैं।

संकेताक्षरों में, अगर $ax+by+c=0,$ तब

$$r = r(x,y) = \begin{Bmatrix} +1, \text{जब } a \text{ और } b \text{ विपरीत चिन्हों के हैं} \\ -1, a \text{ और } b \text{ एक ही चिन्ह के हैं} \end{Bmatrix}$$

उदाहरण 6.8: x और y के विचलनों के गुणनफल का योगफल है = 3044 प्रेक्षणों के जोड़ों की संख्या 10 है। x के विचलनों का कुल = - 170 Y के विचलनों का कुल =-20| X के विचलनों के वर्गों का योगफल = 6288. Y के विचलनों के वर्गों का योगफल = 2264।

सहसंबंध का गुणांक निकाले जब x और y के यादृच्छिक माध्य क्रमशः 82 और 68 हैं।

हल : माना कि $u = x$-82 और $V = Y$-68 तब हमें दिया गया है :

$$x = 10, \Sigma uv = 3044, \Sigma u = -170, \Sigma v = -20, \Sigma u^2 = 8288, \Sigma v^2 = 2264$$

चूँकि सहसंबंध गुणांक (r) मूल बिंदु के परिवर्तन से स्वतंत्र हैं, हमें

$$r(x,y) = r(u,v) = \frac{n\Sigma uv - \Sigma u \Sigma v}{\sqrt{[n\Sigma u^2 - (\Sigma u)^2][n\Sigma v^2 - (\Sigma v)^2]}}$$

$$= \frac{10 \times 3044 - (-170)(-20)}{\sqrt{[10 \times 8288 - (-170)^2][10 \times 2264 - (-20)^2]}}$$

$$= \frac{30446 - 3400}{\sqrt{82.880 - 22900}\sqrt{22640 - 400}}$$

$$= \frac{27040}{\sqrt{53980}\sqrt{22240}} = \frac{27040}{232.34 \times 149.13} = \frac{27040}{34648.86}$$

$$= +0.78$$

उदाहरण 6.9: निम्नलिखित समंक से सहसंबंध गुणांक $r(x,y)$ परिकलित करें :

$$n = 10, \Sigma x = 140, \Sigma y - 150, \Sigma(x-10)^2 = 180, \Sigma(y-15)^2 = 215,$$

$$\Sigma(x-10)(y-15) = 60$$

हलः मान लें, हम लेते हैं $u = x - 10$ और $v = y - 15,$ तब हमें

$$\Sigma u = \Sigma(x-10) = \Sigma x - 10xn = 140 - 100 = 40$$

$$\Sigma v = \Sigma(y-10) = \Sigma y - 15xn = 150 - 150 = 0$$

$$\Sigma u^2 = \Sigma(x-10)^2 = 180; \Sigma v^2 = \Sigma(y-15)^2 = 215$$

$$\Sigma uv = \Sigma(x-10)(y-15) = 60$$

$$\therefore \gamma_{xy} = \gamma_{uv} = \frac{n\Sigma uv - \Sigma u \Sigma v}{\sqrt{[n\Sigma u^2 - (\Sigma u)^2][n\Sigma v^2 - (\Sigma v)^2]}}$$

$$= \frac{10\times 60 - 40\times 0}{\sqrt{[10\times 180 - (40)^2][10\times 215 - 0]}} = \frac{600}{\sqrt{200\times 2150}} = \frac{6}{\sqrt{43}} = \frac{6}{6557} = 0.91$$

उदाहरण 6.10 पतियों और पत्नियों के उम्रों के लिए सह-संबंध का गुणांक परिकलित करें :

पति की उम्र (वर्ष)	:	23	27	28	29	30	31	33	35	36	39
पत्नी की उम्र(वर्ष)	:	18	22	23	24	25	26	28	29	30	32

हलः

x	y	u=x-31	v=y-25	u^2	v^2	uv
23	18	-8	-7	64	49	56
27	22	-4	-3	16	9	12
28	23	-3	-2	9	4	6
29	24	-2	-1	4	1	2
30	25	-1	0	1	0	0
31	26	0	1	0	1	0
33	28	2	3	4	9	6
35	29	4	4	16	16	16
36	30	5	5	25	25	25
37	32	8	7	64	49	56
Σx=311	Σy=257	Σ u=1	Σ v=7	Σ u²=203	Σ v²=163	Σuv=179

कार्ल पियर्सन का सहसंबंध गुणांक X और Y के बीच दिया जाता है,

$$\gamma_{uv} = \frac{n\Sigma uv - (\Sigma u)(v = \Sigma v)}{\sqrt{[n\Sigma u^2 - (\Sigma u)^2][n\Sigma v^2 - (\Sigma v)^2]}} = \frac{10\times 179 - 1\times 7}{[10\times 203 - (1)^2][10\times 163 - (7)^2]}$$

$$= \frac{1790-7}{(2030-1)(1630-49)} = \frac{1783}{\sqrt{2029\times 1581}} = \frac{1783}{45.04\times 34.76}$$

$$= \frac{1783}{1790.79} = 0.9956$$

चूँकि कार्ल पियर्सन का सहसंबंध गुणांक (r) मूल बिन्दु के परिवर्तन से स्वतंत्र होता है, हम पाते हैं

$$\gamma_{xy} = \gamma_{uv} = 0.9956$$

टिप्पणी

नोटः यह नोट किया जा सकता है कि x और y के मूल्य, सिर्फ तीन जोड़ों को छोड़कर, जुड़ा हुआ है रैखिक संबंध $y = x - 5$ से आगे जैसे x का मूल्य घटता (बढ़ता) है, y का मूल्य भी घटता (बढ़ता) है। इसलिए, हम लोग बहुत उच्च श्रेणी का धनात्मक सहसंबंध (करीब–करीब पूर्ण) अपेक्षा कर सकते हैं, r का मूल्य +1 के करीब पहुँच जाता है।

उदाहरण 6.11: कार्ल पियर्सन का सहसंबंध गुणांक ज्ञात करें निम्नलिखित 10 प्रतिष्ठाओं के बिक्री और खर्चों के बीच :

प्रतिष्ठान	:	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
बिक्री ('000 इकाईयाँ)	:	50	50	55	60	65	65	65	60	60	50
खर्चे ('000 रुपये)	:	11	13	14	16	16	15	15	14	13	13

हलः मान लें एक प्रतिष्ठान का बिक्री ('000 इकाईयों में) से द्योतित होता है और खर्चे ('000 रुपये में) y से। यह नोट किया जा सकता है कि हम x श्रेणी में 5 कामन गुणक ले सकते हैं। इसलिए, यह सुविधाजन होगा, कि x के मापक्रम को भी परिवर्तित करें। 65 और 13 कार्य के लिए x और y के लिए माप लेकर, हम लें, तो

$$u = (x - 65)/5; v = y - 13$$

प्रतिष्ठान	x	y	$u = \dfrac{x-65}{5}$	$v=y-13$	u^2	v^2	uv^2
1	50	11	-3	-2	0	4	6
2	50	13	-3	0	9	0	0
3	55	14	-2	1	4	1	-2
4	60	16	-1	3	1	9	-3
5	65	16	0	3	0	9	0
6	65	15	0	2	0	4	0
7	65	15	0	2	0	4	0
8	60	14	-1	1	1	1	-1
9	60	13	-1	0	1	0	0
10	50	13	-3	0	9	0	0
	Σx=580	Σy=140	Σ u=14	Σ v=10	Σ u^2=34	Σ v^2=32	Σuv=0

कार्ल पियर्सन का सहसंबंध गुणांक u और v के बीच दिया जाता है

$$\gamma_{uv} = \frac{n\Sigma uv - (\Sigma u)(\Sigma v)}{[n\Sigma u^2 - (\Sigma u)^2][n\Sigma v^2 - (\Sigma v)^2]} = \frac{10 \times 0 - (-14) \times 10}{[10 \times 34 - (-14)^2][10 \times 32 = -(10)^2]}$$

टिप्पणी

$$= \frac{140}{(340-196)\times(320-100)} = \frac{140}{\sqrt{144\times 220}} = \frac{140}{\sqrt{31680}}$$

$$= \frac{140}{177.99} = 0.7866$$

चूँकि सहसंबंध गुणांक मूल बिंदु और मापक्रम के परिवर्तन से स्वतंत्र है, इसलिए अंत में हमें

$$\gamma \times y = \gamma_{uv} = 0.7866$$

Aliter : हमें $x = \frac{\Sigma x}{n} = \frac{580}{10} = 56; \bar{y} = \frac{\Sigma y}{n} = \frac{140}{10} = 14$

चूँकि $\bar{x}$ और $\bar{y}$ पूर्णांक हैं, सुविधात्मक होगा r की गणना माध्य से ही विचलन सीधे लेकर i.e.

$$dx = x - \bar{x} = x - 56; \quad dy = y - \bar{y} = y - 14$$

उदाहरण 6.12 कार्ल पियर्सन सहसंबंध गुणांक निकाले लोगों की उम्र और उनके खेलने की आदत के बीच निम्नलिखित सूचना से। यह भी बतायें कि आपका परिकलित r क्या द्योतित करता है।

उम्र समूह	लोगों की संख्या	खिलाड़ियों की संख्या
15 और 20 से कम	200	150
20 और 25 से कम	270	162
25 और 30 से कम	340	170
30 और 35 से कम	360	180
35 और 40 से कम	400	180
40 और 45 से कम	300	120

हल : हम कार्ल पियर्सन का सहसंबंध गुणांक लोगों की उम्र और खेलने की आदत के बीच निकालने चाहते हैं। इसको निकालने के लिए, एक कॉमन आधार पर खिलाड़ियों की संख्या प्रत्येक उम्र समूह में अभिव्यक्त करते हैं i.e. हम खिलाड़ियों की संख्या एक नियम संख्या के लोगों में से निकालते हैं (एक कॉमन आधार) जो 100 या 1000 या कोई भी सुविधाजन अंक लिया जया सकता है। यहाँ हम खिलाड़ियों की संख्या को कुल लोगों की उस उम्र समूह में संख्या के प्रतिशत में अभिव्यक्त करते हैं।

टिप्पणी

उम्र समूह वर्ष (1)	लोगों की संख्या (2)	खिलाड़ियों की संख्या (3)	खिलाड़ियों का प्रतिशत (4) = (3) ×100
15-20	200	150	150/200×100=75
25-25	270	162	162/270×100=60
25-30	340	170	170/340×100=50
30-35	360	180	180/360×100=50
35-40	400	180	180/400×100=45
40-45	300	120	120/300×100=40

अब हम कार्ल–पियर्सन का सहसंबंध गुणांक लोगों की उम्र (x) और उस उम्र समूह में खिलाड़ियों के प्रतिशत (y) की गणना करते हैं।

उम्र समूह	माध्यमान (x)	(y)	$u=\dfrac{x-275}{5}$	$v=\dfrac{y-50}{5}$	u^2	v^2	uv
15-20	17.5	75	-2	5	4	25	-10
25-25	22.5	60	-1	2	1	4	-2
25-30	27.5	50	0	0	0	0	0
30-35	32.5	50	1	0	1	0	0
35-40	37.5	45	2	-1	4	1	-2
40-45	42.5	40	3	-2	9	4	-6
			Σu=3	Σv=4	Σu^2=19	Σv^2 =34	Σuv=-20

चूँकि सहसंबंध गुणांक मूल–बिंदु और मापक्रम के परिवर्तन से स्वतंत्र है हमें

$$n\Sigma uv-(\Sigma u)(\Sigma v)$$

$$\gamma_{xy}=\gamma_{uv}=\frac{n\Sigma uv-(\Sigma u)(\Sigma v)}{\sqrt{[n\Sigma u^2-(\Sigma u)^2]}\sqrt{[n\Sigma v^2-(\Sigma v)^2]}}$$

$$=\frac{6\times(-20)-3\times 4}{\sqrt{[6\times 19-(3)^2][6\times 34-(4)^2]}}=\frac{-120-12}{\sqrt{(114-9)\times(204-16)}}$$

$$\frac{-132}{\sqrt{105\times 118}}=\frac{-132}{\sqrt{10740}}=\frac{-132}{140.4991}=-0.9395$$

इसलिए, हम लोग निष्कर्ष निकालते हैं कि बहुत ऊँचे स्तर का ऋणात्मक सहसंबंध है। (करीब–करीब पूर्ण ऋणात्मक सहसंबंध) उम्र (x) और खेलने की आदत (y) के बीच। इसका मतलब है कि उम्र में बढ़ने के साथ, लोगों के खेलने की रुचि में कमी होती जाती है और विक्षेप चित्र (x, y) मूल्य ऐसे बिंदु देती हैं जो

संघनित है लगभग सरल रेखा पर जो बाँयें शीर्ष से शुरू होकर दाहिने निम्न तक जाती है।

टिप्पणी

उदाहरण 6.13: (i) सहसंबंध गुणांक की गणना x और y के संगत मूल्यों के लिए निम्नलिखित सारणी के आधार पर करें :

x	2	4	5	6	8	11
y	18	12	10	8	7	5

(ii) सारणी के प्रत्येक x के मूल्य को 2 से गुणा करें और 6 जोड़ें। प्रत्येक y के मूल्य को 3 से गुणन करें और 15 घटाए। अब दो नए प्राप्त मूल्यों के समुच्चय का सहसंबंध गुणांक प्राप्त करें। वर्णन करें कि क्यों पाते हैं या नहीं पाते है ंवही परिणाम जो (i) का है।

हल : (i) सहसंबंध गुणांक की गणना

x	y	$x-\bar{x}$ $= x-6$	$y-\bar{y}$ $= y-10$	$(x-\bar{x})^2$	$(y-\bar{y})^2$	$(y-\bar{y})$
2	18	-4	8	16	64	-32
4	12	-2	2	4	4	-4
5	10	-1	0	1	0	0
6	8	0	-2	0	4	0
8	7	2	-3	4	9	-6
11	5	5	-5	25	25	-25
Σx=36	Σy=60	$\Sigma\ (x-\bar{x}) = 0$	$\Sigma\ (y-\bar{y}) = 0$	$\Sigma\ (x-\bar{x})^2 = 50$	$\Sigma\ (y-\bar{y})^2 = 106$	$\Sigma\ (x-\bar{x})(y-\bar{y}) = -67$

हमें, $\bar{X} = \frac{1}{6}\Sigma X = \frac{36}{6} = 6$ और $\bar{Y} = \frac{1}{6}\Sigma Y = \frac{60}{6} = 10$

इसलिए x और y के बीच सहसंबंध गुणांक दिया जाता है

$$\gamma_{xy} = \frac{\Sigma(X-\bar{X})(Y-\bar{Y})}{[\Sigma(X-\bar{X})^2(Y-\bar{Y})^2]^{1/2}} = \frac{-67}{\sqrt{50106}} = \frac{-67}{\sqrt{5300}}$$

$$= \frac{-67}{32.81} = -0.92$$

इसलिए, चर x और y काफी ऋणात्मक सहसंबंधित हैं।

(ii) हम लोग नए चर u और v को निम्न प्रकार से परिभाषित करें :

$$U = 2X + 6 \text{ और } V = 3Y - 15$$

अब वांछित है कि नए मूल्यों के समुच्चय को बीच सहसंबंध गुणांक निकालें जैसा कि निम्नलिखित तालिका में दिया गया है :

सहसंबंध गुणांक की गणना U और V के लिए

टिप्पणी

x	y	$U = 2X +$	$V = 3Y - 1$	U^2	V^2	UV
2	18	10	39	100	1521	390
4	12	14	21	196	441	294
5	10	16	15	256	225	240
6	8	18	9	324	81	162
8	7	22	6	484	36	132
11	5	28	0	764	0	0
कुल		Σu=108	Σv=90	Σu^2=2144	Σv^2=2304	Σuv =1218

$$\therefore \gamma_{uv} = \frac{n\Sigma uv - (\Sigma u)(\Sigma v)}{\sqrt{[n\Sigma u^2 - (\Sigma u)^2]}\sqrt{[n\Sigma v^2 - (\Sigma v)^2]}} = \frac{6\times1218 - 108\times 90}{\sqrt{6\times2144 - (108)^2}\sqrt{6\times 2304 - (90)^2}}$$

$$= \frac{7308 - 9720}{\sqrt{(12864 - 11664)(13824 - 8100)}} = \frac{-2412}{\sqrt{1200\times 5724}} = \frac{-2412}{\sqrt{6868860}}$$

$$= \frac{-2412}{2620.8395} = -0.92$$

उदाहरण 6.14: अगर दो यादृच्छिक चरों X और Y के बीच संबंध हैं $2x + 3y = 4,$ तब उनके बीच सहसंबंध गुणांक है

(i) -2/3 (ii) 1 (iii) -1, (iv) इनमें से कोई नहीं

हल : चूँकि x और y रैखिक संबंध से जुड़े हैं

$$2x + 3y = 4 \quad \Rightarrow \quad y = -\frac{2}{3}x + \frac{4}{3} \qquad \ldots(*)$$

x और y के बीच पूर्ण सहसंबंध हैं, *i.e.* $r = \pm 1$ आगे चूँकि (*) से, जैसे–जैसे x बढ़ता है, y घटता है। इसलिए x और y के बीच पूर्ण ऋणात्मक सहसंबंध है।

$$\therefore r = -1 \quad \Rightarrow \quad \text{(iii) सही उत्तर है।}$$

Aliter : अगर x और y जुड़े हैं रैखिक संबंध $ax + by + c = 0$ से, तब

$$r = \gamma(x, y) = \begin{cases} +1, \text{ अगर } a \text{ और } b \text{ के विपरीत चिन्ह है} \\ -1 \text{ अगर } a \text{ और } b \text{ के समान चिन्ह हैं} \end{cases}$$

हमें दिया गया है $\Sigma x + 3y = 4,$ चूँकि $a = 2$ और $b = 3$ का समान चिन्ह है,

$$r = \gamma(x, y) = -1$$

टिप्पणी

उदाहरण 6.15: एक द्विचर समंक के लिए $[(x, y)] = [(20,5),\ (21,4),\ (22,3)]$, x और y के बीच सहसंबंध गुणांक हैं :

(i) 0; (ii) 1, (iii) -1 (iv) 0.5

हल : दिए गए समंक के लिए, हम अवलोकन करते हैं कि

$20 + 5 = 25,\ 21 + + 4 = 25$ और $22 + 3 = 25$

इसलिए, x और y रैखिक संबंध से जुड़े हैं : $(x + y) = 25$ ...(*)

x और y के बीच पूर्ण सहसंबंध है $\Rightarrow r = \pm 1$ ...(**)

(*) से हम पाते हैं $y = 25 - x$

$\therefore$ जैसे–जैसे x बढ़ता है, y घटता है (समान परिमाण से)

$\Rightarrow$ x और y ऋणात्मक रूप से सहसंबंधित हैं ...(***)

(**) और (***) से, हम निष्कर्ष निकालते हैं कि

$$\gamma = r(X, Y) = -1$$

Aliter : हम $r(X,Y)$ के मूल्य की गणना सूत्र का प्रयोग कर निकाल सकते हैं। यह एक प्रश्न के रूप में पढ़ने वाले के लिए छोड़ा गया है।

उदाहरण 6.16 दो चरों X और Y के बीच सहसंबंध गुणांक 0.4 पाया जाता है। $2x$ और $-y$ के बीच क्या सहसंबंध है?

(*b*) ''अगर दो चरों के बीच सहसंबंध गुणांक धनात्मक है, तब $-x$ और $-y$ के बीच भी सहसंसबंध का गुणांक धनात्मक है।'' समीक्षा करें।

हल : हमें दिया गया है कि $r(x, y) = 0.4$ ...(i)

हम जानते हैं कि $r(ax, cy) = \dfrac{a \times c}{|a| \times |c|} \cdot r(x, y)$ ...(*)

(*) और (i) का प्रयोग कर, हम पाते हैं :

$$r(2x, -y) = r(2x, -1y) = \frac{2-1}{|2|x|-1|} r\ (r,y)$$

$$= \frac{-2 \times 0.4}{2 \times 1} = -0.4$$

(b) हमें दिया गया है : $r(x, y) > 0$ ...(ii)

(*) का प्रयोग कर, हम पाते हैं

$$r(-x, -y) = r(-1.x, -1.y) = \frac{(-1)\times(01)}{|-1|\times|-1|} r(x, y) = r(X, Y)$$

इसलिए, अगर $r(X,Y)$ धनात्मक है, सब $r(-x, -y)$ भी धनात्मक है।

6.5.2 कार्ल–पियर्सन के सहसंबंध की परिकल्पनाएँ (Karl Pearson's of Correlation Coeffcient Hypothesis)

टिप्पणी

पियर्सन का सहसंबंध गुणांक r निम्नलिखित परिकल्पनाओं पर आधारित हैं :

(i) अध्ययनाधीन चर X और Y रैखिक रूप से सम्बन्धित है : दूसरे शब्दों में, समंक का विक्षेप चित्र सरल रेखा वक्र प्रदान करेगी।

(ii) प्रत्येक चर (श्रेणी) बहुत प्रकार के स्वतंत्र योगदान करने वाले ऐसे कारणों की प्रकृति से प्रमाणित होती है कि वह प्रसामान्य वितरण प्रदान करती है : उदाहरण के लिए, उम्र, ऊँचाई, पूर्ति, कीमत इत्यादि से संबंधित चर इस परिकल्पना पर खड़े उतरते हैं। कार्ल पियर्सन के शब्दों में :

> ''जटिल अवयवों (जो मापा जा सकता है) के आकार का निर्धारण कई प्रकार के स्वतंत्र योगदान करने वाले कारणों से होती है, उदाहरण स्वरूप, जलवायु पोषण, शारीरिक प्रशिक्षण और असंख्य दूसरे कारण जिन्हें व्यक्तिगत रूप से अवलोकित नहीं किया जा सकता या उनका प्रभाव मापा जा सकता है।''

कार्ल पियर्सन आगे अवलोकित करते हैं ''योगदान करने वाले कारणों के विचरणों की तीव्रता उनके निरपेक्ष कारणों की तुलना में कम होती है और यह विचरण वितरण का प्रसामान्य नियम की अनुगामी होती है।''

(iii) इस तरह से प्रत्येक चर श्रेणी पर कार्य करने वाला बल एक दूसरे से स्वतंत्र नहीं हैं परंतु कार्य कारण के रूप में संबंधित हैं– दूसरे शब्दों में, दो चर श्रेणियों के मदो ंपर कार्य करने वाले विभिन्न बलों के बीच कार्य कारण का संबंध होता है। ये बल दोनों श्रेणियों के लिए निश्चित रूप से उभयनिष्ट (Common) होना चाहिए। अगर कार्यवाहक बल एक दूसरे से बिलकुल स्वतंत्र है और किसी भी तरह संबंधित नहीं हैं, तब अध्ययनाधीन चरों के बीच कोई सहसंबंध नहीं हो सकता है।

उदाहरण के लिए सहसंबंध निम्न के बीच :

(a) ऊँचाईयों की श्रेणी और व्यक्तियों की आय एक कालावधि में

(b) विवाह दर की श्रेणी और एक कालावधि में एक देश का कृषि उत्पादन की दर

(c) जूते के आकार से संबंधित श्रेणी और व्यक्तियों के समूह की बुद्धि शून्य होनी चाहिए, चूँकि इनमें से प्रत्येक उपर्युक्त स्थिति में दो चरों की श्रेणियों पर प्रभाव डालने वाले बल एक दूसरे से बिल्कुल स्वतंत्र हैं।

यद्यपि, अगर उपर्युक्त स्थितियों में दिये गये समंक के समुच्चयों का मान शून्य नहीं है तब इस तरह का सहसंबंध सांयोगिक सहसंबंध या बनावटी या भ्रामक सहसंबंध कहलाता है।

[6.1.3 भी देखें]

6.5.3 r की व्याख्या (Interpretation of r)

निम्नलिखित सामान्य बिन्दुओं को ध्यान में रखना चाहिये सहसंबंध गुणांक r के प्रेक्षित मूल्य की व्याख्या करते वक्त :

(i) $r = +1$ का अर्थ है चरों के बीच पूर्ण सहसंबंध है। दूसरे शब्दों में, विक्षेप चित्र सीधी रेखा होगी जो नीचे बायें से शुरू होकर दायें ऊपर तक जाएगी जैसा चित्र 6.1, 6.3 में दर्शाई गई है।

(ii) $r = -1$ का अर्थ है चरों के बीच पूर्ण ऋणात्मक सहसंबंध। इस स्थिति में भी विक्षेप चित्र फिर सीधी रेखा होगी जेसा चित्र 6.1 6.3 में दर्शायी गई है।

(iii) अगर $r = 0$, चर अ सहसंबंधित है। दूसरे शब्दों में, चरों के बीच कोई रैखिक (सीधी रेखा) संबंध नहीं है। यद्यपि, $r = 0$ का अर्थ यह नहीं है कि चर स्वतंत्र है [c.f. गुण III, पृ.सं. ....]

(iv) दूसरे मूल्य जो r के लिए $+1$ से -1 के बीच होते हैं उनकी व्याख्या की कोई निश्चित नियमावली नहीं है। अधिकतम जो हम निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि r का मान जितना करीब है $+1$ के उतना अधिक चरों के बीच सहसंबंध है और r का मूल्य जितना शून्य के करीब है, उतना कम सहसंबंध चरों के बीच है। r का मूल्य की व्याख्या करने में हमें बहुत सतर्कता रखनी चाहिए क्योंकि ज्यादातर इसकी गलत व्याख्या कर दी जाती है।

(v) सहसंबंध गुणांक का भरोसा या मूल्य की सार्थकता कई कारकों पर निर्भर करता है। एक तरीका है r के सार्थकता परीक्षण से r का संभाव्य मूल्य ज्ञात करना [c.f. 6.5], जो r के मूल्य के अलावा प्रतिदर्श के आकार का भी ध्यान रखती है। एक गहन परीक्षण प्रतिदर्श सिद्धान्त में स्टूडेंट के t परीक्षण से दिया गया है। (अध्याय –7)

(vi) दूसरा अधिक उपयोगी माप r के मूल्य की व्याख्या के लिए निर्धारण का गुणांक है [c.f. 6.4]। यह अवलोकित किया गया है कि दो चरों के बीच की निकटता r के समानुपाती नहीं है।

6.6 संभाव्य विभ्रम (Probable Error)

सहसंबंध गुणांक के मान की गणना करने के बाद, दूसरा कदम है यह निकालना कि किस सीमा तक यह विश्वसनीय है। सहसंबंध का संभाव्य विभ्रम, साधारणः P.E.(r) द्वारा द्योतित एक पुराना माप है सहसंबंध गुणांक के प्रेक्षित मान के विश्वसनीयता परीक्षण का जहाँ तक यह यादृच्छिक प्रतिदर्श की स्थितियों पर निर्भर करता है।

अगर प्रतिदर्श के जोड़े का प्रेक्षित सहसंबंध गुणांक r है तब इसकी प्रमाप त्रुटि, साधारणतया 6.6(r) से द्योतित दी जाती है :

$$S.E. = \frac{1-r^2}{\sqrt{n}} \qquad \ldots(6.10)$$

टिप्पणी

सहसंबंध गुणांक का संभाव्य विभ्रम दी जाती है :

$$P.E.(r) = 0.6745 \times S.E.(r) = 0.6745 \frac{(1-r^2)}{\sqrt{n}} \qquad \ldots(6.11)$$

कारक 0.6745 को लेने का कारण है कि प्रसामान्य वितरण में 50% प्रेक्षण $\mu \pm 0.6745$ की सीमा में पड़ते हैं, जहाँ μ माध्य है और Σ S.D. (प्रा.वि.) हैं।

सेक्रिस्ट के अनुसार : ''सहसंबंध गुणांक का संभाव्य विभ्रम वह परिमाण है जिसे माध्य सहसंबंध गुणांक से जब जोड़ा या घटाया जाता है, वह परिमाण देती है जिसकी सीमा में यहाँ तक कि एक श्रेणी से प्राप्त सहसंबंध गुणांक जो प्रतिदर्श आधार पर चुनी गई है भी पड़ेगी।''

संभाव्य विभ्रम के उपयोग (Uses of Probable Error)

1. सहसंबंध गुणांक के संभाव्य विभ्रम का प्रयोग समष्टि सहसंबंध गुणांक की सीमाएं जानने में की जा सकती है जिस सीमा में उसका पड़ना प्रत्यासित है। समष्टि (जनसंख्या) सहसंबंध गुणांक की सीमाएं हैं

$$r \pm P.E.(r) \qquad \ldots(6.12)$$

इसका अर्थ है कि अगर हम दूसरा प्रतिदर्श उसी आकार n का उसी समष्टि (जनसंख्या) से ले जिससे प्रथम प्रतिदर्श किया गया था, तब सहसंबंध गुणांक का प्रेक्षित मान कहें r_1 दूसरे प्रतिदर्श को भी उन्हीं सीमायें में रहने की जो (6.12) में दी गई हैं, प्रत्याशा की जा सकती है।

2. P.E. (r) का प्रयोग प्रतिदर्श सहसंबंध गुणांक के प्रेक्षित मान का परीक्षण करने में कि क्या यह समष्टि के सहसंबंध से सार्थक है। निम्न विधि मार्गदर्शक सिद्धान्तों का प्रयोग हो सकता है :

(i) अगर $r <$ P.E. (r) i.e., अगर r का प्रेषित मान इसके P.E. से कम है, तब सहसंबंध बिल्कुल सार्थक नहीं है।

(ii) अगर r > 6 P.e. (r) i.e., अगर r का प्रेक्षित मान इसके P.E. के 6 गुणा से ज्यादा है, तब r निश्चित रूप से सार्थक है।

(iii) दूसरी स्थितियों में, निश्चित रूप से कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है।

महत्त्वपूर्ण टिप्पणियाँ: 1. कभी–कभी, P.R. भ्रामक निष्कर्ष की ओर निर्देशित कर सकती है खासकर जब n, प्रेक्षणों के जोड़ों की संख्या छोटी है। P.E. का असरदार ढंग से प्रयोग करने के लिए, n को काफी बड़ा होना चाहिए। यद्यपि, प्रेक्षित प्रतिदर्श सहसंबंध गुणांक के सार्थकता परीक्षण के लिए स्टूडेंट के t परीक्षण ने काफी उमदा परीक्षण दिया है।

2. P.E. सिर्फ निम्न परिस्थितियों में प्रयोग हो सकता है :

(i) समंक निश्चित रूप से प्रसामान्य समष्टि से ली गई है।

(ii) यादृच्छिक प्रतिदर्शक की स्थिति हो प्रतिदर्श प्रेक्षणों के चुनाव में।

टिप्पणी

उदाहरण 6.17: निम्नलिखित अंकों की श्रेणियों से जो 10 छात्रों द्वारा एक कला टेस्ट परीक्षा में गणित और सांख्यिकी में प्राप्त किए गए से कार्ल पियर्सन का सहसंबंध का गुणांक ज्ञात करें।

गणित में अंक	:	45	70	65	30	90	40	50	75	85	60
सांख्यिकी में अंक	:	35	90	70	40	95	40	60	80	80	50

इसके संभाव्य विभ्रम को भी परिकलित करें। कार्यवाहक माध्य के लिए 60 और 65 मानें।

(b) फिर विवेचना करें कि r का मान सार्थक है या नहीं। सीमाओं की भी गणना करें जिनके अंदर समष्टि सहसंबंध गुणांक के रहने की प्रत्याशा है।

हल : (a) मान लें गणित का अंक चर X से द्योतित होता है और सांख्यिकी का अंक चर Y से। यह नोट किया जा सकता है हम कारक 5 को दोनों X और Y श्रेणी में उभयनिष्ट ले सकते हैं। इसलिए, माप क्रम में परिवर्तन करना भी सुविधाजनक होगा। X और Y श्रेणियों के लिए क्रमशः 60 और 65 को कार्यवाही माध्य लेने पर।

$$u = \frac{X-60}{5} \quad \text{और} \quad v = \frac{Y-65}{5}$$

हमें,
$$r = \frac{n\Sigma uv - \Sigma u \Sigma v}{[n\Sigma u^2 - \Sigma u)^2] \times [n\Sigma v^2 - \Sigma v)^2]}$$

$$= \frac{10 \times 141 - 2 \times (-2)}{(10 \times 140 - 4)(10 \times 76 - 4)}$$

$$= \frac{1414}{\sqrt{1396 \times 1756}}$$

$$\Rightarrow \log r = \log 1414 - \frac{1}{2}[\log 1396 + \log 1756]$$

$$= 3.1504 - \frac{1}{2}[3.1449 + 3.2445]$$

$$= 3.1504 - \frac{1}{2} \times 6.3894$$

$$= 3.1504 - 3.1947$$

$$= -0443 = \bar{1}.9557$$

$$\Rightarrow r = Anti\log(\bar{1}.9557)$$

$$= 0031 = 0.9$$

$$\therefore r_{xy} = r_{uv} = .9$$

सहसंबंध गुणांक का संभाव्य विभ्रम दिया जाता है :

$$P \cdot E(r) = 0.6745 \frac{1-r^2}{\sqrt{n}} = \frac{0.6745 \times 0.19}{\sqrt{10}} = \frac{0.128155}{3.1623}$$

$$= 0.0405$$

(b) r की सार्थकता हमें

$$r - 0.9 \quad \text{और} \quad 6 \text{ P.E. } (r) = 6 \times 0.0405 = 0.2430$$

चूँकि r बहुत ज्यादा है 6P.E.(r) से, r का मान अत्यधिक सार्थक है।

टिप्पणी : चूँकि r का मान सार्थक है, इसका अर्थ है कि सामान्यतः एक छात्र के अंक जितने अधिक गणित में होते हैं उतना ही ज्यादा अंक सांख्यिकी में होते हैं और छात्र के अंक जितने कम गणित में होते हैं उतना ही कम सांख्यिकी में। यद्यपि, इसका अर्थ यह नहीं है कि सभी छात्र जो गणित में अच्छे हैं सांख्यिकी में भी अच्छे हैं और सभी छात्र जो गणित में कमजोर हैं वे सांख्यिकी में भी कमजोर है। यह दिमाग में अच्छी तरह बिठा लेना चाहिए कि ''सहसंबंध का गुणांक दो श्रेणियों के बीच के संबंध को अभिव्यक्त करता है और श्रेणी की व्यक्तिगत मदों के बीच नहीं।''

समष्टि सहसंबंध गुणांक की सीमायें हैं :

$$r \pm P.E.(r) = 0.9031 \pm 0.0405 \quad i.e.\ 0.8626 \text{ और } 0.9436$$

इसका मतलब है कि अगर हम दूसरे 10 प्रतिदर्श c.f. उसी समष्टि से, तब उनका सहसंबंध गुणांक के 0.8626 और 0.9436 के बीच रहने की प्रत्याशा की जा सकती है।

उदाहरण 6.18: निम्नलिखित मानों के लिए सहसंबंध के समर्थकता का परीक्षण करें प्रेक्षणों पर आधारित (i) 10 और (ii) 100, $r = + 0.4$ और $+ 0.9$ करें।

हल : हम जानते हैं कि r का प्रेक्षित मान निश्चित रूप से सार्थक है,

अगर, $$r > 6\ P.E.(r) \Rightarrow \frac{r}{P.E.(r)} > 6$$

इस स्थिति में, हमें

प्रेक्षणों की संख्या	r	$P.E.(r)$	$\frac{r}{P.E.(r)}$	r की सार्थकता
10	0.4	$0.6745\ \frac{1-(0.4)^2}{\sqrt{10}} = 0.08$	$\frac{0.4}{0.18} = 2.22 < 6$	सार्थक नहीं
100	0.4	$0.6745 \frac{1-(0.4)^2}{\sqrt{100}} = 0.06$	$\frac{0.4}{0.06} = 6.67 < 6$	सार्थक
10	0.9	$0.6745 \frac{1-(0.9)^2}{\sqrt{10}} = 0.04$	$\frac{0.9}{0.04} = 22.5 < 6$	काफी सार्थक
100	0.9	$0.6745 \frac{1-(0.9)^2}{\sqrt{100}} = 0.128$	$\frac{0.9}{0.13} = 7 < 6$	सार्थक
कुल		Σu=108	Σv=90	Σu^2=2144

टिप्पणी

6.7 द्विचर आवृत्ति तालिका में सहसंबंध (Correlation in Bivariate Frequency Table)

अगर एक द्विचर वितरण में आँकड़े बहुत अधिक हैं, उन्हें संक्षिप्त किया जा सकता है द्विधा-सारणी (two-way table) द्वारा। यहाँ प्रत्येक चर के लिए, मूल्यों को विभिन्न वर्गों (Classes) में वर्गीकृत (Grouped) किया जाता है (दोनों चरों के लिए एक समान जरूरी नहीं), दृष्टिकोण में समान धारणा रखते हुए जैसा एक चर वितरण की स्थिति में होता है। उदाहरण के लिए, अगर X-चर श्रेणी के लिए *m* वर्ग है Y-चर श्रेणी के लिए *n* वर्ग है तब द्विधा–सारणी में *mxn* कोष्ठिकायें होंगी। विभिन्न मूल्यों के जोड़े (x, y) गुजरते हुए और मिलान चिन्हों का प्रयोग कर हम प्रत्येक कोष्ठक के लिए आवृत्ति पा सकते हैं और इस तरह तथाकथित द्विचर आवृत्ति तालिका प्राप्त कर सकते हैं जैसा नीचे दर्शाया गया है।

<table>
<tr><td colspan="2" rowspan="2">x-श्रेणी →
y-श्रेणी</td><td>वर्ग</td><td rowspan="2">Y के आवृत्तियों का योगफल</td></tr>
<tr><td>मध्य–बिंदु
x_1 x_2 ------ x ---------- xm</td></tr>
<tr><td>वर्ग</td><td>मध्य–बिन्दु
y_1 y_2 ----- y ----- ym</td><td>$f(x, y)$</td><td>fy</td></tr>
<tr><td colspan="2">x के आकृतियों का योगफल</td><td>fx</td><td>कुल
$\Sigma f_x = \Sigma f_y = N$</td></tr>
</table>

यहाँ $f(x, y)$ जोड़े (x, y) की आवृत्ति है।

X और Y के बीच सहसंबंध गुणांक की गणना के लिए सूत्र द्विचर आवृत्ति सारणी के लिए है

$$\gamma = \frac{N\Sigma xyf(x,y) - (\Sigma xf_x)(\Sigma yf_y)}{\sqrt{[N\Sigma x^2 fx - (\Sigma xfx)^2] \times N\Sigma y^2 fy - (\Sigma yfy)^2}} \quad \ldots(6.13)$$

टिप्पणी

जहाँ N कुल आवृत्ति है। अगर कोई भ्रम नहीं है हम सूत्र का प्रयोग कर सकते हैं :

$$\gamma = \gamma_{XY} = \frac{N\Sigma fxy - (\Sigma fx)(\Sigma fy)}{\sqrt{[N\Sigma fx^2 - (\Sigma fx)^2] \times [N\Sigma fy^2 - (\Sigma fy)^2]}} \quad \ldots(6.14)$$

जहाँ आवृत्ति f गुणनफल xy के लिए प्रयुक्त होती है और कुछ नहीं है परन्तु $f(x,y)$ और आवृत्ति f क्रमशः योग Σfx और Σfy के लिए प्रयुक्त x और y की आवृत्तियाँ हैं viz. सारणी में fx और fy वर्णित है अगले पृष्ठ पर। अगर हम X और Y के मूल बिन्दु और मापक्रम में परिवर्तन कर नये चर u और v में रूपांतरित कर देती है

$$U = \frac{X - A}{h} \text{ और } V = \frac{Y - B}{k}; h > 0, K.0$$

जहाँ h और k क्रमशः x और y वर्गों की विस्तीर्णता है और A और B नियतांक हैं, तब r के गुण II से, हमें :

$$\gamma_{XY} = \gamma_{uv} = \frac{N\Sigma fuv - (\Sigma fu)(\Sigma fv)}{\sqrt{[N\Sigma fu^2 - (\Sigma fu)^2] \times [N\Sigma fv^2 - (\Sigma fv)^2]}} \quad \ldots(6.15)$$

हम लोग विधि का वर्णन उदाहरणों से करेंगे।

उदाहरण 6.19: परिवार की आय और इसका प्रतिशत खर्च भोजन पर 100 परिवारों की स्थिति में निम्नलिखित द्विचर आवृत्ति वितरण दिया। सहसंबंध के गुणांक को परिकलित करें और इसके मूल्य की व्याख्या करें।

भोजन पर खर्च (% में)	परिवार की आय (रु.)				
	200-300	300-400	400-500	500-600	600-700
10-15	-	-	-	3	7
15-20	-	4	9	4	3
20-25	7	6	12	5	-
25-30	3	10	19	8	-

हलः मान लें हम आय (रुपयों में) को द्योतित करते हैं चर X से और भोजन पर खर्च (%) Y चर से।

चरण 1. विभिन्न वर्गों के मध्य–बिन्दुओं को X और Y श्रेणियों के लिए निकालें

2. X और Y श्रेणियों के मूल बिन्दु और मापक्रम को परिवर्तन कर नये चर u और v में रूपांतरित कर देते हैं जैसा नीचे परिभाषित है :

टिप्पणी

$$U = \frac{X - A}{h} = \frac{X - 450}{100} \text{ और } V = \frac{Y - B}{k} = \frac{Y - 17.5}{5}$$

जहाँ x द्योतित करती है X-श्रेणी के मध्य–बिंदुओं को और y द्योतित करती है Y-श्रेणी के मध्य–बिन्दुओं को और h और k क्रमशः X और Y श्रेणियों के वर्गों के परिमाण हैं।

3. X के प्रत्येक वर्ग के लिए, Y के सभी वर्गों की कुल कोष्ठिका आवृत्तियाँ प्राप्त करें और उसी तरह Y के प्रत्येक वर्ग के लिए X के सभी वर्गों की कुल कोष्ठिका आवृत्तियाँ प्राप्त करें।

4. x की आवृत्तियों का चर u के संगत मानों से गुणा करें और योगफल Σfu निकालें।

5. y की आवृत्तियों को चर v के संगत मानों से गुणा करें और योगफल Σfv निकालें।

6. प्रत्येक कोष्ठिका की आवृत्ति को u और v के संगत मानों से गुणा करें और $f \times u \times v$ का गुणनफल एक वर्ग के अंदर दाहिने हाथ के कोने में प्रत्येक कोष्ठिका के लिए लिखें। उदाहरण के लिए u = - 1 और v = 2 के लिए, कोष्ठिका आवृत्ति f, 10 है। इसलिए, f, u और v का गुणनफल है $(-1) \times 2 \times 10 = -20$ जो लिखा जाता है एक वर्ग के अंतर्गत दाहिने हाथ के कोष्ठिका के शीर्घ पर। उसी तरह, u = 2 और v = 1 के लिए, गणनफल $fuv = 0 \times 2 \times 1 = 0$, और इसी तरह आगे बाकी कोष्ठक आवृत्तियों के लिए।

7. चरण σ में प्राप्त शीर्ष कोने के वर्गों के सभी अंकों को एक साथ जोड़े अन्तिम कॉलम fuv पाने के लिए प्रत्येक X और Y श्रेणी के लिए। अन्ततः अन्तिम को सम का योगदान निकालें Σfuv पाने के लिए।

8. fu और fv के मूल्यों को क्रमशः u और v के मूल्यों से गुणा करें fu^2 और fv^2 के कॉलम प्राप्त करने के लिए। इन मूल्यों को जोड़े Σfu^2 और Σfv^2 प्राप्त करने के लिए

उपर्युक्त परिकलनों को आगे के पृष्ठ पर तालिका में दर्शाया गया है।

टिप्पणी

सहसंबंध गुणांक के लिए परिकलन

	X →		200—300	300—400	400—500	500—600	600—700				
		Mid pt. x	250	350	450	550	650				
Y↓	Mid pt. y	U → V↓	−2	−1	0	1	2	f	fv	fv^2	fuv
10—15	12·5	−1	$\boxed{0}$	$\boxed{0}$	$\boxed{0}$	$\boxed{-3}$ 3	$\boxed{-14}$ 7	10	−10	10	−17
15—20	17·5	0	$\boxed{0}$	$\boxed{0}$ 4	$\boxed{0}$ 9	$\boxed{0}$ 4	$\boxed{0}$ 3	20	0	0	0
20—25	22·5	1	$\boxed{-14}$ 7	$\boxed{-6}$ 6	$\boxed{0}$ 12	$\boxed{5}$ 5	$\boxed{0}$	30	30	30	−15
25—30	27·5	2	$\boxed{-12}$ 3	$\boxed{-20}$ 10	$\boxed{0}$ 19	$\boxed{16}$ 8	$\boxed{0}$	40	80	160	−16
		f	10	20	40	20	10	N = 100	$\Sigma fv = 100$	$\Sigma fv^2 = 200$	$\Sigma fuv = -48$
		fu	−20	−20	0	20	20	$\Sigma fu = 0$			
		fu^2	40	20	0	20	40	$\Sigma fu^2 = 120$			
		fuv	−26	−26	0	18	−14	$\Sigma fuv = -48$			

$$\gamma_{uv} = \frac{\Sigma fuv - (\Sigma vu)(\Sigma fv)}{\Sigma N \Sigma fu^2 - (\Sigma fu)^2 \times (N \Sigma fv^2 - (\Sigma fv)^2}$$

$$= \frac{100 \times (-48) - 0 \times 100}{\sqrt{(100 \times 120 - 0) \times [(100 \times 200 - 100)^2]}} = \frac{-4800}{\sqrt{1200 \times (20000 - 10000)}}$$

$$= \frac{-4800}{\sqrt{12000 \times 10000}} = \frac{-48}{\sqrt{120 \times 100}} = \frac{-48}{\sqrt{12000}}$$

$$= -Anti\log\left[\log\left(\frac{48}{\sqrt{12000}}\right)\right]$$

$$= -Anti\log\left[\log 48 - \frac{1}{2}\log 12000\right] = -Anti\log\left[1.6812 - \frac{1}{2} \times 40792\right]$$

$$= -Anti\log[-0.3584] = -anti\log[\bar{1}.6416] = -0.4381$$

इसलिए, $\gamma_{xy} = \gamma_{uv} = 04381$ [r के गुणा II से]

उदाहरण 6.20: निम्न दिए गए समंक से कार्ल पियर्सन का गुणांक परिकलित करें।

टिप्पणी

अंक	उम्र वर्षों में				
	18	19	20	21	22
20-25	3	2	-	-	-
15-20	-	5	4	-	-
10-15	-	-	2	10	-
5-10	-	-	-	3	20
0-5	-	-	-	3	1

हलः अगर हम उम्र वर्षों में द्योतित करें चर X से और, अंकों के वर्ग अंतराल का मध्य बिन्दु चर Y से और लें

$$U = X - 20; \text{ और } \qquad V = \frac{Y - 12.5}{5}$$

तब द्विचर सहसंबंध सारणी जो आगे के पृष्ठ पर दी गई है

$$\gamma_{uv} = \frac{\Sigma fuv - (\Sigma vu)(\Sigma fv)}{\Sigma N \Sigma fu^2 - (\Sigma fu)^2 \times (N \Sigma fv^2 - (\Sigma fv)^2}$$

$$= \frac{40 \times (-38) - 9 \times 6}{\sqrt{[40 \times 47 - (9)^2] \times [40 \times 50 - (6)^2]}} = \frac{-1520 - 54}{\sqrt{(1880 - 81)(2000 - 36)}} = \frac{-1574}{\sqrt{1799 \times 1964}}$$

$$= -Anti\log\left[\log\left(\frac{1574}{1799 \times 1964}\right)\right] = -Anti\log\left[\log 1574 - \frac{1}{2}(\log 1799 + \log 1964)\right]$$

$$= -Anti\log[3.1970 - \frac{1}{2}(3.2551 + 3.2931)]$$

$$= -Anti\log[\bar{1}.9229] = 0.8373$$

परन्तु चूँकि सहसंबंध गुणांक मूलबिंदु और मापक्रम के परिवर्तन से स्वतंत्र है [c.f. गुण II, r का], हम पाते है

$$\gamma_{xy} = \gamma_{uv} = -0.8373$$

टिप्पणी

सहसंबंध गणांक के लिए परिकलन

Marks Y↓ / Age in years →	X	18	19	20	21	22				
	v \ u	−2	−1	0	1	2	Total f	fv	fv^2	fuv
22·5	2	$\boxed{-12}$ 3	$\boxed{-4}$ 2	$\boxed{0}$	$\boxed{0}$	$\boxed{0}$	5	10	20	−16
17·5	1	$\boxed{0}$	$\boxed{-5}$ 5	$\boxed{0}$ 4	$\boxed{0}$	$\boxed{0}$	9	9	9	−5
12·5	0	$\boxed{0}$	$\boxed{0}$	$\boxed{0}$ 7	$\boxed{0}$ 19	$\boxed{0}$	17	0	0	0
7·5	−1	$\boxed{0}$	$\boxed{0}$	$\boxed{0}$	$\boxed{-3}$ 3	$\boxed{-4}$ 2	5	−5	5	−7
2·5	−2	$\boxed{0}$	$\boxed{0}$	$\boxed{0}$	$\boxed{-6}$ 3	$\boxed{-4}$ 1	4	−8	16	−10
	Total f	3	7	11	16	3	$N = 40$	$\Sigma fv = 6$	$\Sigma fv^2 = 50$	$\Sigma fuv = -38$
	fu	−6	−7	0	16	6	$\Sigma fu = 9$			
	fu^2	12	7	0	16	12	$\Sigma fu^2 = 47$			
	fuv	−12	−9	0	−9	−8	$\Sigma fuv = -38$			

6.8 कोटि सहसंबंध रीति या श्रेणी अंतर सहसंबंध विधि (Rank Correlation Method)

टिप्पणी

कभी–कभी हम ऐसी सांख्यिकी की श्रेणियों से दो चार होते हैं जिनमें विचाराधीन चर संख्यात्मक माप में सक्षम नहीं होता है परन्तु उन्हें श्रृंखलाबद्ध व्यवस्थित किया जा सकता है। यह घटित होता है जब हम गुणात्मक विशेषताओं (गुण धर्म, attribute) पर कार्य करते हैं जैसे– ईमानदारी, सुंरदरता, चरित्र, नैतिकता इत्यादि जिनकी माप परिमाणात्मक तो नहीं हो सकती है परन्तु उन्हें श्रृंखलाबद्ध व्यवस्थित किया जा सकता है। इन परिस्थितियों में, कार्ल पियर्सन का सहसंबंध गुणांक का प्रयोग नहीं हो सकता। चार्ल्स एडवर्ड स्पियरमैन, एक ब्रिटिश मनोवैज्ञानिक, ने 1904 में एक सूत्र विकसित किया, अध्ययनाधीन दो गुणधर्मों के लिए n व्यक्तियों के बीच कोटि सहसंबंध गुणांक प्राप्त करने का।

मान लें हम चाहते हैं निकालना कि अगर दो अभिलक्षण A, कहें, बुद्धि और B, कहें, सुंदरता संबंधित है या नहीं। दोनों अभिलक्षण संख्यात्मक माप में असक्षम हैं परन्तु हम n व्यक्तियों के समूह को उनकी योग्यता (कोटि) कार्यदक्षता के सापेक्ष दो गुणधर्मों के लिए व्यवस्थित कर सकते हैं। मान लें यादृच्छिक चर X और Y व्यक्तियों की कोटि को द्योतित करता है क्रमशः A और B अभिलक्षणों के लिए। अगर हम परिकल्पना कर लें कि कोई क्रम समान नहीं है i.e. अगर कोइ दो व्यक्ति एक ही अभिलक्षण में समान कोटि नहीं प्राप्त करते हैं, तब स्पष्टतः, X और Y 1 से लेकर n तक संख्यात्मक मान लेंगे।

पियर्सन का सहसंबंध गुणांक श्रेणी–अंतर X और Y के बीच कोटि सहसंबंध गुणांक कहलाती है अभिलक्षण A और B के बीच उन व्यक्तियों के समूह के लिए।

स्पियरमैन का कोटि सहसंबंध गुणांक, सामान्यतः ρ (रो) से द्योतित की जाती है सूत्र से :

$$\rho = 1 - \frac{6\Sigma d^2}{n(n^2-1)} \qquad \ldots(6.16)$$

जहाँ d कोटियों के जोड़ों के बीच अंतर है समान व्यक्तियों का दो अभिलक्षणों में और n जोड़ों की संख्या है।

6.7.1 ρ की सीमायें : स्पियरमैन का कोटि सहसंबंध गुणांक –1 और ़1 के बीच पड़ती है i.e.

$$-1 \le \rho \le 1 \qquad \ldots(6.17)$$

टिप्पणी: चूँकि एक वास्तविक संख्या का वर्ग हमेशा गैर–ऋणात्मक होता है i.e. $>, 0, \Sigma d^2$ गैर–ऋणात्मक संख्याओं का योगफल होने की वजह से हमेशा और ऋणात्मक होती है। आगे चूँकि n भी धनात्मक है हम (6.16) से पाते हैं,

$\rho = 1 - $[कोई गैर–ऋणात्मक संख्या]

$\Rightarrow \quad \rho \leq 1 \quad \ldots$(i)

टिप्पणी

सादृश्य का चिन्ह तब ही होगा सिर्फ जब $\Sigma d^2 = 0$. अब, $\Sigma d^2 = 0$ सिर्फ और सिर्फ जब प्रत्येक $d = 0$ i.e. एक व्यक्ति की कोटि दोनों अभिलक्षणों के लिए समान है। निम्न सारणी ऐसी एक संभावना देती Government servant

x	1 2 3 …n
y	1 2 3 …n

दूसरी तरफ, ρ न्यूनतम होगी अगर Σd^2 अधिकतम है i.e. अगर विचलन d अधिकतम है इसके लिए अगर दो अभिलक्षणों के लिए व्यक्तियों की कोटि उल्टी (विपरीत) क्रम में है जैसा निम्न तालिका में दिया गया है :

व्यक्ति	1 2 3 …n n
x	1 2 3 …n-1 n
y	n n-1 n-2 …2 1

6.8.1 कोटि सहसंबंध की गणना (Calculation of Rank Correlation)

हम लोग नीचे स्पियरमैन के कोटि सहसंबंध गुणांक की गणना की चर्चा निम्नलिखित परिस्थितियों में करेंगे :

स्थिति (1) **जब वास्तविक कोटि दिये गये हैं**

इस स्थिति में निम्नलिखित चरण संबद्ध हैं :

(i) d की गणना करें, कोटियों का अंतर

(ii) d^2 की गणना करें

(iii) योग Σd^2 प्राप्त करें

(iv) सूत्र (6.15) का प्रयोग कर ρ का मान प्राप्त कर लें

उदाहरण 6.21: उसी 15 छात्रों की कोटियाँ दो विषयों A और B के लिए नीचे दी गई है; कोष्ठि के अंदर दो संख्यायें उसी छात्र की कोटि क्रमशः A और B के लिए द्योतित की गई है। (1, 10), (2, 7), (3, 2), (4, 6), (5, 4), (6, 8), (7, 3), (8, 1), (9, 11), (10, 15), (11, 9), (12, 5), (13, 14), (14, 12), (15, 13)।

स्पियरमैन के सूत्र का प्रयोग करें कोटि सहसंबंध गुणांक ज्ञात करने के लिए।

टिप्पणी

हल: स्पियरमैन का सहसंबंध गुणांक

A में कोटि (x)	B में कोटि (y)	$a = x-y$	a^2
1	10	-9	81
2	7	-5	25
3	2	1	1
4	6	-2	4
5	4	1	1
6	8	-2	4
7	3	4	16
8	1	7	49
9	11	-2	4
10	15	-5	25
11	9	2	4
12	5	7	49
13	14	-1	1
14	12	2	4
15	13	2	4
		$\Sigma d = 0$	$\Sigma d^2 = 272$

$$\rho = 1 - \frac{6\Sigma d^2}{n(n^2-1)}$$

$$= 1 - \frac{6 \times 272}{15(225-1)}$$

$$= 1 - \frac{6 \times 272}{15 \times 224}$$

$$= 1 - \frac{17}{35} = \frac{18}{35}$$

$$= 0.51$$

उदाहरण 6.22: एक सुंदरता प्रतियोगिता में प्रत्याशियों की कोटि तीन जजों द्वारा निम्न क्रम में की गई :

पहला जज :	1	6	5	10	3	2	4	9	7	8
दूसरा जज :	3	5	8	4	7	10	2	1	6	9
तीसरा जज :	6	4	9	8	1	2	3	10	5	7

कोटि सहसंबंध गुणांक का प्रयोग कर निर्धारण करें कि किन जजों के जोड़े को सुदरता की पहचान में उभयनिष्टता है।

हल : मान लें R_1, R_2 और R_3 क्रमश प्रथम, द्वितीय और तीसरे जज द्वारा प्रदत्त कोटियाँ हैं और ρ_{ij} सहसंबंध गुणांक हैं कोटियों के बीच ith और jth जज द्वारा दिया गया :

टिप्पणी

सहसंबंध गुणांक का परिकलन

R_1	R_2	R_3	$d_{12}=R_1-R_2$	$d_{13}=R_1-R_3$	$d_{23}=R_2-R_3$	d_{12}^2	d_{13}^2	d_{23}^2
1	3	6	-2	-5	-3	4	25	9
6	5	4	1	2	1	1	4	1
5	8	9	-3	-4	-1	9	16	1
10	4	8	6	2	-4	36	4	16
3	7	1	-4	2	6	16	4	36
2	10	2	-8	0	8	64	0	64
4	2	3	2	1	-1	4	1	1
9	1	10	8	-1	-9	64	1	81
7	6	5	1	2	1	1	4	1
8	9	7	-1	1	2	1	1	4
			$\Sigma d_{12}=0$	$\Sigma d_{13}=0$	$\Sigma d_{23}=0$	$\Sigma d^2_{12}=200$	$\Sigma d^2_{13}=60$	$\Sigma d^2_{23}=214$

हमें $n = 10$

स्पियरमैन का सहसंबंध गुणांक दिये जाते हैं

$$\rho_{12} = 1-\frac{6\Sigma d_{12}^2}{n(n^2-1)} = 1-\frac{6\times 200}{10\times 99} = -\frac{7}{33} = -0.2121$$

$$\rho_{13} = 1-\frac{6\Sigma d_{13}^2}{n(n^2-1)} = 1-\frac{6\times 60}{10\times 99} = -\frac{7}{11} = -0.6363$$

$$\rho_{23} = 1-\frac{6\Sigma d_{23}^2}{n(n^2-1)} = 1-\frac{6\times 214}{10\times 99} = -\frac{49}{165} = -0.2970$$

चूँकि ρ_{13} अधिकतम है, इसलिए प्रथम और तृतीय जज के अनुभव सुंदरता के मामले मे ंसबसे करीब से मिलते–जुलते हैं।

टिप्पणी : चूँकि ρ_{12} और ρ_{13} ऋणात्मक हैं, जजों के जोड़े (1, 2) और (2, 3) के विपरीत (भिन्न) अनुभव हैं सुंदरता के लिए।

स्थिति (II)—जब कोटियाँ नहीं दी गई हैं

स्पियरमैन का कोटि सहसंबंध सूत्र (6.16) का प्रयोग तब भी हो सकता है जब हम ऐसे चरों पर कार्य कर रहे होते हैं जिनकी माप संख्यात्मक होती है i.e. जब वास्तविक समंक ना कि दो चरों से संबंधित कोटियों दी गई हैं। इस स्थिति में हमें समंक को कोटियों में परिवर्तित करना होगा। सबसे बड़ा (छोटे) प्रेक्षण की कोटि 1 दिया जाता है। उसके बाद बड़ा (छोटा) प्रेक्षण की कोटि 2 दी जाती है और इसी तरह आगे भी। यह निरर्थक है कि किस तरीके से (अवरोह या आरोह)

टिप्पणी

क्रम में कोटियाँ दी जाती हैं। यद्यपि एक ही तरीका सभी विचाराधीन चरों के लिए अपनायी जानी चाहिए।

उदाहरण 6.23: निम्नलिखित समंक से विज्ञापन खर्चो और विक्रय के बीच स्पियरमैन की कोटि सहसंबंध गुणांक परिकलित करें :

विज्ञापन खर्च ('000 रु.)	:	39	65	62	90	82	75	25	98	36	78
बिक्री (लाख रु.)	:	47	53	58	86	62	68	60	91	51	84

हल: मान लें x विज्ञापन खर्च ('000 रु.) को द्योतित करता है और y बिक्री (लाख रु.) में द्योतित करता है।

X	Y	X का कोटि (x)	Y का कोटि (y)	$d = x - y$	d^2
39	47	8	10	-2	4
65	53	6	8	-2	4
62	58	7	7	0	0
90	86	2	2	0	0
82	62	3	5	-2	4
75	68	5	4	1	1
25	60	10	6	4	16
98	91	1	1	0	0
36	51	9	9	0	0
78	84	4	3	1	1
				$\Sigma d = 0$	$\Sigma d^2 = 30$

यहाँ $n = 10$

$$\therefore \qquad \rho = 1 - \frac{6\Sigma d^2}{n(n^2-1)} = 1 - \frac{6\times 30}{10\times 99} = 1 - \frac{2}{11} = \frac{9}{11} = 0.82$$

उदाहरण 6.24: सांख्यिकी में 7 छात्रों द्वारा टेस्ट परीक्षा दी गई। शिक्षक ने अपने छात्रों को कोटि प्रदान की उनके शैक्षणिक उपलब्धि पर। उच्च से निम्न उपलब्धि का क्रम, परिवार की आय के साथ प्रत्येक छात्र के लिए, नीचे दी गई है।

राय (8700 रु.), भटनागर (4200 रु.), तुली (5700 रु.), देसाई (8200 रु.), गुप्ता (20,000 रु.), चौधरी (16,000 रु.), और सिंह (17,500 रु.), राय (8700 रु.)

स्पियर मैन का कोटि सहसंबंध शैक्षणिक उपलब्धि और पारिवारिक आय के बीच परिकलित करें।

हल: हम निम्नलिखित चरों को परिभाषित करें :

X : शैक्षणिक उपलब्धि ; Y : पारिवारिक आय (रु.)

टिप्पणी

छात्र	कोटि X (x)	आय (रु.) Y	कोटि Y (y)	$d = x - y$	d^2
राय	1	8,700	4	-3	9
भटनागर	2	4,200	7	-5	25
तुलसी	3	5,700	6	-3	9
देसाई	4	8,200	5	-1	1
गुप्ता	5	20,000	1	4	16
चौधरी	6	18,000	2	4	16
सिंह	7	17,000	3	4	16
				$\Sigma d = 0$	$\Sigma d^2 = 92$

स्पियरमैन का कोटि सहसंबंध गुणांक शैक्षणिक उपलब्धि (X) और पारिवारिक आंय (Y) के बीच दी जाती है :

$$\rho_{xy} = 11 - \frac{6\Sigma d^2}{n(n^2-1)} = 1 - \frac{6 \times 92}{7 \times 48} = 1 - \frac{23}{14}$$

$$= -\frac{9}{14} = -0.6429$$

6.8.2 पुनरावृत्त कोटियाँ (Repeated Ranks)

गुण धर्मो की स्थिति में अगर श्रेणी का क्रम समान है; यदि दो या अधिक व्यक्ति किसी वर्गीकरण में एक गुणधर्म के सापेक्ष एक साथ रखे गये हैं या चर समंक की स्थिति में एक से अधिक मद समान मूल्य के साथ एक या दोनों श्रेणियों में हैं, तब स्पियरमैन का सूत्र (6.15) कोटि सहसंबंध गुणांक को परिकलित करने में असफल हो जाती है चूँकि इस स्थिति में, चर, X [व्यक्तियों की कोटि अभिलक्षण A में (प्रथम श्रेणी) और Y [व्यक्तियों की कोटि अभिलक्षण B (दूसरी श्रेणी) में 1 से n तक का मान नहीं लेती है और क्रमानुसार $\bar{x} \neq \bar{y}$, जब (6.15) को सत्यापित करते वक्त हमने माना था कि $\bar{x} = \bar{y}$

इस स्थिति में उभयनिष्ठ कोटियाँ प्रदान की जाती हैं पुनरावृत्त मदों के लिए। ये उभयनिष्ठ कोटियाँ कोटियों का समान्तर माध्य है जो इन मदों को होता अगर ये एक दूसरे से भिन्न होतीं और आगे का मद वह कोटि पायेगा जो उभयनिष्ठ कोटि की गणना में प्रयुक्त कोटि के बाद वाली कोटि होगी। उदाहरण के लिए, एक मद कोटि 4 पर पुनरावृत्त की गई। तब उभयनिष्ठ कोटि प्रत्येक मद को प्रदान की जाने वाली है (4 + 5)/2 i.e. 4.5 जो 4 और 5 का औसत है, कोटियाँ जो इन प्रेक्षणों को मिलतीं अगर ये भिन्न होते। इसके बाद के मद को कोटि 6 मिलेगी। अगर एक मद कोटि 7 पर तीन बार पुनरावृत्त हुई है, तब प्रत्येक मान को मिलने वाला उभयनिष्ठ कोटि होगी (7 + 8 + 9)/3 i.e. 8 जो समान्तर माध्य है 7, 8 और 9 का viz. वो कोटियाँ जो इन प्रेक्षणों को मिलतीं

अगर वे एक दूसरे से भिन्न होते। अगला कोटि जो प्रदान किया जायेगा वह 10 होगा।

अगर कोटि का बिल्कुल छोटा समानुपात का क्रम समान है, यह तकनीक प्रयुक्त हो सकती है सूत्र (6.16) के साथ। परन्तु अगर कोटि का बहुत बड़ा समानुपात का क्रम समान है, तब यह उचित होगा कि सूत्र (6.16) के साथ समायोजन (adjustment) या एक सुधार कारक।

"सूत्र (6.15) में $m(m^2\text{-}1)/2$ कारक जोड़े, जहाँ m मदों की वह संख्या है जो पुनरावृत्त हुई है। यह सुधार अवयव (कारक) प्रत्येक पुनरावृत्त मूल्य के लिए दोनों श्रेणियों में जोड़ा जाना चाहिए।

उदाहरण 6.25: एक मनोवैज्ञानिक ने दो शिक्षण विधियाँ A और B की तुलना करनी चाही। उसने 22 छात्रों के यादृच्छिक प्रतिदर्श का चुनाव किया। उसने उन्हें 11 जोड़ों में समूह में बाँटा ताकि एक जोड़े के छात्रों का करीब–करीब बराबर अंक हो एक बुद्धि परीक्षा में। प्रत्येक जोड़े में एक छात्र को विधि A से पढ़ाया गया और दूसरे को विधि B से और कोर्स समाप्ति के बाद उनकी परीक्षा किया। उनके द्वारा प्राप्त अंक को नीचे तालिकाबद्ध किया गया है :

जोड़ा	:	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
A	:	24	29	19	14	30	19	27	30	20	28	11
B	:	37	35	45	26	23	27	19	20	16	11	21

कोटि सहसंबंध ज्ञात करें।

कोटि सहसंबंध गुणांक का परिकलन

X	Y	X कोटि (x)	Y कोटि (y)	$d = x - y$	d^2
24	37	6	1	5	25
29	35	3	2	1	1
19	45	8.5	9.5	-1	1
14	26	10	4	6	36
30	23	1.5	5	-3.5	12.25
19	27	8.5	3	5.5	30.25
27	19	5	8	-3	9
30	20	1.5	7	-5.5	30.25
20	16	7	9.5	-2.5	6.25
28	11	4	11	-7	49
11	21	11	6	5	25
				$\Sigma d = 0$	$\Sigma d^2 = 225$

हलः माना कि चर X छात्रों के अंक जिन्हें A विधि द्वारा पढ़ाया गया है द्योतित करते हैं और Y छात्रों के अंक जिन्हें B विधि द्वारा पढ़ाया गया है द्योतित करते हैं।

टिप्पणी

X-श्रेणी में हम देखते हैं कि मूल्य 30 दो बार आती है। इनमें से प्रत्येक को उभयनिष्ठ कोटि। 1.5 प्रदान की जाती है जो 1 और 2 का समान्तर माध्य है, वे कोटियाँ जो इनकी होतीं अगर ये भिन्न होतीं। इसके बाद का मूल्य 29 को अगली कोटि viz. 3.1 फिर मूल्य 19 दो बार आती है। इन्हें उभयनिष्ठ कोटि 6.5 प्रदान की जाती है, 8 और 9 का समान्तर माध्य और आगे का मूलय viz. 14 को कोट 10 मिलता है। उसी तरह, Y-श्रेणी के मूल्य 16 दो बार आती है और प्रत्येक को उभयनिष्ट कोटि 9.5 प्रदान की जाती है, 9 और 10 का समान्तर माध्य। आगे का मूल viz. 11 कोटि 11 प्राप्त करता है।

इसलिए, X-श्रेणी में हम देखते हैं कि मद 19 और 30 पुनरावृत्त होते हैं, प्रत्येक दो बार आती है और Y-श्रेणी में मद 16 पुनरावृत्त होती है। इसलिए इनमें से प्रत्येक स्थिति में $m = 2$। इसलिए संशोधन अवयव $\frac{m(m^2-1)}{12}$ को प्रत्येक पुनरावृत्त्त मद के लिए प्रयोग करने पर, हम पाते हैं

$$\rho = 1 - = \frac{6\left[\Sigma d^2 + \frac{2(4-1)}{12} + \frac{2(4-1)}{12}\right]}{11(121-1)} \qquad [\therefore n = 11]$$

$$= 1 - \frac{6 \times 226.5}{11 \times 120} = 1 - 0.0225 = -0.0255$$

उदाहरण 6.26: निम्नलिखित समंक से कोटि सहसंबंध गुणांक का परिकलन श्रेणी के समान क्रम के लिए समायोजन करने के बाद करें।

x	:	48	33	40	9	16	16	65	24	16	57
y	:	13	13	24	6	15	4	20	9	6	19

[आई0सी0डब्लू0 (इन्टरमीडिएट), जून 2002]

हल : $R_x = x -$ **मूल्य की कोटि :** $R_y = y -$ **मूल्य की कोटि कोटियों की व्याख्या :** x श्रेणी में, हम देखते हैं 16 तीन बार पुनरावृत्त होती है। इन मूल्यों के प्रत्येक को उभयनिष्ठ कोटि 8 प्रदान की जाती है, 7, 8 और 9 का समान्तर माध्य, इन प्रेक्षणों की कोटि अगर ये भिन्न होतीं। अगला मूल्य 9 अगला कोटि पाता है viz. 10.

X	Y	Rx	R_y	$d = Rx - Ry$	d^2
48	13	3	5.5	-2.5	6.25
33	13	5	5.5	-0.5	0.25
40	24	4	1	3	9
9	6	10	8.5	1.5	2.25
16	15	8	4	4	16
16	4	8	10	-2	4

टिप्पणी

65	20	1	2	-1	1
24	9	6	7	-1	1
16	6	8	8.5	-0.5	0.25
57	19	2	3	-1	1
				$\Sigma d = 0$	$\Sigma d^2 = 41$

उसी तरह से, y-श्रेणी में प्रेक्षण 13 दो बार आता है। प्रत्येक को उभयनिष्ट कोटि 6.5 प्रदान की जाती है, 5 और 6 का समान्तर माध्य, और अगला मूल्य 9 अगला कोटि 7 पाता है।

फिर मूल्य 6 दो बार पुनरावृत्त हुई है और प्रत्येक को उभयनिष्ट कोटि (8 + 9)/2, i.e., 8.5 और अगला मूल्य 4 कोटि 10 पाता है।

संशोधन के अवयव (C.F.): स्पियरमैन का कोटि सहसंबंध गुणांक पुनरावृत्त कोटियों के लिए देता है :

$$\rho = 1 - \frac{6\Sigma\left[\Sigma d^2 + \Sigma\frac{m(m^2-1)}{12}\right]}{n(n^2-1)}$$

$$= 1 - \frac{6}{10(100-1)}[41+3]$$

$$= 1 - \frac{6\times 44}{10\times 99}$$

$$= 1 - \frac{4}{15} = \frac{11}{15} = 07333$$

पुनरावृत्त मूल्य	जितनी बार यह आता है (m)	C.F. $m(m^2-1)/12$
x-श्रेणी : 16	3	3(9-1/12=3)
y-श्रेणी : 13	2	2(4-1/12=0.5)
6	2	2(4-1/12=0.5)
कुल		3

उदाहरण 6.27: प्रेक्षणों के कुछ जोड़ों के लिए स्पियरमैन का काटि सहसंबंध गुणांक का मान 2/3 पाया गया। अन्तरों के वर्गों का योग संगत कोटियों के बीच 65 था। जोड़ों की संख्या बताएं।

हल: हमें दिया गया है $\rho = \frac{2}{3}$ और $\Sigma d^2 = 55$. अगर प्रेक्षणों के जोड़ों की संख्या n है, हमें

$$\rho = 1 - \frac{6\Sigma d^2}{n(n^2-1)} \quad \Rightarrow \quad \frac{2}{3} = 1 - \frac{6\times}{n(n^2-1)}55$$

$$\Rightarrow \frac{330}{n(n^2-1)} = 1 - \frac{2}{3} = \frac{1}{3} \quad \Rightarrow \quad n(n^2-1) = 3\times 330 = 990$$

$$\Rightarrow \; n^3 - n - 990 = 0 \qquad \ldots(*)$$

आकस्मिक विधि (Hit and Trial Method) द्वारा (*) में $n = 10$ रखने पर

L.H.S. = 10^3 - 10 – 990 = 0 = 1000 - 10 - 990 = 0 = R.H.S.

टिप्पणी

इसलिए, शेष प्रमेय द्वारा (Remainder Theorem) (n - 10) एक अवयव है $n^3 - n - 990$ का। $n^3 - n - 990$ को (n - 10) से भाग देने पर हम दूसरा अवयव पाते हैं $n^3 - n - 990$ का $n^2 + 10n + 99$

$$\therefore (*) \Rightarrow (n-1)(n^2 + 10n + 99) = 0$$

$$\Rightarrow \; n - 10 = 0 \quad \text{या} \quad n^2 + 10n + 99 = 0$$

$$\Rightarrow \; n = 10 \quad \text{या} \quad n = \frac{-10 \pm \sqrt{100 - 396}}{2} \text{(काल्पनिक मूल्य)}$$

इसलिए $n = 10$ हीं संभव मूल्य है। इसलिए, जोड़ों की संख्या 10 है।

उदाहरण 6.28: 10 छात्रों द्वारा दो विषयों में प्राप्त अंकों का कोटि सहसंबंध गुणांक 0.5 पाया गया। बाद में देखा गया कि दो विषयों के कोटियों में अंतर एक छात्र द्वारा गलती से 3 ले लिया गया 7 के बदले। क्या सही मूल्य होना चाहिए कोटि–संबंध गुणांक का?

हल : हमें दिया गया है $x = 10, \rho = 0.5$ (6.16) का प्रयोग कर, हम पाते हैं

$$0.5 = 1 - \frac{6\Sigma d^2}{n(n^2 - 1)} = 1 - \frac{6\Sigma d^2}{10 \times 99} \Rightarrow \frac{6\Sigma d^2}{990} = 1 - 0.5 = 0.5$$

$$0.5 \frac{6\Sigma d^2}{10 \times 99} \quad \text{या} \quad d^2 = \frac{990}{6 \times 2} = 82.5$$

चूँकि एक अंतर 3 गलती से ले लिया गया 7 के बदले। Σd^2 का सही मूल्य दिया जाता है :

संशोधित $\Sigma d^2 = 82.3 - 3^2 + 7^2 = 82.5 - 9 + 49 = 122.5$

संशोधित $\rho = 1 - \dfrac{6 \times 122.5}{10 \times 99} = 1 - \dfrac{49}{66} = 1 - 0.7424 = 0.2576$

6.8.3 स्पियरमैन के कोटि सहसंबंध गुणांक पर टिप्पणियाँ (Remark of Spearsman on Rank Correlation Coefficient)

1. हमें हमेशा मिलता है $\Sigma d = 0,$ जो संख्यात्मक परिकलन पर नियंत्रण प्रदान करता है।

2. चूँकि स्पियरमैन का कोटि सहसंबंध गुणांक ρ और कुछ नहीं पर पियर्सन का सहसंबंध गुणांक है कोटियों के बीच, यह उसी तरह से अभिव्यक्त की जाती है जैसे कार्ल पियर्सन का सहसंबंध गुणांक।

3. कार्ल पियर्सन का सहसंबंध गुणांक की परिकल्पना है कि वास्तविक समष्टि जिससे प्रतिदर्श प्रेक्षणों को लिया गया है प्रसामान्य है। अगर इस परिकल्पना का उल्लंघन होता है तब हमें जिस माप की जरूरत होती है वह वितरण से स्वतंत्र है (या गैर–प्राथमिक, Non-Parametric). एक वितरण से स्वतंत्र माप वह है जो समष्टि के प्राचलों (parameters) के बारे में कोई परिकल्पना नहीं

करती है। स्पियरमैन या ρ ऐसी माप है (i.e. वितरण से स्वतंत्र), चूँकि कोई बड़ी परिकल्पना समष्टि के रूप की नहीं की जाती है जिससे प्रतिदर्श प्रेक्षण लिये जाते हैं।

4. स्पियरमैन का सूत्र समझने और क्रियान्वित करने में कार्ल पियर्सन के सूत्र की तुलना में आसान है। दोनों सूत्रों द्वारा प्राप्त मान viz. पियर्सन के r और स्पियरमैन के ρ में सामान्यतः अंतर है। अंतर इस तथ्य की वजह से उत्पन्न होती है कि जब कोटि का प्रयोग होता है प्रेक्षणों के पूर्ण समुच्चय के बदले, उसमें हमेशा सूचना की कुछ कमी होती है। जबतक कि बहुत श्रेणी के पदों का मूल्य समान नहीं हो कोटि सहसंबंध का गुणांक थोड़ा ही कम होना चाहिए पियर्सन के गुणांक से।

5. स्पियरमैन का सूत्र ही केवल सूत्र है प्रयुक्त होने वाला सहसंबंध गुणांक ज्ञात करने के लिए अगर हमलोग गुणात्मक अभिलक्षणों पर कार्य कर रहे हैं जो संख्यात्मक रूप से मापी नहीं जा सकती है परन्तु श्रेणीबद्ध व्यवस्थित की जा सकती है। यह वहाँ भी प्रयुक्त हो सकती है जहाँ वास्तविक समंक दिया जाता है। आत्यंतिक प्रेक्षणों की स्थिति में, स्पियरमैन के सूत्र को पियर्सन के सूत्र पर वरीयता दी जाती है।

6. स्पियरमैन के सूत्र की सीमाएं भी हैं। यह द्विचर आवृत्ति वितरण (सहसंबंध तालिका) की स्थिति में व्यवहारिक नहीं है। $n > 30$ के लिए, इस सूत्र का प्रयोग नहीं होना चाहिए जब तक कि कोटियाँ नहीं दी गई हैं, चूँकि विपरीत स्थिति में परिकलन बहुत समय खर्च करने वाले हैं।

6.9 संगामी विचलन रीति (Method of Concurrent Deviation)

यह दो श्रेणियों के बीच सहसंबंध को निर्धारित करने की बहुत अनौपचारिक विधि है जब हम बहुत गंभीर नहीं होते हैं इसकी सूक्ष्मता के प्रति। यह विचलनों के चिन्हों पर आधारित है (i.e. परिवर्तन की दिशा) चर के मूल्यों के इसके अनुवर्ती (proceeding) मूल्य से और यह चरों के यथार्थ मूल्यों के परिमाण को संज्ञान में नहीं लेता है। इसलिए, हम लोग धन (+) चिन्ह, घटाव (-) चिन्ह का समानता (=) चिन्ह लगाते हैं विचलनों के लिए, अगर चर का मूल्य क्रमशः अधिक, कम या बराबर होता है अनुवर्त्ती मूल्य से। दो चरों के मूल्यों में विचलन संगामी कहे जाते हैं अगर उनका चिन्ह समान है i.e. या तो दोनों विचलन धनात्मक हैं या दोनों ऋणात्मक है या दोनों बराबर है। इस विधि द्वारा सहसंबंध गुणांक r की गणना के लिए प्रयुक्त सूत्र दिया जाता है :

$$\gamma = \pm\sqrt{\pm\left(\frac{2c-n}{n}\right)} \qquad \ldots(6.18)$$

जहाँ C संगामी विचलनों के जोड़ों की संख्या है और n विचलनों के जोड़ों की संख्या है। सूत्र (6.17) में धन/घटाव चिन्ह वर्गमूल के बाहर और भीतर लिया जाने वाला प्राथमिक महत्व की है।

टिप्पणी

चूँकि $-1 \leq r \leq 1$वर्गमूल के अन्दर का परिमाण, viz. $\pm\left(\frac{2c-n}{n}\right)$

निश्चित रूप से धनात्मक होनी चाहिए, नहीं तो r काल्पनिक हो जाएगी जो संभव नहीं हैं

इसलिए अगर $(2c - n)$ धनात्मक है, हम (6.18) में वर्गमूल के अन्दर और बाहर धनात्मक चिन्ह लेते हैं और अगर $(2c - n)$ ऋणात्मक है, हम (6.18) वर्गमूल के अंदर और बाहर ऋणात्मक चिन्ह लेते हैं।

टिप्पणियाँ 1. यह स्पष्ट रूप से नोट किया जाना चाहिए कि यहाँ n प्रेक्षणों के जोड़ों की संख्या नहीं है वरन यह विचलनों के जोड़ों की संख्या है और इसलिए यह प्रेक्षणों के जोड़ों की संख्या से एक कम होती है।

2. सूत्र (6.18) से आगणित r (Computed r) संगामी विचलन का गुणांक भी कहलाती है।

3. संगामी विचलनों का गुणांक प्राथमिक रूप से निम्नलिखित सिद्धान्त पर आधारित है :

''अगर काल श्रेणियों का लघु समय उच्चावचन धनात्मक रूप से सह–संबंधित है या दूसरे शब्दों में, अगर उनके विचलन संगामी हैं, उनके वक्र समान दिशा में जायेंगे और उनके बीच धनात्मक सहसंबंध की सूचना देंगे।''

इसलिए (6.18) से आगणित r सामान्यतः सिर्फ लघु समय उच्चावचनों के बीच के संबंध की ही सूचना देता है।

उदाहरण 6.29: नीचे दिए गए समंक से संगामी विचलन के गुणांक को परिकलित करें :

वर्ष	:	1993	1994	1995	1996	1997	1998	1999	2000	2001
पूर्ति	:	160	164	172	182	166	170	178	192	186
कीमत	:	292	280	260	234	266	254	230	190	200

टिप्पणी

हल :

वर्ष	पूर्ति	विचलन का चिन्ह अनुवर्ती मूल्य से (x)	कीमत	विचलन का चिन्ह अनुवर्ती मूल्य से (y)	विचलनों का गुणनफल
1993	160		292		
1994	164	+	280	–	–
1995	172	+	260	–	–
1996	182	+	234	–	–
1997	166	–	266	+	–
1998	170	+	254	–	–
1999	178	+	230	–	–
2000	192	+	190	–	–
2001	186	–	200	+	–

यहाँ हमें : n = विचलनों के जोड़ों की संख्या = 9-1 = 8

$C = 0$ चूँकि कोई विचलन का जोड़ा ऐसा नहीं है जिनका समान चिन्ह हो

i.e. चूँकि कोई गुणन विचलन xy धनात्मक नहीं है।

संगामी विचलनों का गुणांक दिया जाता है।

$$\gamma = \pm\sqrt{\pm\left(\frac{2c-n}{n}\right)} = \pm\sqrt{\left(\frac{0-8}{8}\right)} = \pm\sqrt{\pm(-1)}$$

चूँकि $2c - n = -8$ *i.e.* (ऋणात्मक), हम वर्गमूल के अंदर और बाहर ऋणात्मक चिन्ह लेते हैं।

$$\gamma = -1\sqrt{-(-1)} = -1$$

इसलिए, पूर्ति और कीमत के बीच पूर्ण ऋणात्मक सहसंबंध है।

उदाहरण 6.30: निम्नलिखित समंक के लिए संगामी विचलनों का गुणांक परिकलित करें :

पूर्ति	:	65	40	35	75	63	80	35	20	80	60	50
माँग	:	60	55	50	56	30	70	40	35	80	75	80

टिप्पणी

हलः

पूर्ति (x)	विचलन का चिन्ह अनुवर्ती मूल्य से (x)	पूर्ति (x)	विचलन का चिन्ह अनुवर्ती मूल्य से (y)	विचलनों का गुणनफल (xy)
65		60		+
40	–	55	–	+
35	–	50	–	+
75	+	56	+	+
63	–	30	–	+
80	+	70	+	+
35	–	40	–	+
20	–	35	–	+
80	+	80	+	+
60	–	75	–	+
50	–	80	+	–

यहाँ हमें, $n =$ विचलनों के जोड़ों की संख्या $= 11 - 1 = 0$

$c =$ विचलनों के जोड़ों की संख्या समान चिन्हों वाले की $= 9$

संगामी विचलनों के गुणांक दिया जाता है

$$\gamma = \pm\sqrt{\pm\frac{(2c-n)}{n}} = \pm\sqrt{\pm\frac{2\times 9 - 10}{10}} = \pm\sqrt{\pm 0.8}$$

चूँकि $2c - n = 8,$ धनात्मक हे, हम वर्गमूल के अंदर और बाहर धनात्मक चिन्ह लेते हैं

ताकि $\gamma = +\sqrt{0.8} = 0.89$

6.10 निर्धारण का गुणांक (Co-efficient of Determination)

दो चर श्रेणियों के बीच सहसंबंध का गुणांक उनके बीच रैखिक संबंध की माप है और सूचित करती है एक चर के विचरण का परिमाण जो जुड़ी हुए है या उत्तरदायी होती है दूसरे चर से। एक अधिक उपयोगी और तुरंत समझ आने वाली माप इस उद्देश्य के लिए निर्धारण का गुणांक है जो निर्भर चर मे ंप्रतिशत विचरण देती है जिसकी गणना स्वतंत्र चर द्वारा होती है। दूसरे शब्दों में, निर्धारण का गुणांक प्रसरण का वर्णित समानुपात पूर्ण प्रसरण के सापेक्ष देती है। निर्धारण का गुणांक सहसंबंध गुणांक के वर्ग से दी जाती है, i.e. $r^2 =$ इसलिए

टिप्पणी

$$\text{निर्धारण का गुणांक} = r^2 = \frac{\text{वर्णित प्रसरण}}{\text{कुल प्रसरण}} \quad \ldots(6.19)$$

निर्धारण का गुणांक एक बहुत उपयोगी और बेहतर माप है r के मान की व्याख्या के लिए। टट्टल के अनुसार :

''सहसंबंध का गुणांक को समग्रता से अधिक मूल्यांकन किया गया है और सम्पूर्ण में बहुत ज्यादा प्रयुक्त होती है। इसका वर्ग, दो चरों के रैखिक सह प्रसरण की माप का बहुत उपयोगी माप है निर्धारण का गुणांक। अध्येता को हमेशा प्रत्येक सहसंबंध गुणांक को वर्ग करने की आदत रखनी चाहिए, किसी निष्कर्ष पर पहुँचने से पहले जो कहा या वर्णित किया जाये, रैखिक संबंध की सीमा के बारे में दो सह–संबंधित चरों के बीच।''

उदाहरण के लिए, अगर r का मान = 0.8, हम यह निष्कर्ष नहीं निकाल सकते हैं कि विचरण को 80% आपेक्षिक श्रेणियों में (निर्भर चर) है की वजह है अधीनस्थ शृंखला (स्वतंत्र चर) मे ंविचरण। परन्तु निर्धारण का गुणांक इस स्थिति में $r^2 = 0.64$ जिसका अर्थ है कि आपेक्षिक श्रेणियों में केवल 64% विचरण को अधीनस्थ श्रेणी द्वारा वर्णित किया गया है और बाकी 36% विचरण दूसरे अवयवों की वजह से हैं।

उस समान तर्क से ही दो सहसंबंधों की तुलना करते वक्त, एक का 0.4 है और दूसरे का 0.8 यह भ्रामक होगा निष्कर्ष निकालना कि दूसरी स्थिति में सहसंबंध दुगुनी है पहली स्थिति में सहसंबंध के। निर्धारण का गुणांक स्पष्ट रूप से इस दृष्टिकोण को उजागर करता है, चूँकि r = 0.4 की स्थिति मे ंनिर्धारण का गुणांक 0.64 है, जिससे हम निष्कर्ष निकालते हैं कि दूसरी स्थिति में सहसंबंध चार गुना अधिक है पहली स्थिति में सहसंबंध का।

टिप्पणियाँ 1. उपर्युक्त विवेचना का अर्थ है कि :

''दो चरों के बीच के संबंध की नजदीकी सहसंबंध गुणांक r से निर्धारित की गई समानुपाती नहीं है।''

2. निम्नलिखित तालिका निर्धारण के गुणांक (r^2) का मूल्य विभिन्न r के मूल्य के लिए यह देखा जा सकता है कि उपर्युक्त तालिका से जैसे जैसे r का मान

r :	0.1	0.2	0.3	0.4	0.5	0.6	0.7	0.8	0.9	1.0
r^2 :	0.01	0.04	0.09	0.16	0.25	0.36	0.49	0.64	0.81	1.00

घटता है r^2 बबहुत तेतजी से घटता है सिर्फ दो विशेष परिस्थितियों में जब r = 0 और r = 1 होता है जब हम पाते हैं $r^2 = r$.

3. निर्धारण का गुणांक हमेशा गैर–ऋणात्मक होता है इसलिए यह नहीं बताती है कि संबंधों की दिशा (क्या यह धनात्मक है या ऋणात्मक) दो श्रेणियों के बीच।

टिप्पणी

4. गैर–निर्धारण का गुणांक (Co-efficient of Non-Determination) अवर्णित विचरण से पूर्ण विचरण का अनुपात गैर–निर्धारण का गुणांक कहलाता है। यह सामान्यतः K^2 से द्योतित होता है और सूत्र से दिया जाता है :

$$K^2 = \frac{\text{अवर्णित प्रसरण}}{\text{कुल प्रसरण}} = 1 - \frac{\text{वर्णित प्रसरण}}{\text{कुल प्रसरण}} \qquad \ldots(6.20)$$

5. अलगाव का गुणांक (Co-efficient of Alienation) : अलगाव का गुणांक दिया जाता है गैर–निर्धारण गुणांक के वर्ग मूल द्वारा : i.e. K द्वारा जैसा नीचे दिया गया है :

$$K = \pm\sqrt{1-r^2} \qquad \ldots(6.20a)$$

अपनी प्रगति जाँचिए (Check Your Progress)

1. निम्नलिखित सहसंबंधों की प्रकृति बतायें (धनात्मक, ऋणात्मक या सहसंबंध नहीं)

   (क) ऊनी वस्त्रों की बिक्री और दिवस कार्यक्रम

   (ख) साड़ी का रंग और औरत की बुद्धि जो इसको पहनती है; और

   (ग) वर्षा की मात्रा और फसल का उत्पादन

2. विक्षेप चित्र खींचते वक्त अगर सभी बिंदु एक सीधी रेखा नीचे की ओर बायें से दाहिनी ओर जाते हुए प्रतीत होती है, तब यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि

   (क) पूर्ण धनात्मक सहसंबंध

   (ख) सरल धनात्मक सहसंबंध

   (ग) पूर्ण ऋणात्मक सहसंबंध

   (घ) कोई सहसंबंध नहीं

3. द्विचर समंक के लिए : $\{(x, y) = (10,4), (11,3), (12,2), (14,1)(8,6)\}$ x और y के बीच सहसंबंध का गुणांक है

   (क) –1   (ख) 0.5

   (ग) 1   (घ) 0

4. अगर कोटि सहसंबंध गुणांक 0.6 है और कोटियों के अंतर के वर्गों का योगफल 66 है, तब जोड़ों की संख्या है–

   (क) 8   (ख) 9

   (ग) 10   (घ) 11

टिप्पणी

5. दो चरों के बीच सहसंबंध का मान $r = 0.6$ और दूसरे दो चरों के बीच 0.3 है। क्या इसका अर्थ है पहला सहसंबंध दूसरे की अपेक्षा दुगुनी मजबूत है?

   (क) हाँ (ख) नहीं

   (ग) कुछ नहीं कहा जा सकता (घ) इनमें से कोई नहीं

6. दो चरों के बीच सहसंबंध का मान 0.9 है और दूसरे चरों के बीच 0.3 है। क्या इसका अर्थ है कि पहला सहसंबंध दूसरे के अपेक्षा तिगुनी मजबूत है?

   (क) नहीं (ख) हाँ

   (ग) कुछ निश्चित नहीं (घ) इनमें से कोई नहीं

7. अगर यादृच्छिक चरों के बीच सहसंबंध गुणांक धनात्मक है, निम्नलिखित वक्तव्य पर समीक्षा दें।

   (क) यथार्थ (ख) गलत

   (ग) कोई निश्चित नहीं (घ) इनमें से कोई नहीं

6.11 अपनी प्रगति जाँचिए प्रश्नों के उत्तर (Answers to Check Your Progress)

1. (क) धनात्मक (ख) सहसंबंध नहीं (ग) धनात्मक
2. (ग)
3. (क)
4. (ग)
5. (ख)
6. (क)
7. (क)

6.12 सारांश (Summary)

दो चर सह–सम्बन्धित कहे जाते हैं अगर एक चर में परिवर्तन का परिणाम दूसरे चर के संगत परिवर्तन में होती है।

अगर दो चरों के मूल्य एक ही दिशा में विचरण करते हैं। i.e., अगर एक चर के मूल्य में वृद्धि या न्हास का परिणाम औसत में दूसरे चर के मूल्य में वृद्धि या ह्रास प्रतिपादित करती है जो सहसंबंध घनात्मक और इसका विलोम सहसंबंध ऋणात्मक कही जाती है।

दो चरों के बीच सहसंबंध रैखिक कही जाती है अगर एक चर में इकाई परिवर्तन के संगत दूसरे चर के मूल्यों के समूचे विस्तार में नियत परिवर्तन होता है। दो चरों के बीच का संबंध गैर–रैखीय या वक्र रेखीय कहलाती है जब एक

टिप्पणी

चर के संगत ईकाई परिवर्तन के लिए, दूसरा चर नियत दर से परिवर्तित नहीं होकर उतार–चढ़ाव के दर से परिवर्तित होती है।

अगर दो चरों के बीच कार्य–कारण का संबंध है, तो वे एक दूसरे से रूपांतरित होने के लिए बंधे होते हैं और इसलिए उनके बीच उच्च स्तर का सहसंबंध होना निश्चित है। दूसरे शब्दों में, कार्य–कारण भाव का अर्थ हमेशा सहसंबंध होता है। यद्यपि, इसका विपरीत सही नहीं है।

सहसंबंध के अध्ययन की विधियाँ

दो चरों के बीच सामान्यतः प्रयुक्त होने वाली विधियाँ सहसंबंध के अध्ययन के लिए हैं–

(i) विक्षेप चित्र या बिंदु चित्र रीति

(ii) कार्ल–पियर्सन का सहसंबंध गुणांक

(iii) द्विचर आवृत्ति सारणी

(iv) श्रेणी–अन्तर रीति

(v) संगामी विचलन

विक्षेप चित्र एक द्विचर वितरण के चित्रमय प्रदर्शिन की सबसे आसान तरीकों में एक है और हमें दो चरों के बीच सहसंबंध सुनिश्चित करने का सबसे आसान साधन उपलब्ध कराती है।

दो चरों के बीच रैखिक संबंधों की तीव्रता या परिमाण को मापने की गणितीय विधि कार्ल–पियर्सन द्वारा सुझायी गयी।

कार्ल पियर्सन की माप, जिसे दो चरों (श्रेणियों) X और Y के बीच पियर्सन का सहसंबंध गुणांक कहा जाता है, सामान्यतः $\gamma(x, y)$ या r_{xy} से द्योतित होती है, उनके बीच के रैखिक संबंध की संख्यात्मक माप है और परिभाषित होती है X और Y के बीच के सह–विचरण के अनुपात, जो लिखा जाता है *Cov.(X, Y)* से और X और Y के प्रमाप विचलन के गुणनफल से।

संकेत सूत्रों से,

$$r = \frac{Cov(x, y)}{\sigma x \sigma y}$$

अगर $(x_1 y_1)(x_2 y_2) - - - (x_n y_n)$ X और Y चरों के n जोड़े का अवलोकन हैं एक द्विचर वितरण में, तब

$$Cov(x, y) = \frac{1}{n}\Sigma(x - \bar{x})(y - \bar{y}); \sigma x = \sqrt{\frac{1}{n}\Sigma(x - \bar{x})^2}; \sigma y = \sqrt{\frac{1}{n}\Sigma(y - \bar{y})^2}$$

पियर्सन का सहसंबंध गुणांक संख्यात्मक रूप से 1 से ज्यादा नहीं हो सकता। संकेताक्षरों में,

$$1 \le r \le -1$$

सहसंबंध गुणांक के मान की गणना करने के बाद, दूसरा कदम है यह निकालना कि किस सीमा तक यह विश्वसनीय है। सहसंबंध का संभाव्य विभ्रम साधारणतः $P.E(r)$ द्वारा द्योतित एक पुराना माप है।

अगर प्रतिदर्श के n जोड़े का प्रेक्षित सहसंबंध गुणांक r है तब इसकी प्रमाप त्रुटि, साधारणतः $S.E.(r)$ से द्योतित होती है,

$$S.E. = \frac{1-r^2}{\sqrt{n}}$$

सहसंबंध गुणांक का संभाव्य–विभ्रम दी जाती है।

$$P.E.(r) = 0.6745 \times S.E.(r) = 0.6745 \frac{(1-r^2)}{\sqrt{n}}$$

द्विचर आवृत्ति तालिका में सहसंबंध

अगर एक द्विचर वितरण में आँकड़े बहुत अधिक हैं, उन्हें संक्षिप्त किया जा सकता है द्विधा सारणी द्वारा। यहाँ प्रत्येक चर के लिए, मूल्यों को विभिनन वर्गां में वर्गीकृत किया जाता है। उदाहरण के लिए, अगर X चर श्रेणी के लिए m वर्ग है और Y- चर श्रेणी के लिए n वर्ग हैं तब द्विधा सारणी में mxn कोष्ठिकायें होंगी।

$$r = \frac{N\Sigma xyf(x,y) - (\Sigma xf_x)\Sigma yf_y)}{\sqrt{[N\Sigma x^2 fx - (\Sigma_x f_x)^2] \times N\Sigma y^2 f_y - (\Sigma yf_y)^2}}$$

जहाँ n कुल आवृत्ति है। भ्रम की स्थिति ना होने पर हम निम्न सूत्र का प्रयोग कर सकते हैं :

$$r = \gamma_{xy} = \frac{N\Sigma xy - \Sigma xf\Sigma f_y)}{\sqrt{[N\Sigma fx^2 - (\Sigma f_x)^2] \times [N\Sigma fy^2 - (\Sigma f_y)^2]}}$$

कोटि सहसंबंध रीति या श्रेणी अंतर सहसंबंध विधि

कभी–कभी हम ऐसी सांख्यिकी की श्रेणियों से दो चार होते हैं जिनमें विचाराधीन चर संख्यात्मक माप में सक्षम नहीं होता है परन्तु उन्हें शृंखलाबद्ध व्यवस्थित किया जा सकता है। यह घटित होता है जब हम गुणात्मक विशेषताओं (गुण, धर्म) पर कार्य करते हैं जैसे–सुन्दरता, ईमानदारी, चरित्र, नैतिकता आदि जिनकी माप परिमाणात्मक तो नहीं हो सकती है परन्तु उन्हें शृंखलाबद्ध व्यवस्थित किया जा सकता है।

मान लें हम निकालना चाहते है कि अगर दो अभिलक्षण A, कहें बुद्धि और B कहें सुन्दरता सम्बन्धित हैं या नहीं। दोनों अभिलक्षण संख्यात्मक माप में असक्षम हैं परन्तु हम n व्यक्तियों के समूह को उनकी योग्यता (कोटि) कार्यदक्षता के सापेक्ष दो गुण धर्मों के लिए व्यवस्थित कर सकते हैं।

पियर्सन का सहसंबंध गुणांक श्रेणी–अंतर X और Y के बीच कोटि सहसंबंध गुणांक कहलाती है अभिलक्षण A और B के बीच उन व्यक्तियों के समूह के लिए।

स्पियरमैन का कोटि सहसंबंध गुणांक, सामान्यतः ρ (रो) से द्योतित की जाती है; सूत्र से :

टिप्पणी

$$\rho = 1 - \frac{6\Sigma d^2}{n(n^2-1)}$$

जहाँ d कोटियों के जोड़ों के बीच अंतर है समान व्यक्तियों का दो अभिलक्षणों में और n जोड़ों की संख्या है

ρ की सीमायें : स्पियरमैन का कोटि सहसंबंध गुणांक–1 और +1 के बीच पड़ती है *i.e.*

$$-1 \le \rho \le 1$$

पुनरावृत्त कोटियाँ

गुण धर्मों की स्थिति में अगर श्रेणी का क्रम समान है (अगर कोटि का बिल्कुल छोटा समानुपात का क्रम समान है, तो उपर्युक्त सूत्र प्रयुक्त हो सकती है), परन्तु अगर कोटि का बहुत बड़ा समानुपात का क्रम समान है, तब यह उचित होगा कि उपर्युक्त सूत्र के साथ समायोजन या एक सुधार कारक $m(m^2-1)/2$ कारक जोड़ें, जहाँ m मदों की वह संख्या है जो पुनरावृत्त हुई है।

6.13 मुख्य शब्दावली (Key Terminology)

- **सहसंबंधः** Correlation
- **कार्य कराना भावः** Causation
- **विक्षेप चित्र या बिन्दु चित्रः** Scatter of Diagram
- **सहसंबंध गुणांकः** Co-efficient of Correlation
- **संभाव्य विभ्रमः** Probable error
- **कोटि सहसंबंध रीतिः** Rank Correlation Method
- **श्रेणी अंतर सहसंबंध विधि पुनरावृत्त श्रेणियाँः** Repeated Ranks
- **निर्धारण का गुणांकः** Co-efficient of Determination

6.14 स्व-मूल्यांकन प्रश्न एवं अभ्यास (Self Assessment Questions and Exercises)

प्रश्नमाला–6.1

1. सहसंबंध की संकल्पना की सार्थकता और अर्थ का वर्णन करें। इसे आप कैसे सांख्यिकीय दृष्टिकोण से परिकलित करेंगे।
2. (a) कार्ल पियर्सन के सहसंबंध के गुणांक को परिभाषित करें। यह किस अभिप्राय से माप करता है।

टिप्पणी

(b) कार्ल पियर्सन के सहसंबंध को गुणांक के विशेष अभिलक्षण क्या है? वे परिकल्पनायें कौन सी हैं जिस पर यह सूत्र आधारित है?

(c) कार्ल पियर्सन के सहसंबंध के गुणांक के परिकलित मूल्य को आप कैसे व्याख्या करेंगे? विशेष रूप से विवेचना करें $r = 0, r = - 1$ और $r = + 1$ के मानों का।

3. (a) दो चरों के बीच सहसंबंध के गुणांक से क्या समझते हैं वर्णन करें। सहसंबंध ज्ञात करने की विभिन्न विधियाँ क्या है? धनात्मक और ऋणात्मक सहसंबंध के बीच अंतर स्पष्ट करें।

(b) कार्ल पियर्सन के रैखिक सहसंबंध का गुणांक के लिए अभिव्यक्ति लिखें। क्यों यह रैखिक सहसंबंध का गुणांक कहलाता है? वर्णन करें।

4. निम्नलिखित वक्तव्यों की सांख्यिक वैधता की विवेचना करें :

(a) ''एक उच्च घनातमक सहसंबंध का गुणांक अखबार के बिक्री में वृद्धि और अपराध की संख्या में वृद्धि, इस निष्कर्ष की ओर ईशारा करती है कि अखबार पढ़ना जिम्मेवार हो सकता है अपराध की संख्या में वृद्धि के लिए।''

(b) ''एक उच्च घनात्मक r का मान सिगरेट पीने में वृद्धि और फेफड़े के कैंसर में वृद्धि के बीच स्थापित करती है कि सिगरेट पीना फेफड़े के कैंसर में वृद्धि के लिए जिम्मेवार है।''

(c) अगर सहसंबंध गुणांक पिछले दस वर्षों के दरम्यान निर्यात के वार्षिक मूल्य और उसी अवधि में जन्मे शिशु के वार्षिक संख्या के बीच $+ 0.9$ है, क्या निष्कर्ष अगर कोई है, आप निकालेंगे?

5. निम्नलिखित पर समीक्षा प्रस्तुत करें :

(a) घनात्मक सहसंबंध $r = 0.9$, जन्मे शिशु की संख्या और पिछले दशक में निर्यात के बीच पायी जाती है।

(b) एक विशेष वर्ष में रेलवे दुर्घटनाओं और उसी वर्ष जन्मे शिशु के बीच सहसंबंध गुणांक 0.8 पायी गई।

6. (a) एक विक्षेप चित्र की परिभाषा दें। एक विक्षेप चित्र खींचे जब

(i) $r = + 1$, (ii) $r = - 1$ और (iii) $r = 0$, जहाँ r सहसंबंध गुणांक है।

(b) एक विक्षेप चित्र क्या है? एक विक्षेप चित्र खींचने की विधि दें।

विक्षेप चित्र खींचे जब सहसंबंध गुणांक $r = + 1$ और $r = - 1$.

7. एक कम्पनी के उत्पादन प्रबंधक समय प्रवाह दिनों में (y) प्रबंधन करता है, निर्भर करता है किये गये कार्यों पर (x) निजाक निष्पादन होना है।

निम्नलिखित समंक आवश्यक सूचना देते हैं :

$x =$	2	2	3	4	4	5	6	6	7	7
$y =$	8	13	14	11	20	10	22	26	22	25

टिप्पणी

एक विक्षेप चित्र खींचें। कार्ल पियर्सन के गुणन आघूर्ण सहसंबंध गुणांक के मान को परिकलित करें।

8. नीचे दिये गये समंक का प्रयोग कर, सहसंबंध का गुणांक r_{12} परिकलित करें

स्थिति	:	A	B	C	D	E	F	G	H
X_1	:	10	6	9	10	12	13	11	9
X_2	:	9	4	6	9	11	13	8	4

9. निम्नलिखित समंक से कार्ल पियर्सन का सहसंबंध का गुणांक परिकलित करें, 20 को मूल्य का कार्यवाही माध्य प्रयोग कर और 70 को माँग का कार्यवाही माध्य प्रयोग कर :

कीमत (मूल्य)	:	14	16	17	18	19	20	21	22	23
माँग	:	84	78	70	75	66	67	62	58	60

10. निम्नलिखित समंक से कार्ल पियर्सन का सहसंबंध गुणांक परिकलित करें।

संख्या	विषय	अंकों का प्रतिशत	
		पहली तिमाही	दूसरी तिमाही
1.	हिन्दी	75	62
2.	अंग्रेजी	81	68
3.	अर्थशास्त्र	70	65
4.	लेखा शास्त्र	76	60
5.	कामर्स	77	69
6.	गणित	81	72
7.	सांख्यिकी	84	76
8.	लागत लेखा	75	72

11. कार्ल पियर्सन के सहसंबंध गुणांक का परिकलन निम्नलिखित पतियों और पत्नियों की उम्र उनके विवाह के समय के लिए करें :

पति की उम्र (वर्षों में)	:	23	27	28	28	28	30	30	33	35	38
पत्नी की उम्र (वर्षों में)	:	16	20	22	27	21	29	27	29	28	29

12. निम्नलिखित समंक से क्रमशः X और Y का मूल बिंदु 44 और 26 लेते हुए पियर्सन के सहसंबंध का गुणांक परिकलित करें :

x	:	43	44	46	40	40	42	45	42	38	40	42	57
y	:	29	31	19	18	19	27	27	29	41	30	26	10

टिप्पणी

13. निम्नलिखित तालिका कुल जनसंख्या का वितरण देती है और उनमें तो पूर्णतः या अंशतः अंधे हैं, निकाले कि क्या उम्र और अंधेपन के बीच कोई संबंध है।

उम्र (वर्षों में)	:	0-10	10-20	20-30	30-40	40-50	50-60	60-70	70-80
लोगों की संख्या ('000)	:	100	60	40	36	24	11	6	3
अंधे	:	55	40	40	40	36	22	18	15

14. दशहरों में निम्नलिखित समंक से, जनसंख्या का घनत्व और मृत्युदर के बीच पियर्सन विधि से सहसंबंध का गुणांक परिकलित करें।

शहर	वर्ग मील में क्षेत्रफ	जनसंख्या ('000 में)	मृत्यु की संख्या
A	150	30	300
B	180	90	1440
C	100	40	560
D	60	42	840
E	120	72	1224
F	80	24	312

15. निम्नलिखित समंक से सहसंबंध गुणांक परिकलित करें :

x	:	12	9	8	10	11	13	7
y	:	14	8	6	9	11	12	3

अब हम मान लें कि X का प्रत्येक मान का Z से गुणा कर दिया जाये और 6 इसमें जोड़ दिया जाये। उसी तरह Y के प्रत्येक मान को 3 से गुणा कर दिया जाए और इससे 3 घटा दिया जाये। नई श्रेणियां X और Y के बीच सहसंबंध गुणांक क्या होगा?

16. दिया गया है : $\Sigma X = 125$, $\Sigma Y = 100$, $\Sigma X^2 = 650$, $\Sigma Y^2 = 436$; $\Sigma XY = 520$ और $n = 25$ कार्ल पियर्सन के सहसंबंध गुणांक $r(X, Y)$ का मान प्राप्त करें।

17. आपको निम्नलिखित सूचना 10 प्रेक्षणों के आवृत्ति वितरण से संबंधित दी गई है :

$$\overline{X} = 5.5, \quad \overline{Y} = 4.0, \quad \Sigma X^2 = 385, \quad \Sigma Y^2 = 192; \quad \Sigma(X+Y)^2 = 947$$

r_{XY} ज्ञात करें।

18. एक कंप्यूटर ने चरों X और Y के बीच सहसंबंध गुणांक परिकलित करने के क्रम में निम्नलिखित परिणाम प्राप्त किये :

य़द्यपि, जाँच के क्रम में यह पाया गया कि इसने दो जोड़ों को कॉपी निम्न प्रकार से किया

टिप्पणी

X	Y
8	10
12	7

जबकि सही मूल्य थे,

X	Y
8	12
10	8

X और Y के बीच सहसंबंध गुणांक के बीच सही मूल्य प्राप्त करें।

19. X और Y के बीच सहसंबंध गुणांक के 20 मदों के लिए 0.3 है; X का माध्य 15 है Y का 20 है, प्रमाप विचलन क्रमशः 4 और 5 हैं। परिकलन के समय एक जोड़ा $(x = 27, y = 30)$ गलती से $(x = 17, y = 35)$ लिया गया। सही सहसंबंध का गुणांक ज्ञात करें।

20. दो चरों X और Y के बीच प्रेक्षणों के 13 जोड़ों का सहसंबंध गुणांक ज्ञात करने के क्रम में, निम्नलिखित परिकलन किये गये :

    $\Sigma X = 30,\ \Sigma Y = 5,\ \Sigma X^2 = 670,\ \Sigma X^2 = 285,\ \Sigma XY = 334$

    क्रमानुसार जाँच के क्रम में पाया गया कि जोड़ा $(X = 11, Y = 4)$ गलत कॉपी किया गया, सही मूल्य $(X = 10, Y = 14)$ है। सहसंबंध गुणांक का सही मूल्य ज्ञात करें।

21. सहसंबंध गुणांक के संभाव्य विभ्रम से आप क्या समझते हैं? वर्णन करें कि यह कैसे प्रयुकत हो सकती है :

    (i) प्रतिदर्श सहसंबंध गुणांक के प्रेक्षित मूल्य की सार्थकता की व्याख्या करें।

    (ii) समष्टि सहसंबंध गुणांक की सीमाओं का निर्धारण करें।

22. सहसंबंध का गुणांक परिकलित करें और निम्नलिखित समंक से इसके संभाव्य विभ्रम को निकालें :

x	:	7	6	5	4	3	2	1
y	:	18	16	14	12	10	6	8

23. (a) निम्नलिखित छात्रों के उम्र और खेलने की आदत के बीच कार्ल पियर्सन के सहसंबंध गुणांक निकालें :

उम्र (वर्षों में)	:	15	16	17	18	19	20
छात्रों की संख्या	:	250	200	150	120	100	80
नियमित खिलाड़ी	:	200	150	90	48	30	12

संभाव्य विमुख को भी परिकलित करें और निर्दिष्ट करें कि क्या सहसंबंध का गुणांक सार्थक है।

24. कार्ल पियर्सन के सहसंबंध का गुणांक निम्नलिखित श्रेणी के लिए परिकलित करें।

टिप्पणी

कीमत (रु. में)	:	110-111	111-112	112-113	113-114	114-115	115-116
माँग (कि.ग्रा. में)	:	600	640	680	680	700	780
कीमत (रु. में)	:	116-117	117-118	118-119			
माँग (कि.ग्रा. में)	:	830	900	1000			

सहसंबंध का गुणांक के संभाव्य विभ्रम को भी परिकलित करें। अपने निष्कर्ष से क्या आप दावे के साथ कह सकते हैं कि माँग कीमती से सह–संबंधित हैं?

25. (a) एक छात्र r का मान 0.7 परिकलित करता है जब प्रतिदर्श में मदों की संख्या (n) 25 है। सीमायें ज्ञात करें जिनमें दूसरा प्रतिदर्श पड़ेगा उसी समष्टि से किया गया।

    (b) एक छात्र r का मूल्य 0.7 परिकलित करता है जब N का मान 5 है और निष्कर्ष निकालता है कि r काफी सार्थक है। क्या वह सही है?

26. 21 छात्रों के समूह के भौतिकी और गणित के बीच अंतिम अंकों कासहसंबंध गुणांक 0.80 प्रगणित किया गया। गुणांक के लिए 95% विश्वस्त सीमायें (Confidence Limits) ज्ञात करें।

उत्तरः वांछित सीमायें $= r \pm 1.96\,\text{P.E.}(r) = 0.8 \pm 1.96 \times 0.05299$
$= 0.6961$ और 09039

27. X और Y श्रेणी के विचलन अपने क्रमशः माध्यों से नीचे दी गई हैं :

x	:	-4	-3	-2	-1	0	1	2	3	4
y	:	3	-3	-4	0	4	1	2	-2	-1

उपर्युक्त समंक से कार्ल पियर्सन का सहसंबंध का गुणांक परिकलित करें।

28. निम्नलिखित समंक से X और Y श्रेणियों के बीच सह संबंध गुणांक परिकलित करें :

	X श्रेणी	Y श्रेणी
प्रेक्षणों की संख्या	15	15
समान्तर माध्य	25	18
प्रमा विचलन	5	5

$$\Sigma(X-25)(\Sigma-18)=125$$

29. एक सहसंबंध में परिणामों का अध्ययन करे गये थे

$\Sigma xy = 40 \;\; N = 100 \;\; \Sigma x^2 = 80 \;\; \Sigma y^2 = 20$ जहाँ

$x = X - \bar{X}$ और $y = Y - \bar{Y}$ सहसंबंध गुणांक हैं

(a) + 1.0 (b) -1.0 (c) शून्य (d) इनमें से कोई नहीं

टिप्पणी

30. दिया गया है $r = 0.8,\ \Sigma xy = 60,\ \Sigma y = 2.5$ और $\Sigma x^2 = 90$ मदों की संख्या निकालें। यहाँ x और y अपने क्रमशः माध्यों से विचलन हैं।

31. निम्नलिखित समंक से दो चरों X और Y के बीच सहसंबंध का गुणांक परिकलित करें :

    (i) X-श्रेणी या Y-श्रेणी में मदों की संख्या = 12

    (ii) माध्य से विचलनों के वर्गों का योग : 360 x-श्रेणी के लिए और 250 y-श्रेणी के लिए

    (iii) दो श्रेणियों का अपने क्रमशः माध्यों से विचलनों के गुणनफल का योग = 225

32. (a) दो चरों X और Y के बीच सह'संबंध का गुणांक 0.8 है और उनका सह प्रसरण 10.2 है। X का प्रसरण 16 है। Y-श्रेणी का प्रमाप विचलन ज्ञात करें।

    (b) पाँच मदों के लम्बाई और चौड़ाई के बीच प्रसरण 6 हैं और उनका प्रमाप विचलन क्रमशः 2.45 और 2.61 हैं। लम्बाई और चौड़ाई के बीच सहसंबंध का गुणांक निकालें।

33. (a) दो चरों X और Y के बीच सहसंबंध गुणांक 0.8 है और उनका प्रसरण 20 है। अगर X श्रेणी का प्रसरण 16 है, Y-श्रेणी का प्रमाप विचलन ज्ञात करें।

    (b) X और Y दो चरों के बीच सहसंबंध गुणांक 0.4 हैं और उनका सह प्रसरण 10 है। अगर X श्रेणी का प्रसरण 9 है, Y श्रेणी के माध्य के इर्द–गिर्द दूसरा आघूर्ण ज्ञात करें।

34. (a) द्विचर समंक के लिए : $\{(x,y) = (10,4)(n,3),(12,2)(14,0)(8,6)\}$ x और y के बीच सह संबंध का गुणांक है :

    (b) द्विचर समंक के लिए : $\{(x,y) = (15,3)(20,8),(25,13)(30,18)\}$ x और y के बीच सह–संसबंध का गुणांक है :

    (i) 1 (ii) -1 (iii) 0 (iv) 0.5

35. (a) दिया गया है कि x और y के बीच सहसंबंध 0.5 हैं, $2x-4$ और $3-2y$ के बीच सहसंबंध क्या है?

    (b) इस वक्तव्य में असंगति (Inconsistency) की ओर ध्यान आकृष्ट करें "$3x$ और -$2y$ के बीच सहसंबंध गुणांक नवही है जो x और y के बीच के सहसंबंध गुणांक थे।"

36. (a) मान लें कि r सहसंबंध x ओर y के बीच है। सहसंबंध गुणांक क्या है? इनके बीच :

    (i) $(3x+1)$ और $(2y-3)$ और (ii) x और $-y$?
    अपने उत्तर को वर्णन करें।

    (b) अगर $U = 2x+11$ और $V - 3y + 7$ U और V के बीच सहसंबंध गुणांक क्या होगा? अपने वक्तव्य को न्यायसंगत ठहरायें।

टिप्पणी

(c) क्या निम्नलिखित वक्तव्य वैध है? अपने उत्तर को उचित सिद्ध करें।

(i) x और y के बीच सहसंबंध गुणांक का घनात्मक मान का मतलब है कि अगर x बढ़ता है, y भी बढ़ने की ओर उन्मुख होता है।

(ii) सहसंबंध गुणांक मूल बिंदु के संदर्भ से स्वतंत्र है परंतु माप की इकाईयों पर निर्भर है।

(iii) x और y के बीच सहसंबंध गुणांक कल आया 1.25

37. निम्नलिखित पर समीक्षा प्रस्तुत करें; अपने निष्कर्ष के लिए तर्क देते हुए

(a) अगर दो चरों के बीच सहसंबंध गुणांक घनात्म है, तब

(i) $-X$ और $-Y$ के बीच सहसंबंध गुणांक घनात्मक है।

(ii) X और $-Y$ या $-X$ और Y के बीच सहसंबंध गुणांक घनात्मक है।

(b) दो चरों के बची सहसंबंध गुणांक 1.4 है।

(c) अगर चर स्वतंत्र है तब वे असहसंबंधित है।

(d) सहसंबंध गुणांक तब ही परिकलित किये जाते हैं। जब दो चार समान इकाईयों में मापित किये जाते हैं।

(e) अगर दो चरों के बीच सहसंबंध गुणांक शून्य हैं, तब चर स्वतंत्र है।

(f) r का मान ऋणात्मक नहीं हो सकता है।

(g) r दो चरों के बीच सभी प्रकार के संबंधों को मापती है।

(h) ''दो चरों के बीच संबंधों की नजदीकी r के समानुपाती है।''

(i) एक छात्र ने सिगरेट पीने और शराब पीने के सहसंबंध का अध्ययन करते वक्त r का मान 1.62 जितना ऊँचा पाया।

प्रश्नमाला–6.2

1. सहसंबंध सारणी पर एक संक्षिप्त नोट लिखें :

निम्नलिखित 24 छात्रों के प्राप्त अंक हैं एक क्लास टेस्ट के सांख्यिकी और गणित के

छात्रों का रोल नं0 :	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
सांख्यिकी के अंक :	15	0	1	3	16	2	18	5	4	17	6	19
गणित के अंक :	13	1	2	7	8	9	12	9	17	16	6	18
छात्रों का रोल नं0 :	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24
सांख्यिकी में अंक :	14	9	8	13	10	13	11	11	12	18	9	7
गणित के अंक :	11	3	5	4	10	11	14	7	18	15	15	3

एक आवृत्ति सारणी बनायें प्रत्येक वर्ग अंतराल का परिमाण 4 अंक लेकर और प्रथम वर्ग अंतराल '8' के बराबर और 4 से कम। कार्ल पियर्सन का सहसंबंध का गुणांक परिकलित करें सांख्यिकी और गणित के अंकों के बीच सहसंबंध सारणी से और इस पर समीक्षा दें।

2. एक द्विचर सारणी क्या है? सूत्र लिखें जिसका प्रयोग आप सहसंबंध का गुणांक निकालने के लिए ऐसी सारणी से करते हैं, प्रयुक्त संकेताक्षरों का वर्णन करते हुए। सहसंबंध के गुणांक का ऋणात्मक मान क्या द्योतित करता है?

3. पतियों और पत्नियों की उम्र के बीच सहसंबंध को गुणांक परिकलित करें और इसके संभाव्य विभ्रम निम्नलिखित सारणी से :

पत्नियों की उम्र (वर्षों में)	पत्नियों की उम्र					
	20-30	30-40	40-50	50-60	60-70	कुल
15-25	5	9	3	-	-	17
25-35	-	10	25	2	-	37
35-45	-	1	12	2	-	15
45-55	-	-	4	16	5	25
55-65	-	-	-	4	2	6
	5	20	44	24	7	100

4. दिये गये समंक संलग्न सारणी में, सहसंबंध गुणांक r, X और Y के बीच परिकलित करें।

Y / X	30-50	50-70	70-90
0-5	10	6	2
5-10	3	5	4
10-15	4	7	9

5. लाभांशों और शेयरों की कीमतों के बीच सहसंबंध का गुणांक की गणना निम्नलिखित से करें :

शेयर मूल्य (रु. में)	वार्षिक लाभांश (रु. में)					
	6-8	8-10	10-12	12-14	14-16	16-18
130-140	-	-	1	3	4	2
120-130	-	1	3	3	3	1
110-120	-	1	2	3	2	-
100-110	-	2	3	2	-	-
90-100	2	2	1	1	-	-

80-90	3	1	1	-	-	-
70-80	2	1	-	-	-	-

टिप्पणी

6. सहसंबंध का गुणन आघूर्ण गुणांक परिकलित करें संलग्न द्विचर वितरण के लिए।

Y \ X	5	10	15	20
11	2	4	5	4
17	5	3	6	2
23	3	1	2	3

7. निम्नलिखित तालिका 100 परिवारों के आय और खर्च का वितरण देती है। सहसंबंध का गुणांक और इसका संभाव्य विभ्रम ज्ञात करें। वर्णन करें कि सहसंबंध गुणांक सार्थक है या नहीं।

आय ('000 रु. में)	भोजन पर प्रतिशत खर्च (X)				
	10-20	20-30	30-40	40-50	50-60
350-450	-	-	-	-	5
450-550	-	-	1	10	9
550-650	-	4	12	25	3
650-750	4	16	2	2	-
750-850	2	5	-	-	-

8. 100 प्रतिष्ठानों का एक प्रतिदर्श लिया गया और ये वर्गीकृत किये गये उनके द्वारा किये गये क्रमशः बिक्री और कमाये गये लाभ के अनुसार। परिणाम नीचे दिये गये सारणी में दर्शायी गई है। बिक्री और लाभ के बीच सहसंबंध गुणांक का निर्धारण करें और इसके संभाव्य विभ्रम को भी।

लाभ ('000 रु. में)	बिक्रल (लाख रु. में)						कुल
	7-8	8-9	9-10	10-11	11-12	12-13	
350-450	5	3	-	-	-	-	8
450-550	3	8	5	4	-	-	20
550-650	1	-	7	11	2	2	23
650-750	-	4	5	15	6	-	30
750-850	-	-	2	7	4	6	19
कुल	9	15	19	37	12	8	100

टिप्पणी

प्रश्नमाला—6.3

1. (a) स्पियरमैन का कोटि सहसंबंध गुणांक क्या है? इसकी उपयोगिता की विवेचना करें।
   (b) कार्ल पियर्सन (गुणन आघूर्ण) सहसंबंध गुणांक और कोटि सहसंबंध गुणांक के बीच के अंतर का वर्णन करें।
2. (a) स्पियरमैन के कोटि सहसंबंध गुणांक का कार्ल पियर्सन के सहसंबंध गुणांक पर क्या लाभ है? स्पिरयमैन के सहसंबंध गुणांक के परिकलन की विधि का वर्णन करें।
   (b) कोटि सहसंबंध गुणांक की परिभाषा दें। कब इसे कार्ल पियर्सन के सहसंबंध गुणांक पर वरीयता दी जाती है।
   (c) आप कोटि सहसंबंध से क्या समझते है? यह कैसे निर्धारित की जाती है?
3. 10 प्रशिक्षुओं की कोटियाँ शुरू में (x) और अंत में (y) किसी कोर्स के लिए नीचे दी गई है :

प्रशिक्षु	:	A	B	C	D	E	F	G	H	I	J
x	:	1	6	3	9	5	2	7	10	8	4
y	:	6	8	3	7	2	1	5	9	4	10

स्पियरमैन के कोटि सहसंबंध गुणांक को परिकलित करें।

4. उन्हीं 16 छात्रों का गणित और भौतिकी में कोटि निम्न हैं। कोष्ठक के अंदर की दो संख्यायें छात्रों का गणित और भौतिकी में कोटि को द्योतित करती है।

(1,1), (2,10), (3, 3), (4, 4), (5, 5), (6, 7), (7, 2), (8, 6), (9, 8), (10, 11), (11, 15), (12, 9), (13, 14), (14, 12), (15, 16), (16, 13).

कोटि सहसंबंध गुणांक को परिकलित करें इस समूह के लिए गणित और भौतिकी में दक्षता के लिए।

5. दो जजों ने एक सुंदरता के प्रतियोगिता में 12 प्रविष्टियाँ की कोटियाँ निम्न की :

X	:	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
Y	:	12	9	6	10	3	5	4	7	8	2	11	1

किस स्तर की सहमति दोनों जजों के बीच है।

6. एक पेंटिंग प्रतियोगिता की 12 प्रविष्टियों की कोटियाँ दो जजों द्वारा निम्न की गई :

प्रविष्टि	:	A	S	C	D	E	F	G	H	I	J	K	L
जज I	:	5	2	3	4	1	6	8	7	10	9	12	11
जज II	:	4	5	2	1	6	7	10	9	11	12	3	8

कोटि सहसंबंध गुणांक को ज्ञात करें।

टिप्पणी

7. 10 प्रतिभागी एक सुंदरता प्रतियोगिता में तीन जजों द्वारा निम्न क्रम में कोटिबद्ध किये गये :

पहला जज	:	1	5	4	8	9	6	10	7	3	2
दूसरा जज	:	4	8	7	6	5	9	10	3	2	1
तीसरा जज	:	6	7	8	1	5	10	9	2	3	4

कोटि सहसंबंध गुणांक प्रयुक्त कर यह विवेचना करें कि किन जजों के जोड़े की सबसे नजदीकी सहमति है सुंदरता के प्रति।

दूसरे और तीसरे जज के जोड़े की सुंदरता के प्रति सबसे नजदीकी की सहमति है।

8. निम्नलिखित समंक के लिए, कोटि सहसंबंध गुणांक परिकलित करें।

x	:	80	91	99	71	61	81	70	59
y	:	123	135	154	110	105	134	121	106

9. निम्नलिखित अंक है छात्रों के समूह द्वारा प्राप्त दो पत्रों में। कोटि सहसंबंध गुणांक परिकलित करें :

अर्थशास्त्र	:	78	36	98	25	75	82	92	62	65	39
सांख्यिकी	:	84	51	91	69	68	62	86	58	35	49

10. निम्नलिखित समंक के अंकों स्पियरमैन का सहसंबंध गुणांक परिकलित करें 10 बच्चों के मनोवैज्ञानिक परीक्षण (x) और अंकगणितीय समर्थता (y).

बच्चा	:	A	B	C	D	E	F	G	H	I	J
x	:	105	104	102	101	100	99	98	96	93	62
y	:	101	103	100	98	95	96	104	92	97	94

11. आप स्पियरमैन के कोटि सहसंबंध सूत्र को कोटियों के लिए श्रेणी का क्रय समान होने पर कैसे संशोधित करेंगे।

12. निम्नलिखित समंक 10 छात्रों को प्राप्त अंकों से संबंधित है 10 छात्रों के वर्ग में सांख्यिकी और लागत लेखा में :

सांख्यिकी में अंक	:	30	38	28	27	28	23	30	33	28	35
लागत लेखा में अंक	:	29	27	22	29	20	29	18	21	27	22

कोटि सहसंबंध गुणांक प्राप्त करें।

टिप्पणी

13. निम्नलिखित समंक के लिए स्पियरमैन के कोटि सहसंबंध गुणांक परिकलित करें :

X	:	57	16	24	65	16	16	9	40	48	33
Y	:	19	6	9	20	4	15	6	24	13	13

14. अगर कोटि सहसंबंध गुणांक 0.6 है और कोटियों के अंतर के वर्गों का योगफल 66 है, तब जोड़ों की संख्या हैं

(i) 8 (ii) 9 (iii) 10 (iv) 11

15. सहसंबंध का गुणांक डिबेंचर मूल्य और शेयर मूल्यों के बीच 0.143 पाया गया। अगर कोटियों में अंतर के वर्गों का योग 48 दिया गया है, n का मूल्य ज्ञात करें।

16. सहसंबंध का गुणांक 10 छात्रों द्वारा सांख्यिकी और लेखा शास्त्र में प्राप्त अंकों के बीच 0.2 पाया गया। बाद में पाया गया कि एक छात्र ने दो विषयों के कोटि अंतर में 7 के बदले 9 ले लिया। कोटि सहसंबंध गुणांक का सही मूल्य ज्ञात करें।

17. सही उत्तर बतायें।

दो गुणधर्मों के अनुसार एक प्रतिदर्श में कोटियाँ नीचे दी गई हैं :

R_1	:	1	2	3	4	5
R_2	:	5	4	3	2	1

उनके बीच कोटि सहसंबंध है :

0, + 1, - 1, इनमें से कोई नहीं

प्रश्नमाला–6.4

1. (a) दो चर श्रेणियों के बीच संगामी विचलनों की विधि का वर्णन करें सहसंबंध की गणना के लिए।

   (b) दो चरों के बीच के संबंध निकालने की मजबूती और कमजोरी के बिंदु बतायें संगामी विचलन विधि द्वारा।

2. नीचे दिये गये समंक दो चावल की कीमत और वर्षा गिरने के बीच सहसंबंध का गुणांक प्राप्त करें संगामी विचलन द्वारा।

वर्ष	चावल की कीमत (प्रति क्विंटल में)	वार्षिक वर्षा (से.मी. में)	वर्ष	चावल की कीमत (प्रति क्विंटल में)	वार्षिक वर्षा (से.मी. में)
1959	175	315	1965	196	353
1960	160	340	1966	190	333
1961	158	350	1967	191	390
1962	200	350	1968	195	340

1963	198	330	1969	196	380
1964	195	335	1970	204	340

टिप्पणी

3. निम्नलिखित समंक से संगमी विचलन विधि द्वारा सहसंबंध गुणांक परिकलित करें :

वर्ष	:	1991	1992	1993	1994	1995	1996	1997	1998	1999
पूर्ति	:	80	82	86	91	83	85	89	96	93
कीमत	:	146	140	130	117	133	127	115	95	100

4. सहसंबंध गुणांक परिकलित करें, समगमी विचलन विधि का प्रयोग कर एक मद की पूर्ति और माँग के बीच 10 वर्ष की अवधि के लिए जैसा नीचे दिया गया है :

वर्ष	:	1981	1982	1983	1984	1985	1986	1987	1988	1989	1990
पूर्ति	:	125	160	164	174	155	17	165	162	172	175
माँग	:	115	125	192	190	165	174	124	127	152	169

5. सहसंबंध गुणांक परिकलित करें संगामी विचलन विधि द्वारा :

पूर्ति	:	112	125	126	118	118	121	125	125	131	135
कीमत	:	106	102	102	104	98	96	97	97	95	90

6. सहसंबंध गुणांक परिकलित करें संगामी विचलन विधि द्वारा :

X	:	150	135	90	140	100
Y	:	60	50	100	80	90

7. निम्नलिखित समंक से संगामी विचलनों का गुणांक परिकलित करें :

X	:	100	120	135	135	115	110	110
Y	:	50	40	60	60	80	55	65

8. निम्नलिखित समंक से संगामी विचलनों का गुणांक परिकलित करें :

प्रेक्षणों के जोड़ों की संख्या = 96

संगमी विचलनों के जोड़ों की संख्या = 36

प्रश्नमाला—6.5

1. (a) अगर सहसंबंध गुणांक 0.7 है, तब निर्धारण का गुणांक क्या है? इसके मान की व्याख्या भी करें।

टिप्पणी

(b) निर्धारण का गुणांक क्या है? यह कैसे उपयोगी है प्रेक्षित सहसंबंध गुणांक की व्याख्या करने में? एक उदाहरण देकर वर्णन करें।

2. पदों का वर्णन करें :

   (i) गैर–निर्धारण का गुणांक

   (ii) अलगाव का गुणांक

   और उनका भौतिक व्याख्या करें।

3. (a) 0.5 के सहसंबंध गुणांक का अर्थ नहीं है कि 50% समंक का वर्णन किया गया है? समीक्षा दें।

   (b) क्या आप इस वक्तव्य से सहमत हैं : $r = 0.8$ का अर्थ है समंक का 80% वर्णित है।''

4. उपभोग खर्च (c) और खर्च वाली आय (y) के बीच सहसंबंध गुणांक + 0.6 पाया गया। C के विचरण का क्या प्रतिशत वर्णित होती है y में विचरण के द्वारा ?

5. (a) दो चरों के बीच सहसंबंध का मान $r = 0.6$ है और दूसरे दो चरों के बीच 0.3 है। क्या इसका अर्थ है कि पहला सहसंबंध दूसरे की अपेक्षा दुगुनी मजबूत है? कारण दें।

   (b) दो चरों के बीच सहसंबंध का मान 0.9 है और दूसरे दो चरों के बीच 0.3 है। क्या हम इसका अर्थ यह निकाल सकते हैं कि पहला सहसंबंध दूसरे की अपेक्षा तिगुनी मजबूत है? कारण हैं।

6. निम्नलिखित पर समीक्षा दें :

   ''दो चरों के बीच संबंधों की नजदीकी जैसा r से निर्धारित होती है, उनके बीच सहसंबंध गुणांक के समानुपाती है।''

7. अगर यादृच्छिक चरों x और y के बीच सहसंबंध गुणांक घनात्मक है, निम्नलिखित वक्तव्य पर समीक्षा दें :

   (i) $-x$ और $-y$ के बीच सह–संबधं गुणांक घनात्मक है।

   (ii) हम लोग $+x$ और $-y$ के बीच सहसंबंध के चिन्ह के बारे में कोई निष्कर्ष नहीं निकाल सकते।

   (iii) $r = 0.64$ के परिणाम की व्याख्या करें, जहाँ r^2 निर्धारण का गुणांक है।

8. अगर X और Y के बची सहसंबंध 0.4 और U और V के बीच 0.8, क्या इसका अर्थ है कि U और V के बीच संबंध का विस्तार दुगुनी है X और Y के बीच से?

टिप्पणी

6.15 सहायक पाठ्य सामग्री (Suggested Readings)

1.	सांख्यिकी के सिद्धान्त	–	डी.एन. एलहांस और वीणा एलहांस	किताब का महल
2.	सांख्यिकी के सिद्धान्त	–	एस.पी. सिंह	S. Chand & Co.
3.	Fundamentals of Statistics	–	S.C. Gupta & V.K. Kapoor	S. Chand & Co.
4.	Applied Statistics	–	S.C. Gupta & V.K. Kapoor	S. Chand & Co.
5.	Fundamentals of Statistics	–	G.M. Gupta & Das Gupta	S. Chand & Co.
6.	Mathematical Statistics	–	H.C. Saxena	S. Chand & Co.

अध्याय 7 रैखिक प्रतीपगमन (समाश्रयण) विश्लेषण (Linear Regression Analysis)

संरचना (Structure)

7.0 परिचय (Introduction)

'प्रतीपगमन' शब्द का साहित्यिक या शब्दकोषीय अर्थ है 'पीछे लौटना या औसत मूल्य की ओर लौटना'। इस पद का प्रथम बार प्रयोग एक ब्रिटिश जैव वैज्ञानिक सर फ्रांसिस गाल्टन ने 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में कुछ अध्ययनों के सम्बन्ध में जिसमें उन्होंने प्राक्कलन की सीमा पर किया, जिसके अनुसार लम्बे माता–पिताओं की संतान प्रत्यावर्तित या पीछे प्रतीपगमन कर जनसंख्या की औसत ऊँचाई की ओर लौट जाती है। उन्होंने करीब एक हजार पिताओं और पुत्रों के ऊँचाईयों के बीच सम्बन्धों का अध्ययन किया और प्राप्त निष्कर्षों को अपने शोध लेख में प्रकाशित किया ''पैतृक ऊँचाई में मध्यता की ओर प्रतीपगमन (Regression Towards Mediocrity in Hereditary Stature)"। उनके अध्ययन की रूचिकर विशेषताएं थीं :

(i) लम्बे पिताओं को लम्बे पुत्र होते हैं और छोटे पिताओं के छोटे पुत्र

(ii) पुत्रों की औसत ऊँचाई लम्बे पिताओं के समूह के पिताओं से कम होती है और पुत्रों की औसत ऊँचाई छोटे कद के पिताओं के समूह के पिताओं से अधिक होती है।

दूसरे शब्दों में, गाल्टन के अध्ययन ने प्रकट किया कि असामान्य रूप से लम्बे या छोटे कद के माताओं–पिताओं की संतान प्रवृत्त होती है। प्रत्यावर्तित या पीछे लौटकर जनसंख्या के औसत ऊँचाई की ओर, एक घटना जिसे गाल्टन ने वर्णित किया मध्यमता की ओर प्रतीपगमन (Regression to Mediocrity)।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि अगर किसी समूह के पिताओं की औसत ऊँचाई 'a' सेंटीमीटर ऊपर (नीचे) है सामान्य औसत ऊँचाई से तब उनके पुत्रों की औसत ऊँचाई $(a \times r)$ सेंटीमीटर ऊपर (नीचे) होगी सामान्य औसत ऊँचाई से जहाँ r सहसम्बन्ध गुणांक है दिए पिताओं के समूह की ऊँचाईयों और उनके पुत्रों की ऊँचाईयों के बीच। इस स्थिति में सहसम्बन्ध धनात्मक है और चूँकि $|r| \leq|$ । हमें $a \times r \leq a$ । यह उपर्युक्त (ii) के निष्कर्ष का समर्थन करता है।

परन्तु आजकल प्रतीपगमन शब्द जैसा सांख्यिकी में प्रयुक्त होती है का बहुत विस्तृत दृष्टिकोण है बगैर जैविकी के संदर्भ के। प्रतीपगमन विश्लेषण का सामान्य भाव में, अर्थ है प्राक्कलन या पूर्वानुमान एक चर के अज्ञात मूल्य का दूसरे चर के ज्ञात मूल्य से। यह एक बहुत महत्वपूर्ण सांख्यिकीय साधन है जो लगभग सभी विज्ञानों में विस्तृत रूप से प्रयुक्त होती है– प्राकृतिक, सामाजिक और भौतिकी। यह विशेष रूप से व्यवसायिक और अर्थशास्त्र के अध्ययन में दो या अधिक चरों के सम्बन्धों के अध्ययन में प्रयुक्त होती है जो कार्य रूप से सम्बन्धित हैं माँग और पूर्ति वक्रों के प्राक्कलन में, लागत कलनों, उत्पादन और खपत कलनों, इत्यादि।

पूर्वानुमान या प्राक्कलन एक बहुत बड़ी समस्या है मानवीय क्रियाकलाप के लगभग सभी क्षेत्रों में। प्राक्कलन या पूर्वानुमान भविष्य के उत्पादन, खपत, कीमतों, लागतों, बिक्री, लाभ, आय इत्यादि के लिए अत्यधिक महत्व की हैं एक व्यापारी या अर्थशास्त्री के लिए। जनसंख्या प्राक्कलन और जनसंख्या प्रक्षेपण अपरिहार्य है एक अर्थव्यवस्था के प्रभाव योजना के लिए। फर्मास्युटिकल प्रतिष्ठानों की अभिरूचि नई दवाओं के रोगियों पर प्रभाव का अध्ययन या प्राक्कलन में होती है। प्रतीपगमन विश्लेषण वैज्ञानिक तकनीकों में एक बहुत महत्व की है इस तरह के पूर्वानुमानों को करने के लिए। एम.एम. लेयर के शब्दों में ''प्रतीपगमन विश्लेषण एक गणितीय माप है दो या अधिक चरों के बीच औसत सम्बन्धों की समंक की वास्तविक इकाईयों के क्रम में।

हम लोग दैनानुदिनी जिंदगी में कई अन्तर–संबंधित घटनाओं से रूबरू होते हैं। उदाहरण के एक फसल की उपज वर्षा पर निर्भर करती है, एक उत्पाद की कीमत या मूल्य निर्भर है उत्पादन और विज्ञापन खर्च पर, एक विशेष उत्पाद की माँग इसके कीमत पर निर्भर करती है, एक व्यक्ति का खर्च उसकी आय पर निर्भर करती है और आगे। प्रतीपगमन विश्लेषण एक समय में दो चरों तक सीमित सरल प्रतीपगमन कहलाती है। परन्तु बहुत बार एक विशेष संवृत्ति बहुविध कारकों से प्रभावित हो सकती है। एक समय में दो से अधिक चरों के अध्ययन के लिए

टिप्पणी

प्रतीगमन विश्लेषण बहुविध प्रतीपगमन कहलाती है। परन्तु इस अध्याय में हमलोग अपने आपको सिर्फ सरल प्रतीपगमन तक परिसीमित रखेंगे।

प्रतीपगमन विश्लेषण में दो प्रकार के चर होते हैं। वह चर जिसका मूल्य प्रभावित होता है या अनुमान लगभग है निर्भर चर कहलाता है और वह चर जो मूल्यों को प्रभावित करता है और पूर्वानुमान के लिए प्रयुक्त होती है, स्वतंत्र चर कहलाती है। प्रतीपगमन विश्लेषण में स्वतंत्र चर समाश्रय (Explanator) भी कहलाती है जबकि निर्भर चर समाश्रयी (Regresce) या वर्णित चर (Explained Variable) भी कहलाती है।

7.1 उद्देश्य (Objectives)

प्रतीपगमन शब्द का साहित्यिक या शब्दकोषीय अर्थ है पीछे लौटना या औसत मूल्य की ओर लौटना। सर्वप्रथम गाल्टन के अध्ययन ने प्रकट किया कि असामान्य रूपसे लम्बे या छोटे कद के माताओं–पिताओं की संतान प्रवृत्त होती है। प्रत्यावर्तित या पीछे लौटकर जनसंख्या की औसत ऊँचाई की ओर जिसे गाल्टन ने वर्णित किया मध्यमता की ओर प्रतीपगमन (Recession to Mediocrity)

परन्तु आजकल प्रतीपगमन शब्द जैसा सांख्यिकी में प्रयुक्त होती है का बहुत विस्तृत दृष्टिकोण है। प्राक्कलन या पूर्वानुमान भविष्य के उत्पादन, खपत, कीमतों, लागतों, बिक्री, लाभ, आय इत्यादि के लिए एक व्यापारी या अर्थशास्त्री के लिए अत्यधिक महत्व की है। प्रतीपगमन विश्लेषण दो या अधिक चरों के बीच औसत सम्बन्धों की समंक की वास्तविक इकाईयों के क्रम में एक गणितीय माप है।

7.2 रैखिक और गैर–रैखिक प्रतीपगमन (Linear and Non-Linear Regression)

अगर दिया गया द्विचर समंक एक आलेख पत्र पर खींचा जाए, विक्षेप चित्र पर प्राप्त बिन्दुयें कमोबेश एक वक्र के चारों ओर संघनित होंगी, जो 'प्रतीपगमन का वक्र' कहलाती है। अधिकतर ऐसा वक्र स्पष्ट नहीं होता है और बहुत भ्रामक है और कभी–कभी जटिल भी। प्रतीगमन वक्र का गणितीय समीकरण, सामान्यतः प्रतीपगमन समीकरण कहलाती है हमें स्वतंत्र चर के लिए मूल्य के लिए निर्भर चर के मूल्य में औसत परिवर्तन का अध्ययन करने की समर्थता प्रदन करती है।

अगर प्रतीपगमन वक्र एक सीधी रेखा है, हम कहते हैं कि अध्ययनाधीन चरों के बीच रैखिक सम्बन्ध है। इस प्रकार के वक्र का समीकरण सीधी रेखा का समीकरण है, i.e., x और y चरों में प्रथम स्तर समीकरण। रैखिक प्रतीपगमन की स्थिति में निर्भर चर के मूल्य नियत निरपेक्ष परिमाण में बढ़ते हैं स्वतंत्र चर के मूल्य में ईकाई परिवर्तन से। यद्यपि, यदि प्रतीपगमन का वक्र सीधी रेखा नहीं है, प्रतीपगमन वक्रीय या गैर–रैखिक प्रतीपगमन कहलाती है। प्रतीपगमन समीकरण x और y के बीच एक फलनक सम्बन्ध (Functional Relation) होगा x और y के पदों से आविष्ट एक से अधिक डिग्री का, i.e., x^2, y^2, xy इत्यादि प्रकार के पदों

से आविष्ट। यद्यपि, इस अध्याय में हम लोग अपनी चर्चा को सिर्फ दो चरों के बीच रैखिक सम्बन्ध तक सीमित रखेंगे।

टिप्पणी

7.3 प्रतीपगमन की रेखाएं (Lines of Regression)

प्रतीपगमन की रेखा एक ऐसी रेखा है जो एक चर का सबसे अच्छा प्राक्कलन देती है दूसरे चर के दिए मूल्य के लिए। दो चरों x और y की स्थिति में, हमें दो प्रतीपगमन की रेखाएं प्राप्त होंगी; एक y का x पर और दूसरी x का y पर।

परिभाषा: प्रतीपगमन की रेखा y का x पर ऐसी रेखा है जो x के किसी विशिष्ट मूल्य के लिए y का सबसे उपयुक्त प्राक्कलित मूल्य लेती है।

उसी तरह, x का y पर प्रतीपगमन की रेखा ऐसी रेखा है जो y के किसी विशिष्ट मूल्य के लिए x का सबसे उपयुक्त प्राक्कलित मूल्य देती है।

पद 'उपयुक्त' की व्याख्या न्यूनतम वर्ग के सिद्धान्त के अनुसार है जिसमें अवशेषों के वर्गों के योगफल को न्यूनतम करने या प्राक्कलनों की त्रुटियों, i.e., चर के दिए गए प्रेक्षित मूल्य और विचलनों के बीच और उनके संगत प्राक्कलित मूल्यों जैसा उपयुक्तता की रेखा से दिया जाता है। हम विभ्रमों के वर्गों के योगफल को न्यूनतम कर सकते हैं y-अक्ष के समानान्तर या x-अक्ष के समानान्तर, पहला (i.e., विभ्रमों के वर्गों के योगफल को न्यूनतम करना y-अक्ष के समानान्तर), y और x पर प्रतीपगमन की रेखा का समीकरण देती है और बाद का viz. x-अक्ष के समानान्तर विभ्रमों के वर्गों के योगफल को न्यूनतम करना x का y पर प्रतीपगमन की रेखा का समीकरण देती है।

हमलोग नीचे y का x पर प्रतीपगमन की रेखा के समीकरण को निकालने की तकनीक का वर्णन करेंगे।

7.3.1 y का x पर प्रतीपगमन का समीरकण निकालना (To find the equation of Regression of Y on X)

माना कि $(x_1, y_1), (x_2, y_2) - - - - - (x_{n,} y_n)$ प्रेक्षणों के n जोड़े हैं अध्ययनाधीन दो चरों x और y पर। माना कि,

$$y = a + bx \qquad \ldots(7.1)$$

प्रतीपगमन की रेखा (उपयुक्तता) है y का x पर।



चित्र क्र. 7.1

टिप्पणी

किसी दिए गए बिन्दु $P_i(x_{i,}y_i)$ पर विक्षेप चित्र में, प्राक्कलन का विभ्रम या अवशेष जैसा उपयुक्तता की रेखा (7.1) से दी गई है P_iH_i है। अब, H_i का x-निर्देशांक वही है जो P_i का है, viz., x_i और चूँकि $H_i(x_i)$ रेखा (7.1) पर पड़ता है, H_i का y-निर्देशांक (Coordinate) i.e., H_iM दिया जाता है $(a+bx_i)$ से। इसलिए, P_i के लिए प्राक्कलन का विभ्रम (त्रुटि) दिया जाता है।

$$P_iH_i = P_iM - H_iM$$

$$= y_i - (a+bx_i) \qquad \ldots(7.2)$$

यह त्रुटि है (Y-अक्ष के समानान्तर) ith बिन्दु के लिए। हमें ऐसी त्रुटियाँ सभी बिन्दुओं के लिए होंगी विक्षेप चित्र पर। ऐसे बिन्दु जो रेखा के ऊपर पड़ती है, त्रुटि घनात्मक होगी और बिन्दु जो रेखा से नीचे पड़ती है, त्रुटि ऋणात्मक होगी।

न्यूनतम वर्गों के सिद्धान्त के अनुसार, हमें नियतांकों a और b का निर्धारण करना है (7.1) में ऐसा कि प्राक्कलनों की त्रुटियों के वर्गों का योग न्यूनतम है। दूसरे शब्दों में, हमें न्यूनतम करना है।

$$E = \sum_{\mathrm{i}=1}^{\mathrm{n}} P_iH_i^2 = \sum_{i=1}^{n}(y_i - a - bx_i)^2 \qquad \ldots(7.3)$$

a और b में विचरणता के संदर्भ में।

हम 6 को निम्न प्रकार से भी लिख सकते हैं

$$E = \Sigma(Y - Ye)^2 = \Sigma(y - a - bx)^2 \qquad \ldots(7.3a)$$

जहाँ y_e, Y का प्राक्कलित मूल्य है जैसा (7.1) से दिया गया है, x के दिए गए मान के लिए और योग चिन्ह (Σ) प्रेक्षणों के n जोड़े के लिए लिया गया है।

अवकलन गणित (Differential Calculus) के उच्चिष्ठ और निम्निष्ठ (Maxima and Minima) सिद्धान्त का प्रयोग कर, E को आत्यंतिक (उच्चतम या निम्नतम) होगा a और b के विचरणों के लिए अगर इसका आंशिक परिकलण (Partial Derivative) a और b के सापेक्ष अलग–अलग गायब हो जाते हैं,

इसलिए (7.3a) से, हम पाते हैं,

$$\frac{\partial E}{\partial a} = 0 \text{ और } \frac{E}{2b} = 0 \qquad \ldots(7.4)$$

$$\Rightarrow \ \Sigma Y = na + b\Sigma x \qquad \ldots(7.5)$$

$$\text{और } \ \Sigma xy = a\Sigma x + b\Sigma x^2 \qquad \ldots(7.6)$$

ये समीकरण a और b को प्राक्कलित करने के लिए प्रसामान्य समीकरण कहे जाते हैं। परिमाण $\Sigma x, \Sigma x^2, \Sigma y, \Sigma xy$ प्राप्त किए जा सकते हैं दिए गए n बिन्दुओं $(x_1, y_1), (x_2, y_{21})\ldots\ldots\ldots(x_n, y_n)$ से और हमलोग समीकरणों (7.5) और (7.6) को एक साथ हल कर सकते हैं a और b के लिए पाने के लिए :

$$a = \frac{(\Sigma x^2)(\Sigma y) - (\Sigma x)(\Sigma xy)}{n\Sigma x^2 - (\Sigma x)^2} \quad \ldots(7.7)$$

और $b = \dfrac{n\Sigma xy - (\Sigma x)(\Sigma y)}{n\Sigma x^2 - (\Sigma x)^2}$ ...(7.8)

a और b के इन मूल्यों को प्रतिस्थापित करने पर (7.7) और (7.8) से (7.1) में, हम प्रतीपगमन की रेखा का वांछित समीकरण y का x पर पाते हैं।

प्रतीपगमन की रेखा का समीकरण y का x पर प्राप्त किया जा सकता है बहुत व्यवस्थित और सरलीकृत रूप में $\bar{x}, \bar{y}, \sigma_x \sigma_y$ के क्रम में और $r = r_{xy}$ जैसा नीचे वर्णित है

(7.5) के दोनों तरफ n से भाग देने पर, कुल जोड़ों की संख्या, हम पाते हैं

$$\frac{1}{n}\Sigma y = a + b.\frac{1}{n}\Sigma x \quad \Rightarrow \quad \bar{y} = a + b\bar{x} \quad \ldots(7.9)$$

इसका अर्थ है कि r उपयुक्तता की रेखा, i.e., y का x पर प्रतीपगमन बिन्दु $(\bar{x}, \bar{y})$ से गुजरती है। या दूसरे शब्दों में, बिन्दु $(\bar{x}, \bar{y})$ y का x पर प्रतीपगमन की रेखा है।

(7.8) से, हम पाते हैं : $b = \dfrac{\text{Cov.}(x, y)}{\sigma x^2}$ ...(7.10)

हम पाते हैं कि समीकरण (7.1) ढलान–अन्तः खण्ड रूप (Slope-Intercept) में है viz., $y = mx + c$ । इसलिए b प्रतीपगमन की रेखा का ढलान y का x पर प्रदर्शित करता है। आगे, हमने (7.9) में सिद्ध किया है कि यह रेखा (i.e., y का x पर प्रतीपगमन की रेखा बिन्दु) बिन्दु $(\bar{x}, \bar{y})$ से गुजरती है। इसलिए, ढलान–बिन्दु का प्रयोग कर एक बिन्दु का समीकरण का रूप, y का x पर प्रतीपगमन की रेखा का वांछित समीकरण हो जाता है :

$$y - \bar{y} = b(x - \bar{x}) \quad \ldots(7.11)$$

या $y - \bar{y} = \dfrac{\text{Cov.}(x, y)}{\sigma \text{x}^2}(x - \bar{x})$ ...(7.12)

परन्तु $\gamma - \gamma_{xy} = \dfrac{\text{Cov.}(x, y)}{\sigma x \cdot \sigma \text{y}} \Rightarrow \text{Cov}\,(x, y) = r\sigma x \cdot \sigma \text{y}$

$$\therefore \quad y - \bar{y} = \frac{r \cdot \sigma \text{y}}{\sigma x}(x - \bar{x}) \quad \ldots(7.13)$$

टिप्पणियाँ: 1. (7.4) से हमें :

$$\Sigma(y - a - bx) = 0 \quad \Rightarrow \quad \Sigma(y - ye) = 0 \quad \ldots(7.14)$$

जहाँ y_e, y का प्राक्कलित मूल्य है x के दिए मूल्य के लिए y का x पर प्रतीपगमन रेखा (7.1) से दी गई है।

2. y का x पर प्रतीपगमन की रेखा बिन्दु $(\bar{x}, \bar{y})$ से गुजरती है।

3. रैखिक और गैर–रैखिक प्रतीपगमन [उपनति मान (trend)] की उपयुक्तता विस्तार से अध्याय–5 में वर्णित की गई है– काल श्रेणी विश्लेषण, उपनति मानों के निर्धारण के लिए।

7.3.2 x का y पर प्रतीपगमन की रेखा (The Line of Regression of X on Y)

x का y पर प्रतीपगमन की रेखा ऐसी रेखा है जो x का सबसे अच्छा प्राक्कलन करती है y के दिए गए मूल्य के लिए। यह न्यूनतम वर्ग रीति द्वारा भी प्राप्त की जाती है x-अक्ष के समानान्तर त्रुटियों के वर्गों के योगफल को न्यूनतम करके (देखें चित्र 7.2) शुरू करके समीरकण के साथ के रूप :

$$x = A + By \qquad \ldots(7.15)$$

और x के प्राक्कलनों की त्रुटियों के वर्गों के योगफल को न्यूनतम करने पर, i.e., x के दिए गए मूल्यों के बीच के विचलनों और उनके प्राक्कलनों को जो प्रतीपगमन की रेखा द्वारा x का y पर दिया जाता है viz. (7.15), i.e., न्यूनतम करने पर

$$E = \Sigma(x - A - By)^2 \qquad \ldots(7.16)$$

हम लोग A और B को प्राक्कलित करने के लिए प्रसामान्य समीकरण पाएंगे जैसे :

$$\Sigma A = nA + B\Sigma y$$

और

$$\Sigma xy = A\Sigma y + B\Sigma y \qquad \ldots\ldots(7.17)$$



चित्र क्र. 7.2

(7.17) को A और B के लिए एक साथ हल करने पर, हम पायेंगे

$$A = \frac{(\Sigma y^2)(\Sigma x) - (\Sigma y)(\Sigma xy)}{n\Sigma y^2 - (\Sigma y)^2} \qquad \ldots(7.18)$$

और

$$B = \frac{n\Sigma xy - (\Sigma x)(\Sigma y)}{n\Sigma y^2 - (\Sigma y)^2} \qquad \ldots(7.19)$$

A और B के इन मूल्यों को (7.15) में प्रतिस्थापित करने पर, हम वांछित समीकरण पाएंगे प्रतीपगमन की रेखा का x का y पर।

टिप्पणी: (7.18) और (7.19) में प्राप्त A और B के मूल्य में समान हैं जैसे समीकरणों (7.7) और (7.8) के जहाँ x परिवर्तित हो जाता है y के और y, x के।

ठीक उसी तरह आगे बढ़ने पर जैसा y का x पर प्रतीपगमन की रेखा की स्थिति में, हम लोग (7.17) से निम्नलिखित परिणाम प्राप्त करेंगे।

(i) $$\bar{x} = A + B\bar{y} \quad \ldots(7.20)$$

इसका मतलब है कि x का y पर प्रतीपगमन की रेखा बिन्दु $(\bar{x}, \bar{y})$ से गुजरती है

(ii) $$B = \frac{\text{Cov.}(x, y)}{\sigma \text{y}^2} = \frac{r\sigma \text{x}}{\sigma \text{y}} \quad \ldots(7.21)$$

(iii) प्रतीपगमन की रेखा का समीकरण x का y पर है

$$x - \bar{x} = B(y - \bar{y}) \quad \ldots(7.22)$$

$$\Rightarrow \quad x - \bar{x} = \frac{\text{Cov.}(x, y)}{\sigma \text{y}^2}(y - \bar{y}) \quad \ldots(7.23)$$

$$\Rightarrow \quad x - \bar{x} = \frac{r\sigma x}{\sigma y}(y - \bar{y}) \quad \ldots(7.24)$$

इन परिणामों के विचलन अध्येताओं के लिए प्रश्न के रूप में छोड़ा जाता है।

टिप्पणियाँ: **1.** प्रतीपगमन समीकरण (7.13) का अर्थ है कि प्रतीपगमन की रेखा y का x पर बिन्दु $(\bar{x}, \bar{y})$ से गुजरती है। उसी तरह (7.24) का अर्थ है कि प्रतीपगमन की रेखा x का y पर बिन्दु $(\bar{x}, \bar{y})$ से गुजरती है। इसलिए दोनों प्रतीपगमन की रेखाए बिन्दु $(\bar{x}, \bar{y})$ से गुजरती हैं। दूसरे शब्दों में, माध्य मूल्य $(\bar{x}, \bar{y})$ दो प्रतीपगमन रेखाओं के प्रतिच्छेद बिन्दु के रूप में प्राप्त की जा सकती हैं।

2. क्यों दो प्रतीपगमन की रेखाएं: हमेशा दो प्रतीपगमन की रेखाएं होती हैं, एक y का x पर और दूसरा x का y पर। y पर x का प्रतीपगमन की रेखा (7.12) या (7.13) का प्रयोग y के मूल्य को दिए गए x के मूल्य के लिए प्राक्कलित या पूर्वानुमान के लिए होती है प्राप्त प्राक्कलन सबसे अच्छी होगी इस दृष्टि से कि इसे न्यूनतम संभाव्य त्रुटि होगी जैसा न्यूनतम वर्ग रीति से परिभाषित है। हम लोग x का प्राक्कलन भी प्राप्त कर सकते हैं दिए गए y के मूल्य के लिए समीकरण (7.13) से परन्तु इस तरह से प्राप्त प्राक्कलन सबसे अच्छी नहीं होगी चूँकि (7.13) प्राप्त की जाती है y में प्राक्कलित त्रुटियों के वर्गों के योगफल को न्यूनतम करके परन्तु x में नहीं। इसलिए x के प्राक्कलन या पुर्वानुमान के लिए, हम x पर y का प्रतीपगमन का समीकरण (7.24) का प्रयोग करते हैं जो निकाली जाती है x में प्राक्कलनों की त्रुटियों के वर्गों के योगफल को न्यूनतम करके। यहाँ x निर्भर चर है और y एक स्वतंत्र चर है। दो प्रतीपगमन समीकरण उल्टे जाने या अदल–बदल नहीं किए जाते हैं सरल तर्क के कारण कि इन समीकरणों के निकालने की परिकल्पनाओं का आधार भिन्न है। y का x पर प्रतीपगमन समीकरण प्राप्त की जाती है y-अक्ष के समानान्तर त्रुटियों के वर्गों के योगफल को न्यूनतम करके जबकि x का y पर प्रतीगमन समीकरण प्राप्त की जाती है x-अक्ष के समानान्तर त्रुटियों के वर्गों के योगफल को न्यूनतम कर।

टिप्पणी

पूर्ण सहसम्बन्ध की खास स्थिति में, धनात्मक या ऋणात्मक, i.e., $r = \pm 1$, y का x पर प्रतीपगमन की रेखा का समीकरण हो जाता है :

$$y - \bar{y} = \pm \frac{\sigma y}{\sigma x}(x - \bar{x}) \quad \Rightarrow \quad \frac{y - \bar{y}}{\sigma y} = \pm\left(\frac{x - \bar{x}}{\sigma x}\right) \qquad \ldots(*)$$

उसी तरह से, x का y पर प्रतीपगमन की रेखा का समीकरण हो जाता है

$$x - \bar{x} = \pm \frac{\sigma x}{\sigma y}(y - \bar{y}) \quad \Rightarrow \quad \frac{y - \bar{y}}{\sigma y} = \pm\left(\frac{x - \bar{x}}{\sigma x}\right) \qquad \ldots(**)$$

जो (*) के समान है।

